बाधोदयादिति चेन्न। आसंसारं तदनुदयात्। व्यवहारदशोत्तरं बाधो भविष्यतीति चेन्न। आसंसारं व्यवहारदशाया एव सत्त्वात् तदुदोच्यापि दशा भविष्यतीत्यत्र प्रमाणाभावात्। उपनिषदां च तत्प्रमाणत्वाभिमतानाम् त्वया प्रामाण्याभावस्य

होत माने जाते है। यदि आपका साधन साध्य साधक नही बना तो आप निगृहीत हो जाते है।

शका–ब्रह्म व्यतिरिक्त सभी प्रमाण प्रमेयादिक पदार्थ बाध्य ही हे, क्योकि शेप मे (अन्त मे) बाध के आजाने से।

समाधान–जहा तक ससार है वहा तक तो बाध नही होता हे।

शका–व्यवहारकाल के बाद मे बाध आयेगा अर्थात् व्यवहारोत्तर काल मे सभी पदार्थ बाधित हो जायेगे।

समाधान–जहा तक ससार है तावत्पर्यन्त तो व्यवहार दशा ही है, ससार के बाद भी कोई दशा होगी–इसमे कोई प्रमाण नही है "तत्र माता अमाता भवति पिता अपिता भवति वेदा अवेदा भवन्ति" इत्यादि श्रुति मे सिद्ध होता है कि ससार के बाद कोई दशा नही होती हे तब जो आप कहते है कि व्यवहारदशोत्तर काल मे सभी पदार्थ का बाध हो जाता है सो ठीक नही है। आपके मत मे प्रमाणत्वेन अभिमत है उपनिषद्, उसको तो आप प्रामाणिक नही मानते हैं और मैं उस उपनिषद् को अन्य परक मानता हू

मया चान्यपरत्वस्योपगमात् शङ्कामात्रस्य च दौर्बल्येनासाधकत्वात् । व्यवहारदशायां तावत् उपनिषदेव स्वप्रकाशशुद्धबुद्धस्वभावे ब्रह्मणि दशान्तरभूते प्रमाणम् एतद्दशात्यये तु तदेव स्वस्मिन् स्वप्रकाशत्वादिति चेत् । दशान्तरे तस्याः कुतो न प्रामाण्यम् अङ्गवैकल्याद्वा अङ्गिवैकल्याद्वा । नो भौ प्रागिव तदानीमपि बोद्धृयोग्यताद्यवगतेरुपनिषदां च सत्त्वात् उपनिषज्जन्यबोधो हि वृत्तिलक्षणः सदानिर्वचनीयानाद्यविद्याद्वयमहिम्ना प्रादुर्भवति सारस्वत इव पवनोद्भूतस्य वीचिनि-

---

अत शका मात्र दुर्बल होने से असाधक है ।

शका—व्यवहार दशा मे सर्ववाध के अवधिभूत शुद्ध स्वप्रकाशात्मक ब्रह्म मे उपनिषद् ही प्रमाण है और व्यवहार दशा के बाद मे तो स्वप्रकाशात्मक ब्रह्म स्वमेय स्व मे प्रमाण है ।

समाधान—दशान्तर मे अर्थात् अद्वैतावस्था मे उपनिषदों को प्रमाण क्यो नही मानते हैं ? क्या उस समय मे अङ्ग जो योग्यतादिक वह नही है ? अथवा अङ्गी उपनिषद ही नही है ? इसमे दोनो ही पक्ष अयुक्त है क्योकि ससार दशा के समान अद्वैत दशा मे भी बोद्धा पुरुष के पास योग्यतादिक सामग्री विद्यमान है और वेद भी बैठा है अर्थात् अङ्ग और अङ्गी दोनो बैठे है, तब उपनिषद् को प्रामाण्य नही मानना ठीक नही है ।

पयः । तदत्यये तु विलीयते तस्यैव निवातस्तिमितस्येवेति चेत् । भवेदेवं यदि ब्रह्मभिन्नो बोद्धा तदा न स्यात् स पारमार्थिको नास्त्येवेति चेन्न । साधयिष्यन्ते हि नानात्मानः ॥

यत्तु प्रमाणादिसत्त्वाभ्युपगमस्य कथाङ्गत्वं नैयायिकेन तावत् साध्यते तत् कीदृश्यां कथायां न तावत् वैतण्डिकेन

शंका–उपनिषद् के द्वारा वृत्ति लक्षरण बोध उत्पन्न होता है । अनादि अनिर्वचनीय तूला अविद्या और मूला विद्या के बल से अर्थात् तत्वमसि इत्यादि वाक्य से अविद्या बल से वृति लक्षणबोध उत्पन्न होताहै, जैसेकि जलाशयमे वायुके बल से अनेक प्रकार के जल तरग उत्पन्न होते है, और अविद्या के विनाश होने से वह वृत्ति लक्षरण बोध भी नष्ट हो जाता हे, उस समय मे ब्रह्म मात्र अवस्थित रहता है, अविद्या प्रभृति सकल द्वैत का अभाव हो जाता ह । उस समय में कोई प्रमाण नही रहता है इसलिये वेद को भी अप्रामाण्य माना गया है । जैसे वायु के अभाव मे जल की तरग नष्ट हो जानी है और जल निश्चल होकर के अवस्थित रहता हे ।

समाधान–यह आपका कथन ठीक हो सकता है यदि ब्रह्म से भिन्न बोद्धा उस काल मे न हो ।

शंका–परमार्थतः उस समय में ब्रह्म से भिन्न कोई बोद्धा नही है ।

प्रमाणादिसत्त्वाभ्युपगमेनैव प्रवर्तितायां सिद्धसाधनापत्तेः। अथ तदनङ्गत्वाभ्युपगमेन तदङ्गत्वानङ्गत्वौदासीन्येन वा तेन प्रवर्तितायां तथासति तत्कथान्तरमपि तथैवास्तु न हि यया कथया प्रमाणादिसत्त्वाभ्युपगमस्य कथाङ्गत्वं साध्यते सा कथा

समाधान–नानात्म वाद की मै स्थापना करूंगा।

शका–नैयायिक प्रमाण सत्ता को जो कथा का कारण मानते है सो किसके साथ चलने वाली कथा मे सिद्ध करेंगे ? यदि कहो कि वैतण्डिक के साथ चलने वाली कथा मे सिद्ध किया जाता है, सो तो बनेगा नही क्योकि वैतण्डिक प्रमाण सत्ता को नही मानता है तब तो प्रमाण सत्ता के स्वीकार वादी से कथा मे सिद्ध करेंगे, परन्तु यह तो नही बन सकता है क्योकि सिद्ध का ही साधन करने से सिद्ध साधक का दोष हो जायगा। यदि कहो कि जो प्रमाण सत्ता को कथा मे अङ्ग नही मानते है उनसे चलाई हुई कथा मे प्रमाण सत्ता को कथागत्व सिद्ध करता हूँ। अथवा प्रमाण की सत्ता मे जो उदासीन है उनसे चलाई हुई कथा मे कथागत्व की सिद्धि करता हूँ तो यह ठीक नही है क्योकि साधन करने वाली कथा जैसे प्रमाण सत्ता के विना हुई उसी प्रकार से कथातर भी प्रमाण सत्ता के विना ही चलती रहेगी। जिस कथा मे प्रमाणादि सत्ताभ्युपगम को कथागत्व की सिद्धि करेंगे वही कथा तद-

तदङ्गत्वासिद्धौ सत्यां प्रवर्तने इति सम्भवति तदानीं साध्यस्य तदानीमेक सिद्धत्वासम्भवादिति । तत्तुच्छम् । कथा हि तावत् साधनदूषणपरवचनसन्दर्भविशेषः । न च साधनाद्यनङ्गीकारे तदौदासीने वा स ताद्दशो वक्तुं शक्यते तस्मात् गलेपादिकयापि कथकेन साधनदूषणे मन्तव्ये तदनुमतिं विना तन्मय्यां कथायामेव प्रवेशासम्भवात् तस्मात्तदभ्युपगममन्तरेण कथैव न सम्भवति । तदुक्तम् भाष्यकृता । "यदि नाभ्युपैति तदा उन्मत्तवदुपेक्षणीयः स्यात् ।" तर्हि तदङ्गत्वसाधिका कथा कथं तदंगत्वाभ्युपगममन्तरेण । न कथञ्चिदित्यवेहि ।

गत्व सिद्धि होने पर चलेगी । क्योकि जो साध्य है वह साधक नही हो सकता है । साध्यत्व और साधकत्व युगपत् विरुद्ध है ।

यत्तु का समाधान--साधन दूषणबोधनेच्छासे प्रयुक्त जो वचन समुदाय उसी का नाम है कथा । साधनादि के अभाव मे अथवा साधनादि जो उदासीन है एताद्दश वचन विशेप को वोल ही नही सकता है । इसलिये गले पादुकान्याय से कथक को साधन दूषण का स्वीकार करना आवश्यक है । साधन दूषण की अनुमति के विना साधन दूषण मयी कथा मे प्रवेश ही असभवित है । इसलिये प्रमाण सत्ता के अभ्युपगम के विना कथा ही नही वन सकती है । वात्सायन भाष्यकार ने भी कहा है "यदि वैताण्डिक प्रयोजनादि के पूछने पर प्रयोजनादि को

साधनदूषणानंगीकारे तत्परवचनसन्दर्भरूपा कथैव कर्तुं न शक्यते नहि तन्नाभ्युपैति तेन च व्यवहरति इति सम्भवति तस्मात् ईदृशव्यवहर्त्ता त्वयैवानीदृशोऽभिसन्धिरपि स्वयमेव हेय इत्यलमस्माकं तदंगतासाधनप्रयासेन इत्याहुः ॥

अथावश्यकत्वाल्लाघवाच्च समयबन्ध एवास्तु कथाहेतुर्न तु तस्मिन् सति प्रमाणादिसत्त्वाभ्युपगमोऽपि गौरवात् माध्यमिकादिकथाप्रयोगे व्यभिचाराच्चेति चेत् । स कीदृक् ।

स्वीकार न करें तो वह पागल के समान उपेक्षित हो जाता है । प्रमाण सत्ता मे कथागत्व को सिद्ध करने वाली कथा किस तरह से होगी ? प्रमाण सत्ता कथा का अङ्ग है यह माने बिना किसी भी प्रकार से नही होगी, ऐसा उत्तर समझो । यदि साधन दूषण को न माने तो साधन दूषण बोधनेच्छया उच्चरित वचन समुदाय रूपा कथा ही नही कर सकते है, ऐसा हो नही सकता है । जिसको मानते तो नही है और उसको लेकर व्यवहार करते है, ऐसा कर्म नही हो सकता है । अतः ईदृश व्यवहार करने वाले आप ही है । और ऐसा विलक्षण अभिप्राय भी सर्वथा उपक्षेणीय है इसलिये कथा मे प्रमाणादि सत्ता अङ्ग है ऐसा प्रयास भी निरर्थक है ।

शंका—आवश्यक होने से तथा लाघव होता है इसलिये समय बन्ध को ही कथा में कारणता माना जाय, नही तो

तथाहि वादिना प्रमाणेन तर्केण च व्यवहर्तव्यम् प्रतिवादिनापि कथाङ्गतत्त्वज्ञानविरहलिंगप्रतिज्ञाहान्याद्यन्यतमं निग्रहस्थानं तस्य वक्तव्यं तदव्युत्पादने च वादिनो भंगो व्यवहर्तव्य, तदव्युत्पादने तु प्रतिवादिन एव भंग निरनुयोज्यानुयोगात्। यस्य च साधने परोक्तं दूषणं न लगति यद्दत्तं च दूषणम्।

कारण रूप से समय वन्ध को मानकर पुन प्रमाण सत्ता को भी कारणता न माना जाय, क्योकि गौरव होता है। और माध्यमिकादि का कथा प्रयोग मे व्यभिचार भी होता है। माध्यमिकादि की कथा होती है परन्तु वे लोक प्रमाण सत्ता को नही मानते है, तो वहा कथा रूप कार्य होता है किन्तु कारणत्वेनाभिमत प्रमाण सत्ता नही है।

समाधान–समय वन्ध का क्या स्वरूप है ? जिसको आप कथा मे कारण मान करके प्रमाण सत्ता को अन्यथा सिद्ध बनाते हैं। 'तथाहि इत्यादि ग्रन्थ से खाण्डनिक समय वन्ध के स्वरूप का प्रतिपादन करते है। वादी पक्ष की स्थापना करने वाले को प्रमाण तथा तर्क द्वारा व्यवहार करना चाहिये। अर्थात् प्रमाण तर्क द्वारा अपने पक्ष की स्थापना करें। प्रति वादी का चाहिये कि कथागतवज्ञान के अभाव को वतलावे साध्याभाव साधक हेतु का उपन्यास करे, प्रतिज्ञात्यादि अन्यतम निग्रह स्थान का उद्भाव न कर। ऐसा करने पर वादी का पराजय हुआ ऐसा व्यवहार

अनुद्धारं तौ जेतृतया व्यवहर्तव्याविति । ईदृशोऽसाविति चेत् । हन्त तर्हि साधकबाधकतर्कैर्व्यवहर्तव्यम् ते च नांगीकर्तव्या इति दुर्घटम् । परपक्षस्तावत् नांगीक्रियते तथा च तमादाय तत्प्रतिषेधलक्षणो व्यवहारः क्रियते एवेति चेन्न । प्रतिषेधस्य हि तत्र धीराहार्यरूपैवांगम् प्रमाणादेरभ्युपगमरूपेऽतिविशेषात् प्रमाणादेः प्रतिषेध्यकोटिप्रविष्टस्य प्रमाणादिर्व्य

करना । यदि प्रतिवादी दोष का उद्भाव न कर सके तो प्रतिवादी का पराजय हुआ । जिसके हेतु मे परोक्त दोष न लगे तथा जो दोष दिया गया उसका उद्धार करदे उन दोनो को जेता रूप से व्यवहार किया जाय । एतादृश यह समय वन्ध है ।

उद्धार करता का समाधान—तब तो साधक वाधक तर्क से व्यवहार किया जाय और उसको माना न जाय ऐसा तो अति अशक्य है । अर्थात् जिसके द्वारा कार्य किया जाय उसको स्वीकार न किया जाय, यह कैसे वनेगा ।

शका—नैयायिकादि के व्यवहार को नही मानता हूँ किन्तु पर पक्ष को लेकर के उनका प्रतिषेध लक्षण व्यवहार तो किया जाता है ।

समाधान—प्रतिषेध अर्थात् अभाव का जो ज्ञान होता है वह तो आहार्य रूप ही होगा उसी को आप अङ्ग मानोगे और प्रमाणादि अभ्युपगम रूप मे अति विशेता है । यहाँ तो प्रमाण प्रतिषेध्य कोटि मे प्रविष्ट हो रहा है और प्रमा-

वयहर्तव्यमिति स्वोपगमेन करणकोटावपि प्रवेशात् । ननु प्रमाणादेरप्यभ्युपगमो न प्रयोजको गौरवात् किन्त्वनभ्युपगमाभाव एव लाघवात् विशिष्टव्यवहारे भेदाग्रहवत् । अत

णादि द्वारा व्यवहार करना चाहिये ऐसा आप समय वन्ध के स्वरूप मे प्रमाण को मानने से प्रमाण करण कोटि मे भी प्रविष्ट हो जाता हे तव प्रमाणादि निराकरण कैसे किया जा सकता है ?

शका—प्रमाणादि का अभ्युपगम प्रयोजक है क्योकि उसको प्रयोजक मानने मे गौरव होता है किन्तु लाघव होने से अनभ्युपगमाभाव प्रजोक है, विशिष्ट व्यवहार मे भेदाग्रहवत् । अर्थात् जैसे इद रजतमित्यादि विशिष्ट व्यवहार स्थल मे यदि इदं पुरोवर्ती द्रव्य का और रजत पदार्थ का यदि भेद ग्रह रहेगा तब अभेद व्यवहार नही हो सकेगा क्योकि अभेद मे भेद ग्रह प्रतिवन्धक है । अत भेद का अग्रह कारण है और इद का रजत का संसर्गग्रह प्रयोजक नही है । इसी प्रकार प्रकृत मे अनभ्युपगम प्रति वन्धक है तव तदभाव को प्रयोजक मानते है और अभ्युपगम को प्रयोजक नही मानते है । अनभ्युपगमाभाव से ही निर्वाह हो जाता है । अतएव वैयर्थ्य होने से प्रमाणादि के असत्व को भी मानने की कोई आवश्यकता नही है । किन्तु मध्यस्थ बुद्धि से ही व्यवहार होता है ऐसा

एव प्रमाणादेर्नासत्त्वमंगीकरणीयं वैयर्थ्यात् । किं तु मध्यस्थयैव धिया व्यवहार इतिभ्रम इति चेन्न । आहारभिन्ना हि या प्रमाणादेः कथाव्यवहारादिहेतुत्वधीः सैव हि सत्त्वधीः स एव चाभ्युपगमः तथा च तयाभ्युपपन्नाहमभ्युपैमीति च वदन् स्फुटमतिधृष्टोऽसीति दूरमपसर । किं च त्वदुक्तो न समयबन्धः शास्त्रसिद्धे साधनदूषणयोः सिद्धिप्रतिसिद्धि-

---

मैं कहता हूँ ।

समाधान–प्रमाणादिक कथा व्यवहार में कारण है ऐसा जो आहार्य भिन्न ज्ञान, इसी ज्ञान का नाम है प्रमाणादि सत्व ज्ञान । और यही है प्रमाणादि का अभ्युपगम । इस दशा में एतादृश ज्ञान को स्वीकार करके मैं प्रमाणादि सत्व को नही मानता हूँ ऐसा बोलते हुए तुम अत्यन्त धृष्ट हो, दूर हो जाओ ! अर्थात् असम्बद्ध प्रलाप करने से पण्डितो के बीच में कथा करने के योग्य नही हो । अतः तुमको हट जाना ही अच्छा है । और भी आपका जो यह समय बन्ध है सो शास्त्र प्रसिद्ध (स्वाभाविक) साधन दूषण मे जो सिद्धि प्रतिसिद्धि है उसमे प्रयोजक नही है । सिद्धि व्याप्यत्व प्रतिसिद्धि व्याप्यत्व तो साधन दूषण में स्वाभाविक है, समय बन्ध तो अधिक हो जाता है । अत एव समय बन्ध को नही सुनने वाले जो मध्यस्थ तटस्थ व्यक्ति है उनको साधन दूषण का श्रवण होने पर सिद्धि

धीर्जयभंगधीश्चोत्पद्येते। किं तु यत्र शास्त्रं न जागर्ति तत्रैव समयवन्धो। यथाऽनौष्ठ्यमेव वाच्यम् अप्रतिभैवोद्भाव्या अमुकदेशी समाश्रयणीय। इत्यादि तत्र हि समयवन्धा-व्यप्यत्वे समयवन्धस्याविरुत्वात्। अत। एव समयबन्ध-मथ तवतामपि तटस्थानां तत्साधनदूषणश्रवणे सिद्धिप्रतिसिद्धि

और प्रति सिद्धि वुद्धि उत्पन्न होती है और जय भग बुद्धि भी पैदा होती है, किन्तु शास्त्र जहाँ नही है उस स्थल मे ही समय वन्ध प्रयोजक होता है, जैसे अनोष्ठ्य वर्ण ही वोलना चाहिये केवल अप्रतिभादोष का ही उद्भावन करना चाहिये। अमुक देश वाले को ही आश्रय देना इत्यादि स्थलो मे यथा 'अनौष्ठ्यम' का अभिप्राय यह है कि किसी किसी सभा मे कोई कोई अभिमानी प्रतिवादी प्रतिज्ञा करता है कि मै अनौष्ठ्य वर्ण ही बोलूंगा अथवा अनौ-ष्ठय वर्ण का ही प्रयोग होना चाहिये। 'उपूपध्मानीयाना-मोष्ठौ' यह व्याकरण का नियम है ऊकार पवर्गादि वर्ण के उच्चारण को ही नियन्त्रित कर देता है। जैसे किसी अभिमानी कवि न कहा "अमुष्या सभाया मयैपा प्रतिज्ञा भुजंगप्रयातैर्विना वाड्न वाच्या" यथा वा किसी सम्प्रदाय मे नियम है कि दक्षिणी को अधिकारी नही वनाना, इनके सम स्थल मे समय वन्ध कारण है, सर्वत्र समय बन्ध की कारणता नही है। प्रमाण तथा तर्क मे साधकत्व वा

लिंगनादेव तदविक्रमादौ जयपराजयसिद्धेः । प्रमाणतर्कयोस्तु साधकबाधकत्वे न सामयिके किन्तु स्वाभाविके एव तयोस्तथात्वस्य सर्वतन्त्रसिद्धान्तत्वात् इति न तत्र समयबन्धापेक्षेति । नन्वस्तु प्रमाणादिसत्त्वाभ्युपगमः कथांगम् अन्यथा व्याघातात् । तथापि प्रमाणादिसत्ता तावन्न तात्त्विकी सेत्स्यति, सर्वदा सर्वथा सर्वस्य यत्र न बाधकावतारः तद्धि तात्त्विकम् एतच्चाशक्यनिरूपणं कथाप्रवृत्तिसमये सर्वथैवानेयं तस्मात् कतिपयप्रतिपत्तृनिष्टः कतिपयकालव्यापकोऽभ्यु-

बाधकत्व समय सिद्ध नही है किन्तु स्वाभाविक है। प्रमाण तर्क में साधकत्व वा बाधकत्व सर्वतन्त्र सिद्धान्त सिद्ध है। इसलिये प्रमाण तर्क के विषय मे समय बन्ध की अपेक्षा नही है।

शंका—मान लिया जाय कि प्रमाणादि सत्ता का अभ्युपगम कथा का अङ्ग है, क्योंकि नही मानने से व्याघात दोष हो जाता है तथापि प्रमाणादि सत्ता तात्विक नही है क्योंकि जिसमें सर्वदा सर्वथा सभी को बाधकता न आवे वह पदार्थ ही तात्विक कहाता है, इसका निरूपण असर्वज्ञ से अशक्य है क्योंकि असर्वज्ञ व्यक्ति सर्व देश सर्व कालादिक को नही जान सकता है और कथा की प्रवृत्ति के समय में तो सर्वथैव अज्ञेय है। इसलिये कतिपय प्रतिपत्ता मे रहने वाला कतिपय काल का व्यापक जो अभ्युपगम

पगमो लौकिकव्यवहारहेतुः स एव च कथांगमपि तथा च साव्यवहारिकीं प्रमाणादिसत्तामभ्युपेत्य विचारारम्भ इति सिद्धं नः समीहितमिति चेन्न। प्रमाणशरीरमेव दुरवधारणम् तस्य प्रामाण्यं वा येनैवं मन्यसे। नाद्यः धूमादेः सर्वैरेव धूमत्वादिनावधारणात् प्रमाणत्वेन तदवधारणं न शक्यमिति चेन्न। प्रमात्वस्य प्रवृत्तिसामर्थ्यादिना शक्यावधारणत्वेन तदुपहित-

---

लौकिक व्यवहार का हेतु है और वही कथा मे अङ्ग है। इससे यह सिद्ध हुआ कि साव्यवहारिक प्रमाणादि सत्ता को मानकर के विचार का आरम्भ करना चाहिये, इस से हमारा इष्ट सिद्ध होता है।

समाधान—आपके पूर्व पक्ष का क्या अभिप्राय है ? क्या प्रमाण का जो शरीर है उसका अवधारण नही हो सकता ? अथवा प्रमाण घटक जो प्रामाण्यतदेव देश उसका अवधारण नही हो सकता है ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है क्योकि 'पर्वतो वह्निमान्' इति अनुमिति मे प्रमाण है धूम, तद्विषयक धूमत्व रूप से सब को निश्चय होता ही है। नही तो कहो कि उस धूमादि प्रमाण का प्रमाणत्व रूप से निश्चय तो अशक्य ही है, सो भी ठीक नही है क्योकि जब प्रवृत्ति सामर्थ्य से प्रमा का निश्चय होता है तब प्रमात्वोपहित प्रामाण्य का भी निर्णय हो ही जायगा।

प्रमाणत्वस्यापि शक्यावधारणत्वात् । विपयिणि संशयात् विपयेऽपि प्रमाणादौ सर्वत्र संशयः स्यादिति, ब्रूम इति, चेत् ? न हि विपयिणो ज्ञानत्वेनापि घटविपयत्वेनापि, तस्य, घटत्व-प्रकारकत्वसंशयः । न हि अजानन् जानामीति प्रत्येति । नापि घटं जानन् घटं जानामीत्यनुव्यवसायाकारनिरस्त एवास्यान्यथाभावः । नापि गृहीतः प्रामाण्यसंशयात् गृहीतेऽप्यामूलं संशयः । न हि ज्ञाने प्रामाण्यसंशयो भवत्येवेति

शका–जब विपयी ज्ञान मे सन्देह होगा तब प्रमाणादि रूप विपय मे भी सर्वत्र सन्देह हो जायगा, क्योकि ज्ञान-सशय विपयसशय का प्रयोजक है, ऐसा मैं कहता हूँ । –

समाधान–विपयी ज्ञान मे ज्ञानत्व रूप से घट विपय-कत्व रूप मे घटत्व प्रकारक सन्देह नही होता ह । किसी वस्तु को नही जानने वाला व्यक्ति, जानता हूँ ऐमा नही समझता है । न वा घट को जानता हुवा घट को नही जानता हूँ ऐसा ज्ञान किसी को नही होता है, क्योकि घट ज्ञान के वाद 'घटमह जानामि' ऐसा जो अनुव्यवसाय ज्ञान है उससे घट ज्ञान का जो अन्यथा भाव अर्थात् सशयादिक सो सब निरस्त हो जाता है ।

शका–गृहीत अर्थात् ज्ञान मे प्रामाण्य का सन्देह होने से गृहीत अर्थात् विपय उसमे मूल पर्यन्त सशय हो जायगा ।

समाधान–कोई नियम नही है कि ज्ञान मे प्रामाण्य

नियमः तज्ज्ञानस्याज्ञानेन वा कोट्यस्मरणेन बोत्कटविषया-न्तरसञ्चारेण वा तत्संशयानुत्पत्तेरपि सम्भवात् । तस्मात् प्रमाणसत्त्वावलम्बनापि धीः तन्निश्चयरूपा तावदुत्पन्ना सा चागृहीतप्रामाण्या सन्दिग्धप्रामाण्या सती प्रमाणानि दर्शयन्ती प्रमाणादिसत्त्वे प्रमाणमिति । अग्रे तनेन विचारेण प्रमाणादयो बाध्या भविष्यन्तीति शंकया नेदानीमप्यभ्युपेयत इति चेत् ।

का सन्देह होता ही है, घटादिज्ञान में घट विषयक अज्ञान में अथवा कोटि के अस्मरण में प्रबल विषयान्तर के सचार में सन्देहोत्पत्ति का अभाव हो सकता है। अत प्रमाण सत्व को अवलंबन करने वाली बुद्धि प्रमाण सत्व की निश्चय रूपा उत्पन्न होती है और वह गृहीत प्रामाण्यवाली और असन्दिग्ध प्रामाण्या होकर के प्रमाण रूप विषय का प्रकाशन करती हुई प्रमाण की सत्ता में प्रमाण होती है।

शका—उत्तर काल में आने वाला जो विचार उसमें प्रमाणादिक बाधित हो जायगा ऐसी शका से अप्रतिरुद्ध होने के कारण में वर्तमान काल में भी प्रमाणादिक को हम लोग नहीं मानते हैं।

समाधान—भविष्यत् बाध विषयक शका को बाधकत्व नहीं होता है ऐसा मानने में अति प्रसंग होगा।

शका—अति प्रसंग नहीं होता है क्योंकि सभी पदार्थ ब्रह्म व्यतिरिक्त बाध्य ही है।

न हि भविष्यतो बाधकस्य शंकापि बाधिका अतिप्रसंगात् । नातिप्रसंगः सर्वमेव हि बाध्यमेवेति चेन्न । तर्हि सर्वं बाध्यम् सर्वबाधकस्यैव वा बाध्यत्वात् तस्मात् सर्वं बाध्यमित्यादिकं वाक्यम् नानुप्रतिपत्तेरङ्गम् स्वक्रियास्ववचनस्वज्ञानादिव्याघात- ग्रस्तत्वेन बाधितार्थकतया योग्यताज्ञानविरहादिति ॥

समाधान–तब तो सभी बाध्य है अथवा सभी बाधक को बाध्य होने से, अत 'सर्वं बाध्यम्' इत्यादि जो वाक्य है वह स्वोत्तर काल मे होने वाला जो ज्ञान उसकी उत्पत्ति मे कारण नही है । क्योकि स्वक्रिया स्ववचन स्वज्ञानादि व्याघात रूप दोष से ग्रस्त होने मे तथा बाधितार्थक होने मे योग्यता ज्ञान के अभाव होने से ।

शका–इन सब बाधको के द्वारा प्रमाणादि सत्त्वाभ्युपगम को कथा के प्रति कारणता की सिद्धि करेंगे किसी कथा मे ही, क्योकि अकथ रूप वादी प्रतिवादी का वचन समुदाय हो नही सकता है, तब तो प्रकृत कथा की तरह दूसरी भी कथा प्रमाणादि सत्त्वाभ्युपगम के विना ही होवे ।

समाधान–कथा मे पूर्वकाल मे ही स्वार्थ प्रमाण से पूर्वोक्त व्याघातादि की सहायता मे सहकृत होकर के तुमको उत्पन्न होता है उसी से प्रमाणादि सत्ता का अभ्युपगम सिद्ध होता है, अर्थात् व्याघातादि दोष के सहकार से कथा के पूर्व काल मे ही प्रमाणादिक मे कथा कारणत्व सिद्ध होता

नन्वेभिरपि बाधकैः प्रमाणादिसत्त्वाभ्युपगमस्य कथाङ्गत्वं साधनीयम् कथायामेव न ह्यकथाभूतो वादिनोर्वचनसन्दर्भः सम्भवति तथा चैतत्कथावत् कथान्तरमपि प्रमाणादिसत्ताभ्युपगमं विनैवास्तु इति चेन्न । कथातः पूर्वमेव स्वार्थप्रमाणनोक्तव्याघाता-दिसहायेन त्वय्यवतीर्णेन त्वयि तदङ्गत्वसिद्धे निष्प्रत्यूहत्वात् । नन्वेवं प्रमाणादिसत्तायामपि तद्धीः प्रमाणम् एवमुत्तरत्रापि इति धीधारोपगमेनाऽनवस्था स्यात् । तदनभ्युपगमे च मूलपर्य-

है, क्योंकि कारण के विना कार्य कथमपि नही हो सकता है। अन्यथा तैलार्थी नियमतः तिलोपादान नही करेगा।

शंका—प्रमाण सत्ता में तज्ज्ञान को कारणता मानेंगे एवं ज्ञान में भी प्रमाण जिज्ञासा होने से ज्ञानान्तर को कारण मानेंगे, इस प्रकार से तो परम्परा का अनुसरण करने से अनवस्था होगी, कदाचित् परम्परा न मानो तब तो मूल पर्यन्त प्रमाण की असिद्धि हो जायगी।

समाधान—अविरल रूप से ज्ञान ज्ञान का ज्ञान इस प्रकार से ज्ञान की धारा को मैं नही मानता हूँ जिससे कि अनवस्था हो, किन्तु कदाचित् कोई ज्ञान, अनु व्यवसाय ज्ञान से ज्ञान होता है, अन्तिम ज्ञान तो सामान्यलक्षणा सन्निकर्ष से अथवा योगज धर्म संनिकर्ष से जाना जाता है इसलिये अनवस्था दोष नही होता है। यदि अप्रामाणिक ज्ञान का अनन्त प्रवाह होता तब अनवस्था होती, और प्रमाण सत्ता

न्त्वमसिद्धिः स्यादिति चेन्न । न ह्यविरललग्नवित्तितद्वित्तिधारोपगम्यते येनानवस्था स्यात् किं तु काचिद्वित्तिरनुव्यवसीयते शेषा तु सामान्यलक्षणया योगजधर्म्मेण वा ज्ञायते इति सर्वा ज्ञायते न चानवस्थेति-प्रमाणादिसत्ता त्वया कथाङ्गत्वेनाभ्युपेता सा च स्वरूपसत्ता न तु बुद्धिसिद्धाऽतो न बुद्धिमात्रपरिशेषः ॥

अथ यथा त्वन्मते घटादेस्तज्ज्ञानस्य च सत्ताऽविशेषेऽपि

को तो आपने भी स्वीकार कर लिया है जो प्रमाण सत्ता कथा का कारण है । यह प्रमाणसत्ता स्वरूपत कारण है न तु बुद्धि सिद्ध (ज्ञायमान) होकर के कारण नही है। इसलिये ज्ञान मात्र का परीशेप नही होता है, अर्थात् अनवस्था प्रसग नही होता है ।

शका—जिस प्रकार से न्याय के मत से ज्ञान तथा घट विपय में सत्ता समान है अर्थात् विपय विपयी दोनो सत् हैं फिर भी ज्ञान ही व्यवहार का उपपादक होता है इसी प्रकार से मेरे मत मे घट तथा घटज्ञान दोनों असत् है किन्तु असत् ज्ञान ही व्यवहार को चलाता है, व्यवहार भी आविद्यक ही है, व्यवहार सत् कारण की अपेक्षा नही करता है, सभी प्रमेय ब्रह्म का विवर्त है ।

समाधान—तव तो व्यवहार को नही सिद्ध कीजिये, सर्वदा सर्वत्र असत्त्व को समान होने से । यदि ऐसा कहो कि अनन्व्यात्मक कार्य सलव्यात्मक किया जाता है, तव तो

ज्ञानमेव व्यवहारकं तथा मन्मते तयोरसत्ताविशेषेऽप्यसदेव ज्ञानं व्यवहारकं व्यवहारोऽर्थाविषयक एवेति, न, सत्करणापेक्षी सर्वेषामपि प्रमेयाणां ब्रह्मविवर्तत्वादिति चेत्तर्हि व्यवहारो न साध्यते सर्वदाऽसत्ताविशेषात्।

यदि चालब्धात्मकः सलब्धात्मकी क्रियत इत्युच्यते तदा लब्धात्मकमेव पूर्वावधितयाऽपेक्ष्येत। असत एव पूर्वावधित्वे दण्डाद्यसत्त्वकालादपि घटादिः स्यादिति सर्वकार्याणामनादित्वापत्तिः। अथ यथा सामग्री आद्यक्षणेऽसत्यपि तत्काले कार्यजन्म नियमयति तथा कारणमपि तत्कालेऽसत्तत्काले कार्य

लब्धात्मक जो दण्डादिक है वह पूर्व अवधि-रूप से अर्थात् कारण रूप से अपेक्षित होता है। यदि असत् दण्डादिक को ही कारण माने तब तो दण्डादिक के अभावकाल मे भी घटादि कार्य की उत्पत्ति हो जायगी, इस प्रकार से सभी कार्य अनादि हो जायगा। जैसे आकाशादि पदार्थ कारणापेक्ष नही होने से अनादि है उसी प्रकार से घटादिक कार्य दण्डाद्यनपेक्ष होने से अनादि हो जायगा।

शका—जैसे सामग्री कार्य के आद्यक्षण मे असती रहती है फिर भी उस समय मे कार्य की उत्पत्ति होती है, इसी प्रकार से कारण भी उस काल में असत् है फिर भी उस असत् कारण से कार्य की उत्पत्ति होगी इसमे क्या क्षति है। अभिप्राय यह है कि दण्डादि कारण समुदाय का

जन्मनियमयिष्यतीति चेन्न । भ्रान्तोऽसि । सामग्री हि तत्कालेऽसती यद्यपि तथापि पूर्वक्षणेऽसती तत्काले कार्य-जन्म नियमयतु तथा स्वभावत्वेनैव सिद्धत्वात् असत् कारणन्तु सर्वदैवासिद्धम् निःस्वभावकम् तत्केनावष्टम्भेन नियमयिष्यति

नाम है सामग्री और सामग्री में कार्य का प्रागभाव भी रहता है, यह प्रागभाव कार्य की उत्पत्ति समय मे नष्ट हो जाता है तब कार्य उत्पन्न होता है । जब तक प्रागभाव रहता है तब तक कार्य उत्पन्न नही होता है । इसलिये पूर्व-पक्षी ने कहा है कि कार्य के आद्यसत्ताक्षण अर्थात् उत्पत्ति के समय मे सामग्री का अभाव है तो जैसे सामग्री के अभाव काल मे कार्योत्पादन होता है उसी प्रकार से सामग्री घटक जो दण्डादिक हैं उसके अभावकाल मे भी घटादि कार्य का उत्पादन क्यो नही होगा ?

समाधान–तुम भ्रान्त हो, यद्यपि सामग्री (सामग्री कार्य के आद्य काल मे) असती है तथापि सामग्री पूर्वक्षण मे सद् है और तत्काल मे असत् होकर के भी उस समय में कार्य का नियमन करे, एतादृश स्वभाव मे ही वह सिद्ध है । कार्योत्पाद काल मे कारण को रहना चाहिये, यह जो नियम है सो समवायि असमवायी कारण परक है, कपाल तथा कपाल संयोग यावत् कार्य तक रहता है और निमित्त कारण तो कार्य के अव्यवहित पूर्व क्षण मे रह करके ही

कूर्मरोमवन्निरूपाख्यत्वात् । ननु कारणं तावत् सत्ताघटितं नियतप्राक्सत्त्वरूपत्त्वात्तस्य तथा च तत् सत्ताविशिष्टे धर्मिणि वर्तते तदविशिष्टे वा । नाद्यः आत्माश्रयात् एकस्या एव

नियामक है, इसलिये सामग्री तत्काल में नहीं भी है किन्तु पूर्वक्षण वृत्ति तो है ही, ऐसा ही इस सामग्री का स्वभाव है, स्वभाव के ऊपर किसी का नियन्त्रण नहीं होता है अन्यथा जगत् का वैचित्र्य व्यवहार व्याहत हो जायगा।

'केन शुक्लीकृता हंसाः' इत्यादि, असत् जो कारण वह तो सर्वदैव असिद्ध है नि.स्वभावक है, तव किस वल से कार्य का नियमन करेगा ? कूर्मरोम के सदृश निरुपाख्य होने से । जैसे कूर्म रोमादिक असत् निरुपाख्य है तो वह कार्य का नियामक नहीं है, उसी प्रकार से असत् दण्डादिक कार्य जन्म का नियामक कैसे होगा ? कथमपि नहीं हो सकता है, अत. सत् ही कारण वन सकता है ।

शंका—कारण तो सत्ता घटित है क्योंकि कार्याव्यवहिते प्राक्कालिक सत्त्व रूप ही कारणत्व है, अव मैं वेदान्ती आप नैयायिकादि द्वैती से पूछता हूँ कि यह कारणता सत्ता विशिष्ट दण्डादिक धर्मी में रहती है अथवा सत्ता रहित धर्मी में रहती है ? इसमें प्रथम पक्ष ठीक नहीं है, क्योंकि सत्ता तो आपके मत में एक ही है तो उद्देश्यतावच्छेदक सत्ता

सत्ताया धर्मधर्म्युभयविशेषणत्वात्। न च प्रत्याश्रयं विभिन्नैव सत्ता सत्सदित्यनुगतव्यवहारस्याननुगताभिस्ताभिर्निर्वाहणासम्भवात् तत्सम्भवे वाऽननुगतानि स्वरूपाण्येव सदित्यनुगतव्यवहारकाणि भवन्तु कृतमननुगताभिः सत्ताभिरिति वृद्धिमिच्छतो मूलमपि नष्टमिति कारणमसद्भायातम्। द्वितीये तु सिद्धं नः समीहितम्। तदुक्तम्।

और कारणात्मक विधेय रूप सत्ता के एक होने से आत्माश्रय दोष हो जाता है, एक ही सत्ता धर्म और धर्मी उभयका विशेषण होती है। नही कहोगे कि प्रत्येक आश्रय मे सत्ता भिन्न भिन्न ही है तो यह भी ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने से सत् सत् यह जो अनुगत व्यवहार होता है उसका निर्वाह अननुगत सत्ता से नही हो सकेगा। यदि अननुगत वस्तु से भी अनुगत व्यवहार को सपादन करो तो अननुगत जो व्यक्ति स्वरूप उसीसे अनुगत व्यवहार हो जायगा तब यह अनुगत सत्ता का स्वीकार करने का क्लेश क्या किया जाय? इस प्रकार से वृद्धि की इच्छा रखने वाले तुमका मूल (प्रथमसत्ता) भी नष्ट हो गया इस प्रकार से कारण असत् होगया ऐसा सिद्ध होता है। द्वितीय पक्ष (सत्ता रहित दण्डादिक कारण है) भी ठीक नही है क्योकि इससे तो हमारा ही पक्ष (असत् दण्डादिक कारण है) सिद्ध होता है। ऐसा कहा भी है "अन्तर्भावितसत्त्व मित्यादि" अन्त-

अन्तर्भावितसत्त्वं चेत् कारणं तदसत्त्वतः ।
नान्तर्भावितसत्वं चेत् कारणं तदसत्त्वतः ।। इति ।
मैवं नहि सर्वेषां कारणानां महासामान्यरूपा सत्ताऽस्मा-

भावित सत्त्व को अर्थात् सत्ता विशिष्ट को यदि कारण मानते हैं तो तत (वह) कारण असत् ही सिद्ध होता है। सत्ता विशिष्ट जब कारण हुआ तब विशेषण जो सत्ता है वह भी कारण बनती ही है ग्रार अनवस्था भय से सत्ता मे तो सत्तान्तर (दूसरी सत्ता) को नही मानते हो तो असत् ही कारण हुआ, और यदि सत्ता विशिष्ट दण्ड कारण नहीं है तब तो आपने स्वय मानलिया कि असत् दण्डादिक कारण हैं—इति ।

समाधान — सभी कारणो मे मैं महासामान्य रूप सत्ता को नहीं मानता हूँ, क्योकि हम लोग प्रतिबन्ध का भाव का भी कारण मानते हैं (जैसे दाह रूप कार्य के प्रति वह्नि लकडी आदि कारण है उसी प्रकार से चन्द्रमण्यभाव भी कारण है क्योकि जब चन्द्रकान्त मणि दाह का प्रति बन्धक है तब तदभाव कारण हो जाता है । अब यदि सभी कारणा में महासामान्य को मानें सो असम्भवित है क्याकि अभाव मे जाति नही रहती है । प्रतियोगिता अनुयोगिता अन्यतरसवन्ध से समवायाभाव रूप जाति वाधक होने से) अब महा सामान्य को लेकर और उसका विकल्प करके जो

भिरुपेयेते प्रतिबन्धकाभावादेरपि मया कारणत्वोपगमात् तथा च तामादाय विकल्प्य यत् खण्डनं तच्छलम् ॥

अथ स्वरूपसत्तामेव स्वकारणानां मन्यसे इति तामेवाह

खण्डन करते है सो छल रूप है, समुचित नही है।

वक्ता के अभिप्राय से विपरीत अभिप्राय की कल्पना करके जो खण्डन किया जाता है, उसको छल कहा जाता है। जैसे किसी ने कहा कि "नवकम्बलकोय नेपालादागत" यहा नव शब्द नवीनता अर्थ मे प्रयोग किया गया है किन्तु छलवादी नव शब्द को सख्यापरक होने की कल्पना करके खण्डन करता है "कुतोऽस्य नवकम्बला एक एव कम्बलो दृश्यते" नौ कम्बल कहा हैं ? एक ही तो कम्बल है। इसी प्रकार प्रकृत मे वक्ता का अभिप्राय सर्वकारणानुगत महासामान्य के तात्पर्य से नही है किन्तु यह महा तार्किकाभिमानी ने महा सामान्य की कल्पना करके उसके ऊपर विकल्प जाल बिछाकर जो खण्डन किया है सो छल रूप होने से उपेक्षणीय है।

शका – आप लोग कारण की स्वरूप सत्ता को ही मानते हैं उसी स्वरूप सत्ता का मे विकल्प करता हूँ।

समाधान –ऐसा जो आप कहते हो सो ठीक नही है क्योकि स्वरूप सत्ता से वस्तुत्व अनलीकत्व प्रमाणगम्यत्व कारण मे समझा जाता है, और यह जो वस्तुत्वादि का धर्म

विकल्पयामीति ब्रूपे तदपि न। स्वरूपसत्तया हि वस्तुत्वमनलीकप्रमाणगम्यत्वं वा तच्च धर्मिविशेषणम् स्वरूपसत एवोक्तरूपस्य मया नियतपूर्ववर्तित्वलक्षणकारणत्वोपगमात् इयं च स्वरूपसत्ता धर्मिण्यन्या कारणत्वे चान्येति क्वात्माश्रयः। न चैव कारणतायामननुगमो दोषाय इष्टत्वात् कारणता हि

है सा कारण जो दण्डादि रूप धर्मी उसी का धर्म है। उक्त रूप वस्तुत्वादि धर्म विशिष्ट स्वरूप सत् जो दण्डादिक उसीको हम सब कार्याव्यवहित नियत पूर्ववृत्तित्व लक्षण कारणत्व मानते है। यह धर्मीगत जो स्वरूप सत्ता है सो भिन्न है और कारणता मे जो सत्ता है वह भिन्न है। इस स्थिति मे आत्माश्रय दोष कैसे होगा ? (अर्थात् उद्देश्यतावच्छेदकी भूत स्वरूप सत्ता तथा विधेय रूपा सत्ता एक होती तो आत्माश्रय की सम्भावना होती)। नही कहो कि यदि ऐसा मानते हो तो कारणता मे अननुगम दोष होगा, स्वरूप सत्ता के भिन्न भिन्न होने से। तो इसका समाधान यह है कि यह अननुगम दोष इष्ट है। क्योंकि जो कारणता है सो विषय (कार्य) प्रतियोगी कारण के भेद मे भिन्न भिन्न ही है एक नही है।

शंका – स्वरूप सत् जो घटादिक पदार्थ है वह भी असत्‌ही है, क्योकि घटोनास्तीत्याकारकानुभवमे घट और अभाव का सामानाधिकरण्य गृहीत होता है, यदि असत्व

विषयप्रतियोगिभेदेन भिन्नं च । ननु स्वरूपसदप्यसदेव घटो नेत्यादिधिया घटत्वासत्त्वयोः सामानाधिकरण्यानुभवादिति चेत् । घटो धर्मी कदाचित् स्वरूपसन् कदाचिच्चासन्निति ब्रूषे सर्वदैव संश्चासंश्चेति वा । नाद्यः उभयोरपि दशयोस्तस्य त्वन्मते घटत्वमविशिष्टमस्तीति उभयोरपि ततो घटार्थक्रिया

धर्म को घटादि वृति नही मानें तब तो असत्व को घटत्व के सामानाधिकरण्य कैसे सिद्ध होगा । अत स्वरूप सत् भी घटादिक असत् ही है ।

समाधान – घटादि रूप जो धर्मी है सो कदाचित् स्वरूप सत् है कदाचित् असत् है ऐसा कहते हो अथवा सर्वदा ही सत् भी है और असत् भी है यह कहते हो ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है, क्योकि दोनो ही दशा मे घट मे आपके मत मे घटत्व विशिष्ट घडा है, तब दोनो मे घटार्थ क्रिया जलहरणादिक समान रूप से हो जायगी तब तो 'घटोऽसत्' यह नही होगा क्योकि असत् घट से भी घटार्थ क्रिया हुई । और जिसमे जिस समय मे घटार्थ क्रिया होती है, वह असत् कैसे कहावेगा ? सर्वदा सत् भी है असत भी है, ऐसा जो द्वितीय पक्ष है सोभी ठीक नही है क्योकि एक समय मे एक अधिकरण मे सत्वासत्वरूप विरुद्ध धर्म नही रह सकता है क्योकि वह दोनो परस्पर विरुद्ध वस्तु है ।

शका – यदि घटादिक मे सत्त्व असत्त्व नही रहता है

तुल्यैव स्यात् तथा चासन्नित्यपि न स्यात् अर्थक्रियाकारित्वात् । नान्त्यः विरोधात् तर्हि घटो नास्तीत्यस्य कोऽर्थः घटस्याभावोऽस्तीत्येव हि नह्यसत्ताविशिष्टे घटे किमपि प्रमाणं प्रसरति इन्द्रियसन्निकर्षव्याप्त्यादेस्तेन सहासम्भवात् । शब्दोऽप्ययं प्रमाणविरोधी उन्नपर एवेति घटतदसत्त्वयोश्च न

तब 'घटो नास्ति' इस प्रतीतिका क्या अर्थ है ?

समाधान.– घट का अभाव है यही अर्थ है। असत्व विशिष्ट वट मे कोई प्रमाण नही है, इन्द्रिय सन्निकर्ष तथा व्याप्ति प्रभृति प्रमाण का असत्त्व के साथ संबन्ध नहीं हो सकता है, घट तथा असत्व का धर्म धर्मी भाव नही, नियमत दोनो को विरोध सहावस्थान नही हो सकती है।

और भी घट तथा असत्व का जो विरोध है सो निरुपाधिक (स्वाभाविक) है क्योकि ये दोनो परस्पर प्रतिक्षेप रूप हैं। अत इन दोनो मे प्रतियोगी अनुभाव ही है न कि धर्म धर्मी भाव है, अर्थात् घट है प्रतियोगी, असत्व है अनुयोगी, न तु घट है धर्मी तथा सत्व घट का धर्म है। अतएव अति प्राकृत गोपपत्नी भी चोर की आशका होने पर दीपक लेकर के घर मे चोर की असत्ता (चोराभाव) को जान करके नि शक होकर सो जाती है क्योंकि चोर की असत्ता को जानने मे चोर का प्रतिक्षेप हो जाता है। यदि यह असत्व चोर का धर्म हो तब तो असत्व से चोर का

धर्मधर्मिभावः नित्यविरोधेन द्वयोः सहासम्भवात् ॥ किं च निरुपधिर्विरोधोऽनयोः परस्परप्रतिक्षेपरूपत्वात् इति प्रतियोग्यनुयोगिभाव एवानयोः न तु धर्मधर्मिभावः। अत एव गोपाङ्गना अपि स्तेनशङ्कायां प्रदीपमुपादाय तेनापवरकौ स्तेनासत्त्वमवेत्य निःशङ्कं शेरते स्तेनप्रतिक्षेपात् स्तेनधर्मत्वे तु तदसत्त्वस्य तेन स्तेनाप्रतिक्षेपात् त्वमिव ता अपि कांदिशिकी भवेयुः। कथं तर्हि घटो

विरोध नही होगा तो आपकी तरह गोपागना भी सदिग्ध ही हो जायगी।

शका–तब तो 'घटो नास्ति' यहा सामानाधिकरण्य कैसे होता है।

समाधान–घटा भाव के असत्व का ही अनुशासन होने से। जैसे सूर्य को न देखने वाली राजकन्या मे भी 'असूर्य-पश्या' यह प्रयोग होता है।

शका–स्वरूप सत् मे ही यदि घटत्व रहता है तथा उसकी सत्ता रहती है तब तो 'घटोऽभूत् घटो भविष्यति' इन दोनो स्थलो मे तो भूत भविष्य घटद्वय तो इस काल मे असत् है तो उसमे स्वरूप सत्ता किस प्रकार की ? और इन दोनो का व्यवहार भी कैसे होगा ?

समाधान–किसी भी प्रकार से नही। वर्तमान काल मे घटत्वाधिकरण रूप मे वह दोनो घट प्रतीयमान ही

नास्तीति समानाधिकरणप्रयोगः घटाभावे तस्यैव साधुत्वानुशासनात् यथा सूर्यस्याप्यद्रष्टरि अद्वयंस्पश्येति ।

ननु यदि चासतो घटत्वसत्ता तदा घटोऽभूत् भविष्यतीत्यादौ भूतभविष्यतोरिदानीमसतोर्घटयोः कथं सा । न कथञ्चित् न हिदानीं घटत्ववत्ता तयोः प्रतीयते किं तु स्वकाले घटत्ववतोस्तयोरिदानीं तत्कालस्पर्शेन कालास्पर्शेन वा तद्वत्तया प्रतीयमानयोरिदानीं प्रागभावप्रध्वंसौ परं प्रतीयेते अभावधियः प्रतियोगितावच्छेदकधर्मप्रकारकप्रतियोगिधीसाध्यत्वनियमात् ।

होते हैं । किन्तु भूतादिकाल के सम्बन्ध से अथवा वर्तमान काल के असम्बन्धमात्र से घटत्वाधिकरणरूपेण प्रतीयमान उन दोनों घटों का प्रागभाव, प्रध्वंस ही केवल प्रतीयमान होता है, क्योंकि अभाव ज्ञान प्रतियोगितावच्छेदक धर्म प्रकारक ज्ञानाधीन होता है ।

शंका–प्रत्यक्ष जो प्रागभाव और ध्वंस उसको योग्यानुपलब्धि से जानेंगे सो कैसे होगा ? क्योंकि आहार्य रूप प्रतियोगी की उपलब्धि की सर्वत्र सत्ता होने का नियम है ।

समाधान–प्रतियोगी के सत्व से प्रसंजित उपलब्धि को ही मैं योग्यानुपलब्धि कहता हूं, स्वीकार करता हूँ । और भी देखिये जो स्वरूपतः सिद्ध नहीं है और बुद्धि से सिद्ध है, एतादृश पदार्थ में कारणता नहीं होती है, क्योंकि मनोरथ सिद्ध मोदकादि भक्षण से तथा वास्तविक मोदक भक्षण से

न्न्वयमभावः -प्रत्यक्षो योग्यानुपलब्ध्या ग्राह्यः सा चेह नास्ति आहाररूपायाः प्रतियोग्युपलब्धेः सर्वत्र सत्त्वनियमादिति चेन्न । प्रतियोगिसत्त्वप्रसञ्जिताया उपलब्धेरभावस्य मयानुपलब्धित्वेनोपगमादिति दिक् ॥

अपि च बुद्धिसिद्धस्यापि स्वरूपासतः कारणत्वमनुपपन्नम् मानोरथिके वास्तवे च मोदकादिभक्षणे तृप्त्यादितौल्यं स्यात् । तदुक्तं स्थापकेन ।

आशामोदकतृप्ता ये ये चोपार्जितमोदकाः ।
रसवीर्यविपाकादि तुल्यं तेषां प्रसज्यते ॥

यत्तु मानोरथिकेनापि मोदकादिना तृप्त्यादिकमसद्रूपं जन्यत एवेति । तत्तुच्छम् । कारणाधीनं यस्योत्तरसमये स्वरूपं तस्यैव कार्यत्वात् अन्यथा वेमा घटस्य दण्डः पटस्य

तृप्ति प्रभृति कार्य की समानता हो जायगी । स्थापक ने कहा भी है, जो व्यक्ति आशा मोदक से तृप्त है और जो उपार्जित मोदक है (जिसने वास्तविक मोदक भक्षण किया है) इन दोनो की तृप्ति प्रभृति कार्य मे समानता हो जायगी । जिस किसी ने यह मान लिया है कि मनोरथ सिद्ध मोदक के भक्षण से भी तृप्ति प्रभृति कार्य सद्रूप ही होता है, तो यह तो सर्वथा ही ठीक नही है क्योंकि कारण के उत्तर काल मे कारण के अधीन स्वरूप प्राप्ति होती है उसी को कार्य कहते हैं । अन्यथा यदि ऐसा

निगृहीतत्वं जयस्य सत् साधनप्रयोक्त् भङ्गस्य कारणं स्यादिति सर्वं व्यत्यस्तमापद्येतेति साधुपारिडत्यम् । न च जयभङ्गौ समयबन्धो नियमयिष्यतीति वाच्यम् । दृढीभूतं हि जयभङ्गकारणत्वं समयबन्ध आलम्बिष्यते तत्कारणत्वदृढिमैव तु न स्यादसतोऽपि कारणत्वात् तस्मात् कार्यपूर्वसमये नियमतः स्वरूपसत् कारणम् । तदुक्तमाचार्यैः । "पूर्वभावो हि

न मानें तो वेमा घट का कारण हो जायगा और दण्ड पट का कारण हो जायगा, निगृहीतत्व जय का कारण हो जायगा, सत्साधन का प्रयोग भंग (पराजय) का कारण हो जायगा, तब इस प्रकार कारण भाव सर्वत्र अस्तव्यस्त हो जायगा, किन्तु ऐसा देखने में नहीं आता । प्रत्युत तेल का चाहने वाला तिल का ही उपादान करता है दुग्धार्थी गाय को ही पालता है, न कि बैल को पालता है ।

शंका—जय पराजय का नियन्त्रण तो समयबन्ध से ही होगा ?

समाधान—दृढीभूत जय पराजय की कारणता का समयबन्ध में अवलंबन करेंगे, यह तो कारणता की ही महिमा है, न कि असत् को कारणता मानने से होगा । इसलिये कार्य के अव्यवहित पूर्व समय में जो नियमतः स्वरूप सत् है वही कारण होता है यही कारण का लक्षण है । आचार्य उदयन ने भी कहा है कि पूर्व भाव हेतुत्व है अर्थात् कार्य

हेतुत्वमीयते येन केनचित्!" इति । त्वमप्यात्थ "पूर्वसम्बन्धो हेतुत्वमिति । पूर्वसम्बन्धनियमश्च स्वरूपासतो न सम्भवति तस्मात् पूर्व सम्बन्ध नियमे हेतुत्वे तुल्य एव नौ । हेतुतत्त्व-बहिर्भूतसत्त्वासत्त्वकथा वृथेति यत् त्वयोक्तम् तत् सर्वथैवानुपपन्नम् तथाहि नियमतः प्राक्समयसम्बन्धः कारणत्वम् स च खपुष्पादेः स्वरूपासतो न सम्भवति किं तु प्राक् स्वरूपसतः ईदृशो मतपक्षः त्वत्पक्षोऽप्ययमेव तदा शान्तं विवादेन विप्लुतं

के नियमत पूर्ववृत्ति हो तथा स्वरूप सत् होता है। आप (वेदान्ती) भी कहते हो कि पूर्व सम्बन्ध का नाम है कारण। पूर्व सम्बन्ध नियम स्वरूपत असत् पदार्थ का नही होता है, अन्यथा गगन कुसुम भी किसी का कारण हो जायगा। पूर्व सम्बन्ध नियमात्मक कारणता जब दोनो के मत मे समान है तब कारणता के शरीर से बहिर्भूत जो सत्त्व असत्त्व कथा सो निरर्थक है, ऐसा आपने जो कहा है सो सर्वथा अनुपपन्न है। तथा हि नियमत कार्य पूर्व कालिक सम्बन्ध रूप कारणत्व सत् को ही हो सकता है। न कि असत् आकाश पुष्पादि मे हो सकता है। किन्तु पूर्व कालिक स्वरूप सत् मे ही होगा यह न्याय मत है। यदि यही मत वेदान्ती का भी हो तब तो विवाद ही नही रहा। खडन भी गया। कारिका मे जो दोनो मत से कारणता का कथन किया था उसका उत्तर उपसहार ग्रथ से उद्धार

च खण्डनेन ॥

अथ प्राक् कारणस्य स्वरूपसत्ता नाभ्युपैषि तदा नावयोः पक्षतौल्यमिति गाथापूर्वार्द्धमशुद्धम् ॥ अपि च सत्त्वं यत्कारणत्वबहिर्भूतं ब्रूपे तत्तावत् स्वरूपसत्त्वं तदीयकारणत्वान्तर्भावस्य व्यवस्थापितत्वात् । अथ सत्ताजात्यभिप्रायेण ब्रूपे तदा व्यक्तम् निरनुयोज्यानुयोगस्तव। न हि वयं सत्ता-

---

कर्ता ने प्रतिपादन किया है अत दोनो मत से कारणता समान नही है किन्तु हमारे मत से कारण स्वरूप सत् और आपके मत से कारणस्वरूपासत् है ।

यदि आप व्यवहित पूर्व क्षण वृत्तिकारण की स्वरूप सत्ता को नही मानते हो तब तो हम दोनो के मत मे समानता नही होती है, इसलिये गाथा का जो पूर्वार्द्ध हे सो अशुद्ध है, क्योकि "पूर्वसम्बन्धनियमे हेतुत्वे तुल्य एव नौ" यह ठीक नही है । और भी देखिये जिस सत्ता का आप कारणता के वहिर्भूत कहते है सो सत्ता तो स्वरूप सत्ता है उसकी तो हमने कारणता मे अन्तर्भाव की व्यवस्था कर दी है । यदि सत्ता जाति के अभिप्राय से वहिर्भूतत्व का प्रतिपादन करने मे तात्पर्य हो तब तो निरनुयोज्यानुरूप निग्रह स्थान प्राप्त हो जाता है । सत्ता जाति का कारणता मे अन्तर्भाव मैं तो नही मानता हूँ ।- हम लोग सत्ता जाति को कारणत्व का निर्वाहक नही कहते हैं । क्योकि भ्रम के

जातिमपि कारणत्वनिर्वाहिकां ब्रूमहे विशेषादर्शनस्य भ्रमे दोषाभावस्य प्रामाण्ये विहिताकरणस्य प्रत्यवाये समवायस्य रूपादिप्रत्यक्षे मिथ्याज्ञानाद्यभावस्य मोक्षे अस्माभिः कारणत्वोपगमात् । अत एवाचार्या अप्याहुः । "भावो यथा तथाभावः कारणं कार्यवन्मत" इति । अथ यादृश्या धिया त्रिचतुरकक्षाविश्रान्तया सिद्धान्तिनः कारणस्य वस्तुसत्त्वावधारणं ममापि तादृश्यैव धिया तस्य कारणत्वावधारणं तदेतत् सांवृतं सत्त्वं किं तु सापि धीस्त्वन्मते स्वरूपसत्त्वेव न तु निरुपाख्येषु येन तेषामपि कारणत्वापत्तिः । मन्मते तु त्रिचतुरकक्षातस्त-

प्रति विशेषादर्शन कारण होता है, प्रामाण्य के प्रति दोषाभाव कारण होता है, प्रत्यवाय में विहित क्रिया के अकरण को कारण मानते हैं । रूपादिक के प्रत्यक्ष मे समवाय को कारण मानते है और मिथ्याज्ञान के अभाव को मोक्ष में कारण मानते है । इसलिये सत्ता जाति को तो कारणता में निर्वाहक मैं भी नही मानता हूँ । अतएव उदयनाचार्य ने कहा है कि "भावो यथेत्यादि" जिस प्रकार से भावात्मक पदार्थ कार्य होता है तथा कारण भी होता है, उसी प्रकार से अभाव भी कारण भो होता है और कार्य भी होता है ।

शंका—तीन चार कक्षा में विश्रान्त यादृश बुद्धि से सिद्धान्ती नैयायिक लोग कारण में वस्तु सत्ता का निश्चय

स्यापि बाध्यत्वावसायात् । मूलपर्यन्तं बाधावताराञ्च कारणानां सत्तावधारणं इति चेत्तर्हि त एव पश्चिमाद्बाधान्न धीर्न वा तदधीनं कारणत्वावधारणम् न वा तत्सत्तावधारण-मिति निरुपाख्यादविशेषः ॥

यत्तु संवृत्तिरपि सती व्यवहारयेत् असती वा । नाद्यः

करते है । तद्वत् हम वेदान्ती लोग भी तादृश बुद्धि से ही कारणता का निर्णय करते है । इसी को साव्वृत्तिक सत्ता कहते है । परन्तु यह बुद्धि आपके मत से स्वरूप सत् पदार्थ मे ही रहती हैं निरुपाख्य मे नही जिससे कि निरु-पाख्य मे कारणता की आपत्ति लगे। हम (वेदान्तियो) के मत मे तो चार कक्षा के बाद भी बाध्यता का निश्चय होने से मूल पर्यन्त बाधित होने से कारण मे सत्ता का निश्चय नही होता है ।

समाधान—तब तो पश्चात् कालिक बाध होने से वह ज्ञान ही नही हुआ न वा ज्ञानाधीन कारणता का निश्चय होगा । न वा पदार्थों मे सत्ता का निश्चय होगा । तब दण्डादिक पदार्थ मे निरुपाख्य से क्या विशेषता हुई ? अर्थात् दण्ड तथा कूर्म रोमादिक समान हो गये ।

शका—अविद्यासवृत्ति सत है या असती होकर के व्यव-हार चलाती हैं । इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है, क्योकि वेदान्ती ने अविद्या को सती नही माना है । द्वितीय पक्ष

त्वयानभ्युपगमात् । नान्त्यः असत्त्वेनावधृतस्य कारणत्वोपगमात् इति नैयायिकदत्ते दोषे सा तावदिदानीं त्रिचतुरकक्षामात्रविश्रान्ता अविचारितसत्तासत्त्वेव व्यवहारयतीति ब्रूमः । अन्यथा प्रथमत एवैतादृशविचारावतारणे मतिकर्दमे व्यवहार एव न स्यात् । वस्तुतस्तु सा यदि सती तदा व्यवहारयितु क्षमा यदि चासती तदापि तथैव । भ्रमविषयेणासता भ्रमे तथा भविष्यदादिविषयके ज्ञानेऽसतैव विषयेण तथाऽसतैव कार्येण कारणशक्तेश्च विलक्षणव्यवहार इत्यस्य त्वयाप्यनुमतत्वा-

---

भी ठीक नही है, क्योकि असत्वेन निश्चित वस्तु मे कारणता का स्वीकार करना पडता है, इस प्रकार नैयायिक दोष देगे, अत तीन चार कक्षा मे विश्रान्त ज्ञान द्वारा अविचारित सत्ता वाली सत्ता ही व्यवहार को करती है ऐसा मैं कहता हूँ । यदि ऐसा नही माने तब तो पहिले से एतादृश विचार को लाने पर बुद्धि रूप पक मे फस जाने से व्यवहार होना ही असम्भवित हो जावेगा । वस्तुत यदि अविद्यादिको को सत् माने तब ही वह अविद्या व्यवहार रवानेमे समर्थ हागी । यदि असती मानने से भी उसी तरह व्यवहार कराने मे समर्थ होगी । भ्रम ज्ञान का विषय जो रजतादि वह असत् होकर के भी भ्रम मे विशिष्ट व्यवहार (इद रजतम्) का प्रयोजक होता है । एव भविष्यत् विषयक ज्ञान मे असत ही विषय विशिष्ट

दिति तन्न । उक्तक्रमेण तत्सत्त्वस्यैवावधारणात् न हि सम्भ-
वति व्यवहाराय तामाश्रयते तस्याश्च सत्तासत्तयोरुदास्ते इति ।
दृष्टान्ताश्चायुक्ताः । तथाहि भ्रमस्तावदसद् शिष्ट्यावगाहितया
व्यधिकरणप्रकारकतया वा विलक्षणव्यवहारविषयः क्रियते
तच्च द्वयं तत्रास्त्येव, एवं भविष्यदादिना घटादिना समं ज्ञानस्य
विषयविषयिभावः सम्बन्धोऽस्त्येव तद्विषयत्वमेव च तस्य
विलक्षणव्यवहारे हेतुः । असत्तु कार्यं कारणस्योपलक्षण-

व्यवहार का प्रयोजक होता है । एवम् असत् कार्य कारण
शक्ति का जो विलक्षण व्यवहार उसका प्रयोजक होता है,
इस चीज को आप, (नैयायिक) भी मानते ही है ।

समाधान—यह कहना ठीक नही है क्योकि इन युक्तियो
से तो भ्रमादि विषयीभूत पदार्थों का सत्व ही सिद्ध होता
है । ऐसा नही हो सकता ह कि व्यवहार के लिये जिसका
आश्रयण किया जाय उसकी सत्ता और असत्ता मे उदा-
सीन रहे । आपने जो यह दृष्टान्त दिया है सो अयुक्त है ।
भ्रम तो असत् वैशिष्ट्य का अवगाहन करने से अथवा
व्यधिकरण प्रकारत्वेन विलक्षण व्यवहार को विषय करता
है वह दोनो वस्तु भ्रम मे है ही । एव "घटो भविष्यति"
इस स्थल मे भाविकालिक घटादि के साथ ज्ञान का विषय
विषयी भाव सम्बन्ध है । उस ज्ञान मे भविष्यत् घट
विषयत्व ही तो विलक्षण व्यवहार का कारण है । और

विच्छिन्नद्विधारा नाभ्युपेयते। तथाननुभवात्। किं तु क्वाचित्-दैव, काचिदन्यदा काचित् प्रत्यक्षेण, काचिद्य लिङ्गादिना प्रतीयते। इति प्र भवति चेन्न। प्रथमा ह्यर्थग्राहिणी व्यवसायात्मिका, द्वितीया ह्यर्थावरुद्धज्ञानग्राहिणी-अनुव्यवसायात्मिका घटज्ञानमिति तृतीया अर्थावरुद्धज्ञानावरुद्धात्मग्राहिणी घट जानामीति। इतोऽधिका धीधारा त्वन्मतेऽपि नानुभूयते।

वलान्वयी है। अर्थात् प्रमेयत्व शब्द का अर्थ होता है प्रमाविषयत्व। जो ज्ञान ज्ञेय सभी प्रमेय है (प्रमाका विषय है) इस स्थिति मे यदि ज्ञान का ज्ञान न हो तो ज्ञान प्रमेय कैसे कहलावेगा ? तथा प्रमेयत्व केवलान्वयी कैसे होगा ? (एक जानीयता सम्बन्ध से जो सर्वत्र रहे वही केवलान्वयी है) अत प्रमेयत्व के केवलान्वयी होने के कारण से जो कोई ज्ञान है, सभी ज्ञानान्तर का विषय होता है। परतु, अविरल लग्न ज्ञान तत् ज्ञान ज्ञानधारा को नहीं मानते है क्योकि ज्ञानधारा का अनुभव नही होता है इसी से किन्तु कोई ज्ञान उसी समय मे जाना जाता है कोई ज्ञान कालान्तर मे जाना जाता है कोई ज्ञान प्रत्यक्ष से और कोई-कोई हेतु द्वारा जाना जाता है ऐसा मैं कहता हूं।

समाधान—जो प्रथम ज्ञान है वह अर्थ का ग्रहण करता है उसका नाम व्यवसायात्मक ज्ञान होता है, और द्वितीय ज्ञान अर्थावरुद्धज्ञानावरुद्ध ज्ञान का ग्राहक अनुव्यवसाय

अन्यथा घटं जानामीति जानामीत्याद्याकारा धीः कदाचित् केनचित् अनुभूयेत। तस्याः सविषयतत्तद्धीविषयकत्वनियमे घटपर्यन्तावगाहनावश्यकत्वात् किं च चरमा धीर्न चरमसमानाधिकरणज्ञानग्राह्या अनिर्मोक्षापत्तेः। नापि व्यधिकरणज्ञानग्राह्या प्रमाणाभावात्। नापि चरमा स्वग्राहिका स्वप्रकाशापत्तेः। नाप्यग्राह्या मूलपर्यन्तं विलोपापत्तेः। नाप्युपान्त्ययाऽन्ताया ग्रहः स्वविषयकतद्ग्रहे स्वप्रकाशापत्तेः। न च

कहलाता है, उसका आकार है घटज्ञानमित्याकारक तृतीय ज्ञान अर्थाविरुद्धज्ञानावरुद्ध ज्ञान का ग्राहक होता है "घट जानामीत्याकारक" इससे अधिक ज्ञान धारा आपके मत मे भी अनुभूयमाना नही होती है। अन्यथा घट जानामीत्याकारक जानामीत्याकारक ज्ञान किसी से कदाचित् अनुभूयमान हो जायगा। बुद्धि को सविषयक तत्तद्धीविषयकत्व का नियम होने से घट पर्यन्त विषय का अवगाहन आवश्यक है। और भी देखिये–अन्तिम जो ज्ञान होता है वह अन्तिम ज्ञान के समानाधिकरण ज्ञान से गृहीत नही होता है। ऐसा नही मानो तो अनिर्मोक्षापत्ति हो जायगी। न वा चरम ज्ञान पुरुषान्तरीय ज्ञान ग्राह्य होता है, क्योंकि उसको व्यधिकरण ज्ञान ग्राह्यता होने मे प्रमाण नही है। न वा चरमज्ञान स्व का ग्राहक होता है, ऐसा मानने से स्वप्रकाशत्व हो जायगा। न वा अन्तिम ज्ञान अग्राह्य

सामग्र्यनवस्थावज्ज्ञानानवस्था तस्याः प्रामाणिकत्वात् । अत्राहुः । ज्ञानस्यावश्यवेद्यत्वेऽपि नानवस्था ज्ञानं प्रमेयमित्यादिव्याप्तिज्ञानस्य तथा एतदनुव्यवसायस्यैतद्विषयभूतस्वग्राहकस्य तथा योगजधर्मज्ञानस्य तथा भगवत्प्रत्यक्षस्य च मयापि स्वप्रकाशत्वोपगमात् । अथ घटोऽयमित्यादिस्थले

होता है । मूल पर्यन्त विलोप हो जायगा । न वा उपान्त ज्ञान से अन्तिम ज्ञान का ग्रहण होता है, क्योकि स्वविषयक तद् ज्ञान माने तो पुनः स्वप्रकाशता की आपत्ति हो जायगी । नही कहो कि जैसे सामग्री की अनवस्था मानते है उसी प्रकार से ज्ञान की भी अनवस्था मान ली जाय । सो ऐसा मानना ठीक नही है क्योकि सामग्री मे प्रमाण है अर्थात् सामग्री की अनवस्था प्रामाणिक है और ज्ञानानवस्था मे कोई प्रमाण नही है । इतना ऊहापोह करने के बाद सिद्धान्ती कहते है—"अत्राहुः" ज्ञान मात्र को अवश्यवेद्य मानने पर भी अनवस्था नही होती है क्योकि "ज्ञान प्रमेयम्" इत्यादि जो व्याप्ति ज्ञान है उसको हम लोग भी स्वप्रकाश मानते है तथा अनुव्यवसाय ज्ञान स्वविषय का ग्राहक है वह भी स्वप्रकाश है तथा योगज धर्म ज्ञान एव ईश्वर का प्रत्यक्ष है इन सबको हम लोग भी स्वप्रकाशक मानते है ।।

शका—घटोयमित्यादि स्थल मे ज्ञान और ज्ञान की

ज्ञानवज्ज्ञानधारा स्यात् ज्ञानस्य जातसम्बद्धत्वात् अपेक्षणीयान्तरस्य चाभावादिति चेन्न। अत्राप्युत्कटविषयान्तराकर्षणेन मनसः प्रतिबन्धसम्भवात्। यत्र नोत्कटो विषयोपरागो न वा सुखदुःखरागद्वेषादिसामग्री तत्र धीतद्धीधारास्त्विति चेत्।

धारा होगी, क्योकि ज्ञान का सम्बन्ध विद्यमान तथा अपेक्षणीय वस्त्वन्तरका अभाव होने से।

समाधान—यहाँ भी उत्कट विषयान्तर के आकर्षण से मन का प्रतिबन्ध हो जाता है (अभिप्राय यह है कि ज्ञान के संपादन के लिये आत्म मन सयोग आवश्यक है, एव मन का इन्द्रिय के साथ सबन्ध और इन्द्रिय का विषय के साथ सबन्ध रहता है तब ज्ञान होता है, तो एक विषयसयुक्त इन्द्रिय का मन के साथ सयोग है मन का आत्मा के साथ सयोग है तब ज्ञान होता रहता है। जब विषयान्तर इन्द्रियादि सबन्ध द्वारा उपस्थित हुआ तब मन का जो पूर्व विषय के साथ सबन्ध रहता है सो टूट जाता है और विषयान्तर का सबन्ध हो जाता है तब विषयान्तर का ही ज्ञान होता है पूर्व विषय का सबन्ध नही रहने से पूर्व ज्ञान की धारा नही चलती है। इसलिये यहा कि उत्कट विषयान्तर के सचार से मनका प्रतिबन्ध हो जाता है)

शका—जिस स्थल मे उत्कट विषयान्तर का सम्बन्ध नही है, तथा सुख दुःख रागद्वेषादि होने की बाह्य

बाढं तर्हि तत्र विषयशतभारमन्थराशेषा धीरवसीयेतेति चेत्। बाढं तत्र हि मूलविषये घटत्वे मध्यमानि परःशतान्यपि ज्ञानानि ज्ञानत्वेन आत्मा ज्ञानवत्त्वेन प्रतीयते तेन शेषापि धीर्घटं जानामीत्याकारिकैव ॥

अथ या धीर्घटविषया सा च न वर्तमाना या च वर्तमाना सा न घटविषया तथा च कथमत्र घटं जानामीति धीरस्त्विति चेन्न। अस्या अपि परम्परया घटविषयकत्वात्। वीणायां

अथवा आन्तर सामग्री नही है उस स्थल मे ज्ञान अथवा ज्ञान की धारा हो।

समाधान—ठीक है तब तो उस स्थल मे सैकडो विषय के भार से मन्थरा अन्तिम बुद्धि जानी जायगी, ऐसा कहो तो ठीक है किन्तु वहाँ मूल विषय घटादि का ज्ञान तथा मध्यवर्ती जो सैकडो ज्ञान हैं उनका ज्ञानत्वरूप से तथा ज्ञानवत्त्वेन रूपेण आत्मा प्रतीयमान होता है, इसलिये अन्तिम ज्ञान घट को मैं जानता हूँ, ऐसा ही होता है।

शंका—जो ज्ञान घट विषयक है वह वर्तमान नही है और जो ज्ञान वर्तमान है वह घट विषयक नहीं है। तब किस प्रकार से कहते हैं कि घट को मैं जानता हूँ? यह ज्ञान घट विषय का है।

समाधान—यह अन्तिम ज्ञान भी परम्परा रूप से घट विषयक ही है। वीणा मे शब्द है इसकी तरह। समय

उत्पन्ने सति न तस्याज्ञानसंशयविपर्यया इति तस्य प्रमा तावदावश्यकी। सा चैवंरूपेऽपि सुखादौ भवतु भिन्ना तस्या प्रकाशत्वात्। ज्ञाने तु प्रथमज्ञानाभिन्नैव. तद्भेदकल्पनेऽनिर्मोक्षापत्तेः। ज्ञानस्य ज्ञानकर्मत्वे घटवज्जडत्वापत्तिरिति शब्द इतिवत् समयसौक्ष्म्याच्च वर्तमानत्वधीः। अथ ज्ञाने

(काल) की सूक्ष्मता के कारण से अतीत में भी वर्तमानत्व ज्ञान होता है।

शंका–ज्ञान की उत्पत्ति होने के वाद में ज्ञान विषयक अज्ञान तद्विषय सन्देह अथवा विपर्यय नहीं होता है। अतः उस ज्ञान को प्रमारूप मानना आवश्यक है। वह प्रमा स्वरूप (अज्ञान सन्देह विपर्यय रहित) सुखादिक में ज्ञेय जो सुख उससे भिन्न भले हो। क्योंकि सुख विषयक वह प्रकाश है। ज्ञान में तो वह प्रमा प्रथम ज्ञान से अभिन्न ही है, यदि भेद मानेंगे तो मुमुक्षि और मोक्ष नहीं होगा और यदि ज्ञान को ज्ञानान्तर का कर्म मानेंगे तो घटादि के समान ज्ञान भी जड़ हो जायगा (घटादि विषय जड़ क्यों है ? इसलिये कि घटादि पदार्थ ज्ञान का कर्म होता है, अब यदि ज्ञान को भी ज्ञान का कर्म मानेंगे तो ज्ञान भी जड़ हो जायगा "ज्ञानं जड़ं ज्ञानकर्मत्वात् यत् ज्ञानकर्म भवति तत् जड़ रूपं यथा घट इति")।

समाधान–सभी ज्ञान स्वसमान कालिक स्वसमानाधि-

घेन। न हि सर्वं ज्ञानं समानकालीनसमानाधिकरणसाक्षात्कारविषयतानियतं ब्रूमो येन मानसानुव्यवसायधारया निर्मोक्षो न स्यात्। किं तु किञ्चिज्ज्ञान व्यवहारेण किञ्चिल्लिङ्गान्तरेण किञ्चिन्मानसानुव्यवसायेन किंचित्सामान्यलक्षणया किंचिद् योगजधर्मलक्षणया च प्रत्यासत्त्या अवसीयत इति न किञ्चिदपि ज्ञानमवेद्यमिति ब्रूमः। नापि जडत्वापत्तिरप्रयोजकत्वात् ॥

करण प्रत्यक्ष ज्ञान का नियमत विषय होता ही है, ऐसा मैं नही कहता हूँ जिससे कि मानस अनुव्यवसाय की धारा चलने से अनिर्मोक्षापत्तिरूप दोष उपस्थित हो। किन्तु कोई कोई ज्ञान व्यवहार द्वारा जाना जाता है, कोई ज्ञान लिंगान्तर से जाना जाता है, कोई ज्ञान अनुव्यवसाय ज्ञान से ज्ञात होता है। कोई ज्ञान सामान्य लक्षणा सन्निकर्ष से ज्ञात होता है और कोई ज्ञान योगज धर्म लक्षण सन्निकर्ष से जाना जाता है। इसलिये कोई भी ज्ञान अवेद्य नही है, ऐसा मैं कहता हूँ। न वा ज्ञान के ज्ञान का धर्म होने से जडत्वापत्ति भी होती है क्यो कि अप्रयोजक होने से। (ज्ञान मे ज्ञान धर्मत्व रहे जडत्व रूप साध्य न रहे ऐसी यदि व्यभिचार शका होगी तो उसका निवर्तक कोई अनुकूल तर्क नही है।)

शका—अर्थ जो घट पटादिक विषय हैं उनका जो

ननु घार्थो ज्ञानप्रकाशाधीनप्रकाशत्वाज्ज्ञाने प्रकाशमान एव प्रकाशिष्यते। तथा च सिद्धं ज्ञानस्य स्वप्रकाशत्वं ज्ञानार्थयोः प्रकाशद्वयस्यैकदाऽनुदयादिति चेत्। किमिदं तदधीनत्वम्। न तावत्तद्धेतुकत्वम्। न हि ज्ञानप्रकाशहेतुकोऽर्थ प्रकाशः। तथा चासिद्धिः स्वप्रकाशत्वे साध्ये विरुद्धता च। न हि तद्धेतुकस्तदभिन्नो भवति। नापि तद्व्याप्तत्वं अभेदे-

---

प्रकाश है सो ज्ञानात्मक प्रकाश के अधीन है। अतः जब ज्ञान प्रकाशित रहेगा तब भी घटादिक प्रकाशित होता है, इससे यह सिद्ध हुआ कि ज्ञान स्वप्रकाश रूप है। ज्ञान का और अर्थ का अलग-अलग प्रकाश होता है ऐसा नही कह सकते हैं क्योंकि दो प्रकाश एक समय मे उत्पन्न नही हो सकते हैं।

समाधान—इस तदधीनत्व का क्या अर्थ है ? (ज्ञान प्रकाश के अधीन अर्थ प्रकाश है तो इसमे अधीनत्व का क्या अर्थ है ?) तत् हेतुकत्व यह अर्थ नही हो सकता है अर्थात् ज्ञान प्रकाश जन्य अर्थ प्रकाश है यह अर्थ ठीक नही है। क्योकि ज्ञान प्रकाश मे उत्पन्न अर्थ प्रकाश है ऐसा नही माना जाता है। अत असिद्धि दोष होता है। और स्वप्रकाशत्व साध्य मे तद्धेतुकत्व रूप हेतु विरुद्ध है, गोत्व अश्वत्व की तरह मे। विरोध का ही स्पष्टीकरण करते हैं। "नहि तद्धेतुकेत्यादि" जो जिस हेतु से उत्पन्न होता है

ऽसम्भवात् । नापि तदभिन्नत्वं साध्याविशेषात् ॥

यत्तु घटादीनां तावज्जडत्वं ज्ञानकर्मत्वं स्वव्यवहारे परापेक्षत्वं वास्ति तत्तावत् न निर्बीजम् । नापि यत्किञ्चिद्बीजम् । नाप्यनियतबीजम् । अतिप्रसङ्गात् । तस्मात् नियत-

---

वह उससे अभिन्न नही होता है । दण्ड रूप कारण से जायमान घट दण्ड से अभिन्न नही होता है, किन्तु जनक से जन्य भिन्न ही होता है ।) न या तद्व्याप्यत्व रूप तदधीनत्व है क्योंकि अभेद मे व्याप्यत्व नही होता है किन्तु भेद मे ही व्याप्तत्व होता है । वह्नि वह्निव्याप्त है ऐसा देखने मे नहीं आता है । न वा तद्भिन्नत्व तद्धेतुकत्व है । क्योकि इस पक्ष में साध्य विशेष दोष होता है जो ही साध्य है वह ही हेतु है ।

शका—"यत्तु इत्यादि" घटादिक विषय मे जो जडत्व है सो ज्ञान कर्मता अथवा स्वव्यवहार मे स्व से अतिरिक्त परापेक्षत्व रूप है, तो यह जो ज्ञानकर्मत्व है अथवा परापेक्षत्व घट व्यवहार मे है सो निर्मूलक नही है । न वा यत् किंचित् मूल है, न वा अनियत कोई इसका मूल है, क्योकि ऐसा मानने पर अतिप्रसग हो जायगा, इसलिये इसका कोई नियत हेतु है ऐसा स्वीकार करना आवश्यक है । इसमे ज्ञान अस्वप्रकाश है ऐसा जानने के बाद ज्ञान मे जडत्व की उपलब्धि नही होती है । अत परिशेषात् ज्ञान

किञ्चिद्वीजं वाच्यम् । तच परिशेपादस्वप्रकाशत्वमिति ज्ञाते जडत्वाद्यभावात् स्वप्रकाशत्वमिति । तन्न । जडत्वं हि प्रकाशान्यत्वम् । तच प्रकाशसामग्र्यजन्यत्वरूपं निबन्धनं तज्जन्यत्वे प्रकाशत्वापत्तेः । ज्ञानकर्मत्वं हि ज्ञानविपर्यत्वम् । तच वस्तुत्वनिबन्धनं स्वव्यवहारे परापेक्षत्वमपि अस्वप्रकाशत्वनिबन्धनमेव । ज्ञानचतुष्टयभिन्नानि तज्ज्ञानानि जडानि च

स्वप्रकाश रूप सिद्ध होता है ।

समाधान–जो प्रकाश भिन्न है उसका नाम जडत्व है प्रकाशभिन्न शब्द का अर्थ होता है प्रकाश सामग्री से अजन्यत्व होना । यदि कदाचित् प्रकाश सामग्री से जन्यता मानें तब तो जड मे भी प्रकाशत्व की आपत्ति हो जायगी । एवं ज्ञानकर्मत्व शब्द का अर्थ है ज्ञानविषयत्व अर्थात् ज्ञान का जो कर्म हो उसका नाम है ज्ञानकर्म । यह ज्ञान कर्मत्व वस्तुत्व के आधीन है, अर्थात् जो पदार्थ होगा वह ज्ञान का विषय होगा । और स्वव्यवहार मे परापेक्षत्व भी अस्वप्रकाशाधीन है अर्थात् जो अस्वप्रकाश है वह सब स्व-व्यवहार मे अवश्य परापेक्ष होगा । चार ज्ञान (ज्ञान प्रमेय है इन्यावारक ज्ञान, अनुव्यवसाय ज्ञान, योगज धर्म ज्ञान और भगवत् का ज्ञान) मे भिन्न जो ज्ञान है तथा जड पदार्थ घट पटादिक वह सब अस्वप्रकाश होने से स्व स्व-व्यवहार मे परापेक्ष ही है ।

सर्वाणि स्वव्यवहारे परापेक्षाण्येव अस्वप्रकाशत्वादिति ॥

ननु ज्ञानं जिज्ञासावेद्यं न वा । आद्ये जिज्ञासापि हि सामान्य ज्ञान पूर्विकेति जिज्ञासातः प्राक् ज्ञानस्य सामान्यज्ञानमायातम् । तदपि च जिज्ञासातः स्यात् ज्ञातत्वात् तज्जनन्यपि जिज्ञासा सामान्यज्ञानादिति जिज्ञासाज्ञानयोर्द्वारा द्वयमनिवृत्तमापद्येत । न वा पक्षेऽप्यवेद्यं वा स्यात् अजिज्ञासावेद्यं वा । अत्राद्ये ज्ञानव्यवहृतिर्न स्यात् ग्रहणाभावात् । ज्ञाततयापि न ज्ञानग्रहः ज्ञानाबोधे तस्या अबोधात्

उत्तर—इस समय मे प्रत्यक्ष द्वारा अन्तिम बुद्धि का ग्रहण होना असभव है। नही कहो कि अनुमान प्रमाण वा अर्थापत्ति प्रमाण से अन्तिम बुद्धि का ज्ञान होगा, सो ठीक नही है। क्योकि सर्वत्र अभेद मानने वाले वेदान्ती-वादी के लिये भेद ज्ञान पूर्वक होने वाला जो अनुमान अथवा उपपत्ति प्रमाण उसकी प्रवृत्ति ही नही हो सकती है। नही कहोगे कि मेरे अनुमानादि प्रमाण मे भेद होगा तब उसमे मेरे वचन मे वादी को भेद का सन्देह होगा। ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि अभेद वादी के मन मे कोटि-द्वय का अभिमान मात्र है, और निर्विरोध श्रुति रूप प्रमाण के रहने से सन्देह की उत्पत्ति ही नही हो सकती है।

श्रुतिरूपसाधकमानसत्त्वेन 'सन्देहस्याप्यनुदयात् । किंच परः किञ्चनवेत्तीति यत्रावगम्यते तत्र न तस्य घटादितो भेदो ग्राह्यः स्वरूपानवधारणात् । तथा चाभेदश्रुतिस्तत्रैव लब्धपदा तत्त्वादिश्वाभेदे पर्यवस्यति ॥

ननु कथं भेदानङ्गीकारे पदपदार्थवैचित्र्यव्यवहारः आविद्यकभेदोपगमात् । न च मयि व्याघातापादनमपि भेदाभावे आपादकस्यैवासिद्धेरिति खण्डनम् ॥

और भी देखिये "यह कुछ जानता है" ऐसा जहाँ ज्ञान होता है उस स्थल मे घट से ज्ञान का भेद गृहीत नही हो सकता है । क्योकि स्वरूप का ही निश्चय न होने से । इस स्थिति मे उसी स्थल मे अभेद श्रुति अवसर प्राप्त करके सभी ज्ञान ज्ञेयादिक वस्तु मे अभेद की सिद्धि करेगी ।

शका–यदि आप भेद को न मानें, तब तो पदार्थो मे जो विचित्रता है उसका संपादन कैसे होगा ?

उत्तर–आविद्यक भेद को मैं मानता हूँ । यह आविद्यक भेद व्यवहार मे विचित्रता का हेतु होता है । हम वेदान्तियो के मत मे ब्रह्म मात्र परमार्थ सत् है, तदतिरिक्त अविद्यादिक सभी पदार्थ व्यावहारिक हैं । अर्थात् ब्रह्म ज्ञानेतर से अबाध्य हैं । तब मै जो सभी पदार्थ का खण्डन करता हूँ इसका मतलब पारमार्थिकत्व का खण्डन करता हूँ व्यावहारिकता का नही । अत व्यवहार दशा मे जो पदार्थ जैसा

अत्रोच्यते । अभेदश्रुतिः प्रत्यक्षेण प्रतिरुध्यते । न च प्रत्यक्षश्रुत्योरविनिगमादुभयत्र प्रामाण्यसंशयः प्रत्यक्षस्य सकलप्रमाणोपजीव्यत्वेन भेदप्रत्यक्षस्योपजीव्यजातीयतया तेनैव श्रुतेर्बाधनात् ॥

है वह उसी रूप मे व्यवस्थित रहता है। प्रमाण—स्वर्ग नरकादि व्यवस्था सभी वस्तु अपने-अपने रूप से अपने-अपने स्थान मे यथावत् व्यवस्थित ही है। हमारे मत मे व्याघात दोष नही देना। क्योकि जब भेद नही है तब भेदाभाव रूप आपादक का अभाव है। तो आपादक के अभाव से आपत्ति कैसे हो सकती है? यहाँ तक खण्डन-कार श्रीहर्ष ने अपने मत का प्रतिपादन किया इसके आगे का ग्रंथ उद्धारकर्ता का होता है। अत्रोच्यते से।

अब समाधान करते है—अभेद श्रुति का प्रत्यक्ष से प्रतिषेध होता है। अर्थात् प्रत्यक्ष प्रमाण से अद्वैत श्रुति का बाध हो जाता है। नही कहो कि विनिगमना विरह से प्रत्यक्ष मे तथा श्रुति मे उभयत्र प्रामाण्य का सन्देह हो जायगा, तब किसमे किस का बाध होगा? ऐसा कहना ठीक नही है, क्योंकि प्रत्यक्ष प्रमाण सभी प्रमाण का उपजीव्य (प्रयोजक) है। एवं भेद का जो प्रत्यक्ष प्रमाण चक्षु है सो उपजीव्य श्रावण प्रत्यक्ष का सजातीय है, इसलिये घटादि प्रत्यक्ष से श्रुति का ही बाध होगा, न कि

, ननु भवतु प्रत्यक्षमुपजीव्यम् । तथापि नेह नानास्ति किञ्चनेति श्रुतिस्तावदभेदबोधिका । अत्र किञ्चनेतिपदेनोपस्थिते सर्वत्रैवाभेदः श्रुत्या विधीयत इति नाभेदविधौ प्रत्यक्षोपजीवनमिति चेत् । तथापि किञ्चनेतिपदसमानविषयत्वादुपजीव्यत्वाच्च प्रत्यक्षं तां बाधेतैव । किंच यत्र भेदाभेदप्रत्ययौ परस्परस्पर्धिनौ तत्राप्यनन्यथासिद्धत्वाद् भेदधीस्तमेव अभेदधीस्तु तज्जातीयत्वमालम्बते ता एव चैत्रक्षपा इतिवत् ।तथा च

श्रुति से प्रत्यक्ष का बाध होता है ।

शका–प्रत्यक्ष उपजीव्य भले रहे तथापि "नेह नानास्ति-किंचन" यह श्रुति अभेद का प्रतिपादन अवश्य करेगी । क्योंकि यहाँ "किञ्चन" इस पद से उपस्थित सभी पदार्थ में श्रुति द्वारा अभेद का विधान किया जाता है, इसलिये अभेद बोधन अंश मे श्रुति प्रत्यक्ष का उपजीवन नही करती है, अतः उपजीव्य विरोध की चर्चा भी नही है ।

समाधान–तथापि प्रत्यक्ष को किंचन इयद का समान विषयत्व होने से तथा उपजीव्य होने से प्रत्यक्ष प्रमाण श्रुति का अवश्यमेव बाध करता है । और भी देखिये–जिस स्थल में भेद ज्ञान तथा अभेद ज्ञान परस्पर विरोधी हैं वहाँ भी अनन्यथा सिद्ध होने से तथा उपजीव्य होने से अभेद ज्ञान का विरोध होता है और अभेद तज्जातीय का अवलम्बन करता है 'ता एव चैत्रक्षपाः' (वही चैत माम की

तद्वदत्रापि स्यात् न च भेदधियो भ्रमत्वमपि सम्भवति भ्रान्ते-रभ्रान्तिपूर्वकत्वात् त्वन्मते भेदस्यालीकत्वात्, अलीकस्य च विधिनिषेधाङ्गीकारे उन्मत्तकेलिप्रसङ्गात्। अविवेकाद् बोधयतु वा श्रुतिरद्वैतम्। तथापि भेदप्रत्यक्षधिया तद् बाधनीयं

रात है) इसके 'समान जहाँ वाक्य' से अभेद बोधन होता है उस जगह मे यदि प्रत्यक्षादि बाध रहता है तो वह वाक्य तत्सजातीय को समझाता है न कि उसी व्यक्ति को। जैसे 'वही चैत की रात है' यहाँ जो चैत की रात थी वह तो आज नही हे क्योकि "यदतीत पुनर्नेति स्रोत शीघ्र मपामिव" इस न्याय से। अत अभेद ज्ञान सजातीय विषयक भी होता है और भेद ज्ञान तो अभेद का विरोधी होता है। उसी प्रकार से प्रकृत मे भी होता है। नही कहोगे कि भेद ज्ञान तो भ्रमात्मक भी हो सकता है, एतावता उसका निर्वाह हो जायगा। ऐसा कहना ठीक नही है क्योकि भ्रम अभ्रम पूर्वक ही होने से। अन्यत्र प्रसिद्ध का ही अन्यत्र भ्रम हो जाता है। आपके मत से भेद तो अलीक है और अलीक पदार्थ विधि निषेध का विषय नहीं हो सकता है। यदि फिर भी उसका विधि निषेध मानो तब तो उन्मत्त प्रलाप कहलायेगा। अथवा अविवेक से श्रुति अद्वैत को समझावे तथापि प्रत्यक्ष ज्ञान से उसका बाध हो जाता है। क्योकि अद्वैत का जो ग्राहक

ग्राहकस्य दौर्बल्यात्। पारमार्थिकत्वाददै्तमबाध्यमिति चेन्न। असिद्धेः न हि पारमार्थिकमबाध्यं दृष्टम्। लोके दृष्टमिति चेन्न। त्वन्मते लोके, द्वयोरप्यदर्शनात्। एवं विषयान्तरेऽपि गृहीते श्रुत्या नाभेदधीः, तद्विरुद्धैवातादात्म्यग्राहिण्या स्वरूपभेदस्य गृहीतत्वात्। किञ्च विशिष्टबोधिकायां श्रुतौ विशेष्यमुद्दिश्य विशेषणं विधीयते। तथा चोद्देश्यत्वविधेयत्वलक्षणभेदा-

---

है उसके दुर्बल होने से। नही कहो कि पारमार्थिक होने से अद्वैत का बाध नही होता है। यह कहना भी ठीक नही है, क्योकि अद्वैत मे पारमार्थिकत्व असिद्ध है। जो पारमार्थिक है सो अबाध्य होता है, ऐसा देखने मे नही आता। लोक मे ऐसा देखने मे तो आता है, ऐसा कहना भी ठीक नही है, क्योकि आपके मत से लोक मे दोनो ही वस्तु अदृष्ट है। एव प्रत्यक्ष प्रमाण से विषयान्तर जब गृहीत होता है तब सहसा श्रुति उन सब विषयो मे अभेद का प्रतिपादन नही कर सकती है। क्योकि तादात्म्याभाव के अग्राहक प्रत्यक्ष प्रमाण से पदार्थो का जो परस्पर स्वरूप भेद है उसका ग्रहण हो जाता है। और भी देखिये विशिष्ट पदार्थ का ग्रहण करने वाली श्रुति विशेष्य को उद्देश्य करके उस उद्देश्य मे विशेषण का विधान करेगी (जैसे धनवान् सुखी है, यहाँ धनवान् को उद्देश्य बनाकरके उसमे सुख का विधान किया है, ऐसे ही यहाँ भी मानना

श्रौतबुध्या सममभेदधीरभेदश्रुतित आदावस्त्विति । तन्न । अन्तिमबुद्धावज्ञातायां न तावदभेदः श्रुत्या बोध्यते उद्देश्याज्ञाने विधानासम्भवात् विधायकशब्दस्य च तथैव सर्वत्र प्रवृत्तिदर्शनात् । नापि ज्ञातायाम् तेनैव ज्ञानेन

के प्रतिबद्ध होने से झटिति अभेद प्रतिपादन करने के लिये प्रवृत्ति ही नही हो सकती है (क्या चन्द्रकान्तमणि से प्रतिबद्ध वह्नि झटिति दाह जनक होती है ? तद्वत्प्रकृत मे भी समझना चाहिये) जो किसी ने 'पर. किंचिद्वेत्तीति-विवक्षुरित्यादि' प्रकरण से अभेद का समर्थन किया था वह भी अयुक्त है, क्योकि क्रमिक रूप से अर्थ मे अभेद प्रतिपादन करने मे विराम होकर व्यापार नही होगा। शब्द बुद्धि क्रिया का विराम होकर के व्यापार नही होता है। वहाँ तथा अन्यत्र विषय मे झटिति अभेद ग्रहण करने मे श्रुति को प्रत्यक्ष प्रमाण का विघ्न उपस्थित है। जो पहले कहा था कि अन्तिम बुद्धि मे श्रौत बुद्धि के साथ अभेद ज्ञान को श्रुति आदि मे ही करेगी, ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि अन्तिम बुद्धि मे जो श्रुति अभेद का प्रतिपादन करतो है सो अज्ञात अन्तिम वाध मे अभेद कहती है, इसमे प्रथम अज्ञान पक्ष ठीक नही है क्योकि अन्तिम बुद्धि रूप जो उद्देश्य है वह अज्ञात है तब अज्ञात उद्देश्य मे अभेद का विभाग कैसे होगा ? क्योकि विधायक

तस्याः स्वरूपभेदस्य गृहीततया तत्राप्यभेदश्रुतेरप्रवृत्तेः ।
एतेन सुदूरधावनश्रान्तेति निरस्तम् । किञ्चाभेदे बोध्यबोधक-
सहकार्यसहकारिजन्यजनकवाच्यवाचकप्रतिपन्नाप्रतिपन्नभेदविरहात्
कथमभेदं श्रुतिर्बोधयतु । अथाविद्यकाद् भेदात् सर्वमिदं घटते

शब्द का सर्वत्र यही प्रवृत्ति प्रकार है, (अर्थात् ज्ञात उद्देश्य में ही विशेषण का विधान होता है अज्ञात उद्देश्य मे विधान नही होता है) न वा ज्ञात उद्देश्य मे विधान होता है, यह द्वितीय पक्ष ही ठीक है, क्योंकि जिस ज्ञान के द्वारा अन्तिम बुद्धि रूप उद्देश्य ज्ञात होगा उसी ज्ञान मे उद्देश्य का स्वरूप भेद ज्ञात हो जायगा तब उस स्थल मे अभेद का प्रतिपादन श्रुति कैसे कर सकती है ? अर्थात् प्रत्यक्ष प्रतिबद्ध श्रुति की प्रवृत्ति नही होगी । इस उत्तर से 'सुदूरधावनश्रान्ता' इत्यादि ग्रंथ से जो अभेद के प्रतिपादन का प्रयत्न किया था सो भी अरण्यरुदन के समान निरस्त हो जाता है । और भी देखिये-यदि अभेद को प्रधानता दें तो अभेद मे बोध्य बोधक का निर्वाह कैसे होगा ? क्योंकि बोध्य-बोधक भाव भेद साध्य है । समझने की वस्तु अलग है, और समझाने वाला अलग है, तब अभेद मे यह कैसे होगा ? एवं सह-कारी असहकारी जन्य जनक वाच्य वाचक प्रतिपन्न अप्रतिपन्न गुरु शिष्य उपास्य उपासक इत्यादि व्यवहार

तर्हि तत एव स्वय्यनिष्टापादनमपि घटताम् । सर्वमिदनिर्वच-नीयमिति चेत् । अहो पाण्डित्यं निर्वचनात्मकश्रुतिप्रामाण्य-मुपक्रम्यानिर्वचने पर्यवसानम् । वयं वैतण्डिकाः किमपि न साधयामः किं तु भेदं निषेधाम इति चेत् । अविद्यादशायां श्रुतिरद्वैते प्रमाणमिति घुष्यन् पुरुषायुपमनैषीरथेदानीं तत्र दोषदर्शनादन्यथा वर्णयन् स्वाशयमपि नावधारयितुं क्षमसे ।

भेद के विना नही हो सकेगा। तब अभेद प्रति पादन श्रुति से कैसे होगा ?

शका–पूर्व पक्ष वादी वेदान्ती कहते है कि यह सब व्यवहार आविद्यक भेद मानने से बन सकेगा।

उत्तर–तब उसी आविद्यक प्रमाण से आप मे अनिष्टा-पादन भी हो सकता है।

शका–यह सभी पदार्थ अनिर्वचनीय है।

उत्तर–आश्चर्य है आपकी पडिताई को। निर्वचनात्मक श्रुति प्रामाण्य का उपक्रम करके अनिर्वचनीयता मे उप-सहार करते है। नही कहो कि हम तो वैतण्डिक हैं, किसी भी वस्तु को सिद्ध नहीं करते हैं किन्तु भेद का निराकरण मात्र करते है। ऐसा कहे सो भी ठीक नही है, क्योकि अविद्याकाल मे श्रुति अद्वैत मे प्रमाण है, ऐसी घोपणा करते हुए अपनी आयु को समाप्त कर चुके अब उसमे दोप देख कर प्रकारान्तर से वर्णन करते हुए अपना

किंचाभेदो यः साध्यः स भेदाभावो भेदविरोधो वा।
उभयथापि भेदः पारमार्थिक आपद्येत न ह्यवस्तुनो विरहो
विरोधी वा वस्तु सन्निति घटते । किंच श्रुतिः प्रपञ्चब्रह्म-
णोऽभेदमाहेत्यप्ययुक्तम् । ब्रह्मैव तत्त्वं प्रपञ्चस्त्वतत्त्वमिति

-जो अभिप्राय है उसका निर्णय करने में समर्थ नही हो रहे
है । और देखिये–जिस अभेद को आप सिद्ध करते हैं वह
अभेद क्या भेदाभाव रूप है अथवा भेद विरोधी है ? दोनों
पक्षों में भेद पारमार्थिक हो जाता है । क्योकि अवस्तु का
अभाव अथवा वस्तु का जो विरोधी होता है सो वस्तु सत्
नही होता है । इसका अभिप्राय यह है कि समास के
अन्तर्गत जो 'नञ्' है उसके छै अर्थ होते है । सादृश जैसे
'अनिक्षुः सरः' यहाँ सादृश्यार्थक 'नञ्' है, इक्षु के सदृश
सरोवर है । २. अर्थ है अभाव 'अघटे भूतलम्' । ३. भेद
'अघटः पटः' । ४. अल्पार्थक 'यथा' अनुदरा कन्या
अलवणकं शाकम् । ५. 'अप्राशस्त्य' अब्राह्मणो, वार्धपिक
अप्रशस्त इत्यर्थः । ६. विरोध 'असुर' न सुर सुरविरोधी
राक्षस । प्रकृत में यदि विरोध वा अथवा अभावार्थक हो तो
जिसका विरोधी अभेद है वो अभाव है वह वस्तु सत्
होगी । अप्रमित प्रतियोगिक अभाव नही होता है इसलिये
भेद में पारमार्थिकत्व होता है । और भी देखिये श्रुति
प्रपंच तथा ब्रह्म के अभेद का प्रतिपादन करती है, ऐसा

शङ्कराचार्यवचनविरोधात्। अत एव तयोर्भेदं निषेधतीत्यपि न। एवं हि ब्रह्मणः प्रपञ्चाभिन्नतया जडत्वेन स्वप्रकाशचिदानन्दात्मकत्वे तदर्था मुमुक्षोः प्रवृत्तिरपि न स्यात्। तथा च श्रुतिः प्रपंचनिषेधपरेति वाच्यम्। तथा च क्व ब्रह्मप्रपंचयोरभेदगन्धोऽपि। अथ जीवपरमात्मनोरभेदं श्रुतिराह तत्त्वमसी-

---

आपने कहा था वह भी ठीक नही है, क्योकि ब्रह्ममात्र पारमार्थिक तत्व है और प्रपञ्च आकाशादिक पदाथ अतत्व है, ऐसा जो शकराचार्य का वचन है उससे विरोध होता है तत्व अतत्व का तादात्म्य कैसे हो सकता है ? (ऐसा मानने से ब्रह्म मे जडत्व हो जायगा अथवा प्रपञ्च मे चेतनावत्व हो जायेगा अत एव ब्रह्म प्रपञ्च मे जो भेद है श्रुति उसका निराकरण करती है। ऐसा कहना भी ठीक नही है क्योकि ऐसा मानने से ब्रह्म प्रपच से अभिन्न होने के कारण से जड हो जायगा तब ब्रह्म स्व प्रकाश चिदानन्दात्मक नही रहा। तब तो ज्ञान सुखात्मक ब्रह्म प्राप्ति के लिये जो मुमुक्षु का प्रयत्न है सो निष्फल हो जायगा। इसलिये आपको कहना पडेगा कि श्रुति प्रपच का निराकरण परक है, इस स्थिति मे ब्रह्म तथा प्रपच मे अभेद होने की क्या आशा रखते है ? अर्थात् ब्रह्म और प्रपच मे तादात्म्य किसी भी दशा मे नही हो सकता है।

शका—तत्वमसि इत्यादि महा वाक्य परमात्मा तथा

त्याद्युक्तेरिति चेन्न प्रत्यक्षबाधात् परमात्मान्योन्याभावस्य प्रतिस्वं स्वात्मनि प्रत्यक्षत्वात् नाहं ज्ञानमितिवन्नाहं परमात्मेति प्रतीतेः। आत्मनि तत्तादात्म्यसत्त्वे तयोपलम्भापत्त्या तद्भेदस्य तत्राध्यक्षतोपगमात् प्रतियोगिसत्त्वविरोधिन्या एवानुपलब्धेर्योग्यानुपलब्धित्वात्। किंचाभेदश्रुत्या क्रमेणा-

---

जीव का अभेद प्रतिपादन करते है। 'हे श्वतकेतु तुम परमात्मा के स्वरूप हो' यह भी युक्ति युक्त नही है। क्योकि जीव ब्रह्म के तादात्म्य होने मे प्रत्यक्ष बाध होता है। परमात्मप्रतियोगिक अन्योन्याभाव का प्रत्येक जीव मे प्रत्यक्ष होता है। मैं ज्ञान नही हूँ इसी प्रकार से मैं परमात्मा नही हूँ ऐसा अनुभव प्रत्येक व्यक्ति को होता है अर्थात् 'नाह ज्ञानम्' इसके सदृश 'नाह परमात्मा' यह ज्ञान सर्व साधारण को होता है। यदि जीव मे ईश्वर का तादात्म्य रहे तब तो 'ईश्वरतादात्म्यवानहं' इस प्रकार से अनुभव होना चाहिये सो नही होता है इसलिये ईश्वर का भेद जीव मे होता है। ऐसा माना जाता है। प्रति योगी सत्त्व का निराकरण करने वाली अनुपलब्धि का नाम ही योग्यानुपलब्धि है (जैसे 'नाहमीश्वरः' यह प्रत्यक्ष ही जीवात्मा परमात्मा का भेद साधक है उसी प्रकार से 'नाहमीश्वरो विरुद्धधर्माश्रयात्' इस अनुमान से तथा "द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया" "द्वावीशानीशौ" इत्यादि

भेदावगाहनमिति यदुक्तम् । तदप्ययुक्तम् । शब्दस्य विरम्य व्यापाराभावादिति ।

यत्त्वभेदश्रुत्या द्रागेव सर्वत्रैवाभेदधीर्जन्यते । न च घटादौ भेदप्रत्यक्षेण श्रुतिबाधनं वस्तुतः श्रुतेर्बलवत्त्वात् ।

श्रुतियों से सिद्ध होता है कि जीव परमेश्वर भिन्न है, और जीव ईश्वर में यदि अभेद हो तो जीव ईश्वर की उपासना कैसे करेगा ? क्योंकि उपासना उपास्य उपासक के भाव भेद के विना बन ही नहीं सकती है और परमेश्वरोपासना को स्वर्गीय वर्ग प्राप्ति में कारण माना गया है। आचार्य उदयन ने भी कहा है "स्वर्गीयवर्गयोर्मार्गमामनन्ति मनीषिणः । यदुपास्तिमसावत्र परमात्मा निरूप्यते ।" और भी देखिये श्रुति द्वारा क्रमेण जीव ईश्वर का अभेदावगाहन होता है, ऐसा जो पूर्ववादी ने कहा था सो भी ठीक नहीं है। क्योंकि विरमित होकर के शब्द का व्यापार नहीं होता है "शब्दकर्मणो विरम्य व्यापारायोगादिति ।"

जिस किसी ने कहा था कि अभेद श्रुति में सभी जगह में झटिति अभेद बोध उत्पन्न हो जाता है। नहीं कहो कि घटादिक पदार्थ में भेद प्रत्यक्ष से श्रुति का बाध हो जायगा। अर्थात् श्रुति सर्वत्र अभेद सिद्ध करने को आवेगी उस समय में भेद प्रत्यक्ष उसको बाधित कर लेगा। ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि श्रुति वस्तुतः बलवती

तथा च श्रुतिर्निर्दोषत्वेन बलीयसी भेदप्रत्यक्षमेव प्रतिक्षिपेत् । तदुक्तम् ।

> पारमार्थिकमद्वैतं प्रविश्य शरणं श्रुतिः ।
> बाधनादुपजीव्येन न बिभेति न मनागपि ॥
> एकं ब्रह्मास्त्रमादाय नान्यं गणयतः क्वचित् ।
> आस्ते न धीरवीरस्य भङ्गः सङ्गरकेलिषु ॥इति॥

तन्न । एवं हि सर्वेषामेकदैवाभेदबोधने बोद्धुः सार्वज्ञ्यं स्यात् । तच्च न मन्यसे । अन्यथा सामान्यप्रत्यासत्त्यो-

---

है । निर्दोष होने के कारण श्रुति बलवती है । इसलिये श्रुति से ही प्रत्यक्ष का बाध होगा, न कि प्रत्यक्ष से श्रुति का बाध हो सकेगा । ऐसा कहा है "पारमार्थिक अद्वैत के शरण में प्रविष्ट होकर के श्रुति उपजीव्य (प्रत्यक्ष) के बाध करने में थोड़ी भी नही डरती है । एक विलक्षण ब्रह्मास्त्र को लेकर अन्य किसी वस्तु की गणना नही करने वाले धीर वीर की शास्त्रार्थ लक्षण युद्ध में कही भी पराजय नही होती है ।

समाधान—तन्नेति यदि पूर्वोक्त प्रकार से एक ही समय में सर्वत्र अभेद का बोध न हो तो बोद्धा जो पुरुष है सो सर्वज्ञ हो जायगा । सो तो आप मानते नही हो, अन्यथा यदि आप इस बात को स्वीकार करें तब तो सामान्य लक्षणा सन्निकर्ष के बल से सभी पदार्थों का भेद प्रत्यक्ष से

परिस्थितानां सर्वेषामेकदैव भेदे प्रत्यक्षेणावगते श्रुतिर्निरवकाशैव स्यात्। श्रुतेर्बलवत्त्वं च विचार्यमेवास्ति। किंच बोद्धुर्बाधावधारणमेव शाब्दधीविरोधि न तु याथार्थ्यमपि। तच्चात्रास्त्येव। न च भेदप्रत्यक्षस्यान्यथासिद्धि सम्भावनया दौर्बल्यम् श्रुतेरप्यन्यपरत्वसम्भावनया तत्सम्भवात्। न

गृहीत होगा तब अभेद श्रुति निरवकाशा ही होगी, अर्थात् सामान्यलक्षणासहकृत प्रत्यक्ष मे ग्रहण होने से विरोधी सद्भाव मे अद्वैत वाक्य अभेद को नही समझा सकता है, सर्व प्रमाणापेक्षया श्रुति बलवती है। यह तो विचारणीय विषय है। विचार के पहले श्रुति का सर्वापेक्षया बलाधिक्य अज्ञेय है। और भी देखिये—बोद्धा पुरुष को बाध का जो निर्णय है वही शब्द ज्ञान मे विरोधी है। बाध ज्ञान गत याथार्थ्य विरोधी नही है। क्योकि तद्वत्ता बुद्धि के प्रति तदभाववत्ता निश्चय को ही प्रतिबन्धकत्व होता है, न कि बाध बुद्धि को प्रमात्वेन प्रतिबन्धकता है। बाधक कुक्षि मे प्रमा के निवेश करने से गौरव होता है। एतादृश बाधावधारण तो प्रकृत मे विद्यमान है ही। नही कहो कि भेद प्रत्यक्ष मे अन्यथा सिद्धि की सभावना होने से दार्बल्य होगा, सो ठीक नही है, क्योकि श्रुति मे भी तो अन्य परत्व की संभावना होने से उसमे भी दौर्बल्यापादन समान ही है। नही कहो कि श्रुति तथा प्रत्यक्ष दोनो मे

चैवं श्रुतिप्रत्यक्षयोर्बलाबलसन्देह एवास्त्विति वाच्यम् श्रुतेः सहकारिविरहादिना दौर्बल्यात् ।

नन्वेतत्सर्वमविद्यावष्टम्भेन मयोक्तम् । वस्तुतस्तु परमात्मभिन्नं न किंचित्तत्त्वम् । एवं च श्रुतिश्चाविद्या च जगच्च

बलाबल का सन्देह रहे । ऐसा भी ठीक नही है, क्योकि सहकारी के अभाव के कारण से श्रुति मे दौर्बल्य ही है । यदि दोनो मे समान बलवत्व होता है तब उभयत्र सन्देह कह सकते है सो तो है नही प्रत्युत श्रुति का सहकारी कोई नही है, इसलिये श्रुति मे दौबल्यत्व वस्थित है अत प्रत्यक्ष बलवान् है तो बलवान् प्रत्यक्ष से दुर्बल श्रुति का बाध ही होता है, दोनो मे सन्देह नही है ।

शका—मैंने जो कुछ कहा है सा सब अविद्या के बल से कहा है, वस्तुत देखे तो परमात्मा से भिन्न कोई भी पदार्थ पारमार्थिक नही है । ऐसा हुआ तब श्रुति भी आविद्यक है एव आकाशादिक जो जगत् है अविद्या से जाय मान यावद्व्यवहार है तावत्पर्यन्त तत्तत अर्थ क्रिया करनेमे समर्थ यह सब आविद्यक है, शुक्ति मे प्रतिभास मान रजत आविद्यक है, यथा वा स्वप्नकाल मे परिदृश्य मान निखिल प्रपच आविद्यक है उसी तरह से अविद्योपदर्शित सभी प्रपच आविद्याक है, स्वय अविद्या भी आविद्यक ही है क्योकि विचारासह होने से जैस शुक्ति रजत् मद् है कि वा

सर्वमाविद्यकं विचारासहत्वात् । ब्रह्मैवैकं तत्त्वम् । तच्च स्वप्रकाशचिद्रूपत्वान्मेयमातृप्रमामानभेदशून्यमवाङ्मनसगोचरत्वाच्च न विचारगोचरोऽपीति चेत् । नूनं मत्तः संज्ञाशून्योऽसि यद्ब्रह्मणो वचनागोचरत्वं वचनेनैव प्रतिपादयसि । इदमप्याविद्यकमिति चेत् । यत्र प्रमाणानि प्रसरन्ति तत्र वस्तु

असत् यद्वा सद सत् है यह बात विचार करने पर सिद्ध नही होती है उसी प्रकार से अविद्यादिक सभी पदार्थ विचार को सहन नही करने के कारण से तत्व नहीं है। केवल ब्रह्म ही एक मात्र तत्व है। वह ब्रह्म स्व प्रकाश चिद्रूप होने से प्रमेय प्रमाता प्रमिति प्रमाणादि भेद से रहित है। एव वाणी मन का अविषय होने से ("यतो-वाचो निवर्तन्तेऽप्राप्यमनसा सह" जिस ब्रह्म को वाणी मन प्राप्त न करके निवृत्त हो जाते है) ब्रह्म विचार का विषय भी नही है।

समाधान–निश्चित आप ज्ञान रहित पागल हो। क्योंकि ब्रह्म का वचनागोचरत्व वचन द्वारा ही प्रतिपादन करते हो, यह कैसे हो सकता है ? नही कहो कि यह सब भी आविद्यक ही है, सो भी ठीक नही है, क्योंकि जो प्रमाण से प्राप्त है अर्थात् जिसमें प्रमाण की प्रवृत्ति होती है उसको तो वस्तु नहीं मानते है और जिस (ब्रह्म) में प्रमाण की प्रवृत्ति नहीं होती है उसको वस्तु मानते है।

यत्र तु न प्रसरन्ति तदेव घत्विति महती दुष्प्रत्याशा। तस्माज्जगत्कर्तारं ब्रह्मपदार्थमवेहि । तत्र च कार्यायोजनादि प्रमाणं जानीहि अभेदश्रुतीर्माविनापरत्वेनावेहि (विद्धि) विरम जगदभेदामिमानादित्यलमतिविस्तरेणेति। किंच केयमविद्या

सेय महती दुष्प्रत्याशा। इसलिये जो जगत् का कर्ता है उसको ब्रह्म पदार्थ समझिये।

उस जगत् कर्ता ब्रह्म के विषय में कार्यायोजनादिक हेतु को प्रमाण समझिये। अर्थात् क्षित्यंकुरादिक सकर्तृक हैं, कार्य होने से। जो कार्य होता है वह अवश्य सकर्तृक होता है जैसे घटादिक पदार्थ। प्रकृत में द्व्यणुकादि रूप जो कार्य है उसका जो कर्ता है वही भगवान् ईश्वर है, जो लीला करने के लिये भगवान् श्रीराम रूप से अवतरित होते है। जिस पदार्थ के उपादान का प्रत्यक्ष जिसको होता है वही उसका कर्ता होता है। प्रकृत मे द्व्यणुक का उपादान है परमाणु उसका प्रत्यक्ष अस्मदादिको नही होता है तब जिसको होता है वही ईश्वर है। इस प्रकार से जगत् कर्तृत्वेन ईश्वर की सिद्धि होती है। इसी प्रकार से आयोजनादि हेतुओं के द्वारा ईश्वर सिद्धि को जानना चाहिये। उदयनाचार्य ने कहा है—

"कार्यायोजनधृत्यादेः पदात्प्रत्ययतः श्रुतेः।
वाक्यात्संख्याविशेषाच्च साध्यो विश्वविदव्ययः। इति ।।

किंनिष्ठा कतिविधा चेति । तत्र परमात्मन्येका जीवेषु प्रतिस्वमपरेति टीका । तन्न । अविद्यावशेन हि जीवे ब्रह्मतो भिन्ने सत्यविद्या तमाश्रयते । अविद्याश्रयत्वेन च स ब्रह्मतो भिन्नः स्यादित्यन्योन्याश्रयात् । न चात्रानादितापरिहारो व्यक्तिभेदे हि स स्यात् बीजाङ्कुरवत् । अत्र तु न तथा । न हि जीवा

और अभेद श्रुति को अभेद भावना परक जानिये। और जगत् के अभेदाभिमान को छोडिये । अब इसके ऊपर ज्यादा विचार करना निरर्थक है, अत इससे उपरत होता हूँ। और भी देखिये, ये अविद्या वस्तु क्या है ? तथा वह अविद्या किसमे रहती है ? तथा कितने प्रकार की है ? इस प्रश्न के उत्तर मे टीकाकार ने कहा है कि परमात्मा मे एक अविद्या रहती है, तथा प्रत्येक जीव मे अलग-अलग अविद्या रहती हैं। यह ठीक नही है क्योकि अविद्या के बल से जब जीव ब्रह्म से भिन्न होगा तब जीव मे अविद्या रहेगी और वह जीव जब अविद्या का आश्रय बन जायगा तब ब्रह्म से भिन्न होगा । तो इसमे अन्योन्याश्रय दोष होता है । नही कहो कि अनादित्व मानने से अन्योन्याश्रय का परिहार होता है, बीजाकुर के समान । तो वह भी कहना ठीक नही है, क्योकि जहाँ व्यक्ति भिन्न-भिन्न है वहाँ अनादिता का स्वीकार करने से दोष का परिहार होता है। जैसे बीजाकुर मे । यहाँ बीज व्यक्ति अकुर व्यक्ति उत्पाद

अपि उदयन्ते व्ययन्ते चेति । येन व्यक्तिभेदः स्यात् ॥

एतेन जन्मप्रवृत्तिदोपमिथ्याज्ञानानामप्यन्योन्याश्रयचक्रकप्रतिपत्तिरपास्ता । आत्माश्रयानवस्थयोर्हि प्रामाणिकत्वं परिहारः । तत्रानवस्थायां व्यक्तिभेदादेव सम्भवति आत्माश्रये तुव्यक्त्यभेदादेव । अन्योन्याश्रयचक्रकयोस्तु व्यक्ति भेद एव परिहारः । यथा जन्मप्रवृत्त्योः जन्मप्रवृत्तिदोपमिथ्याज्ञानानां चेति । तद्वन्नात्र व्यक्तिभेदोऽस्ति । परस्परापेक्षं च व्यक्तिद्वयं न सम्भवति कारणाभावादिति ॥

अथास्तु विवरणमतम् । तथाहि अविद्या हि ब्रह्ममात्रा-

विनाशशाली अलग-अलग (अनेक) है। प्रकृत मे तो व्यक्ति भेद नही है। क्या जीव उत्पाद विनाशशाली है ? जिससे कि व्यक्ति भेद सिद्ध होगा। इससे जन्म प्रवृत्ति दोप मिथ्या ज्ञान मे जो परस्पराश्रयत्व दोप दिया था वह भी परास्त हो गया। आत्माश्रय अवस्था मे तो प्रामाणिकत्व ही परिहार प्रकार है। यह वस्तु अनवस्था मे व्यक्ति भेद से सभवित है और आत्माश्रय मे व्यक्ति के अभेद से। अन्योन्याश्रय तथा चक्रक मे व्यक्ति से ही परिहार होता है। जैसे जन्म और प्रवृत्ति मे यथा वा जन्म प्रवृत्ति दोप मिथ्या ज्ञान मे व्यक्ति भेद मानने से। इस तरह प्रकृत मे व्यक्ति भेद नही है। परस्परापेक्षित व्यक्ति-द्वय हो नही सकता है, कारण के अभाव होने से।

श्रिता एकैव । सा च ब्रह्मवदनादिरेव । ब्रह्मण्येव च स्थिता जीवानावृणोति । तथा च तयाऽऽवृता जीवा ब्रह्मणो भिन्नत्वेन बहुत्वेन चकासति । यदा तु तामावारिकां योगसमाधिमर्यादया जीवो व्यतिक्रामति तदा जीवन्मुक्त इत्युच्यते । यदा तु सर्वे तदा सर्वे जीवा ब्रह्मणि लीयन्ते अविद्या च व्येति कर्तव्याभावात् ब्रह्मैव निर्विकारमवतिष्ठत इत्येकदैव सर्वमुक्तिरिति । तन्न ।

शंका—मान लिया जाय विवरणकार के मत को। तथा हि अविद्या केवल ब्रह्म मे रहती है तथा एक है और वह अविद्या ब्रह्म के समान अनादि है (अर्थात् एक है और उसकी उत्पत्ति नही होती है) उस अविद्या से आवृत जीव समुदाय ब्रह्म से भिन्न रूपेण तथा अनेक रूपेण। देव मनुष्यादि अनेक रूपो से भावित होते है। जब कोई पुण्य-शाली जीव योग समाधि मर्यादा से आचरण करने वाली उस माया का अतिक्रमण कर जाता है तब वह जीव-विशेष जीवन मुक्त कहलाता है। जब सभी जीव उस आवारक अविद्या को अति क्रमण कर जाते है तब सभी जीव ब्रह्म में लीन हो जाते हं। तथा अविद्या भी चली जाती है (नष्ट हो जाती है) कर्तव्य का अभाव होने से। उस समय मे निर्विकार एक ब्रह्म रह जाता है, इस प्रकार से एक ही समय मे सभी का मोक्ष हो जाता है।

समाधान—विवरणकार का यह मत ठीक नही है,

सा ह्यविद्या : ब्रह्माश्रिता ब्रह्मतो भिन्ना वास्तवी चेत्तदा द्वैतं स्यात् । ब्रह्माभिन्नाचेत्तदा तद्ध्वंसानुपपत्तिरपसिद्धान्तश्च । साप्यविद्यकी चेत्तदा तस्या अविद्यान्तरप्रभवत्वे अविद्यानन्त्यं स्यात् । किञ्चेयमविद्या मोहात्मिका वा तत्वज्ञानविरहात्मिका वा । नोभौ ।। न हि ब्रह्मणि तौ सम्भवतः । न हि ब्रह्मानभिज्ञं मूढञ्चेति स्वप्रकाशचिद्रूपत्वात्तस्य । अथ जीवसमवेतं मिथ्या-

क्योकि वह अविद्या जो ब्रह्म मे रहने वाली है । सो ब्रह्म से भिन्न है । पारमार्थिकी है ऐसा कहे तो द्वैतापत्ति हो जायगी । और यदि वह अविद्या ब्रह्म से अभिन्न हैं, ऐसा मानें तब तो अविद्या का विनाश नही होगा । और अप सिद्धान्त दोष भी होगा । क्योकि अविद्या को ब्रह्म से अभेद कही नही कहा है । नही कहो कि अविद्या भी आविद्यक ही है, सो ठीक नही । क्योकि उस अविद्या को अविद्यान्तर से जन्य कहने पर अविद्या मे अनन्त्य दोष हो जायगा । और भी देखिये यह अविद्या मोह रूप है अथवा तत्वज्ञानाभाव रूप है ? इसमे दोनो पक्ष अयुक्त है । इन दोनो की सभावना ब्रह्म मे नही है । ब्रह्म अनभिज्ञ है या मूढ है ऐसा नही, क्योकि ब्रह्म तो स्वप्रकाश चिद्रूप है इसलिये मोह या ज्ञानाभाव ब्रह्म मे नही जा सकता है । यदि कहो कि जीव मे रहने वाली मिथ्या ज्ञान रूप अविद्या ब्रह्म को विषय करती हैं, सो भी

ज्ञानमविद्या ब्रह्म विषयीकरोति । तदान्योन्याश्रयः । जीवे हि ब्रह्मतो भिन्ने सति तत्र मिथ्याज्ञानं समवेयात् । समवाये च स ब्रह्मतो भिन्न इति । अथाविद्याविजृम्भितं मायानगरं तथा विश्वमेवेति ब्रूम इति चेन्मायास्वरूपं पृष्टो मायाफलेनोत्तरयन्ननभिज्ञोऽसि । किञ्चाऽविद्याऽस्तु यथा तथा । न हि सा ब्रह्म विषयीकरोति । न वा तत्र समवैतीति कथं ब्रह्माश्रितेत्यु-

ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने से अन्योन्याश्रय होता है । जैसे जीव जब ब्रह्म से भिन्न है यह सिद्ध जो जाय तब जीव मे मिथ्याज्ञान सिद्ध होगा । और जब मिथ्याज्ञान का समवाय जीव मे सिद्ध हो जाय तब जीव मे ब्रह्म भिन्नत्व की सिद्धि होगी, सो यह अन्योन्याश्रय दुस्तर हो जाता है । यदि कहो कि अविद्या का विलास (कार्य) यह माया नगर है तथा इसी प्रकार से सपूर्ण जगत् माया का कार्य अति विलक्षण है, यह भी कहना ठीक नही है । क्योकि मैं पूछता हूँ कि माया का स्वरूप क्या है ? तो इस प्रश्न का उत्तर आप माया के फल (कार्य) से देते हुए आप निश्चित अनभिज्ञ हैं । और भी देखिये अविद्या तो जैसी तैसी रहे परन्तु वह अविद्या ब्रह्म को विषय नही करती है । न वा ब्रह्म मे समवाय से रहती है, तब यह अविद्या ब्रह्माश्रित कैसे होती है ? (इस कथन से सक्षेप शारीरयकार का जो कथन है "आश्रयत्वविषयत्व-

च्यते । ननु सत्त्वेनासत्त्वेन च सा निर्वक्तुं यथा न शक्यते तथा भावत्वेनाभावत्वेन मोहत्वेन जीवनिष्ठत्वेन वा ब्रह्मनिष्ठत्वेनापि निर्वक्तुं न शक्यत इत्येव तदनिर्वचनीयत्वार्थ इति ।

भागिनी निर्विकार चितिरेव केवला । पूर्वासिद्धतमसो हि गोचरो नाश्रयो भवति न गोचर " अविद्या का आश्रय तथा विषय शुद्ध ब्रह्म ही होता है । अविद्याके पश्चात काल मे होने वाला जीव सापेक्षा पूर्व सिद्ध अविद्याका न आश्रय है न वा विषय है । उसका खडन होता है । ब्रह्म मे अविद्याश्रयत्व अविद्याविषयत्व युक्ति सगत नही होता है । यदि ब्रह्म मे अविद्या रहेगी तब ब्रह्म भी अज्ञ हो जायगा और इस बात को कोई नही मान सकेगा । अनुभव तथा श्रुत्यादि से सिद्ध है कि भगवान् सर्वज्ञ हैं)

शका–जैसे अविद्या का निर्वचन सद्रूप से वा असद्रूप से नही होसकता है उसी प्रकारसे भावरूपसे अभावरूप से मोह रूप से जीवाश्रितत्व ब्रह्माश्रितत्वादि रूप से अविद्या का निर्वचन नही हो सकता है, यही तो अविद्या मे अनिर्वचनीयत्व है, चित्सुखीकार ने भी कहा है "प्रत्येक सदसत्वाभ्या विचारपदवी न यद् । गाहतेतदनिर्वाच्यत्वमाहुर्वेदान्तवेदिन " जो वस्तु सत्वेन असत्वेन सदसत्वेन भावत्वेन अभावत्वेन इत्यादि रूप से विचार पदवी को प्राप्त नही होती है उसी का नाम अनिर्वचनीय है, न कि

धिङ्मूढ यां बोद्धुं व्याहर्तुं च न शक्नुषे तामाश्रित्य विवदमानो न लज्जस इति दूरमपसर । किं कुर्म एवं स्वभावैव सेति चेत् । निःस्वभावामेवं स्वभावां वदन् व्याघातादपि

निर्वचनागोचरत्व अनिर्वचनीय है।

समाधान–अरे मूर्ख ! जिस वस्तु को समझ नही सकते हो, बोल नही सकते हो उस वस्तु को लेकर विवाद करते हुए तुम को लज्जा नही आती है इसलिये तुम सभा से दूर हो जाओ। सभा मे विचारक व्यक्तियो का समावेश होता है पागलो का नही।

शका–क्या करू ऐसे ही स्वभाव वाली अविद्या है अर्थात् जिसको कोई न जान सके न बोल सके ऐसे ही स्वभाव वाले अविद्यादि पदार्थ है इसमें किसी का क्या दोष है ? ऐसा कहा भी है "यथायथार्थाश्चिन्त्यन्ते विशीर्यन्ते तथा तथा। यदेतत्स्वयमर्थेभ्यो रोचते तत्र के वयम्। जिस जिस प्रकार से अर्थ का विचार करते है वैसे वैसे वह अर्थ विशीर्यमाण होता जाता है। पदार्थ को जब यही अच्छा लगता है तो हम लोग इसमे क्या करें ?

समाधान–स्वभाव रहित अविद्या को एतादृश स्वभाव वाली अविद्या है, ऐसा कहते हुए क्या व्याघात दोष से नही डरते हो ? अतः जैसे जैसे अविद्या की परीक्षा करते हो (तद्विषयक विचार करते हो) वैसे वैसे

विमेपि । तस्माद् यथा यथा परीक्षसे तथा तथा व्याघातसंघा-
तनिर्घातघातमासाद्य माद्यन्नुन्माद्यन्नितस्ततः प्रलपसीति ।
अथाविद्या ब्रह्मावृणोतीत्ययुक्तम् तस्य स्वत एवावाङ्मनसगो-
चरत्वात् । आवृतत्वादेव तत्तथेति चेन्न । अपसिद्धान्तात् ।
अविद्या ब्रह्म नावृणोति किं तु तद्बलाद् ब्रह्म विवर्तत इति ब्रूम
इति चेत् । कोऽयं विवर्तः । मिथ्यापरिणामः । कोऽयं
परिणामः । प्रकृत्यनुवृत्तौ रूपान्तरा वृत्तिः । यथा हेम्नः

व्याघात से घात (समुदाय) रूप जो निर्घात (वज्र) उसका जो आघात प्रहार उसको प्राप्त कर के उद्भ्रात होकर इतस्ततः प्रलाप (निर्थक वचन) करते हो। आपने कहा था कि अविद्या ब्रह्म को आवृत करती है सो आपका कहना ठीक नही है, क्योकि ब्रह्म तो स्वतः वाणी मन का अविषय है। आवृत होने के कारण से ही ब्रह्म वाणी मन का अविषय है ऐसा कहे सो भी ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने से आपको अप सिद्धात दोष होता है। अविद्या से ब्रह्म आवृत नही होता हैं, किन्तु अविद्या के वल से ब्रह्म विवर्तित होता है ऐसा कहते है, यह भी ठीक नहीं है क्योकि यह विवर्त वस्तु क्या है ? यदि मिथ्या परिणाम को विवर्त कहे सो ठीक नही, क्योकि यह परिणाम वस्तु क्या है ? यदि कहो कि प्रकृति का अनुवर्तन रहते हुए रूपान्तर की प्राप्ति का नाम परिणाम है। जैसे सोने का

कुण्डलादि। सोऽयं परिणाम आविद्यकत्वान्मिथ्येति ब्रूम इति चेत्। यथा हेम कुण्डलत्वेन पर्यवस्यति। तथा ब्रह्मा- सद्भूतादित्वेन पर्यवस्यतीति त्वद्वाक्यार्थः। स चायुक्तः। सदसतोश्चेतनजडयोरात्मानात्मभूतयोस्तादात्म्यासम्भवात्। न हि तात्त्विकस्यातात्त्विकः परिणामः सम्भवतीति। हिमान्था मायागन्धर्वनगरवदेतत् स्यादिति चेन्नैवम्। न हि

कुण्डल। यहाँ मूल कारण जो सोना है उसका अनुवर्तन कुण्डल मे रहता है और आकार भेद हो जाता है, इसी का नाम परिणाम है। यह परिणाम भी आविद्यक होने से मिथ्या है। "वाचारंभण विकारो नामधेय मृत्तिकेत्येव सत्यम्" जितना विकार है सो सब वाचारंभण मात्र (मिथ्या) है, ऐसा मैं कहता हूँ।

उत्तर—जैसे सुवर्ण कुण्डलाकार मे पर्यवसित होता है उसी तरह से ब्रह्म आकाशादि प्रपचाकारेण पर्यवसित होता है, यही आपके वाक्य का अर्थ है, सो ठीक नहीं है क्योंकि सत् असत् मे जडचेतन में आत्मा अनात्मा में परस्पर तादात्म्य नहीं हो सकता है। तात्त्विक पदार्थ का परिणाम अतात्त्विक पदार्थ नहीं हो सकता है। सुवर्ण कुण्डल मे दोनों पदार्थ समान है, प्रकृत मे तो ब्रह्म तात्त्विक है और आकाशादि प्रपच अतात्त्विक है, अतः इन दोनों में तादात्म्य घटित परिणाम कैसे होगा ?

हिमानी तथात्वेन परिणमते विवर्तते वा। किं तु हस्त्यश्वादित्वेन मूढैः प्रतीयते। ब्रह्म तु कथं तथा प्रतीयतां सर्वपरोक्षत्वादिति ॥

ईश्वरसिद्धिस्त्वेवम् । "य आत्मापहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोकोऽविजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः

शंका–हिमानी के माया नगर गन्धर्व नगर के समान प्रकृत मे भी होगा (अर्थात् हिमाच्छादित प्रदेश मे जैसे गन्धर्व नगर देखने मे आता है, वहाँ कार्य कारण से सर्वथा भिन्न होता है, उसी प्रकार प्रकृत मे भी कारण के असमान कार्य होगा) इसमे क्या हानि है ?

समाधान–हिमानी का तदाकारेण परिणाम नही होता है, न वा हिमानी का विवर्त होता है, किन्तु प्राकृत लोग हाथी घोडा रूप से हिमानी को जानते हैं। ब्रह्म तो जाना कैसे जायगा, ब्रह्म सभी के लिय परोक्ष है। दृष्टान्त म हिमानी रूप अधिकरण प्रत्यक्ष है, तब उसमे लोग हाथी घोडे देखते हैं, ब्रह्म जब परोक्ष है तब उसमे प्रपच को कोई कैसे देखगा ? अनुपद वक्ष्यमाण प्रकार से परमात्मा (भगवान् श्रीराम) की सिद्धि होती है। जोआत्मा अपहत पाप है अर्थात् जिसके भीतर सुख दुःख या निमित्तकारण पुण्य पाप नही है, जो जरावस्था से रहित है, मृत्यु से रहित है, जिसमे शोक नही है

सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्य" इति छान्दोग्योपनिषदा आत्मविषयकप्रतिपत्तिविधौ सा प्रतिपत्तिः किंरूपा कतिविधा चेत्याकांक्षायां आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो

जो भूख प्यास से रहित सत्यकाम है, सत्यसकल्प है, ऐसा जो आत्मा है सो अन्वेषणीय है, वही जिज्ञासा का विषय है। इस छान्दोग्य उपनिषद मे आत्म विषयक प्रतिपत्ति (ज्ञान) विधि मे वह प्रतिपत्ति किस प्रकार की है तथा कितने प्रकार की है ? ऐसी जिज्ञासा होने केबाद अरे मैत्रेयी आत्मा देखने के योग्य, है श्रवण करने योग्य है, मनन करने के योग्य है, निदिध्यासन करने के योग्य है अर्थात् आत्मज्ञान के लिय श्रवण मनन निदिध्यासन करना चाहिये। इस शतपथ श्रुति से आत्म विषयक यथा वर्णित चार प्रकार की प्रतिपत्ति मे इष्ट साधनता ज्ञान होने से, वह इष्ट वस्तु क्या है ? जिसके लिये चार प्रकार की प्रति पत्ती का विधान किया गया है, एतादृश जिज्ञासा होने के पीछे "न स पुनरावर्तते' मोक्ष प्राप्त किया हुआ पुरुष पुन पुन इस ससार मे लौटकर के नही आता है। इस अर्थवाद शास्त्र मे अपुनरावृत्ति रूप मोक्ष की उपस्थिति होने से विधि वाक्य के साथ अनुवाद वाक्य की एकवाक्यता होने के बाद यह चार प्रकार की जो प्रतिपत्ति है उसमे मोक्ष कारणता का ज्ञान होता है अर्थात् मोक्ष का कारण

निदिध्यासितव्यो मैत्रेयीति शतपथश्रुत्यात्मविषयकयोक्तप्रतिपत्तिचतुष्कस्येष्टसाधनत्वेऽवगते इष्टाकांक्षायां च न स पुनरावर्तत इत्यर्थवादेनापुनरावृत्ते र्मोक्षस्योपस्थितौ विध्यनुवादैकवाक्यतया च प्रतिपत्तिचतुष्टयस्य मोक्षसाधनत्वावगमे मोक्ष्यमाणप्रवृत्तिप्राप्तौ प्रवृत्तिविषयीभविष्यत्तदुपायविशेषजिज्ञासायां श्रोतव्यः श्रुतिवाक्येभ्यो मन्तव्यश्चोपपत्तिभिरिति गुणविधिना वेदानुमानयोस्तदुपायत्वविधानात् । अथ श्रवणकारणवेदाकांक्षायां सहोवाचैतद्वै तदक्षरं गार्गि ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनएव ह्रस्वमदीर्घमलोहितमस्नेहमच्छायमतमोवायु नाकाशम-

---

प्रतिपत्ति चतुष्टय है ऐसा जानने के बाद मोक्ष विषयक इच्छावालाजो पुरुष उसकी प्रवृति होती है, तदनन्तर प्रवृत्ति के विषय मे चार प्रकार के उपाय विशेष की जिज्ञासा होने से श्रुति वाक्य द्वारा श्रवण करना चाहिये तथा उपपत्ति तर्क द्वारा मनन करना चाहिये इस गुण विधायक वाक्य से वेदान्त तथा अनुमान में कारणता का विधान होता है। इस के बाद श्रवण का कारण वेद की आकांक्षा होने से वे याज्ञवल्क्य बोले हे गार्गी ! यहाँ वह अक्षर ब्रह्म है जिसके लिये ब्राह्मण लोग कहते हैं अस्थूल, स्थूलत्व जो देह धर्म है उसमे रहित है, अणुत्व से रहित है, ह्रस्वत्वधर्म से रहित है, स्पर्श रहित है, दीर्घत्व रहित है, लौहित्यदि रूप व्याप्य नीलादि वर्ण रहित है, स्पर्श रहित है, स्नेह रहित है, छाया

सङ्गमस्पर्शमगन्धमरसमचक्षुःश्रोत्रमरागमनोतेजस्कमप्राणमसुखमनामागोत्रमजरममरमभयममृतमरजोऽशब्दमविवृतमसंवृतमपूर्वमनपरमबाह्यं न तदश्नोति कञ्चन तदश्नोति कश्चनेत्यादि शतपथश्रुत्यात्मनि श्रुते विधिबोधितद्वितीयप्रतिपत्तये निरञ्जनत्वादिश्रुतिसंजाताश्रद्धामलनालनाय च मननानुसरणे इतरभिन्नानुमितेर्व्याप्तिपक्षधर्मतासंवेदनसाध्यत्वेऽपि नस्यात्र प्रावादुकप्रवादनिरासक्षमात्मपञ्चावयवसाध्यतया साङ्गोपाङ्गन्यायस्वरूप-

रहित है, तामोवर्जित है, वायु भिन्न है, आकाश रूप नही है, असग है, किसीभी पदार्थके साथ सवन्ध रहितहै, स्पर्श रहित है, गध रहित है, रस रहित है, चक्षु श्रोत्र से रहित है, राग वर्जित है, मनोरहित है, तेज रहितहै, प्राण मुख नाम गोत्रसे रहित है, जरामरण भय से रहित अमृत रूप है, रजोगुण रहितहै, शब्द रहित है, विवृत संवृतादि वर्णस्थान रहित है, अपूर्व है, पर वाह्यत्वादि रहित है, वह न किसी को खाता है न उसको कोई खाता है। इस शतपथ श्रुति से आत्मा का श्रवण होने के बाद मन्तव्य इस विधि वाक्य से बोधित मननात्मक द्वितीय प्रतिपत्तिके लिये तथा निरजनत्वादि श्रुति से जायमान जो बोध उसमे होने वाली अश्रद्धा मल, उस मल का निराकरण करने के लिये मनन का अनुसरण करना आवश्यक हो जाता है। मनन है इतर भेदानुमिति। इस अनुमिति का व्याप्ति पक्ष धर्मता ज्ञान साध्यत्व होने

निरूपणाय षोडशपदार्थव्युत्पादनप्राप्तौ तत्रापि षोडशपदार्थनिरूपणस्य निरस्तसमस्तदोषानुषङ्गस्वलक्षणसाध्यतया लक्षणदोषनिरासस्य च लक्षणमन्तरेणासम्भवितया लक्षणस्य च धर्मिज्ञानसाध्यस्य तत्साधकोद्देशसाध्यतयोद्देशलक्षणपरीक्षात्मकप्रवृत्तित्रित्वे व्यवस्थिते यथोक्तहेतुहेतुमद्भावसङ्गत्योद्देशलक्षणपरीक्षाणां पौर्वापर्ये सिद्धे जातिनिग्रहस्थानविशेषलक्षणा नात्वभ्यर्हिततमप्रमाणादिपरीक्षाविषयकशिष्यबुभुत्सौत्कण्ठ्येन प्रतिबन्धे । अथ तत्पर्याप्तावसरतः करणादर्थतश्चरमभाव इति सर्वमभिसन्धाय

पर वादियो का जो विवाद है उसके निराकरण करने मे समर्थ जो पंचावयव वाक्य उससे साध्य होने से अ ग उपाँग सहित न्याय स्वरूप के निरूपण करने के लिये सोलह पदार्थ का कथन प्राप्त होता है, उसमे भी पदार्थ निरूपण है, उसके समस्त दोष रहित जो स्वकीय लक्षण तत्साध्य होने से लक्षण का जो दोष है उसका निराकरण लक्षण के विना नही बन सकता है । धर्मिज्ञान साध्य जो लक्षण है उसका साधक जो उद्देश्य तत्साध्य होने से, उद्देश्य लक्षण परीक्षा इन तीनो के व्यवस्थित होने पर पूर्वोक्त कार्य कारणभाव सगति को लेकर के उद्देश्य लक्षण परीक्षा पूर्वापर भाव से निरूपण किया गया है । तदनन्तर अभ्यर्हित प्रमाणादि परीक्षा विषयक शिष्य की इच्छा से जाति निग्रह स्थानादि

दुःखपङ्कनिमग्नानुद्दीधीर्षन्नत्तपादो महामुनिस्तदुपशमस्य परम्परयोपायभूतामान्वीक्षिकीं प्रणिनाय। तत्रापि चान्वीक्षिक्या साङ्गोपाङ्गया प्रावादुकप्रवादनिरासक्षमे पञ्चावयवे समुपवर्णिते तेनैव मननात्मिका द्वितीया प्रतिपत्तिरपि साध्यते क्षित्यादिः कार्यत्वेन घटवत् सकर्तृकत्वानुमानात् ॥

नन्वादिपदस्य प्रकारवाचित्वेन कश्चिदेकः प्रकारो वाच्यो

का भी आचार्य ने न्याय शास्त्र मे कथन किया है। इन सब वस्तुओ को मन मे रख कर के दुःख पक मे निमग्न प्राणियो के उद्धार करने की इच्छा से दु ख के उपशमन रूप मोक्ष मे परम्परया कारण रूप से उपयोगी आन्वीक्षिकी न्याय शास्त्र को बनाया। उसमें भी सागोपाग युक्त आन्वीक्षिकी से वादिमत के निराकरण मे समर्थ पचावयव का निरूपण होने से मननात्मक द्वितीय प्रतिपत्ति भी होती है। क्षित्यादिक सकर्तृक हैं, कार्य होने से घर के समान इस अनुमान से।

शका—क्षित्यादि पक्ष मे कार्यत्व हेतु से सकर्तृकत्व का अनुमान होता है, घट की तरह ऐसा कहा है। यहां आदि पद जो है सो प्रकार वाचक है तो ऐसे किसी प्रकार का कथन करना चाहिये जिससे कि तत्तरस्थल मे मही (पृथिवी), तथा महीधर पर्वतादिक सभी का पक्ष रूपेण सग्रह हो जाय। अर्थात् ऐसा अनुगत कोई पक्ष बनाइये

येन तत्र तत्र महीमहीधरादयः संगृह्यन्ते । अत्राहुः । अदृष्टा-द्वारकोपादानगोचरजन्यकृत्यजन्यसमवेतजन्यत्वं तथा । अत्र

जिससे प्रत्येक कार्य का सग्रह हो जिसमे कि कार्यत्व हेतु के द्वारा कतृकर्त्व का अनुमान सरलता से किया जा सके । तत्तत्व्यक्ति रूप से यदि पक्ष बनावेगे तब तो व्यक्ति के अनन्त होने मे सैंकड़ो वर्ष मे भी अनुमान से सकतृकत्व का अनुमान नही हो सकेगा, और अनुमान न बन सकने से ईश्वर की सिद्धि नही हो सकेगी । और ईश्वर की सिद्धि नही होगी तो न्याय शास्त्र का निर्माण व्यर्थ हो जायगा और यदि न्याय शास्त्रका निर्माण नही हुआ तो 'मन्तव्य' इस श्रुति से बोधित मनन नही हो सकेगा । और मनन यदि नही होगा तो मनन साध्य निदिध्यासन नही होगा निदि-ध्यासन नही होगा तो साक्षात्कार कैसे होगा ? और साक्षात्कार नही होगा तो साक्षात्कार साध्य मोक्ष नही होगा । मोक्ष न होने से तो उद्देश्यासिद्धि दोष हो जायगा । सभी शृंखला अस्तव्यस्त हो जायगी । इस लिये अनुगत रूप से पक्ष को जान सके ऐसा ही किसी प्रकार का कथन होना चाहिये, जिसमे सर्वत्र साध्य सिद्धि कर सकें ।

समाधान–अत्राहुः प्रकृत पूर्व पक्ष का समाधान सिद्धान्ती कहते है यहा अदृष्ट द्वार न हो ऐसा उपादान विषयक अन्य कृति (अस्मदादि का प्रयत्न) उससे अन्य मात्र तथा

जन्यकृत्यजन्यत्वेन पक्षविशेषणे कृते सर्वासंग्रहः सर्वस्य सन्दिग्धकर्तृकस्य स्वमते कृतिजन्यत्वादिति तदर्थं -जन्येति । जन्यपदं तु स्वमते कृतौ विशेषणम् परं प्रत्यापातत उपरञ्जकम् । एव-

---

समवेत (समवाय सम्बन्ध से वृत्तिमान जो जन्य यह हो यहाँ पक्ष है यहाँ यदि कृति जन्यत्व पक्ष मे विशेषणादे प्रथम अन्य पद न दें तो जितना कार्यजात है उन सब का सग्रह नहो हो सकेगा, साध्य जो सकर्तृकत्व उसका सन्देह जिम जिसमे है वे सभी पदार्थ न्याय मत मे कृतिजन्य है। अतः सभी सदिग्ध कर्तृक पदार्थ पक्षरूप से सगृहीत हो जाय, इस लिये प्रथम जन्य पद पक्ष मे दिया गया है। न्याय मत से जन्य पद कृतिका विशेषण होता है। अन्य के लिये आपातत उपरजक है अर्थात् परिचायक है। जो विशेषण व्यभिचारादि दोष का वारण करता है वह तो विशेषण कहलाता है और जो दोष वारक न हो सो परिचायक होता है। जैसे नीला घडा है, यहाँ नीला गुण पीतादि मे व्यावर्तक होने से विशेषण है और प्रमेयो घट' यहाँ प्रमेयत्व, घडा का किसी मे व्यावर्तक नहीं होता है क्योकि सभी पदार्थ प्रमेय ही है, यदि कोई पदार्थ अप्रमेय होता तब ही तो प्रमेयत्व व्यावर्तक होता, सो तो है नही। प्रमेयत्व केवलान्वयी है, अतः प्रमेयत्व विशेषण केवल घडे का परिचय कराता है

मपि शब्दफूत्कारादीनां मृदङ्गादिगोचरकृतिजन्यानां जन्यकृति-जन्यत्वेन न पक्षत्वमिति तत्संग्रहायोपादानगोचरेति जन्यकृति-विशेषणम् । शब्दादयोऽपि हि गगनपवनगोचरजन्यकृत्यजन्या

इससे उस प्रमेयत्व को उपरजक परिचायक कहते है। प्रकृतमे जन्य पद स्वमतसे विशेषण है, और मत से उपरजक है। जन्य पद को कृति मे विशेषण देने पर भी मृदगादि विपयक कृति से उत्पन्न होने वाला जो शव्द तथा फूत्कार (फूक ने) प्रभृति वस्तु के जन्य कृति से उत्पादित होने से पक्ष रूप से सग्रह नही हो सकेगा। अत शब्द फूत्करादिक का सग्रह करने के लिये उपादान गोचर, यह विशेषण जन्य कृति मे दिया जाता है। शव्द प्रभृति वस्तु आकाश पवन विपयक जन्य कृति से अजन्य ही है, क्योकि आकाश और वायु दोनो अतीन्द्रिय है (आकाश तो सर्व मत से अतीन्द्रिय है और प्राचीन नैयायिको के मत से वायु भी अतीन्द्रिय है) प्राचीन का कथन ऐसा है कि वहिरिन्द्रिय से उसी द्रव्य का प्रत्यक्ष होता है जिसमे रूप रहता है। वायु मे रूप नही है इससे वायु का प्रत्यक्ष नही होता है। अत कहा है "ज्ञेय स्पर्शादिलिङ्गक" शब्द वृत्ति कपादि लिग से वायु अनुमेय है, प्रत्यक्ष नही है। नवीन के मत से वायु प्रत्यक्ष भी है। इस विपय पर अधिक विचार देखना हो तो मत्कृत पुस्तकान्तर मे देखिये। यहाँ इस विपय पर

एव तयोरतीन्द्रियत्वात् । नन्वेवमपि सर्वासंग्रहः । क्षित्यादयो हि परमाणुगोचरजन्यकृतिजन्या एव । तथा हि यागादिगोचरा यष्टुर्या जन्या कृतिः सापियागहिंसादिकं भावयन्ती तत्फलीभूतं सुखं दुःखञ्चोदपादयन्ती तदवरुद्धत्वेन तत्कारणी भूतं परमाणुमपि विषयीकरोतीत्यतः सर्वसंग्रहायादृष्टाद्वारकेति उपादानगोचरजन्यकृतिविशेषणम् । इयं तु कृतिरदृष्टाद्वारिके-

अधिक विचार अप्रकाश हो जायगा। कृति मे जन्यत्व विशेषण तथा जन्य कृति मे उपादान गोचर विशेषण देने पर भी सब का सग्रह पक्ष तरीके नही होता है, क्योंकि क्षित्यादि पदार्थ परमाणु विषयक जो जन्य कृति उस कृति से तो पैदा होता है, कैसे होता है ? इसका प्रकार वतलाते हैं–तथाहि इत्यादि ग्रथ से। याग करने वाले पुरुष की यागादि विषयक जो कृति है सो तो जन्य कृति ही है। यह याग कर्ता की याग विषयक कृति याग हिंसादि का संपादन करती हुई याग हिंसा का जो फल है सुख तथा दुःख उसको बनाती हुई फलावरुद्ध होने से कारण रूप जो परमाणु उसको भी पुरुष कृति विषय करती है। इसलिये सभी का सग्रह हो अत अदृष्टाद्वारक यह विशेषण उपादान गोचर जन्य कृति मे देते है। यह जो कृति याग करने वाले की याग विषयक जो फल द्वारा परमाणु को भी विषय करने वाली है सो तो अदृष्ट

वोपादानगोचरा भवति । एवमपि निरुपादानानां प्रध्वंसानाम-दृष्टाद्वारकोपादानगोचरजन्यकृत्यजन्यतया पक्षप्रवेशे वृत्त तदंशे सकर्तृकत्वानुमाने बाधः । नहि ध्वंसस्य निरुपादानस्योपादानगोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमज्जन्यत्वलक्षणं सकर्तृकत्वं सम्भवतीति तद्बहिष्करणाय समवेतपदम् । एवमपि सामा-

द्वारक है । अदृष्ट को लेकर के अस्मादादि की कृति परमाणु तक को विषय करती है न कि अस्मदादि कृति में ऐसी शक्ति है कि परमाणु को विषय करे । इसलिये अदृष्टाद्वारकत्व विशेषण देने से पूर्वोक्त दोष नही होता है । पुन. पक्षी कहते हैं अदृष्ट द्वारक विशेषण देने पर भी निरुपादानकध्वंस रूप जो कार्य है उस ध्वंस को अदृष्टाद्वारक उपादान विषयक जन्य कृति से अजन्य होने से पक्ष में प्रवेश होने से तदेश मे ध्वस रूप पक्षैकदेश मे जो सह कर्तृकत्व का अनुमान करेंगे उस अनुमान में वाध दोष हो जाता है । क्योकि ध्वंसरूप जो कार्य है सो तो निरुपादानक है तब उसमे उपादान विषयक अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षाकृतिमज्जन्यत्व लक्षण सकर्तृकत्व नही हो सकता है, इसलिये ध्वंस का संग्रह न हो सके तस्मात् समवेत यह विशेषण पक्ष मे दिया जाता है, ध्वसात्मक कार्य समवेत नही है । जैसे घटादि भाव कार्य समवाय संबन्ध से कपाल में पैदा होता है उसी प्रकार से ध्वंस कार्य किसी मे समवाय

न्यायनां नित्यगुणानां च पक्षप्रवेशे वृत्ते तदंशे बाधः स्यादिति तद्वारणाय चरमं जन्यपदम्। साध्यं तु अदृष्टाद्वारकोपादान-गोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमज्जन्यत्वम्। अत्राप्युपादानेत्यादौ

सम्बन्ध से पैदा नही होता। यदि ध्वस भी समवाय सम्बन्ध से पैदा हो तब तो वह भी भाव हो जायगा अत ध्वस समवेत नही है निरुपादानक है। केवल प्रतियोगिता सम्बन्ध से जब उत्पन्न होता है तब तादात्म्य सम्बन्ध से उसमे प्रतियोगी कारण होता है। ध्वस उत्पन्न होता है प्रतियोगिता सम्बन्ध से, प्रतियोगी घट मे उस घट म तादात्म्य सम्बन्ध से घट रहता है स्व मे स्व का तादात्म्य होता है। ध्वस का कोई उपादान कारण नही होता है। वह ध्वस दण्ड प्रहारादि कारण स होता हुआ दण्ड प्रहार पुरुष प्रयत्न साध्य है इसलिये सकर्तृक कहलाता है। नही कहगे दण्ड जहाँ गृह कोण मे रखा गया है उसके नीचे घडा है उस घडे के ऊपर दण्ड गिर गया है और घडा फूट गया है उसमे पुरुष कर्तृकत्व कैसे हुआ? क्योकि किसी पुरुष ने तो दण्ड प्रहार किया नही। ऐसा कहना ठीक नही है। एतादृश स्थल म ईश्वर कर्तृकत्व समझिये। प्रलय के समान, नदी वेग के समान। अथवा जिसका घडा फूटा उसके अदृष्ट से हुआ इसलिय अदृष्टाद्वारकत्व नही है।

अदृष्टाद्वारकत्वादि पक्ष मे विशेषण देने पर भी सामान्य जाति तथा नित्य जो जलीयपरमाणु उसका गुण रूपादिक नित्य है उसका भी पक्ष मे प्रवेश होता है, अर्थात् वह सब भी पक्ष हुआ, और उसमे सकर्तृकत्व साध्य नही है, नित्य होने से । तो उसमे वाध दोप होना है । इसलिये सामान्य तथा नित्य गुण मे बाध दोप का वारण करने के लिये पक्ष मे चरम जन्य पद का निवेश किया गया है । सामान्य जाति तथा परमाणु का शुक्लादि गुण नित्य है । उत्पाद विनाश रहित है । इसलिये उसका सग्रह नही होता है । न वा बाध की आशका प्रकृत अनुमान मे होती है । यद्यपि 'जन्यते इति जाति' इस व्युत्पत्तिसे जातिमे भी अनित्यत्व प्रति भासित हाता है तब "भक्षितोपि लशुने न शान्तो व्याधि" इस न्याय से जन्य विशेप देने पर भी दोपोद्धार नही हुआ । तथापि "नित्यत्वे सत्यनेकसमवेतत्वम्" इस नैयायिकलक्षण का अनुसन्धान करके प्रश्न तथा समाधान समझना । अथवा जो जाति को अनित्य समझते हैं उनके मत से घटादि योग क्षेम समानता समझना । यद्यपि शाकर वेदान्ती परमाणु, गगनादि को ब्रह्म जन्य मानते है "आकाश सभूत "इत्यादि श्रुति के वल से । तब उनके मत मे परमाणु गुण मे वाध वारण करने के लिये जन्य विशेषण निरर्थक है, तथापि वे लोग आकाश सम्भूत के अर्थ को ठीक से नही जानते हैं श्रुत्यर्थ को ठीक से जानने का प्रयत्न करें ।

कृतेऽदृष्टद्वारा उपादानगोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतयः क्षेत्रज्ञस्य भवन्त्येवेति तद्विशिष्टक्षेत्रज्ञेनैवार्थान्तरमिति तद्वारणायादृष्टाद्वारकेति उपादानगोचरप्रत्यक्षज्ञानचिकीर्षयो कृतेश्च विशेषणमिति केचित् । तन्न । न ह्यर्थान्तरवारणाय साध्ये विशेषणं साध्यगौरवेण व्याप्यत्वासिद्ध्यापत्तेः । किं त्वदृष्टाद्वारकोपादानगो-

---

प्रकृत अनुमान मे अदृष्टाद्वारक उपादान विषयक अपरोक्ष ज्ञानवान् चिकीर्षावान् कृतिमान से जन्यत्व रूप है । अदृष्टाद्वारकत्व रूप विशेषण कृतिमान का है, तादृश पुरुष जन्यत्व साध्य है । कोई कहते है कि अदृष्ट द्वारा क्षेत्रज्ञ का उपादान विषयक अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षा कृति भी कारण होता है, तो तादृश उपादान गोचर अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षा कृतिमत्व विशिष्ट जीव को लेकर के अर्थान्तर दोष हो जायगा । अत अदृष्टाद्वारकत्व विशेषण तादृश ज्ञान चिकीर्षा कृति का है, न कि तादृश कृतिमान का है । यह ठीक नही है, क्योकि अर्थान्तर दोष का निवारण करने का विशेषण साध्य म नही देना । ऐसा करने मे साध्य का शरीर गुरु भूत हो जाने से व्याप्यत्वासिद्धि हो जायगी । किन्तु अदृष्टा द्वारक उपादान विषयक अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षा कृतिमान जो हो वही कर्ता होता है । अर्थात् अदृष्टाद्वारकत्व विशेषण तादृश कृतिमान कर्ता का है, कर्ता का विशेषण जो ज्ञानादिक है उसका नही

चरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमानेव हि कर्ता । यथा घटपटादौ कुलालकुविन्दादिः । एवं चैवं प्रयोगः । अदृष्टाद्वारकोपादानगोचरजन्यकृत्यजन्यानि समवेतानि जन्यानि अदृष्टाद्वारकोपादानगोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमज्जन्यानि समवेतत्वे सति प्राग-

---

है । जैसे घटादि कार्य में कुलाल कुविन्दादिक कर्ता होता है । ऐसा होने से अनुमान का प्रयोग इस प्रकार से होता है । 'अदृष्टाद्वारकेत्यादि' अदृष्टा द्वारक उपादान विषयक जन्य कृति से अजन्य समवेत समवाय सम्बन्ध से रहने वाला जो जन्य (इतना पक्ष है) वह कैसा है ? अदृष्टाद्वारक उपादान विषयक अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षा कृतिमान व्यक्ति से जन्य है (यह है साध्य) समवेत होकर के प्राग-भाव का प्रतियोगी होने से (यह है हेतु) हेतु में प्राग भाव प्रति योगी कहने से जन्यत्व का लाभ होता है, उसी का नाम जन्य होता है, जिसका प्राग भाव होता है । नित्य पदार्थ का प्राग भाव नहीं होता है । हेतु में समवेतत्वे सति कहने से ध्वस का निवारण होता है । ध्वस पैदा होता है इसलिये प्राग भाव का प्रतियोगी होता है, किन्तु निरुपादानक होने से समवेत नहीं है । इसलिये ध्वस की व्यावृत्ति होती है । इतने अंश से प्रतिज्ञा हेतु दो न्यायावयव का प्रदर्शन हुआ । अब उदाहरण लक्षण न्यायावयव बतलाते है । 'यद्यदित्यादि' जो समवेत होकर प्रागभाव का प्रति-

भावप्रतियोगित्वात् । यद्यत् समवेतत्वे सति प्रागभावप्रतियोगि तदद्दष्टाद्वारकोपादानगोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमज्जन्यम् यथा घटः । एतानि चादृष्टाद्वारकोपादानगोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमज्जन्यत्वव्याप्यसमवेतत्वसमानाधिकरणप्रागभावप्रतियोगित्ववन्ति । तस्मादुपादानगोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमज्जन्यानि । नायं हेतुराभासस्तल्लक्षणायोगादिति नैयायिकेन

योगी होता है सो अद्वारक उपादान विपयक अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षा कृति मान् पुरुष से जन्य होता है, जैसे घटादि कार्य यथोक्त हेतु मान है तो कुलालादि पुरुष से जन्य होते है । जिसलिये ये सब कार्य अदृष्टाद्वारक उपादान विशयक अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षा कृति मज्जन्यता से व्याप्त समवेतत्व समानाधिकरण प्रागभाव प्रतियोगित्व वान हैं (इससे उपनय लक्षण चतुर्थ न्यायावयव का प्रदर्शन कराया) इसलिये घटादि सकल कार्य अदृष्टाद्वारक उपादान विपयक अपरोक्ष ज्ञान चिकीर्षा कृति मान से जन्य हैं । इस अश मे निगमन रूप पाचवे अवयव का प्रदर्शन कराया । यह प्रकृत साध्यक जो कार्यत्व हेतु है सो हेत्वाभास नहीं है, क्योकि इसमे हेत्वाभास का लक्षण नही है । (हेत्वा भास ५ प्रकार का होता है । व्यभिचार, विरोध, असिद्ध, सत्प्रति पक्ष, इसमे साध्याभाव के अधिकरण मे हेतु रह जाय तो व्यभिचार कहलाता है । जैसे पर्वत वह्नि वाला है, प्रमेयत्व

वान होने से। यहाँ वह्न्यभाव को अधिकरणसे प्रमेयत्व की वृत्तिता है। साध्याभाव से व्याप्त हेतु विरुद्ध कहलाता है। "अय गौरश्वत्वात्" यहाँ अश्वत्व हेतु गोत्वाभाव से व्याप्त है। हेतु पक्ष मे नही रहे तो असिद्धि दोष होता है, जैसे संशब्द गुण है, चाक्षुष होने मे। यहाँ चाक्षुषत्वाभाववान् शब्द है। विरोधी हेतु विद्यमान हो तो प्रकृत हेतु सत्प्रतिपक्ष कहलाता है। जैसे श्रावण होने से शब्द नित्य है, कार्य होने से शब्द अनित्य है। पक्ष मे साध्याभाव रहे उस स्थल में बाध दोष होता है, जैसे ह्रदो वह्निमान् धूमात्। यहाँ वह्न्य भाववत् ह्रद है बाध। एक नियम है कि विशिष्ट बुद्धि के प्रति बाध निश्चय विरोधी होता है। जिस समय मे वह्न्य भाव प्रकारक ह्रद विशेष्यक निश्चय रहेगा, उस समय मे ह्रद धर्मिक वह्नि प्रकारक अनुमति रुक जाती है। इस प्रकार से हेत्वाभास दूषण कहलाता है। प्रकृत अनुमान मे कोई भी हेत्वाभास नही है अतः कार्यत्व हेतुक ईश्वरानुमान निर्दुष्ट है, इस अनुमान से ईश्वर की सिद्धि होती है। इस विषय पर ज्यादा विचार मत्कृत न्यायदीपिका मे देखें। विस्तार के भय से यहाँ अधिक विचार नही किया जा रहा है।

इस प्रकार से नैयायिक द्वारा अनुमान को स्थिर करने के पीछे अनुक्तग्राह्य अनुच्यमानग्राह्य आभास बहिरुक्त

स्थापितेऽनुक्तग्राह्योच्यमानग्राह्याभासरहितत्वग्राह्याणां यथायथमनुसन्धीयमानानामनवतारे उक्तग्राह्यविशेषेण हेत्वाभासेन मीमांसकः स्थापनां दूषयति । तथाहि कर्ता शरीरावच्छिन्न एवात्मा घटादौ दृष्टः स च पक्षे बाधितः । न हि शरीरी क्षित्यादि

ग्राह्यादि दोष का अनुसन्धान करने पर भी प्रकृत में कोई भी दोष देखने में नहीं आता है । अर्थात् सामान्यतः देखने में कोई भी दोष नहीं, तथापि अनुक्त ग्राह्य विशेष हेत्वाभास हेत्वाभास लक्षण दोष को लेकर के मीमांसक स्थापनानुमान में । क्षिति सकर्तृका कार्यत्वात् घटवत् । इस अनुमान में दोष देते हैं । तथाहि इत्यादि प्रकरण से जो आत्मा शरीर से युक्त होता है वही घटादि कार्य का कर्ता कहलाता है, जैसे कुलालादिक । तब एतादृश शरीर विशिष्ट कर्ता प्रकृतानुमान में बाधित है, क्योंकि शरीर वाला कोई व्यक्ति क्षित्यादि कार्य का निर्माण करता है ऐसा तुम नैयायिक भी नहीं कहते हो । "अपाणिपादो जवनोग्रहीता" इत्यादि श्रुति से सिद्ध होता है कि ईश्वर शरीर वाला नहीं है "न तस्य कार्यं करणं च दृश्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते ।" पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञान बलक्रिया च ।" ईश्वर का कार्य अर्थात् शरीर नहीं है, न वा करण ज्ञान का साधन चक्षुरादि करण है, उस ईश्वर के तुल्य कोई नहीं है, उस ईश्वर में

निर्मातीति त्वमपि ब्रू पे इति । प्रत्यक्षेणोपाधिना वा यद्यपि नात्र शरीरजन्यत्वमुपाधिः साधनाव्यापकत्वात् । क्षित्यादेरप्य-

---

वडा कोई नही है, उसकी शक्ति बहुत वडी है, ऐसा सुनने मे आता है । उस ईश्वर मे ज्ञान तथा वल स्वाभाविक है । इस श्रुति मे स्पष्ट बताया गया है कि ईश्वर के शरीर तथा इद्रिया नही है । यदि कदाचित् कोई ईश्वर के भी शरीर इन्द्रियाँ मान ले तब तो अस्मदादिक के समान उसका ज्ञान भी शरीरेन्द्रिय साध्य होने से ईश्वर मे सर्वज्ञत्व को बाध हो जायगा, अत ईश्वर के शरीर नही है ऐसा मानना ही उपयुक्त है । अब देखिये हष्टानुसार ही अदृष्ट की कल्पना होती है । इस न्याय से यदि ईश्वर को जगत् का कर्ता मानते है तब तो घटादि स्थलीय कर्ता का शरीर देखने मे आता है और ईश्वर का शरीर नही है तब ईश्वर जगत् का कर्ता कैसे होगा ? यह अभिप्राय मीमासक का है । इस अभिप्राय को लेकर मीमासक दोप दे रहे है । यद्यपि प्रत्यक्ष प्रमाण से अथवा उपाधि लक्षण के वल से प्रकृत स्थल मे शरीर जन्यत्व उपाधि नही है क्याकि जो उपाधि होता है सो साध्य का व्यापक और साधन हेतु का अव्यापक होता है, जैसे 'धूमवान् वह्न ' इस स्थल म आर्द्र इन्धन सयोग उपाधि है तो जहाँ धूम साध्य है वहाँ सर्वत्र आर्द्र इन्धन सयोग रहता ही है और हेतु है वह्नि, सो

वह्नि अयो गोलक मे वहाँ आर्द्र इन्धन सयोग नही रहता है, इसलिये उपाधि साधन का अव्यापक होता हुआ उपाधि कहलाता है, तो प्रकृत मे कार्यत्व हेतु का शरीर जन्यत्व व्यापक है जहाँ जहाँ कार्यत्व हेतु है वहाँ वहाँ सर्वत्र शरीर जन्यत्व भी रहता है। इसलिये साधन कार्यत्व का अव्यापक नही होने से शरीर जन्यत्व उपाधि नही है। कार्यत्व क्षित्यादिक मे है तो क्षित्यादिक मे होने से वहाँ भी अदृष्ट द्वारा शरीर जन्यत्व है ही। ईश्वर निर्मित जगत् प्रकरण मे कहा ह कि "कर्मणा जनयत् पिता" कर्म के द्वारा जीव ने भी बताया है, इससे सिद्ध होता है कि जीवादृष्ट से क्षित्यादिक कार्य होता है। जब अदृष्ट जन्यत्व है तब जीव जन्यत्व पर्यंत आजाता है। क्योकि अदृष्ट जीव को ही होता है, ईश्वर को नही। और जब जीव जन्यत्व क्षित्यादिक मे है तब शरीर जन्यत्व भी सिद्ध होता है, क्योकि शरीरावच्छिन्न आत्मा को ही जीव कहते हैं। वह जीव शरीर विशिष्ट है। तो एक नियम है कि जो विशिष्टि रूप से जिस कार्य को बनावेगा उस कार्य के लिये विशेषाश भी कारण होता है, जैसे आँख वाला देखना है, यहाँ दर्शन क्रिया मे जब चक्षुविशिष्ट देव दत्त कारण है तो विशेषण जो चक्षु उसको भी दर्शन क्रिया मे जनकत्व होता है। इसी प्रकार जब

दृष्टद्वारा शरीरजन्यत्वादिति । तथाप्यदृष्टाद्वारकचेष्टाश्रयजन्यत्वं सः । न च लाघवात् तादृशचेष्टाजन्यत्वमेवास्तूपाधिः चेष्टाया-मेव साध्याव्याप्तेः । न हि चेष्टापि चेष्टाजन्याऽनवस्थापत्तेः ।

शरीर विशिष्ट कारण है तब विशेषणीभूत शरीर मे भी जनकत्व होने से अदृष्ट द्वारा क्षित्यादिक कार्य मे शरीर जन्यत्व सिद्ध होता है । तथापि अदृष्टाद्वारकचेष्टाश्रय जन्यत्व प्रकृत मे उपाधि है । नही कहो कि अदृष्टाद्वारक जो चेष्टा, तादृश चेष्टा जन्यत्व को ही उपाधि मानो, क्योकि चेष्टाश्रय जन्यत्व को उपाधि मानने की अपेक्षा चेष्टा जन्यत्वमे लाघव है, इसमे आश्रय पद नही देना पडता है । यह भी ठीक नही है क्योकि इस उपाधि मे साध्य व्यापकत्व नही है । साध्य जो उक्त सकर्तृकत्व है सो चेष्टा मे भी है परन्तु भवदुक्त चेष्टा जन्यत्व नही है क्योकि चेष्टा चेष्टा जन्या नही होती है । ऐसा मानने से अनवस्था दोष हो जायगा । हिताहित प्राप्ति परिहार के अनुकूल जनक जो क्रिया उसका नाम होता है चेष्टा । उस चेष्टा मे सकर्तृकत्व साध्य है किन्तु चेष्टा जन्यत्व उपाधि नही है, इसलिये लाघव होने से भी अनवस्थादि दोष ग्रस्त होने के कारण से चेष्टा जन्यत्व उपाधि नही है किन्तु तादृश चेष्टाश्रय जन्यत्व ही ईश्वरानुमान मे उपाधि है ।

एवं प्रयुज्य विरतवाचि मीमांसके स्थापकः । न हि शरीरघटितमपि कर्तृत्वं गौरवात् । किं त्वदृष्टाद्वारकोपादानगोचरापरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमत्त्वमात्रम् । यत्तु कुलालादेः शरीरित्वं तज्ज्ञानादिनिष्पत्तये क्षित्यादिकर्ता त्वजन्यज्ञानादिमानेवेति किं तस्य शरीरेण । तथा च कर्तृस्वरूपे शरीराननुप्रवेशात् ।

ज्ञानादिक है, पहिले जानता है तब इच्छा करता है तब कर्म के लिये प्रयत्न करता है । इस प्रकार श्रुतिन्याय से यही सिद्ध होता है कि अदृष्टाद्वारक उपादान विषयक अपरोक्षज्ञान चिकीर्षा कृतिमान् जो हो सो कर्ता है । इस कर्तृत्व मे शरीर का प्रवेश नही है अत शरीराजन्यत्व उपाधि नही है ।

पुन. मीमासक पूछते है कि घटकर्ता कुलाल को तो शरीर होने से ही घट के प्रति कर्तृत्व है, तब क्यों कहते है कि शरीरी कर्तृत्व घटक नही है । इसका उत्तर देते हुए नैयायिक कहते है कि आप जो कुलाल को शरीरी देखते है सो तो कुलाल का ज्ञान अनित्य है, उस ज्ञान की उत्पत्ति के लिये शरीरेन्द्रियादि की आवश्यकता है । प्रकृत मे जो कर्ता है भगवान् श्रीराम, उनका ज्ञान तो नित्य है तो किसलिये शरीरादिकी आवश्यकता है ? अर्थात् नित्यज्ञान के लिये भगवान् को शरीरेन्द्रियादि की आवश्यकता नही है ।

ज्ञानेच्छाप्रयत्नवतस्य कर्तुः परं प्रति नित्यपरोक्षत्वान्न प्रत्यक्षबाधः । यत्तु शरीराजन्यत्वादिकं हेतूकृतम् । तत्र शरीरं नार्थे विशेषणम् प्रतियोगिनि वा । आद्ये स्फुटं व्यर्थविशेषणम् अजन्यत्वमात्रस्यैव कर्त्रजन्यत्वसिद्धिक्षमत्वात् । अन्त्ये यद्यपि शरीरं हेतूकृताऽभावं न विशिनष्टि । तथापि जन्यत्वं विशिंषत्

इस स्थिति मे कर्ता के स्वरूप मे शरीर का प्रवेश नही है । ज्ञान इच्छा प्रयत्नवान जो कर्ता है सो मीमांसक के मत से नित्य परोक्ष है, इसलिये प्रकृत अनुमान मे प्रत्यक्ष बाध नही होता है ।

नैयायिक का प्रश्न—आपने कर्त्रजन्यत्व सिद्धि के लिये जो शरीराजन्यत्व को हेतु बनाया है उसमे शरीर किस का विशेषण है, अर्थ (अभाव) का विशेषण है अथवा प्रतियोगी जो जन्यत्व उसका विशेषण है ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है क्योंकि कर्त्र जन्यत्व की सिद्धि मे अजन्यत्व मात्र ही समर्थ है, तब शरीर पद व्यर्थ विशेषण हो जाता है । न वा दूसरा पक्ष ही ठीक है क्योंकि जो यह शरीर पद है सो हेतुकृत जो अभाव उसमे तो विशेषण नही है, किन्तु जन्यत्व रूप प्रतियोगी का विशेषण होता हुआ विशिष्टाभाव मे पर्यवसित होता है । अर्थात् शरीर विशिष्ट जो जन्यता उसका अभाव

विशिष्टाभावस्य हेतुतायां पर्यवस्यति । तथा च लाघवाद्विशेष्याभावमात्रस्यैव कर्तृजन्यत्वाभावव्याप्यत्वम् । न तु विशिष्टाभावस्य गौरवादिति शरीरजन्यत्वाभावो व्याप्यत्वासिद्धः । एवं च हेत्वाभासेन मीमांसके पराजितेऽव्याहतहेतुप्रयोक्ता नैयायिको विजयी । तदिदमीश्वरस्य जगत्कर्तृत्वमागमोऽपि संवदति । तद्यथा "विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो बाहुरुत विश्वतस्पात् । संबाहुभ्यां धमति संपतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देव

रूप हेतु होता है । तो विशिष्टाभाव घटक जो विशेष्याभाव, अर्थात् जन्यत्वाभाव है वह जब कर्तृ जन्यत्व के सिद्ध करने में समर्थ है तब लाघवात् उसी को हेतु बनाइये । गुरु भूत शरीर विशिष्ट जन्यता के अभाव को हेतु बनाने से विशिष्टाभाव हेतु व्याप्यत्व सिद्ध हो जाता है तब यह आपका विशिष्टाभाव रूप हेतु सिद्धि रूप हेत्वाभास से दुष्ट हेतु हो जाता है । इस प्रकार हेत्वाभास से जब मीमांसक पराजित हो गये तब अव्याहत रूप से हेतु का प्रयोग करने वाले नैयायिक विजयी होते हैं । अर्थात् कार्यत्व हेतु के द्वारा परमेश्वर की सिद्धि करने में नैयायिक सफल होते हैं । यह जो परमेश्वर भगवान् श्रीराम में अनुमान सिद्ध जगत्कर्तृत्व है उसको आगम भी अनुमोदित करता है । तथा हि अनेक चक्षुवाला अनेक मुख वाला अनेक हाथ और अनेक पैर वाला एक कोई देव ऐसा है

जिसने इस पृथिवी तथा अन्तरिक्ष लोक को बनाया । इस मन्त्र मे भूमिपद जन्य मात्र का उप लक्षण है । इसमे यह सिद्ध होता है कि जन्य मात्र के उत्पादन करने मे भगवान् कारण है । ईश्वर मे जो कारणता है सो कर्तृत्व रूप कारणता है, न कि शाकरवेदान्ती की अभिमत उपादान कारणता है । क्योकि यदि भगवान् जगत् के उपादान कारण हो तब भगवान मे रहने वाली चेतना जगत् रूप कार्य मे भी आ जायगी । क्योकि कारण मे रहने वाला जो गुण होता है सो कार्य मे समान जातीयक गुणान्तर को पैदा करता है । जैसे तन्तु मे जो शुक्ल रूप है उससे पट रूप कार्य मे शुक्ल ही रूप उत्पन्न होता है इसी कारण ईश्वर मे जो चेतना है उससे कार्य जगत मे चेतनान्तर की उत्पत्ति हो जायगी, सो तो प्रत्यक्ष बाधित है घटश्चेतयति यह व्यवहार नही होता है । अत ईश्वर जगत् का कर्ता है और कर्ता मे जो गुण है सो कार्य मे नही आता है । "कारणगुणा कार्यगुणानारभन्ते" कारण गत गुण कार्य-गत गुण का उत्पादक होता है, इस नियम मे कारण पद समवायिकारण परक है । कार्य कारण भाव का विशेष विचार मन्निर्मित कार्यकारणमाला एव जिज्ञासुमाला नामक ग्रथो मे देखें ।

प्रश्न—जब नैयायिक ईश्वर के जगत्कर्तृत्व मे आगम को प्रमाण मान लेते है तब तो शाकरवेदान्ती के समान

वेद प्रमाण से ही ईश्वर मे जगत्कर्तृकत्व हो ही जाता है तब अनुमान द्वारा ईश्वर की अस्तितता स्थिर करने के पीछे पुनः अगम का अनुसरण करने का प्रयास द्रविड प्राणायाम के तुल्य होता है सो क्यो ?

उत्तर—इस द्राविड प्राणायाम मे कुछ अभिप्राय विशेष है, इसलिये प्रकृत मे नैयायिको ने ऐसा किया है। अभिप्राय यह है कि यदि आगम मात्र से ईश्वर सिद्ध करना चाहे तो नही होगा। क्योकि वेद मे जो प्रामाणिकत्व है सो ईश्वरोच्चरित होने से, अर्थात् परमेश्वर द्वारा वेद का उच्चारण किया गया है। भगवान मे भ्रम प्रमाद प्रभृति दोष नही है, अत ईश्वर के गौरव से ही वेद प्रमाण है। तब ईश्वर की सिद्धि हो जायगी तभी तो आगम की प्रामाण्यता सिद्ध होगी, और आगम प्रमाण होगा तब ईश्वर की सिद्धि होगी, तो इसमे अन्योन्याश्रय दोष हो जाता है (ईश्वरसिद्धौ सत्या तदुच्चरितत्वेन वेदे प्रामाण्यम वेदप्रामाण्यसिद्ध्यनन्तर प्रामाणिकादागमात् परमेश्वर सिद्धि) इसलिये नैयायिक ने प्रथमत परमेश्वर की सिद्धि अनुमान द्वारा करने के बाद भगवदुच्चरित वेद से भी उसी तत्व का निर्णय किया, न कि वेदान्ती की तरह 'वेदैक गम्य' कहा। वे लोग तर्क को अन्त्यस्थित मानते है और नैयायिक सत्तर्क को धर्मादि सूक्ष्म तत्व मे सहायक मानते है। इसलिये कहा है—

एकः ।" नन्वेवमीश्वरविषयकं प्रतिपत्तिचतुष्टयमपवर्गजनकमिति निर्गलितम् । "तमेव विदित्वा अतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनायेति" श्रुतिरप्येवमाह । एतच्चायुक्तम् । तत्त्वज्ञानस्य हि समानाधिकरणमिथ्याज्ञानध्वंसद्वारोपयोगात् दुःखजन्येत्या-

---

"यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतर." इति ।

शका-इतने प्रकरण से यह साराश निकला कि परमेश्वर विषयक जो प्रतिपत्तिचतुष्टय (श्रवण मनन निदिध्यासन साक्षात्कार) अप वर्ग (मोक्ष) का जनक है । श्रुति भी कहती है-'तमेवेत्यादि' उस परमेश्वर को जान कर के ही 'अतिमृत्यु' मृत्य के अतिक्रमण को अथवा मोक्ष को प्राप्त करता है । ज्ञान व्यतिरिक्त अन्य कोई भी मार्ग मोक्ष के लिये नही है ।

उत्तर-परन्तु यह ठीक नही है, क्योकि तत्व ज्ञान समानाधिकरण मिथ्या ज्ञान के नाश द्वारा मोक्ष मे उपयोगी होता है । अर्थात् जिस अधिकरण मे मिथ्याज्ञान है उसी अधिकरण मे जब तत्वज्ञान आयेगा तब मिथ्या ज्ञान नष्ट होगा । तत्वज्ञान मिथ्याज्ञान मे सामानाधिकरण्य से बाध्यबाध भाव होता है, नतु वैयधिकरण्य से । अन्यथा देवदत्त के तत्वज्ञान से चैत्रादिका जो मिथ्याज्ञान है उसका भी नाश हो जायगा, परतु ऐसा देखने मे नही आता है । "दु खजन्यप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञाना-

दिसूत्रे तथैव सिद्धान्ताच । ईश्वरविषयकं तु मिथ्याज्ञानं न जीवस्य ससाराय । किं तु स्वविषयकमहं गौरोऽहं स्थूल इत्यादिना शरीरविषयकेण जीवाभेदभ्रमेण तदनुकूले रज्यते तत्प्रतिकूलं च द्वेष्टीति तदीयरागद्वेषमोहैरेव ससरति उच्यते तद्विषयकदोषत्रयोच्छित्तिस्तद्विषयकतत्त्वज्ञानादेवेति । सत्यम् ।

नामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्ग " इस सूत्र मे समानाधिकरण तत्व ज्ञान से समानाधिकरण मिथ्याज्ञान का नाश होता है ऐसा सिद्ध भी किया है । ईश्वर विषयक जो मिथ्याज्ञान है सो जीव के ससार का कारण नही है, किन्तु जीव विषयक मैं गोरा हूँ, मैं स्थूल हूँ, मैं अन्धा हूँ इस प्रकार से जीव के साथ जो शरीर विषयक अभेद भ्रम है सो ही जीव के ससार का कारण है । शरीर के साथ अभेद भ्रम वाला जीव शरीर के अनुकूल प्रिय वस्तु मे अनुराग करता है तथा प्रतिकूल (दु ख जनक रूपादिक) से द्वेष करता है, इसलिये शरीरादि विषयक जो राग द्वेष मोह है उसी के कारण से जीव ससार मे आता है तथा दृढ सस्कार से ससक्त होकर घटीयन्त्रवत ससार मे मनुष्य देव, पशु, पक्षी आदि योनियो मे घूमता रहता है । उसमे कहते है कि तद्विषयक जो दोषत्रय (राग, द्वेष, मोह) उसका विनाश तद्विषयक तत्वज्ञान से हो होता है । ठीक है किन्तु वही तत्वज्ञान अमित श्रवण मनन निदिध्यासन

तदेव तु श्रवणमनननिदिध्यासनैः क्रमादुच्छ्रितैरुत्पन्नेनेश्वरसाक्षात्कारेण जन्यते । तथा च श्रुतिः । स हि तत्वतो ज्ञातः स्वात्मसाक्षात्कारस्योपकरोतीति । अस्त्वेवम् । तथापि शतपथे आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः इति श्रूयते । शाखान्तरे; साक्षात्कर्तव्य इति । तदुभयमप्ययुक्तम् । निदिध्यासनप्रवृत्त्यैव साक्षात्कारसम्भवे तस्य प्रयत्नान्तरासाध्यत्वेन फलैकरूपतया च विधानायोगात् । कृतिसाध्येष्टसाधनत्वस्य च विध्यर्थत्वात् । अत एव

द्वारा क्रमिक ऊपर उठने से उत्पन्न जो ईश्वर साक्षात्कार उससे होता है । श्रुति भी कहती है "परमार्थ रूप से ज्ञात जो परमेश्वर वह स्वात्म साक्षात्कार को उपकृत करता है । भले ऐसा रहे परंतु शतपथ ब्राह्मण में तो "आत्मा को देखो" ऐसा सुनने में आता है । दूसरी शाखा में कहा है "आत्मा का साक्षात्कार करो" यह दोनो ही अयुक्त है, क्योंकि जब निदिध्यासन में प्रवृत्त होगा तब उसी से साक्षात्कार हो जायगा । उस साक्षात्कार को प्रयत्नान्तर से असाध्य होने से तथा निदिध्यासन और साक्षात्कार का समान फल वाला होने से प्रयक से साक्षात्कार का विधान करने की आवश्यकता नहीं है । कृतिसाध्यत्व और इष्ट साधनता हो तो विधि का अर्थ होता है । अत एव "स्वर्गकामो यजेत" इस वाक्य में यागका विधान करने के बाद पुनः अपूर्व का विधान नहीं किया गया है । क्योंकि याग के विधान में

यागविध्यनन्तरं नापूर्वविधिः यागानुष्ठानेनैव तत्सिद्धेरिति । मैवम् । आत्मा वा अरे द्रष्टव्य इत्येव दर्शनस्येष्टसाधनत्वमाह । कृतिसाध्यत्वं तु कथं तस्य दर्शनस्येत्याकांक्षायां निदिध्यासितव्य इति । निदिध्यासनं च आसनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधियमनियमरूपाष्टाङ्गयोगेन चिरनिरन्तरादरसेवितेन परमपुरुषीयचित्तसन्तानरूपम् । एतच्च सङ्कसु कस्य नाथद्वांमलक्षालनं विना सम्भवतीति तदर्थं श्रुत्यात्मस्थिरीकरणाय मन्तव्य इति द्वितीयप्रतिपत्तेरानुमानिक्या विधानम् । सापि च धर्मिज्ञानसाध्येति । श्रवणसाक्षात्कृतवेदप्रभवायाः प्रथमप्रति-

---

ही अपूर्व का विधान गतार्थ होजाता है ।

समाधान–मैवमित्यादि "आत्मा वा रे द्रष्टव्य" इस वाक्य से ही आत्म दर्शन में इष्टत्व की सिद्धि होती है। आत्म दर्शन में कृति साध्यत्व किस प्रकार से है ? ऐसी जिज्ञासा होने पर "निदिध्यासितव्य" कहा गया। निदिध्यासन क्या है ? सो आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि यम नियम लक्षण अष्टाग योग से जो चिर निरन्तर आसेवित जो परम पुरुष के चित्त सन्तान तद्रूप निदिध्यासन है। एतादृश जो निदिध्यासन वह श्रद्धारहित पुरुष को शंका रूप मल के प्रक्षालन के विना प्राप्त नहीं हो सकता है। इसलिये शंका मल का प्रक्षालन करने के लिये अनुमानिकी मनन लक्षण द्वितीय प्रतिपत्ति का

पत्ते विधानं श्रोतव्य इति । तथा चेष्टसाधनत्वं प्रतिपत्तिचतुष्टयस्यैव । कृतिसाध्यत्वं तु चतुर्थप्रतिपत्ते स्तृतीयप्रतिपत्तिद्वारेति तदुपपत्तये तत्साधनसमाधौ तृतीयप्रतिपत्तौ च तत उत्पन्नायां साक्षात्काराय चिन्तामेवं तनोतीति सर्वं सुस्थम् ॥

ननु भेदधीः श्रुतिबाधिकेति यदुक्तं तत्र को भेदः ? स्वरूपमन्योन्याभावो वैधर्म्यमन्यद्वा । आद्ये घटः पटो

विधान "मन्तव्य" इससे किया गया है । यह जो द्वितीय ज्ञान है सो तो धर्मिज्ञान से होगा, अत श्रवण श्रोत से साक्षात् क्रियमाण वेद जनित जो प्रथम प्रतिपत्ति उसका विधान 'श्रोतव्य' इस से होता है । चारो प्रकार की प्रतिपत्ति (श्रवण मनन निदिध्यासन साक्षात्कार) लक्षण मे इष्ट साधनत्व है ऐसा सिद्ध होता है । कृतिसाध्यत्व तो चतुर्थ प्रतिपत्ति साक्षात्कार मे तृतीय प्रतिपत्ति निदिध्यासन द्वारा से है और तृतीय तथा द्वितीय प्रतिपत्ति मे साक्षातरूप से ही है । निदिध्यासन की हेतुभूत समाधि मे तथा मनन मे साक्षात् ही कृति साध्यत्व हैं ।

वेदान्ती का पूर्व पक्ष--भेद विषयक प्रत्यक्ष ज्ञान अद्वैत श्रुति का बाधक होता है, इसलिये अद्वैत की सिद्धि नही हो सकती है, ऐसा जो आप (नैयायिक) ने कहा था, उस भेद ज्ञान का विषय भेद वस्तु क्या है ? भेद चार प्रकार का होता है, स्वरूप भेद, अन्यो-

नेत्यत्र पटः स्वभेदे विशेषणमुपलक्षणं वा ? अत्र नाद्यः। पटविशेषितभेदात्मकत्वे घटस्य स्वात्मकभेदविशेषणीभूतपटात्मकता वज्रलेपायितैवेति । घटपटयोरभेद एव पटाद्भेदो घटस्य स्वरूपमिति धियाऽभावः प्रमित इति तद्विरोधेन पटा-

---

न्याभावात्मक भेद, वैधर्म्यात्मक भेद और प्रथक्त्व रूप भेद प्रथम पक्ष मे घट पट नही है (यहा पट भेद का प्रतियोगी है और घट अनुयोगी है) जिसमे भेद वैठता है सो अनुयोगी कहाता है ओर जिसका भेद होता है सो प्रति योगी कहा जाता है। प्रकृत स्थल मे घट मे पट का भेद है, तो पट स्वकीय भेद मे जो प्रतियोगी है सो विशेषण है अथवा उपलक्षण है ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है, क्योकि तब तो पट से युक्त जो भेद उसका स्वरूप घट हुआ, तव घट से अभिन्न जो भेद, उस भेद मे विशेषणी भूत जो पट तदात्मक घट हो जायगा (अर्थात् अभाव अधिकरण स्वरूप होता है ऐसा नियम है, तो पट प्रतियोगिक भेद घटरूप अधिकरण मे रहने से भेद और घट का तादृश तादात्म्य हुआ और भेद मे पट प्रतियोगिता सम्वन्ध से विशेषण होने से पट भेदात्मक हुआ, तव पट से अभिन्न भेद और भेद से अभिन्न घट है तव पट घट मे भी अभेद हो जाता है। विशेषण रूप से पट से अभेद भेद को होता है और तादृश पट विशिष्ट भेद घट मे वैठने से घटात्मक है, तव घट पट

दुम्भिन्नो घट इति धिया विशेषणीभूतभेदजन्यया घटपटयोर्भेदो
न प्रमापणीयः उपजीव्यविरोधात् । तदुक्तम् ।
. अभेदं नोल्लिखन्ती धीर्न भेदोल्लेखनक्षमा ।

मे एकत्व हो जाता है । इस प्रकार से प्रतियोगी मे तथा
अनुयोगी घट मे प्रत्यक्ष ने अभेद का ही प्रतिपाद किया है
भेद तो उड जाता है । इस प्रकार से घट मे एकता
वज्रलेपायित हो जाती है) घट और पट का अभेद ही
पट से अभिन्न घट का स्वरूप है । इस प्रकार से प्रत्यक्ष
ज्ञान भेदाभाव को प्रमित करता है । तो इस ज्ञान से विरोध
होने से 'पटाद् भिन्नो घट' इस ज्ञान से विशेषण रूप भेद
से जन्य होने के कारण घट पट का भेद प्रमा विषय नही
होगा । क्योकि उपजीव्य विरोध हो जाता है । अर्थात्
अभेद ग्रह है उपजीव्य और भेद ग्रह हो गया उपजीवक,
इस प्रकार अभेद ज्ञान रूप उपजीव्य से विरोध होने से
प्रत्यक्ष घट पट के भेद को नही बतला सकता है । ऐसा
कहा भी है । "अभेदं नो" इत्यादि–अभेद का उल्लेखन
(ग्रहण) नही करने वाली बुद्धि भेद को ग्रहण करने
मे समर्थ नही हो सकती है । ऐसी स्थिति मे प्रथम
पक्ष मे अर्थात् अभेद ग्रहण पक्ष मे ज्ञान प्रमा
कहलावेगा, और अन्तिम पक्ष मे (भेद ग्रहण पक्ष मे) प्रमा रूप
नही होगा, क्योकि भेदज्ञान का उपजीव्य जो अभेदज्ञान

तथा चाद्ये प्रमा सा स्यान्नान्त्ये स्वापेक्ष्यवैशसात् ॥ इति

आद्येऽभेदे । अन्त्ये भेदे । अथ घटो भेदमात्रात्मक एव । किं तु तेन तेन पटादिना प्रतियोगिना निरूप्यमाणः स्वास्मिंस्तत्तद्भेदधियं जनयतीति चेत् । पटप्रतियोगिकत्वं घटस्य स्वरूपं चेत् तदा पूर्ववद्घटपटयोरभेदः स्यात् । यदि

उससे विरोध होता है । पद्य मे जो आद्ये पद है उसका अर्थ है—प्रथम पक्ष अर्थात् अभेद पक्ष मे और अन्त्ये इसका अर्थ है द्वितीय पक्ष मे अर्थात् भेद पक्ष मे ।

प्रश्न—घट तो भेद मात्र स्वरूप ही है । किन्तु तत्तत् घटादिरूप प्रतियोगी से जब निरूपित होता है तब स्व मे (घट मे) तत्तत् पटादि भेदज्ञान को उत्पन्न करता है, अर्थात् घटादि पदार्थ भेदात्मक है परन्तु जब तक वह पटादि रूप प्रतियोगी से निरूपित (साकाक्ष) होने से जिस प्रतियोगी से निरूपित होता है उसका भेद घटादि अधिकरण मे स्पष्ट रूप से 'पटाद्भिन्नोघट' इस रूप से प्रतिभासित होता है ।

उत्तर—इसमे तो प्रट प्रतियोगित्वक ही घट का स्वरूप हुआ, यह साराश निकला, ऐसा होनेपर पुन पूर्ववत् पट प्रतियोगिकत्व घट मे मानने से घट पट का अभेदही सिद्ध हो जाता है, तव तो जो ज्ञान घट पट का भेद साधन रूप से आया वह भेद को सिद्ध न कर के घट पट के अभेद का ही साधक बन गया तब तो 'कन्योद्वाहो वरघाताय सवृत्'

तु तद्धर्मस्तदा घटः पटवान् स्यात् पटघटितपटप्रतियोगिकत्वव-त्त्वात् । एवं पटोऽपीति । किञ्च स्वरूपस्यावधिशून्यत्वेन घटो घटादिभन्न इत्यवधिघटितार्थधीर्न स्याच्च भिन्न इति । न हि स एव तद्वान् भवतीति । न च पटप्रतीतेर्विशिष्टघटप्रतीति-कारणतया पटादिति पञ्चमी । पटाद्भिन्न इत्यत्र हि भेदा-वधौ पञ्चमी । न तु विशिष्टधीहेतुभूतविशेषणधीविषये । अन्यथा विशिष्टधीहेतुर्निर्विकल्पकविषयतया घटत्वाद्घट

यह न्याय प्रकृत में आजाता है। यदि पट प्रतियोगित्व को घट का स्वरूप न माने' अपितु घटका धर्म माने तब तो धर्म धर्मी का अभेद होने से घट पटवान् होगा, पट घटित पट प्रतियोगिकत्व होने से। एव घट भी घट घटित घट प्रतिकत्ववान् होने से घटवान हो जायगा। और भी देखिये स्वरूप के अवधि रहित होने से पट घट से भिन्न है, इस प्रकार से अवधित ज्ञान नही होगा और भिन्न यह भी ज्ञान नही होगा। स्व ही स्व वान् नही होता है। नही कहो कि पट ज्ञान विशिष्ट ज्ञान का कारण है इस लिये पटात् यह पाचवी विभक्ति है। पटाद्भिन्न यहा भेद का अवधिमें पञ्चमी विभक्ति है न कि विशिष्ठ ज्ञान मे कारणी भूत जो विशेषण ज्ञान, उसका विशेषण जो विषय, उसमे। यह न मानो तब तो विशिष्ठ ज्ञान मे कारण जो निर्विकल्पक ज्ञान उसका विषय जो घटत्व उसमे पाचवी विभक्ति को लगा करके घटत्वान् घटः यह भी ज्ञान हो जायगा। पट स्वभेद मे उपलक्षण है, यह जो द्वितीय पक्ष

इत्यपि स्यात् । उपलक्षणपक्षस्त्वतिप्रसङ्गान्निरस्तः । अन्योन्याभावस्तु भेदो दुर्निर्वचः । तथाहि स हि घटपटोभयतादात्म्यप्रतियोगिको न सम्भवति अत्यन्तासत्प्रतियोगिकत्वापत्तेः । नापि घटे पटतादात्म्यप्रतियोगिक एवं पटेऽपीति घटे पटतादात्म्याभावस्य व्यधिकरणाभावत्वेन संसर्गाभावत्वात् । वैधर्म्य-

हे सो तो अतिप्रसग से ही परास्त हो जाता है । इसलिये स्वरूप भेद है यह पक्ष खडित हो जाता है और अन्योन्या भाव रूप भेद है यह जो द्वितीय पक्ष है उसका भी निर्वचन नही हो सकता है । तथा हि वह जो अन्योन्याभाव सो घट पट उभय का जो तादात्म्य तत्प्रतियोगिक नही बन सकता है, क्योकि घट पट का तदात्म्य बिलकुल असत् है, तो यह भाव असत्प्रतियोगिक हो जायगा । नही कहोगे कि घट मे पट तादात्म्य का निराकरण हो जाता है तथा पट मे घट तादात्म्य का निराकरण होता है । ऐसा कहना भी ठीक नही है, क्योकि घट मे पट तादात्म्य का अभाव होगा सो तो व्यधिकरणधर्मावच्छिन्नाभाव होगा । और व्यधिकरणधर्मावच्छिन्नाभाव तो ससर्गाभाव मे समाविष्ट है, तो प्रकृत अन्योन्याभाव नही कहावेगा किन्तु ससर्गाभाव हो जायगा । इसलिये द्वितीय पक्ष ठीक नही है । घटत्व पटत्व रूप जो वैधर्म्य तत्स्वरूप भेद है यह जो तृतीय पक्ष है सो भी ठीक नही है क्योकि घटत्व पटत्व रूप जो वैधर्म्य है

मपि न भेदः तत्रापि वैधर्म्यान्तरस्य सत्त्वेऽनवस्थापत्तिरननु-
भवाच्च । अभावे च वैधर्म्याणामभेदाद्धिर्मणामप्यभेदे जग-
दभेद एव स्यात् । अपि चास्तु यः कोऽपि भेदः सोऽपि
नाभिन्ने निविशते विरोधात् । किन्त्वाभिन्ने भेदप्रवेशे एका-

उसमे पुन दूसरा वैधर्म्य रहता है कि नही ? यदि वैधर्म्य मे दूसरा वैधर्म्य है, ऐसा मानो प्रथम पक्ष को, तब तो अनवस्था दोष होता है (क्योंकि घट पट का भेदक वैधर्म्य है और वैधर्म्य का भेदक वैधर्म्यान्तर। उसका भेदक भी वैधर्म्यान्तर इस प्रकार से अप्रामाणिक वैधर्म्य प्रवाह रूपानवस्था आती है) और नाना वैधर्म्य है ऐसा अनुभव भी किसीको नही होता है। यदि घटत्व पटत्वात्मक वैधर्म्य मे वैधर्म्यान्तर नही ही है ऐसा मानो तब तो वैधर्म्य मे परस्पर भेद नही रहेगा अपितु सभी वैधर्म्य अभिन्न हुआ तब तो वैधर्म्य का आश्रय जो विधर्म घट पटादिक वह भी अभिन्न होने से जगत मे अभेद हो जायगा (घट पट घटत्व पटत्व रूप भेदक के बल से भिन्न होता था। और घटत्व पटत्व तन्दत भेदक के बल से भिन्न होता था। अब जब आप घटत्व पटत्व मे अनवस्थाभयात् भेदक को नही मानते हो तब तो घटत्व पटत्व एक हो गया, तब उसका आश्रय जो घट पट वह भी एक हुआ। एव रूप से सर्वत्र अभेद का साम्राज्य होने मे अद्वैतवाद विजयी

भावेनानेकमपि न स्यात् तस्यैकसमूहत्वात्। नापि भिन्ने। एवं सति हि सोऽपि भिन्ने सोऽपि च भिन्ने इत्येकस्मिन्नेव घटे नियतायुपि क्रमेण तत्तद्भेदालिङ्गनमयुक्तम्। किञ्च विधेयीभूतभेदफलमधिकरणावच्छेदकीभूतभेदेनैव स्यादिति. विधेयीभूतभेदधाराविलोपः स्यात्। अयमेव प्राग्लोप इहोक्तः। अथानन्ता भेदा अपि क्रमेणैव घटमालिङ्गन्ति तदा किं भेद

होता है) और भी देखिये, कोई भी भेद नामक वस्तु रहो, परन्तु वह भेद अभिन्न आश्रय मै तो बैठ नही सकता है, क्योकि अभेद मे भेदका विरोध है। और भी अभिन्न मे यदि भेद प्रविष्ट होगा तब तो एक वस्तु का अभाव हो जायगा तथा एक का समुदाय रूप अनेक भी नही होगा। न वा भिन्न अधिकरण मे भेद रहता है, यह भी पक्ष ठीक नही है, क्योकि पहला भेद भेद विशिष्ठ मे वैठेगा, वह भी भेद भेद विशिष्ट मे रहेगा, इस प्रकार नियत आयु वाले एक घट मे सभी भेद का समावेश नही होगा। और विधेय रूप जो भेद उसका फल है अधिकरण को अलग करना, सो तो उद्देश्यतावच्छेदकीभूत भेद से ही सिद्ध हो जायगा तब आगे आगे भेद को मानते जायेंगे और पीछे पीछे वाला भेद विलुप्त होता जायगा। इसी का नाम है प्राग् लोप, जो खण्डन मे कहा गया है। यदि कहो कि भेद अनन्त है वह क्रमेण घट मे प्रविष्ट होता है, तब तो किस भेद

विशिष्टे किं भेदवृत्तिरित्यशक्यावधारणम् । इदमेव चाविनिगम्यत्वम् । अपि च भिन्नबुद्धे रेकेनैव भेदेनोपपत्तावनन्तभेदकल्पने मानाभावः । अयमेव प्रमाणापगमः । तदुक्तम् ।

प्राग्लोपाऽविनिगम्यत्वप्रमाणापगमैर्भवेत् ।
अनवस्थितिमास्थातुरचिकित्स्यत्रिदोषता ॥ इति ।

अथानवस्थाभयात् द्वितीयो भेदो धर्मिस्वरूपमेवोच्यते ।

विशिष्ट में किस भेद की व्यवस्था होगी ? इसका निर्णय नही होगा। इसी का नाम है अविनिगम्यत्व । और भी देखिये–'इमौभिन्नौ' यह जो भेद ज्ञान है उसका उपपादन एक भेद से ही हो जाता है, तब अनन्त भेद के स्वीकार करने में कोई कारण नही है, इसी का नाम है प्रमापगम । खण्डन ग्रंथ में कहा है कि–प्राग्लोपेत्यादि–अनवस्था दोष दोपास्वीकारवादी वादी को प्राग्लोपाविनिगम्यत्व । प्रमाणापगम से होने वाला जो त्रिदोप ज्वर विशेप, उसका समाधान अशक्य हो जाता है, अर्थात् वात कफादि दोपत्रय से जायमान सन्निपातज्वर असमाधेय होजाता है, उसी प्रकार से प्रकृत मे त्रिदोप का समाधान नहीं हो सकता है ।

अथ यदि कहो 'कि विधेय भेद से भिन्न उद्देश्यतावच्छेदक जो द्वितीय भेद है सो घटादि रूप धर्मीका स्वरूप ही है, अतः पूर्वोक्तदोप नही होता है । तो यह भी ठीक नही है, क्योकि तवतो धर्मी जो घटादिक है सो नि:स्वरूप

तदा धर्मिस्वरूपं निःस्वरूपमेव स्यात् स्वरूपव्यावृत्त्यात्मकभेदात्मकत्वात् । अथ धर्मात्मको भेदः स्वरूपविशेषव्यावृत्तिर्न तु स्वरूपसामान्यव्यावृत्तिः तदा द्वावपि घटपटादिरूपौ भेदिनौ स्वरूपसामान्यरूपतयाऽभिन्नौ स्याताम् । किंच भेदः स्वप्रति-

हो जायगा। क्योकि जब घडा भेद स्वरूप हुआ तथा भेद तो स्वरूप की प्रवृत्ति रूप ही है। अब यदि कहो कि धर्मात्मक जो भेद है सो स्वरूप विशेष की व्यावृत्ति रूप है न तु स्वरूप सामान्य की व्यावृत्ति रूप है, इयभी ठीक नही है, क्याकि तव तो घट पट रूप जो भेदवान् दोनो पदार्थ है उसमे सामान्य स्वरूपतया अभेद हो जायगा। विशेष स्वरूप की व्यावृत्ति रहने पर भी सामान्य स्वरूप से तो अभेद ही है।× और भी देखिये–यह जो भेद है सो स्वकीय जो

× अनवस्थितिमनवस्थादोषपयास्यानु स्वीकुर्वत पुरुषस्य, एषा त्रिदोषता प्रागलोप प्रतिनिगम्यस्वप्रमाणापगमप्रयोज्या । प्रमाणापगमैरित्यत्र यानुतीया विभक्तिस्तस्या प्रयोज्यत्वमर्थ तथा च प्रागलोपाविनिगम्यस्वप्रमाणान्त निष्ठप्रयोजकता निरूपित प्रयोज्यतावती त्रिदोषतेत्यर्थ तथा चैभि कारणैजा यमाना त्रिदोषता प्रतिक्रिस्या निविदिमनुपयोग्या । अथवा प्रमाणापगमैरित्य त्रया तृतीया तस्या अभेदोर्थ घा यत धनवानित्यत्र घाच्याभिन्न धनवदर्थो भवति तद्वत्प्रकृते प्राग लोपाविनिगम्यस्वप्रमाणापगमाभिन्ना या त्रिदोषता सा प्रतिक्रिस्या चिकित्सानुपयोग्यैव । यथा साङ्के मृत्यु प्रेरितवालस्फरितस्य नविप्रानस्वरोऽन्यभिषगवर समाहिता न भवति । तद्वदत्रत पूर्वोक्त कारणत्रयम पूर्वोक्तवादपोरावभिन्ना त्रिदोषता समाधानदर्शितानि व्याहरिवानाद्दार ।

रामचन्द्राचार्य ।

योगिस्वानुयोगिस्वधर्मस्वसम्बन्धैः समं यदि भेदान्तरेण भिद्येत तदानवस्था न चेत्तर्हि अद्वैतमेव ।

> तदद्वैतश्रुतेस्तावद्बाधः प्रत्यक्षतः क्षतः ।
> नानुमानादि तं कर्तुं तवापि क्षमते मते ॥
> अद्वैतागमनासीरं साधु सा धुन्वती परान् ।
> सेवामेवार्जयत्यर्थापत्तिपत्तिपरम्परा ॥

प्रतियोगी स्व का जो अनुयोगी स्व का धर्म अर्थात् प्रतियोगितावच्छेदक अथवा भेदत्व तथा स्व का जो सम्बन्ध उससे भिन्न है या अभिन्न है ? यदि प्रथम पक्ष कहो तो अवस्था दोष होता है । यदि द्वितीय पक्ष कहो तो अद्वैत में पर्यवसान होता है । तदद्वैतश्रुते दित्यादि प्रत्यक्ष से अद्वैत श्रुति का बाध हो जाता है । यह नही घट सका । और अनुमान से आगम का बाध तो आपके मत में भी इष्ट नही है, अन्यथा नरः शिर. कपाल में शुचित्वानुमान भी सत् हो जायगा (अद्वैतागम के आगे आगे चलती,हुई अर्थापत्ति परपक्ष का खण्डन करती हुई पदाति सेनाकी तरह अद्वैतागम की सेवा ही करती है । ×

× तदद्वैतश्रुतेरित्यादि प्रत्यक्षेण महागमस्य समानविषयत्वाभावात् प्रत्यक्षबाधो न भवतीत्युपसहरन्नाह तदद्वैतश्रुतेरिति यत एव भेदग्राहक-प्रत्यक्षमपि यथोक्तरीत्या अभेदकप्रतिपादकमेव न तु भेदमावेदयति तस्मात् प्रत्यक्षतः घटपटौ भिन्नावित्यादिप्रत्यक्षप्रमाणेन संभावितो बाधः क्षतः

अद्वैतश्रुतयश्च वर्णपदादिभेदेनाविद्यकेनाद्वैतं पारमार्थिकं प्रतिपादयन्त्योऽपि न तेन दुर्बलेन बाध्यन्ते । तस्मात्

पारमार्थिकमद्वैतं प्रविश्य शरणं श्रुतिः ।
बाधनादुपजीव्येन बिभेति न मनागपि ॥

अद्वैतागम के आगे चलने वाली अर्थापत्ति प्रमाणान्तर का निराकरण करती हुई पदाति सेना की तरह अद्वैतागम की सेवा करती है ।×

आविद्यक जो वर्ण पद आदि का भेद उसको लेकर के स्वीकार करके पारमार्थिक त्रिकालाबाध्य अद्वैतात्मक अर्थ का प्रतिपादन करने वाली अद्वैत श्रुति दुर्बल प्रत्यक्षादि प्रमाण से बाधित नही होती है, इसलिये श्रुति पारमार्थिक अद्वैत की शरण मे प्रवेश करके उपजीव्यके बाध से थोड़ी

परिप्लुतो विगतो विनष्ट इति यावत् । अनुमानादि—अनुमानप्रमाणं त बाध शब्दस्य बाधे प्रतिबन्ध कर्तुं सम्पादयितु तथापि मते न क्षमते नोपयुक्तं भवति । यदा तथापि अनुमानेनागमबाधो नष्टस्तदा आगमस्य सर्वप्रमाणापेक्षया बलवत्त्व मन्यमानस्य मम तु कथैव का अर्थादनुमानापेक्षया आगमस्य सर्वथैव बलवत्त्वात् । अन्यथा नर शिर कपालम् शुचिप्राण्यङ्गत्वादित्याद्यनुमानमपि नारायिप स्पृष्ट्वा सचैल जलमाविशेदित्यागमम बाधमाप्यकारामासादयति । तस्मा न प्रत्यक्षानुमानाभ्यां श्रुतबाध इति कृतमनवसरप्रसंगेनेति ।

रामस्वरानन्दाचार्य ।

× आविद्यकमप्यर्थापत्तिप्रमाणमद्वैतागमस्यताद्वैत कुर्वाणस्यागमस्यानुगममेवैति पूर्वोक्त स्मारयन् आह अद्वैतागमस्यादि अद्वैतागमस्यैकमेवाद्वितीय ब्रह्म पारेतो नेति । अनात्मस्सर्वमात्मिथ्यादिवाक्यजातस्याविद्या समस्त प्रमाणाननुसरत । नामीरेतुरणीर्य स अर्थापत्ति साधु यथा स्यात् तथा पर

श्रुतिजन्यत्वस्याप्याविद्यकत्वान्न ब्रह्माद्वैतधियो नित्यत्व-विरोधः । तस्मात्

आपाततो यदिदमद्वयवादिनीनाम्
अद्वैतमाकलितमर्थतया श्रुतीनाम् ।
तत्स्वप्रकाशपरमार्थचिदेव भूत्वा
निष्पीडितादहह निर्वहते विचारात् ॥ इति ।

भी नहीं डरती है । अद्वयरूप अर्थ प्रतिपादक श्रुति का आपात रूप से जो अद्वैत रूप अर्थ जाना गया है, वही अद्वैत रूप अर्थ परिशोधित विचार के बाद निर्वहित होता है, प्राप्त होता है । अद्वैत अर्थ कैसा होकर के प्राप्त होता है ? तो पारमार्थिक प्रकाशात्मक चित् रूप हो करके इति ॥

पूर्व प्रकरण से विकल्पजाल द्वारा जो भेद का खडन किया गया है अब उसका समाधान सिद्धान्ती करते है ।

विरोधिप्रमाणान्तराणि आभासतया आपमानान् कुर्वती निराकरणं कुर्वन्ती अद्वैतागमस्यैवात्मैवानुकूलतामिवार्जयति सेवा साहाय्यमेव संपादयितुमुद्यतः साक्षादेव सेवामेव करोति ननु प्रातिकूल्यमेव भजते इतरप्रमाणमित्यभिप्रायः ।

श्रुतिः एकमेवाद्वितीयमथात आदेशो नेति नेति वाक्यसमुदायः पारमार्थिक निरालाबाध्यस्वरूपम् अद्वैतं शरणं प्रविश्य तत्सहायतामासाद्य उपजीव्येन प्रत्यक्षादिना प्रमाणादिना बाधनात् बाधभयात् मनागपि ईषदपि न बिभेति भयं न प्राप्नोति । उपजीव्यविरोधकरणेन न भयमासादयति किन्तु विरोधिभूतान् तान् सर्वानेव निराकरोति ।

अत्रोच्यते । यथायथं तावत्त्रयो भेदाः । तथाहि स्वरूप तावद् भेदः भिद्यते व्यावर्त्यते अभेदधीविरोधिधीविषयीक्रियते ऽनेनेति व्युत्पत्तेः । स्वात्मना च पटस्तथाक्रियत एव अतो न स्वरूपस्य भेदत्वं पारिभाषिकं वैधर्म्यान्योन्याभाववत् स्वरूपे

अत्रोच्यते इत्यादि प्रकरण से । विचार से तीनो प्रकारक वा भेद सिद्ध होता है । तथाहि स्वरूप भेद को मानता हूँ, भिद्यमान हो व्यावर्त्यमान हो धर्मी जिसके द्वारा अर्थात् अभेदज्ञान का विरोधी जो ज्ञान, तादृश ज्ञान का विषय बनाया जावे धर्मी जिससे, उसका नाम है स्वरूप भेद । इस प्रकार से स्वरूप भेद की व्युत्पत्ति होती है । पट अपने स्वरूप से अपने को बनाना ही है, अर्थात् पट अपने को इतर से व्यावृत्त अवश्य बनाता है, इसलिये स्वरूप में भेदत्व पारिभाषिक नही है, वैधर्म्य अन्योन्याभाव की तरह से । अर्थात् वैधर्म्य भेद म अन्योन्याभावात्मक भेद म

मद स्वान्निीनाम् अद्व तात्पर अर्थ बाधय तीना श्रुतानाम् एकमवत्यान्ि कानाम् यन्निमद्वैतम् अद्वैतात्मकमर्थं आपातत बाधान तरम् यदा तथा भय तया प्रयन्पण भावनिनमविचारितम् तत विचारान तरम् तर् स्वप्रकाानर मापंचिद्रूपमव भूत्वा, निप्पी डनात् नोधितात् विचारात निवहत निर्वाद्द प्राप्नोति । यदस्तु पूर्वमापातनो.पंतयाज्ञात तदेव वस्तु नोधितविचारादनुरन प्रकाचिद्रूपतयावस्थितमिति भाव ।

ऽपि व्युत्पत्तिवशात्। अत एवात्मतत्त्वविवेके। त्रीनपि भेदानाचार्या आहुः। ननु स्वरूपभेदवत्ता स्वरूपस्य न सम्भवत्यभेदात्। न हि स एव तद्वांस्तेनैव भवतीति चेत्। माभूत्। न हि स्वरूपभेदवत्तमनेन भेदवत्त्वं ब्रूमः। किं तु प्रतियोग्यपेक्षविलक्षणधीविषयतामात्रम्। प्रतियोगित्वाभिमताभेदारोपविरोधिधीपर्यालोचननिबन्धनस्तत्र घटाद्भिन्नः पट इत्यादिः प्रति-

तत्व परिभाषिक नहीं है किन्तु स्वाभाविक है। इसी प्रकार से स्वरूप भेद मे भी भेदत्व है युत्पतिवललभ्य। अतएव आत्मतत्व ग्रथ मे भी तीनो प्रकार के भेद को आचार्य उदयन ने स्वीकार किया है तथा उसका निर्वचन भी किया ह। नही कहो कि स्वरूप भेद का अधिकरण स्वरुप कैसे होगा ? क्योकि अभिन्न होने से। क्या स्व स्व वान् होता ह ? (अर्थात् घट घटवान् नही होता, अभेद होने से) उसी तरह से भेद जब स्वरूपात्मक है तब स्व मे स्व कैसे बैठेगा ?

उत्तर—न होवे। स्वरूप मे भेदवान् को उसी भेद से मैं भेदवान् नही कहता हूँ, किंतु प्रतियोगी सापेक्ष जो विलक्षणज्ञान, तादृश ज्ञान विषयत्वमात्र से भेदवत्व कहता हूँ। प्रतियोगी रूप से अभिमत मे जो अभेद का आरोप, उसका विरोधी जो ज्ञान उसका जो पर्यालोचन अर्थात् विचार मूलक घट से भिन्न पट है ऐसा प्रतिभास

मासः । तथा च स्वरूपभेदस्थले अभेदं नोल्लिखन्ती धीरित्यादि यदुक्तम् । तदयुक्तम् । न हि तत्र भेदो वा भिन्नता वा चकास्ति । किं तु भेदान्तरमन्तरेणैव विलक्षणधीमात्रं तत्रोदेति । तदुक्तम् । किञ्चिद्धि वस्तु स्वत एव विलक्षणमिति । यद्वा घटादिव्यक्तेः पटादिसाकाङ्क्षत्वमेव तद्भेदत्वम् । यद्यपि घटादिव्यक्तिर्न स्वरूपेण पटादिसाकाङ्क्षा । तथापि तत्प्रतियोगिको भेदो भवन्तीति तत्साकाङ्क्षैव । प्रतियोगित्वं च

होता है । इस प्रकार से स्वरूप भेदको व्यवस्थित होने से स्वरूप भेद स्थल मे जो अभेद का उल्लेखन नहीं करने वाला ज्ञान भेद का उल्लेखन करने मे समर्थ नही हो सकता है, ऐसा जो कहा था सो ठीक नही है । क्योंकि तादृश स्थल मे भेद या भिन्नता का प्रकाशन नही होता है, किन्तु भेदान्तर के विना ही विलक्षण ज्ञानमात्र ही उदयिमान होता है । ऐसा कहा कि कोई पदार्थ स्वत एव विलक्षण होता है, अर्थात् कोई पदार्थ तो परापेक्ष विलक्षण होता है और कोई इतरानपेक्ष ही स्वत एव विलक्षण होता है । अथवा घटादि व्यक्ति मे पटादि साकाक्षत्व है, उसी का नाम है पट भेद । अर्थात् घट मे जो पट की साकाक्षता उसी को पटप्रतियोगिक घटानुयोगिक भेद कहते है । यद्यपि घटादि व्यक्ति स्वरूपत. पट साकाक्ष नही है, तथापि पट प्रतियोगिक भेद के होने से वह पट साकाक्ष ही है ।

पटादेः भेदत्वप्रकारकपटादिधीकारणीभूतधीविशेषविषयत्वम् । अन्योन्याभावस्तु यद्यपि तदात्मीभवतोर्घटपटयोर्नाभावौ । नापि तयोस्तादात्म्यस्याभावोऽसौ येनात्यन्तासत्प्रतियोगिकः स्यात् । नाप्यतदात्मीभवतोः । येन स्तम्भः पिशाचो न भवतीत्यत्र तस्यैकस्यैकमेव ज्ञानं स्तम्भे प्रत्यक्षं पिशाचे चाप्रत्यक्षमापद्येत । नापि घटे पटतादात्म्यस्याभावो येन संसर्गा-

"घट: पटो न" इत्याकारक पटनिष्ठ प्रतियोगिता तो भेदत्व प्रकारक घटादि ज्ञान कारणीभूत जो ज्ञान विशेष तद्विषयता रूप ही प्रतियोगिता पट मे है (पटाद् भिन्नो घट:) इस स्थल मे भेदत्व प्रकारक जो घट ज्ञान पट विषयक ज्ञान । क्योकि पट के रहने से ही तादृश घट ज्ञान होता है । उस ज्ञान का कारणीभूत ज्ञान पट ज्ञान विशेष तद्विषय पट है, विषयता पट मे रहती है तो यही प्रतियोगिता हुई पट मे । इस प्रगार से पट मे प्रतियोगित्व लक्षण का समन्वय होता है) अन्योन्याभाव यद्यपि तादात्म्यापन्न घट पट का अभाव नही है । न वा घट पट का जो तादात्म्य उसका अभाव भी नही है, जिससे कि अत्यन्त असत् प्रतियोगिकत्व अन्योन्याभाव को होवे । न वा अतादात्म्यापन्न वस्तुद्वयका अभाव अन्योन्याभाव है । जिससे कि स्तंभ पिशाच नही है, इस स्थल मे उस एक अभाव का एक ही ज्ञान स्तभा से प्रत्यक्ष हो और

भावः स्यात् । किं तु घटः पटे इत्यारोपरूपशरीरम् । एव च घटे पटत्वारोपः तथैवानुभवात् । निषेधस्तु पटस्यैव तस्यैव सामानाधिकरण्येनान्वयात् । वैयधिकरण्येन तु तदन्वये घटे पटो न घटे पटत्वं नेति बाधधीः स्यात् । तस्मादभावाधिकरणे प्रतियोगितावच्छेदकं धर्ममारोप्य यो निषेधः प्रतीयते सोऽन्योन्याभाव इति विज्ञेयम् । ननु धर्म आरोप्यते धर्मी निषिध्यत इति दुर्घटम् । आरोपितस्यानिषेधान्निषेध्यस्य चानारोपादिति

पिशाचांश मे अप्रत्यक्ष हो जाय । न वा अन्योन्याभाव घट मे पट तादात्म्य का अभाव रूप है जिससे कि अन्योन्याभाव संसर्गाभाव कहलाजाय । किन्तु घट पट यह आरोप शरीर शरीर है, यह घट मे पटत्व का आरोप है, क्योकि ऐसा ही अनुभव होता है । निषेधतो पट का ही होता है, क्योंकि पट का ही सामानाधिकरण्य रूप से अन्वय होता है । वैयधिकरण्य रूप से अन्वय माने तब तो घट मे पट नही है, घट मे पटत्व नही है, एतादृश बाध ज्ञान हो जायगा । इसलिये अभाव के अधिकरण मे प्रतियोगितावच्छेदकीभूत धर्म का आरोप करके जो निषेध (अभाव) प्रतीयमान होता है उस अभाव का नाम अन्योन्याभाव होता है, ऐसा जानना चाहिए ।

शका—आरोप तो धर्म का होता है और निषेध होता है धर्मी का, यह तो बन नही सकता है । (यह दुर्घट है ।)

घेन्न । आरोपे निषेधबुद्ध्या च घटपटयोर्भानमित्यनुभवसिद्धम् किं त्वनुभववैचित्र्यादारोपो धर्मप्राधान्येन । निषेधस्तु धर्मिप्राधान्येन तथैवानुभवादिति दिक् वैधर्म्येषु वैधर्म्योपगमेऽनवस्था न दोषाय प्रामाणिकत्वात् । तत्र स्वरूपभेदेन भिन्नधीसम्भवाद्वेति ॥

यत्तु भेदो भिन्ने निविशत इत्यादि । तत्तुच्छम् । तस्य

क्योंकि जिसका आरोप हुआ उसका तो निषेध नही किया गया, तथा जो निषेध्य होता है उसका तो अरोप नही होता है ।

उत्तर—आरोप मे निषेध बुद्धि से घट पट का भान होता है ऐसा अनुभव सिद्ध है, परन्तु ज्ञान के विचित्र होने के कारण धर्म के प्राधान्य मे आरोप होता है और निषेध होता है धर्मी को प्रधानता से, क्योकि अनुभव ऐसा ही होता है । वैधर्म्य मे दूसरे वैधर्म्य को मानने से अनवस्था होती है, ऐसा नही कहना । क्योकि यह अनवस्था प्रामाणिक है । अप्रामाणिक अनवस्था ही दोषावायक है । अथवा घट पटादि मे वैधर्म्यात्मक भेद रहता है और वैधर्म्य मे स्वरूपात्मक भेद रहता है । इसी से वैधर्म्य भिन्न व्यवहार होता है । अत. भेद व्यवहार के उपपादन करने के लिए वैधर्म्यकी धारा नही मानते है स्वरूप भेद से ही निर्वाह हो जाता है ।

भेद भेद विशिष्ट मे रहता है अथवा अभेद विशिष्ट

नित्यसमाप्रपञ्चत्वात् । न हि तद्भेदविशिष्टे तद्भेदवृत्तिं नाप्यभिन्ने भेदवृत्तिं ब्रूमः । किं तु भेदोपलक्षिते भेदवृत्तेर्मयोपगमात् । किञ्च यदा यत्र भेदो वर्तते तत्तदा तद्भेदवदेव तत्पूर्वं तु नास्त्येव । न हि गौर्गोत्वादिशून्यः क्षणमपि

मे रहता है ? इस प्रकार से प्रश्न करके उभय पक्ष मे दोष बताकर जो भेद के खण्डन करने का खडनकार ने प्रयास किया था सो ठीक नही है, क्योकि वह कथन तो नित्य समजाति रूप दोष का प्रकार मात्र है, वस्तुत दोष नही है। क्योकि मैं न तो तद्भेद विशिष्ट अधिकरण मे तद्भेद कोमानता हूँ न वा अभेद विशिष्ट अधिकरण मे ही भेद की वृत्ति को मानता हूँ। ऐसा मे कहता हूँ। (अत एव पूर्व पक्षी का प्रश्न निराधार है) तब भेद की वृत्तिता अधिकरण मे किस प्रकार से है ? इस प्रश्न के उत्तर मे कहते हैं। किन्तु इत्यादि–किन्तु भेद से उपलक्षित जो अधिकरण तादृश अधिकरण मे भेद की वृत्तिता होती है, ऐसा मैं मानता हूँ। और भी देखिये जिस काल मे जिम अधिकरण मे भेद रहता है वह अधिकरण उस काल मे उसी भेद से विशिष्ट होकर के भिन्न इस प्रकार के व्यवहार को सम्पादन करता है। इस भेद की वृत्तिता से पूर्व काल मे वह अधिकरण ही नही होता। क्या गाय गोत्वजाति से शून्य होकर के एक क्षण भी रहती है ? । यद्यपि

जातेर्जातसम्बन्धत्वात् अन्योन्याभावस्य स्वरूपभेदस्य च तत्समत्वात् स्वरूपभेदस्य पिण्डे निवेशानुपगमाद्वा । एतेन प्राग्नोपेत्यादि खण्डितम् अप्रसक्तत्वात् । नूनं किं गवि गोत्वमुतागवीति वदता धर्मधर्मिभाववैरिणा बौद्धेन शिक्षि-

पदार्थ की उत्पत्ति तथा जाति के साथ संबन्ध एक ही काल मे हो जाता है । उत्पन्न होते ही जाति से संबन्ध हो जाता है ऐसा नियम है । अन्योन्याभाव तथा स्वरुप भेद जाति के समान ही हैं । (जैसे जाति से शून्य घटादि व्यक्ति एक क्षण भी नही होता है । उसी प्रकार से जाति के समान जो अन्योन्याभाव वा स्वरूप भेद से शून्य पदार्थ एक क्षण भी नही नहता है । पैदा होते ही अन्योन्याभा-वात्मक भेद से विशिष्ट हो जाता है । नतो भेद संवन्ध रहित काल में उस वस्तु की आस्तिता ही है और जब आस्तिता होती है तब से भेद विशिष्ट हो करके ही व्यवहार होता है ।) अथवा स्वरूप भेद का निवेश पिण्ड व्यक्ति मे नही माना जाता है (अर्थात् यदि स्वरुप भेद को व्यक्ति मे वृत्तिता मानते है तब तो वह भेद भेदान्तर सापेक्ष होकर के ही रहेगा, तब अनवस्था प्रभृति दोप हो जाते हैं । अतः स्वरूप भेद जो व्यक्ति में रहता है सो इतर भेद सापेक्ष नही है किन्तु स्व स्वभावात इतर भेदानपेक्ष होकर के ही रहता हैं यह अभिप्राय 'पिंडेनिवेशानुगमात्' इस पंक्ति

तोऽसि यदीदृशान्यसाराणि प्रलपसि । धर्मधर्मिभाव एव मह्यं न रोचत इति चेत् । नूनमज्ञोऽसि यदभिन्नं प्रतिजानीषे धर्मधर्मिभावं त्वपजानीषे इति । अभेदधर्मा हि धर्मो अभिन्न इति धर्मधर्मिभावाभावे क्वाप्यभिन्नमिति । किञ्च भेदाभावे

वा प्रतीत होता है) अनन्तर पूर्व कथित उत्तर से प्राग् लोपादिक जो दोष दिया था सो भी खण्डित हो जाता है, क्योंकि प्राग् लोपादिक दोष की प्राप्ति ही नही होती। अर्थात् जाति के समान जब भेद का स्वभाव है तब भेद की धारा ही नही चलती हे। तब द्वितीय भेद के मानने से प्रथम भेद का जो काय था सो सिद्ध हो जाता है तो प्रथम भेद की क्या आवश्यकता रहती है ? इससे प्राग् लोपादिदोष कहा था। अनेक भेद मान तो कौनसा भेद उद्देश्यतावच्छेदक होगा और भेद विधेय बनेगा ? ऐसा जो अभिनिगम्यत्व कहा था और अनेक भेद के स्वीकार करने मे प्रमाण नही है ऐसा जो प्रमाणापगम कहा था सो सब अरण्यरोदनके समान हो जाता है। क्या गो मे गोत्व है या अगो मे गोत्व है। यदि प्रथम पक्ष हो तब तो 'गावि गविगोत्व' यह वचन निरर्थक और यदि गोभिन्न मे गोत्व है तो आपमे भी गोत्व का रहना चाहिये। ऐसा कहने वाला धर्म धर्मि भाव का शत्रु जो बौद्ध उससे आपने शिक्षा प्राप्त की है जो कि ऐसा असम्बन्ध प्रलाप करते हो।

कथमभिन्न इति। न हि धर्मिमात्रम् नाप्यभेदमात्रमभिन्न इति। किं त्वभेदवानभिन्न इति एवञ्चाभिन्नतापि भिन्नमुपजीव्यैव प्रवर्तते अभेदधर्मिणोर्भेदधियमन्तरेणाभिन्नताधियोऽसम्भवादिति। तस्मात्

प्रश्न—धर्म धर्मी भाव हमको अच्छा नही लगता है, ऐसा कहो तो वह भी ठीक नही है, आप निश्चित अनभिज्ञ जान पडते हो क्योंकि अभिन्न है ऐसी तो प्रतिज्ञा करते हो और धर्म धर्मी भाव का अपलाभ करते हो। अरे! अभेद लक्षण वाला जो धर्मी है उसी का नाम तो अभिन्न होता है। यदि धर्म धर्मी भाव नही मानो तो 'अभिन्नम्' इत्याकारक प्रयोग कहा होगा तथा किस प्रकार से होगा? और भी देखिये—यदि भेद को न मानें तब अभिन्न कैसे होगा? क्योंकि अभिन्न तो न धर्मी मात्र है न अभेदमात्र है, किन्तु जो अभेदवान् हो उसका नाम है अभिन्न। ऐसा हुआ तब तो अभिन्नता भी भिन्नतोजीवनी होती है, तब अभेद तथा धर्मी भेद ज्ञान के बिना असभवित है। (अभाव ज्ञान प्रतियोगी के ज्ञान के बिना नहीहोता है, यह नियम है। प्रकृत मे अभेद है भेद का अभाव, तो वह भी भेदात्मक प्रतियोगी ज्ञान के बिना कैसे होगा? अतः अभेदान्यथानुपपत्ति से भी भेद को स्वीकार करना गलेपादुका न्यायात उचित है) तस्मात् भेद का उल्लेख न

अनुल्लिखन्ती भेदं धीर्नाभेदोल्लेखनक्षमा ।
तथा चाद्ये प्रमा सा स्यादन्त्ये स्वापेक्ष्यवैशसात् ॥ इति ॥

त्वदुत्थापिता कृत्या त्वामेवाधाक्षीदिति । अथ निर्वचनानां सर्वेषामेव दोषवत्त्वे निर्वचनासिद्धावनिर्वचनतारूपो मत्पक्ष एव सिध्यतीति चेत् । निर्वचनमुपक्रम्य दोषमवेक्ष्यत्व-

---

करने वाला ज्ञान अभेद का उल्लेख न करने मे समर्थ नही है। ऐसा होने से आद्यपक्ष (भेद ग्राहिता पक्ष) मे ज्ञान प्रमा रूप कहलायेगा। अन्त्य पक्ष (अभेदोल्लेखित्व पक्ष) में प्रमा नही होगा। क्योकि स्व अभेद उसका जो उपजीव्य भेद उसके साथ विरोध होने से। अत "अभेद नो लिखन्ती धी" इत्यादिक प्रकरण द्वारा आप से उठाई गई कृत्या ने आप को ही जला दिया।

शका–सभी निर्वचन के दोषवान् होने से निर्वचन की सिद्धि नही होती है, अत अनिर्वचनीयता रूप मुझ वेदान्ती का पक्ष सिद्ध होता है। निर्वचन के प्रतिक्षेप से सभी पदार्थ मे अनिर्वचनीयत्व सिद्ध हो जाता है।

समाधान–निर्वचन का उपक्रम करके उसमे दोष को देखकर अनिर्वचनीयता का आश्रय करते हुए व्याघात दोष हो जाता है। यदि उस व्याघात दोष से भय नही है तब तो आप उपेक्षणीयता को प्राप्त करते हो। अत हे जड ! आपको ऐसा नही बोलना चाहिये। अर्थात् निर्वचन मे दोष

पेक्षणीयतामाप्नुवानो जड मेवं पुनर्वोचः । अन्योन्याभावात्यन्ताभावोऽभेदः तद्वति च तादात्म्यं वर्तत इति क्वात्माश्रय इति चेन्न । अन्योन्याभावात्यन्ताभावो हि घटत्वादिकं तदेव तादात्म्यं तथा चात्माश्रय एव । अथ नाभेदेनावच्छिन्नेऽन्यो

देखकर अनिर्वचनीयता को स्वीकार करते है तब क्या अनिर्वचनीयता के मानने में व्याघात से नही डरते है ? अर्थात् सभी वस्तुओं में अनिर्वचनीयता मानने में व्याघात दोष होता है ।

प्रश्न–अन्योन्या भाव का जो अत्यन्ताभाव सो अभेद है और अभेदवान् मे तादत्म्य रहता है तब हमारे मत में आत्माश्रय दोष कहां होता है ?

उत्तर–अन्योन्याभाव का जो अत्यन्ताभाव, सो है घटत्वरूप और वही है तादात्म्य, तब तो आत्माश्रय दोष होता ही है । (अत्यन्ताभाव का अत्यन्ताभाव प्रतियोगी का स्वरूप होता है और अन्योन्याभाव का अत्यन्ताभाव प्रतियोगितावच्छेदक घटत्वादि का स्वरूप है और वही तादात्म्य है । अथवा अन्योन्य शब्द का अर्थ है तादात्म्य, तदभावाभाव पुनः तादात्म्य मे ही पर्यवसित होता है, तब आत्माश्रय दोष है ही)

शंका–अभेदावच्छिन्न में अर्थात् अभेद विशिष्ट अधिकरण मे अन्य भेद नही रहता है । अभेद रहता है ।

तत्र विशेष्यभागे गोत्ववृत्तिरित्येवोपलक्षितवृत्त्यर्थः। एवमभेदे चेदेवं भेदेऽपीति। यदपि च किञ्च भेद इत्यादि। तदप्यसत्। अनवस्थायाः प्रामाणिकत्वात्। एवञ्च भेदप्रत्ययस्य भेदावलम्बनत्वे समर्थिते तदद्वैतश्रुतेरित्याद्यपि निरस्तम्। अर्थापत्तेस्त्वद्वैतागमोपकारकता प्रागेवापास्ता। यत्तु पारमार्थिकमद्वैतं प्रविश्येत्यदिकं पूर्वमुक्तं तदप्यसत्। पारमार्थिकत्वे बीजाभावात्। अत एवापातो यदिदमित्यादुपसंहारो व्यपास्तः अद्वैतस्य

उसमे विशेष्य भाग जो व्यक्ति है उसी मे विशेषण गोत्व उसकी जो वृत्तिता है उसी को उपलक्षितवृत्ति शब्द से कहते है। न कि विशिष्टाश मे वृत्तिता को उपलक्षित वृत्तिता कही जाती है। यदि इस प्रकार से अभेद को अभेदोपलक्षित वृत्तिता मानते हो तब तो भेद मे भी इसी प्रकार से भेदोपलक्षित वृत्तिता मान लीजिये। अर्थात् अभेद की वृत्ति अभिन्न मे मानने से जैसे अभेद धारा बन जाती है और प्राग् लोपादि दोष हो जाते है, तब आपने इन दोषो को हटाने के लिये अभेदोपलक्षित मे अभेद की वृत्तिता का स्वीकार किया है। और उपलक्षित वृत्तिता का विलक्षण अर्थ बतलाने का कौशल दिखाया, तो इसी प्रकार से भेद पक्ष मे भी दोष का उद्धार और पक्ष का निर्वाह हो सकता है तब केवल मेरे पक्ष मे ही दोष देना ठीक नही है। कहा है कि "यश्चोभयोः समो दोषः परिहारोपि तादृशः। नैकः पर्यनुयोक्तव्यस्तादृगर्थ विचारणे"

योग्यताज्ञानविरहेण श्रुत्यापि प्रतिपादनायोगादिति । यत्तु-तर्केण नैषा बुद्धिरपनेयेति श्रुतिराहेत्युक्तम् । तदपि नाद्वैतसिद्धौ प्रमाणं स्त्रियश्च, धर्मप्रसेविका इतिवत् । तादृशभावनस्य मोक्षानुकूलत्वेऽपि तादृशवस्तुतत्त्वस्यासिद्धेरभेदधीप्रतिपालनमात्रस्य श्रुत्युपदिष्टत्वात् ॥

विचारणी ॥" जो दोष उभय पक्ष में समान हो तथा जिसका उत्तर दोनों के लिये समान हो तादृश स्थल में एक के ऊपर ही अतिभार देना अनुचित है । अतः निरस्त सर्व दोष होने से भेद पक्ष बहुत समीचीन है । जिस किसी ने कहा था कि भेद भेदविशिष्ट में रहता है कि अभेद विशिष्ट में रहता है ? यदि भेद विशिष्ट में वृत्तिता हो तब तो भेद पुनः भेद पुनरपि भेद इस प्रकार से अनवस्था होती है । ऐसा कहा था सो ठीक नहो है, क्योंकि अनवस्था को प्रामाणिक होने से । अर्थात् अप्रामाणिक अनन्त प्रवाह रूप अनवस्था दोष है, प्रामाणिक अनवस्था दोषाधायक नहीं होती है । वस्तुतस्तु भेदोपलक्षित में भेद की वृत्तिता मानने से अनन्त प्रवाह की आवश्यकता ही नहीं होती है तब अनवस्था दोष कहां होता है ? न वा आत्माश्रय प्रागलोप अविनिगम्यत्व प्रमाणापगम दोष ही होता है । इस प्रकार से जब भेद ग्राहक प्रत्यक्ष को सालंबनत्व व्यवस्थित हो जाता है तब 'तदद्वैतमतेस्तावद्बाधः

प्रत्यक्षतः क्षतः' जो कहा था सो भी परास्त हो जाता है। अर्थात् जब भेदात्मक विषय को लेकर के व्यवस्थित है तब तो उस प्रत्यक्ष से अद्वैतागम का बाध होना आवश्यक है। अब जब तक बाधक बैठा है तब तक अद्वैतागम अभेद का प्रतिपादन नही कर सकता है। इस स्थिति मे अद्वैतागम का प्रत्यक्ष से बाध नही है, ऐसा कहना मदारी के ढोल बजाने के जैसा होता है। और अर्थापत्ति प्रमाण अद्वैतागम का उपकारक है, इसका निराकरण पूर्व मे किया जा चुका है। "अद्वैतागमनासोरे" इत्यादि गाथा से जो अद्वैतागमोपकारकत्व बतलाया था सो ठीक नही है, क्योकि आगम का भेद प्रत्यक्षबाधित होने से। अर्थापत्ति प्रमाण का उत्थान ही असभवित है। उपचारार्थक मानने पर भी अद्वैतागम का निर्वाह हो जाता है। भेद प्रत्यक्ष का निर्वाह नही होता है, अन्यथा 'अदितिर्धो आदित्यो यूप.' वाक्य भी प्रामाणिक होगा, अर्थवाद नही कहायेगा। एव तत्त्वमादि पद मे आपको भी लक्षणा की आवश्यकता नही होगी। अतः प्रत्यक्ष विरोध का समाधान करने के बाद ही इतर प्रमाण फलवान् होता है। परन्तु प्रकृत मे अद्वैतागम प्रत्यक्ष का जो विरोध उसके निराकरण करने मे असमर्थ होता हुआ स्वयमेव प्रत्यक्ष से बाधित हो जाता है। अतः अद्वैत की सिद्धि नही हो सकती है, न वा अर्थापत्ति

प्रमाण अद्वैतागमका सहायक है अन्यथोपपत्ति से अन्यथानु-
पपत्ति का समाधान हो जाता है।

'पारमार्थिकमद्वैतं प्रविश्य शरणं श्रुति.' इत्यादि ग्रन्थ
से अद्वैतनिष्ठ पारमार्थिकता को लेकर के अद्वैतागम
उपजीव्य बाध से नहीं डरता है, ऐसा जिसने कहा है सो
ठीक नही है, क्योंकि अद्वैत की पारमार्थिकता में कोई
प्रमाण नही है। और यह पारमार्थिकत्व वस्तु क्या है ?
यदि प्रमाण द्वारा जो जाना जाय उस को पारमार्थिक कहें
तब तो चक्षुरादिद्वारा ज्ञायमान घटादिक भी पारमार्थिक
कहावेगा। यदि श्रुतिमात्र गम्यत्व रूप को पारमार्थिकत्व
कहें तो श्रुतिमात्र गम्य धर्मादिक में भी पारमार्थिकत्व हो
जायगा। क्योंकि धर्मादिक भी केवल श्रुतिमात्र गम्य हैं।
यदि त्रिकालाबाधात्व रूप पारमार्थिकत्व कहो तो मैं पूछता
हूँ कि अबाध्यत्व शब्द का क्या अर्थ है ? यदि बाधा-
विषयत्वक हैं तब तो नेदं रजतम् इस ज्ञान का प्रतियोगी
रूप से विषय है उसी प्रकार से अनुयोगिता संबन्धेन शुक्ति-
का है, तो शुक्तिका में भी लक्षण नहीं जाता है तथा जगद-
ध्यास का अधिष्टान ब्रह्म में भी लक्षण नहीं जायगा,
क्योंकि उसमें भी अनुयोगिविषया बाधक ज्ञान विषयता होने
से बाधाविषयत्व नहीं है। यदि ब्रह्म भिन्नत्व को बाध्यत्व
कहें, तद्‌भाव को अबाध्य कहें, तब तो गगन कुसुम में ब्रह्म

भिन्न है किन्तु बाध्यत्व नहीं है तदभाव पारमार्थिकत्व उस मे भी हो जायगा। अत पारमार्थिकत्व का कुछ भी निर्वचन नहीं हो सकता है। अत एव 'आपाततो यदिदमद्वयवादिनीना-मित्यादि' प्रकरण से जो उपसहार करते हुए अद्वैत का निर्णय किया था सो भी परास्त हो जाता है? क्योकि योग्यता ज्ञान रूप कारण के अभाव होने से अद्वैत रूप अर्थ का प्रतिपादन श्रुति से नही हो सकता है (शाब्द बोध मे योग्यता ज्ञान को कारणत्व माना गया है। यदि कदाचित योग्यता ज्ञान को कारणता न मानें तो "अग्निना सिंचति" अग्नि से सेचन करता है, इस अयोग्य वाक्य से भी शाब्द बोध हो जायगा। परन्तु प्रत्यक्ष बाध है, इसलिये योग्यता ज्ञान जहा रहेगा उसी स्थल मे शाब्द बोध होता है, ऐसा निश्चय है। अब प्रकृत मे जीव और ईश्वर की एकता रूप जो अद्वैतात्मक अर्थ है। सो तो "नाहमीश्वर" मैं ईश्वर नही हूँ इस प्रत्यक्ष से "जीव परमेश्वराद्भिद्यते विरुद्धधर्माश्रयत्वात्" जीव परमेश्वर से भिन्न है विरुद्ध धर्म का आश्रय होने से। जो विरुद्धधर्माश्रय होता है उसमे परस्पर भेद रूप साध्य रहता है जैसे घट मे विरुद्ध धर्माश्रय होने से पट से भिन्न है, इसी प्रकार से अल्पज्ञत्व सर्वज्ञत्व रूप विरुद्ध धर्माश्रय होने से जीव और परमेश्वर भिन्न है इस अनुमान से तथा

"द्वा सुपर्णा सयुजा-सखाया समान वृक्ष परिपस्वजाते।
तयोरन्य पिप्पल स्वाद्वत्ति अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति ॥"
(शोभन पक्ष वाले दो पक्षी जो परस्पर अपने मे मित्र भाव रखते है सो शरीर रूप एक वृक्ष पर बैठे हे उन दोनो मे से एक तो शरीर मे रहता हुआ कर्मफल—सुख दु ख का भोग करता है तथा दूसरा विना कुछ खाते हुए ही सुशोभित हो रहा है। इसमे कर्मफल भोक्ता जीव को पृथक् और अभोक्ता केवल साक्षी रूप परमेश्वर को पृथक् बताया है। धर्माधर्म की सहायता से जीव फल भोक्ता है और पाप पुण्य से रहित होने के कारण ईश्वर अभोक्ता साक्षी अन्तर्यामी कहाता है) इत्यादि अनेक श्रुतियो से तथा "द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च। क्षर सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते" (इस लोक मे दो प्रकार के पुरुष है एक तो क्षर पद वाच्य हे और दूसरा अक्षर पद वाच्य हैं। उसमे क्षरपद से जीव राशि का निर्देश है तथा अक्षर पद से परमात्मा का ग्रहण होता है) इस गीता वचन से विरोध होता है। अत अद्वैत अर्थ का प्रतिपादन तत्त्वमस्यादि श्रुति से होने मे वाधक है। नही कहो कि 'मम कर्णकुहरे प्रविष्य सिंहो गर्जति' "अंगुल्याग्रे करिशत विहरत्ति" मेरे कान मे प्रवेश करके सिंह गर्जन करता है और अंगुली के अग्रभाग पर सैंकडो हाथी विहार करते हैं,

इत्यादि स्थलों में तो योग्यता नहीं है फिर भी तो शब्दबोध होता है इसलियो योग्यताज्ञान शब्द बोध में कारण नही है, ऐसा कहना ठीक नही है, क्योंकि प्रदर्शित स्थल मे प्रदर्शित वाक्य बाधितार्थका प्रतिपादन करते है अतः अप्रामाणिक कहलाते है । इसी प्रकार से तो आपका तत्त्वमस्यादि वाक्य भी अप्रामाणिक हो जायगा, सो तो आपको इष्ट नही है । नही कहो कि अद्वैतागम प्रतिपादित अर्थ अबाधित है इसलिए वाक्य अप्रामाणिक नही है – यह कहना भी ठीक नही है क्योकि एकता रूप अर्थ मे प्रत्यक्ष अनुमान श्रुतिस्मृति प्रमाण को बतला आया हूँ । और "नैषा तर्केण मतिरपनेया" इस अद्वैत बुद्धि का निराकरण तर्क द्वारा नही करना ऐसा श्रुति कहती है, यह जो आपने कहा था सो भी ठीक नही है क्योंकि कि यह कथन अद्वैत की सिद्धि में प्रमाण नही है । स्त्री धर्मसेविका है। इसके समान होने से । अर्थात् श्रुत पदार्थ का त्याग अन्यत्र श्रुत से होता है, जैसे स्त्री धर्म सेविका है "न स्त्रीशूद्रौ वेदमधीयाताम्" इस प्रकार से जब सामान्यत. वेदाध्ययन का निराकरण है तब धर्म सेवकत्व कैसे बन सकता है ? इसी तरह से अद्वैत भावना मोक्ष के अनुकूल है एतत्परक श्रुति है । न नु वस्तु की सिद्धि होती है। अभेदज्ञान मात्र श्रुति से किया जाता है, न कि श्रुति का,

अथेयता प्रबन्धेन प्राधान्येन स्वमतं व्यवस्थाप्येदानीं तैर्थिकमतानि खण्डयितुं खण्डनयुक्तीः प्रयोक्ष्यमाणः जल्पे तु स्थापनाघटिते तदवतारं कर्तुमशक्नुवानः जल्पस्त्वेका कथा न भवत्येव वितण्डाद्वयशरीरत्वात् । अन्यथा जल्पद्वयेनाप्येका कथा किमिति न भवतीति जल्पमेव खण्डनकृत् प्रत्यादिदेश । यद्यपि जल्पे प्रथमकक्षायां स्थापनाकण्टकोद्धारः द्वितीयकक्षा-

---

अद्वैतात्मक वस्तु के प्रतिपादन मे तात्पर्य है प्रत्युत श्रुति तो तर्क को मोक्ष मे सहायक बताती है 'मन्तव्य.' इस श्रुति से श्रुत आत्म वस्तु के स्थिरीकरण को मनन द्वारा श्रुति बतलाती है, तब वो तर्क का निराकरण बतलाया सो केवल शिवद्रोह मे तात्पर्य है ।"

शका—उपर्युक्त प्रकरण से प्रधानतया स्वमत का व्यवस्थापन करके तदनन्तर अन्य शास्त्रकारोंका मत खंडन करने के लिये खंडनयुक्ति प्रयोग करने के वास्ते स्थापना, सहित जल्प कथा मे खण्डनयुक्ति का प्रयोग करने मे असामर्थ्य का अनुभव करते हुए जल्पनाम वाली एक कथा तो नही हो सकती है किंतु जल्प तो वितण्डाद्वय शरीरक है अर्थात् दो वितंडा का नाम ही जल्प है । यदि दो वितंडा का नाम जल्प न मानै किन्तु जल्प नामक अतिरिक्त एक कथा मानै

यान्तु प्रथमस्थापनाखण्डनं प्रतिस्थापना चेति न वितण्डाद्वयसम्भवः। तथापि अजहत्स्वार्थलक्षणया स्थापनैव स्वपक्षसिद्धिपरपक्षप्रतिषेधोभयधीपरा सत्प्रतिपक्षवदिति खण्डनार्थ इति प्राञ्चः ॥

आदौ प्रथमः स्थापयति ततो द्वितीयः खण्डयतीत्येका

तव तो दो जल्प से मिलित एक कथान्तर ही क्यों न माना जाय ? इस प्रकार से खण्डनकार ने जल्प को ही उडा दिया। यद्यपि जल्प मे तो प्रथम कक्षा मे पक्ष को स्थापना और उसके दोष का उद्धार किया जाता है और द्वितीय कक्षा मे प्रथम स्थापना का खण्डन तथा दूसरी स्थापना की जाती है। इससे जल्प मे दो वितण्डा की सम्भावना नही होती है। तथापि स्थापना शब्द अजहद्स्वार्थलक्षरणा के द्वारा स्वपक्ष की सिद्धि तथा परपक्ष का निराकरण एतद् उभयविषयक ज्ञान परक है। सत्प्रतिपक्ष के समान। जैसे सत्प्रतिपक्षस्थल मे द्वितीय हेतु स्वकीय साध्य साधन के लिये तथा प्रथम हेतुक साध्य के निराकरण के लिये होता है। तथा प्रथम भी। इसी तरह प्रकृत मे भी जानना। ऐसा अर्थ खण्डन प्रकरण का है सो प्राचीन कहते है। नवीन तो इस विषय मे ऐसा कहते है कि आदि मे एक पक्ष वाला अपने मत का स्थापन करता है तथा दूसरा प्रतिपक्षी उसका खण्डन करता है, इस प्रकार से यह एक

वितण्डा । ततो द्वितीयः स्थापयति ततः प्रथमः खण्डयतीत्यपरा वितण्डेति तु नव्याः ।

अत्राहुः । परपक्षहननशक्तिमात्रजिज्ञासायां वितण्डा स्वपक्षरक्षणपरपक्षहननशक्तिजिज्ञासायां जल्प इत्यनयोर्भेदः । इतोऽधिका तु जिज्ञासैव न सम्भवति येन जल्पद्वयेनापि कथान्तरं स्यात् ॥

अथ खण्डनकृत् षोडशपदार्थीं खण्डयिष्यन् तत्र मूर्धन्यं

वितण्डा कथा हुई । उसके पीछे द्वितीय प्रतिपक्षी अपने मत का स्थापन करता है तदनन्तर प्रथमवादी उसका खण्डन करता है । यह हुई दूसरी वितण्डा कथा ।

समाधान–परपक्षका विनाशन शक्तिमात्र विषयक जिज्ञासा मे वितण्डा कथा होती है और स्वपक्ष रक्षण और पक्ष का निराकरण शक्ति की जिज्ञासा मे जल्प होता है । यही दोनो मे भेद है । इस दो प्रकार की जिज्ञासा से अधिक जिज्ञासा ही नही होती है जिससे कि दो जल्प को मिला करके तृतीय कथान्तर की शका होवे ।

इसके बाद षोडश पदार्थो का महामुनि गौतम ऋषि प्रणीत न्यायशास्त्र का खण्डन करने के लिए उस न्याय शास्त्र मे सर्वापेक्षया महत्त्वशाली× प्रमाण के खडनार्थ खण्डनकार

× प्रमाण प्रमेयादिक षोडश पदार्थों मे प्रमाण इसलिये सर्वश्रेष्ठ माना जाता है कि प्रमेय की सिद्धि प्रमाण के द्वारा ही होती है । कहा है कि

प्रमाणं खण्डयितुं तदुपधायिकां प्रमामादौ खण्डयति स्म तत्त्वानुभूतिः प्रमेत्ययुक्तम् । तद्यथा । तत्त्वपदं यौगिकं रूढं वा । नाद्यः । तद्धि प्रकृतं न चात्र तदस्ति भवितुस्तत्त्वशब्दार्थत्वा-

श्रीहर्ष प्रमाणघटक प्रमा का प्रथमत खण्डन करते हैं । जो आप प्रमा का लक्षण करते हो कि प्रमा तत्त्व विषयक ज्ञान का नाम है, सो ठीक नही है । क्योकि 'तत्त्वानुभूति. प्रमा' यह जो आचार्य शिवादित्यका प्रमा का लक्षण है तत्घटक जो तत्त्व पद है वह यौगिक है अथवा रूढ है ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है क्योकि तव तो "तस्य भाव तत्त्वम्" घटादि धर्मी का जो भाव अर्थात् असाधारणधर्म उसका नाम होगा तत्त्व । तो तत्शब्द है प्रक्रान्त अर्थवाला सो यहा पूर्व मे क्या प्रकृत है ? जिसको कि आप तत्शब्द से ग्रहण करेंगे ? तव तो घटत्वरूप जो तत्त्व तद्विषयक ज्ञान का नाम होगा प्रमा । किन्तु घटत्व का आश्रय जो घट उसमे तो तत्त्व शब्दार्थता है नही, तव घटत्वादि ज्ञान प्रमा होगा और घटादि धर्मी का जो ज्ञान है उसमे प्रमा लक्षण

— 'प्रमेयसिद्धि प्रमाणाद्धि'' (प्रमेय की सिद्धि प्रमाण द्वारा होती है) यदि प्रमाण न हो तो किस के द्वारा होगी ? चक्षुरादि प्रमाण से ही घट पटादि प्रमेय सिद्ध होता है अन्यथा नहीं । अत सव प्रथम प्रमाण के खडन को ही उपक्रम मे लिया गया है । इसमें 'प्रमीयते अनेनेति प्रमाणम्' (प्रमाण प्रमासे घटित है यह उक्त व्युत्पत्ति से सिद्ध होता है ।) इसी से प्रथम प्रमा खण्डन के अर्थ ग्रन्थ का प्रयास है । यदि प्रमा सिद्ध नही होगी तो तद्घटित प्रमाण सुतरामेव असिद्ध हो जायगा । प्रमाण के विशेषण देने मे यही मुख्य आशय है ।

मात्रेन तत्प्रमायामव्याप्तेः । नान्त्यः । स्वरूपपर्यायतया भ्रान्तावतिव्याप्तेः । यत्र यदा यत् स्वरूपसत् तत्र तदा तदनुभूतिः प्रमेति चेन्न । देशकालप्रमयोरव्याप्तेः । देशे देशत्वं काले कालत्वमनुभूयत इति सापि धीः प्रमेति चेन्न । धर्मिप्रमा-

---

की अव्याप्ति हो जाती है। तत्त्व पद रूढ है, यह जो द्वितीय पक्ष है सो भी ठीक नही है क्योंकि तब तो तत्त्व शब्द का अर्थ होगा स्वरूप। ततः स्वरूप विषयक जो ज्ञान उसका नाम होगा प्रमा। तब जैसे घट विषयक घट यह ज्ञान प्रमा है उसी तरह शुक्तिका मे रजत विषयक 'इद रजतम्' यह ज्ञान भी प्रमा हो जायगा। अर्थात् रजत रजतत्व समवाय, ये सब तो स्वरूप ही है, इस प्रकार से भ्रमज्ञान मे अतिव्याप्ति हो जाती है।

शका–जिस स्थल मे जिस काल मे जिसका जो स्वरूप है, तादृश स्वरूप विषयक जो ज्ञान, उसका नाम है प्रमा। अब भ्रम मे शुक्तिका रूप अधिकरण मे रजतत्व का स्वरूप नही है इसलिये शुक्ति मे रजतत्व विषयक ज्ञान प्रमा नही है।

उत्तर–यदि जो देश तथा काल घटित लक्षण प्रमाका मानते है तो देशकाल की प्रमा मे अव्याप्ति होती है। क्योंकि देश मे देश की तथा काल मे काल की वृत्तिता नही होने से देशकाल का स्वरूप स्वरूप नही कहलावेगा। तब उन (देश काल) की प्रमा मे अव्याप्ति हो जायगी।

शका–देश मे देशत्व एव काल में कालत्व धर्म तो अनुभूयमान होता है तब तद्विषयक ज्ञान प्रमा होगा।

यामव्याप्तेः । सा हि देशकालयोर्धीर्न तु तत्त्वयोः । अनुभवत्वमपि न जातिः आगमेनानुमानेन वा भविष्यतोः सुखदुःखयोः प्रत्ययेऽपि सुखं दुःखं वानुभवामीति प्रतीतेरनुत्पत्तेः । नापि स्मृत्यन्यत्वमुपाधिः तयोरेव स्मृत्यन्यत्वप्रत्ययेऽप्यनुभवामीतिप्रत्ययानुदयात् । स्मृत्यन्यत्वे च लक्षणान्तरेण सिद्धे तेनैवेतरभेदसिद्धावस्य वैयर्थ्यात् । इत एव तत्सिद्धावात्मा

उत्तर–एतावता देशत्वादि धर्म विषयक ज्ञान प्रमा होगा नकि धर्मीविषयक ज्ञान प्रमा होगा, क्योकि धर्म तत्वपद वाच्य है, धर्मी तो नही, तब धर्मी की प्रमा मे अव्याप्ति हो जायगी । उक्त ज्ञान तो देश काल का ज्ञान हुआ न कि तत्त्व का ज्ञान । एवम् 'अनुभवामि अनुभवामि' इत्यादि प्रतीति सिद्ध अनुभवत्व जाति नही है क्योकि अनुमान अथवा आगम के द्वारा होने वाला (भविष्यत्) जो सुख दु ख तद्विषयक ज्ञान मे 'इदानी सुखमनुभवामि दु खमनुभवामि' (सुखदु ख का अनुभव करता हूँ) ऐसी प्रतीति नही होनी है । इसलिये अनुभवत्व जाति की सिद्धि नही हो सकती है, और जब अनुभवत्व सिद्ध नही हो सकता है तब तद्घटित प्रमा का लक्षण भी नही बन सकता है । न वा स्मृति भिन्नत्व रूप अनुभवत्व हो सकता है । अर्थात् स्मृति भिन्न जो ज्ञान उसका नाम है अनुभव । क्योकि भविष्यत् सुख दु.ख विषयक ज्ञान में स्मृतिभिन्नत्व प्रत्यय में सुख का अनुभव करता हूँ दु.ख का अनुभव

श्रयात् । असिद्धौ च स्वरूपासिद्धेरिति । उच्यते । यद्यस्य पारमार्थिकं रूपं तत्तस्य तत्त्वम् । यथा घटस्य घटत्वम् । तथा च तद्धर्मिणि तद्धर्मधीः प्रमेति लक्षणार्थः । तेन यत्र यदस्ति तत्र तस्यानुभवः प्रमेति निर्विकल्पकसविकल्पकोभयसङ्ग्राहकं

करता हूं एतादृश ज्ञान किसी को भी नही होता है । यदि किसी लक्षणान्तर के द्वारा स्मृतिभिन्नत्व की सिद्धि हो जाय तव तो लक्षणान्तर से ही इतरभेद सिद्ध हो जायगा । इतरभेदसिद्धि के लिये प्रकृत प्रमा का लक्षण निरर्थक हो जाता है । यदि इसी लक्षण से स्मृत्यन्यत्व की सिद्धि करे तो आत्माश्रय दोष हो जायगा । यदि सिद्धि नही होगी तो लक्षण का स्वरूप ही असिद्ध हो जायगा ।

समाधान–जो जिसका पारमार्थिक रूप है वह उसका तत्व कहलाता है । जैसे घटका घटत्व पारमार्थिक रूप है इससे घटत्व घटका तत्व है और तत्व विपयक ज्ञान प्रमा है । ऐसा नही कि घटत्व का जो धर्मी घट उसमे घटत्व धर्म प्रकारक जो ज्ञान सो प्रमा रूप है । इस प्रकार का अर्थ "तत्वानुभूतिः प्रमा" इस लक्षण का होता है । इसलिये जिसमे जो है उसमे उसका जो अनुभव सो प्रमा है । घट मे जो रहता है–वस्तुतः घटत्व रूप धर्म रहता है– उसमे उस अर्थात् घट रूप धर्मी मे उसका अर्थात् घटत्व का जो 'अयघट' इत्याकारक अनुभव सो प्रमा है । घटत्व-वशिष्ट विशेष्यता निरूपित घटत्वनिष्ट प्रकारताशाली जो अनुभव सो प्रमा है । इस प्रकार से प्रमा लक्षण निकृष्ट

यामव्याप्तेः । सा हि देशकालयोर्धीर्न तु तत्त्वयोः । अनुभवत्वमपि न जातिः आगमेनानुमानेन वा भविष्यतोः सुखदुःखयोः प्रत्ययेऽपि सुखं दुःखं वानुभवामीति प्रतीतेरनुत्पत्तेः । नापि स्मृत्यन्यत्वमुपाधिः तयोरेव स्मृत्यन्यत्वप्रत्ययेऽप्यनुभवामीतिप्रत्ययानुदयात् । स्मृत्यन्यत्वे च लक्षणान्तरं वा सिद्धे तेनैवेतरभेदसिद्धावस्य वैयर्थ्यात् । इत एव तत्सिद्धावात्मा

उत्तर—एतावता देशत्वादि धर्म विषयक ज्ञान प्रमा होगा नकि धर्मीविषयक ज्ञान प्रमा होगा, क्योकि धर्म तत्वपद वाच्य है, धर्मी तो नही, तब धर्मी की प्रमा मे अव्याप्ति हो जायगी । उक्त ज्ञान तो देश काल का ज्ञान हुआ न कि तत्त्व का ज्ञान । एवम् 'अनुभवामि अनुभवामि' इत्यादि प्रतीति सिद्ध अनुभवत्व जाति नही है क्योकि अनुमान अथवा आगम के द्वारा होने वाला (भविष्यत्) जो सुख दुख तद्विषयक ज्ञान मे 'इदानी सुखमनुभवामि दुखमनुभवामि' (सुखदुख का अनुभव करता हूँ) ऐसी प्रतीति नही होती है । इसलिये अनुभवत्व जाति की सिद्धि नही हो सकती है, और जब अनुभवत्व सिद्ध नही हो सकता है तब तद्घटित प्रमा का लक्षण भी नही बन सकता है । न वा स्मृति भिन्नत्व रूप अनुभवत्व हो सकता है । अर्थात् स्मृति भिन जो ज्ञान उसका नाम है अनुभव । क्योकि भविष्यत् सुख दुख विषयक ज्ञान मे स्मृतिभिन्नत्व प्रत्यय मे सुख का अनुभव करता हूँ दुःख का अनुभव

श्रयात् । असिद्धौ च स्वरूपासिद्धेरिति । उच्यते । यद्यस्य पारमार्थिकं रूपं तत्तस्य तत्त्वम् । यथा घटस्य घटत्वम् । तया च तद्धर्मिणि तद्धर्मधीः प्रमेति लक्षणार्थः । तेन यत्र यदस्ति तत्र तस्यानुभवः प्रमेति निर्विकल्पकसविकल्पकोभयसङ्ग्राहकं

करता हूं एतादृश ज्ञान किसी को भी नही होता है । यदि किसी लक्षणान्तर के द्वारा स्मृतिभिन्नत्व की सिद्धि हो जाय तब तो लक्षणान्तर से ही इतरभेद सिद्ध हो जायगा । इतरभेदसिद्धि के लिये प्रकृत प्रमा का लक्षण निरर्थक हो जाता है । यदि इसी लक्षण से स्मृत्यन्यत्व की सिद्धि करें तो आत्माश्रय दोप हो जायगा । यदि सिद्धि नही होगी तो लक्षण का स्वरुप ही असिद्ध हो जायगा ।

समाधान–जो जिसका पारमार्थिक रूप है वह उसका तत्व कहलाता है । जैसे घटका घटत्व पारमार्थिक रूप है इससे घटत्व घटका तत्व है और तत्व विपयक ज्ञान प्रमा है । ऐसा नही कि घटत्व का जो धर्मी घट उसमें घटत्व धर्म प्रकारक जो ज्ञान सो प्रमा रूप है । इस प्रकार का अर्थ "तत्वानुभूतिः प्रमा" इस लक्षण का होता है । इसलिये जिसमें जो है उसमें उसका जो अनुभव सो प्रमा है । घट में जो रहता है–वस्तुतः घटत्व रूप धर्म रहता है– उसमें उस अर्थात् घट रूप धर्मी में उसका अर्थात् घटत्व का जो 'अयंघट' इत्याकारक अनुभव सो प्रमा है । घटत्व-वशिष्ट विशेष्यता निरूपित घटत्वनिष्ट प्रकारताशाली जो अनुभव सो प्रमा है । इस प्रकार से प्रमा लक्षण निकृष्ट

लक्षणं पर्यवस्यति । यद्वा व्यवहारानङ्गत्वेन निर्विकल्पकं

लक्षण कहलाता है । इस तरह निर्विकल्पक सविकल्पक दोनों ज्ञान का सग्रह करने वाला यह लक्षण पर्यवसित होता है। यद्वा निर्विकल्पक ज्ञान व्यवहारोपयोगी नही होता, इसलिये निर्विकल्पक का तिरस्कार करके (छोड़ करके) केवल व्यवहार मे उपयोगी अतएव व्यवहाररागविशिष्ट प्रमा अर्थात् सविकल्पक ज्ञान को लक्ष्य मे रख करके तद्वान् मे तत्प्रकारक अनुभव को प्रमा लक्षण कहा गया है । (तद्वान् अर्थात् घटत्वान् मे तत् प्रकारक अर्थात् घटत्व प्रकारक जो अनुभव सो प्रमा है, ऐसा लक्षण बनाया गया है । यह लक्षण सविकल्पक मे घटेगा । जिस लिये प्रकारता विशेषता का भान सविकल्पक मे होता है निर्विकल्पक मे नही होता ।

प्रश्न—यह लक्षण तो अननुगत हो गया अर्थात् जब प्रकार तथा विशेष्य से लक्षण नियन्त्रित है तो प्रकार विशेष्य तो एक नही है अपितु अनेक है तब लक्षण भी अनेक होता है, नहीं कहो कि लक्षण अनुगत अर्थात् अनेक हो जायगा तो क्या दोष होगा, भले अनेक हो । तो इसका उत्तर यह है कि लक्षण को इतर भेदानुमापक कहते हैं जैसे 'पृथिवी स्वेतरेभ्यो भिद्यते गन्धवत्वात् ।' इसी प्रकार प्रकृत में भी यह लक्षण लक्ष्य को इतर से भेद का अनुमापक होगा । प्रमा स्वेतर से भिन्न है । तद्वत मे तत्प्र-

तिरस्कृत्य तदङ्गं विशिष्टप्रमामात्रं पुरस्कृत्य तद्वति तत्प्रकारकानुभवत्वमिति । न चाननुगमः । न ह्येकत्र प्रमा सर्वत्र प्रमा । किन्तु काचित् क्वचित् । तथा च किं ज्ञानं कुत्र प्रमेति जिज्ञासायामस्योत्थितावननुगमस्यादोषत्वात् । आकाशकालादिप्रमापि आकाशादौ तत्वधीत्वात् प्रमैव । ननु भविष्यद्रागे इदानीं

कारक अनुभव रूप होने से । अब यदि यहां लक्षण अनेक प्रकार विशेष्य घटित होने से अनेक है, तो एक प्रकार विशेष घटित हेतु अमुक पक्ष में ही जायगा किन्तु सकल पक्ष में नहीं । तो पक्ष के एक भाग में जो हेतु न रहें उसका नाम है भागासिद्धि तब यह लक्षण भागासिद्धि होने से अनुमापक नहीं हो सकेगा । अतः लक्षण को अनुगत अर्थात् एक होना चाहिये नहीं तो इतर भेदानुमान में भागासिद्धि हो जायगी । विशेष मत्कृत असिद्धि विचारक ग्रंथ में देखिये ।

उत्तर-जो ज्ञान एक जगह प्रमा रूप है सो सभी जगह प्रमा रूप होवे ही ऐसा कोई नियम नहीं है । किन्तु कोई ज्ञान किसी ही स्थान मे प्रमा रूप होता है तो कौन ज्ञान किस जगह प्रमा है ? ऐसी जिज्ञासा जब होती है तो एतादृश जिज्ञासा होने के पीछे ही इस लक्षण का प्रणयन हुआ है, इसलिये प्रकार विशेष्य नियन्त्रित इस लक्षण में अननुगम दोषावायक नहीं है । आकाश कालादि विषयक प्रमा भी आकाशादिक विषय में तत्व ज्ञान होने से प्रमा रूप है ही ।

श्यामे रक्तधीः प्रमा स्यात् । मैवम् । सा हीदानीं रागालम्बना वा भविष्यद्रागालम्बना वा कालास्पृष्टरागालम्बना वा । आद्ये इदानीं कालविशिष्टे रागो नास्तीति कुतः सा प्रमास्तु एतत्कालविशिष्टस्याधिकरणत्वात् तत्र च रागाभावात् । अन्त्ययोस्त्वनुमतिरेव । नन्वाद्यलक्षणे मूलावच्छेदेन तरौ

प्रश्न—जिसमे भविष्यत् कालिक राग (लाल) है और वर्तमान मे श्याम है उस द्रव्य मे रक्तत्व प्रकारक ज्ञान को प्रमा रूप होना चाहिये ।

उत्तर—यह जो ज्ञान होता है सो वर्तमान कालिक राग विषयक है अथवा काल से अस्पृष्ट राग विषयक है ? प्रथम पक्ष में अभी वर्तमान काल विशिष्ट घटादिक मे राग नहीं है ऐसा ज्ञान होने से उस ज्ञान को प्रमा कैसे कह सकते हैं ? एतत् काल विशिष्ट पदार्थ को अधिकरण होने से और एतत् वर्तमान काल में तो राग नहीं है अतः अन्तिम दोनो पक्ष मे तो स्वीकार ही समझे, अर्थात् भविष्यत् कालिक रागावलबन पक्ष मे एव कालास्पृष्ट रागावलम्बन पक्ष मे उक्त ज्ञान को प्रमा मानने में कोई क्षति नहीं है ।

प्रश्न—प्रथम जो लक्षण है 'तत्वानुभूतिः प्रमा' इसमें मूलावच्छेदेन वृक्ष में 'वृक्षः कपिसंयोगी' इस ज्ञान को प्रमा होना चाहिये क्योंकि शाखावच्छेदेन कपिसंयोग वृक्ष मे है ।

कपिसंयुक्तधीः प्रमा स्यात् । न स्यात् । सा हि तरुः कपिसंयोगीति वा मूलावच्छिन्नस्तरुः कपिसंयोगीति वा । आद्ये इष्टापत्तिः । अन्त्ये तत्र लक्षणमेव नास्ति । द्वितीयलक्षणस्थं तत्प्रकारकत्वन्तु न तद्रूपविशेषणज्ञानजन्यत्वमीश्वरप्रमायामव्याप्तेः । किन्तु तद्वैशिष्ट्यावगाहित्वम् । न च समवायस्यातीन्द्रियतया घटः पट इत्यादिप्रमायामव्याप्तिः न्यायमते

उत्तर—नही होगा । क्योंकि वृक्ष मे जो कपिसंयोग प्रकारक ज्ञान में प्रमात्व का आरोप करते है सो वृक्ष कपिसयोगी है ऐसा आपादन करते है अथवा मूलावच्छिन्न वृक्ष कपिसयोगी है ऐसा आपत्ति का आकार है ? प्रथम पक्ष मे तो इष्टापत्ति है, क्योकि यत्र कुत्रचित् वृक्ष मे कपिसंयोग रहने पर वृक्ष कपिसंयोगी है, यह ज्ञान प्रमा रूप ही है । द्वितीय पक्ष में तो लक्षण ही नही है । क्योंकि मूल मे कपिसंयोग का प्रत्यक्ष बाध है । द्वितीय जो प्रमा का लक्षण है तद्वत् मे तत्प्रकारकत्व तद्घटक जो तत्प्रकारकत्व विशेषण है, उसका अर्थ घटत्वादि रूप जो विशेषण तज्ज्ञानजन्यत्व नही है, क्योकि नित्य ईश्वर ज्ञान में प्रमा लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी, किन्तु तद्वैशिष्ट्यावगाहित्व ही धर्म है ।

प्रश्न—समवाय सम्बन्ध तो अतीन्द्रिय है तब घट पटादि प्रत्यक्ष मे लक्षण समन्वय कैसे होगा ? अर्थात् प्रमा लक्षण

की अव्याप्ति होती है। न्याय के मत मे अर्थात् नवीन न्याय के मत मे समवाय को भी प्रत्यक्ष ही माना गया है। समवाय प्रत्यक्ष है सम्बन्ध होनेसे, संयोग की तरह। केवल संयोग सम्बन्ध के साथ समवाय मे भेद इतना ही है कि सयोगादिक सम्वन्ध सयोगादिक सन्निकर्ष यथा सभव गृहीत होता हैं। समवाय तो इन्द्रिय सबद्ध विशेषणता सन्निकर्ष से होता है।X

X जो नित्य हो तथा सबन्ध हो अर्थात् विशिष्ट बुद्धि का नियामक-हो उसको समवाय सम्बन्ध कहते है। उसमे प्राचीन नैयायिक के मत से समवाय का प्रत्यक्ष नही होता है, क्योंकि सम्बन्ध प्रत्यक्ष के प्रति यावत् सबन्धी का प्रत्यक्ष कारण होता है। जैसे घट भूतल का जो सबन्ध सयोग है वह तब ही प्रत्यक्ष होता है। विशेषण घट और विशेष्य रूप जो भूतल तदात्मक आश्रय वह प्रत्यक्ष हो लता है, इन दो म स एक भी अप्रत्यक्ष रहे तब घटप्रतियोगिक भूतलानुयोगिक सयोग प्रत्यक्ष नही होना है। प्रकृत म लाघवात् समवाय को एक मानते हैं तव उसका यदि प्रत्यक्ष मानेगे तब तो उसका जितना आश्रय है सबका प्रत्यक्ष पहले ही अपेक्षित होगा, सो तो असभवित है। असर्वज्ञ से तीनों काल म रहने वाला जो आश्रय उसका प्रत्यक्ष मादृश असर्वज्ञ को नहीं होता है। अत. समवाय प्रत्यक्ष नहीं है। तब समवाय सबन्ध स विशिष्ट बुद्धि होगी, क्योंकि प्रमाण न रहन मे उसकी सत्ता सदिग्ध हो जाती है, तो इस प्रश्न के समाधान म प्राचीन न अनुमान प्रमाण कहा है। "गुण क्रियादि के द्वारा होन वाली जो विशिष्ट बुद्धि (गुणवान् घटः क्रियावान् घटः इत्यादि) वह विशेषण और विशेष्य

उत्तर-यदि स्वरूप सम्बन्ध मानेंगे तब तो स्वरूप अनेक हैं तब अनन्त स्वरूप को सबन्ध कल्पना मे गौरव हो जायगा। अतः लाघवात् एक समवाय ही प्रकृतानुमान से सिद्ध होता है। नवीन नैयायिक तो सयोग सम्बन्ध के समान समवाय को भी प्रत्यक्ष ही मानते है और कहते है कि सम्बन्ध प्रत्यक्ष मे यावदाश्रयप्रयोजक है, इस नियम को अप्रयोजक बतलाते हैं, समवाय का प्रत्यक्ष इन्द्रिय

—घटादिक की सबन्ध विषयक है, विशिष्ट बुद्धि होने से। जो विशिष्ट बुद्धि होती है सो अवश्यमेव विशेषण विशेष्य के सबन्ध विषयक होती है। दण्डी पुरुष इस विशिष्ट बुद्धि की तरह। प्रकृत मे विशेषण जो गुणादिक और विशेष्य जो द्रव्य उसमें सयोग सबन्ध नही बन सकता है क्योकि सयोग द्रव्य द्वय मे ही होता है, न कि अन्यत्र। ऐसा नियम होने से। न वा इन दोनो का तादात्म्य सबन्ध हो सकता है। भिन्न वस्तु मे तादात्म्य नही होता है। न्याय के मत मे द्रव्य तथा गुण मे भेद माना गया है। अन्यथा गुण के प्रति द्रव्य समवायी कारण नही हो सकेगा। न वा द्रव्य गुण मे कालिक सबन्ध बन सकेगा। अनित्याधिकरण कालिक कदाचित हो भी सकता है "नित्येषु कालिकायोगात्" इस नियम से नित्यानुयोगिक कालिक नही होने से पार्थिव परमाणु म गन्ध का क्या सबन्ध होगा ? अतः कालिक सम्बन्ध द्रव्य गुण का नही। नही कहो कि द्रव्य गुण का सबन्ध स्वरूप हो सकता है, तो ऐसा मानने पर नैयायिक के मत से प्रकृत अनुमान (समवाय-साधक) मे अर्थान्तर तथा मीमांसक के मत से सिद्ध साधन हो जाता है।

तस्यापि प्रत्यक्षत्वोपगमादिति । न च चलद्बलाहकसन्निहिते वस्तुतश्चलति चन्द्रे चन्द्रश्चलतीति धीः प्रमा स्यादिति वाच्यम् । चन्द्रादिकर्मणोऽतीन्द्रियत्वेन सतोऽपि तस्यास्मदा-

---

सम्बन्ध विशेषणता सनिकर्ष से होता है । यद्वा समवाय प्रत्यक्ष नही है इस प्राचीनोक्ति का तात्पर्य सयोगादि पंचविध संनिकर्ष की निवृत्ति मात्र में है, अर्थात् संयोगादि की तरह समवाय पंचविध संन्निकर्षग्राह्य नहीं है । विश्वनाथ ने कहा है "प्रत्यक्ष समवायस्य विशेषणतयाभवेदिनि" समवाय का प्रत्यक्ष विशेषणता संनिकर्ष से होता है । इस विषय पर अधिक विचार मत्कृत समवाय प्रकाश मे देखें । यहाँ थोड़ा प्रसंगात बतला दिया है ।

प्रश्न—चलन क्रिया विशिष्ट मेघ के समीप वर्ती वस्तुतः चलन विशिष्ट चन्द्रमा मे चन्द्रमा चलता है ऐसा जो ज्ञान उसको प्रमा रूप होना चाहिये ।

उत्तर—चन्द्रमा तथा सूर्य प्रभृति की क्रिया है सो अतीन्द्रिय अर्थात् प्रत्यक्ष के योग्य नही होने से । यद्यपि चन्द्रमा में क्रिया है भी परन्तु अस्मदादि से उसका ग्रहण नही होता है, किन्तु मेघ मे रहने वाली जो चलन क्रिया है उसी का चन्द्रमा में आरोप माना जाता है, इसलिये चन्द्रमा चलता है ऐसा जो ज्ञान होता है सो प्रमा रूप नही है, किन्तु भ्रम रूप है । मैं अनुभव करता हूँ ।एतादृश जो

दिभिरग्रहणे बलाहककर्मण एव तत्रारोपाभ्युपगमात् । अनुभवत्वञ्च जातिरनुभवामीत्यनुगतमतित्रलात् । न चैवं भविष्यत्सुखादावपि शब्दाद्यवगते सुखमनुभवामीति धीः स्यात् । इष्टापत्तेः । एवमपरीक्षकस्यापि स्यादिति चेत् । शब्देन भविष्यत्सुखं जानामीति तस्यापि प्रतीतिरेव । सुखदुःखानुभवो भोगमात्ररूप एवेति । मिथ्याधीदूषितान्तःकरणस्य तु दोषवशात् सुखमनुभवामीति धीर्नोदेतीति ॥

अनुगत व्यवहार उसके बल से सिद्ध अनुभवत्व जाति है ।

प्रश्न–यदि अनुभवत्व को जाति मानते हैं तब तो शब्द अनुमानादि से अवगत जो भविष्यत् कालिक सुखादिक है उसमें मैं सुख का अनुभव करता हूँ ऐसा ज्ञान प्रमात्मक होना चाहिये ।

उत्तर–इष्टापत्ति है अर्थात् तादृश ज्ञान होता ही है ।

प्रश्न– तबतो सर्वसाधारण पुरुष को भी तादृश ज्ञान होगा ।

उत्तर–साधारण पुरुष को भी शब्द द्वारा 'भविष्यत् सुख को मैं जानता हूँ' ऐसा ज्ञान होता ही है । सुख दुःख का अनुभव भोग मात्र रूप है । परन्तु मिथ्या ज्ञान से जिसका अन्त करण दूषित है तादृश व्यक्ति को दोष बल से मैं सुखानुभव करता हूँ, ऐसा ज्ञान नहीं होता है ।

शंका–जिस किसी ने कहा था कि अनुभवत्व जाति

यत्तु अनुभवत्वं न जातिः प्रत्यभिज्ञायां धर्म्यंशे संस्कारेन्द्रिययोर्व्यापारात् तदंशज्ञाने स्मृतित्वानुभूतित्वयोः सङ्करादिति । तन्न । संस्कारेण स्मृत्योपनीयमानायास्तत्ताया धर्मीदन्ताग्राहिणेन्द्रियेण भानोपगमेनांशत्रयेऽपि प्रत्यभिज्ञायाः

नही है, क्योकि 'सोयघट' इत्यादि प्रत्यभिज्ञा मे धर्मी घटादि अ श मे संस्कार तथा इन्द्रिय इन दोनो के व्यापार होने से धर्मिक विषयक ज्ञान मे स्मृति तथा अनुभवत्व दोनो के बैठने से साकर्य दोप हो जाता है । (परस्पर अत्यन्ताभावसमानाधिकरण धर्म का एक अधिकरण मे समावेश हो जाना, इसका नाम है । जैसे भूतत्वाभाव का अधिकरण मन मे मूर्तत्व रहता है तथा मूर्तत्वाभाव के अधिकरण मे आकाश मे भूतत्व रहता है और दोना का पृथिव्यादि चतुष्टय मे समावेश होने से साकर्य होता है, इसलिये भूतत्व मूर्तत्व जाति नही है, तद्वत्प्रकृत मे अनुभूतित्वाभाव का अधिकरण 'सामेमाता' इस स्मृति मे स्मृतित्व है और स्मृतित्वाभाव का अधिकरण 'अय घट' इस अनुभव मे अनुभूतित्व है और दोना का समावेश प्रत्यभिज्ञा मे है क्योकि धर्मी अ श म घटाश मे इन्द्रिय सन्निकर्ष भी है । तथा स्मारक सस्कार भी है, अत उस सोयघट इस प्रत्यभिज्ञाघटक धर्मीश मे उभय का समावेश होने से सकर दोप अनिवार्य हो जाता है, ऐसा पूर्व पक्षी का अभिप्राय है ।)

साक्षात्त्वोपगमात् । न हि प्रत्यभिज्ञा ज्ञानद्वयमभेदासिद्ध्यापत्तेः । नापि ग्रहणस्मरणकरम्बिताकारमेकमुक्तसङ्करापत्तेः नापि परोक्षापरोक्षानुभवाकारमेकं साक्षात्त्वस्यानुगतिमतिसिद्धाया जातेरव्याप्यवृत्तित्वापत्तेः । नापि स्मरणमात्राकारमेकमिदन्तायां संस्काराभावात् तस्मादुपनीततत्तासन्निकृष्टेदन्ता-

समाधान—'तन्न इत्यादि' यह आपका कथन उचित नही है, क्योंकि संस्कार जनित स्मृति द्वारा उपनीयमान तत्ता का भी धर्मी तथा इदंताग्राहक जो इन्द्रिय है उसी के द्वारा भान को सम्भावना होने से तीनों अंश में (तत्ता इंदता तथा इदमंश में) प्रत्यभिज्ञा को प्रत्यक्ष ही मानते है । इन्द्रिय सन्निकर्श द्वारा जायमान ज्ञान का नाम है प्रत्यक्ष, तो तत्ता इदंता तथा इदमंश तीनो अंश में प्रत्यक्ष भिज्ञा को प्रत्यक्ष ही माना जाता है । इसलिये अनुभवत्व को जाति होने मे साकर्य बाधक नही है । प्रत्यभिज्ञा ज्ञानद्वय रूप नही है क्योंकि दो होगा तब दोनों में अभेद की सिद्धि नही होगी । न वा प्रत्यभिज्ञा ग्रहणस्मरण-मिलित एकाकार ज्ञान रूप है । एकाकारक यही मानने से सांकर्य हो जायगा । न वा प्रत्यक्ष परोक्ष मिलित एक ज्ञान है । अनुगत प्रतीति वल सिद्ध जो प्रत्यक्षत्व जाति उसको अव्याप्यवृत्तित्व हो जायगा और जाति अव्याप्यवृत्ति नहीं होतो है । न वा प्रत्यभिज्ञा स्मरणमात्राकारक एक ज्ञान है, क्योकि इदंता अंश में सस्कार के अभाव होने से । अर्थात् जो ज्ञान स्मरणात्मक होता है उसमे संस्कार

विशिष्टधर्मि ग्राहीन्द्रियकरणकं साक्षात्कारीन्द्रियकरणकमेकं तदिति पश्यामः। तत्तांशन्तु संस्कारघटिता इन्द्रियसम्बद्धविशेषणता प्रत्यासत्तिरिति निबंधकृतः। तज्जनितस्मरणघटितेति वार्त्तिककृतः। अत्र तद्धेतोरेवेति न्यायात् प्रथम एव कल्पः श्रेयानिति केचित्। चिरध्वस्तानुभवस्य क्रमिकस्मरणं

अवश्य रहता है। यतः संस्कार के विना स्मरण नही होता है। प्रत्यभिज्ञा मे इदंता अंश है उसमें तो संस्कार नही है। इसलिये ज्ञान संनिकर्ष द्वारा प्राप्त जो तत्ता तत्संनिकृष्ट इदता विशिष्ट धर्मि घटादि तद्ग्राहक इन्द्रिय से जायमान साक्षात्कारी प्रत्यक्षज्ञान जनक करण द्वारा होने वाला एक ज्ञान प्रत्यभिज्ञा है, ऐसा हम लोग देखते है। निबन्धकार तो कहते है कि तत्ता अंश मे सस्कार घटित इन्द्रिय सबन्ध विशेषता सनिकर्ष है। इसी सन्निकर्ष के बल से तत्ता विषयक ज्ञान भी प्रत्यक्ष है। संस्कार से जायमान जो स्मरण उससे घटित इन्द्रिय सबन्ध विशेषणता सन्निकर्ष से तदंशविषयक ज्ञान होता है। यहा तद्धेतोरेव, इस न्याय से संस्कार घटित सन्निकर्ष को मानना ही युक्त है। नतु स्मरण घटित इन्द्रिय सम्बध विशेषता को सन्निकर्ष मानना उपयुक्त है। ऐसा कोई कहते हैं अत. प्रथम कल्प ही अच्छा है।× चिरध्वस्त अनुभव को (व्यतीत अनुभव को)

×एक पक्ष में संस्कार घटित इन्द्रिय सम्बद्ध विशेषणता सन्निकर्ष है।

प्रति व्यापारत्वेन संस्कारकल्पनमिति धर्मिग्राहकप्रमाणेन स्मर णार्थमेव तस्य कल्पनात् । यथार्थोऽनुभवः प्रमेत्यपि निरवद्यं यथाशब्दोऽयमनतिवृत्तिवचनः । तेनानतिवृत्तो अर्थो यस्ये-

क्रमिक स्मरण के प्रति कारणता होने के लिये जो व्यापार रूप से सस्कार की कल्पना करते है तदपेक्षया धर्मि ग्राहक प्रमाण वल से स्मरण के प्रति कारणता रूप मे सस्कार की कल्पना की जाती है। जिस प्रकार से "तत्वानुभूति. प्रमा" यह प्रमा लक्षण निर्दुष्ट सिद्ध हुआ उसी प्रकार से "यथार्थानुभव प्रमा" यथार्थ जो अनुभव उसका नाम है प्रमा, यह लक्षण भी निर्दुष्ट है। एतल्लक्षण घटक यथा शब्द सादृश्यार्थक है या किसी दूसरे अर्थ को कहता है ? इत्यादि विकल्प जाल के द्वारा जो प्रकृत प्रमा लक्षण खण्डन करने का प्रयास किया है, उसके उत्तर मे कहते हैं। यथाशब्देत्यादि–लक्षण घटक जो यह यथा शब्द है उसका अर्थ है अनतिवृत्ति, इससे अनतिवृत्ति अर्थ है

दूसरे पक्ष म स्मरण घटित सन्निकर्ष है। अब कार्य घटित सनिकर्ष हो या कारणघटित स न्नकर्ष हो ऐसे विवाद स्थल मे कारण की ही प्रधानता मानें यही उचित है। क्योंकि कार्य जो स्मरण उसको सन्निकर्ष घटक मानेंगे, स्मरण कारण सस्कार अवश्य रहेगा, अत आवश्यक होने से तथा प्रथमोपस्थित होने से सस्कार की ही प्रधानता होना ठीक है। यही 'तद्धेतोरेव' इस न्याय का अभिप्राय है। एक स्थल मे कार्य कारण उभय का कारणत्व विचार में होता है सर्वत्र नही होता।

त्यर्थः । भ्रमार्थो ह्यतिवृत्तो भवति । प्रमार्थस्तु न तथा तस्मिन् घटत्वादौ घटादिषु सत्येव प्रमोदयात् । तेन घटत्ववति घटत्व-प्रकारकोऽनुभवो घटप्रमेति तत्तत्प्रमितीनां लक्षणं तद्वति तत्प्रकारकत्वमिति तत्तत्सर्वलक्षणसूचनाय सामान्यलक्षणं तत्त्वस्यैकस्याभावात् प्रमात्वस्यापि विषयप्रकारभेदेन प्रतिव्य-

जिसका ऐसा जो ज्ञान उसका नाम है प्रमा । यह लक्षणार्थ निष्पन्न होता है । भ्रम ज्ञान का जो अर्थ (विषय) होता है सो तो अतिवृत्त व्यभिचारी वा वाधित होता है और प्रमाज्ञान का अर्थ माने विषय तो अतिवृत्त नहीं होता है । घटनिष्ठ घटत्व मे सत्यज्ञान का ही उदय होता है । इस-लिये घटत्वाधिकरण घट मे घटत्व प्रकारक अनुभव प्रमा रूप ही उत्पन्न होता है ? इसलिये घटत्ववत् घट मे घटत्व प्रकारक जो अनुभव सो घट का प्रमाज्ञान कहलाता है । इस प्रकार से तत्तत्प्रमा का लक्षण होता है । तद्वत् मे तत्प्र-कारक जो अनुभव तद्रूप ही प्रमा लक्षण निष्पन्न हुआ । इस प्रकार सभी लक्षग को वतलाने के लिये तत्तत् इस प्रकार से सामान्य लक्षण होता है, वस्तुतः एक तत्वका अभाव होने से प्रमात्व भी विषय अर्थात् विशेष्य तथा प्रकार के भिन्न भिन्न होने से प्रति-व्यक्ति मे भिन्न भिन्न ही होता है । अर्थात् प्रमात्व विशेष प्रकार से नियन्त्रित है और प्रकार एक नहीं है किन्तु अनेक हैं इसलिये प्रमा लक्षण

क्तिभिन्नत्वादिति। यत्तु द्यूतकारेण पाणौ पञ्च वराटकान् कृत्वा पृष्टस्य पञ्च वराटकास्त्वत्पाणौ सन्तीति अजाकृपाणी-यन्यायेन संवादिवचनं तत्सम्भावनायोनि विप्रलिप्सायोनि

भी एक नही है किन्तु व्यक्ति भेद से भिन्न भिन्न ही है, परन्तु तद्वति तत्प्रकारकत्व रूप सामान्य लक्षण से सभी का संग्रह किया जाता है, वस्तुत. एक नही हैं। जब घटत्व पटत्वादि लक्षण तत्व एक नही है तव तद्घटित प्रमात्व भी एक नही है, किन्तु विषय तथा प्रकार के भिन्न होने से प्रमात्व भी प्रति व्यक्ति में भिन्न भिन्न ही होता है।

यत्तु इत्यादि—खण्डनकार ने दोष दिया था कि मदारी अपने हाथ पर पाच कौडी रखकर के पूछता है कि मेरे हाथ मे कितनी कौडियाँ हैं? जिससे पूछा वह आदमी उत्तर देता है कि अजा कृपाणी न्याय से तुम्हारे हाथ में पाँच कौडी है, तो यह उत्तर ठीक है। अब इस ज्ञान को भी प्रमा कहना चाहिये किन्तु निश्चायक कोई प्रमाण नही है, कि इस ज्ञान को क्या कहना चाहिये। तो इनके उत्तर में उद्धारकर्ता कहते हैं कि अजा कृपाणी न्याय से यह संवादी वचन तो हैं, परन्तु इसका कारण है सभावना अथवा विप्रलिप्सा। अर्थात् यह सवादी वचन सभावनामूलक वा विप्रलिप्सा मूलक है, क्योंकि कारण के नहीं होने से

स्यर्थः । भ्रमार्थो ह्यतिवृत्तो भवति । प्रमार्थस्तु न तथा तस्मिन् घटत्वादौ घटादिषु सत्येव प्रमोदयात् । तेन घटत्ववति घटत्व-प्रकारकोऽनुभवो घटप्रमेति तत्तत्प्रमितीनां लक्षणं तद्वति तत्प्रकारकत्वमिति तत्तत्सर्वलक्षणसूचनाय सामान्यलक्षणं तत्त्वस्यैकस्याभावात् प्रमात्वस्यापि विषयप्रकारभेदेन प्रतिव्य-

---

जिसका ऐसा जो ज्ञान उसका नाम है प्रमा । यह लक्षणार्थ निष्पन्न होता है । भ्रम ज्ञान का जो अर्थ (विषय) होता है सो तो अतिवृत्त व्यभिचारी वा वाधित होता है और प्रमाज्ञान का अर्थ माने विषय तो अतिवृत्त नही होता है । घटनिष्ठ घटत्व मे सत्यज्ञान का ही उदय होता है । इस-लिये घटत्वाधिकरण घट मे घटत्व प्रकारक अनुभव प्रमा रूप ही उत्पन्न होता है ? इसलिये घटत्ववत् घट मे घटत्व प्रकारक जो अनुभव सो घट का प्रमाज्ञान कहलाता है । इस प्रकार से तत्तत्प्रमा का लक्षण होता है । तद्वत् मे तत्प्र-कारक जो अनुभव तद्रूप ही प्रमा लक्षण निष्पन्न हुआ । इस प्रकार सभी लक्षग को वतलाने के लिये तत्तत् इस प्रकार से सामान्य लक्षण होता है, वस्तुतः एक तत्वका अभाव होने मे प्रमात्व भी विषय अर्थात् विशेष्य तथा प्रकार के भिन्न भिन्न होने से प्रति-व्यक्ति मे भिन्न भिन्न ही होना है । अर्थात् प्रमात्व विशेष प्रकार से नियन्त्रित है और प्रकार एक नहीं है किन्तु अनेक हैं इसलिये प्रमा लक्षण

क्तिभिन्नत्वादिति। यत्तु द्यूतकारेण पाणौ पञ्च वराटकान् कृत्वा पृष्टस्य पञ्च वराटकास्त्वत्पाणौ सन्तीति अजाकृपाणीयन्यायेन संवादिवचनं तत्सम्भावनायोनि विप्रलिप्सायोनि

भी एक नही है किन्तु व्यक्ति भेद से भिन्न भिन्न ही है, परन्तु तद्वति तत्प्रकारकत्व रूप सामान्य लक्षण से सभी का संग्रह किया जाता है, वस्तुतः एक नही हैं। जब घटत्व पटत्वादि लक्षण तत्व एक नही है तब तद्घटित प्रमात्व भी एक नही है, किन्तु विषय तथा प्रकार के भिन्न होने से प्रमात्व भी प्रति व्यक्ति में भिन्न भिन्न ही होता है।

यत्तु इत्यादि–खण्डनकार ने दोष दिया था कि मदारी अपने हाथ पर पाच कौडी रखकर के पूछता है कि मेरे हाथ मे कितनी कौडियां है ? जिसमे पूछा वह आदमी उत्तर देता है कि अजा कृपाणी न्याय से तुम्हारे हाथ में पाँच कौडी है, तो यह उत्तर ठीक है। अब इस ज्ञान को भी प्रमा कहना चाहिये किन्तु निश्चायक कोई प्रमाण नही है, कि इस ज्ञान को क्या कहना चाहिये। तो इसके उत्तर में उद्धारकर्ता कहते हैं कि अजा कृपाणी न्याय से यह संवादी वचन तो है, परन्तु इसका कारण है संभावना अथवा विप्रलिप्सा। अर्थात् यह संवादी वचन संभावनामूलक या विप्रलिप्सा मूलक है, क्योंकि कारण के नहीं होने से

वा । कारणाभावेन तत्र निश्चयमात्रस्यैवानुत्पत्तेः । उत्प्रेक्षा-सहितमनोजनितप्रमायोनि वा अनुमातुस्तृतीयलीङ्गपरामर्शाभासात् । वस्तुतो वह्निमति या वह्न्यनुमितिः प्रमाभूता सापि तद्व्याप्तिपक्षधर्मतावैशिष्ठ्यावगाहिनो भगवज्ज्ञानरूपात् प्रमा-

---

निश्चय उत्पन्न हो ही नही सकता है । अथवा उत्प्रेक्षा से सहकृत जो मन उससे जायमान जो प्रमा ज्ञान तन्मूलक पूर्व वचन है । अनुमान से तो निर्वाह नही हो सकता है, क्योकि अनुमाता पुरुष को उस स्थल मे अनुमिति का कारण जो तृतीय लिंग परामर्श सो नही है । अजाकृपाणी न्याय कहते है जहा तलवार लटक रही हो उसके नीचे वकरे को बाघ दिया जाय, अथवा स्वयमेव बकरा वहा आकर के उस तलवार से अपनी गरदन को घिसने लगे और उस घिसने से गला कट जाय । अकस्मात होने वाले कार्य स्थल मे अजाकृपाणी न्याय काकतालीं न्याय आदि का प्रयोग किया जाता है । जहा धूली पटल मे धूमत्व का भ्रम हुआ और उस धूम से पर्वत मे वह्नि का अनुमान किया गया और पर्वत मे वस्तुतः वह्नि है । अब यहा वह्नि ज्ञान प्रमा रूप होगा या भ्रमरूप होगा ? क्योकि विषय बाधित नही है इसलिये भ्रम नही कह सकते, और कारण असत् है इससे प्रमा नही कह सकते, इस प्रश्न के उत्तर मे उद्धार कर्ता कहते हैं–

णादिति न प्रमायाः प्रमाणातिपातः । एवं सम्यक् परिच्छित्तिः प्रमा समीचीनानुभूतिः विशेष्यावृत्त्यप्रकारिकानुभूतिरिति यावत् । एतेनाव्यभिचार्यनुभवोऽविसंवाद्यनुभवो वा प्रमेति

वस्तुतः इत्यादि–एतादृश स्थल में वह्नि व्याप्त धूमवान् पर्वत इत्याकारक परामर्श ईश्वर ज्ञान रूप प्रमाण से ही होता है, इसलिये किसी भी प्रमा में प्रामाण्य का अतिक्रमण नही होता है। इसी तरह से .सम्यक परिच्छित्तिः प्रमा (यहां परिच्छेद शब्द ज्ञान वाचक है तथा सम्यक् शब्द यथार्थ ज्ञान वाचक है, तब यथार्थ जो ज्ञान अथवा यथार्थ जो परिच्छेद घटत्ववत् मे घटत्व प्रकारक ज्ञान उसका नाम है प्रमा) यह जो उदयनाचार्य का प्रमा लक्षण है सो भी ठीक ही है। एवं समीचीन जो अनुभव उसका नाम है प्रमा। यह लक्षण भी ठीक ही है। यहां भी सम्यक् शब्द यथार्थता बोधक है इसलिये समीचीन ज्ञान घटत्ववत् (घटत्व प्रकारक ज्ञान) सो प्रमा है, यह भी प्रमा का लक्षण निर्दुष्ट है अर्थात् विशेष्य घटमें अवृत्ति पटत्वादिक तद प्रकारिका जो अनुभूति–अयघट इत्याकारिका–उसका नाम है प्रमा ? फलितार्थ यह होता है कि "स्वव्यधिकरण प्रकार निष्ठ प्रकारता निरुपिता माया विशेष्यता तत्तदनिरूपक ज्ञानत्वं प्रमायत्व" यहां स्व पद से घट निष्ठा विशेष्यता को लीजिये। उस घट निष्ठा विशेष्यता का जो व्यधिकरण

गमकोऽन्वयसम्न्धो गम्यत इति मत्सिद्धान्तात् । अत एवात्र व्यभिचारसम्बन्ध एवोपदर्श्यते ॥

एवं प्रमायां व्यवस्थितायां प्रमाणमपि स्ववचनम् । प्रमायाः करणं हि प्रमाणं करणञ्च साधकतमं तमचर्थश्चातिशयः स च कारकान्तराचरितार्थकारकत्वम् । तथा हि कर्ता

कि प्रत्येक लक्षण भागासिद्धि दोष हो जायगा । तथाहि "घटप्रमास्वेतरेभ्यो भिद्यते घटत्ववति घटत्व प्रकारकत्वात्" घट की प्रमा स्वेतर से भिन्न है । घटत्ववत् मे घटत्व प्रकारक प्रमा होने से । जो घटत्व प्रकारक प्रमा नही है सो घटत्ववत् घटत्व प्रकारक रूप नही है । जैसे घटत्व प्रकारक प्रमा । इसी प्रकार से घटादि प्रमा को भी तत्तल्लक्षण से भेदानुमिति समभना चाहिये । सभी प्रमा को यदि एक ही समय मे पक्ष बना करके इतरभेदानुमान करेंगे तव तो एक हेतु एक ही पक्ष मे वृत्ति रहेगा पक्षान्तर मे नही जायगा । तव पक्ष को एक देश मे हेतु के अभाव का नाम है भागासिद्धि सो भागासिद्धि रूप दोष हो जायगा । लक्षणमें यदि अव्याप्ति दोष रहेगा और लक्षण से इतर भेदानुमान करेंगे तो इतर भेदानुमिति मे भागासिद्धि दोष होगा । अतिव्याप्ति दोष रहेगा तव इतर भेदानुमान मे व्यभिचार होगा । असम्भव दोष रहने से स्वरूपासिद्धि दोष । [illegible] विभाग का विचार पुन

प्रमितिरेकदैव तत्तल्लक्षणानां प्रत्येकं भागासिद्धत्वात् ॥

ननु लक्षणमेव पक्षतावच्छेदकमिह रूपान्तरस्यानभिधानात् । तथा च हेतुसाध्ययोः सामानाधिकरण्यबुद्धिरेव पक्षतावच्छेदकसाध्ययोः सामानाधिकरण्यधीः सा चानुमानफलमित्यनुमानमफलं स्यादिति चेन्न । अत्र व्यतिरेकसम्बंधो

है। अब इस भ्रम संवलित प्रमा में लक्षण कैसे होगा ? अर्थात् लक्षण में अव्याप्ति दोष हो जायगा।

उत्तर—यहां जो प्रमा का लक्षण किया गया है सो असंकीर्ण प्रमा का अर्थात् शुद्ध प्रमा का। असंकीर्ण प्रमा ही लक्ष्य है, नकि संकीर्ण प्रमा को भी लक्ष्य में रखकर के लक्षणका निर्माण हुआ है, इसलिये अव्याप्ति प्रभृतिक दोष की कोई आशका नही होती है। अन्यथा यदि सकीर्ण असंकीर्ण सभी लक्ष्य हो, तब तो अनुभूति का नाम है प्रमा। एतावन् मात्र प्रमा का लक्षण किया जाता है। आखर सभी ज्ञान तो धर्मी अंश मे प्रमा रूप ही रहता है। अतः असंकीर्ण प्रमा का यह लक्षण है और इस लक्षण मे अव्याप्ति अति व्याप्ति असंभव कोई भी दोष नही है, सब ठीक है। नैयायिक के अभिप्राय को न समझ करके ही वाग् जाल बिछाया है। तत्तत् प्रमिति का अनुगत तत्तल्लक्षण के द्वारा तत्तत्प्रमिति का इतरभेदानुमान किया जाता है न कि एक ही समय में सभी प्रमा का इतरभेदानुमान होता है। क्यों

व्याख्यातम् । न चात्र भ्रमांशभूतप्रमायामव्याप्तिर्दोषः असङ्कीर्णप्रमाया एवात्र लक्ष्यत्वात् । अन्यथा अनुभूतिः प्रमेत्येतावतैव निर्दुष्टत्वादिति । अनुगतैस्तु तैस्तैस्तत्तत्प्रमितीनां लक्षणैस्तास्ताः प्रमितय इतरेभ्यो भिद्यन्ते न तु सर्वा

विभिन्नाधिकरण पटादि वृत्ति प्रकार पटत्वादि प्रकार, उस पटत्वादि रूप प्रकार मे रहने वाली प्रकारता पटत्व निष्ठा उस पटत्वनिष्ठ प्रकारता से निरूपिता जो जो विशेषता पटादिनिष्ठा विशेष्यता उन उन विशेषताओं से अनिरूपक जो ज्ञान सो 'अयं घट' यही ज्ञान होगा । 'अयं पट दण्डोवा' यह सब ज्ञान नही है, इस प्रकार से लक्षण समन्वय होता है । पूर्वोक्त कथन से अव्यभिचारी जो ज्ञान सो प्रमा है । अविसंवादी जो अनुभव सो प्रमा है । यह सब लक्षण भी प्रमालक्षण रूप से व्याख्यात होता है । लक्षणसमन्वय तथा कण्ठ्याद्धारप्रकार स्वय समझ लेना । विस्तार के भय से पल्लवित नहीं करता हूँ ।

प्रश्न–आंशिक भ्रम सवलित जो प्रमा ज्ञान उसमे अव्याप्ति होती है, जैसे 'इदं रजतम्' यह जो ज्ञान है सो रजतत्व अंश में भ्रमरूप है क्योंकि तदंशबाध हो जाता है और धर्मी जो शुक्तिका उस अंश में तो प्रमा ही है । कहा है कि 'सर्वं ज्ञानं धर्मिण्य भ्रान्तं प्रकारे तु विपर्ययः" सभी ज्ञान धर्म्यश में तो प्रमा ही है, केवल प्रकारांश में विपर्यय होता

प्रमितिरेकदैव तत्तल्लक्षणानां प्रत्येकं भागासिद्धत्वात् ॥

ननु लक्षणमेव पक्षतावच्छेदकमिह रूपान्तरस्यानभिधानात् । तथा च हेतुसाध्ययोः सामानाधिकरण्यबुद्धिरेव पक्षतावच्छेदकसाध्ययोः सामानाधिकरण्यधीः सा चानुमानफलमित्यनुमानमफलं स्यादिति चेन्न । अत्र व्यतिरेकसम्बंधो

है। अब इस भ्रम संवलित प्रमा मे लक्षण कैसे होगा ? अर्थात् लक्षण मे अव्याप्ति दोष हो जायगा।

उत्तर—यहा जो प्रमा का लक्षण किया गया है सो असकीर्ण प्रमा का अर्थात् शुद्ध प्रमा का। असकीर्ण प्रमा ही लक्ष्य है, नकि सकीर्ण प्रमा को भी लक्ष्य मे रखकर के लक्षणका निर्माण हुआ है, इसलिये अव्याप्ति प्रभृतिक दोष की कोई आशका नही होती है। अन्यथा यदि सकीर्ण असकीर्ण सभी लक्ष्य हो, तब तो अनुभूति का नाम है प्रमा। एतावन् मात्र प्रमा का लक्षण किया जाता है। आखर सभी ज्ञान तो धर्मी अ श मे प्रमा रूप ही रहता है। अतः असकीर्ण प्रमा का यह लक्षण है और इस लक्षण मे अव्याप्ति अति व्याप्ति असंभव कोई भी दोष नही है, सब ठीक है। नैयायिक के अभिप्राय को न समझ करके ही वाग् जाल विछाया है। तत्तत् प्रमिति का अनुगत तत्तल्लक्षण के द्वारा तत्तत्प्रमिति का इतरभेदानुमान किया जाता है न कि एक ही समय मे सभी प्रमा का इतरभेदानुमान होता है। क्यो

गमकोऽन्वयसम्बन्धो गम्यत इति मत्सिद्धान्तात् । अत एवात्र व्यभिचारसम्बन्ध एवोपदर्श्यते ॥

एवं प्रमायां व्यवस्थितायां प्रमाणमपि स्ववचनम् । प्रमायाः करणं हि प्रमाणं करणञ्च साधकतमं तमबर्थश्चातिशयः स च कारकान्तराचरितार्थकारकत्वम् । तथा हि कर्ता

कि प्रत्येक लक्षण भागासिद्धि दोष हो जायगा । तथाहि "घटप्रमास्वेतरेभ्यो भिद्यते घटत्ववति घटत्व प्रकारकत्वात्" घट की प्रमा स्वेतर से भिन्न है । घटत्ववत् मे घटत्व प्रकारक प्रमा होने से । जो घटत्व प्रकारक प्रमा नही है सो घटत्ववत् घटत्व प्रकारक रूप नही है । जैसे घटत्व प्रकारक प्रमा । इसी प्रकार से घटादि प्रमा की भी तत्तत्लक्षण से भेदानुमिति समझना चाहिये । सभी प्रमा को यदि एक ही समय मे पक्ष बना करके इतरभेदानुमान करेंगे तब तो एक हेतु एक ही पक्ष मे वृत्ति रहैगा पक्षान्तर मे नही जायगा । तव पक्ष की एक देश मे हेतु के अभाव का नाम है भागासिद्धि सो भागासिद्धि रूप दोष हो जायगा । लक्षणमें यदि अव्याप्ति दोष रहैगा और लक्षण से इतर भेदानुमान करेंगे तो इतर भेदानुमिति मे भागासिद्धि दोष होगा । अतिव्याप्ति दोष रहैगा तव इतर भेदानुमान मे व्यभिचार होगा । असम्भव दोष रहने से स्वरूपासिद्धि दोष होता है । ऐसा विभाग का विचार पुनः प्रकरणान्तर मे किया जायगा ।

प्रश्न—प्रमा को पक्ष बनाकर के जो इतरभेदानुमान करते है उसमे तो लक्षण ही पक्षतावच्छेदक है क्योकि रूपान्तर का कथन तो किया नही गया है। ऐसा होने से हेतु साध्य के समानाधिकरण्य ज्ञान से पक्षतावच्छेदक तथा साध्यका सामानाधिकरण्य ज्ञान होता है और पक्षतावच्छेदक तथा साध्य का सामानाधिकरण्य ज्ञान ही अनुमान का फल माना जाता है, तो प्रकृत इतर भेदानुमति मे क्या फल होगा ?

उत्तर—व्यतिरेक सबन्ध अनुमापक होता है और अन्वय सबन्ध साध्य (अनुमेय) होता है ऐसा मेरा सिद्धान्त है। अतएव यहा व्यभिचार सबन्ध का ही उपदर्शन किया गया है। इस प्रकार से जब प्रमा की व्यवस्था हो गई तब प्रमाण भी स्व वचन होता है, अर्थात् करण का निर्वचन भी अवश्य नही होता है। क्योकि प्रमा का जो करण है उत्पादक है उसी का नाम तो प्रमाण होता है। और करण उसको कहते है जो क्रिया की सिद्धि मे साधकतम हो "साधकतम करणम्" ऐसा पाणिनि का अनुशासन है। यहा 'तमप्' प्रत्यय का अर्थ है अतिशय। और अतिशय का अर्थ होता है कारकान्तर मे अचरितार्थ होकर के जो कारक क्रिया जनक हो। जो अन्य किसी कारक मे चरितार्थ न होता हुआ क्रिया का साधक हो, उसका नाम है करण

तावत् करणं हस्तपरश्वादि व्यापारयन् लिङ्गपरामर्शादिकञ्चोत्पादयंस्तत्र चरितार्थः । एवं कर्मापि करणस्य व्यापारमुत्पादयत्तत्रैव । न हि कर्म विना निरालम्बनः करणव्यापार उदेति । अधिकरणमप्येवं न हि तेन विना कर्ता निरालम्बनः करणं व्यापारयितुमीष्टे । सम्प्रदानापादाने तु क्वाचित्के एव । तथा च कारकान्तराचरितार्थं क्रियामात्रान्वयि करणमिति व्याख्यायामन्तरपदार्थकल्पनया खण्डनम् । तदसत् । अन्तर-

---

कारक । कर्तादि कारक करणादिक मे चरितार्थ होता हुआ क्रियासिद्धि मे उपयोगी होता है । करण जो कुठारादिक है सो अन्यत्र अचिरतार्थ होकर के ही छिदादिक क्रिया का जनक होता है । इसी बात का स्पष्टीकरण तथाहि इत्यादि प्रकरण से करते हैं—कर्ताकारक तो करण (हाथ वा परशु) को व्यापारित करता हुआ एव लिग परामर्श को उत्पादित करता हुआ उस हस्त परशु मे तथा लिग परामर्श मे चरितार्थ है । एव कर्म कारक भी करण के व्यापार को उत्पन्न करता हुआ तत्र उस करण मे चरितार्थ होता है । क्योंकि कर्म के बिना निरालम्बन करण का व्यापार उत्पन्न ही नही हो सकता है । अधिकरण कारक भी ऐसा ही है । क्योंकि आधार के बिना कर्ता निरालम्बन होकर मे करण को व्यापारित करने मे समर्थ नही हो सकता है । स्थिति के लिये आधार तो परम आवश्यक है ।

पदार्थो हि समभिव्याहृतपूर्वपदप्रवृत्तिनिमित्तवत्त्वे सति प्रक्रान्तप्रवृत्तिनिमित्तसाक्षाद्व्याप्योपाधिविभिन्नतादृशोपाधिमान् । यथाहि कठ उपस्थिते ब्राह्मणान्तरमानयति शब्दः कठभिन्न कण्वादिब्राह्मणमेवाह तत्रैव च प्रयुज्यते । न तु घटादिकमाह

सम्प्रदान चतुर्थी कारक तथा अपादान पंचमी कारक क्वाचित्क है अर्थात् जितनी क्रिया होती है सभी में सम्प्रदान अपादान नही रहता है । सप्रदान् तो दानादि क्रिया विशेष मे तथा अपादान पर्णादिक की पतन क्रिया विशेष में ही नियत रहता है । तब कारकान्तर मे अचरितार्थ होकर के क्रिया साध्याश मात्र मे अन्वयी हो उसका नाम होता है करण । जैसे छिदादि क्रिया मे कुठार गिरे । इस प्रकार से करण के लक्षण की व्याख्या करने पर अन्तर पदार्थ का नाना विकल्प करके जो खडन करने का प्रयास किया है सो ठीक नही है, क्योकि अन्तर पद का अर्थ होता है समभिव्याहृत जो पूर्व पद तत्प्रवृत्ति निमित्तवान होकर के प्रकान्त पद के प्रवृत्ति निमित्त के साक्षात् व्याप्य जो उपाधि तद्भिन्नतादृश उपाधिमत्व । इस लक्षण का समन्वय स्वयमेव उदाहरण द्वारा यथा इत्यादि ग्रन्थ से बतलाते हैं । जैसे कठ शाखाध्यायी ब्राह्मण के उपस्थित रहने पर भी 'ब्राह्मणान्तरमानय' (ब्राह्मणन्तर को बुलाओ) यह शब्द कठभिन्न काण्वादि शाखाध्यायी ब्राह्मण को बुलाने को कहता

तत्र प्रयुज्यते वा तथा करणे प्रकान्ते कारकान्तरपदं करण-कारकभिन्ने कर्मादौ कारके प्रयुज्यते तदेव चाहेति । अत एव हस्तः परशौ चरितार्थीभवन्नपि कारकान्तराचरितार्थ एव

है तथा उसी अर्थ में यह शब्द प्रयुक्त होता है । न कि घटादिक अर्थ का आनयन होना है । न वा घटादिक अर्थ के आनयन में 'ब्राह्मणान्तरमानय' शब्द का प्रयोग होता है । (अर्थात् ब्राह्मणत्व रूप व्यापक धर्म का आश्रय करके पूर्व सजातीय तथा व्याप्य धर्म कठत्व को लेकर के तद्भिन्न-काण्वादिक का आनयन प्राप्त तथा बुद्ध होता है, न कि अ-ब्राह्मण एवं प्रकान्त भिन्न पदार्थ के आनयन का बोध होता है.। व्याकरण भाष्यकार ने भी एतादृश स्थल में कहा है "अस्य गौर्द्वितीयोन्वेष्टव्यः" । यह कहने से उपस्थित गौ के सजातीय तथा तद्भिन्न का ही अन्वेषण होता है, न तु घोडा हाथी का अन्वेषण किया जाता है) तो जिस प्रकार से कठ की उपस्थिति में ब्राह्मणान्तरमानय, यह शब्द कठेतर ब्राह्मणानयन का ही प्रतिपादन करता है न तु विजातीय घटादि के आनयन का प्रतिपादन करता है । उसी तरह करण के प्रकृत में प्रक्रान्त होने पर कारकान्तर यह जो है सो करण कारक से भिन्न कर्मादि कारण में प्रयुज्यमान होता है तथा कर्मादि कारक का ही बोध कराता है, अत एव "हस्तेन परशुना काष्ठं छिनत्ति" यहां छेदन क्रिया में हाथ

उभयोरपि करणत्वात् । एवञ्चान्तरपदस्यार्थान्तरं प्रकल्प्य यद्दूषणवचनम् । तच्छलं कल्पितदूष्यत्वादिति ॥

ननु करणप्रक्रमे करणभिन्नं कारकं कारकान्तरमित्यादेय । तथा च करणज्ञानाधीनं कारकान्तरज्ञानं तदधीनं च करणज्ञानमि-

---

तथा परशु दोनों करण है, और हाथ रूप करण परशु व्यापार में चरितार्थ है, तथापि कारकान्तर में अर्थात् करणातिरिक्त में कर्मादिक मे अचरितार्थ ही करण जातीय मे चरितार्थता होने पर भी कारकान्तर में अचरितार्थ ही कहलाता है, क्योंकि हाथ परशु दोनों तो प्रकृत में करण ही है। जब ऐसी वस्तु स्थिति है तब करण लक्षण घटक अन्तर पद के अर्थान्तर की कल्पना करके खण्डनकार ने जो दूषण वचन कहा है सो छल वचन है। "नवकम्बलोयं माणवकः" के समान कल्पित दूष्य होने से। वस्तुस्थिति के ऊपर ध्यान न देकर शाखोपशाखासंक्रमण न्याय से दूषण वचन अयुक्त ही है।

शंका—यहां करण का लक्षण प्रक्रान्त है, उसमें करण से भिन्न जो कारक कर्मादिक उसका नाम है कारकान्तर। किमपेक्षया अन्यत्व कहते हैं? तो करण की अपेक्षा से भिन्न कारक का कारकान्तर शब्द से ग्रहण होगा। इस स्थिति में करण ज्ञान के अधीन कारकांतर ज्ञान होगा और कारकांतर के ज्ञानाधीन करण ज्ञान होगा, तो इस

स्यन्योन्याश्रय इति चेत् । नूनं शब्दवदर्थेऽप्यव्युत्पन्नोऽसि । तथाहि न लक्ष्यस्य लक्षणान्वयात् प्राक् प्रकारान्तरेणापि ज्ञानं न भवतीति सचेताः प्राह तथासति लक्षणविधिरपि तत्र न स्यात् उद्देश्यापरिचयात् उद्देश्यं ह्यनूद्य लक्षणं विधीयते

प्रकार से अन्योन्याश्रय दोष हो जायगा । तब किस प्रकार से करण का लक्षण बताते है ?

समाधान–निश्चित रूप से तुम शब्द की तरह अर्थ मे भी अव्युत्पन्न हो ! अर्थात् शब्द तथा अर्थ विषयक व्युत्पत्ति शून्य हो । शब्दार्थ ज्ञानाभाव मे युक्ति बताने के लिये कहते हैं । तथा हीत्यादि–लक्षण सम्बध से पूर्व मे प्रकारान्तर से भी लक्ष्य का ज्ञान नही होता है, ऐसा कोई भी विद्वान नही कहते है । अर्थात् लक्षण सम्बध से पूर्व मे लक्षणवत्व रूप से लक्ष्य का ज्ञान न भी होता है किंतु अन्य प्रकारेण तो ज्ञान होता ही है । यदि ऐसा मानो कि लक्षण का ज्ञान नही होता है तब तो किसी भी लक्ष्य मे लक्षण विधान नही होगा । क्योकि उद्देश्य का ज्ञान तो हुआ नही तब किस अधिकरण मे विधान किया जायगा ? अज्ञात उद्देश्य मे विधान नही होता है । उद्देश्य का अनुवाद करके ही लक्षण का विधान होता है ।X इसी प्रकार से अवधिया

X "उद्देश्यवचन पूर्वं विधेय वचन परम्" उद्देश्य वचन पूर्व मे होता है तदनन्तर विधेय का वचन होता है ऐसा नियम है । अर्थात् जब किसी स्थल

एवमवधेरपि सामान्यमुखं तन्त्रम् । तथा च प्रक्रान्तकारकत्वेन कारकान्तरसाधारणेन करणस्य ज्ञानादन्तरपदार्थज्ञानं तज्ज्ञानाच्च तस्यैव प्रक्रान्तस्य करणत्वेन ज्ञानं फलं बदेति । यथा

ज्ञान भी सामान्य रूप से विवक्षित है नतु विशेप रूप से, क्योकि विशेप रूप से लक्षरण सम्बंध द्वारा ही ज्ञात होता है। ऐसा हुआ तब प्रक्रान्त कारक रूप से कारकातर कर्मादि कारक साधाररण रूप से कररण का ज्ञान होता है तथा तादृश कररण ज्ञान से अन्तर पदार्थ ज्ञान होता है, तब अन्तर पदार्थ ज्ञान से प्रक्रात उसी कररण का करणत्व रूप से जो ज्ञान है वही फलीभूत करण ज्ञान है

–मे किसी का विधान करेंगे तो उसके पूर्व मे उद्देश्य का ज्ञान हो जाना चाहिये, अन्यथा अज्ञात अधिकरण मे विधान असभवित होता है। देवदत्तः सुखी, इस वाक्य से देवदत्त रूप अधिकरण मे सुख का विधान तब होगा जब पूर्व ही प्रमाणान्तर द्वारा देवदत्त ज्ञात रहेगा। हा इतना अवश्य है कि विधान के पूर्व सुखविशिष्ट रूप से देवदत्त ज्ञात नही है। किन्तु स्वरूपतः भी ज्ञात नही हैं सो बात नही हो सकती। अत. प्रकारान्तर से उद्देश्य के ज्ञात रहने पर ही उसमे लक्षरण का विधान होता है। इसलिये लक्षरण सवन्ध से पूर्व मे लक्षरणवत्व रूप से कारण ज्ञात नही भी है तो येन केनचित् रूप से तो ज्ञात है ही। इस स्थिति मे अन्योन्याश्रय का उद्भावन करना शब्दार्थ शून्यता का ही द्योतक है। इसलिये खण्डनोद्धार कर्ता का जो कथन है "शब्दार्थेष्वव्युत्पन्नोसि" सो बिलकुल ठीक हैं।

वा बहिः सत्त्वेन विना जीविनो गृहासत्त्वमनुपपन्नमिति सामान्यमुखाद्बहिः सत्त्वावलम्बिनोऽनुपपत्तिज्ञानाद् देवदत्ते पक्षे प्रवृत्ताद्देवदत्तो बहिः सन्निति विशेषमुखीधीफलं वदेति । अत एव यतोऽन्यत्वं तत्सिद्धेरग्रे तदसिद्धेरिति यत्प्रलपिष्यसि तदपि निरस्तम् । ननु किमिदं चारितार्थत्वं अन्यथा सिद्धत्वं वा

ऐसा समझो । यह वद धातु बोलने अर्थ मे नही है, किंतु ज्ञानार्थक है । तादृश करण ज्ञान फल है ऐसा कहो अर्थात् समझो । अथवा जब बोलेगा तब समझेगा अवश्य "ज्ञात्वा वदति" जान करके बोलता है, ऐसा नियम है ।

यथा वा अर्थापत्तिस्थल मे जीवी देवदत्त का गृह मै जो असत्व है सो बहि सत्व के बिना अनुपपन्न है । इस प्रकार के वहि सत्वावलम्बी सामान्याकारक अनुपपत्तिक ज्ञान से पक्ष देवदत्त मे प्रवृत्त पुरुष को देवदत्त बाहर मे है, इत्याकारक विशेष ज्ञानात्मक फल होता है, ऐसा समझो.। अतएव जिसको भेद कहते है उसकी सिद्धि के पहले वह असिद्ध है, ऐसा प्रलाप जो आप करेंगे सो भी परास्त हो जाता है । विशेषत. ज्ञान नहीं रहने पर भी सामान्य ज्ञान से निर्वाह हो जाता है ।

शंका—कारकान्तर मे अचरितार्थ हो, यहा अचारितार्थ घटक चारितार्थ क्या है ? क्या अन्यथा सिद्धत्व रूप है वा

परम्पराकारणत्वं वा । नोभयं कर्त्रादेरप्यतथात्वादिति । उच्यते । तत्तन्निष्ठान्यतरजनकत्वं तत्र चरितार्थत्वं कर्तुः कर्मणश्च करणनिष्ठव्यापारजनकत्वं मनसो हस्तादेः करणे चरितार्थत्वे-

---

परम्परा कारणता रूप है ? इसमे दोनो पक्ष ठीक नही है, क्योकि कर्ता मे भी अन्यथासिद्धत्व वा परम्परा कारणत्व नही है ।

समाधान—तत मे वा तन्निष्ठ अन्यतर जनकत्व का नाम ही है उसमे चरितार्थता । कर्ता तथा कर्म कारक का करण मे रहने वाला व्यापार तादृस व्यापार का जनकत्व है । यद्यपि मन को हस्तरूप करण व्यापार जनकता है, तथापि मन को हस्तरूप करणापेक्षया कारकान्तरत्व नही है, क्योकि दोनो ही करण है । अथवा कर्ता का जो व्यापार उसका जो विषय हो उसी का नाम होता है करण । यही करण का लक्षण है । जैसे छेत्ता पुरुष का जो व्यापार उद्यमन निपातन रूप उसका विषय परशु है तो छिदि क्रिया मे परशु व्यापार विषय होने से करण कहलाता है । नही कहो कि फल भी तो कर्ता का व्यापार विषय होता है, तो फल मे करण विषय की अतिव्याप्ति होती है । तो ऐसा मत कहना, क्योकि जिसको अधिकृत उद्देश करके (बना करके) कर्ता का व्यापार उत्पन्न होता है वही वस्तु कर्तृ व्यापार विषय कहलाता है । जैसे हाथ परशु आदि, क्योकि परसु को अधिकृत करके ही कर्ता (छेत्ता पुरुष) का व्यापार

वा वहिः सत्वेन विना जीविनो गृहासत्वमनुपपन्नमिति सामान्यमुखाद्वहिः सत्त्वावलम्बिनोऽनुपपत्तिज्ञानाद् देवदत्ते पक्षे प्रवृत्ताद्देवदत्तो वहिः सन्निति विशेषमुखीधीफलं वदेति । अत एव यतोऽन्यत्वं तत्सिद्धेरग्रे तदसिद्धेरिति यत्प्रलपिष्यसि तदपि निरस्तम् । ननु किमिदं चरितार्थत्वं अन्यथा सिद्धत्वं वा

ऐसा समझो । यह वद धातु बोलने अर्थ मे नही है, किंतु ज्ञानार्थक है । तादृश करण ज्ञान फल है ऐसा कहो अर्थात् समझो । अथवा जब बोलेगा तब समझेगा अवश्य "ज्ञात्वा वदति" जान करके बोलता है, ऐसा नियम है ।

यथा वा अर्थापत्तिस्थल मे जीवी देवदत्त का गृह में जो असत्व है सो वहि सत्व के विना अनुपपन्न है । इस प्रकार के वहि सत्वावलम्बी सामान्याकारक अनुपपत्तिक ज्ञान से पक्ष देवदत्त मे प्रवृत्त पुरुष को देवदत्त वाहर मे है, इत्याकारक विशेष ज्ञानात्मक फल होता है, ऐसा समझो। अतएव 'जिसको भेद कहते है उसकी सिद्धि के पहले वह असिद्ध है, ऐसा प्रलाप जो आप करेंगे सो भी परास्त हो जाता है । विशेषत. ज्ञान नही रहने पर भी सामान्य ज्ञान से निर्वाह हो जाता है ।

शंका—वाक्यान्तर मे अचरितार्थ हो, यहा अचारितार्थ पदस्थ चारितार्थ क्या है ? क्या अन्यथा सिद्धत्व रूप है या

परम्पराकारणत्वं वा । नोमयं कर्त्रादेरप्यतथात्वादिति । उच्यते । तत्तन्निष्ठान्यतरजनकत्वं तत्र चरितार्थत्वं कर्तुः कर्मणश्च करणनिष्ठव्यापारजनकत्वं मनसो हस्तादेः करणे चरितार्थत्वे-

---

परम्परा कारणता रूप है ? इसमें दोनो पक्ष ठीक नही है, क्योकि कर्ता में भी अन्यथासिद्धत्व वा परम्परा कारणत्व नही है।

समाधान—तत में वा तन्निष्ठ अन्यतर जनकत्व का नाम ही है उसमे चरितार्थता। कर्ता तथा कर्म कारक को करण मे रहने वाला व्यापार तादृस व्यापार का जनकत्व है। यद्यपि मन को हस्तरूप करण व्यापार जनकता है, तथापि मन को हस्तरूप करणापेक्षया कारकान्तरत्व नही है, क्योकि दोनो ही करण हैं। अथवा कर्ता का जो व्यापार उसका जो विषय हो उसी का नाम होता है करण। यही करण का लक्षण है। जैसे छेत्ता पुरुष का जो व्यापार उद्यमन निपातन रूप उसका विषय परशु है तो छिदि क्रिया मे परशु व्यापार विषय होने से करण कहलाता है। नही कहो कि फल भी तो कर्ता का व्यापार विषय होता है, तो फल में करण विषय की अतिव्याप्ति होनी है। तो ऐसा मत कहना, क्योकि जिसको अधिकृत उद्देश करके (बना करके) कर्ता का व्यापार उत्पन्न होता है वही वस्तु कर्तृ व्यापार विषय कहलाता है। जैसे हाथ परशु आदि, क्योकि परशु को अधिकृत करके ही कर्ता (छेत्ता पुरुष) का व्यापार

ऽपि न तस्य करणापेक्षया कारकान्तरतेति । कर्तृव्यापारविषयत्वं वा तत्त्वम्। न च कर्तृव्यापारफलेऽतिव्याप्तिः यदधिकृत्य हि कर्तृव्यापार उदेति स एव तद्विषयतयोक्तो यथा हस्तादि । गोचरता हि द्वयी उद्देश्यतयान्यपरकृतिव्याप्यतया चेति मत्सिद्धान्तात् । पिपक्षोर्हि पाकानुकूलो यत्नस्तत्करणं हस्तमधिकृत्योदेति । अथ शरीरचालनाय प्रयत्नः शरीर-

---

समुत्पन्न होता है अत हाथ परशु उस व्यापार का विषय होता हुआ करण कहलाता है । फल को अधिकृत करके कर्ता का व्यापार नही हुआ है, अत फल मे अति व्याप्ति नही होती है । यहा विषयता दो प्रकार से होती है, एक तो उद्देश्यता रूप से अर्थात् जिसको उद्देश्य करके जो व्यापार होगा सो उस व्यापार का विषय कहावेगा । दूसरी विषयता होती है अनन्य पर कृति व्याप्यता रूप । ऐसा मेरा सिद्धान्त है । जैसे पाक करने वाले पुरुष का पाकानुकूल यत्न, पाक का कारण जो हाथ उसको अधिकृत करके ही उत्पन्न होता है, तो तादृश पाक क्रिया मे करण हाथ बनता है ।

शका–शरीर को चलाने के लिये आत्मा मे प्रयत्न होता है, सोतो शरीर को अधिकृत करके ही उत्पन्न होता है, तब तो शरीर चालन क्रिया मे शरीर भी कारण हो जायगा । किन्तु शरीर तो कर्म है, ऐसा मानने पर 'शरीर चालयति' यह प्रयोग जैसे होता है उसी प्रकार से 'शरीरेण चालयति'

मधिकृत्योदेतीति शरीरं करणं स्यात् तथा च शरीरं चालयतीतिवच्छरीरेण चालयतीत्यपि स्यात् । भवत्येव दध्ना जुहोति पयसा जुहोतीति श्रौतप्रयोगदर्शनात् । अपौरुषेयत्वादयमपर्यनुयोज्य इति चेत् । मांसेन भुक्त्वा तृप्तो भवतीति मैत्रेयप्रयोगस्यापि दर्शनात् । सर्वेषामस्तीदृशः प्रयोग इति चेत् । किमतः प्रयोगे सति बीजानुसरणं न तु निमित्तवत्त्वादेव प्रयोगापादनं

यह प्रयोग भी हो जायगा ।

उत्तर–अरे ऐसा प्रयोग तो होता है ।

प्रश्न–दधि से होम करता है, दूध से होम करता है, ऐसा प्रयोग वेद मे भी देखता हू "दध्नो जुहोति" यहा हवन रूप क्रिया मे दधि है कर्म, किंतु करण रूप से वैदिक प्रयोग होता है । इसी प्रकार से प्रकृत मे 'शरीरेण चालयति' ऐसा प्रयोग होने मे क्या क्षति है । नही कहो कि वेद तो अपौरुषेय है इसलिये यहा ऐसा कहना ठीक नही है ।

उत्तर–मास (अन्न) भोजन करके तृप्त होता है "अन्नेन भुक्त्वा तृप्तो भवति" इस प्रकार से मैत्रेय (लौकिक) प्रयोग भी देखने मे आता है, अर्थात् केवल वेद मे ही कर्मस्थल मे करण का प्रयोग होता है सो नही लौकिक प्रयोग मे भी कर्म स्थान मे करण का व्यवहार किया जाता है ।

प्रश्न–क्या सभी का प्रयोग ऐसा है ?

उत्तर–इससे क्या ? यदि प्रयोग होता है । तब उस

तस्य प्रयोगसमनियमाभावात् । अतएवारोपे सति निमित्तानुसरणं नहि निमित्तमस्तीत्यारोप इत्याचार्याः । कथमीदृशः प्रयोगसङ्कर इति चेत् । निमित्तसमावेशा-

---

प्रयोग का जो कारण उसका अनुसरण अर्थात् अन्वेषण करना चाहिये, न कि निमित्त है तो प्रयोगापादन होना चाहिये, क्योंकि निमित्त को प्रयोग समनियतत्व का अभाव होने से ।× अत एव आरोप (कार्य) हो तब निमित्त का अनुसरण होना चाहिये न कि निमित्त है एतावता आरोप होगा ही, ऐसा आचार्य ने कहा है ।

शंका—तब इस प्रकार से प्रयोग मे साकर्य कैसे ?

उत्तर—निमित्त के (कारण के) समावेश होने से, ऐसा समझिये । जिस समय में जिसमें कर्ता के व्यापार विषयत्व का समवेश रहता है उस समय मे उसका करण रूप से व्यवहार होता है जब कि उसी में करण व्यवहार विषयत्व का पुरस्कार रहेगा तब उसमें कर्मत्व का व्यवहार होगा ।

×कार्य होता है तब कारणका अन्वेषण होता है, क्योंकि कारण जो वह्नि उसके बिना धूम कार्य कथमपि नही हो सकता है । यदि हो, तब तो वह्नि धूम का कारण कार्य भाव ही विलुप्त हो जायगा । परन्तु कारण रहने से कार्य होगा ऐसा नियम नहीं है । कारण के र न पर भी कार्य नहीं होता है, अयोगोलक मे व्यभिचार है । कारण कार्य नियत नही होता है किन्तु सामग्री कार्य निमित्ता होती है । सामग्री रहेगी तो कार्य अवश्य होगा । न कि कारण होगा तो कार्य अवश्य होगा ।

दिति गृहाण । । तथा च यदा कर्तृव्यापारविषयतापुरस्कार-स्तदा करणतया यदा तु करण व्यापार विषयत्व पुरस्कार-स्तदा कर्मतया प्रयोग इति । अत एवाधिकरणीभूतेऽपि देशे समेन देशेन यजेतेति । ननु करणत्वं कारकान्तराचरितार्थत्व-गर्भं अधिकरणे तच्चरितार्थे कथमस्तु । तदुक्तं खण्डनकृता । अधिकरणस्यापि कर्मण इव करणे चरितार्थत्वमतः कर्मण्य-धिकरणे च न कारकान्तराचरितार्थत्वरूपस्य करणत्वस्य समा-

---

प्रकृत मे यदि शरीर मे आत्म व्यापार प्रयत्न विषयता है तव तो शरीर मे कर्मत्व है, इस अपेक्षा मे शरीरेण चाल-यति, यह होता है और करण जो मन, तदीय-व्यापार विषयता को लेकर के यदि विचार करें तो शरीरं चाल-यति, यह भी प्रयोग होता है, अर्थात् शरीर कर्म कहलाता है। अत एव देश को अधिकरण रूप होने पर भी "समेन देशेन यजेत" सम देश मे यज्ञ करता है, ऐसा वैदिक प्रयोग भी उपपन्न होता है।

शका—अधिकरण मे जव करण चरितार्थ है तव अधिकरण में करण लक्षण कैसे गया ? और देशादिक अधिकरण मे करणार्थक तृतीया का प्रयोग कैसे ? क्योंकि आपने तो करण के लक्षण में, कारकान्तर मे अचरितार्थ हो, ऐसा विशेषण दिया है । और अधिकरण तो करण में चरितार्थ है । खण्डनकार ने भी कहा है कि "कर्म कारक

वेश इति । मैवम् । न ह्यधिकरणं विना करणं परश्वादि तद्विशेषणमुद्यमनादि वा नोदेतीति । एतेन कर्मापि निरस्तं तयोरसार्वत्रिकत्वात् तेन विनापि परशुतदुद्यमनयोरात्मलाभात् । एवं कर्तृव्यापारविषयत्वमप्यधिकरणकर्मणोर्नासम्भवि । आद्ये प्रचरणादेव अन्त्ये प्रक्षेपणादेः कर्तृव्यापारस्य सम्भवात् । क्रिय-

---

की तरह अधिकरण कारक भी करण मे चरितार्थ है। अत. कर्म और अधिकरण में कारकान्तर मे अचरितार्थत्व रूप करणत्व का समावेश कैसे होता है ? अतः "शरीरेण चालयति देशेन यजेत" यह प्रयोग कैसे करते है ?

समाधान–अधिकरण के बिना करण जो कुठारादिक अथवा कुष्ठारादि करण का विशेषण जो उद्यमन निपातन सो नही होता है ऐसा नही किन्तु होता ही है। अतः अधिकरण वा कर्म करण मे चरितार्थ नही होता है तो अधिकरण मे भी निमित्त का समावेश होने से करणत्व की सम्भावना है ही। एतेन कथित उत्तर से कर्म भी निरस्त हो जाता है, क्योकि अधिकरण तथा कर्म सार्वत्रिक नही है। अधिकरण तथा कर्म के विना भी वस्तु तथा तद्विशेषण उद्यमन निपातन का समुत्पाद हो जाता है। इसी प्रकार से कर्तृ व्यापार विषयत्व भी अधिकरण तथा कर्म मे असम्भवित नही है। क्योकि अधिकरण मे प्रचरणादि द्वारा तथा कर्म मे प्रक्षेपण द्वारा कर्ता का व्यापार

याऽयोगव्यवच्छेदेन सम्बन्धित्वं वा तत्त्वम् । अत्र क्रिया प्रधानक्रियोक्ता तस्या एवोद्देश्यत्वेन वाग्बुद्धिस्थत्वात् । एवञ्च प्रधानक्रियासम्बन्धित्वमात्र उक्ते करकमात्रेऽतिव्याप्तिः परम्परयापि तेषां तत्सम्बन्धित्वादतस्तद्वारणायायोगेत्यादि । तृतीया चेयं लक्षणे । अयोगश्चेह प्रधानक्रियाया असम्बन्धः

संभवित है। क्रिया से अयोगव्यवच्छेदेन जो संबंधी हो उसका नाम है करण। यह भी करण का लक्षण बनता है। (यहां योग शब्द का अर्थ है सबंध, अयोग का अर्थ होता है संबंधाभाव और व्यवच्छेद शब्द का अभाव। तब संबंधाभावाभाव अर्थात् संबंध। तब क्रिया के सम्बंध से सम्बंधी जो हो सो करण है। भाव द्वारा सम्बंध को न कह कर अभावाभाव द्वारा कथन करने से क्रिया का नैरन्तर्य व्यक्त किया गया है) यहां क्रिया पद से प्रधान क्रिया का ग्रहण किया· जाता है। क्योंकि प्रधान क्रिया ही उद्देश्य है, इसलिये प्रधान क्रिया ही वाणी तथा बुद्धि का विषय होती है। अब यदि प्रधान क्रिया का सम्बंधी जो हो उसका नाम है करण, एतावन् मात्र लक्षण करें तब तो सभी कारक में अति व्याप्ति होगी, क्योंकि साक्षात् वा परम्परया सभी कारक प्रधान क्रिया से संबद्ध रहता ही है। अतः करण भिन्न कारक मे अतिव्याप्ति वारण करने के लिये अयोगव्यवच्छेद विशेषण दिया गया है। उक्त

तस्य, व्यवच्छेदकरणेनाव्यवहितोत्तरकाले प्रधानक्रियाया अभावः। तेनेदमुक्तं भवति यत् करणे सव्यापारे सति प्रधानक्रियायास्तत्र क्षणमप्ययोगो नास्ति किन्तु नैरन्तर्यमेव तेन प्रधानक्रियाकारकत्वे सति प्रधानक्रियया सममव्यवधानेन सम्बन्धित्वं करणत्वम्। काञ्चनेन धनीतिवदभेदे वा तृतीया।

विशेषण देने से कारकान्तर मे अतिव्याप्ति नही होती है। क्योकि करणेतर कारक को मुख्य क्रिया का कदाचित कअयोग भी रहता है। यह तृतीया जो है सो लक्षण अर्थ मे है। और यहा अयोग शब्द का अर्थ है प्रधान क्रिया के साथ असम्बध। उस असवध का व्यवच्छेद करने से अव्यवहितोत्तर काल मे प्रधान क्रिया का अभाव। इससे यह साराश निकला कि व्यापार विशिष्ट जब करण रहेगा तब उस स्थल मे प्रधान क्रिया का असम्बध क्षणमात्र भी नही रहेगा। किंतु नैरन्तर्य रहैगा। इसलिये प्रधान क्रिया का जनक होता हुआ प्रधाम क्रिया के साथ अव्यवधान से जो सबधी हो उसका नाम करण है। यह करण का निर्दुष्ट लक्षण बनता है। अथवा जैसे "काचनेन धनो" (सोने से धनवान है।) यहा काचनेन मे जो तृतीया है उसका अर्थ है अभेद, अर्थात् काचन से अभिन्न (काचनात्मक) धनवान है, ऐसा अर्थ होता है, उसी प्रकार से प्रकृत में "क्रियया" यहाँ अभेदार्थक तृतीया है।

तेनायोगव्यवच्छेदात्मकं प्रधानक्रियासम्बन्धित्वं तत्त्वमिति अत एव कृत्तिकोदयं प्रति रोहिण्यासत्तेः करणत्वमपास्तं.

जिस प्रकार से "कांचनेन धनी" यहा कांचन पदोत्तर तृतीया विभक्ति का अर्थ है अभेद । तब काचन (सुवर्ण) से अभिन्न जो धन तादृश धनवान् देवदत्त है यह अर्थ होता है । यथा वा धान्येन धनवान् मे तृतीयार्थ अभेद मानकर धान्य से अभिन्न जो धन तादृश धन वाला देवदत्त है, ऐसा अर्थ होता है । उसी प्रकार से "अयोगव्यवच्छेदेन क्रियया" यहा भी जो तृतीया विभक्ति है उसका अर्थ है अभेद । जब अभेदार्थक मान लिया तब अयोग व्यवच्छेद रूप प्रधान क्रिया सबंधित्व ही करणत्व होगा । जैसे "कुठारेण छिनत्तिकाष्ठम्" से छेदन रूप क्रिया के साथ कुठार को अयोग व्यवच्छेदात्मक सबंध, एक क्षण भी कुठार का तादृश क्रिया से असम्बध नही है अपितु सर्वदैव सम्बध रहता है । अतएव कृत्तिका नक्षत्र के उदय के प्रति रोहिणी नक्षत्र का जो सम्बध उसमे करणत्व लक्षण की अतिव्याप्ति होती है, ऐसा जो कहते थे सो भी परास्त हो गये । कारण कि रोहिणी की जो आसत्ति अर्थात् सबध सो तो कृत्तिका का जो उदय उसमे कारक ही नही है, और कारक विशेष का नाम ही करण है । तब जो कारक नही बनता है सो कारकत्व व्याप्य करणत्व लक्षण युक्त नही होता

तस्यास्तं प्रत्यकारकत्वात् कारकविशेषस्य करणत्वात् । एवञ्च सामग्र्यामपि नातिव्याप्तिः तस्या अकारकत्वात् । तथाहि सा हि कारणसमाहारः स च यदि कारणं स्यात्तदा तं समाहारमन्त-

---

है । क्या पट के प्रति अकारण जो दण्ड उसमे कभी पट करणत्व की शका भी होती है ? नही होती । तद्वत कृत्तिका के उदय मे अकारणी भूत रोहिण्यासत्ति मे कारकत्व करणत्व की आपत्ति नही होती है । जहा व्यापकाभाव रहता है वहा व्याप्याभाव रहता है यह सर्वानुमत है । ऐसा क्रिया से अयोगव्यवच्छेदेन जो सम्बधी है उसका नाम है करण । यह जब करण का लक्षण हुआ तब कार्य जो सामग्री उसमे करण लक्षण की अतिव्याप्ति नही होती है, क्योंकि सामग्री कार्य के प्रति कारक (करण) ही नही है, जब कारण नही है तब करणत्व की सभावना किस प्रकार से होगी ? और कारक विशेप का नामहीतो करण होता है । सामग्री मे कारणत्व क्यो नही ? यत्प्रयुक्त करणत्व के भी अभाव को कहा जाता है । इस आशका के निराकरण करने के लिये कहते हैं–तथाहीत्यादि–तथाहि । सामग्री क्या चीज है इसके उत्तर मे कहेगे कि कारण का समाहार (समुदाय) (जैसे दड चक्र मृत्तिका जल ततु कुलाल घटप्रागभाव ईश्वरेच्छादि धर्मादिक के समुदाय को ही घट सामग्री कहते हैं) उस समुदायात्मक सामग्री को यदि

र्भाव्य कारणसमाहारो वाच्यः सोऽपि च समाहारः पूर्ववत् कारणमिति कारणसमाहारात्मिका सामग्री न निर्वहेत् कारणञ्चापरिसङ्ख्येयं स्यात्। अथ कारणप्रागभावानाधारः कार्यप्रागभावाधारः

कारण कहैगे (अथवा समुदायात्मक सामग्री यदि कारण हो) तब तो समाहार को अन्तर्भावित करके ही समाहार को कारण कहैंगे। यह समाहार भी पूर्ववत् कारण कहावेगा। तब इस प्रकार से कारण के समुदाय रूप सामग्री का स्वरूप ही नही बन सकेगा। कारण अपरिसख्येय हो जायगा। अर्थात् कारण समुदाय रूप सामग्री है सो भी तो कारण ही हुआ। तब पुनस्तद् समुदाय को सामग्री कहैगे। पुनः वह कारण कहावेगा तब पुन. तद्घटित को सामग्री कहैंगे, इस प्रकार से अनवस्था हो जायगी। इसलिये सामग्री कारण नही है, तब कारण व्याप्य कारक नही हैं और जब कारक नही तब कारक विशेष रूप करण भी नही है, इसलिये सामग्री यद्यपि कार्योत्पत्ति व्याप्य मानी जाती है किन्तु उसमे कारणत्व लक्षण की अति व्याप्ति नही होती है, व्यापकाभाव से व्याप्याभाव होने के कारण से।

शका—कारण का जो प्रागभाव उसका अनाधार हो और कार्य प्रागभाव का आधार हो ऐसा जो क्षण, उसी का नाम है सामग्री। एतादृश सामग्री लक्षण बनाने मे क्या

क्षणः सामग्री कः क्षणः उपाधिर्वा उपधेयो वा उपहितो वा । आद्ये नही रवेः स्पन्दो विशेषं कारणम् । अस्तूपधेयः कालो विश्वाधारतया विश्वकारणमिति चेत् । बाढम् । स तु न

क्षति है ?

उत्तर—अब यहां क्षण का विकल्प द्वारा खण्डन करते हुए समाधान करते है । क्षण वस्तु क्या है ? जिसको सामग्री कहते है ? क्या क्षण उपाधि है ? वा उपधेय है, अथवा उपहित रूप है ? इसमे प्रथम पक्ष उपाधि रूप ठीक नही है, क्योकि सूर्य का जो स्पन्द अर्थात् क्रिया, सो कोई, विशेष कारण नही है । तब द्वितीय पक्ष उपधेय को मान लीजिये, क्योकि काल विश्व का आधार होने से विश्व का कारण हो सकता है । कहा है कि 'जन्याना जनकः कालो जगता-माश्रयो मत." काल जन्य मात्र का जनक है और कालिक सम्बन्ध से सभी का आधार है, ऐसा कहो तो ठीक है परन्तु सर्वदा अविलक्षण (एक स्वभाव वाला) काल सामग्री रूप नही हो सकता है । नवा अन्तिम (उपहित) पक्ष ही ठोक है, क्योकि हजारो उपाधि से कालका भेद नही हो सकता है, आत्मा की तरह । जैसे उपाधि भेद मानने पर भी आत्मा का भेद नही होता है उसी तरह से उपाधि भेद से काल मे भेद नही हो सकता है । अतः उपहित काल को सामग्री नही कह सकते हैं ।

सामग्री अविलक्षणैकरूपत्वात्। नान्त्यः न ह्युपाधिसहस्रेणापि कालो भेत्तुं शक्यते आत्मवत्। अन्यथा जितमौपनिषदैरुपाधिभेदवादिभिः। तस्मात् कारणान्येव समाहारः। स च न कारणम्। न हि कारणान्येव कारणमिति। हन्तैवमपि

अन्यथा उपाधि भेद से उपधेयाश मे भेद मान लिया जाय तब तो उपाधि भेदवादी औपनिषद वेदान्ती की ही विजय होगी। इसलिये कारण समुदाय का नाम ही समाहार है। वह समाहार कारण नही है, क्योकि कारण समुदाय ही कारण है ऐसा नही है। किन्तु कारण समुदाय रूपा सामग्री कारण नही है इसलिये सामग्री मे करण लक्षण की अतिव्याप्ति नही होती है।

शका–जो क्रिया के प्रति कारण हो तथा प्रधान क्रिया के साथ नैरन्तर्य रहै, उसको यदि करण कहते है तब तो कर्म (क्रिया) विभागात्मक कार्य मे करण होगा, क्योकि कर्म से विभाग होता है, तब कर्म कारण भी है, विभाग, मे तथा विभाग के साथ कर्म का नैरन्तर्य भी है, एवं विभाग पूर्व सयोग ध्वस मे करण हो जायगा। यहा भी विभाग से पूर्वसयोग ध्वस्त होता है तो विभाग ध्वस का जनक है तथा पूर्व सयोग ध्वस के साथ विभाग का नैरन्तर्य भी है, एव पूर्व सयोग ध्वस उत्तर सयोग मे करण हो जायगा, क्योकि यहा भी पूर्व सयोग ध्वंस से उत्तर सयोग का

कर्म विभागे स च पूर्वसंयोगध्वंसे स चोत्तरसंयोगे करणं स्यात् तत् कारणत्वे सति तन्नैरन्तर्यादिति चेत् । बाढम् । यदि च करणे व्यापारवत्त्वनियमस्तदात्र निर्व्यापारे करणत्वशङ्का नास्त्येव । हन्तैव हस्तश्छिदाकरणं न स्यात् छिदया समं

उत्पादन होता है तथा नैरन्तर्य भी है । तत्तत् कार्य के प्रति कारणत्व हो करके तत्तत्के साथ कर्मादिक का नैरन्तर्य भी है, इस प्रकार से विभागादि कार्य के प्रति कर्मादिक करणत्वापत्ति हो जाती है ।

समाधान–बाढम इत्यादि–आपका कहना ठीक है कि उक्त स्थल मे अतिव्याप्ति होती है । परन्तु जो व्यापारवान् कारण को ही करण मानते है उनके मत से व्यापार रहित कर्म मे करणत्व की शका नही होती है ("व्यापार-वत् कारण करणम्" जो कारण व्यापारवान् हो उसका नाम है करण । जैसे भ्रमि रूप व्यापार विशिष्ट दण्ड घट के प्रति करण होता है, इस नियम को मान करके व्यापार रहित कर्म मे अतिव्याप्ति का वारण होता है । अव्यवहित कारण का नाम है करण, इस मत मे पूर्व पक्ष किया गया है, ऐसा जानना चाहिये ।)

शका–प्रधान क्रिया के साथ नैरन्तर्य रहे तभी करण कहलावेगा, ऐसा मानने पर छिदादि क्रिया मे हाथ करण नही होगा, क्योंकि छिदादि क्रिया के प्रति हाथ का नैरन्तर्य

नैरन्तर्येण सम्बन्धाभावात् । तथा च हस्तेन परशुना वृश्चतीति न स्यात् हस्तस्याकरणत्वादिति चेत् । न । न हि परशुं व्यापार्य हस्तो विरमति यदि तु स विरमेत्तदा परशुः पतेत् । नतु स पात्येत यत्र तूत्तरकरणं व्यापार्योत्पाद्य वा प्रथमं करणं विरमति तत्समद्रव्ये च प्रधानक्रियायामाद्यं तद्वितीकरण-

---

से सम्बन्ध नही है । तब हस्तेन परशुना वृश्चति, हाथ से परशु द्वारा लकडी को काटता है, ऐसा प्रयोग नही होगा, क्योकि हाथ तो करण नही है, नैरन्तर्य संबन्धाभाव से ।

उत्तर–हाथ परशु को व्यापारित करके विरमित नही होता है, यदि विरमित हो जाय तब तो कुठार को हाथ से गिर जाना चाहिये । परतु कुठार हाथ से गिरता नही है, इसलिये यावत्पर्यन्त छेदन रूप कार्य चलता रहता है तब तक हाथ का व्यापार विरत नही होता है, इसलिये हाथ का नैरन्तर्य रूप से क्रिया के साथ यावत्कार्य होता है तब तक रहता ही है, इसलिये अव्याप्ति की शंका नही होती है ।

जिस स्थल मे प्रथम करण उत्तरण मे व्यापार का उत्पादन करके अथवा उत्तर करण को ही उत्पादन करके विरमित हो जाता है उस स्थल मे प्रथम करण को प्रधान क्रिया मे करणत्व होता है, और द्वितीय करण क्रिया मे प्रथम करण व्यापारित द्वितीय करण करण होता है, जैसे अनुपान और प्रयाज (दर्श पूर्णमास के प्रकरणस्थ

क्रियायां करणं यथा अनुयाजप्रयाजौ । अत एव प्रधाने रागादङ्गे वैधी प्रवृत्तिरन्यथोभयत्रापि रागजैव सा स्यात् द्वयोः स्वर्गसाधनत्वाविशेषादिति । हन्तैवमपि सुखदुःखयोः

अवान्तर यज्ञ विशेष) दर्श पूर्णमास प्रधान याग है उसका प्रधान क्रिया मे अन्वय होता है, ननु अ ग अ गी दोनो को प्रधान क्रिया के साथ अन्वय नही है, अत एव प्रधान यज्ञ मे स्वर्गराग से प्रवृत्ति होती है और अ गयाग प्रयाजादिक मे वैधी अर्थात् विधिजनित प्रवृत्ति होती है। अन्यथा यदि ऐसा न मानोगे तव तो प्रधान तथा अ ग मैं उभयत्रापि राग जनित ही प्रवृत्ति होगी, क्योकि अ ग प्रधान दोनो मे स्वर्ग साधनत्व समान है। अभिप्राय यह है कि प्रधान याग मे जो प्रवृत्ति होती है सो मुख्य जो स्वर्ग फल है उसकी इच्छा से, और अ ग याग मे जो पुरुष की प्रवृत्ति होती है सो प्रधान याग की इच्छा मे । यह तो दर्श पूर्ण मास प्रकरण की वस्तु स्थिति है। परन्तु यदि दोनो को मुख्य फल का ही साधन मानले तव तो दोनो अ ग प्रधान मे उभयत्र मुख्य फलेच्छा से प्रवृत्ति हो जायगी, तब यह प्रधान है, यह इतिकर्तव्य रूप है एतादृश भेद व्यवहार नही होगा।

शका—जब नैरन्तर्य सबध वाला करण होता है, ऐसा मानते है तब तो सुखदु ख के उपभोग मे दुखदु ख भी

स्वभोगे करणता स्यात् ताभ्यामन्वयज्ञानेन स्वभोगस्यावश्यमुत्पादनादिति चेन । तादृशव्यापारवत एव कारणस्य मया करणत्वोपगमात् सुखदुःखयोश्च तादृशव्यापाराभावात् । आस्तां वा ते अपि तत्र करणे अयोगव्यवच्छेदेन सम्बन्धात् ।

करण होगा, क्योकि अन्वयज्ञान से सुखदु ख स्वकीय उपभोग का उत्पादक होता है (उपभोग शब्द का अर्थ होता है सुखदु खान्यतरका यह ज्ञान है, तो ज्ञान विषय के विना हो नही सकता हैं)

उत्तर—मैं व्यापारवान् कारण को ही करण मानता हूँ और सुखदु ख मे ऐसा कोई व्यापार नही है, जैसे घटोत्पत्ति मे दड करण है तो उसका व्यापार दड जन्य घट का जनक चक्र भ्रमि को मानता हूँ, किन्तु प्रश्न में सुखदु ख मे स्व जन्य साक्षात्कार मे मध्यवर्ती व्यापार नही है, अत करणत्व सुखदु ख मे नही होता है । अथवा मान लिया जाय सुखदुःख के उपभोग मे सुखदु ख को करणत्व मान लिया जाय अयोग व्यवच्छेद से सम्बन्ध होने से ।X

Xव्यापारवान् कारण करण होता है, इस मत को स्वकर स्वोपभोग म स्व को करणत्व नही हो सकता है, व्यापार के अभाव म । यदि पूर्व नियम को न मानें अर्थात् निर्व्यापार भी करण होता है। जो करण असाधारण हेतु साक्षात्कार हो सो करण है, करण का लक्षण है "क्रियया अयोग व्यवच्छिन्न सम्बन्ध" इस अभिप्राय को स्पष्ट के 'आस्तां वाऽपि तत्र करणे" ऐसा कहा है ।

न चैवं सुखेन भुङ्क्ते इत्यपि स्यात् । ईदृशप्रयोगमेचकावतां भवत्येव । अत एव मांसेन भुक्त्वा तृप्तो भवतीति मैत्रेय-प्रयोगो घटते । व्यापारश्च तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकः ।

शंका—तब तो 'सुखं भुंक्ते' की तरह 'सुखेन भुंक्ते' ऐसा भी प्रयोग होना चाहिये ।

उत्तर—एतादृश सूक्ष्म बुद्धि वाले को 'सुखेन भुंक्ते' प्रयोग होता ही है । अत एव मास का भोजन करके तृप्त होता है, एतादृश मैनका प्रयोग भी घटित होता है । जो तत् से जन्य हो और तज्जन्य का जनक हो उसको व्यापार कहते है जैसे चक्रभ्रमि दड से जन्य है और दण्ड जन्य जो घट है उसका जनक होने से भ्रमि मे व्यापार लक्षण का समन्वय होता है । इस लक्षण मे व्यापारो अर्थात् दण्ड यागादि मे अतिव्याप्ति वारण करने के लिये "तज्जन्यत्वे सति" यह विशेषण दिया गया है । अन्यथा तज्जान्य-जनकत्व याग मे भी है, अत विशेषण देने से याग मे जन्यत्व नही है, तज्जन्यत्व मात्र कहें तब तो याग जन्य स्वर्गादिक में भी लक्षण चला जायगा, क्योकि स्वर्ग यागजन्य है । जब तज्जन्य जनकत्व कहते हैं तब स्वर्गरूप फल मे अतिव्याप्ति नही होती है, क्योकि याग जन्य अपूर्व का जनक नहीं है । अतः विशेषण तथा विशेष्य दोनो अ श को लक्षण घटक बनाया गया है । जैसे याग

अत्र व्यापारिवारणायाद्यं फलवारणाय त्वन्त्यं विशेषणं यथा यागस्यापूर्वमनुभवस्य संस्कारः । तृतीयलिङ्ग परामर्शस्तु न करणं किन्तु व्याप्तिस्मृत्यात्मकस्य करणस्यासौ व्यापारः ।

का व्यापार है अपूर्व, अर्थात् धर्माधर्म तथा अनुभव का व्यापार है सस्कार । यह अपूर्व और सस्कार यथा सख्य से याग तथा अनुभव जन्य है, तथा याग और अनुभव से जाय मान स्वर्ग और स्मरण का जनक भी है ।

यह जो तृतीय लिंग परामर्श है सो अनुमिति मे करण नही है, किन्तु व्याप्ति स्मृत्यात्मक जो करण उसका यह परामर्श व्यापार है । अर्थात् वह्निमान इस अनुमिति स्मृत्यात्मक व्याप्ति का ज्ञान है करण । करण वही होता है जो व्यापारवान् हो । तब उस व्याप्ति ज्ञान रूप करण का व्याप्ति विशिष्ट वैशिष्ट्यावगाही ज्ञानात्मक 'वह्निव्याप्य धूमवानय पर्वत' इत्याकारक ज्ञान व्यापार होता है । यदि अनुमिति और परामर्श के बीच मे कोई तीसरा होता तब उसको व्यापार बना करके परामर्श को करण बनाने के लिये श्रम किया जाता । सो तीसरा तो कोई है नही । इसलिये परामर्श के व्यापारवान नही होने से करणत्व नही है किन्तु परामर्श स्वयमेव व्यापार है और तादृश परामर्शात्मक व्यापारवान् व्याप्ति स्मरण करण है । व्यापारवान कारण को ही करण माना गया है । परामर्श

यत्राप्याप्तोक्तशब्दयोनिस्तृतीयलिङ्गपरामर्शस्तत्रापि व्याप्तिस्मृतिरादौ पदार्थज्ञानं विना वाक्यार्थधियोऽनुदयनियमात् ॥

तो व्यापार रहित होने से करण नही होता है, अपितु परामर्श रूप व्यापार को लेकर के व्याप्ति ज्ञान करण है। जैसे घटात्मक कार्य मे अव्यवहित फलक होने पर भी चक्र भ्रमण करण नही होता हे, क्योकि चक्र भ्रमिका कोई व्यापारान्तर नही है, किन्तु चक्र भ्रमि को व्यापार बना करके दड ही करण होता ह। व्यापारवान कारण को ही करण माना गया है। अब यहा शका होती है कि जिस स्थल विशेष मे व्याप्ति स्मरण नही है, वहा तो तृतीय लिंग परामर्श को ही करण बनाना पडेगा। इस शका के उत्तर मे ग्र थकार कहते है "यत्राप्याप्तप्रोक्तेत्यादि" जहा भी आप्तोक्त शब्द मूलक तृतीय लिंग परामर्श होता है उस स्थल मे भी व्याप्ति स्मरण को अवश्य मानना। क्योकि प्रथमतः पदार्थज्ञान के विना वाक्यार्थ रूप शाब्द बोधात्मकज्ञान हो ही नही सकता है। वहा भी है—"पदज्ञान तु करण द्वार तत्र पदार्थ धी। शाब्द बोध फलमिति" शाब्द बोध रूप कार्य मे पद ज्ञान करण है और पदार्थ ज्ञान अवान्तर व्यापार है, इत्यादि। इससे यह सिद्ध हुआ कि शब्द मूलक तृतीयलिग परामर्शस्थल मे भी पदार्थ ज्ञानात्मक व्यापार तथा पदज्ञान रूप करण रहता है।

ननु लिङ्गाभासजन्या यत्र प्रमाभूतानुमितिस्तत्र तस्याः प्रामाण्यमीश्वरतृतीयलिङ्गपरामर्शरूपानुमानात् गुणजन्यत्वमिति तावदास्थ तत्र हि स व्यापारभूतो न भवति नित्यत्वादिति चेत् । सत्यम् । जगत्कारणत्वात्तदत्रापि कारणं तत एव चानुमानक-

प्रश्न–जिस स्थल मे लिंगाभास से प्रमारूपा अनुमिति होती है (वस्तुत पर्वत मे वह्नि है किन्तु धूली पटल मे धूमत्व-भ्रम के अनन्तर वह्निव्याप्यधूमवानयम् एतादृश असत्परामर्श से वह्निमान् अनुमिति होती है, उस अनुमिति को लिगाभास से जायमान प्रमा अनुमिति कहते है । हेतु तो असत् है किन्तु पक्ष मे साध्य का बाध नही है) उस अनुमिति को परमेश्वरीय तृतीयलिंग परामर्श से जायमान होने के कारण से गुणजत्वेन प्रमाण रूप है, ऐसा आप नैयायिक लोग कहते हं परन्तु इस स्थल मे परमेश्वरीय तृतीय लिंग परामश व्यापार कैसे होगा ? क्योकि परमेश्वर ज्ञान तो नित्य है और व्यापार तो करण जन्य होने से अनित्य ही होता है । तब स्थल मे व्यापार का लक्षण नही बैठ रहा है ।

समाधान–परमेश्वर जगत् का कारण है । "सकारण करणाधिपाधिपो न चास्य कश्चिद् जनिता" वह परमेश्वर सभी का कारण है, सभी करण का स्वामीहै, उसका उत्पादयिता कोई नही है, इत्यादि आगम तथा न्याय से

तु॑न्तस्य गुणादनुमितिः प्रमा । करणन्तु तत्रापि अनुमितिमात्र एव तृतीयलिङ्गपरामर्शजननी व्याप्तिस्मृतिरिति । शब्दसाक्षात्कारे तु यद्यपि इन्द्रियसन्निकर्षो न व्यापारो नित्यत्वात् । तथापि

सिद्ध होता है कि परमेश्वर जगत् का कारण है। तब यहा लिंगाभास से जायमान प्रमानुमिति मे भी कारण है, यह अनुमिति भी जगदन्तर्गत है। ईश्वरीय गुणजन्य होने से अनुमान कर्ता पुरुष की अनुमिति गुणजन्य होने से प्रमात्मिका होती है। करण तो इस अनुमिति मे भी परामर्श को पैदा करने वाला व्याप्ति स्मरण ही है। शब्द के प्रत्यक्ष मे यद्यदि इन्द्रिय सन्निकर्ष व्यापार नहीं है क्योकि नित्य होने से। तथापि प्रथम जो शब्द है वही वहा श्रोत्रेन्द्रिय का व्यापार है। अर्थात् प्रकृत मे शब्द प्रत्यक्ष मे समवाय सन्निकर्ष को व्यापार माना है, और श्रोत्र को करण माना जाता है, तो समवायतो नित्य है, तब उसमे श्रोत्र जन्य होकर श्रोत्रजन्य शब्द ज्ञान का जनकता रूप व्यापारत्व नहीं घटता है, ऐसा पूर्व पक्षी का आशय है। उत्तर कर्ता ने समवाय को व्यापार न मान करके प्रथम शब्द को ही व्यापार मान लिया (परन्तु समवायत्व रूप से समवाय नित्य है। यहा तो श्रोत्रावच्छिन्न समवाय सन्निकर्ष है तब अवच्छेदक वैशिष्ट्य रूप से भेद मानलें तो क्या क्षति है ? जैसे समवाय को एक मानते हैं तो जो

आद्यः शब्द एव तत्र श्रोत्रस्य व्यापारः। ननु कर्मणः कथं करणकोटौ प्रवेशः उपाधिसमाधिवेशादित्युक्तं प्राक्। यत्तु चक्षुर्घटसंयोगं व्यापारमुदाहृत्य घटस्य कारणकोटिप्रवेशमाशङ्क्य तदपि मामूदित्याशयेन बाधेऽन्यसाम्यादित्युक्तम्। तदयुक्तम्। नहि घट इन्द्रियसंयोगे तद्व्यापारमूते निविशते

समवाय का रूप घट मे है वही समवाय स्पर्श का वायु मे भी है। यह कहकर रूपवान वायु विलक्षण स्पर्शवान घट, इस आपत्ति को हटाने के लिये नव्य नैयायिक ने रूप प्रतियोगित्व विशिष्ट समवाय को अलग मान करके रूपवान वायु इस आपत्ति का समाधान किया है, उसी प्रकार से श्रोत्रावच्छिन्नत्व रूप से विशिष्ट समवाय को व्यापार मानलें तो क्या आपत्ति है ? किन्तु इस विषय पर तत्वग्राही लोग स्वय विचार करले) आप शब्द को इन्द्रिय का व्यापार मानते हैं, सो शब्द तो कर्म कोटिका है, वह करण कोटि मे समाविष्ट कैसे होगा ? इसके उत्तर मे कहते हैं "उपाधि समावेशात्" अर्थात् उपाधि के भेद से एक ही शब्द कर्म तथा करण उभय कोटि मे समाविष्ट है। अर्थात् जिस रूप से कर्म है उस रूप से करण कोटि मे नहीं जाता है, तथा जिस रूप से करण कोटि मे प्रविष्ट है उस रूप से कर्म कोटि मे नही जाता है। ऐसा मैं पहले कह चुका हूँ। जिस किसी ने कहा है कि चक्षु तथा घट का जो

इन्द्रियाजन्यत्वात् किन्तु घटबहिर्भावेणैवेन्द्रियसंयोग इन्द्रिय-व्यापार इति ब्रूमः ॥

ननु करणस्य प्रधानक्रियया समं नैरन्तर्यमुक्तं तद्योगोऽस्ति अपूर्वेण स्वर्गव्यवधेरिति चेन्न । स्वाङ्गस्याव्यवधायक-

---

सयोग वह घट प्रत्यक्ष मे सन्निकर्ष है, यह कहकरके सयोग रूप व्यापार द्वारा घट का समावेश करण कोटि मे हो जाता है,ऐसो शका करके घट सयोग भी सन्निकर्ष न बने तो क्या है ? इस आशय से "बाधेऽदृढेऽन्यासाम्यात् किं दृढे तदपि बाध्यताम् । ववममत्वं मुमूक्षाणामनिर्वचन वादिनाम्" ×यह कहा है सो ठीक नही है, क्योकि इन्द्रिय का व्यापार जो इण्द्रिय सयोग उसमे घट का समावेश नही, किस लिये कि घट तो इण्द्रिय से उत्पद्य मान नही है । सयोग तो इन्द्रियसे पैदा होता है । किन्तु घट से वहिर्भूत सयोग इन्द्रिय का व्यापार होता है । इन्द्रिय घटका सयोग व्यापार कहलाता है । उसमे सयोग द्विष्ट होता है अर्थात् दो मे

×यदि बाधक प्रमाण दृढ नही है तब उसम अन्यथा दृष्टात देना ठीक नही है, दृष्टान्त मात्र से कार्य सिद्धि नही होती है और बाधक दृढ होने ? कार्यक्षम नही होता है। अब यदि बाधक प्रमाण दृढ हैं तब उसको भी बाधित कर दीजिये, क्योकि सभी वस्तु को अनिर्वचनीय मानने वाले मुमुक्षु को ममत्व किसके साथ है ? अर्थात् किसीके साथ नही । देखिए ममत्व रहित मुमुक्षु मिथिलानाथ जनकजी ने मिथिला के दहन समय मे कहा था कि मेरा कुछ नहीं जलता है । इसी प्रकार से बाधक की दृढता मे सभी बाधित हो जोवे तो होने दीजिये ।

त्वात् प्रथमग्रहीततत्कारणतानिर्वाहार्थमेवापूर्वस्यतन्निर्वाहकस्य यागव्यापारत्वेनापेक्षणात् । यत्र तु निरन्तरयोः सम्बन्धग्रहे

रहता है तो प्रकृत मे प्रतियोगिता सबन्ध से सयोग इन्द्रिय मे और अनुयोगिता सबध से घट मे है, तो प्रतियोगित्व विशिष्टत्व रूप से कारण है, सयोग व्यापार है और अनुयोगिता विशिष्टत्व रूप से इन्द्रिय जन्य ज्ञान विषय कोटि मे जाता है, इसलिये घटादिक पदार्थ कर्म कोटि मे ही रहता है करण कोटि मे नही जाता है। इस स्थिति मे करण कोटि मे प्रवेश की शका निरालम्बन है।

शका–प्रधान क्रिया के साथ करण को नैरन्तर्य रहता है, अर्थात् प्रधान क्रिया और करणके बीच मे कोई व्यवधायक नही रहता है ऐसा आपने कहा है, परन्तु याग मे तो ऐसा देखने मे नही आता है। यहा तो याग और स्वर्ग के बीच मे अपूर्व धर्माधर्म व्यवधायत्र है।

समाधान– स्व का अ ग व्यवधायक नही होता है। प्रथम गृहीत जो यागादि मे कारणता उस कारणता का निर्वाह अर्थात् सपादन का याग कारणता निर्वाहक अपूर्व को याग के व्यापार रूप से अपेक्षा किया जाता है। "स्वर्गकामो यजेत" स्वर्ग की कामनावान् यज्ञकरे। अर्थात् याग द्वारा स्वर्ग का सपादन करे। इस विधायक वाक्य को

सस्कृत अग्नि मे पुरोडासादि प्रक्षेपात्मक याग क्रिया क्षण प्रध्वसी है, तब इसके क्षण प्रध्वसी होने से परलोक मे प्राप्त होने वाले स्वर्ग मे यह याग कारण कैसे होगा । क्योकि कार्य के अव्यवहित पूर्वकाल मे रहने वाला ही कारण होता है । याग तो चिरातीत हो जाता है । कदाचित् कहो कि याग निरर्थक है, सो ठीक नही है । प्रमाण का मूर्धन्य वेद कहता है कि याग से स्वर्ग का सम्पादन करो, सो निरर्थक कैसे होगा ? अत याग करने से एक अपूर्व उत्पन्न होता है, अधिकारी समवेत हो करके बैठा रहता है, वह कालान्तर मे भावी स्वर्ग फल का अव्यवहित पूर्ववती हो करके कारण होता है और इसी अपूर्व के द्वारा याग भी कारण होता है। यही याग का व्यापार है, तो जो अपूर्व वाक्य से अवगत याग मे स्वर्ग कारणता का निर्वाहक है सो याग का अग रूप अपूर्व, याग तथा स्वर्ग मे व्यवधायक नही होता है । आप शाकर वेदान्ती लोगो ने भी तो महान् प्रयास से याग को करण वतलाया है तथा अपूर्व को व्यापार मान करके भी फल तथा करण मे व्यवधायक नही माना है । आचार्य उदयन ने भी कहा है "चिरध्वस्त फलायाल न कर्मातिशय विना" चिरध्वस्त यागादिक कर्म क्रिया अतिशय के विना स्वर्गात्मक फल के उत्पादन मे समर्थ नही हो सकता है अतः याग क्रिया से जायमान स्वर्गाव्यवहित वर्ती स्वर्ग के

सति परचात्तद्वारा पूर्वतमस्यापि सम्बन्धो गृह्यते तत्र मध्यमजं

जनक याग के अंग भूत याग मे वेद सिद्ध कारणता को ग्राहक माना गया है। नही कहो कि अपूर्व से ही स्वर्ग की उत्पत्ति सिद्ध हो जाती है तो अपूर्व जनक याग को स्वर्ग मे कारणता क्यों मानें ? प्रत्युत घट के जनक कुलाल का उत्पादक कुलाल पिता अन्यथा सिद्ध है, उसी प्रकार से याग भी स्वर्ग के प्रति अन्यथा सिद्ध है। ऐसा मत कहो। ऐसा कहने से तो आप वरघाताय कन्योद्वाहन न्याय को लगाते है, अर्थात् जैसे वर राजा को मारने के लिये कन्या का विवाह नही किया जाता है, किन्तु वर के सुखोत्पादन के लिये ही किया जाता है, उसी प्रकार से स्वर्ग के प्रति याग की कारणता सिद्ध हो इस लिये तो मध्यवर्ती अपूर्व माना गया है, यदि यह अपूर्व याग की कारणता को नष्ट कर दे तो इसकी क्या आवश्यकता थी ? "हन्यता हन्यता बालो नानेनार्थोस्ति जीवता । स्वपक्षहानिकर्तृत्वाद् यः कुलागारता गतः" इस न्यायता का अतिक्रमण यह अपूर्व नही करेगा। इष्टापादान तो कह नही सकते हैं, क्योकि इष्टापत्ति कहने से 'स्वर्गकामो यजेत" वाक्य अप्रामाणिक हो जायगा सो तो किसी को भी इष्ट नही है। जहा निरन्तर दो मे सबध रहने पर पश्चादुत्तर कालिक द्वारा कार्य के साथ पूर्वतम का संबन्ध गृहीत होता है वहा मध्यम

प्रत्येव पूर्वतमस्योपयोगः । तेनैव च तस्य व्यवधिर्यथा पुत्र-जन्ये घटे तत्पितुः । एतेन फलाव्यभिचारिव्यापारकत्वं करणत्वं करणत्वमित्यपि समर्थितम् । यद्वानेन करोति तत्करणमिति ।

के प्रति (द्वितीय के प्रति) पूर्व तम का उपयोग होता है और उसी से उसका व्यवधान भी होता है। जैसे पुत्र जन्य घट मे तत्पिता का अर्थात् घटात्मक कार्य के प्रति कुलाल को कारणता प्राप्त है और कुलाल पिता को पुत्र द्वारा कारणता आती है तो यहा कुलाल व्यवधायक माना जाता है, अन्यत्र नही। उपर्युक्त कारणत्व का प्रतिपादन करने से फल के प्रति अव्यभिचारी जो व्यापार, वह व्यापार जिस कारण मे हो उस कारण विशेष को कारण कहते हैं। एतादृश कारण लक्ष्य भी समर्थित होता है। अर्थात् जिस व्यापार के अनन्तर मे नियमत. कार्य होता ही है तादृश व्यापारवान् कारण को करण कहते है।

यद्वा नेनेत्यादि–जिससे विशिष्ट होकर के कर्ता कार्य का उत्पादन करता है उसका नाम है करण। जैसे दण्ड विशिष्ट होकर के कुलाल घटादिक कार्य को करता है तो पुन्य विशेषणी भूत जो दण्ड है सो घट कार्य के प्रति करण है, इसी का स्पष्टीकरण करते है।

कर्ता स्व इत्यादि–स्वकतृजन्य सभी क्रियाओं मे कर्ता जस कारक विशेष की अपेक्षा करता है तत्कारक विशेष

कर्ता स्वजन्यासु सर्वास्वेव क्रियासु यत्कारकमपेक्षत एव तत् करणम्। कर्मादिचतुष्कन्तु नैवं तेषां सर्वत्रानपेक्षणात्। करणमेव तथा तेन विना कर्तुः क्रियाप्रचयानुदयात्। एवं यद्वानेव प्रमिमीते तत्प्रमाणं केन प्रमितिकारकेण सहित एव कर्ता प्रमिमीते करणेनेति ब्रूमः। तथा हि प्रमितौ सम्प्रदाना-पादाने तावदसम्भाविते एव। अधिकरणन्तु प्रमितेः प्रमातैव।

का नाम ही करण होता है। कर्म संप्रदान अपादान अधिकरण ये चारों कारक ऐसे नही है कि यदपेक्ष होकर के कर्ता क्रिया का संपादन करे, क्योंकि कर्मादिक चारों कारक सर्वत्र अपेक्षित नही होते हैं, करण ही ऐसा है। करण सापेक्ष हो करके ही मात्र क्रिया को करता है। इसी प्रकार से करण के बिना कर्ता की कोई भी क्रिया पैदा नही होती है। यद्वा नहो प्रमाता प्रमा को कर्ता है उसका नाम है प्रमाण। जैसे चक्षुरादि को विशेषण रूप से लेकर के ही चाक्षुष प्रमा को देवदत्त उत्पादन करता हैं इसलिये चक्षुरादि प्रमाण है। किस प्रमिति का कारक से युक्त होकर के ही देवदत्तादिक कर्ता प्रमा ज्ञान को करता है? इसके उत्तर मे कहते हैं "करणेनेतिब्रूमः" करण को लेकर के ही प्रमाता प्रमा को करता है ऐसा मैं कहता हूं। इतरकारक को लेकर के प्रमा को क्यों नही करता है? करण से युक्त होकर के ही क्यों करता है? इसके स्पष्टीकरण के लिये कहते हैं। तथा होत्यादि—

न च स एव तद्वान् भवति मेयस्य चाधिकरणं नावश्यकम् आत्मादेर्निरधिकरणस्यापि प्रमेयत्वात् । यत्राप्यस्ति तत्रापि न नियतभावं घटः पट इत्यादिप्रमितेरपि दर्शनात् । कर्म तु प्रमितौ पाक्षिकं अनागतादेरपि प्रमितेः । विषयमात्रन्तु न कर्म

प्रमा की उत्पत्ति मे सम्प्रदान तथा अपादान चतुर्थी पचमी कारक तो असम्भवित है । अधिकरण तो प्रमा का प्रमाता ही है । प्रमाता ही प्रमातावान् नही हो सकता है । प्रमेय का अधिकरण कोई आवश्यक नही है, क्योकि आत्मादि अधिकरण रहित है फिर भी वह प्रमेय है, इस लिये प्रमेय को अधिकरण सापेक्षत्व अत्यावश्यक नहीं है । जहा अधिकरण है उस स्थल मे अधिकरण का नियमत: भान होता ही है, ऐसा नही है । क्योकि "अय घटोऽयपट" यह घट है यह पट है इत्यादि ज्ञान होता है परन्तु उसमे अधिकरण का भान कहा होता है ? अर्थात् अधिकरण का भान नही होता है । कर्म कारक तो प्रमा मे पाक्षिक है अर्थात् होता भी है नही भी होता है, नियत नहीं है । क्योकि अतीत अनागत विषयक ज्ञान भी होता है उसमे कर्म कारक विद्यमान कहा रहता है, अतीत होने से । ज्ञान का जो विषय हो सो कर्म है, ऐसा नही, विषय हो अकारक भी होता है अर्थात् कर्म कारक भी प्रमा मे नियत नहीं है । करण कारक तो प्रमा मे नियमत. क्रिया मात्र मे रहता

अकारकमाधारणयात् । करणन्तु प्रमितौ नियतमेव तेन विना प्रमित्यर्जनासम्भवादिति । अत एव करणस्य यश्चरमो व्यापारः स न करणं न वा प्रमाणं तस्य निर्व्यापारत्वेनाकारकत्वात् व्यापारवत्कारणस्यैव मया कारकत्वोपगमात् तद्विशेषस्य च करणत्वात् ॥

नन्वन्यथासिद्धनियतप्राक्सत् कारणं तदेव सव्यापारं

ही है ।

क्योंकि कारण के विना प्रमिति रूप कार्य का अर्जन (उत्पादन) असंभवित होने से । अत एव करण का जो चरम व्यापार है (यदनन्तर कार्योत्पत्ति नियत है उसी को चरम व्यापार कहते हैं) वह तो न कार्य का करण है न वा प्रमाण है (प्रमिति रूप कार्य का करण है) क्योंकि चरम व्यापार निर्व्यापार है उसका कोई व्यापारान्तर नहीं होने, से चरम व्यापार कारक नहीं है । व्यापारवान् कारण को ही हम लोग कारक मानते हैं तथा कारक विशेष का ही नाम करण होता है । इसलिये चरम व्यापार व्यापार रहित होने से न कारक है न वा करण है । कारणत्व की निवृत्ति से कारकत्व की निवृत्ति होती है । और कारकत्व की निवृत्ति से चरम व्यापार में करणत्व की निवृत्ति होती है । व्यापकाभाव व्याप्याभाव का प्रयोजक होता है ।

शंका—जो अन्यथासिद्ध रहित से रहित हो करके

कारकं तदेव साधकतमं करणमिति तावन्नैयायिकमतम् । तथा च व्यापारविशिष्टस्य करणतां गतस्य व्यापारान्तरान्वयाभावात् करणमपि करणं न स्यात् । मैवम् । यत्र रूपं तत्र स इतिवत्

नियमतः कार्य के अव्यवहित पूर्ववर्ती हो उसका नाम है कारण । अनियत पूर्ववृत्ति रासभादिक का निराकारण करने के लिये नियत पद दिया गया है । घटोत्तर वर्ती पदार्थ में कारणत्व लक्षण की अतिव्याप्ति वारण करने के लिये पूर्ववर्त्ती पद है, व्यवहित । पूर्ववर्त्ती पदार्थ के वारण करने के लिये अव्यवहित पददिया गया है ।× और जब यही कारण व्यापार विशिष्ट होता है तब उसी का नाम कारक होता है । जब साधक तम जो होता है तब वही कारक करण कहाता है, ऐसा नैयायिक का मत है । तब जब व्यापार विशिष्ट हुआ तब वह कारणता को प्राप्त होता है । अब मैं पूछता हूँ कि व्यापार विशिष्ट मे व्यापारान्तर का तो अन्वय नही होगा, तो जो करण है वह भी करण नही होगा । जैसे दण्ड विशिष्ट मे पुन दण्ड का सम्बन्ध नही होता है वैसे ही व्यापार विशिष्ट मे व्यापारान्तर का अन्तर तो होगा नही,तब करण भी करण कैसे होगा ?

×अन्यथा सिद्धि शून्य हो, नियमतः कार्य के पूर्ववर्ती हो, उसको कारण कहते है । अन्यथा सिद्ध पाच होते है । एक तो वह जो कारण सहभूत होता

पुत्रोत्पाद्य घट के प्रति अन्यथा सिद्ध है। पञ्चम अन्यथा सिद्ध अवश्य क्लृप्त नियत पूर्व वृत्ति से ही जब कार्य की सभावना होती है तब तत्सहभूत और सब अन्यथा सिद्ध है। जैसे घट के प्रति रासभ। अवश्य क्लृप्त नियत पूर्व वृत्ति दण्डादि कारण से ही जब घटोत्पत्ति सम्भवित है तब रासभ अन्यथा सिद्ध होता है। यद्यपि यत्किंचित् घट व्यक्ति के प्रति रासभ को भी नियत पूर्ववृत्तित्व है, तथापि घट जातीय के प्रति सिद्ध है, कारणमात्र है जिसको ऐसा जो दण्डादिक उसी से जब उस घट की भी उत्पत्ति हो सकती है तब रासभ अन्यथा सिद्ध ही है। पांचो अन्यथा सिद्ध में यह जो पांचवा अन्यथा सिद्ध है सो आवश्यक है, क्योंकि इससे सभी अन्यथा सिद्धों को चरितार्थता हो जाती है। यह कारण तीन प्रकार का होता है, समवायिकारण, असमवायि-कारण और निमित्त कारण। उनमें समवायिकारण तो द्रव्य ही होता है, और असमवायिकारण जब होगा तब गुण कर्म ही होगा। निमित्त कारण यथा योग साता पदार्थ होते हैं। घट के प्रति कपाल द्रव्य समवायिकारण है, कपालद्वय का संयोग असमवायिकारण है और दण्ड चक्रादि निमित्त कारण होते हैं। कुलाल कर्ता होता है, घट कर्म है, दण्ड करण है। विशेष रूप से देखना हो तो मत्कृत कारणतावाद में देखें, यहां संक्षेप से कह दिया है।

यस्य करणं तस्य व्यापारान्वय इति व्याप्त्युपगमात् । पटमुद्यम्य निपात्य प्रत्याक्षालयतः पटः कर्मैव करणं स्यात् तद्वानेव हि तं चालयति नातद्वानिति चेत् । अरोधात् । न हि यद्वानित्यत्र यत्पदेन वस्तुमात्रमुक्तं प्रमेयत्वादावतिव्याप्तेः । नापि कारकमात्रं तत एव । नापि प्रकृतक्रियाकारकमात्रं पट-

---

समाधान–"यत्ररूपं तत्रस:" जिसमें रूप है सो वह है, इस प्रयोग की तरह जो करण है उसमें व्यापार का अन्वय होता है, ऐसी व्याप्ति मैं मानता हूँ । न तु व्यापार विशिष्ट में व्यापार के सम्बन्ध को मानता हूँ जिससे कि आपको आपत्ति घटित हो ।

प्रश्न–जहां पट को ऊपर उठाकर नीचे गिराकर के धोता है, उस स्थल में क्षालन क्रिया का कर्म जो पट है सो करण हो जायगा । क्योंकि पटवान् पुरुष ही तो पट का प्रक्षालन करता है अपटवान नहीं । इस स्थिति में 'यद्वान् करोति तत्कारणम्' यह जो करण लक्षण है उसकी अतिव्याप्ति होती है कर्म में ।

समाधान–आपका यह प्रश्न अज्ञान मूलक है आपने अभिप्राय को नहीं समझा । यद्वानेवकरोति एतल्लक्षण घटक यत् पद से वस्तु मात्र का ग्रहण करना, ऐसा नहीं कहागया है । क्योंकि ऐसा कहने से प्रमेयत्वादिक व्यापक धर्म को लेकर अतिव्याप्ति हो जायगी । न वा यद्वान् यहा

स्यापि स्वप्रक्षालने करणत्वापत्तेः । नापि प्रकृतक्रियाकरणमात्मा-श्रयादननुगमाच्च । किन्तु कर्तुः स्वक्रियायां क्रियात्वेनावश्या-पेक्षणीयं कारकमुक्तं क्रियात्वेन हि रूपेण क्रियाभिः करणमे-वापेक्ष्यते करणं विना क्रियामात्रस्यैवानिष्पत्तेः । कर्मादि तु

यत्पद से कारक मात्र का ग्रहण किया जाता है, पूर्वोक्त दोष से ही न वा प्रकृत क्रिया मे जो जो कारक है उन सब का ग्रहण नही है, क्योकि पट प्रक्षालन मे कर्म जो पट उसमे भी कारणत्व हो जायगा । न वा प्रकृत क्रिया मे जो करण हो उसका यत् पद से ग्रहण होता है क्योकि करण के लक्षण मे करण का प्रवेश होने से आत्माश्रय दोष हो जायगा और अननुगम दोष भी हो जायगा । किन्तु कर्ता से स्व की क्रिया मे क्रियोत्पादकत्व रूप से अवश्य अपेक्षणीय जो कारक सो यद्वान यहा यत् पद से लिया जाता है ऐसा मैं कहता हूँ । क्रियात्व रूपेण क्रिया मे करण कारक ही अपेक्षित होता है, इतर कारक नही । क्योकि करण के बिना क्रियामात्र अनिष्पन्न हो जाती है । अर्थात् करण के बिना क्रिया की निष्पत्ति नही होती है । कर्म प्रभृति कारक ऐसा नही है, कर्मादि कारक का सभी क्रिया मे सम्बन्ध रहना ही चाहिये । ऐसा नियम नही है । कर्म संप्रदान अपादान अधिकरण कारक रूप चार कारको के बिना भी क्रिया का उदय देखने

नैवं तेषां सर्वासु क्रियास्वन्वयनियमाभावात् । कर्णादिकं चतुष्कं विनापि क्रियोदयदर्शनात् । एवं कर्मणि पटे कः प्रसङ्गः । न हि स चालनेन क्रियात्वेनापेक्ष्यते किन्तु चालनत्वेनैवेति विद्धि ॥

ननु चक्षुरादेः परस्परव्यभिचारितया यद्वानेन प्रमिनते

में आता है, करण के विना क्रिया का उदय देखने में नही आता।

इस प्रकार से जब करण लक्षण का स्पष्टीकरण किया गया तब आप ही कहिये पट का उद्यमन निपातन पूर्वक संपाद्यमान प्रक्षालन क्रिया में कर्मात्मरूपट के करणत्व की आपत्ति किस प्रकार से होगी ? वह पट-क्रियात्वेन रूपेण-क्षालान से अपेक्षित नही होता है किन्तु क्षालनत्व रूप से ही अपेक्षित हैं ऐसा जानिये।

शका—चक्षुरादि प्रत्यक्ष प्रमा करण के परस्पर व्यभिचारी× होने से यद्वान् प्रमा ज्ञान करता है, ऐसा कथन

इति न घटत इति चेत्। भ्रान्तोऽसि। प्रमया फलेन परिचायितं करणं प्रमाणमित्युच्यते। तथा च प्रकृतां प्रमारूपां क्रियां यद्वानिवार्जयतीति वचोभङ्ग्यापि प्रमाकरणमेव प्रमाणमुक्तं भवति। प्राक् करणे लक्षिते प्रमाणलक्षणाय तत्र प्रमान्वयमात्रस्य विधित्सितत्वात् प्रमाकरणवत एव प्रमार्जनं नातद्वत इति नियमाच्च। ननु किं करणत्वं साधकतमत्वं तच्च निरुक्तम्। अथ करणत्वेन यानि लक्षयसि तेषां किमेकं रूपं लक्ष्यतावच्छेद-

---

उपयुक्त नही लगता है।

समाधान—हे मूर्ख तुम भ्रान्त हो। प्रमा रूप फल से परिचायित (परिचय को प्राप्त किया हुआ) जो करण है वही प्रमाण है, यह मैं कहता हूँ। ऐसा होने से प्रकृत प्रमा रूप क्रिया को यद्वान् अर्जित (सपादित) करता है, इस वचन प्रकार से प्रमा करण को ही प्रमाण कहा जाता है। पहिले जब करण का लक्षण (क्रिया का जनक करण है) कर लिया, तब प्रमाण का लक्षण करने के लिये उस करण मे प्रमा के सम्बन्ध मात्र का विधान किया जाता है। और प्रमाणवान् पुरुष से ही प्रमा का अर्जन (उत्पादन) होता है, न कि अप्रमाणवान् से प्रमा का अर्जन होता है। ऐसा नियम भी है।

प्रश्न—यह करणत्व वस्तु क्या है ?

उत्तर—जो साधकतम हो उसको करण कहते हैं। उसका निर्वचन कर दिया गया है।

प्रश्न—करणत्व रूप से जिन जिन को लक्षित करते हैं

कमिति चेत्। धिङ् मूर्ख समनियतयोरेवैकं लक्ष्यतावच्छेदकं अपरं लक्षणं पृथिवीत्वगन्धवत्त्ववत् स्वबोधमेवैतत्। नापि साधकतमत्वं करणत्वमित्यादौ पौनरुक्त्यमर्थाभेदादिति देश्यं विवरणरूपत्वात् विवरणत्वेनैव विशेषात्। नाप्यात्माश्रयः पिकः कोकिल इत्यत्र। यथा कोकिलः पिकपदार्थ इत्यर्थस्तथा

उन सब मे कौन, एक अनुगत रूप है जो लक्षणतावच्छेदक होता है ? अर्थात् अनुगतलक्ष्यतावच्छेदक रूप क्या है ?

उत्तर–धिङ् मूर्ख ! समनियत जो धर्मद्वय, उनमे से एक धर्म लक्षणतावच्छेदक होता है और दूसरा धर्म लक्षण होता है। जैसे पृथिवी मे पृथिवीत्व तथा गन्धवत्त्व। जितने मे पृथिवीत्व रहता है उतने मे ही गन्धवत्त्व भी रहता है, इसलिये यह दोनो धर्म सम नियत है। इनमे से पृथिवीत्व धर्म पृथिवी लक्ष्य का लक्ष्यतावच्छेदक है और गन्धत्त्व लक्षण है। यह वस्तु स्वबोध है अर्थात् स्वबुद्धिमात्रगम्य है।

शंका–साधकतम को करण कहते है तो जो ही साधकतम है सो ही करण है, इस प्रकार से दोनों को समादार्थक होने से घटकत्व के समान लक्षण मे पुनरुक्ति दोष हो जाता है, अर्थ के अभिन्न होने से।

उत्तर–यहा साधकतम का विवरण रूप करण पद है तो विवरण होने से ही विशेषता है। तदर्थक पदान्तर से तदर्थ कथन का नाम ही विवरण होता है। न वा आत्माश्रय दोष भी होता है 'पिक कोकिलः' यहा कोयल जो है

साधकतमत्वं करणपदार्थं इत्यत्रापि पदार्थान्तर्भावेनात्माश्रयापनोदनात्। यदभावात् कर्तृकर्मणी न क्रियां जनयतः तत्त्वं करणत्वमिति वा। कर्त्रा क्रियात्वावच्छिन्नकार्ये कर्तव्ये स्वसहकारितया यदवश्यमपेक्ष्यते तत् करणम्। कर्मादिचतुष्कं नैव तस्य क्रियासामान्येऽनावश्यकत्वात्। कर्त्रा च करणेन च विना कापि क्रिया नोदेतीति। एवं प्रमातृप्रमेये यदभावात् प्रमां न जनयतस्तत् प्रमाणं प्रमात्रा हि प्रमात्वावच्छिन्ने कार्ये

सो ही पिक पदार्थ है, यह अर्थ होता है। इसी तरह साधकतम करण पदार्थ है यहा भी पदान्तिर का अन्तर्भाव करके आत्माश्रय दोप का निवारण किया जाता है। जिसके अभाव से कर्ता और कर्म अपनी क्रिया का उत्पान न करसके सके, उसका नाम है करण। यह लक्षण भी करण का होता है। क्रियात्वावच्छिन्न क्रियात्मक कार्य का उत्पादन करने में कर्ता स्व सहायक रूप से जिसकी अवश्य मेव अपेक्षा करता है उसका नाम होता है करण। कर्मादिक जो चार कारण हैं सो ऐसे नही हैं, क्योकि क्रिया सामान्य मे कर्मादिक की आवश्यकता नही होती है। करण के बिना तो कोई भी क्रिया नही होती है, इसलिये कर्ता के सहायक रूप से करण नितान्त अपेक्षित है। कर्ता और करण के विना कोई भी क्रिया नही होती है। एव जिसका अभाव रहने से प्रमाता तथा प्रमेय प्रमा का उत्पादन न कर सके उसका नाम होता है प्रमाण। प्रमात्वावच्छिन्न प्रमात्व कार्य

कर्तव्ये स्वसहकारितया यदवश्यमपेक्ष्यते तत् प्रमाणम्— प्रमेयाधिकरणे तु नैवं तयोः प्रमासामान्येऽनावश्यकत्वात् प्रमात्रा च प्रमाणेन च विना क्वापि प्रमानोदेतीति कर्मप्रमेयपदे त्वत्र निरुक्तिद्वये सम्पातायाते—न कर्तृवत् कर्मापि क्रियासामान्येऽपि प्रमातृवत् प्रमेयमपि जन्यप्रमासामान्ये हेतुर्येनोक्तिसम्भवोऽपि स्यात् । यच्च द्विकर्तृके चेत्रज्ञस्य करणत्वमापादितं

के उत्पादन करने में प्रमाता सहकारी रूप से जिसकी अपेक्षा अवश्य करे वह प्रमाण है । प्रमेय तथा अधिकरण तो ऐसा नही है । क्योंकि प्रमेय और अधिकरण की प्रमा सामान्य में आवश्यकता नही होती है, उन दोनों के बिना भी प्रमा हो जाती है । प्रमाता और प्रमाण के बिना तो कोई भी प्रमा उत्पन्न नही होती है । कर्म पद तथा प्रमेय पद दोनों, दोनों लक्षण में संपातापात है अर्थात् अमात आ गया है । (यद भाव से कर्ता और क्रिया को उत्पादन नही करता है, इत्यादि करण लक्षण में कर्म पद तथा जिसके अभाव से प्रमाता प्रमेय प्रमा का उत्पादन नही कर सकते हैं इस प्रमाण के लक्षण में प्रमेय पद अधिक है, इन पदद्वय की दोनों लक्षणों में प्रवेश करने कीं आवश्यकता नही है ।) करण लक्षण में जिस प्रकार से कर्ता के समान कर्म भी क्रिया सामान्य में हेतु नही है, तथा प्रमाण लक्षण मे प्रमाता की तरह प्रमेयजन्य प्रमा सामान्य में कारण

तदवबोधात् । न हि भगवता क्रियासामान्योत्पत्तये क्षेत्रज्ञोऽपे क्ष्यते अङ्कुरोत्पत्त्यादावनपेक्षणात् । करणन्तु तत्राप्यपेक्षित एवेति । चरमव्यापारवत्त्वं वा तत्त्वम् । कारकव्यवेत्यन्तरा-

---

नही है। यदि ये दोनो उभय स्थल मे यथाक्रम आवश्यक कारण होते तो इन दोनों का कथन कथचित सम्भवित होता भी, परन्तु ऐसा तो है नहीं। अर्थात् कर्म क्रिया सामान्य मे आवश्यक कारण नही है। तथा प्रमेय जन्य प्रमा सामान्य मे आवश्यक नही है। इसलिये करणलक्षण में कर्म पद तथा प्रमाण लक्षण में प्रमेय पद का प्रवेश अनावश्यक ही प्रतीत होता है। जिस किसी ने कहा था कि क्रिया को यदि द्विकर्तृक (ईश्वर कर्तृक तथा जीव कर्तृक) मानेगे तब जीव मे करणत्व का आपादन किया था सो अबोध विजृंभित मात्र है, क्योकि भगवान् क्रिया मात्र के उत्पादन करने मे क्षेत्रज्ञ जीव की अपेक्षा नही करता है। देखिये अंकुर रूप कार्योत्वापादन मे अपेक्षा नही रखता ही है। अतएव जीव मे करणत्वापादन अबोध विजृंभित ही है यह सिद्ध होता है।

चरम अन्तिम व्यापारवान् जो हो उसका नाम है करण, यह भी करण का लक्षण होता है। कर्ता का तथा करणेतर कारक का ज्यो व्यापार है सो चरम व्यापार नहीं है।

पेक्षया करणस्यैव चरमो व्यापारः । न च हस्ताद्यव्याप्तिः तद्व्यापारस्यापि परशुकाष्ठसंयोगपर्यन्तमनुवृत्तौ हस्तेऽपि लक्षणसत्त्वात् । अनुवृत्तौ तु छिदायां हस्तस्य न करणत्वं

जिस व्यापार के बाद पुनर्व्यापारान्तर न हो और कार्य निष्पन्न हो जाय उसका नाम है चरम व्यापार। कर्तादि कारक का व्यापार करण व्यापार से व्यवहित रहता है और करण व्यापार का कोई व्यवधायक नही होता है, इसलिये करण का व्यापार ही चरम व्यापार है, तदनन्तर कार्य हो ही जाता है, अतः चरम व्यापारवान् कारण करण है, यह भी करण का एक लक्षण होता है। अन्य कारक व्यक्ति की अपेक्षया करण का ही व्यापार चरम होता है। नही कहो, कि इस लक्षण का समन्वय हाथ में तो होता नही है, क्योकि हाथ का व्यापार तो चरम नही है, चरम व्यापार तो परशु का होता है, तदनन्तर ही छिदा रूप कार्य होता है, तो ऐसा कहना ठीक नही है, क्योंकि हाथ का भी व्यापार परशु तथा काष्ठ सयोग पर्यन्त रहता ही है, अन्यथा परशु का पतन हो जाना चाहिये, सो तो होता नही है, इसलिये कार्य पर्यन्त हाथ के व्यापार का अनुवर्तन होने पर भी छिदात्मक कार्य में हाथ को करणत्व नही है, किन्तु परशु के व्यापार मे ही हाथ को करणत्व है, ऐसी मेरी मान्यता है। व्याप्ति स्मरणात्मक अनुमान-

किन्तु परशुव्यापार एवेति; मदुपगमात् । अनुमानस्य तु व्याप्तिस्मृत्यात्मकस्य चरमो व्यापारो विशिष्टपरामर्श एव । ईश्वरज्ञानजन्येऽपि घटपटादौ क्षेत्रज्ञस्य ; यत्नादिर्न चरमः किन्तु तत्रापि तज्जन्यो दण्डवेमादिव्यापार एव तथेति । ननु पटक्षालनेनिर्णेजकस्य व्यापारो जलरूपो यद्यपि न चरम-स्तथापि काष्ठपटसंयोगरूपश्चरम एव स च हस्तवत्पटस्या-

---

कत्व चरम व्यापार विशिष्ट परामर्श ही होता है, अर्थात् वह्निव्याप्य धूमवान् पर्वत, इत्याकारक जो विशिष्ट वैशिष्टचा-वगाही तृतीय लिंग परामर्श है वही व्याप्ति स्मरण रूप कारण का चरम व्यापार होता है, इसलिये चरम व्यापार-वत्व लक्षण करण का लक्षण व्याप्तिस्मरणात्मक अनुमान में रहने से करण लक्षण का समन्वय होता है । परमेश्वर ज्ञान से जायमान घट पटादिक में जो जीव का प्रयत्नात्मक व्यापार है सो चरम व्यापार नहीं है, किन्तु जीव प्रयत्न जनित जो दण्ड वेमादिक का व्यापार है वही चरम व्यापार है । इसलिये चरम व्यापारवान् होने से दण्डादिक ही करण होते है न कि प्रयत्नवान् जीव ।

शंका—पट के प्रक्षालन रूप कार्य में धोनेवाले पुरुष का जल रूप जो व्यापार है सो यद्यपि चरम व्यापार नही है तथापि काष्ट पट का जो सयोग वह संयोगात्मक

पीति पटः कर्मवत् स्वक्षालने करणमपि स्यादिति चेत् । न । क्रियात्वेन क्रियया कर्तृकरणे एवापेक्ष्येते इति नान्यत्र प्रसङ्गगन्धोऽपीति तत्रापि करणस्यैव चरमो व्यापारः कर्तृव्यापारेण प्रयत्नेन चेष्टाया एव निर्माणात् । तथा च क्रियात्वेन क्रियया

व्यापार जैसे हाथ मे है उसी प्रकार से पट मे भी है, क्योकि सयोग दो में रहने वाला होता है । तब जैसे पट क्षालन क्रिया मे कर्म है, वैसे ही स्व क्षालन क्रिया मे पट भी करण हो जायगा ।—

'समाधान—"क्रियात्व रूपेण क्रिया से जो कारक अपेक्षित होता है वही करण है', यह मे पहिले कह आया हूँ । उस (चीज) को चरम "व्यापारवान् होकर के करण कहाजाता है इस बात को अभी कहता हूँ । अथवा मास की तरह पट मे भी तृतीया विभक्ति को मान लें, अर्थात् "मासेन भुक्त्वा तृप्तो भवति" इस मैत्रय प्रयोग मे जिस तरह से कम जो मास उसमे तृतीया विभक्ति होती है उसी तरह पट प्रक्षालन क्रिया में कर्मी भूत जो पट है उसमे भी तृतीया विभक्ति लगे । अथवा अनन्तर फलक जो हो उसका नाम है करण, यही करण का लक्षण है (जिसके बाद म अव्यवधान रूप से फलोत्पत्ति हो सो अनन्तर फलक कहाता है) एतल्लक्षण घटक फल शब्द का अथ है । प्रधान क्रिया, वह जो प्रधान क्रिया है सो क्रियात्व रूपण कर्ता तथा करण की ही अपेक्षा

यत्कारकमपेक्षते तत्करणमिति प्रागुक्तं तदेव चरमव्यापारकं सत्करणमित्यधुनोच्यते । अस्तु वा मासवत्पदेऽपि तृतीया, अनन्तरफलकत्वं वा तत्त्वम् । फलं हि प्रधानक्रिया सा च क्रियात्वेन रूपेण कर्तृकरणे एवापेक्षते न तु कर्मादि चतुष्कं तस्य क्रियामात्रे व्यभिचारात् । तत्रापि करणस्यैव व्यापारोऽनन्तरफलको भवति कर्तृव्यापारस्य यत्नादेः करणव्यापारेणैव व्यवधायितत्वात् । करणस्य तु करणव्यापारेण न व्यवधा-

---

करती है, किन्तु कर्मादि चारो कारको की अपेक्षा नहीं करती, क्योंकि कर्मादि चार कारक क्रिया सामान्य मे व्यभिचरित हैं । उसमे भी करण का जो व्यापार होता है सो ही अनन्तर फलक होता है, न कि कर्ता का व्यापार अनन्तर फलक है, क्योकि कर्ता का व्यापार जो यत्न रूप है सो करण व्यापार से व्यवहित रहता है । अर्थात् करण व्यापार कर्तृ व्यापार यत्न का व्यवधायक है । करण के व्यापार का व्यवधान करण व्यापार से नही होता है, स्वाग होने से ।

प्रश्न—परामर्श रूप व्यापार के द्वारा चक्षु अनुमिति में करण बने ?

उत्तर—जब चक्षु को अनुमिति के प्रति कारणता नही है क्योंकि उन्मीलित नयन वाले पुरुष को शब्दात् परामर्श होने से अनुमिति देखने से, अत. व्यभिचार हो

पतम् स्वाङ्गत्वात् । नन्वेवं लिङ्गपरामर्शेण व्यापारेण चक्षुरा-दिकमप्यनुमितौ करणमस्त्विति चेत् । न । व्यभिचारेण हि तेषामनुमितौ कारणतापि नास्ति दूरे तु करणताशङ्केति । हंत तर्ह्यव्यभिचारितया अनुमितौ मनः करणमस्तु बाढम् । तर्ह्यनुमितिरिन्द्रियजन्यतया साक्षात्कारिणी स्यादिति चेत् । नूनं स्मृतावप्येवं वक्ष्यसि । तत्रापि मनोजन्यतया साक्षात्त्व-

---

जाता है तब कारण विशेष रूप करणत्व की शका भी नही होती है । अर्थात् यदि अनुमिति कारणत्व की चक्षु मे सम्भावना रहती तब कदाचित करणत्व की शका भी की जाती, परन्तु जब कारण नही होता है तब कारण विशेष करणत्व की शका कैसे कर सकते है । व्यापकाभाव से व्याप्याभाव की सिद्धि हो जाती है ।

प्रश्न—यदि व्यभिचारितया चक्षु मे अनुमिति कारणता नही होने से अनुमिति कारणत्व नही हुआ तो भले चक्षु करण न बने, किन्तु मन को तो व्यभिचार नही है ? तब अव्यभिचारितया मन को ही अनुमिति के प्रति करण मान ने मे क्या क्षति है ?

उत्तर—ठीक है तब तो अनुमिति इन्द्रियजन्य होने से साक्षात्कारिणी प्रत्यक्ष रूपा होगी, ऐसा कहो तो निश्चित आप स्मृति की भी इस प्रकार से प्रत्यक्ष रूप ही कहोगे, क्योंकि स्मृति भी मनोजन्य है । नही कहो कि स्मृति में भी

मप्यस्त्वित्यपि ब्रूमं इति चेत् । नूनमज्ञोसि यत आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य इति शातपथी श्रुतिश्चतस्रः प्रतिपत्तीः प्रत्यक्षपरोक्षप्रस्थानाः प्राह लोकोऽप्येवमेव व्यवहरति त्वं पुनस्तदुभयविरोधी प्राज्ञम्मन्यः कथमुत्पथं यासि । मनोजन्यत्वाविशेषेपि कथं

मनोजन्यत्व होने से प्रत्यक्षत्व रहै, यह भी मैं कहता हूँ। ऐसा कहतेहै तब तो आप निश्चित ही अनभिज्ञ है, क्योंकि "आत्मावारे द्रष्टव्य श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य" हे मैत्रेयी आत्मा देखने योग्य है श्रवण करने योग्य है मनन करने योग्य है निदिध्यासन करने योग्य है, यह जो शातपथी श्रुति है सो तो प्रत्यक्ष परोक्ष रूपी जो चार प्रकार का ज्ञान है उसका प्रतिपादन करती है तथा लोक भी इसी प्रकार से व्यवहार करते हैं जो कि प्रत्यक्ष परोक्षात्मक ज्ञान चार भेदो से विभक्त है। तुम तो लोक और वेद दोनो का विरोध करते हुए अपने को पडित मानते हुए भी कुमार्ग मे क्यो चलते हो

प्रश्न—जब मनोजन्यत्व सर्वत्र समान है, अर्थात् एक रूप से सभी ज्ञान मे मनोजन्यत्व है, तब भवदुक्त विलक्षणत्व कैसे है ? अर्थात् एक को प्रत्यक्ष और दूसरे को परोक्ष कहते हो, यह विलक्षणता कैसे है ? जब कारण समान है तब कार्य को भी समान (एक रूप) ही होना चाहिये। यदि आप

त्वदुक्तं वैलक्षण्यमिति चेत् । इत्थं इन्द्रियजन्यत्वेनेन्द्रियजन्या-

ऐसा कहे तो ज्ञान की विलक्षणता के कारण को सुनो× अर्थात्

×यद्यपि ज्ञान मात्र की उत्पत्ति मे मन ही कारण होता है। आत्म मन-संयोग होने पर ही ज्ञान मात्र की उत्पत्ति होती हैं। वह ज्ञान चाहे प्रत्यक्ष, रूप हो, अनुमिति रूप हो, उपमिति रूप हो शाब्दात्मक हो, स्मरण हो या जैसा भी ज्ञान हो। जब ज्ञान होगा तब मनो जन्यत्व होगा ही। तथापि जिस ज्ञान मे मन को इन्द्रिय का सहकार रहेगा सो प्रत्यक्ष होगा। परामर्श का सहकार रहेगा तो अनुमिति, सादृश्य ज्ञान का सहकार रहेगा तब उपमिति, वाक्य का सहकार रहेगा, तब शब्द, और संस्कार का सहकार रहेगा तब स्मरण होगा। तो सहकारी के भेद से ज्ञान मे भेद व्यवहार होता है, जैसे मेढ सभी जन्य के कारण है किन्तु बीज के भेद से अथवा आश्रय के भेद से पौधा मे भेद हो जाता है, उसी तरह से ज्ञान में भी होता है। वेदान्ती भी मन को इत्तोन्द्रियध्यक्ष बतलाते हैं और चक्षुरादि सहकारी भेद से ज्ञान मे भेद कहते है। मन का कारणत्व सर्वत्र समान है। ऐसी स्थिति म खण्डनकार का एतादृश कथन कहा तक समीचोन है ? सो विद्वान लोग विचार करे। वेद लोक तथा स्व सम्प्रदाय सिद्ध पदार्थ का अपलाप करने वाला कहाँ तक श्रद्धेय है सो विचारणीय है ? कस्थान दवृ रानामस्माकं वस्तुमात्र विवेचनमेवावश्यक तथ्यातथ्यविवेचन परं विदुषामिति।

साक्षाद्रीः लिङ्गपरामर्शजन्यानुमितिः वाक्यजन्या शाब्दी सादृश्यवैसादृश्यान्यतरधीकरणिका उपमितिः संस्कारजन्या स्मृतिः। इयं च याचितमण्डनमिव यायार्थ्यं दधत्यपि न प्रमेति चतस्र एव प्रमाः चत्वार्येव तत्करणानि प्रमाणानीति।

सभी ज्ञान मे मनोजन्यत्व समान होने पर भी वक्ष्यमाण हेतु विशेष से वैलक्षण्य होता है। इन्द्रिय चक्षुरादिजन्यत्व रूप से इन्द्रियजन्य ज्ञान प्रत्यक्ष होता है और लिग परामर्श से जन्य होने से अनुमिति होती है। वाक्य जन्य ज्ञान शाब्द बोध कहलाता है, सादृश्य वैसा दृश्य अन्यतर ज्ञानजन्य ज्ञान उपमिति रूप होता है, संस्कार से जायमान ज्ञान स्मरण कहलाता है। यह जो स्मृति है सो याचित मण्डन की तरह याथार्थ्यता को धारण करती हुई भी प्रमा नही है, इसलिये प्रत्यक्ष, अनुमिति, उपमिति, शाब्द, चार ही प्रमा है। तथा उन चार प्रमा का करण चार ही प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, रूप प्रमाण है। जैसे दूसरे के आभूषण माग करके विवाहादि कार्य को सपादन किया जाता है, वैसे ही है। प्रकृत मे स्वतः प्रमात्व नही है, किन्तु स्मृति जन्य अनुभव यदि यथार्थ हो तो अनुभव के याथार्थ्य से स्मृति, यथार्था होती हुई भी प्रमा नही है, क्योकि स्मृति मे स्वरूप से याथार्थ्य नही है किन्तु अनुभव से याचित है, अन्यथा यदि स्मृति को प्रमा कहे तब तो स्मृति का जनक जो

इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नमव्यभिचारि प्रत्यक्षमिति तावन्मु-
निनोक्तं तदिदं न प्रत्यक्षप्रमामात्रलक्षणमीश्वरप्रत्यक्षाव्याप्तेः।
नापि लक्षणोपलक्षणमाधिक्यात् इन्द्रियोत्पन्नमित्येतावतैव।

सस्कार उसको प्रमाण मानना पडेगा, सो उचित नही है। ऐसा मानने से महामुनि ने जो प्रमाण को चातुर्विध्य कहा है सो बाधित हो जायगा, सो उचित नही है। इसलिये प्रमा चार ही तत्करण जाय माना तथा चार प्रमा का करण प्रमाण भी उपरोक्त चार ही है, यह सिद्ध हुआ।

शंका—इन्द्रिय और अर्थ (विषय घट पट आदि) का जो सन्निकर्ष सयोगाद्यन्यतम उससे उत्पद्यमान भ्रम रहित जो ज्ञान उसका नाम है प्रत्यक्ष। यही प्रत्यक्ष का लक्षण महामुनि अक्षपाद ने कहा है, परन्तु यह लक्षण अव्याप्त है, प्रत्यक्ष सामान्य मे नही जाता है। क्योकि ईश्वर का प्रत्यक्ष भी तो प्रत्यक्ष ही है, और ईश्वर को इन्द्रिय नही होने से पारमेश्वर ज्ञान इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष जन्य नही है। ईश्वर ज्ञान तो नित्य है। अत उस ईश्वर ज्ञान मे लक्षण नही जाने से उसमे अव्याप्ति होती है। अव्याप्ति दोष होने से महामुनिकृत लक्षण अलक्षण है। न वा लक्षण को उपलक्षण (परिचायक) कहते है, क्योकि सन्निकर्ष जन्यत्व भ्रम भिन्नत्वादिक पद लक्षण मे अधिक है। इन्द्रिय जन्यत्व

तत्सम्भवादिति चेत् । उच्यते । साक्षात्त्वं प्रत्यक्षधीमात्रलक्षणं तदेव प्रमात्वेन विशेषितसाक्षात्कारिप्रमितीनां एतदुपलक्षणाय विभागाय तद्विशेषलक्षणाय च सूत्रम् । साक्षात्त्वं तु जातिः साक्षात्करोमीत्यनुगतमतिसाक्षिका अतो न लक्षणस्य दुर्ज्ञेयता

मान हो परिचायक हो सकता है, तब अधिक का कथन निरर्थक है ।

समाधान—साक्षात्व ही प्रत्यक्ष प्रमा मात्र का लक्षण है और उसी लक्षण मे प्रमात्व विशेषण देने से साक्षात्कारी प्रमा का लक्षण होता है इसी वस्तु को कहने के लिये और विभाग के लिये तथा प्रत्यक्ष विशेष के लक्षण के लिये महर्षि का सूत्र है "इन्द्रियार्थ सन्निकर्षेत्यादि । साक्षात्व यह जाति है प्रत्यक्ष ज्ञान वृत्ति, और साक्षात्करोमि साक्षात्करोमि" इत्याकारक जो अनुगत ज्ञान उससे सिद्ध है इसलिये लक्षण मे दुर्ज्ञेयत्व नही होता है । और लक्षणतावच्छेदक धम है ज्ञाना कारणक ज्ञानत्व×

× प्रकृत म ज्ञानाकरणक ज्ञान को प्रत्यक्ष का लक्ष्य रूप से निर्देश किया, इसका अर्थ होता है कि ज्ञान नही है करण जिस ज्ञान में, ऐसा जो ज्ञान उसका नाम है प्रत्यक्ष । अनुमिति ज्ञान व्याप्ति ज्ञान करणक है । तथा उपमिति ज्ञान सादृश्य ज्ञान करणक होता है, शाब्द बोधात्मक ज्ञान पद ज्ञान करणक होता है, इसलिये ये सब ज्ञान करणक हैं । ज्ञानाकरणक ज्ञान केवल साक्षात्कारी होता है । इसम अस्मदादिक का ज्ञान इन्द्रियकरणक होने से

लक्ष्यतावच्छेदकं तु ज्ञानाकरणकज्ञानत्वमतो न लक्ष्याणामसंग्रहः। तथा च ज्ञानाकरणकानि ज्ञानानि साक्षात्त्ववन्ति तेभ्यो भिद्यन्ते साक्षात्कारित्वादिति व्यतिरेकी। एवं च प्रत्यक्षं लक्ष्येतरेभ्यो भिद्यते इत्यत्र साध्येऽनुमेयाभावः

इसलिये लक्ष्य का असग्रह नही होता है। अर्थात् प्रत्यक्ष का लक्ष्य है ज्ञानाकरणकज्ञान और लक्ष्यतावच्छेदक धर्म है ज्ञानाकरणक ज्ञानत्व और साक्षात्व है लक्षण। इस प्रकार से निर्वाचन करने से लक्ष्य का असग्रह अथवा लक्षण मे दुर्ज्ञेयत्वादिक दोष नही होते है। ऐसे लक्ष्य लक्षण के व्यवस्थित हो जाने से ज्ञानाकरण ज्ञान साक्षात्वविशिष्ट इतर से भिन्न है, साक्षात्कारित्व होने से। एतादृश व्यतिरेकी अनुमान से प्रत्यक्ष मे इतर भेद रूप साध्य की सिद्धि भी होती है। ऐसा होने से जिस किसी ने कहा था कि प्रत्यक्ष लक्षेतर से भिन्न है, इस साध्य मे अनुमेय का अभाव

ज्ञानाकरणक कहलाता है। तथा ईश्वर का ज्ञ न अजन्य होने के कारण ज्ञानाकरणक कहलाता है। ईश्वर ज्ञान का कोई करण नही है, नित्यत्वात्। और "अपाणिपादो जवनो गृहीता" "नतस्य कार्यं करण चविद्यते" इत्यादि श्रुति से भी ईश्वर ज्ञान में अकरणकत्व सिद्ध होता है। इसलिये ज्ञानाकरणक कहने से जैव पारमेश्वर उभय ज्ञान का सग्रह होता है। दुर्ज्ञेयत्व असग्रहादिक दोष नहीं होता है।

तत्सम्भवादिति चेत् । उच्यते । साक्षात्त्वं प्रत्यक्षधीमात्रलक्षणं तदेव प्रमात्वेन विशेषितसाक्षात्कारिप्रमितीनां एतदुपलक्षणाय विभागार्थं तद्विशेषलक्षणाय च सूत्रम् । साक्षात्त्वं तु जातिः साक्षात्करोमीत्यनुगतमतिसाक्षिका अतो न लक्षणस्य दुर्ज्ञेयता

मात्र ही परिचायक हो सकता है, तब अधिक का कथन निरर्थक है।

समाधान–साक्षात्व ही प्रत्यक्ष प्रमा मात्र का लक्षण है और उसी लक्षण मे प्रमात्व विशेषण देने से साक्षात्कारी प्रमा का लक्षण होता है इसी वस्तु को कहने के लिये और विभाग के लिये तथा प्रत्यक्ष विशेष के लक्षण के लिये महर्षि का सूत्र है "इन्द्रियार्थ सन्निकर्षेत्यादि। साक्षात्व यह जाति है प्रत्यक्ष ज्ञान वृत्ति, और साक्षात्करोमि साक्षात्करोमि" इत्याकारक जो अनुगत ज्ञान उससे सिद्ध है इसलिये लक्षण मे दुर्ज्ञेयत्व नही होता है। और लक्षणतावच्छेदक धर्म है ज्ञाना कारणक ज्ञानत्व×

×सूत्र म ज्ञानाकरणक ज्ञान को प्रत्यक्ष का लक्ष्य रूप से निर्देश किया, इसका अर्थ होता है कि ज्ञान नही है करण जिस ज्ञान में, ऐसा जो ज्ञान उसका नाम है प्रत्यक्ष। अनुमिति ज्ञान व्याप्ति ज्ञान करणक है। तथा उपमिति ज्ञान सादृश्य ज्ञान करणक होता है, शाब्द बोधात्मक ज्ञान पद ज्ञान करणक होता है, इसलिये ये सब ज्ञान करणक हैं। ज्ञानाकरणक ज्ञान केवल साक्षात्कारी होता है। इसमें चक्षुरादि का ज्ञान इन्द्रियकरणक होने से

लक्ष्यतावच्छेदकं तु ज्ञानाकरणकज्ञानत्वमतो न लक्ष्याणाम-संग्रहः । तथा च ज्ञानाकरणकानि ज्ञानानि साक्षात्त्ववन्ति तेभ्यो भिद्यन्ते साक्षात्कारित्वादिति व्यतिरेकी । एवं च प्रत्यक्षं लक्ष्येतरेभ्यो भिद्यते इत्यत्र 'साध्येऽनुमेयाभावः

इसलिये लक्ष्य का असग्रह नही होता है। अर्थात् प्रत्यक्ष का लक्ष्य है ज्ञानाकरणकज्ञान और लक्ष्यतावच्छेदक धर्म है ज्ञानाकरणक ज्ञानत्व और साक्षात्व है लक्षण। इस प्रकार से निर्वाचन करने से लक्ष्य का असग्रह अथवा लक्षण मे दुर्ज्ञेयत्वादिक दोष नही होते है। ऐसे लक्ष्य लक्षण के व्यवस्थित हो जाने से ज्ञानाकरण ज्ञान साक्षात्वविशिष्ट इतर से भिन्न है, साक्षात्कारित्व होने से। एतादृश व्यतिरेकी अनुमान से प्रत्यक्ष मे इतर भेद रूप साध्य की सिद्धि भी होती है। ऐसा होने से जिस किसी ने कहा था कि प्रत्यक्ष लक्षेतर से भिन्न है, इस साध्य मे अनुमेय का अभाव

ज्ञानाकरणक कहलाता है। तथा ईश्वर का ज्ञ न अजन्य होने के कारण ज्ञानाकरणक कहलाता है। ईश्वर ज्ञान का कोई करण नही है, नित्यत्वात्। और "अपाणिपादो जवनो गृहीता" 'नतस्य कार्यं करण चविद्यते" इत्यादि श्रुति से भी ईश्वर ज्ञान में अकरणकत्व सिद्ध होता है। इसलिये ज्ञाना-करणक कहने से जैव पारमेश्वर उभय ज्ञान का सग्रह होता है। दुर्ज्ञेयत्व असग्रहादिक दोष नहीं होता है।

लक्ष्यादन्येषां लक्ष्यादन्यत्वे प्रतीयमाने लक्षणामपि तेभ्योऽन्यत्वं तदैव प्रतीतमित्यपास्तं साक्षात्त्वरहितेभ्यो भिद्यत इत्यस्य साध्यत्वात् । जन्याजन्यविभागतल्लक्षणाप्तये च सौत्रो निर्देशः । तथाहि तच्च प्रत्यक्षं द्वेधा अजन्यं जन्यञ्च तत्राजन्यं भगवज्ज्ञानं तस्य तु साक्षात्त्वं च धर्मिग्राहकप्रमाणसिद्धम् । जन्यमपि द्वेधा षोढासन्निकर्षान्यतमजन्यं तदजन्यञ्च। तत्राद्य-

---

है, लक्ष्य से भिन्न जो अनुमित्यादिक उन अनुमित्यादिक को लक्ष्य से भेद ज्ञान होने पर ही लक्ष्य को भी उन सभी से भेद की सिद्धि उसी समय मे प्रतीत होती है, ऐसा जो कहा था सो भी परास्त हो गया। क्योकि "ज्ञानाकरणकानि ज्ञानानि साक्षात्त्वरहितेभ्यो भिद्यन्ते" इस प्रकार से साक्षात्व रहित से भिन्नत्व को मैं साध्य कहता हू, जन्य अजन्यत्व का विभाग तथा लक्षण प्राप्ति के लिये सौत्र सूत्रकारका निर्देश होता है "इन्द्रियार्थ सन्निकर्षोत्पन्नमित्यादि" । तथा हि यह प्रत्यक्ष दो प्रकार का होता है, एक तो अजन्य प्रत्यक्ष और दूसरा जन्य प्रत्यक्ष । उसमे अजन्य प्रत्यक्ष तो भगवत् ज्ञान है। भगवत् ज्ञान मे जो प्रत्यक्षत्व है सो धर्मि ग्राहक प्रमाण से सिद्ध होता है । अर्थात् जिस प्रमाण से भगवान (ईश्वर) की सिद्धि होती है उसी प्रमाण से भगवत् ज्ञान मे अजन्यत्व (नित्यत्व) की सिद्धि होती है। पुनः जन्य प्रत्यक्ष दो प्रकार का होता है । संयोग, संयुक्त-

स्वार्थत्वेनार्थजत्वं लक्षणम् आत्मानुमितिस्मृतिशाब्दास्तु यद्यप्यात्मना तासामनुभूतेन जन्यत्वे तथापि न तत्रात्मनोऽर्थत्वेन जनकता किन्तु समवायित्वेन अन्यथा जन्यत्वाविशेषात् सर्वा

समवाय, सयुक्त समवेत समवाय, समवाय, समवेत समवाय, विशेषण, विशेष्यभाव, यह जो छै प्रकार का लौकिक सन्निकर्ष है×इसमे से अन्यतम यत्किंचित् सम्बन्ध से जन्य और उपर्युक्त सम्बन्ध से अजन्य, उसमे भी प्रथम जो लौकिक षड्विध सन्निकर्षान्यतम जन्य ज्ञान उसका लक्षण होता है अर्थत्वेन रूपेण अर्थजनितत्व, (अर्थ से उत्पद्यमान को ही अर्थजत्व कहते है) प्रत्यक्ष मे अर्थ करण सम्बद्ध रहता है, अनुमित्यादिक मे अर्थ तो व्यवहित रहता है, इसलिये अर्थजत्व प्रत्यक्ष ज्ञान मे ही है। इसलिये अर्थजत्व यह प्रत्यक्ष ज्ञान का लक्षण होता है। यद्यपि आत्म विषयक अनुमिति स्मृति, शाब्दज्ञान की आत्मा से सम्बद्ध होकर के ही उत्पत्ति होती है, तथापि पूर्वोक्त ज्ञान मे अर्थत्व रूप से आत्मा को, तादृश ज्ञानजनकत्व नही है, किन्तु आत्मा मे ज्ञान मान समवाय सम्बन्ध से रहता है, इसलिये आत्मा

×लौकिक सन्निकर्ष छ प्रकार का होता है।। सयोग, सयुक्त समवाय, सयुक्त समवेत समवाय, समवाय, समवेत समवाय, विशेषण विशेष्य भाव। उसमे घटादि द्रव्य के प्रत्यक्ष मे सयोग सन्निकर्ष होता है। चक्षु घट का सयोग होने पर ही प्रत्यक्ष होता है। घट गत गुण कर्म जाति के प्रत्यक्ष मे सयुक्त समवाय सन्निकर्ष होता है। चक्षु

संयुक्त होता है घट । उस घट मे गुण कर्म सामान्य का समवाय है । घट गत जो रूपादिगुण त गद्गत जो रूपत्व जाति उसके प्रत्यक्ष मे संयुक्त समवेत समवाय सन्निकर्ष है चक्षुः संयुक्त 'घट तत्समवेत है रूप और रूप में समवाय से रहता है रूपत्व । शब्द के प्रत्यक्ष मे समवाय सन्निकर्ष है । करण -विवर वर्ती आकाश का नाम है श्रोत्र, उस श्रोत्रात्मक आकाश आकाश गुण शब्द का समवाय है । शब्द गत शब्दत्वजाति के प्रत्यक्ष में समवेत समवाय सन्निकर्ष है, आकाश समवेत है शब्द, और शब्द मे शब्दत्व का समवाय है । समवाय रूप सबन्ध के प्रत्यक्ष मे तथा अभाव के प्रत्यक्ष में विशेषण विशेष्य भाव सन्नकर्ष होता है । विशेषण विशेष्य भाव सनिकर्ष होता है । विशेषण विशेष्य भाव से दो सबन्ध निकलते हैं इन्द्रिय संबद्ध विशेषणता तथा इन्द्रिय सबद्ध विशेष्यता । जैसे समवायवान घटः घटाभाव वद् भूतलम् । यहां इन्द्रिय सबद्ध है घट तथा भूतल, उसमें विशेषण है समवाय तथा अभाव, सो विशेषणता बैठी समवाय और अभाव पर । अतः विशेषण सबन्ध से यथा क्रम दोनों का का प्रत्यक्ष होता है । एव "घटे समवाय" घट मे समवाय है, भूतले घटाभाव. (भूतल मे घटाभाव है) यहां इन्द्रिय सबद्ध विशेष्यता सन्निकर्ष है । यहां इन्द्रिय सबद्ध है घट तथा भूतल तद्विशेष्यता है, समवाय तथा अभाव में । प्रथमा विभक्त्यन्त विशेष्य कहलाता है । तथा इतर विभक्त्यन्त इतर विभक्त्यन्त विशेषण सो भूतले घाटा भाव, यहां आधेयता सबन्ध से भूतल है प्रकार और घटाभाव है विशेष्य, इन्द्रिय सबद्ध है भूतल, तन्निष्ठ प्रकारता निरूपित विशेष्यता है अभाव मे अतः इन्द्रिय सबद्ध विशेष्यता सन्निकर्ष अभाव का प्रत्यक्ष होता है ।

एवात्मधियः परोक्षा एव वा प्रत्यक्षा एव वा स्युः । अर्थत्वेनार्थजन्यधियां तु षोढासन्निकर्षान्यतमजन्यत्वं लक्षणं जन्यसाक्षाद्धीमात्रस्य तु इन्द्रियत्वेनेन्द्रियजन्यत्वं एता अपि द्वेधा षोढान्यतमजन्यास्तदजन्याश्च तत्राद्या गन्धादिधियः अन्त्यास्तु योगिधिय. तथाहि योगजधर्मसंस्कृतेन मनसा चक्षुरादिना वा

को तादृश ज्ञान मे समवायित्व रूप से जनकता हैं । अन्यथा आत्म जन्यत्व सभी ज्ञान मे समान है तब आत्म विषयक सभी ज्ञान चाहे परोक्ष रूप कहावे चाहे प्रत्यक्ष रूप कहावे न तु कोई ज्ञान प्रत्यक्ष रूप और कोई ज्ञान परोक्ष रूप नही हो सकता । अर्थत्व रूप से अर्थजन्य ज्ञानो का लक्षण तो छै प्रकार के सन्निकर्षान्यतम जन्यत्व ही है। और जन्य साक्षात्कारी ज्ञानमात्र का लक्षण तो इन्द्रियत्वेन इन्द्रियजन्यत्व है। इन्द्रियत्वेन इन्द्रियजन्य ज्ञान भी दो प्रकार का है। छै प्रकार के सन्निकर्षान्यतमजन्यत्व ही है । और जन्य साक्षात्कारो ज्ञान मात्र का लक्षण तो इन्द्रियत्वेन इन्द्रिय जन्यत्व है। इन्द्रिय जन्यत्वेन इन्द्रिय जन्य ज्ञान भी दो प्रकार का है । छै प्रकार के सन्निकर्षान्यतम जन्य और तादृश सन्निकर्ष से अजन्य, उसमे षड्विध सन्निकर्ष सहकृत इन्द्रिय जन्य ज्ञान गन्धादि विषयक होता है और सन्निकर्षाजन्य योगी का ज्ञान है तथाहि योगज धर्म सहकृत मन से अथवा योगज धर्म सहकृत चक्षुरादिक इन्द्रिय से व्यवहित

व्यवहितेषु विप्रकृष्टेषु चक्षुषा रूपवत् स्वपरमाणुष्वपि जन्यते। तदुक्तम्।

तत्राप्यतिशयो दृष्टः सस्वार्थानतिलङ्घनात्।

दूरसूक्ष्मादिदृष्टौ हि न रूपे श्रोत्रवृत्तिता॥ इति।

तथा च भगवज्ज्ञानं योगजप्रत्यक्षं च द्वयमलौकिकमेव सामान्यलक्षणया तु यद्धूमादिप्रत्यक्षं तच्चक्षुःसन्निकृष्टांशे लौकिकं शेषे त्वलौकिकम्। एवं सर्वे व्यवसायानुव्यसाया लौकिका व्यत्यये त्वलौकिका इत्युभयेऽप्यमी लौकिकालौकिकरूपा इति।

विप्रकृष्ट वस्तु विषयक ज्ञान होता है चक्षु से रूप के समान। इसी तरह स्व परमाणु विषयक भी ज्ञान होता है, ऐसा कहा है जहा भी अतिशय देखने मे आता है वहा भी स्वार्थ लघन पूर्वक नही, किन्तु दूर सूक्ष्मादि विषयक ज्ञान मे न कि रूप मे श्रोत्र वृत्तित्व है, अर्थात् योगी भी योगज धम के सहकार से जो देखते है सो दूर सूक्ष्म व्यवहिदादि विषय को ही, न कि चक्षु द्वारा शब्द का अथवा श्रोत्र द्वारा रूप का ग्रहण होता है। ऐसा होने से भगवान का ज्ञान और योगज धर्म से जायमान योगी का ज्ञान यह दोनो अलौकिक ज्ञान है। और सामान्य लक्षणा जो धूमादि का प्रत्यक्ष होता है सो चक्षु सन्निकृष्ट अश मे लौकिक प्रत्यक्ष है और चक्षु से असन्निकृष्ट अ श मे तो लौकिक है ही। इसी प्रकार से सभी व्यवसाय और अनुव्यवसाय चक्षु सन्नि-

एवञ्चानागतगोचरसाक्षात्कारहेतुप्रत्यासत्त्यजन्यप्रत्यक्षत्वं लौकिकप्रत्यक्षाणां लक्षणं लक्ष्यतावच्छेदकं तु तेषां सामान्यप्रत्यासत्त्यजन्ययोगजधर्माजन्यस्वविषयकसविकल्पकाजन्यजन्यप्रत्यक्षत्वं सन्निकृष्टे हि धूमे संयोग एव प्रत्यासत्तिः न तु धूमत्वमेवं व्यवसाये संयुक्तसमवाय एव मनसः प्रत्यासत्तिः न तु ज्ञानलक्षणा अतस्तेऽपि ज्ञाने तयोरंशयोर्ज्ञानसामान्यप्रत्यासत्त्यजन्ये एवेति तदंशे लौकिकप्रत्यक्षे एवेति तदिन्द्रियजन्यत्वं

कृष्टाश मे तो लौकिक है और चक्षु के असन्निकृष्ट मे अलौकिक है, इसलिये यह दोनो व्यवसाय अनुव्यवसाय लौकिक अलौकिक उभय रूप होता है। ऐसा हुआ तब अनागत विपयक साक्षात्कार का कारण जो प्रत्यासत्ति उससे अजन्य प्रत्यक्षत्व यही लौकिक प्रत्यक्ष का लक्षण होता है। उस समस्त लक्ष्य मे रहने वाला लक्ष्यतावच्छेदक धर्म तो सामान्य प्रत्यासत्ति से अजन्य योगज धर्म से अजन्य स्वविपयक सविकल्पक से अजन्य जन्य प्रत्यक्षत्व है, सो ही लक्षणतावच्छेदक है। चक्षु सन्निकृष्ट धूम मे तो सयोग रूप ही सन्निकर्ष है न कि धूमत्व धर्म सन्निकर्ष होता है, न तु ज्ञान लक्षण सन्निकर्ष होता है। अत यह दोनो ज्ञान उन दोनो अ शो मे ज्ञान सामान्य प्रत्यासत्ति से अजन्य ही है। इस लिये उस अ श मे लौकिक प्रत्यक्ष ही कहलाता है।

जन्यप्रत्यक्षस्य तावल्लक्षणमुक्तम् तदयुक्तम् प्रत्यक्षविशेषाणा-मनुगतैकरूपाग्रहे इन्द्रियजन्यत्वग्रहणासम्भवात् । हन्त जन्य-प्रत्यक्षमेव तेषामेकमवच्छेदकं रूपमित्यपि न जन्यत्वेऽप्य-वच्छेदकं रूपमित्यस्यापि मया सुवचत्वादिति मैवम् । जन्यत्वे प्रागभावप्रतियोगित्वमवच्छेदकमिन्द्रियजन्यहेतुजन्यप्रत्यक्षमिति मदुपगमात् । हन्तैवं जन्यप्रत्यक्षत्वमेव तेषामितरभेदकमस्तु न तु नियमतश्चरमवेद्यमिन्द्रिजन्यत्वमिति चेत् । न । उपाय-

शका—जन्य प्रत्यक्ष का आपने क्या लक्षण बनाया तो यही कहियेगा कि इन्द्रियजन्यत्व । परन्तु इन्द्रिय जन्यत्व ज्ञानत्व लक्षण ठीक नही है क्योकि प्रत्यक्ष विशेषो का जब तक अनुगत रूप का परिचय नही होगा तब तक उसमे इन्द्रिय जन्यत्व का ग्रहण असम्भवित है । नही कहो कि जन्य एत्र व्यवसाय से सायुक्त सम वायहि मन का सन्निकर्ष होता हैं। प्रत्यक्षत्व हो प्रत्यक्ष विशेषों का अवच्छेदक रूप है, सो भी ठोक नही है, क्योकि इन्द्रिय जन्यत्व मे भी एक अनुगत अवच्छेदक रूप क्या है ? यह भो मैं पूछ सकता हूँ ।

समाधान—प्रत्यक्ष ज्ञान इन्द्रिय जन्य है । यहा इन्द्रिय जन्यता मे अनुगतैक रूप प्राग भाव प्रतियोगित्व ही अवच्छेदक है । इन्द्रिय जन्य हेतु से जन्य प्रत्यक्ष होता है, ऐसा मेरा सिद्धान्त है। तब तो जन्य प्रत्यक्षत्व को ही

स्यानुपायतादोषो न तूपायान्तरसंभव इत्याचार्यवचसैव निरस्तत्वात् अमी प्रत्यक्षविशेषा इन्द्रियजन्या इत्यादिना आप्तोपदेशेन द्रागिन्द्रियजन्यत्वस्यैवावगमसम्भवाच्च । एवमर्थजन्यत्वादावप्यूह्यम् । ननु साक्षात्कारिविज्ञानं स्वाविषये साक्षात्कारि भवतु जातेः साधारण्यादिति चेत् । धिङ् मूर्ख यदि स्वाविषयः

प्रत्यक्ष विशेषों का इतर भेद नही, वे नियमतः चरम वेद्य इन्द्रिय जन्यत्व को इतर व्यावर्तक 'क्यों मानते हैं ? -इसका उत्तर यह है कि उपाय (कारण) में अनुपायता दोष है, न कि उपायान्तर का संभव होता है । यह जो आचार्य का वचन है उसी में इस प्रश्न का निराल हो जाता है , "अमी प्रत्यक्ष विशेषा:" वे प्रत्यक्ष विशेष इन्द्रियजन्य हैं, इत्यादि आप्तोपदेश से झटिति इन्द्रियजन्यत्व का ही अवगम (ज्ञान) हो जाता है । इसी प्रकार से अर्थ जन्य प्रत्यक्ष है, इस लक्षण में भी स्वयमेव अवच्छेदक को जानना चाहिये ।

शंका—साक्षात्कारी विज्ञान स्व के अविषय में भी साक्षात्कारी बनें, क्योंकि जाति तो सर्वसाधारण है (जाति को कालिक व्यापकता मान करके प्रश्न है, उनका कहना है कि चाहे कोई भी जाति हो किन्तु वह सर्व गत है । इस अभिप्राय को लेकर के प्रश्न किया है—साक्षात्त्व जाति स्वाविषय में भी रहा व्यापकत्व होने से ।)

कथं विषयसप्तमीयं स्वाविषय इति । अथ सोपि स्वाविषय एव कथन्तर्हि स्वाविषयो विरोधात् । ननूक्तिदोपोयं तथा च साक्षात्कारिज्ञानं स्वविषयमिव तदन्यपि प्रतिसाक्षात्कारि भवतु यथा गौः सर्वं प्रति गौरिति चेत् । बाढम् । साक्षात्त्वं हि जातिर्गोत्ववत् सर्वसाधारणी । यथा हि गौः सर्वं प्रति गौस्तथा साक्षात्कार्यपि सर्वं प्रति साक्षात्कार्येव सर्वं स्तथा

उत्तर—अरे मूर्ख ! यदि स्व अर्थात् साक्षात्कारी का अविषय है तब 'स्वाविषय' यह विषय सप्तमी कैसे हो सकती है ? यदि कहो कि परत्वेन विवक्षित भी स्व का विषय ही है, तब तो स्वाविषये, इसमे विरोध होता है । स्वविषय स्वविषय विरुद्ध वस्तु है ।

प्रश्न—स्व विषय स्व विषये यह तो केवल निर्वचन दोप है, तब जैसे साक्षात्कारी विज्ञान साक्षात्कारी ज्ञान है वैसे हो विषयान्तर के प्रति भी वह साक्षात्कारी होवे । जैसे गो सभी के प्रति गो ही है, न कि किस के प्रति गो है और किसी के प्रति अगो है, ऐसा कहो तो ठीक है, किन्तु साक्षात्य तो जाति है, गोत्व जाति की तरह सर्व साधारणी है । जैसे गो (गाय) सभी के प्रति गाय ही है उसी तरह ऐसे साक्षात्कारी भी सभी के प्रति साक्षात्कारी ही है, क्योंकि सभी व्ययहार करने वाला पुरुप साक्षात्कारी रूप से ही व्यवहार करता है । इसलिये जिस प्रकार से उस साक्षात्कारी ज्ञान का

व्यवह्रियमाणत्वादिति यथा तस्याः साक्षाद्धियो व्यवहर्तृषु साधारण्यं तथा विषयेष्वपि साधारण्यं ब्रूम इति चेत् । हन्त तस्याः साक्षात्त्वं नानानिरूप्यं जातित्वादिति साक्षात्कारिणी भवत्येव किन्तु विवक्षितविवेकेन सर्वविषया सा भवत्वित्यापादनार्थः । स चायुक्त आपादकाभावात् । न हि घटमात्र

व्यवहार करने वाले पुरुषों मे समानता है, जैसे ही उस साक्षात्कारी ज्ञान की सभी विषयो मे समानता है, ऐसा मैं कहता हूँ ।

उत्तर—हंत, साक्षात्बुद्धि का जो साक्षात्व है सो जाति रूप होने से नाना (अनेक) रूप है, इसलिये वह ज्ञान सब के प्रति साक्षात्कारी ही है, किन्तु विवक्षित विवेक से वह ज्ञान सर्व विषयक बनै यह आपके आपादन का अर्थ है, सो अयुक्त हे । क्योकि आपादक कोई नही है । क्या घट मात्र विषयक ज्ञान को पर विषयता में कोई आपादक है ? अर्थात् नही हैं । साक्षात्व जाति साक्षात्करोमि इत्याकारक जो अनुग व्यवसाय ज्ञान उससे सिद्ध है इसलिये इसमें प्रमाणान्तर की आवश्यकता नही है । न वा निर्वाचन की आवश्यकता है । क्योकि जाति रूप होने से गोत्वादि की तरह अखंड है । ऐसा होने पर साक्षात्कारी ज्ञानाकारणक ज्ञान या साक्षात्व धर्म (साक्षात्व जाति रहित) परोक्षज्ञान से भेद ज्ञान का जनक है यह सिद्ध हुआ । मूल में जो

विषयाया धिय पटविषयत्वे किमप्यापादकमस्तीति साक्षात्त्वञ्च साक्षात्करोमीत्यनुगताव्यवसायसाक्षिकमिति न तत्र मानान्तरापेक्षा नापि निर्वचनापेक्षा जातित्वेनाखण्डत्वात् गोत्वादिवत् । एवञ्च ज्ञानाकरणकानां ज्ञानानां साक्षात्कारित्वं तच्च जातित्वरहितेभ्यः साक्षात्कारिणां भेदधीजनकमिति सिद्धम् । इन्द्रियार्थेत्यादि तु तदुपलक्षणम् । न चात्राधिक्यं एकैकमेव तदुपलक्षणात् अवांतरलक्षणाच्च । अस्तु या लक्षण

इन्द्रियाथ सन्निकर्षादि पद हैं सो उपलक्षण है। उपलक्षण में आधिक्य नही है। क्योकि एक उपलक्षण है. अथवा आवान्तर लक्षण है। अथवा सूत्रोक्त जो लक्षण है सो व्यवहार का साधक बनै। (इतर भेदानुमिति अथवा व्यवहार यही लक्षण का कार्य है ऐसा नियम है, तदनुसार यह प्रत्यक्ष का लक्षण प्रत्यक्ष व्यवहार का साधक बनो) तथा हि यह जो लक्षण वाक्य है सो वादो वाक्य स अप्रामाण्य शका से आक्रान्त होने के कारण अप्रतिहत होकर के व्यवहार कराने मे यद्यपि समर्थ नही है, तथापि न्याय प्रयोगवान अनुमान को उत्थापित करके व्यवहार कराया। जैसे उक्त जो ज्ञान अर्थात् ज्ञानाकरणक जो ज्ञान सो साक्षात्कारी होने के कारण प्रत्यक्ष रूपेण व्यवहार करने के योग्य है। यह अनुमान अन्वय व्याप्ति ग्राहक प्रमाण का अभाव होने से अन्वयी अनुमान नही है तथापि

स्य प्रत्यक्षव्यवहारसाधकत्वम् । तथाहि इदं हि लक्षणवाक्यं वादिवाक्यत्वाद्याप्यप्रामाण्यशङ्काग्राहतया नाहत्य व्यवहारयति तथापि न्यायप्रयोगवदनुमानमुत्थाप्य व्यवहारयिष्यति । तद्यथा उक्तज्ञानानि प्रत्यक्षत्वेन व्यवहर्तव्यानि : साक्षात्कारित्वात् । अयं च अन्वयी न सम्भवयन्वयाग्रहादिति व्यतिरेकितया परिणमत इति तावत् न्यायमतम् । तत्खण्डनन्तु व्यवहार-

---

यही अनुमान जो अन्वयी अनुमान रूप में प्रतिभासित होता है सो व्यतिरेकी अनुमानाकारेण परिणत हो जाता है, ऐसा न्याय का मत है। खण्डनकार ने इसका खण्डन वक्ष्यमाण प्रकार से किया है। तद्यथा—व्यवहार विशेष लक्षण साध्य होता है अथवा व्यवहार विशेष की कर्तव्यता लक्षण साध्य है? इसमे अन्तिम पक्ष अर्थात् कर्तव्यता पक्ष ठीक नही है। क्योंकि जो जिस चीज को नहीं जानता है उसको उसकी कर्तव्यता नही जनाई जा सकती है। क्या वह्नि को जो नही जानता है उसको अनुमानादि द्वारा पर्वतादिक में वह्नि संबन्ध को समझाया जा सकता है? अर्थात् नही। अर्थात् जो जिस वस्तु को जानता है उसी को उस वस्तु का ज्ञान लिंगादि द्वारा अन्यत्र कराया जा सकता है। अब कहो कि वह व्यवहार विशेष को जानता है तब तो लक्षण का निर्माण निरर्थक होता है, क्योंकि लक्षण का फल जो व्यवहार विशेष सो तो स्वतः सिद्ध

विशेषो लक्षणसाध्यः तत्कर्तव्यता वा । नान्त्यः । न हि तदनभिज्ञः तत्कर्तव्यतां ग्राहयितुं शक्यः न हि वन्ह्यनभिज्ञो वन्हिसम्बन्धं ग्राह्यते । अथ व्यवहारविशेषाभिज्ञ एवं लक्षणोद्देशयो व्यर्थः कथन्तर्हि लक्षणं तत्फलस्य व्यवहारविषयस्य स्वतः सिद्धत्वात् । आद्येऽपि व्यवहारविशेषो लक्षणेनानुमेयो न तु जननीयो मानस्य मेयाजनकत्वात् । तथा च स ज्ञानविशेषजन्यो वाच्यः ज्ञानविशेषश्चार्थविशेषाधीनः ज्ञानस्य स्वतो

है । इसलिये अन्तिम पक्ष ठीक नही है । प्रथम पक्ष भी ठीक नही है, क्योकि यह जो व्यवहार विशेष है सो लक्षण द्वारा अनुमेय मात्र है न कि अनुमान से व्यवहार जन्य हो सकता है, क्यो ? तो प्रमाण प्रमेय का ज्ञापक मात्र होता है जनक नही होता । अर्थात् जिस तरह दण्ड से घट पैदा होता है उस तरह प्रमाण से प्रमेय पैदा नही होता । किन्तु जैसे प्रदीप से घट ज्ञाप्य होता है वैसे ही प्रमाण से प्रमेय ज्ञाप्य होता है । हेतु दो प्रकार का होता है एक कारक और दूसरा ज्ञापक । दण्डादिक कारक हेतु है और प्रदीप प्रमाण आदि ज्ञापक हेतु कहाता है । तब तो उस ज्ञान विशेष से जन्य कहना होगा (प्रमाण को प्रमेय जन्यता पक्ष मे) और ज्ञान विशेष अर्थ विशेष के अधीन होता है, क्योकि ज्ञान मे स्वत कोई भी विशेषता नही होती है । और अर्थ केवल ज्ञान से नही हो सकता है, अतिप्रसग होने

विशेषाभावात् । अर्थविशेषश्च न प्रमामात्रात् सिध्यति अतिप्रसङ्गात् ।न हि घटप्रमया पटरूपेऽर्थविशेषः सिध्यति । नापि तत्तदर्थोपलक्षितप्रमया तत एव । नापि तत्तदर्थविशेषितप्रमया आत्माश्रयापत्तेः । तदुक्तम् ।

नात्यापत्त्या प्रमामात्रात्ते तेऽर्थाः स्वीक्रियोदिताः ।
तद्धियस्तदुरीकारे स्वाश्रयं कश्चिकित्सतु ॥

से । क्या घट की प्रमा से पट रूप अर्थ की सिद्धि होती है ? नही होती । न वा तत् तदर्थ विशेषोपलक्षित से अर्थ विशेष की सिद्धि हो सकती है, उक्त दोष से ही । अर्थात् घट प्रमा में पट रूप अर्थ की सिद्धि की आपत्ति हो जायगी । न या तदर्थ विशिष्ट प्रमा से तत्तदर्थ को सिद्धि कह सकते है, आत्माश्रय दोष हो जायगा । अर्थात् अर्थविशिष्ट प्रमा से अर्थ की सिद्धि मानें तो अर्थोत्पत्ति में विशेषण रूप से अर्थ की जनकता होने मे स्व को स्व में कारणता होने के आत्माश्रय दोष हो जायगा । ऐसा खण्डन ग्रन्थ मे कहा भी है । केवल ज्ञान मे तत्तदर्थ की सिद्धि को कहना उचित नही होगा । क्योकि अत्यापत्ति होने से । श्लोकस्थ अत्यापत्ति शब्द का अर्थ है अतिप्रसंग । अर्थात् घट प्रमा से पट प्रसिद्धि लक्षण अति प्रसग है । यदि तदर्थ विषयक ज्ञान से तदर्थ की सिद्धि मानो तो स्वाश्रय आत्माश्रय दोष की चिकित्सा कौन कर सकेगा ? अर्थात् आत्माश्रय दोष का

न च तत्तदर्थाहितविशेषया प्रमया अर्थविशेषसिद्धिः ज्ञानस्यार्थाहितविशेषाङ्गीकारे हि साकारपक्षप्रवेशः स्यात् । तदुक्तम् ।

अथान्यः सविशेषश्चेत्तद्धीत्वं कश्चिदिष्यते ।
दत्तः साकारवादाय विष्टरः स्पष्टमेव तत् ॥

अथ तद्धीत्वमनुमात्वादिवदर्थादुत्थास्नुस्तदार्थमन्तरेणैव स्यादित्यर्थो विलीयेत । तदुक्तम् ।

अर्थादुत्थास्नवो धर्मा नानुमात्वादयो यथा ।
तद्धीत्वमपि तद्वत्स्या दित्यर्थोऽनर्थमाविशेदिति ॥

परिहार नही होता है । नही कहो कि तत्तदर्थ विशेष से आहित जनित (उपलक्षित) प्रमा से तत्तदर्थ विशेषण सिद्धि को मानो तब तो ज्ञान मे अर्थाहित विशेषता का स्वीकार करने मे साकारवाद पक्ष मे प्रवेश हो जायगा । खण्डनग्रथ मे कहा भी है, अथान्य इत्यादि–अर्थ शब्द जो श्लोकघटक है सो पक्षान्तर बोधक है, यदि ज्ञान मे अन्य प्रकार का तद्धीत्व रूप विशेषता कहोगे तब तो साकार वाद के लिये स्पष्ट रूप से आसन देंगे । अर्थात् ज्ञान मे अर्थ रूप विशेषता को मान ल तब तो साकार विज्ञान वादी के मत मे आपका प्रवेश अनिवार्य रूप से हो जाता है । उस ज्ञान विशेष मे तज्ज्ञान विषयक ज्ञानान्तर को प्रमाण कहेंगे, पुन उस ज्ञानान्तर मे ज्ञानान्तर विषयक ज्ञानान्तर को

तस्मिन्नपि तद्धीविशेषे तद्विषयकस्तद्धीविशेषः प्रमाणमेवं तत्राप्येवं तत्रापि । तथा चानन्तायां तद्धीविशेषधारायां तद्धीनिर्वचनोक्तदूषणानि प्रसज्जतीत्याशयेन

सोऽपि वा धीविशेषः किं स्वीकार्यस्तद्वियं विना ।
एवञ्च सोऽपि सोऽपीति नान्तः सोपानधावने ॥

एवमेव दोषो मन्मतानुसारेण परत्र लगतीति प्रश्नपूर्वकमाह

समस्तलोकशास्त्रैकमत्यमाश्रित्य नृत्यतोः ।
का तद्वस्तुगतिस्तद्वद्वस्तुधीव्यवहारयोः ॥

प्रमाण कहेंगे तो इस प्रकार अनन्त ज्ञान धारा को मानने से ज्ञान के निर्वचन में कथित अनवस्था दोष होता है, इस आशय से खण्डनकार ने कहा है कि सोपि वाधी विशेष इत्यादि, सोपि वह भी पट विषयक ज्ञान विशेष घट ज्ञान विषयक ज्ञान के विना स्वीकार्य होगा ? अर्थात् नही स्वीकार्य होगा । ऐसा होने पर भी वह घट ज्ञान विषयक विशेष ज्ञान भी स्व स्वविषयक ज्ञान के विना स्वीकार्य होगा । अर्थात् तव तो ज्ञान का सोपान परम्परा होने से अनवस्था हो जाती है । इस प्रकार का यह दोष मेरे मतानुसार दूसरे को नही लगता है । इस वात को प्रश्न पूर्वक कहते हैं । समस्तलोकेत्यादि–तत्तस्मात् समस्त लोक तथा शास्त्र के ऐक्य मत को लेकर के चलने वाला तत्तद्वस्तुका व्यवहार तथा तत्तद्धी व्यवहार की क्या गति होगी । उत्तर में द्वितीय

उपपादयितुं तैस्तैर्मतैरशकनीययोः ।
अनिर्वचनतावादपादसेवा गतिस्तयोः ॥

अत्र ब्रूमः । यो हि तास्ताः प्रत्यक्षव्यक्तीः प्रत्यक्षतया व्यवहरति व्यवहारः सनिमित्तक इति च जानाति अप्रत्यक्ष-व्यवहारे किं निमित्तमिति बुभुत्सते तं प्रति साक्षात्कारित्वं लक्षणमुपतिष्ठते । तच्च साक्षात्कारित्वमनुमानच्छायामवलम्ब्य व्यवहारयति तत्रापि साक्षात्कारित्वव्यवहारयोः पक्षादन्यत्रा-

---

श्लोक कहते है तत्तत्मत को लेकर के उपपादन करने मे अशक्त उन दोनो वस्तु के व्यवहारधी व्यवहार को अनिर्वच-नीयता वाद की पद सेवा ही शरण है । अर्थात् किसी के मत से उपपादन नही हो सकने से अनिर्वचनीयता मत का अनुसरण कर ले तभी कल्याण है अन्यथा नही ।

समाधान—जो व्यक्ति विशेष तत्तत्प्रत्यक्ष व्यक्ति का प्रत्यक्षत्व रूप से व्यवहार करता है तथा यह भी जानता है कि जो व्यवहार होता है सो सनिमित्तक (कारण मूलक) होता है अर्थात् व्यवहार का कारण कोई अवश्य होता है तथा प्रत्यक्ष व्यवहार मे निमित्त क्या है ? इस बात को जानने की इच्छा रखता है, उस व्यक्ति विशेष के लिये साक्षात्कारित्व रूप प्रत्यक्ष लक्षण उपस्थित होता है । यह साक्षात्कारित्व अनुमान छाया का अवलंबन करके व्यवहार करता है । इसमे भी पक्ष से अतिरिक्त स्थान मे

सतोरन्वयव्याप्त्यनवधारणात्, लक्षणं व्यतिरेक्यनुमानमिति पर्यवस्यति । ननूक्तव्यवहारोत्पत्तये ज्ञप्तये वा नानुमितिः व्यवहर्तरि तयोः सत्त्वादेवेति, चेत् । मैवम् । प्रत्यक्षधियां प्रत्यक्षत्वेन व्यवहारः साक्षात्कारित्वनिबन्धनः निबन्धनान्तराभावे, सति, सनिबन्धनत्वात्, साक्षात्कारित्वान्वयव्यतिरेकानुविधायित्वाद्वेत्यस्य मानार्थत्वात् । एतेन प्रत्यक्षत्वेन व्यवहारः प्रत्यक्षपदप्रयोगरुपः सोऽपि तत्प्रयोगे साक्षात्कारित्व-

---

नही रहने वाले साक्षात्कारित्व तथा उनके व्यवहार मे अन्वयव्यापिका का निश्चय नही होने से यह लक्षण व्यतिरेकी अनुमान मे पर्यवसित होता है । (पक्षव्यतिरिक्त स्थल मे साध्य साधन का जहा सामानाधिकरण्य अवगत रहता है वही अन्वय व्याप्ति होती है, जैसे- धूम और वह्नि का महानस मे सहचार देखने के पीछे ही जहा जहा धूम रहता है वहा वहा वह्नि रहती है, एतादृश निश्चय से धूम मे वह्नि की अन्वय व्याप्ति गृहीत होती है । जहा हेतु साध्य का सामानाधिकरण्य पक्ष व्यतिरिक्त स्थल दृष्टात मे नही रहता है, वहा अन्वय व्याप्ति नही होती है किन्तु व्यतिरेक व्याप्ति होती है । प्रकृत मे हेतु साध्य पक्षातिरिक्त मे नही रहता है इसलिये अन्वय व्याप्ति नही होती किन्तु व्यतिरेक व्याप्ति होने से प्रकृतानुमान व्यतिरेकी कहलाता है ।)

प्रश्न-प्रत्यक्ष व्यवहार की उत्पत्ति के लिये अथवा

स्यान्वयव्यतिरेकितयैव सेत्स्यति किं तदर्थं लक्षणप्रणयनेने-त्यपास्तम् । अन्वयव्यतिरेकाभ्यामपि प्रत्यक्षशब्दवाच्यत्वा-दिकमपि यदवगन्तव्यं तदपि व्यतिरेकव्याप्तिबलेनैव न त्वेतद्व्यतिरेकयोः सामानाधिकरण्यमात्रबलेन अप्रयोजकत्वात् । तस्माच्चतुर्थविकल्पोऽयं नानिष्टाय । एवञ्च जवगडदशादि-शब्दवाच्यतानुमानमप्यपास्तं व्यतिरेकव्याप्तिविरहात् । एवं युक्तो व्यवतिरेक्यनुमानात्मकस्य लक्षणस्य प्रयोगः । व्यवहा-

---

ज्ञान के लिये अनुमिति की आवश्यकता नही है, क्योंकि व्यवहार और ज्ञान तो व्यवहार करने वाले पुरुष मे है ही । जब प्रत्यक्षादि प्रमाण से पर्वत रूप अधिकरण मे वह्नि ज्ञात नही रहती है तब पर्वत मे वह्नि को जानने के लिये अनुमिति की जाती है और पर्वत मे वह्नि ज्ञात रहती है तब अनुमान की आवश्यकता नही होती । अनुमान मे सिद्ध साधन दोष हो जाता है। उसी तरह प्रकृत मे जब व्यवहर्ता पुरुष को व्यवहार है तथा उसका ज्ञान है तब अनुमान की क्या आवश्यकता है ? प्रत्युत इस स्थिति मे अनुमान करने से अनुमान मे सिद्ध साधन दोष होता है, ऐसा पूर्व पक्षी का अभिप्राय है ।

समाधान–प्रत्यक्ष बुद्धि का प्रत्यक्ष बुद्धि रूप से जो व्यवहार होता है। इय प्रत्यक्ष बुद्धि इय प्रत्यक्ष बुद्धिः इत्याकारक, । सो साक्षात्कारित्व निबधन है, अर्थात् साक्षा-

रविशेषश्च प्रत्यक्षत्वेन व्यवहारः तद्धेतुश्च ज्ञानगतो विशेषः स च साक्षात्कारिलक्षणज्ञातिरूपः। एवञ्च स जातिविशेषो यस्मिन् ज्ञानेऽस्ति स ज्ञानविशेषस्तज्जातियोगेन हेतुना

त्कारि रूप कारण से जायमान है। व्यवहार मे व्यवहर्तव्य पदार्थ को कारणत्व होने से। निबंधान्तर के अभाव पूर्वक होकर के सनिबधन होने से। अर्थात् एतादृश व्यवहार मे अन्य कोई कारण नही है। और सकारणक होने से और कोई कारण नही है और सकारणक है इससे साक्षात्कारित्व प्रयोज्यत्व सिद्ध होता है। अथवा साक्षात्कारित्व का जो अन्वय व्यतिरेक तदनुविधायी होने से। जो यदनुविधीयी होता है सो तन्मूलक होता है। जैसे घट व्यवहार, घटान्वयव्यतिरेकानुविधायी होने से घट कारणक होता है। उसी प्रकार से प्रत्यक्ष बुद्धि मे भी जो इय प्रत्यक्ष बुद्धिः इय प्रत्यक्ष बुद्धि इत्याकार व्यवहार है सो अवश्य साक्षात्कारित्व का अन्वय व्यतिरेकानु विधायी होने से साक्षात्कारत्व मूलक है। यही अनुमान प्रकृत मे प्रमाण होता है।

एतेनेत्यादि—इससे प्रत्यक्षत्व रूप से होने वाला व्यवहार, प्रत्यक्ष पद प्रयोग रूप है, वह भो प्रत्यक्ष पद के प्रयोग मे

प्रत्यक्षत्वेन प्रकारेण व्यवह्रियते । न च साध्यप्रसिद्ध्यप्रसिद्धयोर्दोषः घटप्रत्यक्षादौ प्रसिद्धस्य प्रत्यक्षपदत्वव्यवहारस्यान्वयव्याप्त्यप्रतिसन्धाने ज्ञानाकरणकज्ञानत्वावच्छेदेन साक्षात्कारित्वेन व्यतिरेकिणा साधनात् । इतरभेदानुमाने न्यायाचार्या अप्येवमिति सर्वं सुस्थम् ॥

साक्षात्कारित्व के अन्वयव्यतिरेक रूप से ही सिद्ध होगा । तब तादृश व्यवहार के लिये लक्षण निर्माण करने का जो प्रयास है सो निरर्थक है । जिनका एतादृश कथन था सो भी परास्त हो गये । क्योकि अन्वय व्यतिरेक के द्वारा भी जो प्रत्यक्ष शब्द वाच्यत्व को जानेगे सो भी व्यतिरेक व्याप्ति के बल से ही जान सकेंगे नतु इन दोनो व्यतिरेक के सामानाधिकरण्य मात्र के बल से, क्योकि सामानाधिकरण्य मात्र के अप्रयोजक होने से । तस्मात् इसलिये ये जो चतुर्थ विकल्प है सो अनिष्टापादक नही होता है । इससे जवगडदशादि शब्द वाच्यत्व का जो अनुमान किया सो भी परास्त हो गये । क्योकि जवगड्दश इत्यादि स्थल मे व्यतिरेक व्याप्ति का अभाव होने से । प्रत्यक्ष मे जो प्रत्यक्ष शब्द वाच्यता का साक्षात्कारित्व हेतु से अनुमान किया गया है । उस अनुमान मे व्यतिरेक द्वय की व्याप्ति है, किन्तु जवगडदशादि तादृश व्यवहार करने के हेतु मे व्यतिरेक व्याप्ति उपलब्ध नही होती है । ऐसा होने से व्यतिरेकी अनुमान रूप लक्षण का जो प्रयोग किया गया सो अत्यन्त उपयुक्त ही है । प्रत्यक्ष

का व्यवहार विशेष क्या है ? तो इदं प्रत्यथ-मिद प्रत्यम् इत्याकारक ही है । अर्थात् इद प्रत्यक्षम् इस व्यवहार-का नाम ही व्यवहार विशेष है इस व्यवहार का हेतु अर्थात् कारण ज्ञान मे रहने वाला विशेष है, वह विशेष क्या है ? तो साक्षात्कारित्व लक्षण जाति रूप है । ऐसा होने से वह साक्षात्कारित्व लक्षण जाति विशेष जिस ज्ञान मे समवाय सम्वन्ध से रहता है सो ज्ञान विशेष (अर्थात् साक्षात्कारि लक्षण) उस साक्षात्कारित्व जाति के सम्बन्ध रूप हेतु से प्रत्यक्षत्व प्रकार से व्यवह्रियमाण होता है । अर्थात् वह ज्ञान यथोक्त जाति के सम्बन्ध से प्रत्क्षय रूपेण व्यवहृत होता है । नही कहो कि प्रकृत मे प्रत्क्षत्व व्यवहार रूप साध्य प्रसिद्ध है कि अप्रसिद्ध ? यदि प्रसिद्ध है तब उसका साधन हो ही कैसे सकता है ।—ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि घट प्रत्यक्ष मे प्रसिद्ध जो प्रत्यक्षत्व व्यवहार है, उस प्रत्यक्षत्व व्यवहार को अन्वय व्याप्ति का अननुसन्धान दशा मे ज्ञानावरणक ज्ञानत्वावच्छेदेन अर्थात् सफल ज्ञानावरणक ज्ञान रूप पक्ष में साक्षात्कारित्व रूप व्यतिरेक व्याप्ति विशिष्ट व्यतिरेकी हेतु द्वारा सिद्ध किया जाता है । अन्वय व्याप्ति काल मे व्यतिरेक व्याप्ति विशिष्ट धूम रूप हेतु से जो कि उस समय मे व्यतिरेकी कहाता है, उससे पक्ष पर्वता-दिक मे वह्नि की सिद्धि होती है इतर भेदानुमान स्थल मे । जैसे कि पृथिवी पृथिवीतर से भिन्न है गन्धवती होने

ननु भवत्वेवं तथापि प्रमामात्रेण वा अर्थविशेषः स्वीकार्यः तदर्थविषयकप्रमया वा तदर्थाहितविशेषया वा । प्रमयेत्यत्र न किञ्चिदुक्तमिति चेत् । त्वयापि न किञ्चिदुक्तम् । तथाहि न हि प्रमया स्वीकारोऽभेदात् किन्तु प्रमाणेन अर्थार्थान्विताम्यु-

---

से । इत्यादिक मे जो इतर भेदानुमान होता है वहा न्याया-चार्य उदयन प्रभृतिक की मान्यता भी इसी प्रकार की है । यह सब बात ठीक ही है । इस स्थिति में केवल प्रतिवादियों का धूली प्रक्षेप मात्र है, खण्डन मे वास्तविकता नहीं है । जो भी खण्डन प्रतीत होता है सो आपाततः छल है ।

शंका–ऐसा ही होवे । फिर भी प्रमा मात्र से अर्थ विशेष को स्वीकार करते हैं अथवा तदर्थ विषयक प्रमा से अर्थ को स्वीकार करते हैं ? अर्थात् तदर्थोपलक्षित प्रमा से तदर्थ को स्वीकार करते हैं ? अथवा तदर्थाहित प्रमा विशेष से अर्थात् तदर्थ विशिष्ट प्रमा से तदर्थ को मानते हैं ? इस विषय मे तो आपने कुछ नही कहा ?

उत्तर–आपने भी तो इस विषय में कुछ नही कहा, तथाहि प्रमा से प्रमा का स्वीकार हो नही सकता है क्योकि ऐसा मानने से आत्माश्रय दोष हो जायगा । किन्तु प्रमाण से अर्थ विशिष्ट ज्ञान का स्वीकार किया जाता है ।

प्रश्न–तो उसी मे पूछता हूँ कि उपर्युक्त जो तीन विकल्प हैं, उनमें से किस को निमित्त मानते हैं ? यह

पगमस्वीकारः । तत्र यथोक्तत्रितयमध्ये किं निमित्तमिति मद्वक्यार्थ इति चेत् । तेनार्थेन समं-स्वभावसम्बन्धेन यथार्थबोधेन स स्वीकार्य इत्यवेहि । तथा चार्थो ज्ञाने विशेषणम् । ज्ञानस्य तु तदर्थकस्य तदर्थव्यवहारजनने उपलक्षणं रूपवति रस इत्यत्र यथा धर्मिणि रूपं विशेषणं रसवृत्तौ तूपलक्षणं

मेरे पूछने का अभिप्राय है-।

उत्तर—तत्तदर्थ के साथ यथार्थ ज्ञान का जो स्वभाव सम्बन्ध है तादृश सम्बन्ध के बल से तदर्थ को स्वीकार करना, ऐसा उत्तर समझो । इससे यह सिद्ध हुआ कि अर्थ ज्ञान में विशेषण है और तदर्थक ज्ञान जब तदर्थ विषयक व्यवहार का समर्थन करता है उस समय मे वह अर्थ उस ज्ञान का उपलक्षण है । जैसे रूपवान मे रस रहता है. यहा धर्मी आम्रादिक फल मे रूप विशेषण है । और रस वृत्तिता में वही रूप उपलक्षण होता है । क्योकि रूप स्वाश्रय अधिकरण को इतर अर्थात् अरूपी से व्यवच्छिन्न करता है (फल रूपवान होने से अरूपी मे भिन्न है । इस प्रकार अनुमान मे इतर भेद की सिद्धि करता है) तथा क्रिया मे अन्वयी नहीं होता हैं तो रूप विशेषण भी हैं और कार्य विशेष मे उपलक्षण हो जाता है । इसी प्रकार मे ज्ञान में अर्थ विशेषण भी है और अर्थ विषयक व्यवहारोपपादन समय में ज्ञान का उपलक्षण भी होता है ।

आश्रयव्यवच्छेदकत्वे सति क्रियानन्वयित्वात् । न हि ज्ञानं विशिषन्नप्यर्थो व्यवहारं जनयत्यतीतादिसाधारण्यात् । नापि व्यवहारं विशिषन्नप्यर्थो ज्ञानेन जन्यते ज्ञानस्य तत्प्राक्सत्त्वनियमाभावात् । नाप्यर्थो ऽर्थेन जन्यते आत्माश्रयादित्यर्थगत्यैवार्थस्योपलक्षणतेति तदेव तत्रैव तदैव विशेषणञ्चोपलक्षणञ्चेति महद्वैशसमिति चेत् । न । अबोधात् तत्र हि तद्विशेषणमेव घटे

अर्थ विषयज्ञान को यद्यपि विशिष्ट बनाता है तथापि व्यवहार का उत्पादन नही करता है, क्योंकि अतीतादिक मे अर्थ नही रहता है। न वा अर्थ व्यवहार को विशिष्ट बनाता हुआ भी ज्ञान से अर्थ जन्य नही होता है। क्योंकि नियमतः अर्थ के पूर्व वृत्ति ज्ञान नही रहना है। न वा अर्थ अर्थ से जन्य होता है क्योकि आत्माश्रय हो जायगा। इसलिके अगत्या अर्थात् प्रकारान्तर का अभाव होने से अर्थ ज्ञान का उपलक्षण है।

प्रश्न—वह अर्थ उसी मे उसी काल मे विशेषण भी है और उपलक्षण भी है, यह दोनो विरुद्ध होने से बडा विलक्षण मालूम होता है।

उत्तर—अबोधादिति—आप इस बात को समझ नही सके। उस ज्ञान मे अर्थ विशेषण ही है, जैसे घट मे रूप विशेषण होता है। ज्ञान मे जब प्रत्यक्ष व्यवहार का ःपादन होता है, उस व्यवहारार्जन मे अर्थ को प्रसंग

रूपवत् ज्ञानस्य। तु। प्रत्यक्षव्यवहारार्जनेऽनङ्गत्वादुपलक्षणं शेष-मशेषं प्रत्यक्षखण्डनं। कल्पितदूष्यत्वादुपेक्षितमिति । ननु साक्षात्त्वं जातिरव्याप्यवृत्ति तथा च परमाणौ । ननु व्यवसायो व्यवसाय इव परमाणोरपि साक्षात्कारी स्यादिति चेत् । बाढं किन्तु स व्यवसेयांशे त्वलौकिको ज्ञानलक्षणप्रत्यासत्ति-

---

अर्थात् अनुपयोगी होने से उपलक्षणत्व होता है । इसके अतिरिक्त जो कुछ प्रत्यक्ष का खण्डन किया है सो कल्पित दूष्य होने के कारण से उपेक्षणीय है ।

शका–जो यह साक्षात्व जाति है सो अव्याप्य वृत्ति है, क्योकि घट प्रत्यक्ष मे साक्षात्व है और परमाणु ज्ञान मे साक्षात्व नही है ।

उत्तर–जाति व्याप्य वृत्ति ही होती है, अव्याप्य वृत्ति नही, घटत्वादि जाति मे ऐसा ही देखने मे आता है । इसी बात को शका समाधान पूर्वक अग्रिम प्रकरण से बताते है । "ननु व्यवसायोव्यवसेय इत्यादि"

शका–जैसे व्यवसाय ज्ञान व्यवसेय अ श मे अर्थात् पटादि अ श मे साक्षात्कारी होता है उसी तरह से परम णु अ श मे साक्षात्कारी होना चाहिये ।

उत्तर–ठीक है, किन्तु व्यवसाय ज्ञान व्यवसेय अ श मे तो अलौकिक है, ज्ञान लक्षणासन्निकर्ष से जायमान होने से । और व्यवसायाश में तो लौकिक है मन सयुक्तात्म-

जन्यत्वात् । व्यवसाये तु लौकिकः संयुक्तसमवायजन्यत्वात् । इत्थंत्व लिङ्गबुद्धिलक्षणया प्रत्यासत्त्या वह्निरपि मानसो ऽस्त्विति चेत् । केयं लिङ्गबुद्धिः । वह्निनिरूपितव्याप्त्युपहित-पक्षधर्मधीर्विशेषणं वह्निमपि स्पृशन्ती भवति वह्निमनसोः प्रत्यासत्तिरिति ब्रूम इति चेत् । तर्हि तादृशलिङ्गधीर्मानान्तर-

समवाय सनिकर्ष मे जायमान होने के कारण ।

प्रश्न–यदि लौकिकालौकिक साधारण सन्निकर्ष से प्रत्यक्ष ज्ञान का समर्थन करते है तब तो लिंग ज्ञान लक्षण सन्निकर्ष से पर्वत मे वह्नि ज्ञान भी मानस प्रत्यक्ष होगा। नही कहो कि इष्टापत्ति है। सो कहना ठीक नही हैं क्योकि ऐसा मानोगे तब तो प्रत्यक्ष धर्मिक अनुमान मात्र का उच्छेद हो जायगा।

उत्तर–यह लिंग बुद्धि क्या है ? जिसको मन का सन्निकर्ष कहते हो। वेदान्ती कहते है कि वह्नि निरूपित जो:व्याप्ति, तदुपहित पक्ष धर्म धूम ज्ञान, वह धूम ज्ञान स्व धूम ज्ञान उसका विशेषण धूम, धूम का विशेषण व्याप्ति द्वारा वह्नि उस वह्नि को स्पर्श (ग्रहण) करने वाली बुद्धि ही वह्नि मन की प्रत्यासत्ति अर्थात् सन्निकर्ष है, ऐसा मैं कहता हूँ। इसका उत्तर नैयायिक कहते हैं कि तब तो एतादृश लिंग बुद्धि को अकामेनापि प्रमाणान्तर अवश्य मानना पड़ेगा, और उसी प्रमाणान्तर के बल से

मित्यकामेनाप्युपेयं तदवष्टम्भेन मनसो बहिः प्रवृत्तेश्चक्षुर्वत्। एवं प्रत्यभिज्ञापि साक्षात्त्ववती तमिमं साक्षात्करोमीति प्रतीतेः। ननु साक्षात्त्वस्य व्याप्याश्रयज्ञाने सतो योग्यत्वेनावधारणे प्रत्यभिज्ञायां तत्तांशे साक्षात्त्वपरोक्षत्वसंशयो न स्यात् विशेषदर्शने भ्रमानुदयादिति चेत्। स्थाणुपुरुषसंशयवन्नायं सार्व-

---

चक्षु के समान मन की बाह्य प्रवृत्ति माननी पडेगी। अर्थात् जैसे चक्षु सयोग रूप व्यापार के बल से घटादि बाह्य वस्तु विषयक ज्ञान को उत्पादन करता है उसी तरह से मन भी विलक्षण लिंग बुद्धि लक्षण सन्निकर्ष के बल से पर्वत मे वह्नि ज्ञान को पैदा करावेगा। उसको अवश्यप्रमाणान्तर मानना पडेगा। इसी प्रकार से प्रत्यभिज्ञा ज्ञान भी प्रत्यक्ष ही है, अर्थात् सोयंघट इत्याकारक जो ज्ञान सो प्रत्यक्ष है, न तु ज्ञानान्तर है। क्योकि प्रत्यभिज्ञा के बाद तमिमघट साक्षात्करोमि ऐसी प्रतोति होती है।

प्रश्न—यदि योग्यता के बल से प्रत्यक्षत्व को व्याप्याश्रय ज्ञान मे भी वृत्ति मान ले तब तो प्रत्यभिज्ञा मे तत्ता अ श मे प्रत्यक्षत्व परोक्षत्व का सन्देह नही होना चाहिये, क्योंकि विशेषादर्शन सन्देह मे कारण होता है, यहा विशेषदर्शन है सो तो भ्रम (सशय) का विरोधा है तब सन्देह कैसे होगा ?

उत्तर—स्थाणु पुरुष सशय की तरह तत्ता अ श मे जो

लौकिकः किन्तु तत्तद्दर्शनप्रामाण्याभिमानिनां विप्रतिपत्तेः परीक्षकाणामेवायं नित्यानित्यसंशयवत्। नन्वात्ममानुमितिरात्ममनोरूपेन्द्रियार्थसन्निकर्षजत्वात् साक्षात्कारित्वयविः स्यादिति चेत्। न। तत्रात्मा नार्थत्वेन किन्तु समवायित्वेन मनोऽपि नेन्द्रियत्वेन किन्तु मनस्त्वेन जनकमिति मदुपगमात्।

सन्देह होता है सो सार्वलौकिक सन्देह नही है किन्तु तत्तद्दर्शन प्रामाण्याभिमानो व्यक्तियो का विप्रतिपत्ति मात्र है, शब्दगत नित्यत्व अनित्यत्व की तरह। अर्थात् जैसे शब्द मे जो नैयायिक मीमासकों का नित्यत्व अनित्यत्व विवाद मूलक सशय होता है न कि सर्व साधारण को संदेह होता है अपितु परीक्षको को ही होता है। उसी तरह प्रकृत में तदश मे प्रत्यक्षत्व परोक्षत्व का सन्देह सर्व प्रसिद्ध नही है किन्तु परीक्षकों का विप्रतिपत्ति मात्र है।

प्रश्न—आत्मविषयक जो अनुमिति है सो भी तो आत्मामनो रूप इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष के बल से ही होती है तव उसको भी प्रत्यक्ष ही कहना चाहिये। क्योंकि जब तक आत्मा और मन का सयोग नही हो तव तक तो कोई भी ज्ञान नही होता है। मनः संयोग सर्वत्र आवश्यक है। और अनुमिति ज्ञान को प्रत्यक्ष कोई भी नही मानता है।

उत्तर—अनुमिति शाब्दादिक परोक्षज्ञानस्थल मे आत्मा अर्थ रूप से तथा मन इन्द्रिय रूप से ज्ञान का जनक नही

ननु भगवज्ज्ञानं कथं प्रत्यक्षं साक्षात्कारि इन्द्रियाजन्यत्वादिति चेत्। कार्यस्योपादानप्रत्यक्षजन्यत्वनियमादिति दिक्॥

है, किन्तु आत्मा ज्ञान समवायित्व रूप से और मन मनस्त्व रूप से कारण होता है, ऐसा नैयायिक का सिद्धान्त है। अर्थात् एक ही आत्मा प्रत्यक्ष ज्ञान तथा परोक्ष ज्ञान उभय मे कारण होता है किन्तु वह प्रत्यक्ष जब आत्मविषयक होता है उसमे अर्थत्वरूप से कारण होता है तब वह ज्ञान आत्माश मे प्रत्यक्ष कहलाता है, और वही आत्मा समवायित्व रूप से कारण होता है तब जो ज्ञान होता है वह परोक्ष कहलाता है। आत्मा के एक होने पर भी उस मे कारणतावच्छेदक धर्म भिन्न भिन्न हो जाता है, इसी प्रकार से मन मे भी इन्द्रियत्वेन मनस्त्वेन कारणता होने से अवच्छेदक धर्म-के भेद से ज्ञान मे भेद होता है। जैसे विद्यारण्य मुनिने जीव सृष्टि प्रकरण मे कहा है कि एक ही स्त्री माता याता ननान्दा स्वसा दुहिता पत्नी अनेक रूप प्रतियोगी की अपेक्षा से कहलाती है तथा प्रतियोगी भेद से कार्य मे भेद होता है, वस्तुतः स्त्री तो एक ही है, किन्तु जब वह पुत्र सापेक्ष होती है तब माता व्यवहार को सपादन करती है और जब पति सापेक्ष होती है तब पत्नी व्यवहार का सम्पादन करती हैं, अवच्छेदक भेद से। इसी प्रकार एक ही आत्मा प्रत्यक्ष परोक्ष व्यवहार करेगा। इसमे किसी को आश्चर्य क्यो होना है ?

ननु नियतव्यञ्जकाभावात् साक्षात्त्वं न जातिरिति चेत्। न तावन्नियतव्यञ्जकधीपूर्विकैव जातिधीरिति नियमः ज्ञानत्वेच्छात्वयत्नत्वादौ व्यञ्जकस्यैवाभावात्। किञ्च त्वदुक्तरीत्या

शंका–परमेश्वर ज्ञान साक्षात्कारो कैसे होगा ? क्योंकि ईश्वर के इन्द्रिय हीन होने से उसमें इन्द्रिय जन्यत्व नही है।

उत्तर–कार्य उपादान प्रत्यक्षजन्य होता है ऐसा नियम होने से। अर्थात् जो ज्ञान जन्य होता है उसमे कारण की आवश्यकता होती है, भगवत्प्रत्यक्ष तो अजन्य है तब उसमें इन्द्रिय जन्यत्व की चिन्ता ही निरर्थक है, अथवा ज्ञानाकरणकत्व प्रत्यक्षत्व का प्रयोजक है, जो कि नित्यानित्य में समान है।

शंका–उपर्युक्त क्रम से जब प्रत्यक्षत्व में कोई नियत व्यंजक नही है, तब साक्षात्व को जाति कैसे कहते है ? जैसे गोत्व के जाति होने मे सास्नावत्व व्यंजक है, घटत्व को जाति होने मे कम्बुग्रीवादिमत्व व्यंजक है, तब गोत्व घटत्व को जाति कहते हैं तद्वत् प्रकृत मे जब कोई नियत व्यंजक नही है तब आपने साक्षात्व को जाति कैसे मान लिया ?

उत्तर–जाति ज्ञान नियमतः व्यजक ज्ञान पूर्वक ही होता है, ऐसा कोई नियम नही है। देखिये ज्ञानत्व इच्छात्व प्रयत्नत्व प्रभृति जो आत्म विशेष गुण वृत्तिज जातियां है

जातिर्न स्यादेव व्यञ्जकेनैवानुगतमतेरुपपत्तेः। अस्तु वा गोत्वे सास्नेवाननुगतमेव साक्षात्त्वे व्यञ्जकम्। तथाहि अस्मदादि-रूपादिप्रत्यक्षे चक्षुरादिव्यंजकत्वं योगिप्रत्यक्षे योगजधर्मजन्यत्वं भगवत्प्रत्यक्षे धर्मिग्राहकमानम्। एतदनवधारणदशायामेव साक्षात्त्वसंशयो विशेषादर्शनादिति। अस्तु वा ज्ञानाकारणक-

उनमें कोई भी नियत व्यकज नही है और ज्ञानत्व इच्छात्व को सभी जाति मानते हैं। इसलिये जाति ज्ञान नियमतः व्यजक ज्ञान जन्य है, यह जो नियम है सो व्यभिचरित है। किं च और भी देखिये, आपके कथनानुसार जाति तो कही भी नही होगी, क्योंकि व्यंजक का स्वीकार तो आवश्यक है, तब तो व्यंजक द्वारा ही अनुगत बुद्धि की सिद्धि होगी। फिर जाति मानने की क्या आवश्यकता है? अथवा जैसे गोत्व को जाति होने मे सास्ना ("सास्ना तु गलकम्बलः" गले में रहने वाला जो कंवलाकार है उसको सास्ना कहते है) व्यजक है उसी तरह प्रकृत में भी अननुगत वस्तु को व्यंजक मान लीजिये। जैसे अस्मदादि के रूपादिक प्रत्यक्ष में चक्षुरादि जन्यत्व ही व्यंजक है। योगी के प्रत्यक्ष में योगज धर्म जन्यत्व व्यंजक है और भगवत् प्रत्यक्ष मे धर्मि ग्राहक प्रमाण ही व्यंजक है। इन व्यंजको की अनिर्णय दशा में ही साक्षात्वका सशय भी होता है, विशेष धर्म का अदर्शन होने से संदेह होने में विशेष दर्शन प्रति बन्धक होता है

ज्ञानत्वमेव साक्षात्त्वस्य व्यञ्जकम्। न चैवमावश्यकत्वात्तदेव साक्षात्त्वधीविषयोऽस्त्विति वाच्यम् । साक्षात्त्वधीहि विधिमुखी सा कथं व्यतिरेकालम्बनास्तु गोत्वधीवत् । अन्यथा गोत्व-

---

और विशेष धर्म का दर्शनाभाव कारण होता है, जैसे स्थाणुत्व अथवा पुरुषत्व रूप एक कोटिका यदि निश्चय रहता है उस समय मे स्थाणुर्वा पुरुषो वा यह सन्देह नही होता है, क्योकि निश्चय सशय का विरोधी है । इसलिये जहा पुरुषत्व अथवा स्थाणुत्व का अनिश्चय एव पुरोवर्तित्वादि सामान्य रूप से धर्मिज्ञान रहता है उसी स्थल मे सशय होता है प्रकृत मे यदि जहां जिस समय मे इन्द्रिय जन्यत्व योगज धर्म जन्यत्वादिका ज्ञान नही रहता है 'इद प्रत्यक्ष नवेति' सशय भी होता है अर्थात् सशय जनकत्व इन्द्रियादि जन्यत्व रूप विशेपाज्ञान को ही होता है । अथवा यदि व्यजक ज्ञानाधीन ही जाति ज्ञान को माने तो मानिये । तव प्रकृत मे ज्ञानाकरणक ज्ञानत्व को ही साक्षात्व का व्यंजक मान लीजिये । नही कहो कि यदि साक्षात्व जाति का व्यंजक ज्ञानाकरणक ज्ञानत्व को मानते हो तव तो आवश्यकत्वात् उसी को (ज्ञाता के ज्ञानत्व को) ही साक्षात्व वुद्धि विपयता मान लीजिये । अतिरिक्त जाति मानने की क्या आवश्यकता है ? ऐसा कहो तो ठीक नही है । क्योकि साक्षात्व ज्ञान विधिमुख होता है तब उसको

धीरप्यगवापोहालम्बना किन्न स्यादित्यपोहापातः । तदुक्तं त्वयैव ।

> विधिजः प्रत्ययोऽन्योऽयं व्यतिरेकासमर्थनः ।
> नैवञ्चेदपराद्धं ते किमन्यापोहवादिना ॥ इति ॥

व्यतिरेकावलम्बन् कैसे मान सकते है ? गोत्वादि बुद्धि के समान । अन्यथा गोत्वादि के ज्ञान को भी गवेतर व्यावृत्त विषयक ही क्यो न मान लिया जाय । यदि इष्टापत्ति कहो तब तो बौद्धाभिमत अपोहका स्वीकार हो जायगा । आपने मे भी ऐसा कहा है कि विधि मुखेन जायमान ज्ञान यह एक अन्य ही है जिसका समर्थन व्यतिरेक से नही हो सकता है । यदि ऐसा नही मानो तो अन्यापोह वादी बौद्ध ने तुम्हारा क्या अपराध किया है ? अर्थात् जाति एक पृथक वस्तु है जो कि इतर व्यावर्तक लक्षण ज्ञाना धीवो न कि इतर व्यावर्तक लक्षण रूप व्यजक से गतार्थ नही हो सकती है, अन्यथा अपोहवादी बौद्ध से क्या भेद रहैगा ?

(इति प्रत्यक्ष खण्डनोद्धारः)

अतीतानन्तर प्रकरण से प्रत्यक्ष लक्षण को अधिकृत करके जो जो दोष खण्डनकारने कहे थे उन सब दोषो या निराकरण ग्रन्थकार ने किया । इसके पश्चात् अनुमान लक्षण का खण्डन जो किया है उसका निराकण करने को प्रथमतः खण्डन प्रकार को बतलाने के लिये अग्रिम प्रकरण को चलाते है—

अनुमानमपि किमुच्यते । लिङ्गपरामर्शोऽनुमानं लिङ्गत्वं व्याप्तपक्षधर्मत्वमिति चेत् । पक्षता हि साध्यसन्देहः स च पर्वतस्य नोपलक्षणमनुमित्युत्तरमपि अनुमित्यापत्तेः पर्वतस्य तदापि साध्यसन्देहोपलक्षितत्वात् । नापि विशेषणम् । अनुमित्युत्तरं पर्वतः पक्षताविशिष्टः तावन्नास्तीति तत्राऽन्यथिनः

अनुमानमपिकिमुच्यते—अनुमान भी किसको कहते हैं ? अर्थात् अनुमान का लक्षण क्या है ? लिंग परामर्ष का नाम अनुमान है ? अर्थात् हेतु विषयक जो विलक्षण ज्ञान उसी का नाम अनुमान होता है । तब वेदान्ती पूछते हैं, लिंग किस को कहते है ? व्याप्ति विशिष्ट हेतु का जो पक्ष मे वृत्तित्व इसी को लिंग कहते है । यदि ऐसा आप कहो तो पक्षता तो आप साध्य सन्देह को ही कहोगे ? अर्थात् 'पर्वतो वह्निमान् न वा' पर्वत मे वह्नि है कि नही ? इत्याकारक सन्देह को । तब उसमे मैं पूछता हूँ कि यह सन्देह पर्वत में विशेषण है कि उपलक्षण है ? अर्थात् सन्देह से सर्वदा पर्वत विशिष्ट रहता है अथवा यदा कदाचित सन्देह पर्वत में रहता है ? तो वह संदेह पर्वत का उपलक्षण है, ऐसा कहो तब तो पर्वत में वह्नि का अनुमान होने के बाद फिर भी पुनः अनुमिति× हो जायगी ।

×अनुमिति में जो करण हो उसका नाम है अनुमान । उसमे व्याप्ति पक्षधर्मता विशिष्ट जो ज्ञान उससे जायमान जो ज्ञान उसका नाम है अनुमिति । जो पुरुष बारबार महान मे वह्नि धूम के सहचार ग्रहण में वह्नि व्याप्ति का निर्णय कर लेता है, तदनन्तर वही पुरुष कालान्तर मे जब पर्वत के समीप

प्रवृत्तिर्न स्यात् वह्नेः केवलपर्वतावृत्तित्वात् । धूमः पक्षवृत्ति र्वह्निस्तु केवलपर्वतवृत्तिरिति न सम्भवति वैयधिकरण्यापत्तेः ।

क्योंकि अनुमिति के उत्तर काल मे भी पर्वत साध्य सन्देह से उपलक्षित है । तो कारण के रहने से कार्य को होना ही चाहिये । न वा साध्य सन्देह पर्वत रूप पक्षका विशेषण हो सकता है, क्योंकि अनुमिति हो जाने के पीछे पर्वत तो सन्देहात्मक पक्षता से विशिष्ट रहा नही, तब वह्न्यर्थी

में जाता है तब पर्वत में वन्हि है कि नहीं इस प्रकार का सन्देह होने से उस पर्वत में अविच्छिन्न मूलक धूमरेखा को देखने के बाद पूर्वानुभूत वन्हिधूम के सामानाधिकरण्य लक्षण वन्हिव्याप्ति का स्मरण होता है, तदनन्तर व्याप्ति पक्ष धर्मता विशिष्ट वन्हि व्याप्य धूमवान् पर्वत इत्याकारक परामर्श होता है । इसी परामर्श को तृतीय लिंग परामर्श कहते हैं। पर्वत में धूम को देखता है धूमवान् पर्वत, यह प्रथम धूम परामर्श है, तदनन्तर धूमो व्याप्य इत्याकारक जो स्मरण है, उसको द्वितीय लिंग परामर्श कहते हैं। तब व्याप्ति पक्ष धर्मता विशिष्ट जो धूम का ज्ञान होता है वन्हि व्याप्य धूमवाला यह पर्वत है, एतदर्थक जो वन्हिव्याप्यधूमवान्पर्वतः ज्ञान होता है, इसको तृतीय लिंग परामर्श कहते है। तदनन्तर पर्वतो वन्हिमान्, यह अनुमिति होती है। यहां अनुमिति है कार्य। और व्याप्ति ज्ञान है कारण। और परामर्श होता है व्यापार। अर्थात् परामर्श रूप व्यापार को लेकर के व्याप्ति ज्ञान अनुमिति रूप कार्य को उत्पादन करता है। यत्र यत्र धूमः तत्र व्याप्तिः यह है व्याप्ति—

धूमवान् पर्वतः यह पक्ष धर्मता है। उसमें साध्याभाव के अधिकरण में धूम का अवृत्तित्व को कोई व्याप्ति कहते हैं और कोई हेतु व्यापक सामानाधिकरण्य को व्याप्ति कहते है। साध्य सन्देह को पक्षता कहते है पर्वतो वन्हिमान् न वा के कोई लोग पर्वत में वह्न्यनुमिति होवे, इसको पक्षता कहते है, कोई तो सिषाधयिषा विरह विशिष्ट सिद्धि भाव को पक्षता कहते है। इसका विस्तृत विवेचन संस्कृत अनुमान खण्ड में देखना चाहिए यहां पर अनुमान खण्ड-उपयोगी मात्र बतलाया गया है।

न चैवं वैयधिकरण्यं न दोषः सामानाधिकरण्यरूपव्याप्तिविरोधित्वात् । विशेष्ये पर्वते द्वयोः सामानाधिकरण्यमस्त्येवेति चेत् । तर्हि साधनस्य पक्षधर्मता व्यर्था स्यात् । सा हि न साध्यसामान्यसिद्ध्युपयोगिनी व्याप्तेरेव तत्र सामर्थ्यात् ।

पुरुष की प्रवृत्ति पर्वत मे नही होगी । कारण कि वह्नि तो शुद्ध पर्वत में वृत्ति नही है, अनुमिति हुई है सन्देह विशिष्ट पर्वत मे । तब पर्वत में वह्नि का निश्चय होने से सन्देहचला गया । तब उसमें वह्न्यर्थी की प्रवृत्ति कैसे होगी ? नही कहो कि धूम तो सन्देह विशिष्ट पर्वत में है, वह्नि शुद्ध पर्वत में है, ऐसा कहना भी ठीक नही होगा, क्योंकि ऐसा मानने पर साध्य साधन को वैयधिकरण्य अर्थात् विभिन्नाधिकरण में वृत्तिता की आपत्ति हो जायगी । नही कहो कि एतादृश वैयधिकरण्य दोषाधायक नही है, सो ठीक नही, क्योंकि सामानाधिकरण्य रूप व्याप्ति का विरोध हो जायगा । अर्थात साध्य सामानाधिकरण्यरूपा व्याप्ति की सिद्धि हेतु में नहीं होगी । नही कहो कि विशेषण रहित पर्वत मे अर्थात् शुद्ध विशेष्य पर्वत मे दोनों का (हेतु साध्य का) सामानाधिकरण्य तो है ही । यह कहना भी ठीक नही होगा, क्योंकि तब तो साधन की पक्ष धर्मता निरर्थिका हो जायगी । अर्थात् हेतु मे पक्ष धर्मता की क्या आवश्यकता रहेगी ? वह पक्ष धर्मता साध्य सामान्य मे सिद्धि की उपयोगिनी नही होगी । क्योंकि सामान्यत. साध्य सिद्धि तो व्याप्ति के बल

नापि तद्विशेषसिद्ध्युपयोगिनी प्रतीत्यपर्यवसानस्यैव तत्र सामर्थ्यादिति । सिद्धिसाधनपरिहारमात्रार्थं सेष्टव्या । सिद्धसाधनञ्च न स्वार्थानुमाने दोष आगमेनेत्यादेः । एतेन संशययोग्यतापि निरस्तेति खण्डनम् ॥

तन्न । हि साध्यसन्देहघटितां पक्षतामाचक्ष्महे प्रत्यक्ष-

से ही हो जायगी । न वा विशेष रूप से साध्य की सिद्धि मे पक्ष धर्मता का उपयोग कह सकते है, क्योंकि विशेषत साध्य की सिद्धि म प्रतीति का जो अपर्यवसान उसी को उसमे सामर्थ्य होने से । अर्थात् अनुमित्यथानुपपत्ति से ही तो साध्य विशेष की सिद्धि हो जायगी । तव तो केवल सिद्ध साधन दोप को हटान के लिये पक्ष धर्मता का उपयोग होगा । और सिद्ध साधन तो स्वार्थानुमान मे दोप है नही, क्योकि आगम से अनुमान से प्रत्यक्ष से इत्यादि आगम से प्रमाण सप्लव को स्वार्थ कहा गया है । एतेनेत्यादि–एतेन सशय पक्षता का विशेषणोपलक्षण के विकल्प द्वारा निराकरण हो जाने से सशय योग्यता पक्षता हैं, यह जो किसी नैयायिक का पक्षता लक्षण था सो भी निरस्त हो जाता है । अर्थात् जव सन्देह पक्षता नही वना सका तव उसकी योग्यता की चर्चा तो दूर ही रहै । 'अनुमानमपि विमुच्यते' यहा से लेकर 'निरस्ता' एतत्पर्यन्त खण्डन ग्र थ का उद्धरण किया तथा प्रश्न का उपपादन किया, अत पर मे उद्धार कर्ता वादि मत का खण्डन करते है, तन्नेत्यादि–

परिकलितमप्यर्थमनुमानेन बुभुत्सन्ते तर्करसिका इति टीका-विरोधापत्तेः ।

आगमेनानुमानेन ध्यानात् प्रत्यक्षेण च ।

समाधान–साध्य सन्देह घटित पक्षता का लक्षण मैं नहीं कहता हू, क्योंकि प्रत्यक्ष द्वारा ज्ञात पदार्थ को भी अनुमान द्वारा जानने की तार्किक लोक इच्छा रखते हैं। एतादृश जो टीकाकारका वचन है उससे विरोध होता है। और "आगम से अनुमान से ध्यानोत्तर कालिक प्रत्यक्ष साक्षात्कार से" आत्मा मे तीन प्रकार से जो प्रमाणो का सप्लव (सम्मिलन) उसको स्वार्थ कहते है। इस आगम का विरोध भी होता है। तथा आत्म को श्रुति द्वारा सुनो और श्रवण के बाद हेतु द्वारा आत्मा का अनुमान करो, इस श्रुति से भी विरोध होता है (श्रुति से जब आत्म विषयक निश्चय है तब सन्देह रूप पक्षता के नहीं रहने से मुमुक्षु को आत्मानुमान कैसे होगा ? क्योंकि अनुमिति का कारण रूप सशय पक्षता नहीं है। सन्देह के प्रति निश्चय विरोधी है और प्रकृत मे श्रौत आत्मनिश्चय विद्यमान है अत सन्देह रूप अथवा सशय घटित यद्वा सशययोग्यता रूप पक्षता नहीं है। और भी देखिये यदि सन्देह को पक्षता मानें तब घर मे बैठे हुए को घन गर्जन से (जो आकाश मे मेघ है उसकी गर्जन से) इस प्रकार घन गर्जन से जो मेघानुमिति होती, सो नहीं होगी। क्योंकि वहा अनुमिति पूर्व मे गगन मेघवान है कि नहीं ? ऐसा नहीं है। अत

त्रिधात्मनि प्रमाणानां संप्लवः स्वार्थमिष्यते ॥

इत्यागमविरोधापत्तेः श्रोतव्यो मन्तव्य इति श्रुतिविरोधापत्तेश्च। एतेन संशययोग्यतापि निरस्ता। न चैवं शास्त्रे संशयव्युत्पादनानर्थक्यम्। संकशुकतानिवृत्तये न्यायोपासने तदङ्गत्वोपगमात्। अत एव संशयाभावेऽपि मन्तव्य इति

एव साध्य विषयक इच्छा भी पक्षता नही है, उक्त हेतु से ही। यद्यपि पर्वतादिक स्थल में सन्देह के वाद अनुमिति में प्रवृत्ति होती है तथापि सन्देह पक्षता मूलक नही है किन्तु वक्ष्यमाण पक्षता मूलक ही प्रवृत्ति होती है। संशय की पक्षता का निराकरण हुआ तब संशय योग्यता का भी निरास हो जाता है।

शंका–यदि आप सन्देह रूप पक्षता को नही मानते हो, तब शास्त्र मे जो संशय का कथन है सो निरर्थक हो जायगा।

उत्तर–संक शुकता अनियमितता की निवृत्ति के लिये न्याय का अनुसरण आवश्यक होगा तो उस न्याय के अंग रूप से सशय को माना गया है। अत एव संशय के अभाव मे भी 'मन्तव्य' इत्याकारक विधि समभिव्याहृत वाक्य से जायमान जो इष्ट साधनता ज्ञान (आत्म ज्ञान मोक्षरूप इष्ट का साधक है इत्याकारक) उससे जायमान जो सिषाधयिषा उस सिषाधयिषा के वल से मुमुक्षुको भगवद् ज्ञान

विधिसमभिव्याहृतवाक्यजनितेष्टसाधनताज्ञानजसिपाधयिषया भगवदनुमानप्रवृत्तिरिति कुसुमाञ्जलावाचार्या अप्याहुः। अस्तु तर्हि सिपाधयिषाघटिता सा। हन्तानिष्टार्थायामनुमितौ सापि व्यभिचरतीति चेत्। बाढम्। तद्योग्यता तावदस्ति। सापि साधकबाधकमानाभावरूपा श्रुतिस्वरूपसाधकमानावरुद्धे भगवति नास्तीति। उच्यते। सिपाधयिषाविरहसहकृतसाधकमानस्याभावः सा। सा च सर्वत्रैवास्ति। शेषमनुमाननिर्णये-

में (अनुमित्यात्मक ज्ञान मे) प्रवृत्ति होती है, ऐसा कुसुमांजालि ग्रन्थ में न्यायाचार्य ने भी कहा है।

प्रश्न–तब सिपाधयिषा को ही पक्षता मान लिया जावे। नही कहो कि यदि इच्छा को पक्षता कहे तव तो अनिष्ट (अनमित) वस्तु विपयक अनुमिति नही होगी। क्योंकि अनिष्ट विपय में किसी की भी इच्छा नही होती है।

उत्तर–ठीक कहते हो, अनिष्टार्थ विपयकानुमिति स्थल में भी सिपाधयिषा की योग्यता तो है ही है। वह योग्यता साधक बाधक प्रमाण की अभाव रूपा ही है।

प्रश्न–तव तो श्रुति रूप साधक प्रमाण मे अवरुद्ध तदभावरूप योग्यता ईश्वर मे नही है तब परमेश्वर विपयक अनुमिति कैसे होगी ?

उत्तर–सिपाधयिषा विरह सहकृत जो साधक मान (सिद्धि निश्चय) उसका जो अभाव उसी का नाम है पक्षता।

ताद्दशी पक्षता सर्वत्र ही है× इस प्रसंग मे जो अवशिष्ट

×सिषाधयिषा विरह, यह विशेषण है और साधकमान विशेष्य है। साधकमान शब्द का अर्थ है सिद्धि निश्चय। सिषाधयिषा के अभाव से युक्त जो सिद्धि सो हुआ विशिष्ट। तदभाव रूप विशिष्टाभाव है पक्षता। विशिष्टाभाव तीन प्रकार से होता है–विशेषणाभाव प्रयुक्त विशिष्टाभाव, विशेष्याभाव प्रयुक्त विशिष्टाभाव, तथा उभयाभाव प्रयुक्त विशिष्टाभाव। जैसे दण्डी नास्ति, यहा जब दण्ड रूप विशेषण नही केवल पुरुष है वहा दण्ड रूप विशेषण के अभाव से दण्डी रूप विशिष्ट का अभाव होता है। जहा जब दण्ड तो है किन्तु पुरुष नही है, वहा पुरुष रूप विशेष्यका अभाव होने से तत्प्रयुक्त दण्डी का अभाव होता है। और जहा दण्ड पुरुष उभय नही हैं वहां उभयाभाव विशेषणाभाव विशेष्याभाव प्रयुक्त विशिष्टाभाव होता है। प्रकृत मे जहा अनुमितिर्जायताम् इत्याकारक इच्छा हैं और वन्हिमान निश्चय रूप सिद्धि है वहा विशेषण जो इच्छा विरह उसका अभाव होने से विशेषणाभाव प्रयुक्त विशिष्टाभाव रहने से पक्षता रहने से अनुमिति होगी। जिस स्थल मे सिद्धि निश्चय नही हैं वहा सिषाधयिषा रहे वा न रहे तो भी विशेष्याभाव कारण से विशिष्टाभाव रूप पक्षता है तो अनुमिति होगी। जहा सिषा है और सिद्धि निश्चय नही है वहा विशेषणाभाव विशेष्याभाव रूप उभयाभाव रहने से पक्षता है और अनुमिति होगी। जहा सिषाधयिषा नही है किन्तु सिद्धि है वहा अनुमिति नही होगी। क्योंकि सिषाधयिषा विरह सहकृत सिद्धि निश्चय रूप प्रतिबन्धक विद्यमान है। अनुमिति मे जैसे बाध निश्चय विरोधी होता है उसी तरह साध्य निश्चय भी विरोधी है। क्योंकि वन्हिमान् इस प्रकार का प्रत्यक्ष निश्चय रहेगा तब अनुमिति निरर्थक होती है। जहा भी निश्चय है और सिषाधयिषा है यहा यह जो सिद्धि निश्चय है सो तो सिषाधयिषा युक्त है। सिषाधयिषा विरहवती सिद्धि होगी देशान्तरीय कालान्तरीय, उस सिद्धि का अभाव बैठा है इसलिये सिद्धि काल मे भी यथोक्ताभावात्मक पक्षता का सद्भाव होने से अनुमिति होती है। आत्मानुमिति स्थल मे श्रौत आत्म-निश्चय रहने पर भी आत्मानुमिति जायताम् इत्याकारक इच्छा के सहकार से विशेषणाभाव प्रयुक्त विशिष्टाभाव रूप पक्षता के बल से मुमुक्षु को आत्मा-नुमिति होने मे कोई बाधक नही है। इस सब अभिप्राय को लेकर के ग्रंथकार ने कहा है–"सा च सर्वत्रास्तीति" पक्षता के विषय मे वस्तु स्थिति तो यह है तब सन्देह विशेषण है कि उपलक्षण है ? इत्यादि विकल्प करके ग्रन्थकार के अनभिमान पक्षता का निराकरण करने का श्रम हर्ष के अरण्य रोदन के समान है। इस विषय पर विद्वत्समाज ही विचार करें।

ऽध्यवसेयम् । अस्तु वा कापि पक्षता सा तावदनुमित्युत्तरं नास्तीत्यविवादम् । अन्यथा लिङ्गोपहितलैङ्गिकावगाहिन्यामनुमितौ व्याप्तिपक्षधर्मलिङ्गमानावश्यकत्वेऽनुमित्यविच्छेदः स्यात् । तथा चानुमित्युत्तरं तत्र पक्षता त्वयाभ्युपेया । तथा च विशेषणाभावाद्विशिष्टः पर्वतोऽपि नास्तीति तन्निष्ठोऽग्निरपि

विचारणीय विषय रह गया है उसको अनुमान निर्णय से जानें । रही यादृश तादृश पक्षता, जिस किसी प्रकार की पक्षता रहो परंतु वह पक्षता अनुमिति हो जाने के बाद नही रहती है, इसमे किसी को विवाद नही है । अन्यथा यदि अनुमिति के उत्तरकाल मे भी पक्षता रहे तब तो लिंगोपहित लैंगिकापगा ही अनुमिति मे व्याप्ति पक्षता विशिष्ट हेतु का ज्ञान मानना आवश्यक होने से अनुमिति का अव्यवच्छेद हो जायगा । अनुमिति की धारा हो जायगी ।(किसी का मत है कि अनुमिति मे साध्य का अवगाहन होता है, उसी तरह हेतु का भी अवगाहन होता है। उनके मत में वह्निव्यधूमवान् पर्वतो वह्निमान, यही अनुमिति का आकार है । अब विचार करो कि यदि पक्षता का विनाश अनुमित्युत्तर काल मे न मानें तो एतादृश स्थल मे पक्षता तो बैठी रहेगी तब अनुमिति का विराम नही होगा । अतः अनुमित्युत्तर पक्षता का विनाश अवश्य मानो ।

प्रश्न—तब तो लिंगोपहित लैंगिकभान वादि के मत से

नश्येदिति चेत् । एवं सति हि क्षणभङ्गः स्यात् असद्विशेषणो-
परागेण सतोऽपि विशेष्यस्यात्ययोपगमात् स च प्रत्यभिज्ञान-
बाधितः । किञ्चानुमानेनाग्निनिश्चयं प्रद्रूय समूलकाषं कषितोऽ
ग्निसंशये विरोधिविधूननान्निष्कम्पा वह्न्यर्थिप्रवृत्तिः स्यादेव ।
अपि च धूमः पक्षवृत्तिरग्निः पर्वतवृत्तिरतो वैयधिकरण्यान्न

अनुमिति के बाद भी आप पक्षता मानेगे, तब तो विशेष-
णाभाव से विशिष्ट जो पर्वत उसका भी अभाव हो जायगा ।
और पर्वत के विनाश होने से तद्गत वह्नि भी विनष्ट हो
जाने से वह्न्यर्थी की प्रवृत्ति कैसे होगी ?

उत्तर— यदि ऐसा मानो तो क्षणभंगवाद की आपत्ति
होगी । असत् जो विशेषण उसके सम्बन्ध से सत् भी जो
विशेष्य है उसका विनाश मानते है । नही कहो कि प्रति-
क्षण मे तो सभी पदार्थ नष्ट हो ही जाते हैं उसमे विज्ञाना-
धारा को लेकर के व्यवहार चलेगा । विश्वमात्र
क्षण भगी है, इस प्रकार से सभी वस्तु को क्षणभगी मानो
तब तो सोयं घटः, वही यह घडा है इत्याकारक
प्रत्यभिज्ञा से तो वस्तु में स्थिरता की सिद्धि होती है तो
प्रत्यभिज्ञा विरोध होने से क्षणयुक्त नही । नही कहो कि
"सैवेयं दीपकलिका" वही यह दीपकशिखा है यह प्रत्यभिज्ञा
जिस प्रकार से जाति विषयक है उसी प्रकार से सोय घटः,

व्याप्तिरनयोः तस्याः सामानाधिकरण्यरूपत्वादिति वदन् खण्डककृद्व्याप्तिपक्षधर्मतयोरबोधमबोधयत् । तथाहि व्याप्तिर्हि अव्यभिचरितसम्बन्धरूपा । सा च समानाधिकरणयोरिवा-

यह प्रत्यभिज्ञा भी जाति विषयक है, व्यक्ति विषयक नही है यह भी मानना ठीग नही है । क्योकि व्यक्ति विषयता होने मे प्रत्यभिज्ञा का कोई बाधक नही है, जिससे कि जाति विषयता माने । और भी देखिये-अनुमान से जब अग्नि विषयक निश्चयात्मक ज्ञान उत्पन्न हो गया, और निश्चय द्वारा समूल सन्देह नष्ट हो जाने से प्रवृत्ति मे जो विरोधी था उसका अभाव होने से निष्कप अर्थात् निश्चल प्रवृत्ति वह्निचर्यी पुरुष की निर्विरोध होगी ही । और भी देखिये-धूम तो पक्ष मे अर्थात् सन्देह विशिष्ट पर्वत मे रहती है और वह्नि तो शुद्ध पर्वत मे रहती है, इस प्रकार से धूम वह्नि की विभिन्नाधिकरण वृत्तिता होने से व्याप्ति नही बनेगी, क्योकि व्याप्ति तो सामानाधिकरण्य रूपा है। वह व्यधिकरण वान्हि धूम मे नही होगा । इस प्रकार से बोलते हुए खण्डन कारते व्याप्ति पक्ष धर्मता का ज्ञान नही होगा. ऐसा अपने ग्रन्थ मे समझाया है । तथाहि व्याप्ति अव्यभिचरित सम्बन्ध रूपा है ।× यह अव्यभिचरित सम्बन्ध

×अव्यभिचरित सम्बन्ध है व्याप्ति । अव्यभिचार शब्द का अर्थ होता है व्यभिचाराभाव । व्यभिचार का अर्थ होता है, तदभाववद्वृत्तित्व । तदभाव

जैसे समानाधिकरण वह्नि धूम मे है उसी तरह असमानाधिकरण हेतु साध्य में भी है। अन्यथा पृथिवीत्व हेतु द्वारा इतर वस्तुओं के अन्योथा भाव का अनुमान किस तरह होगा ? वहां इतर वस्तु है व्याप्य तथा पृथिवीत्व भाव है व्यापक। यहां इतर पृथिवीत्वा भाव समानाधिकरण नही है। क्योकि अवृत्ति जो वस्तु है वह भी तो इतर ही है।

व्याप्ति है, इसका अर्थ हुआ साध्याभाववद् वृत्तित्व। वन्हिमान् धूम मे साध्य है, वन्हिसाध्याभाव है वन्हयभाव, उस वन्हयभाव का अधिकरण है जलहृदादिक, उस जलादिक मे वृत्ति जाती है शेवल आदि का वृत्तित्वाभाव है धूम मे, इस प्रकार लक्षण समन्वय होता है धूमवान् वन्हे, मे साध्य है धूम, साध्याभाव धूमाभाव तदधिकरण अयोगोलक है, उसमे वन्हि हेतु की वृत्तिता ही है, अवृत्तित्व नही है' इस लिये अति व्याप्ति नही होती है। लक्षण मे साध्यतावच्छेदक सवन्धावच्छिन्न साध्याभाव कहना चाहिये। अन्यथा समवाय सबन्धन वन्हयभाव का अधिकरण पर्वतादिक मे सयोग सबन्ध से धूम की वृत्तिता होने से। साध्याभाव का अर्थ है साध्यतावच्छेदकावच्छिन्ना प्रतियोगिता का भाव, न कि साध्यप्रतियोगिक अभाव अन्यथा महानीय वन्हयभाव, वन्हिघटोभाव रूप साध्यप्रतियोगिता का भावाधिकरण पर्वत मे धूम की वृत्तिता होन से वन्हिमान् धूमात् मे अव्याप्ति हो जाती है। हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से वृत्तित्वाभाव कहना चाहिये नही तो वन्हयभावाधिकरण जलादिक मे कालिक सम्बन्ध से धूम की वृत्तिता होने से अव्याप्ति हो जाती है। एव वृत्तित्वाभाव वृत्तितात्वावच्छिन्न प्रतियोगिताक वृत्तित्व सामान्याभाव विवक्षित है, अन्यथा धूमाभावाधिकरण जल निरूपित वृत्तिता के भाव को वन्हि मे रहने मे धूमवान् वन्हे' मे अति व्याप्ति हो जाती है। सामान्याभाव का निवेश करने से यथोक्तति व्याप्ति नहीं होती है।

समानाधिकरणयोरप्यस्ति । कथमन्यथा पृथिवीत्वादिना इतरेषामन्योन्याभावोऽनुमीयते तत्र हीतरे व्याप्याः पृथिवीत्वाभावस्तु व्यापकः । न चेतरे तत्समानाधिकरणा अवृत्तेरपीतरत्वात् । न च तत्रेतरतादात्म्यमेव पृथिवीत्वाभावस्य व्याप्यं तयोश्च सामानाधिकरण्यमस्त्येवेति वाच्यम् । तथा सति हीतरतादात्म्यस्यात्यन्ताभावः पृथिवीत्वेन सिद्धो न त्वितरान्योन्याभावः । इतरतादात्म्यात्यन्ताभावेनेतरान्योन्याभावः पश्चात् साधनीय इति चेत् । न साधनाभावेनेतरेषामात्मादीनां सामानाधिकरण्याभावस्य वज्रलेपतया केनापि कदापि इतरान्योन्यः

नही कहो कि वहा इतर का जो तादात्म्य है सो पृथिवीत्वाभाव का व्याप्य है । उन दोनो मे इतर तादात्म्य तथा पृथिवीत्वाभाव को तो सामानाधिकरण्य है । पृथिवीत्वाभाव पृथिवी भिन्न सभी वस्तु मे है, वहा इतर का तादात्म्य भी है । ऐसाकहो सो ठीक नही है, क्योकि ऐसा कहो तब तो पृथिवीत्व हेतु से इतर पदार्थ का जो तादात्म्य उसका अत्यन्ताभाव सिद्ध हो जायगा ? न तु इतर पदार्थ का अन्योन्याभाव सिद्ध होगा ।

प्रश्न–इतर तादात्म्य का जो अत्यन्ता भाव उसके पश्चात् तद्द्वाराइतरान्योन्याभाव को भी तो सिद्ध कर सकते हैं ?

उत्तर–साधन जो पृथिवीत्व तदभाव से इतर आत्मादिक अवृत्ति पदार्थ के सामानाधिकरण्याभाव के वज्रलेप

न्योमावो नानुमातुं शक्येतेत्यस्याप्युक्तप्रायत्वात् अथ य एवेत-रतादात्म्यस्यात्यन्ताभावः स एवेतरान्योन्याभावो न तु ततोऽधिकः स इति चेद्वन्त य एव घटत्वात्यन्ताभावः स एव

होने से (नियमत होने से) किसी से किसी समय मे भी इतरान्योन्याभाव का अनुमान नही हो सकेगा। इस वात को प्राय कह आया हूँ।

प्रश्न–जो ही पदार्थ इतर तादात्म्य का अत्यन्ताभाव है वही इतरान्योन्याभाव भी है। किन्तु इतरतादात्म्यात्य-न्ताभाव से अधिक कुछ इतरान्यान्योभाव नही है। (पृथिवीतर है जलादिक, तद्गत तादात्म्य जलादिक मे है ताहश तादात्म्य का अत्यन्ताभाव पृथिवो मे रहैगा और पृथिवीतर जलादिक का अन्योन्याभाव भी पृथिवी मे ही है, इसलिये दोनो के समनियत होने से एकत्व है, ऐसा मान करके पूर्व पक्षी ने इतर तादात्म्यात्यताभाव को इतरान्योन्या-भाव से अनधिकत्व का प्रतिपादन किया है)

उत्तार–ऐसा कहने से तो आप जो घटत्वात्यन्ता-भाव है सो ही घटान्योन्याभाव है, समनियम होने से। ऐसा भी बोल सकते हो। (घटत्व रहता है मात्र घट मे और घटत्व का अभाव घट को छोडकर के सर्वत्र रहता है एवं घटका अन्योन्याभाव भी घट को छोडकर के सर्वत्र रहता है। अत्यन्ताभाव को प्रतियोगितावच्छेदक अधिकरण

घटान्योन्याभाव इत्यपि वदिष्यसि ओमिति चेत् समानाधिकरणनिषेधोऽन्योन्याभावो व्यधिकरणनिषेधस्तु संसर्गाभाव

के साथ विरोध होता है। जिस अधिकरण में अर्थात् घटेतर मे घटत्वात्यन्ताभाव रहता है उसी अधिकरण मे अर्थात् घटेतर मे अन्योन्याभाव रहता है इसलिये धर्मात्यताभाव धर्मी भेद एक है, यह समझ करके आप दोनो को एक भी कह सकते हो।) यदि ओ मैं मानता हूँ कि धर्म घटत्वादिक का अभाव तथा धर्मी घटादिक का अन्योन्याभाव यह दोनो एक ही है, ऐसा स्वीकार करे तब तो समानाधिकरण निषेध अन्योन्यभाव है और व्यधिकरण निषेध ससर्गाभाव है। अर्थात् प्रतियोगी के अधिकरणातिरिक्त मे तो रहता ही था, प्रतियोगी के अधिकरण मे भी रहै, ऐसा जो अभाव सो है अन्योन्याभाव। घटो न, इत्याकारक घटान्योन्याभाव घटाधिकरण मे भी रहता है। घट तथा तदधिकरण एक नही है किन्तु आधाराधेय भेद रहता है, जैसे घर मे रहने वाला देवदत्त गृह व्यतिरिक्त होता है। एव व्यधिकरण अर्थात् प्रतियोगी के विभिन्न अधिकरण मे रहने वाला अभाव संसर्गाभाव है। अर्थात् ससर्गाभाव का स्व प्रतियोग्यधिकरणता के साथ विरोध होने से एक अधिकरण मे दोनो प्रतियोगी तथा तदभाव नही रहता है, इसलिये ससर्गाभाव वैयधिकरण कहलाता है, और अन्यो-

इति घुष्यन् पुरुषायुषमनैषीरथेदानीं चरमे वयसि समस्ततीर्थतीर्थिकविरुद्धं प्रलपन्न जिह्रेषि न वा बिभेषीति । तस्मादिदमिह नास्तीदमिदं न भवतीति विलक्षणधीवेद्ययोः संसर्गाभावान्योन्याभावयोरभेदं वदन् विश्वाभेदाय यतिष्यन्नभेदवादी पर्यव-

न्याभाव प्रतियोगी के समानाधिकरण में रहने से समानाधिकरण है। तो अभी तक ऐसा शोरगुल मचाते हुए आपने अपना जीवन बिता दिया, किन्तु अब आप अन्तिम अवस्था मे मरने के समय मे समस्त तीर्थ (शास्त्र) तथा तीर्थ कर (शास्त्र प्रणेता) के विरुद्ध अर्थात् सकल लोक विरुद्ध सकल परीक्षक सम्प्रदाय विरुद्ध ससर्गाभाव अन्योन्याभाव की एकता का प्रलाप करते हुए क्या लज्जित नही होते ? न वा डरते हैं ? इसलिये 'इदमिह नास्ति' यह यहा नही है, 'इदमिद न भवति' घट पट नही है, एतादृश विलक्षण प्रतीति से जानने के योग्य जो ससर्गाभाव और अन्योन्याभाव का अभेद एकत्व को कहते हुए समस्त जगत का अभेद करने के लिये प्रयत्नशील होते हुए अपने को अभेद वादी के पक्ष मे समाविष्ट करते हुवे भेद भी प्रसिद्धि होने से अभेद× का परित्याग करते हुए भेद अभेद भेदाभेद

×मायावाद भेद का निराकरण करने वाले बताइये 'मुखना मोत दख्यु' 'कस्मी मार्गानुसयाद्' इत्यादि अनुष्ठा परिहार स्वप्न में क्या करते ? यदि विधि निषेध में भेद नहीं मानें तब तो महान अनर्थ हो जायगा, यदि भेद मानो तो अभेद की सिद्धि नहीं हुई, भेद सिद्ध हो गया इस प्रकार आप अपने वचन से ही व्याहत हो जाते हैं। इस विषय में खण्डनकार ने

स्यन् भेदासिद्धेरभेदमपि व्यस्यन् भेदादभेदादभेदाभेदाच्च अश्यन् कीदृशः स्या इति । तस्माद्द्वयोरेव सामानाधिकरण्य-लक्षणा व्याप्तिः तत्परमेव निबन्धृणां सामानाधिकरण्य-निर्वचनं न तु व्याप्तिमात्रपरमिति मन्तव्यम् । अत एवाव्य-

---

इन सब से दूर होते हुए किस स्वरूप को प्राप्त करगे ? अर्थात् भेद की सिद्धि नही होने से भेदवादी के पक्ष मे आपका समावेश नही होगा । और भेद रूप प्रतियोगी की असिद्धि से तदधीन अभेद सिद्ध नही होगा । अत अभेद वादी के पक्ष मे भी प्रवेश नही होगा । अतएव भेदाभेद पक्ष मे भी प्रवेश नही होगा । अब कहिये आप किस दिशा मे जायेंगे ? अर्थात् आपकी क्या स्थिति होगी ? इसलिये जिन दो वस्तु मे सामानाधिकरण्य लक्षण व्याप्ति है तत्परक व्याप्ति का निर्वचन शास्त्रकारो ने तत्तत्स्थल मे किया है । न तु व्याप्ति मात्र परक शास्त्रकारो का निर्वचन नही है, ऐसा मानना चाहिये । अव्यभिचरित सम्बन्ध व्याप्ति है, अनौपाधिक सम्बन्ध व्याप्ति है । इस प्रकार से सामान्य मुखी व्याप्ति का निर्वचन जो प्राचीनो ने किया है सो भी ठीक नही है । नही तो सामानाधिकरण्य रूपा ही सर्वत्र

कहा है कि ' भेदाव हृयलोभेन भेद विधि निषेधयो । स्वय समथयन् मूर्ख इव वाग्वज्रेण ताडित ॥ भेद का निराकरण करने के लोभ से विधि निषेध शास्त्र का भेद प्रतिपादन करने वाला मूर्ख अपने वाग्वज्र से स्वय ताडित होता है । अत भेद सर्वानुमत होने से अनिराकरणीय है ।

मिचरितः सम्बन्धो व्याप्तिरनौपाधिकः सम्बन्धो व्याप्तिरिति च सामान्यमुखी प्राचामपि निरुक्तिः अन्यथा सामानाधिकरण्यमुख्येव सा स्यात् रत्नप्रकाशकृतोऽप्येवमिति । अस्त्वन्यत्र यथा तथा धूमानलयोरेव सामानाधिकरण्यं न स्यादुक्तदोषादिति चेत् । भ्रान्तोऽसि यस्मिन् धर्मिणि साध्यसंशयोऽस्ति तत्र धर्मिणि धूमानलयोः सामानाधिकरण्यं न ब्रूमः न तु पक्षताविशिष्टे धूमवृत्तिमुपेमो येनत्वदुक्तसामानाधिकरण्यं स्यात् । तदयं संक्षेपः संशयादिलक्षणा पक्षता विशेषणं सत्त्वात् सत्यपि

होगी । रत्नप्रकाशकार ने भी इसी प्रकार से व्याप्ति का निर्वचन किया है सो भी अतीव उपयुक्त है ।

शका–मान लिया जाय अन्यत्र जैसे तैसे व्याप्ति बने परन्तु धूम वन्हि की व्याप्ति कैसे होगी ? (सामानाधिकरण्य कैसे होगा !)उक्त दो दोष से । अर्थात् धूम तो पक्षता विशिष्ट मे है और साध्य केवल पर्वत मे है ।

उत्तर–आप भ्रान्त हो ! जिस धर्मी मे साध्य का सन्देह है उस अधिकरण में धूम वह्नि का सामानाधिकरण्य है, यह नही कहता हू । पक्षता विशिष्ट में धूम वृत्तिता को मानता हूं, जिससे कि भवदुक्त सामानाधिकरण्य नही होगा । यहाँ इस प्रकार से सक्षेप है, संशय रूप पक्षता विशेषण है, विद्यमान होने से । परन्तु रहते हुए भी धूम की वृत्तिता मे उपलक्षण है । धूमवत् मे संशय के अनन्वयी

धूमादिवृत्त्याद्युपलक्षणं तद्वत्यनन्वयित्वात् । लिङ्गपरामर्शे तु तत्कालेऽसती अदूरविप्रकर्षेण तु सत्यप्युपलक्षणमेव परामर्शानन्वयित्वात् न हि धूमवत् पर्वतवच्च संशयोऽपि ज्ञायमानोऽङ्गं किमर्थं तह्यु पादीयते स्वरूपसत्तामात्रेणानुमितेर्नियमनाय लिङ्गपरामर्शस्य चानुगमायेति। इन्त्वेवं साध्यस्य सामान्यसिद्धिर्व्याप्तितः विशेषसिद्धिस्तु प्रतीत्यपर्यवसानादिति साध्यसिद्धा-

---

होने से । लिंगपरामर्श में तो तत्काल में अविद्यमान है, किन्तु अदूर विप्रकर्ष से समीप वर्ती होने से, होते हुए भी उपलक्षण है । क्योकि परामर्श में सशय का अन्वय नही होने से । जैसे धूम पर्वत ज्ञायमान होकर के अनुमिति में अंग 'उपयोगी) है उसी प्रकार से संशय ज्ञायमान होकर के अनुत्यंग नही है।

प्रश्न–तब सन्देह को क्यों मानते हो ? जब कि धूमादि के समान उपयोगी नही है ।

उत्तर–सन्देह स्वरूप सत्तामात्र से अनुमिति का नियमन करता है, तथा परामर्श का अनुगमन करने के लिये स्वरूपतः सन्देह को कारण रूप से माना जाता है, न कि धूम पर्वतादिक के समान ज्ञायमान होकर के कारण है इसलिये माना जाता है ।

प्रश्न–तब सामान्य (वह्नि सामान्य) रूप साध्य वह्नि की सिद्धि तो व्याप्ति से ही होगी, और विशेष रूपेण

वनुपयोगिन्येव पक्षधर्मतेति तत्खण्डकमपि सिद्धसाधनं नानुमानदूषणं स्यात् अनुमितिप्रयोजकाखण्डनादित्युक्तमिति चेत् किमिदमपर्यवसानं प्रकृतानुमानं वा मानान्तरं वा प्रकृतानुमानस्यैवैकमङ्गं वा । नाद्यः पक्षधर्मताविनाकृतस्य तस्याकरणत्वात् तस्याश्च द्वयाङ्गत्वानुपगमात् । नापरः पक्षधर्मता विना तस्यापि

(पर्वतीय वह्नि रूपेण) वह्नि की सिद्धि प्रतीत्य पर्यवसान से होगी । इसलिये साध्य की सिद्धि मे पक्षता का कोई उपयोग नही है । अत पक्षता का निराकरण करने वाले सिद्ध साधन अनुमान का दोप नही है । उससे अनुमिति प्रयोजक का तो निराकरण नही होता है, ऐसा मैं कह चुका हू ।

उत्तर–यह प्रतीत्य पर्यवसान वस्तु क्या है ? क्या प्रकृतानुमान का नाम प्रतीत्य पर्यवसान है, अथवा कोई प्रमाणान्तर का नाम है ? अथवा प्रकृत अनुमान के एक अ ग का हो नाम प्रतीत्य पर्यवसान है । इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है, क्योकि पक्ष धर्मता रहित जो प्रकृतानुमान है तो अनुमिति में करण ही नही वन सकता है । पक्षधर्मता को तो अनुमिति मे अ ग नही माना है । न वा द्वितीय पक्ष ठीक है, क्योकि पक्षता के विना प्रमाणान्तर भी मूक ही रहता है । अर्थात् अनुमिति मे जिस किसी को कारण मानेंगे वह पक्ष धर्मता का वल ले करके ही समर्थ होगा,

मूकत्वात् तस्मात् परिशेषाच्चरमः कल्पः स्यात् तथा च पक्षधर्मतामेव स्वनाम्ना दूषयसि अपर्यवसाननाम्ना तु मन्यसे सोऽयं शिरश्छेदेऽपि काकर्णीं न ददाति पञ्चगण्डकांस्तु ददातीति वदवसीयते ।

ननु धूमाग्न्योर्देशगर्भा वा कालगर्भा वोभयगर्भा वा व्याप्ति नाद्यः व्योमलेलिहानायां धूमधारायां तदालीढव्योमनि

अन्यथा नही । तस्मात् चरम पक्ष ही घटेगा । अन्य कोई पक्ष नही हो सकेगा । तब तो पक्ष धर्मता को ही स्व नाम से (पक्ष धर्मता नाम से खण्डनकर रहे हो और अपर्यवसान नाम से समर्थन कर रहे हो, सो यह गला कट जाने पर भी कौडी नही देता है और पाच गडा कौडी देता है) इस न्याय का अतिक्रमण नही करते हो । अर्थात् अनुमिति के प्रति पक्षता का पक्षता शब्द से तो निराकरण करते हो और पक्ष धर्मता का अपर्यवसान शब्द से समर्थन करते हो यह सर्वथा अनर्गल कर रहे हो । अतो मन्तव्य इत्यादि श्रुति बोधित अनुमान मे प्रामाण्य का निर्वाह करने के लिये पक्ष धर्मता का तथा व्याप्त्यादि अ ग का समर्थन सर्वथा आवश्यक है, और इन सब पदार्थो का समर्थन प्रमाणादि सत्ता के बिना नही बन सकता है । अतः अनिर्वचनीयता वाद को लेकर के तो पक्ष की आशा को दूर रखिये ।

शंका—धूम तथा वह्निकी जो व्याप्ति है सो देश घटित

व्यभिचारात् । अथ यत्र धूमस्तत्र तन्मूलावच्छेदेन वन्हिरिति नियम इति चेत् । न आभीरकुट्यां व्यभिचारात् । अथाविच्छि-

---

व्याप्ति है। अर्थात् "यत्र देशे धूमस्तत्र देशे वह्निः" जिस देश मे धूम है उस देश में वह्नि है इत्याकारक साहचर्य नियम की व्याप्ति कहते है, अथवा काल घटित वह्नि धूम की व्याप्ति है ? अर्थात् जिस काल मे धूम है उस काल मे वह्नि रहती है इत्याकारक काल घटित वह्नि धूम की व्याप्ति है ? अथवा देश काल उभय घटित अर्थात् जिस का लमें जिस देश मे धूम रहता है उस देश मे उस काल मे वह्नि रहती है, ऐसा व्याप्ति का स्वरूप मानते हैं ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है क्योकि जहा उपरिदेश (आकाश) मे धूम की शिखा है तादृश धूम विशिष्ट आकाश मे वह्नि नही है तो साध्याभाववत् मे धूम की प्रवृत्तिता रहने से व्यभिचार दोप हो जाता है। और व्यभिचार प्राप्ति प्रतिरोधक है। अथ यदि कहो कि जिस देश मे धूम रहती है उस देश मे मूलावच्छेदेन वह्नि रहती है, एतादृश नियम मानता हूँ। सो ठीक नही है क्योंकि आभीर कुटी मे (गाय दुहने वाले मृत्पात्र मे) दूध निकालने के बाद उसमें अग्नि देकर उसका मुख ढाक देता है। ढाकने से अग्नि बुझ जाती है और उसमे धुआ रह जाती है, इस धूम मे व्यभिचार है धूम तो है और मूल देश मे वह्नि नही है इसी को गोपालघटिकोद्वासित धूम

न्नमूलसततोर्द्ध्वगतिशीलस्थूलधूमलहरीमूले प्रदेशे वन्हिरिति देशगर्भव्याप्तिशरीरमिति चेत् । न । कालान्तरेऽपि तत्र वन्ह्यर्थिप्रवृत्त्यापत्तेः न द्वितीयस्तदा ह्रदेऽपि वन्ह्यापत्तेः तृतीयस्तु

कहते है) अथ यदि कहो कि अविच्छिन्न मूल सतत ऊर्ध्व गतिशील स्थूल धूम जिस स्थान मे रहती है उसके मूल प्रदेश मे वह्नि रहती है, इस प्रकार से देश घटित व्याप्ति के शरीर को मानता हू । इस गोपालघटितोद्वासित धूम मे व्यभिचार नही होगा । ऐसा कहना भी ठीक नही है, क्योकि जिस काल मे तादृश धूम का दर्शन हुआ उससे अतिरिक्त काल मे उस देश मे वन्हयर्थी पुरुष की प्रवृत्ति हो जायगी । न वा काल गर्भित वन्हि धूम की व्याप्ति है । यह द्वितीय पक्ष भी ठीक नही है क्योकि ऐसा मानने से तो ह्रद मे भी वन्हि का अनुमान हो जायगा । अर्थात् जिस काल मे पर्वत मे धूम है उसी काल मे ह्रदात्मक विभिन्नाधिकरण मे भी अनुमिति हो जायगी । इष्टापत्ति कह नही सकते है, क्योकि ह्रद मे वन्हि का बाध है । ह्रद वन्हय भाव वाला है । एतादृश निश्चय काल मे ह्रद मे वन्हि है ऐसी अनुमिति नही होगी । तृतीय पक्ष तो हो सकता है। जिस देश जिस काल मे धूम रहती है उस देश उस काल में वन्हि रहती है, यह व्याप्ति बन सकती है, परन्तु यह तो नुमिति का अग नही है । क्योकि एतादृश व्याप्ति का

सम्भवति स नाङ्गं तदनवगमेऽपि अनुमित्युदयादिति तटस्थ-देशनायां तु उच्यते आद्य एव कल्पः । न च कालान्तरेऽपि तत्राग्न्यर्थिप्रवृत्त्यापत्तिः । यत्र धूमस्तत्र सर्वदा वह्निरिति न व्याप्तियेन तथा स्यात् सामान्यव्याप्त्यैव तथा भविष्यतीति

ज्ञान नही रहने पर भी अनुमिति का प्रादुर्भाव माना जाता है। इस प्रकार से तटस्थ व्यक्ति का प्रश्न होने पर उच्यते इत्यादि प्रकरण से समाधान करते है।

समाधान–प्रथम कल्प ठीक है, देश घटित काल घटित देशकालोभयघटित वन्हि धूम की व्याप्ति है। इस प्रकार से जो तीन कल्पका विकल्प किया था, उनमे देश घटित जो प्रथम विकल्प है सो ठीक है यह उत्तर समझो। नही कहो कि इस पक्ष मे तो कालान्तर मे भी अग्न्यर्थी की प्रवृत्ति होगी। ऐसा मत कहो। क्योकि जहा धूम रहती है वहाँ सर्वदा अग्नि रहती है ऐसी व्याप्ति नही मानता हूँ कि जिस से पूर्वोक्त दोष (कालान्तर मे अग्न्यर्थी की प्रवृत्ति होगी प्रवृत्यापत्ति रूप दोष) होवे। नही कहो कि सामान्य व्याप्ति से ही कालान्तर मे वन्हचर्थी की प्रवृति होगी। तो ऐसा भी नही कहो क्योकि तस्याः सामान्य व्याप्ति तो किंचित कालीन वह्नि की सिद्धि से ही चरितार्थ हो जा सकती है। तब वर्तमान कालिक साध्य की सिद्धि किस प्रकार से होगी ? ऐसा भी नही कहना, क्योकि पक्ष धर्मता

घेत् । न । तस्याः किञ्चित् कालीनवह्निमत्तयैव पर्यवसितत्वात् कुतस्तर्हि वर्तमानवह्निसिद्धिः पक्षधर्मताबलात् पक्षतावच्छेदक-धर्मसंबद्धं हि साध्यं पक्षधर्मता ग्राहयति तद्विना प्रतीतेरपर्यव-सानात् पक्षतावच्छेदकः पर्वतत्ववत् वर्तमानः कालोऽपि अयं पर्वतोग्निमानित्यनुमित्याकारात् । अस्तु तावदिदमविनाभाव-सम्बन्धो व्याप्तिरिति यदुक्तं तदयुक्तमन्वयेऽन्वयस्य व्यतिरेके

के बल से वर्तमान कालिक वह्नि की सिद्धि होगी । पक्षता-वच्छेदक धर्म से सम्बन्ध साध्य को ही पक्ष धर्मना ग्रहण करती है । इसके विना प्रतीनी का पर्यवमान नही होता है । पर्वतो वन्हिमान् इस स्थल मे पक्षनावच्छेदक धर्म जैसे पर्वतत्व है उसी तरह वर्तमान काल भी पक्षतावच्छेदक है । तो पक्ष धर्मना वर्तमान काल सम्बन्ध साध्य को बताया । इससे साध्य मे वर्तमानकालिकत्व का ज्ञान होता है । यह पर्वत अग्नि वाला है यह अनुमिति का आकार है । अर्थात् है । अर्थात् जिस समय मे अनुमिति होती है तत्कालिकत्व साध्य मे लब्ध होता है । अतएव भूत भविष्यत् कालिक साध्य की सिद्धि स्थल मे काल वाचक पद का प्रयोग भी रहता है । जैसे यह यज्ञशाला वह्निमती थी । यह यज्ञशाला वन्हिमती होगी । इत्यादि ।

शङ्का—वन्हि धूम की व्याप्ति जिस तिस प्रकार से भी बने परन्तु अविनाभाव सम्बन्ध पर्याप्त है, यह व्याप्ति

व्यतिरेकस्य व्यभिचारिसाधारण्यादिति मैवम् । अविनाभाव इत्यत्र हि विनाभावपर्युदासे नञ् विनाभावश्च व्यभिचारः तेन व्यभिचारविरोधी सम्बन्धोऽव्यभिचरितः सम्बन्ध

का लक्षण किस तरह से बनता हैं ? आपने जो अविनाभावव्याप्ति कहा सो युक्त नही है, क्योंकि अन्वय में अन्वय का तथा व्यतिरेक में व्यतिरेक का व्यभिचार होता है ।

समाधान—मैवम् अविनाभाव', यहां समासान्तरगत जो नञ् है उसका अर्थ विनाभाव का पर्युदास है अर्थात् पर्युदासात्मक नञ् है और विनाभाव शब्द का अर्थ है व्यभिचार । इसलिये व्यभिचार विरोधी जो संबन्ध उसका नाम है अव्यभिचरित सम्बन्ध । और अव्यभिचरित सम्बन्ध है व्याप्ति । अथवा साध्य साधन का एकान्तिक अर्थात् व्यभिचारादि दोष रहित सम्बन्ध ही व्याप्ति है । अथवा असम्बन्धासहचर संबन्ध अर्थात् सम्बन्धाभाव का संचार न हो ऐसा जो सम्बन्ध उसका नाम व्याप्ति है । जैसे वन्हि का जो सबन्ध वह अव्यभिचरितादि रूप होने से व्याप्ति है । घूम के साथ जो वन्हि का सम्बन्ध है सो एतद्विपरीत है, अर्थात् व्यभिचरित सम्बन्ध है । अयोगोलक में वन्हि है और घूम नही रहता है । तब निष्कृष्ट लक्षण ऐसा होता है । यत्समानाधिकरण यदधिकरण में वृत्ति जो

ऐकान्तिकः सम्नन्धोऽसम्यन्धासहचरः सम्बन्धो यथाऽग्निना धूमस्य धूमेन त्वग्नेस्तद्विपरीतः तथा च यत्समानाधिकरणान्योन्याभावप्रतियोगिता येन नावच्छिद्यते तेन समं तस्य सम्बन्धो

अन्योन्याभाव, तादृश अन्योन्याभाव की प्रतियोगिता जिससे अवच्छिन्न न होवे, उसके साथ उसका जो सम्वन्ध, उसी का नाम है व्याप्ति। जैसे वन्हिमान् धूमात मे लक्षण घटक यत पद से हेतु जो धूम उसका ग्रहण होता है, उस धूम का अधिकरण हुआ पर्वत गोष्ठ महान सचत्वर। उस अधिकरण मे रहने वाला जो अन्योन्याभाव, सो वन्हिमान यह अन्योन्याभाव तो ले नही सकते हे क्योंकि वन्हिमत मे मे वन्हिमान् न, यह अन्योन्याभाव नही रहेगा क्योकि स्व मे स्व का भेद नही रहता है। तव लिया जायगा घटवान्न इत्याकारक अन्योन्याभाव, तदीय प्रतियोगिता घटवत् निष्ठा प्रतियोगिता, सो जिससे अर्थात् वन्हि से अवच्छिन्न नही है किन्तु घटादि धर्म से अवच्छिन्न है। तेन समम् यहा तत्पद से साध्य का ग्रहण होता है। तव उस वन्हि के साथ उस धूम का जो सम्वन्ध है तो इस प्रकार से लक्षण समन्वय होता है। धूमवान् वन्हि. मे हेतु है वन्हि, वन्हि का अधिकरण है अयोगोलक उसमे रहने वाला जो अन्योन्याभाव सो धूमवान्न इत्याकारक अभाव, तदीय प्रतियोगिता धूमवत् निष्ठा प्रतियोगिता, जिस धर्म से अर्थात् धूम रूप साध्य से

व्याप्तिरिति धूमवान् वह्निमान्न भवतीत्यप्रतीतेः धूमसमानाधिकरणान्योन्याभावप्रतियोगिता वह्निना नावच्छिद्यते तेन वह्निना समं धूमस्य सम्बन्धो धूमस्य व्याप्तिः। हन्तैवं ईदृशेन वह्निना समं ज्ञाप्यज्ञापकत्वादिरपि सम्बन्धो व्याप्तिः स्यात् सामानाधिकरण्यमितिकरणे ; तु नायं दोषः संबंधमात्रस्य सामानाधिकरण्यरूपत्वाभावात्। अतः एव चिन्ता-

---

अवच्छिन्न ही है, अनवच्छिन्न नही है। इसलिये अनवच्छिन्न धूम के साथ वन्हि का सबन्ध न रहने से अतिव्याप्ति नही होती है। स्व मे स्व का भेद नही रहता है। इस बात को मूलकार स्वय बताते है "धूमवान् वन्हिमान्नभवतीत्यप्रतीते" धूमवान् वन्हिमान् नही-होता है ऐसी प्रतीति नही होती है। धूमाधिकरण मे रहने वाला जो अन्योन्याभाव ,घटवान्न इत्याकारक अन्योन्याभाव तदीय प्रतियोगिता वन्हि से अवच्छिन्न नही है किन्तु घटादि से अवच्छिन्न है तो उस वन्हि के साथ जो धूम का सवन्ध सो ही धूम की व्याप्ति है।

शंका—तब तो ईदृश वन्हि के साथ धूम का जो ज्ञाप्यं ज्ञापक भावादिक संबन्ध है सो भी व्याप्ति कहावेगा क्योकि सामानाधिकरण्य प्रमाकरण मे तो यह दोप नही है क्योकि सम्वन्ध मात्र को सामानाधिकरण्य रूपत्व नही होता। अत एव चिन्तामणिकारादिक ने भी ऐसा ही कहा है।

मणिकारादयोप्येवमिति चेत्। न अविशिष्टव्यावृत्तविशिष्टधी-
नियामकस्येह सम्बंधपदार्थत्वात् स च धूमादौ संयोगः रूपर-
सादौ समवायो वृक्षशिंशपादौ सामान्यविशेषभावादिरिति
ज्ञाप्यज्ञापकभाववाच्यवाचकभावादिस्तु न तथा किञ्च
सामानाधिकरण्यविशेषस्य व्याप्तित्वे भेदानुमानं न स्यात्।
तथाहि घटः पटो न भवतीतिप्रतीतिसाक्षिकस्तावदन्योन्याभावो
दूरपह्नवः न चायं तद्धर्मात्यन्ताभावात्मैव घटः पटो न घटे

उत्तर—अविशिष्ट व्यावृत्त विशिष्ट धी, अर्थात् विशिष्ट ज्ञान का जो नियामक हो उसी को यहा सम्बन्ध पदार्थ माना जाता है। वह सम्बन्ध अर्थात् तादृश सम्बन्ध धूम का होता है पर्वताद्यनुयोगिक धूम प्रतियोगिक संयोग, रूप रसादिक स्थल मे समवाय तथा वृक्ष शिंशपादिक स्थल मे सामान्य विशेष भावादिक किन्तु ज्ञाप्य ज्ञापक भाव वाच्य वाचक भाव आदिक सम्बन्ध ऐसा नही है, इसलिये ज्ञाप्य ज्ञापक भाव सम्बन्ध मे व्याप्ति की अतिव्याप्ति नही होती है। और भी देखिये यदि सामानाधिकरण्य विशेष को ही एकान्तत व्याप्ति कहें तब तो भेदानुमान कही नही होगा। भेदानुमान कही क्यो नही होगा? इसका उपपादन तथाहीत्यादि प्रकरण से ग्रंथकार स्वय करते हैं। तथाहि घट पट नही होता है इत्यादि प्रतीति से सिद्ध जो अन्योन्याभाव उसका निराकरण तो कर नही सकते है। नही कहीं कि धर्मी का जो अन्योन्याभाव है सो धर्म का

घटत्वं नेतिप्रतीत्योः समानाधिकरणव्यधिकरणाभावग्राहितया तयो. समानाधिकरणाभावत्वव्यधिकरणाभावत्वरूपवैधर्म्यासिद्धेः। ननु भवत्वन्योन्याभावो धर्मिप्रतियोगिको धर्मात्य-

---

अत्यन्ताभाव रूप ही है। अर्थात् घटो न यह भेद घटातिरिक्त मे रहता है तथा घटत्व का अत्यन्ताभाव भी घटादि व्यतिरिक्त मे ही रहता है। इसलिये धर्मी का अन्योन्याभाव धर्म का जो अत्यन्ताभाव तत्स्वरूप ही है। ऐसा कहना ठीक नही है क्योकि घट पट नही है और घट मे पटत्व नही है, यह जो दोनो प्रतीति है उनमे समानाधिकरण तथा व्यधिकरण अभावग्राहीत्व है, अर्थात् एक समानाधिकरणाभाव विपयक है और एक व्यधिकरणाभाव विपयक है, तब इन दोनो मे समानाधिकरणाभावत्व तथा व्यधिकरणाभावत्व रूप जो वैधर्म्य है सो सिद्ध नही होगा। यदि दोनो एक रूप हो जाँय तब समानाधिकरणाभावत्व और व्यधिकरणाभावत्वात्मक वैलक्षण्य कैसे सिद्ध होगा ? इसलिये धर्मीका अन्योन्याभाव और धर्म का अत्यन्ताभाव एक रूप नही हो सकता है।

ननु भवतु इत्यादि–मान लिया जाय कि धर्म प्रतीक जो अन्योन्याभाव है सो धर्माभाव से भिन्न है। "घटो न" यह घट धर्मी जो घट तत्प्रतियोगिक भेद है और "घटत्वं नास्ति" यह घटत्व रूप धर्म का अभाव है सो

न्ताभावभिन्नः सत्वनुमानान्न ज्ञातुं शक्यते। तथाहि इतरे व्याप्याः पृथिवीत्वात्यन्ताभावस्तु व्यापक इति वाच्यं तत्र इतरेषामवृत्तिघटिततया समानाधिकरणत्वाभावात् व्याप्यत्वस्य च नियतसामानाधिकरण्यरूपत्वात् अस्तु वा अन्यकिञ्चिद्व्याप्यत्वं तथापि व्यापकस्य व्यतिरेकात् व्याप्यस्य व्यतिरेकः

घटो न इत्याकारक भेदापेक्षया घटत्व नास्ति को भिन्न मान लिया जाय) परन्तु उसको अनुमान से जान नही सकते है। तथाहि पृथिवीतर को व्याप्य मानेंगे और पृथिवीत्वाभाव व्यापक है ऐसा आप कहैंगे तो इसमे पृथिवीतर मे तो अवृत्ति आत्मादिक का भी समावेश होता है तब समानाधिकरणत्व का अभाव है और व्याप्यत्व तो नियत सामानाधिकरण्य रूप है (अर्थात् आकाश आत्मादिक निरधिकरण होने से उसमे नियत सामानाधिकरण्य रूप व्याप्ति कैसे होगी ? सामानाधिकरण्य तो वृत्तिमान पदार्थ का ही होता है। न कि अवृत्ति पदार्थ का होता है। आपने इतर को व्याप्य कहा है, इतर मे आत्मादिक अवृत्ति पदार्थ भी अन्तर्गत है, उसमे पृथिवीत्वात्यन्ताभाव निरूपित व्याप्यता सामानाधिकरण्य रूपा कैसे होगी ?) मान लिया जाय कि व्याप्यत्व नाम का पदार्थ कुछ और है, तथा व्यापक के अभाव से व्याप्य का अभाव ससर्ग भावात्मक अवश्य सिद्ध होगा। जैसे वह्नि के अभाव मे धूम का अभाव सिद्ध होता है। परन्तु वह व्याप्याभाव

संसर्गाभावात्मा सेत्स्यतीति व्नह्निव्यतिरेकात् धूमव्यतिरेकवत् स तु न भेदः आकाशसंसर्गाभावस्याकाशेऽपि सत्त्वात् आकाशसंसर्गाभावस्य केवलान्वयित्वात् न ह्याकाशादाकाशो भिन्न। ननु यदि तावद्यत्र न पृथिवीत्वं तन्नेतरदिति नरसिंहाकारैव व्याप्तिरतः पृथिवीत्वेनेतरभेद एव सेत्स्यतीति चेत् अस्तु तावदेवं तथापि व्याप्तेराकारोनुगतो वाच्यः स च न सामानाधिकरण्यरूपो नाप्यन्यरूप इति महद्वचसनं प्राप्तम्। उच्यते

अन्योन्याभाव रूप नही होगा, क्योंकि आकाशादि अवृत्ति पदार्थ का संसर्गाभाव आकाशादि में भी रहता है, क्योंकि आकाशाभाव केवलान्वयी है। (एकजातीयता संबंध से जो सर्वत्र विद्यमान हो उसको केवलान्वयी कहते है। तो आकाश भी सर्वान्तर्गत है इसलिये केवलान्वयीत्वात् आकाश में आकाश का ससर्गाभाव रहता है।) परन्तु आकाश तो आकाश से भिन्न नही है, अर्थात् आकाश भेद तो केवलान्वयी नही है।

प्रश्न—यदि ऐसा कहो कि जहां पृथिवीत्व नहीं है। वह इतर भिन्न नहीं है। इस प्रकार से व्याप्ति को नरसिंहाकार ही मानिये, तव तो पृथिवीत्व हेतु से इतर भेदरूपसाध्य की सिद्धि होगी। ऐसा कहो तो आपका ऐसा कहना ठीक है, तथापि व्याप्ति का अनुगत आकार तो अवश्य कहना होगा। परन्तु वह अनुगत आकार जो न सामानाधिकरण्य हो सकता है न वा अन्य रूप

व्यभिचारविरोधिसम्बंधस्तावद्व्याप्तिः अत एव स्वाभाविक-सम्बंध इति टीकाकृतः अव्यभिचरितः सम्बंध इति वार्तिककृतः निरुपाधिः सम्बंध इति निबंधकृतः कात्स्न्येन सम्बंध इति लीलावतीकृतः सामान्यमुखमेव व्याप्तिस्वरूपमाहुः । यत्त्वर्वाचा

सिद्ध होता है । यह बहुत बडा दुःख उपस्थित होता है । अर्थात् अनुगताकार व्याप्ति की सिद्धि नही होती हैं ।

समाधान–उच्यते इत्यादि–व्याप्ति की सिद्धि नही होती है ऐसा मत कहो, व्यभिचार विरोधी जो सम्बन्ध उसी का नाम व्याप्ति है । जो धूमादिक स्थल मे धूम प्रतियोगि पर्वतानुयोगिक विलक्षण सयोग रूप है और रूप रसादिक स्थल मे समवाय रूप है । अत एव टीकाकारने जो साध्य हेतु के स्वाभाविक सम्बन्ध को व्याप्ति कहा है । वार्तिक कारने साध्य हेतु के अव्यभिचरित सम्बन्ध को व्याप्ति कहा है और निबन्धकार ने निरूपाधिक सम्बन्ध को व्याप्ति कहा है× और लीलावती कारने कात्स्न्येन सम्बन्ध को व्याप्ति

×निरुपाधिक सम्बन्ध का नाम है व्याप्ति, उसमे उपाधि उसको कहते है जो साध्य का व्यापक हो और हेतु का अव्यापक हो, जैसे धूमवान् वह्नि इस स्थल म आर्द्रेन्धन सयोग है उपाधि । यह आर्द्रेन्धन सयोग साध्य जो है धूम उसका व्यापक है । अर्थात् जहां जहां धूम रहती है वहां सर्वत्र आर्द्रेन्धन सयोग है । आर्द्रेन्धन सयोग के बिना धूम हो ही नहीं सकती है । इस प्रकार से धूम रूप साध्य का व्यापक है आर्द्रेन्धन सयोग और साधन जो अग्नि है उसका अव्यापक है । अग्नि अयोगोलक में भी है, वहां आर्द्रेन्धन सयोग नहीं रहता है इसलिये साधन का अव्यापक हुयी । जहां उपाधि रहती है वहां उपाधि स्वभाव से पक्ष में साध्याभाव को सिद्ध कर देती है । जैसे अयोगोलक

सामानाधिकरण्येन तन्निर्वचनं तत्प्रसिद्धतरधूमानलादिव्याप्तिमात्रपरं न तु सामानाधिकरण्यगर्भैव व्याप्तिरित्याशयेन

कहा है, सभी ने सामान्य रूप से व्याप्ति स्वरूप का प्रतिपादन किया है ।

अर्वाचीन आचार्यो ने जो सामानाधिकरण्य रूप से व्याप्ति स्वरूप का निर्वचन किया है सो अति प्रसिद्ध जो वह्न्यादिक की व्याप्ति है तावन्मात्र परक है, न तु सामानाधिकरण्य रूप ही सर्वत्र व्याप्ति है, इस आशयसे नही है, अर्थात् सामानाधिकरण्य रूपाव्याप्ति धूमवह्नि विषयक सार्वत्रिक नही है ।× अत एव जिस हेतु और साध्य को सामानाधि-

---

धूमाभाव वाला है धूम व्यापक आर्द्रेन्धन सयोगाभाववान होने से । इस अनुमान से अयोगोलक वन्हि होने से धूम वाला है इस अनुमिति का बाध हो जाता है । व्यापकाभाव व्याप्याभाव का साधक होता है और वाध निश्चय विशिष्ट ज्ञानमात्र के प्रति विरोधी है । यही उपाधि मे दूषकता का बीज है । एतादृश उपाधि रहित सम्बन्ध को व्याप्ति कहते हैं । इस अभिप्राय को लेकर निबन्धकारने निरूपाधि सम्बन्ध व्याप्ति है ऐसा कहा है ।

×अव्यभिचरित सम्बन्ध व्याप्ति है, इसका मतलब यह है कि साध्य वदन्य में अवृत्तित्व रूप व्याप्ति होती है । वन्हिमान् धूमात् मे साध्यवत् पर्वतादिक तदन्य जलादिक उसमे धूम की अवृत्तिता है । इस लक्षण मे वृत्तिता हेतु वच्छेदक सम्बन्ध से विवक्षित हैं । अन्यथा वन्हिमदन्य जलादिक तथा धूमावयव में कालिक तथा समवायेन धूम की वृत्तिता होने से अव्याप्ति हो जाती है । एव वृत्तित्वाभाव सामान्याभाव विवक्षित है ।अन्यथा धूमवदन्य-

अत एव ययोरेव सामानाधिकरण्येनैव परं नियमसम्भवः तयोरेव सामानाधिकरण्येन व्याप्तिरित्यत्राचार्याणामनिर्भर इति वर्द्धमानोपाध्यायकृतखण्डनोद्धार फक्किकापि सङ्गच्छते। किञ्चान्यथा इतरेषामबादीनां त्रयोदशानां त्रयोदशान्योन्याभाववैधर्म्येण हेतुना साध्यत इति न्यायमार्गो व्याकुप्येत

करण्य से ही व्याप्ति होने की सम्भावना है, उन दोनो मे ही सामानाधिकरण्य रूप व्याप्ति है। इस विषय मे प्राचीनाचार्यो का निर्भर नही है- इस प्रकार सेवर्द्धमानोपाध्यायकृत जो खण्डनोद्धार फक्किका है सो भी सगत होती है। और भी देखिये इतर पद वाच्य जो त्रयोदश जलादिक है उन सब का त्रयोदश अन्योन्याभावात्मक साध्य को वैधर्म्य हेतु से सिद्ध होता है। इस प्रकार का जो न्यायमार्ग है सो कुप्त हो जायगा। वैधर्म्य से अन्योन्याभाव जो आप सिद्ध करोगे

घल निरूपित वृत्तिता का अभाव लेकर धूमवान् वन्हे इस स्थल मे अति व्याप्ति हो जाती। एव साध्यवत्ता साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से विवक्षित है। नहीं तो समवायेन वृत्तिमद् वन्हयवयव को लेकर तदन्यत्व पर्वत से अव्याप्ति हो जाती। एव वन्हिमदन्य भी सामान्याभाव ही विवक्षित है। यत् किंचित् वन्हिमदन्य पर्वत को भी होन से अव्याप्ति हो जाती। इस लक्षण मे इद वाच्य ज्ञेयत्वादित्यादि केवलान्वयि स्थल में वाच्यत्व वदन्य की अप्रसिद्धि होने से अव्याप्ति हो जाती है, अत नवीन नैयायिक ने प्रसिद्ध स्थल वन्हि धूम को लक्ष्य में रख करके हेतु व्यापक साध्य समानाधिकरण्य रूप व्याप्ति का निर्वचन किया है। अतः यहां कहा कि यत्तु प्राचीनों ने लक्षण किया है प्रसिद्ध वह धूम अग्नि साध्यक स्थल को लक्ष्य करके कहा है नतु सार्वत्रिक है।

वैधर्म्येणान्योन्याभावस्त्वया साध्य इति खण्डनं च निरालम्बनमापद्यते सामान्यमपहाय विशेषाश्रयणे निर्बीजं च गौरवं स्यात् अवृत्त्यपि व्याप्यमेवं स्यात् यदाकाशं तत्र पृथिवीत्वाभाव इति व्याप्तेरिति चेत् अस्तु तल्लिङ्गस्यापीति चेत् भ्रान्तोऽसि यो धूमः स वह्निमानिति व्याप्तौ तथा धूमवत्वं लिङ्गं क्रियते तथाऽऽकाशत्वमिति उक्तव्याप्तेस्तु फलं यत्र पृथिवीत्वं तत्राकाशादीति भेदधीरेवेति सर्वं सुस्थम् ।

यह जो खण्डन ग्रन्थ है, सो निरालम्बन हो जायगा। सामान्य को छोडकर के विशेष रूपेण व्याप्ति को मानो तब तो निर्मूलक गौरव दोष होता है।

शका–ऐसा होने से तो अवृत्ति जो आकाशादिक है सो भी किसी का व्याप्य होगे। क्योकि जहा आकाश है वहा पृथिवीत्वाभाव है, ऐसी व्याप्ति होने से। आकाशादि हेतु को भी ऐसी व्याप्ति हो, ऐसा कहो तो ?

उत्तर–तुम भ्रान्त हो। जहा धूम है वहा वह्नि मान है इस व्याप्ति मे जैसे धूम (त्व) हेतु होगा, उसी तरह से यहा आकाश (त्व) हेतु होगा। इस व्याप्ति का फल होगा, जहा पृथिवीत्व है वहा आकाश नही है एतादृश भेद ज्ञान ही फल होगा। इस प्रकार से सब ठीक है। व्याप्ति विषयक विचार सुस्थिर होता है।

सामान्य लक्षणा सन्निकर्ष के बल से सकल धूमादि

व्याप्तिग्रहः सामान्यलक्षणया सकलधूमादिविषयकः कथ-मन्यथा पर्वतीयधूमस्य व्याप्त्यग्रहे तस्मादनुमितिः । ननु धूमो वह्निव्याप्य इति ग्रहणं स्मरणं च दृष्टान्तधूममात्रविषयकं तथा पर्वतवृत्तिर्धूम इति पक्षधर्मताग्रहणं च त्रयमिति धूमत्व-प्रकारकमस्त्वनुमितिजनकं तद्धेतोरेवास्तु किन्तेनेति न्यायात् ।

विषयक व्याप्ति ज्ञान होता है । अन्यथा सकल धूम विषयक यदि व्याप्ति ज्ञान न हो तब तो महानसीय धूम मात्र मे व्याप्ति ज्ञान हुआ है, पर्वतीय धूम मे तो व्याप्ति ज्ञान नही हुआ । उस समय मे पवतीय धूम के अनुपस्थित होने से । तब उस पर्वतीय धूम से पर्वत मे अनुमिति किस प्रकार से होगी ? इसलिये सामान्यलक्षणा द्वारा सकल धूम विषयक व्याप्ति ग्रह होता है, ऐसा अवश्य मानना चाहिये । तथा सकल धूम मे व्याप्ति ग्रह के लिये सामान्यलक्षणासन्निकर्ष का स्वीकार भी आवश्यक ही है ।

शंका—धूमो वह्नि व्याप्य इत्याकारक ग्रहणात्मक ज्ञान, तथा दृष्टान्त धूम मात्र विषयक स्मरण, और धूमः पर्वत वृत्ति, इत्याकारक पक्षधर्मता का ज्ञान इन तीनो की अनुमिति जनकता है, इसलिये धूमत्व प्रकारक ज्ञान को ही अनुमिति मे कारणत्व मान लीजिये तद्धेतु—की ही कारणता रहै तत् को कारणता क्या ? इस न्यायसे ।× ऐसा

×अर्थात् व्याप्ति ग्रहण, दृष्टान्त धूम विषयक स्मरण, पक्ष धर्मता ज्ञान इन तीन कारणों से परामर्श भी होता है, तथा अनुमिति इन्हा तीन कारणों

तथा च न व्याप्तिग्रहाय सामान्यलक्षणा । अत एव शक्तिग्रहायापि नेयं सन्निकृष्टपिण्डमात्र एव घटो घटपदवाच्य इति शक्तिग्रहात् ततो घटपदात्तद्घटव्यक्तेरेव स्मृतिः ततो वाक्यार्थज्ञानेऽपूर्व एव घटो घटत्वेनान्वयधीविषयीभवतीति नानु-

---

जब हुआ अर्थात् ज्ञानत्रय से ही जब अनुमिति हो जाती है तब सकल धूम में व्याप्ति ग्रह के लिये सामान्यलक्षणा मानने की क्या आवश्यकता है ? अतएव सर्व व्यक्ति में शक्ति ज्ञान के लिये भी सामान्यलक्षणा मानने की आवश्यकता नही है सन्निकृष्ट समीपवर्ती व्यक्ति में ही "घटो घट पद वाच्यः" घट पदार्थ घट पद का वाच्य है इत्याकारक शक्ति ज्ञान होगा । तदनन्तर घटादि पद से तत् घट व्यक्ति का स्मरण होगा, तदुत्तर काल में वाक्यार्थ ज्ञान (शब्द बोध) में अपूर्व जो घट सो घटत्व रूप से अन्वय (शाब्द) ज्ञान का विषय होता है इसलिये अनुमिति तथा शाब्द बोध

के रहने से होती है तब यह तीन कारण आवश्यक है। इस स्थिति में ज्ञानत्रय से ही अनुमिति होगी । गौरवापादक परामर्श को कारणता क्यों माना जाय ? तद्धेतोरेव न्यायसे अर्थात् परामर्श का कारण जो ज्ञानत्रय उसी से अनुमिति मानिये । परामर्श को कारणता क्यो ? परामर्श मानने पर भी तो परामर्श संपादकतया ज्ञानत्रय को मानना ही पड़ता है तो अवश्य क्लृप्त ज्ञानत्रय से ही सर्वत्रानुमिति होगी, विशिष्ट वैशिष्ट्यावगाही परामर्श को कारणता नहीं है । किन्तु धूमत्व प्रकारक ज्ञानत्वेनैव कारणता मान लीजिये । "तद्धेतोरेव" इस न्याय का यही अर्थ है, मूलकारण से ही कार्य को मानिये, मध्यवर्ती को कारणता नहीं ।

मितिशाब्दयोरनुरोधात्सामान्यलक्षणेति चेत् । न व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकं हि ग्रहणं नानुमितिहेतुर्गौरवात् वह्निव्याप्यवानयमिति परामर्शस्थले व्यभिचाराच्च किं तु व्याप्यत्वप्रकारकमेव लाघवात् एवमन्वेष्यत्वेव व्यक्तिः शक्तिग्रहेऽपि भासते

के अनुरोध से सामान्यलक्षणासन्निकर्ष को मानने की कोई आवश्यकता नही है ।

समाधान–व्याप्यतावच्छेदक (धूमत्वादि) प्रकारक ज्ञान अनुमिति मे कारण नही हो सकता है, क्योकि व्याप्यतावच्छेदक प्रकारक धूमत्व आलोकत्वादि ज्ञान को कारणता कहने से गौरव होता है, एक ही साध्य की सिद्धि मे अनेक हेतु अनेक हेतुत्वाच्छेदक को करणता होने से । तथा यदि व्याप्यतावच्छेदक प्रकारक ज्ञान को कारणता कहैगे तो केवल धूमवान् पर्वत इस ज्ञान से भी अनुमिति हो जायगी । और जहा अयमालोको धूमो वा, सशय है तदुत्तर काल मे वह्निव्याप्यवानय पर्वत. इत्याकारक परामर्श है उस स्थल मे व्यभिचार भी होता है । अर्थात् व्याप्यतावच्छेदक धूमत्वादि प्रकारक ज्ञान नही है । अनुमिति हो जाती है । इसलिये व्याप्यतावच्छेदक प्रकारक ज्ञान अनुमिति मे गौरव व्यभिचार होने से कारण नही है किन्तु व्याप्यत्व प्रकारक ज्ञान ही अनुमिति मे कारण है, लाघव होने से । अर्थात् इस पक्ष मे व्याप्यतावच्छेदक धूमत्वादिक का प्रवेश नही

कथमन्यथा तस्या अस्मरणे तदन्वयानुभव स्यात् विशेषण-ज्ञानं विना विशिष्टज्ञानानुदयादिति मैवम्। एवं हि तृतीयलिङ्ग-परामर्शस्य विशिष्टज्ञानानां विशेषणज्ञानजन्यत्वनियमस्य च बलात् सामान्यलक्षणेति निर्गलितम्। तथा च तदुभयासिद्धौ न सामान्यलक्षणा तदुक्तमसिद्धमसिद्धेन साधयतो महानैयायिकत्वमिति। किञ्च धूमत्वेन वन्हिव्याप्तेर्महानसीयधूमे ग्रहात्पक्षवृत्तिधूमेऽपि धूमत्वेन भाते तद्व्याप्तिवैशिष्ट्यं ज्ञायतां एकैव

होने से लाघव होता है। एवम् इसी तरह से अनुगत होकर के व्यक्ति का प्रतिभान शक्ति मे होता है। अन्यथा पद से यदि व्यक्ति का स्मरण न होवें तो व्यक्ति का शब्द बोध मे भान कैसे होगा ? नही कहो कि विशेषण ज्ञान के विना विशिष्ट ज्ञान नही होता है, इसलिये व्यक्ति बोध होगा। तब तो इसी तरह से परामर्श को भी विशिष्ट ज्ञान विशेषण ज्ञान जन्य है, इस नियम के बल से कारणत्व सिद्ध होता है, तथा परामर्श के लिये सामान्यलक्षणा आवश्यक है यह सिद्ध हुआ। तब तो तदुभय अनुमिति शाब्द धी की असिद्धि होने से सामान्यलक्षणा नही। कहा है—असिद्ध को असिद्ध से सिद्ध करते हुए महानैयायिकत्वापत्ति है। और भी देखिये—महानसीय धूम मे धूमत्वरूप से वह्नि निरूपित व्याप्तिग्रह होता है तो धूमत्व रूप से ज्ञान पक्ष वृत्ति पर्वतीय धूम मे भी वह्नि निरूपित व्याप्ति को

हि सा व्याप्तिरिति तृतीयलिङ्गपरामर्शेऽपि तां विनैवेति किं सामान्यलक्षणया। अथ यदि सामान्यलक्षणा नास्ति तदा पाकादौ चिकीर्षा सुखादाविच्छा च न स्यात् सिद्धे तद सम्भवात् असिद्धस्य चाज्ञानात् तस्मात्सामान्यलक्षणया सर्वपाकावगतावसिद्धं पाकं पक्षीकृत्य कृतिसाध्यत्वेऽनुमिते तत्र चिकीर्षा एवं तयैव सुखेषु ज्ञातेषु चासिद्धे तत्रेच्छेति चेत्। न सिद्धविषयतदुभयज्ञानादेवासिद्धे तदिच्छाद्वयोत्पत्तेः। यत्त्वहं

जान लीजिये। क्योंकि व्याप्ति तो एक ही है। इसलिये तृतीय लिंग परामर्श मे भी सामान्यलक्षणा के विना ही व्याप्तिग्रह हो जायगा, सामान्यलक्षणा मानने की क्या आवश्यकता है? अथ कहो कि यदि सामान्यलक्षणा न मानें तव तो पाक मे चिकीर्षा नही होगी तथा सुख विषयक इच्छा नही होगी। क्योकि सिद्ध वस्तु मे चिकीर्षा वा इच्छा असम्भवित है। और असिद्ध जो पाक तथा सुख उसका ज्ञान नही है। अत सामान्यलक्षणा से सभी पाक का ज्ञान होने के वाद असिद्ध पाक को पक्ष वना करके उसमे कृति साध्यता का ज्ञान हो जाने के बाद असिद्ध पाकार्थ चिकीर्षा होती है, तथा उसी सामान्यलक्षणा से सुख सामान्य हो जाने पर असिद्ध सुख विषयक इच्छा होती है। यह भी कहना ठीक नही, क्योकि सिद्ध पाक सुख विषयक ज्ञान से ही पाक सुख विषयक इच्छाद्वयकी उत्पत्ति हो जायगी।

सुखप्रागभाववान् मिथ्याज्ञानवत्त्वादित्यादिना भाविसुखे ज्ञाते तत्रेच्छेति तत्तुच्छम् । ईदृशानुमानानवतारेऽपि वाहीकादेः सुखेच्छादर्शनादिति । तत्रेच्छा भविष्यन्मात्रविषया सा च भविष्यन्मात्रवृत्तिधर्मप्रकारिका वाच्या कथमन्यथा कृतिसाध्यतानुमितिं भविष्यत्पाकविषयां शबरस्वाम्याहेति चेत् । न यथाहि दण्डं विनाऽसत्त्वेन दण्डसाध्यता घटस्य तथा कृतिं विनाऽस्त्वेन कृतिसाध्यतापि पाकस्य उक्तहेतोस्तावन्मात्रसाधन एव साम-

---

जिस किसी ने कहा है कि मे सुख प्रागभाव वान् हूँ मिथ्या ज्ञानवान् होने से एतादृश अनुमान द्वारा भावी सुख को जान करके तब तादृश सुख विषयक इच्छा होती है, सो ठीक नही क्योकि एतादृश अनुमान के अभावकाल मे भी वाहीक को अर्थात् साधारण मनुय्य को भी सुखेच्छा देखने मे आती है । यदि कहो कि वहा इच्छा तो भविष्यत् मात्र विषयक है, तादृश इच्छा भविष्यत्काल मात्र मे रहने वाला जो पदार्थ, तदवृत्ति जो सुखत्वादिक धर्म, तादृश धर्म प्रकारिका है, ऐसा कहना हागा । अन्यथा किस प्रकार से भविष्यत्पाक विषयक कृतिसाध्यतानुमिनि को शबरस्वामी ने कहा है, ऐसा कहना भी ठीक नही—जैसे दण्ड के अभाव मे असकद्दण्ड से ही घट की साध्यता होती है उसी तरह से कृति के बिना भी असत्व रूप से ही पाक को कृति साध्यत्व होगा । एतावन्मात्र साधन मे ही उपर्युक्त हेतुका सामर्थ्य होने से । यह जो पाकादिक मे कृति साध्यता है सो कृत्यन्तर के नियमत. सत्व रूप है, कार्यान्तर के समान ।

ध्यर्थात् सा च कृत्यन्तरनियतसत्त्वरूपा कार्यान्तरवदेव तथा च यद्यपि यथोक्तप्रकारता पाकान्तरस्मरणस्याप्यस्ति तथापि तन्न भविष्यत्पाकविषयकमिति प्रवर्तकज्ञानेच्छयोः समानविषयतां नैयायिकानुमतामनुरुध्य महार्णवकृदनुमानमानमाह । ननु समानप्रकारकधीसिद्धये पाकान्तरस्मरणस्यापि तथात्वात् अन्यथा स्तनपानान्तरस्य कृतिसाध्यतास्मरणादाद्या प्रवृत्तिर्बालस्येति तदुक्तमयुक्तं स्यात् तथा चान्यस्मरणादेव भविष्यतोः सुखपाकयोरिच्छाचिकीर्षे इति न तदनुरोधादपि सामान्यलक्षणेति । यत्तु व्याप्तिः सम्बन्धविशेषः तद्ग्रहश्च सम्बन्धिविषय-

---

तब यद्यपि यह प्रकारता पाकान्तर स्मरण को भी हैतथापि पाकान्तर स्मरण जो प्रकारता सो भविष्यत्कालिक पाक विषयक नही है। इसलिये यहां प्रवर्तक जो ज्ञान तथा इच्छा दोनो मे नैयायिकाभिमत समान विषयता का अनुरोध करके महार्णवकार का जो अनुमान उसको प्रमाणरूप से कहा गया है।

प्रश्न—समान प्रकारक ज्ञान में प्रवर्तकत्व को सिद्धि के लिये पाकान्तर (अन्यपाक) विषयक स्मरण मे भी प्रवर्तकत्व आता है। अन्यथा स्तनपानान्तर निष्ठ कृति साध्यता के स्मरण से बालक की प्राथमिक प्रवृत्ति होनी है, ऐसा जो कहा है सो अयुक्त हो जायगा। ऐसा हुआ तब अन्य व्यक्ति के स्मरण से ही भविष्यत् सुख तथा पाक विषयक इच्छा और चिकीर्षा हो जायगी। इसलिये भविष्यत्सुख विषयक इच्छा चिकीर्षा के अनुरोध से सामान्य

तानियतः तत्र च सन्निकृष्टावेव धूमाग्नी सम्बन्धिनो सर्वे वा । आद्ये धूमत्वं न तदवच्छेदकमतिप्रसक्तत्वात् अन्त्ये सामान्यलक्षणां विना न निस्तारः न हि तां विना सर्वे गृह्यन्त इति ।

लक्षणा मानने की कोई आवश्यकता नही है ।

यत्तु व्याप्तिरित्यादि–जिस किसी ने कहा कि व्याप्ति क्या है ? तो सम्बन्ध विशेष रूप है । तादृश सम्बन्ध विशेषात्मक व्याप्ति का ज्ञान सम्बन्धी विषयता से नियत है । अर्थात् सम्बन्ध ज्ञान सम्बन्धी ज्ञान से होता है । उसमे सन्निकृष्ठ जो धूम वह्नि वह सम्बन्धी है अथवा देशान्तरीय कालान्तरीय सभी धूम वह्नि इस संबंध के संबंधी हैं ? तो इसमें प्रथम पक्ष अर्थात् सन्निकृष्ट धूमाग्नि संबंधी है, व्याप्ति रूप संबंध का । यह पक्ष ठीक नही है, क्योंकि इस पक्ष में व्याप्ति रूप सम्बन्ध का सम्बन्धितावच्छेदक धूमत्व नही बन सकता है । अति प्रसक्त होने से । अर्थात् व्याप्ति रूप संबंध तो केवल सन्निकृष्ट धूम में ही है, और धूमत्व तो देसान्तरीय कालान्तरीय धूम मे भी है. इसलिते धूमत्व अति प्रसक्त हो गया । अवच्छेदक तो अन्यून अनतिप्रसक्त धर्म ही होता है । अतः तादृश व्याप्ति रूप सम्बध का सम्बन्धितावच्छेदक धूमत्व नहीं हो सकता है. प्रथम पक्ष मे यह दोष है । अन्तिम पक्ष में अर्थात् सन्निकृष्ट असन्निकृष्ट सभी धूम वह्नि व्याप्ति रूप सम्बन्ध सम्बंधी है, इस अन्तिम पक्ष में सामान्यलक्षणा के बिना निर्वाह नहीं है । क्योंकि सामान्यलक्षणा

तन्न सर्वीय एवायं सम्बन्धो धूमत्वावच्छिन्न इति सत्यं किंतु सर्वीयसम्बन्धग्रहः सर्वसम्बन्धिविषयताव्याप्त इति न नियमः समवायग्रहे व्यभिचारात् स हि सर्वेषां द्रव्यगुणकर्मसामान्यानामेक एव सम्बन्धो रूपवान् घट इत्यादौ घटघटत्वा-

---

के बिना देशान्तरीय कालान्तरीय सभी व्यक्ति गृहीत नही हो सकती है। अत सभी धूम अग्नि रूप सम्बन्धी का ज्ञान करने के लिये सामान्यलक्षरणा आवश्यक है।

तन्न, सो ठीक नही है क्योकि सभी धूम मे यह व्याप्ति रूप सम्बन्ध है, यह कहना तो ठीक है, किन्तु सर्वीय सबध ग्रह (ज्ञान) सर्व सबधी विषयता व्याप्त है, यह जो नियम है सो नियत नही है। अर्थात् सबध ज्ञान सर्व सबधी का ज्ञान होने से ही होगा, ऐसा जो नियम है सो एकान्तिक नही है। क्यो ? तो समवाय रूप सम्बन्ध के ज्ञान में व्यभिचार है। इसका स्पष्टीकरण स हीत्यादि प्रकरण से स्वय करते है। समवाय तो सभी द्रव्य गुरण कर्म सामान्य का एक ही सम्बन्ध है, रूपवान् घट इत्यादि, घट घटत्व मात्र का ग्रहरण करने वाले ज्ञान मे प्रकाशित हो रहा है। अर्थात् समवाय तो एक ही है और उसके सम्बन्धी अनेक है। तब अनेक ज्ञानाधीनता मानने से कैसे निर्वाह होगा ? इसलिये सबन्ध ग्रह यावत् सम्बन्धि ग्रह पूर्वक होता है, सो समवाय प्रत्यक्ष मे व्यभिचरित होने से अमान्य है।

प्रश्न—तब वेदान्ती से नैयायिक पूछते है कि यदि सर्व

दिमात्रग्राहिणि प्रत्यये चकास्ति सर्वव्यक्त्यग्रहे सर्वव्यक्तयः कथं व्याप्तिमत्तया गृह्यन्तामिति चेत् । न कथञ्चिदपि सर्वो धूमो वन्हिव्याप्य इति धीः किं तु धूमो वन्हिव्याप्य इत्येव तथा च प्रसिद्ध एव हि धूमो धूमत्वेन प्रकारेण वह्निव्याप्तिमान् कृत्वा गृह्यतां तावतैव तृतीयपरामर्शोऽस्तु । ननु गौरितरेभ्यो भिद्यते गोत्वादित्यत्र गोत्वं लिङ्गमिति तज्ज्ञानं सविकल्पकं वाच्यं निर्विकल्पकस्य व्यवहारानङ्गत्वात् तत्र च सविकल्पके न

व्यक्ति का ज्ञान नही होगा तब व्याप्तिमत्व रूप से सभी व्यक्ति का ग्रहण किस प्रकार से होगा ?

उत्तर–किसी प्रकार से नही । सभी धूम वह्नि व्याप्त है, एतादृश सर्व धूम विषयक व्याप्ति ज्ञान नही होता है, किन्तु धूम वह्नि व्याप्य है एतादृश व्याप्त ज्ञान ही होता है, सो तो प्रसिद्ध धूम धूमत्व प्रकार से वह्नि व्याप्तिमान् है, ऐसा करके ग्रहण कीजिये । इतने से ही तृतीय लिंग परामर्श भी उत्पन्न हो जाता है । इस स्थिति मे यावत् धूम मे व्याप्ति मानना और यावत् धूम की उपस्थिति के लिये सामान्यलक्षणा को मानना निरर्थक है ।

प्रश्न–"गौरितरेभ्यो भिद्यते" गो इतर से भिन्न हैं गोत्व होने से । इस व्यतिरेकी अनुमान मे गोत्व हेतु है, उस गोत्व रूप हेतु का ज्ञान सविकल्पक ही मानना पड़ेगा किन्तु निर्विकल्पक नहीं । क्योंकि निर्विकल्पक ज्ञान व्यवहार का

गौर्विशेषणमन्योन्याश्रयात् जातेर्व्यक्तौ व्यक्तेश्च जातौ विशेषकत्वोपगमात् किं तु गोत्वत्वमुपाधिर्गोत्वे विशेषणं तच्च गवेतरावृत्तित्वे सति सकलगोवृत्तित्वमिति तदुपाधिज्ञानाय सकलगोज्ञानं तच्च न सामान्यलक्षणां विनेति चेत् । न यथाहि गौरित्यत्र गोत्वविशिष्टः पिण्डो भासेत तथा गोत्वमित्यत्रापि गोविशिष्टं गोत्वं न तु ततोऽधिकमननुभवात् न चान्योन्या

श्रनग है । अर्थात् निर्विकल्पक ज्ञान व्यवहार जनक नही होता है । और उस सविकल्पक गोत्व ज्ञान मे गो तो विशेषण नही बन सकता है, अन्योन्याश्रय होने से जाति व्यक्ति मे और व्यक्ति जाति मे विशेषक अर्थात् व्यावर्तक माना जाता है किन्तु गोत्वत्व को उपाधि कहेगे सो गोत्वत्व गोत्व रूप हेतु मे विशेषण है और वह गोत्वत्व गो से इतर मे अवृत्ति होकर के सकल गो मे रहता है, एतादृश है, तो इस गोत्वत्व रूप उपाधि के ज्ञान के लिये सकल गो का ज्ञान आवश्यक है और सकल गो का ज्ञान सामान्यलक्षणा के बिना नही हो सकता है । अत सामान्यलक्षणा का स्वीकार आवश्यक है ।

उत्तर—जिस प्रकार से गौः इस विशिष्ट बुद्धि मे गोत्व विशिष्ट पिण्ड अर्थात् व्यक्ति भासित होता है । उसी तरह से गोत्वम् यहा गो विशिष्ट गोत्व का भान होता है । इससे अधिक किसी भी वस्तु का भान नही होता है क्योकि

श्रयः । जातिर्हि यथा स्वतो विलक्षणा पिण्डं तथा पिण्डोऽपि स्वतो विलक्षणो जातिं विशिनष्टीति अन्यथोक्तान्योन्याश्रयाद्विशिष्टधियस्ततो धर्मधर्मिभावस्य ततस्तयोरत एव विश्वस्य खण्डने साधु सामान्यलक्षणाव्यवस्थापनमिति । यत्तु धूमो मदीयव्याप्यतासंशयविषयः मयाऽनुकूलतर्कवत्तयाऽगृहीतत्वादित्यनुमानेन प्रतीतधूमे बाधादप्रतीतं धूममादाय पर्यवस्यताऽज्ञातधूमस्यैव संशयविषयत्वं बोध्यमिति । तन्न पक्षज्ञानेना-

---

ऐसा अनुभव नहीं होता है जिसमे गोत्व तथा गो से इतर वस्तु का प्रतिभान माने ।अन्योन्याश्रय की शका न करें, क्योंकि जिस तरह स्वत एव विलक्षण होकर के जाति व्यक्ति को व्यावृत्त करती है उसी तरह से स्वत एव इतर से विलक्षण पिण्ड व्यक्ति भी जाति का व्यावर्तक है, ऐसा मानता हूँ । अन्यथा उक्त अन्योन्याश्रय होने से, पहिले विशिष्ट बुद्धि तब धर्म धर्मीभाव, तदनन्तर पुन. विशिष्ट बुद्धि इस प्रकार विश्व के खण्डन प्रवाह मे आपने बहुत अच्छा सामान्यलक्षणा का व्यवस्थापन किया ।

यत्तु इत्यादि–जिस किसी ने कहा था कि धूम मदीय-व्याप्यता सशय का विषय है, हम से अनुकूल तर्कवत्व रूपेण अगृहीत होने से । इस अनुमान से प्रतीत धूम मे तो व्याप्यत्व सशय विषयता का बाध होने से अप्रतीत धूम मे ही व्याप्यता सशय विषयता की सिद्धि होती है ।

श्रयासिद्धेः। धर्मिज्ञानजन्यस्य संशयस्य तदसत्त्वेनाभावादनुमानबाधितत्वात् मानस्य मेयाजनकत्वाच्चेति। अत्रोच्यते। अनुकूलतर्कं विना धूमे वन्हिव्यभिचारित्वशङ्का तावदुदेति सा तावद्वन्हिजन्यतया निश्चिते पुरोवर्तिनि धूमे न सम्भवति तस्य वन्हिजन्यतयैव निश्चितत्वात्। न हि वन्हिजन्योऽयं

उत्तर– यह कहना ठीक नही, क्योकि पक्ष का ज्ञान नही होने से यह अनुमान आश्रयासिद्ध रूप दोष से दुष्ट है। धर्मी ज्ञान जन्य सशय का धर्मी ज्ञान के अभाव से अभाव हो जाता है, अतः अनुमान बाधित है और प्रमाण प्रमेय का जनक नही होता है किन्तु ज्ञापक मात्र होता है।X

इसके पूर्व प्रकरण मे वेदान्तो ने मुख्य रूप से सामान्य लक्षणा सन्निकर्ष का निराकरण करने के लिये नैयायिकाभिमत तर्कादिक का निराकरण करके पूर्व पक्ष रूपेण स्वमत का व्यवस्थापन किया, इसके आगे "अत्रोच्यते" से नैयायिक उसका उद्धार करते है।

अत्रोच्यते–(अब उत्तर करते है) अनुकूल तर्क के विना धूम मे वह्नि व्यभिचार की शका उदित होती, धूम वह्नि व्यभिचारी है कि नही:? इत्याकारक शका होती

X"व्याप्तिग्रहः सामान्य लक्षणया तत्र धूमादि विषयक" से लेकर "अत्रोच्यते" एतत्पर्यन्त ग्रन्थ को सावधान पूर्वक देखना चाहिये, अन्यथा पूर्व पक्ष उत्तर पक्ष में तात्पर्यविभाग प्रतीत होगा।

धूमो वन्हिं विना भवत्वित्यनुन्मत्तः शङ्कते। अनयोर्धूमत्व-वन्हित्वाभ्यामवच्छेदकाभ्यां कार्यकारणभावो न गृहीत इति सामान्यद्वयावच्छिन्नसम्बन्धितारूपा व्याप्तिरगृहीतैवेति व्याप्तेर्व्यभिचरितसम्बंधस्याग्रहादत्रैव व्यभिचारशङ्केति चेत्। धूमत्ववन्हित्वयोस्तदवच्छेदकता कुतो न गृहीता। धूमान्तरस्य

है। वह शका वह्नि जन्यत्व रूपेण निश्चित पुरोवर्ती धूम मे तो हो नही सकती है, क्योकि पुरोवर्ति धूम मे वह्निजन्यता का निश्चय है। निश्चय शका का विरोधी हाता है। वन्हिजन्य वह धूम वन्हि के बिना ही होवे ऐसी शका स्वस्थ कोई भी व्यक्ति नही करता है। अर्थात् जब प्रत्यक्ष धूम मे वन्हिजन्यत्व का निश्चय है, तब उसमे अजन्यत्व विपयक शका व्याहत है।

प्रश्न–वन्हि तथा धूम मे वन्हित्व धुमत्व रूप जो कार्यता-वच्छेदक तथा कारणतावच्छेदक धर्म, उसके द्वारा तो कार्य कारण भावका ग्रह नही हुआ है। इसलिये सामान्य द्वय अर्थात् धुमत्व वन्हित्व रूप जो धर्म द्वय तदवच्छिन्न सम्व-न्धिता रूप व्याप्ति का ग्रहण नही होता है, तब व्याप्ति मे अव्यभिचरित सम्बन्ध का ज्ञान न होने से, इसी प्रत्यक्ष धूम मे व्यभिचार की शका होती है।

उत्तर–ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि वन्हित्व धूमत्व मे कार्यतावच्छेदकता तथा कारणतावच्छेदकता का ग्रहण क्यो

व्यभिचारशङ्कयेति चेत् । तद्धियं विना कथं तर्हि व्यभिचारशङ्का धर्मिज्ञानजन्या हि सा तद्धीश्च न सामान्यलक्षणां विनेति घट्टकुट्यां प्रभातम् । एवं च धूमत्वावच्छिन्नानां वह्नित्वावच्छिन्नैः समं सम्बन्धिता वन्हिव्याप्यता सा च सर्वधूमेषु गृह्यते । कथमन्यथा पर्वतीयधूमस्य व्याप्त्यग्रहे तस्मादनुमितिः।

नही होता है ? यदि कहो कि धूमान्तर मे वन्हि व्यभिचार की शंका है, इसलिये कारणतावच्छेदकता तथा कार्यतावच्छेदकाग्रह वन्हित्व धुमत्व में नही होता है, सो ठोक नही है, क्योंकि धूमा तर (कालान्तरीय देशान्तरीय) का जो ज्ञान है उसके बिना धूमान्तर मे किस प्रकार से शंका हुई ? क्योंकि शंका तो धर्मीज्ञान से होती हैं, धर्मी ज्ञानाभाव में कैसे होगी ? धूमान्तर का ज्ञान सामान्य लक्षणा के विना हो नही सकता है, अतः शका का समर्थन करने के लिये सामान्यलक्षणा आवश्यक हुई । और यदि आप सामान्यलक्षणा को मानलेते हैं तो घट कुट्टी प्रभात वृत्तान्त उपस्थित हो जाता है ।X ऐसा हुआ तब धूमत्वा-

Xघट कुट्टया प्रभातम् का अभिप्राय यह होता है कि जैसे किसी ने अवैध रूप से अधिक धन का सचय किया परन्तु उस धन पर लगने वाला आयकर अदा नहीं किया। आयकराधिकारी ने उसको पकड़ने के लिये उसके घर पर राज पुरुष को भेजा परन्तु वह इस राज पुरुष के आने की बात को जानकर के घर से भाग गया, परन्तु रात भर इधर उधर भटकता रहकर प्रातः काल आयकर कार्यालय में पहूंच गया तथा पकड़ा गया। प्रकृत मे सामान्य लक्षणा का खण्डन करने में प्रयत्नवान् वेदान्ती ने भी अनुपस्थित धूमान्तर ज्ञान के लिये अन्ततो गत्वा सामान्यलक्षणा को स्वीकार किया।

सर्वधूमधीश्च न सामान्यलक्षणां विनेति टीकाकृन्मते किं सर्वधूमेषु व्याप्तिग्रहेण यावता सन्निकृष्टधूमव्यक्तावेव धूमो वह्निव्याप्य इति धूमत्वेन प्रकारेण व्याप्तिगृंह्यतां ततः पक्षधर्मताज्ञानानन्तरं तथैव स्मर्यतां ततः पर्वतवृत्तिधूमो वह्निव्याप्य इत्यस्तु त्वन्मते तृतीयपरामर्शो मन्मतानुमितिर्वाऽस्तु कृतं सामान्यलक्षणया न हि पर्वतीयधूमनिष्ठतया तदीयाया व्याप्तेः

वच्छिन्न निखिल दूम मे वह्नित्वावच्छिन्न निखिल वह्नि के साथ जो सम्बधिता है इसी का नाम है वह्नि व्याप्यता। वह वन्हि व्याप्यता उपस्थितानुपस्थित साधारण धूम मे गृहीत होती है। अन्यथा यदि सभी धूम मे वन्हि व्याप्यता न होय, तब पर्वतीय धूम मे व्याप्ति ग्रह नही होने से पर्वतीय धूम से पर्वत मे वन्हि की अनुमिति कैसे होगी? सर्व धूम का ज्ञान सामान्यलक्षणा के विना नही हो सकता है, अतः सामन्यलक्षणा का स्वीकार आवश्यक है। टीका कार के मत मे तो सभी धूम मे व्याप्ति ग्रह की क्या आवश्यकता है? प्रत्यक्ष धूम व्यक्ति मे ही "धूमोवन्हि-व्याप्यः" धूम वन्हि व्याप्य है, एतादृश धूमत्व प्रकार से व्याप्ति का ग्रहण होगा, तब पक्ष धर्मताज्ञान के अनन्तर उसी रूप से स्मरण होगा। उसके वाद पर्वत मे रहने वाली धूम वन्हि व्याप्य है ऐसा ज्ञान होगा, तदनन्तर

प्राग्ग्रहणं तृतीयपरामर्शाय गौरवात् किन्तु तस्या व्याप्तेः कुत्रापि ज्ञान तच्च वृत्तमेव महानसीयधूमे एकैव, हि सर्वधूमव्याप्तिस्तत एव ज्ञानान्तरे ज्ञानत्वग्रहात्तदुत्तरज्ञाने ज्ञानत्वविशिष्टज्ञानमित्याचार्या अप्याहुरित्याशङ्क्य यदि सामान्यलक्षणा नास्ति तदाऽनुकूलतर्कं विना धूमादौ व्यभिचारसंशयो न स्यात्। प्रसिद्धधूमे तद्धूमत्वेन, तद्वह्निव्याप्तेरवगमात् धूमान्तरस्य

आपके मत से परामर्श होगा अथवा मेरे मतानुसार अनुमिति होगी। सामान्यलक्षणा की क्या आवश्यकता है ? पर्वतीय धूम वृत्तितया पर्वतीय धूमें सम्बधी व्याप्ति का पूर्व मे ग्रहण होना चाहिये जिससे कि क्या परामर्श होगा, ऐसा मानने की आवश्यकता नही है, क्योकि गौरव हो जायगा। किंतु व्याप्ति का ज्ञान कही होना चाहिये, सो तो महानसीय धूम मे हो ही जाता है। सभी धूम मे व्याप्ति एक ही है। इसी से ज्ञानान्तर मे ज्ञानत्व ज्ञान होगा और उत्तर ज्ञान मे ज्ञानत्व विशिष्ट "ज्ञान" होगा। ऐसा ही आचार्य ने भी कहा है। इस प्रकार से आशका के बाद यदि सामान्यलक्षणा नही है अर्थात् यदि सामान्यलक्षणा नही मानोगे तो अनुकूल तर्क के विना धूम मे व्यभिचार सशय नही होगा। क्योकि प्रसिद्ध धूम मे अर्थात् महानसीय धूम मे तद्धूमत्व रूप से महानसीय वन्हि निरूपित व्याप्ति ज्ञान है और धूमान्तर का सामान्यलक्षणा सन्निकर्ष के विना ज्ञान नही हो सकता

सामान्यलक्षणां विना चाग्रहात्। सामान्येन तु सकलधूमोपस्थितौ धूमान्तरे शङ्का युज्यते विशेषादर्शनात् तथा च तर्कादिना तच्छङ्कायां निरस्तायां प्रसिद्धधूममात्रे एव यद्यपि धूमो वन्हिव्याप्य इति व्याप्तिग्रहोऽप्युचित एव तथाप्युक्तरीत्या सामान्यलक्षणायां सिद्धायां सर्वधूमव्यक्तिषु व्याप्तिग्रहः सम्भ-

---

है। और सामान्य लक्षणा मानते हैं तो सामान्य लक्षणा से महानस स्थल में ही सकल धूम सन्निकृष्टासन्निकृष्ट सकल धूम की उपस्थिति होने से धूमान्तर मे अर्थात् असन्निकृष्ट धूम मे धूम वन्हि व्यभिचारी है कि नहीं ? एतादृश व्यभिचार शङ्का होती है सो युक्त है। व्यभिचार शंका का निवर्तक जो विशेष दर्शन, उस विशेष दर्शन का अभाव होने से व्यभिचार संशय धूमान्तर मे होता है और तर्क के द्वारा व्यभिचार शका का निराकरण होने के पीछे प्रसिद्ध धूम मे (उपस्थित धूम मे) यद्यपि धूम वन्हि व्याप्य है, एतादृश व्याप्ति ग्रह होता है।

सो उचित है। तथापि पूर्वोक्त युक्ति से सामान्यलक्षणा का स्वीकार करने से सर्व धूम व्यक्ति मे व्याप्ति ग्रह होता है। प्रत्यासत्ति (सन्निकर्ष) के सौकर्य से इसी प्रकारसे तात्पर्याचार्य ने भी कहा है।

प्रश्न—सामान्यलक्षणा सन्निकर्ष के बिना सर्व धूम की उपस्थिति नही होगी, और सर्व धूम की उपस्थिति के बिना

वति प्रत्यासत्तिसौकर्यादिति । तथैवोक्तं तात्पर्याचार्यैः । ननु सामान्यलक्षणां विना न सर्वधूमोपस्थितिस्तां च विना न धूमत्वेन व्याप्यतावच्छेदकेन प्रकारेण ग्रह इति सामान्यलक्षणा व्याप्तिग्रहे एवोपयुज्यते इति चेत् । न सर्वव्यक्त्युपस्थितिमात्रेणैवावच्छेदकत्वग्रहः किं तु सम्बन्धान्यूनानतिरिक्तवृत्तित्वग्रहेण स च धूमस्य व्यभिचारशङ्कानिरासेनेति तद्वारैव व्याप्तिग्रहे सामान्यलक्षणोपयुज्यत इति युक्तिमत् । १ ननु सामान्यलक्षणा-प्रत्यासत्त्या तदाश्रयसकलव्यक्तिज्ञाने प्रमेयं वाच्यमिति

व्याप्यतावच्छेदक धूमत्व प्रकारेण व्याप्ति ग्रह नही होगा। इसलिये सामान्यलक्षणा व्याप्तिग्रह मे ही उपयोगी है।

उत्तर—यह कहना ठीक नहीं है, क्योकि सर्व व्यक्ति की उपस्थिति होने से ही अवच्छेदकत्व ज्ञान होता है, ऐसा कोई नियम नही है। किन्तु सम्बन्ध के अन्यून अतिरिक्त वृत्तित्व ज्ञान से अवच्छेदकत्व ग्रह से होता है। अवच्छेदकत्व ग्रह धूम के व्यभिचार की शका के निरास द्वारा हो ताहै इसलिये व्यभिचार शका निरास द्वारेणैव व्याप्ति ज्ञान मे सामान्यलक्षणा का उपयोग होता है, ऐसा मानना युक्तियुक्त है। १

प्रश्न—यदि आप सामान्य लक्षणा मानते हो तब तो सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्तिके बल से सामान्याश्रय सकल व्यक्ति का ज्ञान होगा। तब तो प्रमेयत्व सामान्यलक्षणा

व्याप्तिबुद्धौ सार्वज्ञ्यं स्यात् । बाढं महाशय ! तवैवं निश्चयः स्यात् । बाढं घटत्वादिना तु विशेषेण निश्चयोऽस्य न भवति स्वसामग्रीविरहात् । कासौ स्वसामग्री घटत्वनिर्विकल्पकं तद्युत्तरधारावाहिकानि घटत्वप्रकारकाणि न स्युः पूर्वधारावाहिकानां घटत्वनिर्विकल्पत्वाभावादिति चेत् । तान्यपि हि

सकल प्रमेय का ज्ञान होने से तादृश ज्ञानवान् पुरुष को सर्वज्ञ होना चाहिये ।

उत्तर–वाढम् महाशय ! आपको ऐसा निश्चय होगा । ठीक है, किन्तु घटत्वादि विशेष से निश्चय नही होता है सामग्री के अभाव से । अर्थात् प्रमेयत्व रूपेण घटादि विषयक निश्चय होने पर भी घटत्वादि विशेष रूप स निश्चय नही होने के कारण सर्व विषयक ज्ञानत्व रूप सर्वज्ञत्व की आपत्ति नही होती है । स्व सामग्री का अभाव होने से सर्वज्ञत्वापत्ति नही होती है ऐसा कहा, उसमे पूछता हूँ कि स्व सामग्री क्या है ?

उत्तर–घटत्व वा निर्विकल्पक ज्ञान ही घट पटादि निश्चय मे सामग्री है, तो वह सामग्री प्रमेयम् इस निश्चय स्थल मे नही है ।

प्रश्न–तब तो उत्तर काल में धारवाहिक ज्ञान घटत्व प्रकारक नही होगा, क्योंकि पूर्व धारावाहिक ज्ञानो को घटत्व निर्विकल्पकत्व के अभाव होने से ।

घटत्वांशे निर्विकल्पकान्येव। तद्विषयतयैव च तेषामुत्तरविशिष्टधीजनकताविशिष्टावगाहित्वं तु तेषां कारणसाम्यतायाम्। ह्न्तैवमपि विशेषणधीप्रयुक्ता विशिष्टधीः स्यादेव प्रमेयत्वादिनापि रूपेण घटत्वादेर्विशेषणस्य ग्रहात्। इयं हि सामान्यसामग्री विशेषसामग्री तु विशेषणनिर्विकल्पकम् अविशिष्टबुद्धौ

उत्तर–वह ज्ञान सब भी घटत्व अ श मे निर्विकल्पक ही है। घटत्व निर्विकल्पविषयक होने से ही उत्तरोत्तर विशिष्ट धी जनकत्व हो जाता है। उन ज्ञानो मे विशिष्टावगाहिता जो है सो कारण की समानता मात्र से।

प्रश्न–ऐसा होने पर भी विशेषण ज्ञान प्रयुक्त विशिष्ट ज्ञान तो होगा, क्योंकि प्रमेयत्व रूप से घटत्वादि रूप विशेषण का ज्ञान तो हुआ।

उत्तर–यह तो सामान्य सामग्री है, विशेष सामग्रो तो अवशिष्ट बुद्धि में विशेषण की निर्विकल्पक होती है। और विशिष्ट वैशिष्ट्यावगाही बुद्धि मे तो विशेषणतावच्छेदक प्रकारक ज्ञान कारण होता है सो तो प्रकृत मे नही है। आचार्य ने भी ऐसा ही कहा है। नही कहो कि व्याप्ति बुद्धि से ही पर्वत मे वन्हिमत्व सिद्ध हो जाता है, इसी से अनुमिति गतार्थ हो जाती है। ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि व्याप्ति में धूमवत्व पुरस्कार से पर्वत में वन्हि मत्व की सिद्धि होती है और अनुमिति में पर्वतत्व धर्म पुरस्कार

विशेषणतावच्छेदकप्रकारकं तु ज्ञानं विशिष्टवैशिष्ट्यबुद्धौ तच्च नात्रेति आचार्या अप्येवम् । नापि व्याप्तिबुद्ध्यैव पर्वतस्यापि वह्निमत्त्वालिङ्गनादनुमितिर्गतार्था तत्र धूमवत्त्वपुरस्कारेणात्र च पर्वतत्वपुरस्कारेण वह्निमत्त्वसिद्धेः । ननु सामान्यलक्षणया पुरा पर्वतस्यापि धूमवत्त्वपुरस्कारेण वह्निमत्त्वग्रहणादिदानीं तत्स्मरणसहितेन पर्वतेन्द्रियसन्निकर्षेण सोऽयं वह्निमान् पर्वत इति प्रत्यभिज्ञैवास्तु कृतमनुमानेनेति चेत् । एवं हि सोऽयमिति स्यान्न तु पर्वतोऽयं वह्निमानिति । किञ्च पुरा विशिष्य ज्ञात

से वन्हिमत्व की सिद्धि होती है इसलिये व्याप्ति बुद्धि से अनुमिति को गतार्थ कहना ठीक नही है ।

प्रश्न—सामान्य लक्षणा प्रत्यासत्ति से पहिले भी धूमवत्व पुरस्कार से वह्निमत्व का ग्रहण हुआ है । अभी तत्स्मरण सहित पर्वतेन्द्रिय सन्निकर्ष मे "सोय वन्हिमान् पर्वतः" सो यह पर्वत वन्हिमान है, इस प्रकार से प्रत्यभिज्ञा रूप ही अनुमिति को मान लीजिये, अतिरिक्त अनुमान मानने की क्या आवश्यकता है ?

उत्तर—यदि प्रत्यभिज्ञा रूप अनुमिति मानोगे तब तो सोयं इत्याकारक ज्ञान का आकार होना चाहिए, पर्वतोयं वन्हि मान् यह आकार नही होगा । और भी देखिए पहिले जहा विशेष रूप से ज्ञान रहता है उसी स्थल मे प्रत्यभिज्ञा होती है । जैसे सोय घट इत्यादि स्थल मे देखने मे आता है ।

एव प्रत्यभिज्ञा तथैवान्यत्र दर्शनात् । अथ यदा सामान्यतो गृहीता स्मृता व्याप्तिरिन्द्रियसन्निकृष्टे धूमेऽनुभूयते तदायं धूमो वन्हिव्याप्य इति तृतीयलिङ्गपरामर्श उदेति तथा सामान्यतो गृहीस्य स्मृतस्य वन्हिमत्त्वस्य वैशिष्ट्यमिन्द्रियसन्निकृष्टे पर्वतेऽपि भासताम् । तेन पर्वतोऽयं वह्निमानिति साक्षाद्धीरेव भवत्विति ब्रूम इति चेत् । न । तस्यां दशायां साधकबाधकमानाभावेन वह्निसंशयस्यैव सम्भवात् । धूमरूपविशेषधर्म-

प्रश्न–जैसे सामान्यतः गृहीता तथा स्मृता जो व्याप्ति सो इन्द्रिय सनिकृष्ट धूम मे अनुभूयमाना होती है तब "अयं धूमो वन्हि व्याप्यः" यह धूम वन्हि व्याप्य है इस प्रकार का तृतीयलिङ्ग परामर्ष उत्पन्न होता है । इसी प्रकार से सामान्य रूप से गृहीत तथा स्मृत जो वह्निमत्व उस वन्हिमत्व का वैशिष्टय इन्द्रिय सन्निकृष्ट पर्वत मे भी भासित होवे । इसलिये यह पर्वत वन्हि मान है. इस प्रकार से अनुमिति को प्रत्यक्ष ज्ञान हो मानिये, ऐसा म कहता हूं ।

उत्तर–इस स्थिति मे साधक बाधक प्रमाण का अभाव होने से पर्वत मे वन्हि का सशयात्मक ज्ञान ही सभव है न कि निश्चयात्मक ज्ञान की सम्भावना हो सकती है ।

प्रश्न–धूम रूप विशेष दर्शन सहकृत प्रत्यक्ष सामग्री प्रत्यक्ष ज्ञान का उत्पादन करेगी ।

सहाया प्रत्यक्षसामग्री प्रत्यक्षं जनयत्विति चेत् । विशेषदर्शनं हि विशेषत्वेन दर्शनं न तु वस्तुतः अन्यथा शिरःपाण्यादेः प्रमेयत्वादिनापि निश्चयात् पुमवधारणं स्यात् । तथा च सन्दिग्धवह्नौ पर्वते तद्वृत्तितया वह्निव्याप्यतया च यद्धूमज्ञानं स एव लिङ्गपरामर्श इति निमीलितेऽपि चक्षुषि ततो भवन्ती वह्निमत्पर्वतधीरनुमितिरेव स्यादिन्द्रियव्यापारविरहात् । चक्षुषि व्याप्रियमाणे एव भवन्ती वह्निमत्पर्वतधीस्तु साक्षाद्धीरिति चेत् । अस्तु । अनुमितिस्तु सावकाशीकृतैव

उत्तर–विशेष दर्शन का अर्थ है विशेषत्व रूप से दर्शन अर्थात् विशेष ज्ञान, न तु वस्तुत उस वस्तु का ज्ञान। अन्यथा शिर पाण्यादिक का प्रमेयत्व रूप से निश्चय रहने से 'स्थाणुर्वा पुरुषोवा' इस स्थल मे पुरुष का ही निश्चय हो जायगा। ऐसा हुआ तब सन्देहविषयी भूत वन्हिवाले पर्वत मे तादृश पर्वत वृत्तित्वेन और वन्हि व्याप्यत्व रूप से जो धूम ज्ञान होता है उसी का नाम है तृतीयलिङ्ग परामर्श। तब निमीलित चक्षु के रहने पर तादृश परामर्श से होने वाला जो पर्वत मे वन्हिमत्पर्वत विषयक ज्ञान सो अनुमिति रूप है, क्योकि इन्द्रिय का व्यापार नही होने से प्रत्यक्ष ज्ञान नही है। अब यदि कहो कि व्यापार विशिष्ट चक्षु के रहते हुए होने वाला जो वन्हिमत्पर्वत विषयक ज्ञान उसको साक्षात्कारी (प्रत्यक्ष) ज्ञान ही कहना चाहिये।

निमीलिते चक्षुष्युपनीतपर्वतविशेष्यका लिङ्गपरामर्शसहितमनःकरणिका वह्निमत्पर्वतधीरस्तु । साक्षाद्धीरेवेति चेत् । सिद्धं तर्हि लिङ्गपरामर्शो मानान्तरं मनसो बहिः प्रमिता च साधारणसहकारित्वादिन्द्रियवत् । किञ्च चक्षुर्व्यापारस्थलेपि नासौ साक्षाद्धीः साक्षात्कारिप्रमाहेतुभूतविशेषणेन्द्रियसन्निकर्षविरहात् । संस्कारः स्मृतिर्वह्निना सममिन्द्रियस्य सन्निकर्षस्तत्राप्यस्ति प्रत्यभिज्ञा तत्तयैवेति चेत् । न द्रव्यविशेषणकसाक्षात्प्रमायास्तदजन्यत्वात् अन्यथा स्मृतव्यवहितदण्डेऽपि पुंसि दण्डीति

सो भी ठीक नही है, क्योकि इससे तो अनुमिति मे कोई क्षति नही होती है । लोचन के व्यापाराभावकाल मे उपनीत पर्वत विवेष्यक लिङ्गपरामर्शसहकृतमन कर्णक वन्हिमतपर्वत विषयक जो ज्ञान है सो अनुमिति रूप रहो । यदि कहो कि यह तो प्रत्यक्षज्ञान हुआ तब तो लिङ्गपरामर्श प्रमाणान्तर है । मन की जो वाह्य विषयक ज्ञान जनकता है सोतो साधारण कारणत्वेन महकारिता मात्र है । इन्द्रिय की तरह ।

प्रश्न—वन्हि के साथ मस्कार तथा स्मरण रूप सन्निकर्ष इन्द्रिय का है. प्रत्यभिज्ञा तो तत्ता रूप से ही है, तस्मात् वह्नि ज्ञान प्रत्यक्ष है ।

उत्तर—द्रव्य विशेषण है जिसमें एतादृश प्रमा संस्कारादि से नही होती है । अन्यथा स्मृत्युपस्थापित दण्ड वाले पुरुष विषयक ज्ञान भी प्रत्यक्ष कहायेगा । नही वहो

साक्षात्प्रमा स्यात् । तत्रान्तरीयकतया ज्ञातपुंसि भवत्येव सेति चेत् । भवतीत्यद्धा किं तु सा साक्षाद्धीरेवेत्यसिद्धं लिङ्गपरामर्शयोनित्वात् । विशेषणदर्शनजपुंप्रत्यक्षादियमपि साक्षाद्धीरेव स्यादिति चेत् । न पुंप्रत्यक्षमपि हि ज्ञानद्वयजन्यं तथा । तृतीय परामर्श जन्यत्तु तदनुमितिरेव । प्रपंचितं चेदमस्माभि रनुमाननिर्णय ।

ननु निरुपाधिः सम्बन्धो व्याप्तिरित्युक्तं तत्र क उपाधिः साध्यव्यापकत्वे सति साधनाव्यापकः तथाहि यद्यसौ साध्यं न व्याप्नुयात् तदा तद्व्यतिरेकेण साध्यव्यतिरेको न सिद्ध्येत् ।

कि दण्डनान्तरीयकत्वेन ज्ञान पुरुष में तो प्रत्यक्ष ज्ञान होता ही है, अर्थात् जो पुरुष सर्वदा दण्ड विशिष्ट रहता है । तादृश स्थल में स्मृति द्वारा उपस्थित जो दण्ड तद्विशेषणक पुरुष विषयक ज्ञान तो प्रत्यक्ष होता है, यह कहना ठीक नही है । ऐसा ज्ञान होता है, आपका ऐसा कहना ठीक है, किन्तु वह प्रत्यक्ष ज्ञान है यह असिद्ध है, किन्तु तादृश ज्ञान तो लिंग परामर्श से होता है । नहो कहो कि विशेष दर्शन से जायमान पुरुष प्रत्यक्ष होने से यह भी साक्षात् बुद्धि ही है, सो ठीकनही है । पुरुष प्रत्यक्ष भी ज्ञानद्वयजन्य होने से साक्षात् धी नही है । तृतीयलिंग परामर्श जन्य होने से अनुमिति रूप है । इस विषय को विस्तृत रूप से हम ने अनुमान निर्णय में बताया है ।

शंका—निरुपाधिक सम्बन्ध को आपने व्याप्ति कहा है । अर्थात् जिस हेतु साध्य के बीच मे कोई उपाधि न हो

तथा च तदव्याप्यता हेतो साध्यव्यभिचारोऽपि न स्यात् । तथा च तद्व्याप्यतया हेतोः साध्यव्याप्यता न स्यादिति व्यर्थः उपाधिः स्यात् । एतत्त्रयस्य उपाधेः साध्यव्यापकतामूलकत्वात् । एवं यदि साधनं व्याप्नुयात्तदा साधनवति पक्षे स स्यादेवेति न तद्व्यतिरेकेण पक्षे साध्यव्यतिरेकः स्यात् । तथा साधनस्य साध्यव्यभिचारः साध्याव्याप्तिश्च न स्तां तयोः साधनवृत्तिनोपाधिव्यभिचारेण उपाध्यव्याप्त्वेन च निर्वाहणात् । न च बाधोन्नीतपक्षेतरेऽतिव्याप्तिः तस्य स्वव्याघातकत्वेन साध्यव्यापकत्वाभावात् । धूमस्य च साध्यत्वं सिद्धिकर्मत्वं तथा

वह उपाधि रहित सम्बन्ध व्याप्ति है । किन्तु व्याप्ति घटक उपाधि वस्तु क्या है ? जो साध्य का व्यापक हो अर्थात् साध्याधिकरण वृत्ति अत्यन्ताभाव का अप्रतियोगी होकर साधन का अव्यापक हो, अर्थात् साधनाधिकरण वृत्ति अत्यन्ताभाव का प्रतियोगी हो, ऐसा जो कोई अन्वय व्यतिरेकी धर्म, सो उपाधि कहलाता है । जैसे धूमवान् वह्नेः इस स्थल मे आर्द्रेन्धन सयोग या आर्द्रेन्धन सयोग धूम रूप साध्य का व्यापक है तथा वन्हि रूप साधन का अव्यापक है, अयागोलग मे वन्हि है और आर्द्रेन्धन सयोग नहीं रहता है, यही उपाधि का लक्षण है । अब उपाधि मे साध्य व्यापकत्व तथा साधनाव्यापकत्व को स्वयमेव बतलाते है, तथा ही इत्यादि प्रकरण से । तथाहि यदि यह उपाधि साध्य

वह्नेः साधनत्वं सिद्धिकरणत्वं यद्यपि नास्ति सोपाधौ सिद्ध्यानुदयात् तथापि तथाभिमतत्वमस्ति अनुमातुस्तथाभिमानात् ।

को व्याप्त नकरे, अर्थात् साध्य की व्यापक न बने, तब उपाधि के अभाव से साध्य का अभाव सिद्ध नही होगा । व्यापक जो द्रव्यत्व उसके अभाव से व्याप्य जो पृथ्वीत्वादि उसका अभाव सिद्ध होता है । इसी प्रकार यदि व्यापक उपाधि हो तब ही उपाधि के अभाव से व्याप्य जो साध्य उसका अभाव सिद्ध होगा । तथा उपाधि के अव्याप्य होने से हेतु मे साध्य का व्यभिचार भी सिद्ध नही होगा । तथा उपाधि मे अव्याप्यतया हेतु को साध्य व्याप्यत्व भी नही होगा । तो इस प्रकार से उपाधि तो व्यर्थ ही हो जायगी । ये तीनो वस्तु उपाधि मे साध्य व्यापकता मूलक होती है । अर्थात् साध्य की व्यापक उपाधि हो तब ही हो सकता है । एव यदि उपाधि साधन की व्यापक हो तब साधनवान् पक्ष मे उपाधि रहैगी । तब उपाधि के अभाव से पक्ष मे साध्य का अभाव सिद्ध नही होगा । तथा साधन को साध्य व्यभिचार सिद्ध नही होगा, तथा साधन मे साध्य का व्याप्त्य भाव भी नही होगा । साधन मे साध्य व्यभिचार तथा साध्यव्याप्ति इनदोनो को सिद्धि साधन वृत्ति उपाधि व्यभिचार से तथा उपाध्याप्यतैनैव सिद्ध होता है । बाधोन्नीत पक्षेतरत्व अर्थात् पक्ष भिन्नत्व यथोक्त उपाधि का लक्षण होता है । क्योकि जहा जहा

एवं व्यापकत्वमपि न व्याप्तिनिरूपकत्वं येनान्योन्याश्रयः

महानसादिक मे वन्हि साध्य है इन सभी स्थलों मे पर्वत भिन्नत्व भी है । और धूम हेतु पर्वत मे भी है । उस पर्वत मे पर्वत भिन्नत्व नहो हैं, इसलिये साध्य व्यापक तथा साधना व्यापक होने से इसमे अतिव्याप्ति होती है । पक्ष भिन्नत्व दो प्रकार का है, एक बाध का उत्थापक दूसरा-अनुत्थापक जैसे अग्निरनुष्ण मे बाधोन्नीत अग्नीनरत्व है, परन्तु पक्षेतरत्व को उपाधि इसलिये नही मानते है कि यदि यह उपाधि हो जाय, तो अनुमान मात्र का उच्छेद हो जायगा । इसलिये मूलकार ने कहा है कि स्व व्याघातक होने से पक्षेतरत्व मे साध्य व्यापकत्व ही नही है । पक्षेतरत्व मे उपाधि लक्षण की अतिव्याप्ति की शका करना ठीक नहीं है । क्योंकि स्व व्याघातक होने से पक्षेनरत्व मे साध्य व्यापकत्व नही है । धूमवान् वह्ने इस सोपाधिकता स्थल मे धूम साध्य है, सिद्धि अनुमति का कार्य अर्थात् विषय है, तथा वह्नि साधन है, सिद्धि का करण अर्थात् जनक है । यद्यपि सोपाधिक स्थल मे यह नही बन सकता हैं क्योंकि सोपाधिक स्थल मे अनुमिति होती ही नहीं, यदि अनुमिति पैदा हो ही जाय तो सोपाधिकता ही क्या ? तथापि सोपाधिकता स्थल मे अनुमाता पुरुष को धूम मे साध्यत्व का अभिमान रहने से साध्यत्वेन धूम तथा साधनत्व रूप से

स्यात् । किं तु तद्वन्निष्ठात्यन्ताभावाप्रतियोगित्वं प्रतियोगित्व-मपि न विरोधित्वं सहानवस्थाननियमलक्षणं येन चक्रकं स्यात् । तथा घटतदन्योन्याभावयोः कपाले सहावस्थानेन तत्प्रतियो-गिन्यव्यापकं च लक्षणं स्यात् । किन्त्वभावविरहात्मत्वमिति

वह्नि अभिमत मात्र रहता है । इसी तरह से व्यापकत्व का अर्थ व्याप्तिनिरूपकत्व रूप नही है जिससे कि व्यापक तथा व्याप्ति मे अन्योन्याश्रय दोष लगे । किन्तु तद्वन्निष्ठ अत्यन्ता भावाप्रतियोगित्व रूप है । (जैसे धूम के प्रति वह्नि व्यापक है तो यहा तत् शब्द से व्याप्य जो धूम उसका ग्रहण होता है धूमवान् हुआ पर्वतादिक, उसमे रहने वाला जो अत्यन्ताभाव, सो तो वह्नि का अभाव पर्वतादिक मे मिलेगा नही, किन्तु उदासीन घटादिक का अभाव तदीय प्रतियोगित्व घटादिक उदासीन मे है, अप्रतियोगित्व वन्हि मे होने से लक्षण समन्वय होता है, अर्थात् वह्नि धूम का व्यापक बनता है ।) इसी तरह मे प्रतियोगित्व भी सहानवस्थान लक्षण विरोधित्व रूप नही है जिसमे कि चक्रक दोष हो । तथा घट तथा घटान्योन्याभाव को कपाल मे सहावस्थान है अर्थात् घट भी कपाल मे रहता है तथा घट का भेद भी कपाल मे रहता है । न्याय के मत से अवयावयवी मे भेद माना गया है तो घटान्योन्याभावीय प्रतियोगिता लक्षण की अव्याप्ति भी हो जायगी । इसलिये अभाव विरह रूप हो

विस्तरस्त्वनुमाननिर्णये। अयं च निश्चितवत्सन्दिग्धोऽप्यनुमानखण्डनाय व्यभिचारसंशयाधायकत्वात्। पर्वतेतरादिस्तु नैवं स्वव्याघातकत्वात्। किन्तु स श्यामो मित्रातनयत्वादित्यत्र

प्रतियोगित्व है। आचार्य उदयन ने कहा है "अभावविरहात्मत्व वस्तुतः प्रतियोगितेति" घटादि वस्तु मे प्रतियोगित्व क्या है ? तो अभावाभाव रूप ही प्रतियोगित्व है। इस विपय पर विस्तृत विचार अनुमान निर्णय मे देखे।

यह उपाधि दो प्रकार की होती है। निश्चितोपाधि तथा सन्दिग्धोपाधि। जैसे निश्चितोपाधि अनुमान की विघटक होती है, उसी तरह व्यभिचार सशय की उत्थापक संदिग्धोपाधि भी अनुमान विरोधी होती है। (उपाधि जिस स्थल मे होती है वह वहा हेतु मे साध्य व्यभिचार की उत्थापक होने से दोप कहलाती है, जैसे धूमवान् वह्नेः मे आर्द्रेन्धन सयोग होता है तो वन्हि धूम का व्यभिचारी है, धूमका व्यापक जो आर्द्रेन्धन सयोग उसका व्यभिचारी होने से वह अनुमान साध्य व्यभिचारानुमान होता है। वस्तुतः तो उपाधि स्वाभाव से पक्ष में साध्याभाव की अनुमापक होती है। जैसे अयोगोलक धूमाभाव वाला है, धूम व्यापक आर्द्रेन्धन संयोगाभाव वाला होने से। यही उपाधि मे दूपकता बीज है।) पर्वतेरत्वादिक उपाधि स्वव्याघातक होने से एतादृश नही है। किन्तु "सश्यामः मित्रातनयत्वात्" इस

गर्भस्थे मित्राभ्रूणे ज्योतिःशास्त्रादिना प्रतीते पक्षीकृते शाकाहारपरिणतिजन्यत्वमुपाधिः स हि आयुर्वेदेन मातुः शाकाहारपरिणतेस्तदीयश्यामरजोऽर्जनद्वारा भ्रूणश्यामत्वहेतुत्वेन सिद्ध इति साध्यव्यापकतया तावन्निश्चितः साधनव्यापकतया तु सन्दिग्धः पक्षे तत्तदभावयोनिश्चायकत्वात्। अथ मित्रातनयत्वेनेतरश्यामसामग्र्यपि साध्या धूमेनेव वह्निसामग्री न च तत्साधने श्यामत्वमुपाधिः द्वयोरेकदैव साधनात्। अत एव सामग्री च क्वचिन्नोपाधिरित्याचार्या अप्याहुरिति चेत्।

स्थल में तत्पद वाच्य गर्भस्थमित्रातनय रूप पक्ष में जो कि ज्योतिः शास्त्र के वल से प्रतीत है, उसमें शाकाहार परिणाम जन्यत्व उपाधि होती है। माता का शाकाहार परिणाम है सो माता के श्याम रजस के अर्जन द्वारा पुत्र श्यामता का हेतु है, ऐसा आयुर्वेद से सिद्ध होता है। इस प्रकार से उसमें साध्यव्यापकत्व तो निश्चित है और साधन व्यापकत्वेन सन्दिग्ध है, पक्ष में प्रतियोगी तथा तदभाव का निश्चायक होने से।

शंका–मित्रातनयत्व हेतु से इतर श्यामत्व सामग्री भी साध्या होगी। जैसे धूम से वह्नि सामग्री का अनुमान होता है। परन्तु इतर श्याम सामग्री साधन में श्यामत्व उपाधि नही वन सकती है। दोनों को युगपत्साधन करने से। अतएव सामग्री कहीं भी उपाधि नही होती है। ऐसा

धूमे लिङ्गे वह्निसामग्री नोपाधिरिति । सत्यम् धूमस्य तज्जन्य-वह्निजन्यतया वह्निसामग्र्याः साधनीभूतधूमव्यापकत्वावधारणात् । प्रकृते तु नैवं न ह्योत्पत्तिकनरश्यामत्वसामग्री मित्रातनयत्वं व्याप्नुयादेवेत्यत्र किञ्चित्प्रमाणमस्ति । सहचारदर्शन-व्यभिचारादर्शने तावन्मित्रातनयत्वस्य श्यामत्वेन सह व्याप्तौ प्रमाणं तद्द्वारा च श्यामत्वसामग्र्यापि समं हेतोर्व्याप्तिः व्याप्यव्याप्यस्य सुतरां व्याप्यत्वात् । तथा च नायमुपाधिः साधनव्यापकत्वनिश्चयादिति चेत् । न ते हि व्यापकत्वसंशा-

आचार्य ने कहा है ।

उत्तर—ऐसा कहो सो ठीक नही है, क्योंकि धूम हेतु में वह्नि सामग्री उपाधि नही है। सत्य, ठीक है धूम को सामग्री जन्य वह्निजन्य होने से वह्नि सामग्री को साधन रूप धूम के व्यापकत्व का निश्चय होने से। प्रकृत मे तो ऐसा नही है, स्वाभाविक जो नर श्यामत्व सामग्री सो मित्रातनयत्व का व्यापक है, इसमे कोई प्रमाण नही है । सहचार दर्शन और व्यभिचारादर्शन तो मित्रातनयत्व का श्यामत्व के साथ व्याप्ति मे प्रमाण है । तद्द्वारा श्यामत्व सामग्री को भी हेतु के साथ व्याप्ति होती है । व्याप्य का व्याप्य तो सुतरामेव व्याप्य होता है। ऐसा होने से तो शाक पाकजत्व उपाधि नही होगी, क्योंकि साधन व्यापकता निश्चय होने से । ऐसा कहो सो ठीक नही है, क्योंकि यह तो केवल व्यापकता का संशायक है, निश्चायक नही है । अन्यथा

यके न तु निश्चायके अन्यथा जन्यत्वस्य शरीरिजन्यत्वेनापि सह व्याप्तिः स्यात् न चेष्टापत्तिः लाघवात् कर्तृजन्यत्वेनैव सह तस्य व्याप्तेः। अथ श्यामत्वे शाकाहारो न प्रयोजकः जठरश्यामत्वस्य तेन विनापि भावात्। नाप्यौत्पत्तिकश्यामत्वे इन्द्रनीलादौ व्यभिचारात्। औत्पत्तिकनरश्यामत्वे तु शाकाहारः प्रयोजक इति स तत्रोपाधीकर्तुमर्हति किं तु तदिह न

जन्यत्व की शरीरी जन्यत्व के साथ भी व्याप्ति होगी। इष्टापत्ति नही कही जा सकती है। क्योकि लाघवात् कर्तृ जन्यत्व के साथ ही उसकी व्याप्ति-होती है।

प्रश्न-श्यामता मे शाकाहार प्रयोजक नही है, अर्थात् यह कोई नियम नही है कि जो श्याम हो उसमे शाकाहार प्रयोजकता रहे ही। क्योकि देखिये जठर मे जो श्यामता है सो तो शाकाहार प्रयोज्यता के बिना ही है। न वा जो श्यामता उत्पन्न होती उसमे शाकाहार प्रयोजकता है। इन्द्रनील मणि प्रभृति अनेक वस्तुओ मे जन्य श्यामता है, किन्तु उसमे शाकाहार प्रयोज्यत्व नही होने से व्यभिचार है। किन्तु समुत्पन्न मनुष्य श्यामता मे शाकाहार प्रयोजक है इसलिये मनुष्य श्यामता मे शाकाहार को उपाधि बना सकते है, किन्तु यहा मनुष्य श्यामता को साध्य नही करते है, क्योकि वह तो पक्ष धर्मता के बल से ही लब्ध हो जाती है। कोई भी व्यक्ति पर्वत धूम मे हेतु से पर्वतीय वह्नि को सिद्ध नही करता

साध्यते पक्षधर्मताबललभ्यत्वात् । न हि स्वस्थात्मा पर्वते पर्वतीयवह्निं साधयति । पर्वतीयत्वस्य पक्षधर्मतालभ्यतया व्यापककोटावप्रवेशनीयत्वादिति चेत् । सत्यम् । अयमपि साधनेन मित्रातनयत्वेनावच्छिन्नं साध्यमौत्पत्तिकश्यामत्वं व्याप्नुवानो भवत्येवोपाधिः पर्यवसितसाध्यव्यापकत्वात् साध्यसाधनसम्बन्धव्यापकत्वाद्वेति । तथा च मित्रातनयान्तरे दृष्टान्तीभूते मित्रातनयत्वावच्छिन्नमौत्पत्तिकश्यामत्वं व्याप्नुवानोऽयं भवत्युपाधिः । ननु निश्चितोपाधिरप्यप्रत्यक्षे पक्षे साधनवति साधनाव्यापकत्वसिद्ध्यर्थमसत्तयानुमेया हेतुना च स

है, पर्वत मे सम्बन्धिता तो पक्षधर्मता के बल से लब्ध है, तब पर्वतीयत्व के व्यापक कोटि में प्रवेश की आवश्यता नही है ।

उत्तर–ठीक है, यह भी शाकपाकजत्व मित्रातनयत्व रूप हेतु से मित्रातनयत्व से अवच्छिन्न औत्पत्तिक श्यामत्व को व्याप्त करते हुए उपाधि होता ही है, पर्यवसित साध्य के व्यापक होने से । अथवा साध्य साधन का ,जो सम्बन्ध उसका व्यापक होने मे । ऐसा हुआ तब दृष्टान्त रूप मित्रा के तनयान्तर मे मित्रातनयत्वावच्छिन्न औत्पत्तिक श्यामत्व को व्याप्त करता हुआ शाक पाक जत्व उपाधि होता ही है ।

प्रश्न–जो निश्चित उपाधि है सो भी साधनवान् अप्रत्यक्ष पक्ष मे साधनाव्यापकत्व की सिद्धि के लिये असत्व रूप से

एव सत्तायानुमेय इति सत्प्रतिपक्षग्रासात् साधनाव्यापकत्व-संशयात् सन्दिग्धोपाधिरेव पर्यवस्येत् । दृष्टान्ते साध्यव्यापकत्वं पक्षे च साधनाव्यापकत्वं गृह्यत इति तत्सिद्धान्तादिति चेत् । तर्कादिना हि साध्यव्यापकतासाधनाव्यापकताभ्यां पुरैव निश्चितोपाधिरुच्यते । यथाग्निना तप्तायः पिण्डे धूमे साध्यमाने आर्द्रेन्धनवत्त्वादिः स हि महानसादौ दृष्टान्ते साध्य-व्यापकतया गृहीतस्तप्तायः पिण्डे तु पक्षेऽपक्षे वा साधना-व्यापकतया निश्चित एव तावतैव हेतोर्व्यभिचारमसिद्धिं वा निश्चाययितुमीष्टे तत्कथं वह्निना पक्षे परोक्षेऽपि साध्यमुपा-

अनुमेय होगा । और हेतु के द्वारा वही सत्ता रूप से अनुमेय होगा । इस तरह से सत्प्रतिपक्ष दोषग्रस्त होने से साधनाव्यापकत्व का सन्देह होने से यह सन्दिग्धोपाधि मे ही पर्यवसित होगा । दृष्टान्त मे साध्य व्यापकत्व और पक्ष मे साधन की अव्यापकता गृहीत होती है, ऐसा नैयायिक का सिद्धान्त है ।

उत्तर–तर्क द्वारा साध्य व्यापकत्व और साधना, व्यापकत्व की स्थिरता पहले ही होने से निश्चितोपाधि कहलाती है । जैसे वह्नि से अयोगोलक मे धूम की सिद्धि करने मे आर्द्रेन्धन सयोग उपाधि होता है वह आर्द्रेन्धन संयोग रूप उपाधि दृष्टान्त महानस मे साध्य व्यापकत्वेन तथा पक्ष अयोगोलक अथवा अपक्ष मे साधन के अव्यापक तया निश्चित ही रहता है । एतावन्मात्र से ही हेतु में

धिर्वानुमीयतां प्रागेव साधनस्योपाधिसाध्योभयाव्याप्यत्व-निश्चयात् । यदा तु साधनांशे एव तर्कावतारस्तदा न सन्दिग्धोपाधिरपि यदा तूपाधिसाधनयोस्तुल्यैव साध्यव्याप्तिग्राहिका सामग्री तदा सन्दिग्धोपाधिप्रभेदस्तुल्ययोगक्षेम इति गीयते । ननु जीवच्छरीरं पृथिव्याद्यष्टद्रव्यभिन्नानेकद्रव्यवत् प्राणादि-मत्त्वादिति व्यतिरेकिणि साध्येऽनेकपदं विशेषणं तच्च व्यर्थम् एकेनैव तादृशेन सात्मकत्वसिद्धेः व्यर्थविशेषणे च व्याप्यत्वा-

---

व्यभिचार दोष अथवा असिद्धि दोष का निश्चय कराने में समर्थ होता है । तव वह्नि हेतु से किस तरह से परोक्ष पक्ष मे साध्य वा उपाधि का अनुमान होगा ? साधन के पहिले ही साध्य उपाधि उभय के साथ अव्याप्यता का निश्चय होने से । जब कि साधनाश मे तर्क रहैगा तब तो वह सन्दिग्धो-पाधि भी नहीं है । जब कि उपाधि और साधन मे समान रूप से साध्य व्याप्ति ग्राहक सामग्री है तब तो सन्दिग्ध-पाधि का प्रभेद मात्र है ।

प्रश्न—जीवत् शरीर पृथिव्यादि अष्ट द्रव्य से भिन्न अनेक द्रव्यवान् है, प्राणादिमान होने से इस व्यतिरेकी साध्य के अनुमान मे अनेक पद विशेषण है परन्तु वे व्यर्थ हैं, क्योंकि एक ही तादृश पद से सात्मकत्व लक्षण साध्य की सिद्धि हो जायगी । और जब व्यर्थ विशेषणत्व है, तब

सिद्धिरावश्यकी व्याप्यत्वासिद्धौ च व्यभिचार आवश्यकोपाधिरित्यतोऽत्रोपाधिरवश्यं वाच्यम् तदुक्तं च लक्षणं तं न व्याप्नोति यथोक्तसाध्यस्याप्रसिद्धया उपाधिकृतधर्मस्य साध्यव्याप्यकत्वासिद्धेरिति चेत् । न साध्याप्रसिद्धौ हि न व्यभिचारस्तदत्यन्ताभावाप्रसिद्धया तद्वद्गामित्वरूपव्यभिचारासिद्धेः । तथा च न तत्रोपाधिः व्यभिचार एव तदुपगमात् । व्याप्यत्वासिद्धिस्तु नीलधूमवदिति । एतेन व्यतिरेकेऽत्रोपाधिरित्यपास्तं

तो व्याप्यत्वासिद्धि दोष आवश्यक है, और व्याप्यत्वासिद्धि है तब व्यभिचार अवश्य होगा और व्यभिचार होगा तब उपाधि भी होगी ही, ऐसा कहना पडेगा। परन्तु उपाधिका जो लक्षण हैं सो तो उसको व्याप्त नही करता है, क्योकि मयोक्त साध्य की अप्रसिद्धि होने से उपाधिकृत धर्म का साध्य व्यापकत्व असिद्ध होने से ।

उत्तर–आपका यह कहना ठीक नही है, क्योकि जहा साध्याप्रसिद्धि है, व्यभिचार नही होता है, कारण कि साध्य के अप्रसिद्ध होने से साध्यभाव अप्रसिद्ध है तब साध्याभावाधिकरण वृत्तिता रूप व्यभिचार कैसे होगा ? और जव व्यभिचार ही असिद्ध है तब वहा उपाधि नही है। व्यभिचार रहने पर ही उपाधि का सद्भाव होता है, ऐसा माना गया हैं। केवल इसको व्याप्यत्वासिद्धि कह सकते है, नील धुमादि की तरह से । इससे व्यतिरेकानुमान इसमे उपाधि

साध्याप्रसिद्धौ तदभावे सिद्धे तत्र साध्याभावप्रतियोगिके व्यभिचारित्वे सिद्धे तत्रोपाधेरसम्भवादिति ।

सा चेयं व्याप्तिः शङ्कोदये सति तदपनोदनद्वारा तर्कगम्या । हन्तैवमनवस्था स्यात्तर्कस्यापि व्याप्तिग्रहमूलकत्वादिति चेन्न यावच्छङ्कं तर्कानुसरणात् । व्याघातेन तु शङ्कानुत्थाने विश्रा-

---

है ऐसा जो कोई कहते थे सो भी परास्त हो गये । साध्या प्रसिद्धि मे तदभाव अर्थात् साध्याभाव के होने से उसमें साधनाभाव प्रतियोगिक व्यभिचारित्व मे उपाधि असभव है ।

शका का उदय होने से शका निराकरण द्वारा तर्क से यह व्याप्ति जानी जाती है अर्थात् व्याप्ति मे यदि किसी प्रकार की शका आवे और उस शका से व्याप्ति का प्रतिरोध हो तो तर्क को लाकर के व्याप्ति की स्थिरता की जाती है ।

प्रश्न–यदि आप व्याप्ति विरोधी शंका का निराकरण करने के लिये तर्क की शरण लेते है, तब तो अनवस्था दोष होगा । क्योकि तर्क भी तो व्याप्ति ज्ञान मूल ही है ।

उत्तर–जहा तक शका रहती है तावत्पर्यन्त ही तर्क का अनुसरण किया जाता है । और व्याघात से जब शंका का निराकरण हो जाता है तब तर्क का विश्राम हो जाता है । इसलिये अनवस्था दोष नही होता है ।

मात् । ननु धूमो वह्निं विना भवत्विति शङ्कां यदि निर्वह्निः स्यात्तदा निर्धूमः स्यादिति तर्को वारयिष्यतीति अपे। तच्च न अन्वयव्याप्त्यज्ञाने व्यतिरेकव्याप्तेरप्यबोधेन मूलशैथिल्येन प्रकृततर्कस्याप्याभासकत्वात् । अन्वयव्याप्तेस्तु ग्रहे सति तर्कानुसरणस्यैवायोगादिति चेत् । मैवम् । अयं हि विषयपरिशोधकतर्क इति नास्तीदानीमस्यावसर. तां तु शङ्कां व्याघातो

प्रश्न–धूम रूप कार्य कारण जो वह्नि उसके बिना ही होवे, इत्याकारक शका का यदि वह्नि न हो तो निर्धूम होगा इत्याकारक तर्क वारण करेगा. ऐसा यदि कहो तो यह नही हो सकता है. क्योकि अन्वय व्याप्ति के अज्ञात होने से व्यतिरेक व्याप्ति भी नही बनेगी । तो तर्क का मूल शिथिल होने से तर्क भी तर्काभास हो जायगा । यदि कदाचित् अन्वयव्याप्ति हो तब तो तर्क का अनुसरण करना सर्वथा निरर्थक हो जाता है ।

उत्तर–आपका यह कहना ठीक नही है, क्योकि यह जो तर्क है सो विषय शोधक तर्क है । अभी विषयशोधक तर्क का अवसर नही है । किन्तु शका का निराकरण व्याघात करता है, तर्क नही । अर्थात् शका का वारण रूप कार्य तो व्याघात का है । व्याघात से शका जाती है, तर्क से शका का निवारण नही होता है । जिससे कि तर्क मूलक होने से व्याप्तिग्रह के अभाव मे तर्क का मूल शैथिल्य होवे । व्याघात

वारयति न तु तर्क इति मदुपगमात् । तथाहि कारणं विना कार्यं भवत्विति वा सामान्यमुखी शङ्कास्यात् वह्नि विना धूमो भवत्विति वह्नि विनैव धूमो भवत्विति विशेषमुखी वा सर्वत्र व्याघातः । नन्वेवं शङ्कने सति व्याघात इतिशङ्कालम्बनतया प्रतीयमानो व्याघातः शङ्कां वारयिष्यतीति इति ब्रूपे तथा चोक्तप्रतीत्या व्याघातालम्बनत्वे न प्रतीता शङ्काप्रमितत्वान्नात्र

शंका का निवारक है तर्क नही है, ऐसा हम लोग मानते है । तथाहि कारण के बिना कार्य होवे एतादृश सामान्य मुखी शङ्का होगी । अथवा वह्नि के बिना धूम होवे यद्वा वह्नि के गिना धूम होवे ही नही, एतादृश विशेष मुखी शङ्का होगी । परन्तु सभी प्रकार की शङ्का में व्याघात बैठा है । यदि कारण के बिना कार्य हो तो कार्यार्थी नियमतः कारणोपादान मे प्रवृत्त नही होगा, यदि वस्तु कारण के बिना हो तब तो वह सवदा ही होगी, जैसे आकाश अकारणक है तो सर्वदा रहता है, अर्थात् नित्य है । तद्वत् घटादिक भी कारणानपेक्ष होने से शाश्वतिक होगा । अथवा कारण के न होने से वन्ध्या के पुत्र की तरह से कभी भी नही होगा । परन्तु कदाचित् होने कदाचित् न होने के कार्य तभी होंगे जब वे कारणावधिक हो । अर्थात् जब पूर्वावधि रूप से कारण हो तब कार्य होता है, पूर्वावधि में कारण नही होने पर कार्य नही

निषेद्धुं शक्यते । अथ व्याघातो न प्रतीतस्तदा व्याघातधी-विरहेण शङ्कास्त्येव विरोधिविरहादित्युभयथापि शंकास्ति । किं च आशंकापि व्याघातस्यावधिः पूर्वावधिः तामालम्ब्य व्याघातस्योत्थानात् । तथा च कथं तर्कः शंकाया अवधिः

होता । कदाचित् कारण समवधान समय हो और कारण के असमवधान में न हो, यही कादाचित्क शब्द का अर्थ है । अकारणक होने से कादाचित्कत्व का व्याघात हो जाता है । अत. कार्य जब होगा तो पूर्वावधि सापेक्ष ही रहैगा ।

प्रश्न–शङ्का होने से ही व्याघात होगा । शङ्का का निराकरण करने के लिये तो शङ्कालम्बनत्वेन प्रतीय मान (ज्ञायमान) व्याघात शका का वारण करेगा । ऐसा आप कहैंगे तो पूवोक्त प्रतीति से व्याघातावलम्बनत्वेन (व्याघात कारण रूप से) प्रतीत आशङ्का का ज्ञान होने से उस शङ्का का निराकरण व्याघात कैसे करैगा ? अथ यदि कहो कि व्याघात प्रतीत नही है तब व्याघात का ज्ञान न होने से शङ्का रहैगी ही, क्योकि शङ्का विरोधी व्याघात का अभाव होने से । इस प्रकार से उभयथापि शङ्का का अस्तित्व बना रहता है । और भी देखिये–आशङ्का भी व्याघात की अवधि है, पूर्व अवधि है, क्योंकि आशङ्का रूप पूर्वावधि को लेकर के ही व्याघात का उत्थान होता है । तब तर्क आशङ्का का अवधि उत्तर सोमा किस प्रकार से होगा ?

उत्तरसीमा भविष्यति तथाहि एवं सति व्याघातः स्यादित्येवं प्रतीत्या व्याघातः स्वालम्बनभूतां शंकां तावद्वारयिष्यति व्याघातप्रतीतिश्च विपर्ययपर्यवसिततर्काधीना तद्यथा यदि कारणमन्तरेण कार्यं स्यात्तदा स्यादेव वा न स्यादेव वा न तु कदाचित् स्यादिति तथा चैतत्तर्कमूलभूतव्याप्तावपि शंकोदये

तथाहि ऐसा होने से व्याघात होगा। इस प्रकार की प्रतीति से सिद्ध व्याघात स्वालम्बन भूत शङ्का का निवारक होगा। और व्याघात की प्रतीति तो विपर्यय पर्यवसायी तर्क के अधीन है, जैसे यदि कारण के बिना कार्य हो तो कारणाभावात् सर्वदा होता ही रहैगा अथवा कदाचिदपि नही होगा खपुष्प के समान। किन्तु कादाचित्क नही होगा। यह तर्क का आकार है, तब इस तर्क की मूलभूत जो व्याप्ति उसमे भी शङ्का का उदय होगा। तब तर्क शङ्का का अवधि उत्तर सीमा कैसे ? क्योकि शङ्का का प्रवाह तो निवृत्त होता ही नही है। एतदर्थक खण्डनकार की गाथा भी है। व्याघातो-यदीत्यादि–यदि व्याघात है तो शङ्का अवश्य रहैगी, क्योकि व्याघात शङ्का मूलक है, कार्य रहैगा तो कारण अवश्य रहैगा। यदि व्याघात नही है तो व्याघात रूप विरोधी के अभाव रहने से शङ्का अवश्य रहैगी, तब आशङ्का व्याघातावधिक कैसे ? तथा तर्क शंका का अवधि उत्तर सीमा किस प्रकार से होगा ? तर्क के व्याप्ति मूलक होने से शङ्का

र्कः शंकाया अवधिः शंकाप्रवाहस्यानिवृत्ते रित्यर्थकम् ।
व्याघातो यदि शङ्कास्ति न चेच्छङ्का ततस्तराम ।
व्याघातावधिराशङ्का तर्कः शङ्कावधिः कुत ।। इति
मैवम् विरुद्धस्व कयैव हि व्याघातपदार्थः सैव शङ्कोदय-
बन्धिकेति मदुपगमात् । न हि परबोधरूपकार्यार्थशब्द-
ादिकं करणमुपाददानस्य कारणं विना कार्यं भवत्विति-
ति नापि धूमार्थं नियमतो वह्नि तृप्त्यर्थं वा भोजनमुपा-
स्य विशेषमुखं शङ्कादयमुदेतीति । ननु स्वक्रिया कथं
प्रतिरूणद्धु विषयविरोधाद्यभावात् । यदि च शङ्का विरु-

ाह की निवृति नही होती है ।

उत्तर—मैवम्, यह आपका कहना ठीक नही है । क्योकि
जो स्वक्रिया, उसी का नाम है व्याघात । न कि
त नाम का कोई पदार्थान्तर है । यही विरुद्ध स्व क्रिया
ाघात शङ्का के उदय मे प्रतिबन्धक है, ऐसा हम
ानते है । व्यक्त्यन्तर को समझाने के लिये शब्द
रूप कारण का उपादान करने वाले पुरुष को कारण
ा कार्य होगा,' ऐसी शङ्का कभी नही होती है । न
ार्थी व्यक्ति वह्नि का ग्रहण करता हुआ तथा तृप्ति
भोजन मे प्रवृत्तमान 'पुरुष की कभी भी विशेष
ङ्का का उदय होता है, क्योकि तृप्ति प्रयोजकता का
मे निश्चय रहने के बाद ही भोजनादि कारण मे

प्रथमा चरमा चेत्यविनिगमश्चेति । तन्न । न हि व्याप्तिरनु-

इन दोनों की भी व्याप्ति होनी चाहिये । जैसे जहा जहां धूम है वहा वहा वह्नि रहतो है, इत्याकारक व्याप्ति धूमानल स्थल में होती है । उसी तरह से जहा जहां व्याप्ति है वहां वहा अनुमिति रहती है, इत्याकारक व्याप्ति अनुमिति की भी व्याप्ति होनी चाहिये, क्योकि व्याप्ति के बिना अनुमिति नही होती है, ऐसा मानने पर आत्माश्रय दोष हो जायगा, क्योकि व्याप्ति में व्याप्ति की वृत्तिता हो गयी । यदि कहे कि व्याप्ति की जो व्याप्ति है सो प्रथम व्याप्ति से भिन्ना है इसलिये आत्माश्रम दोष नही होता । आत्माश्रय एकता में ही होता है । सो भी ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने पर अननुगम दोष होगा । विलक्षण अर्थात् परस्पर भिन्न जो व्याप्ति द्वय है उसमे जब समानाकाग्क अनुमिति जनकता है तव प्रथम व्याप्ति कौन कहावेगी और कौन द्वितीय कहावेगी? इस प्रकार से अविनिगम दोष भी होता है ।

उत्तर–'तन्न' यह कहना ठीक नही है क्योंकि व्याप्ति अनुमिति की व्याप्य नही है । अनुमिति के विना भी व्याप्ति का सद्भाव रहता है । किन्तु अनुमिति ही व्याप्ति ज्ञान से व्याप्य है । क्योकि व्याप्ति ज्ञान से अनुमिति जन्या है, अतः अनुमिति में व्याप्तिज्ञान व्याप्यता है । इस कारण से आत्माश्रय दोष की यहा गन्ध मात्र भी नहीं है । तन्न से जो

द्धत्वेन ज्ञाता स्वक्रिया प्रतिरुणद्धि तदा शङ्काविरुद्धत्वस्य शङ्काविरहव्याप्यत्वरूपस्य ज्ञानाय तर्कानुसरणे पुनरनवस्थेति । मैवम् विरुद्धस्वक्रियामूलभूतं शङ्काविरुद्धकोट्यालम्बनं विशेषदर्शनमेव शङ्का प्रतिरुणद्धीति मदुपगमात । ननु भवतु व्याप्तिस्तथापि तस्याश्चानुमितेश्च व्याप्तिरेष्टव्या न हि व्याप्तिं विनानुमितिरुदेति । तथा चात्माश्च यः व्याप्तावेव व्याप्तेरभ्युपगमात् । अथ व्याप्तेर्व्याप्तिः प्रथमव्याप्तितो भिन्ना तदाननुगमः विलक्षणयोर्द्वयोरेकाकारानुमितिजनकत्वात्त्व-

---

प्रवर्तमान पुरुष को शंकोदय युक्ति के अनुभवादि से बाधित है ।

प्रश्न—विरुद्ध क्रिया रूप व्याघात शका का प्रतिबन्धक कैसे होगा ? क्योंकि विषयादिविरोध का अभाव है, विषय की एकता में भी विरोध होता है । यदि कहो कि शका स्व विरुद्ध रूप से जान करके स्व क्रिया उसका प्रतिरोध करती है । ऐसा कहो तब तो श का विरुद्धत्व श का विरह का व्याप्यत्व रूप है, तब व्याप्यत्व को जानने के लिये तर्क का अनुसरण करने से पुनः अनवस्था होती है ।

उत्तर—ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि विरुद्ध स्व क्रिया के मूलभूत (कारण) विरुद्ध कोटी का आलम्बन रूप विशेष दर्शन ही श का का प्रतिरोधक है, ऐसा मेरा उपगम है ।

प्रश्न—भलेही व्याप्ति बने, तथापि व्याप्ति तथा अनुमिति

प्रथमा चरमा चेत्यविनिगमश्चेति । तन्न । न हि व्याप्तिरनु-

इन दोनो की भी व्याप्ति होनी चाहिये । जैसे जहा जहा धूम है वहा वहा वह्नि रहती है, इत्याकारक व्याप्ति धूमानल स्थल मे होती है । उसी तरह से जहा जहा व्याप्ति है वहा वहा अनुमिति रहती है, इत्याकारक व्याप्ति अनुमिति की भी व्याप्ति होनी चाहिये, क्योकि व्याप्ति के बिना अनुमिति नही होती है, ऐसा मानने पर आत्माश्रय दोप हो जायगा, क्योकि व्याप्ति मे व्याप्ति की वृत्तिता हो गयी । यदि कहै कि व्याप्ति की जो व्याप्ति है सो प्रथम व्याप्ति से भिन्ना है इसलिये आत्माश्रम दोप नही होता । आत्माश्रय एकता मे ही होता है । सो भी ठीक नही है, क्योकि ऐसा मानने पर अननुगम दोप होगा । विलक्षण अर्थात् परस्पर भिन्न जो व्याप्ति द्वय है उसमे जब समानाकाग्क अनुमिति जनकता है तब प्रथम व्याप्ति कौन कहावेगी और कौन द्वितीय कहावेगी? इस प्रकार से अविनिगम दोप भी होता है ।

उत्तर—'तन्न' यह कहना ठीक नही है क्योकि व्याप्ति अनुमिति की व्याप्य नही है । अनुमिति के विना भी व्याप्ति का सद्भाव रहता है । किन्तु अनुमिति ही व्याप्ति ज्ञान से व्याप्य है । क्योकि व्याप्ति ज्ञान से अनुमिति जन्या है, अत अनुमिति मे व्याप्तिज्ञान व्याप्यता है । इस कारण से आत्माश्रय दोप की यहा गन्ध मात्र भी नही है । तन्न से जो

मितिर्व्याप्या तां विनापि सत्त्वात् किं त्वनुमितिरेव व्याप्तिधीर्व्याप्या तज्जन्यत्वात् । तथा चानुमितौ व्याप्तिधीव्याप्यत्वमस्तीति नात्माश्रयगन्धोऽपि । अथेदमनुमितिजनकं व्याप्तिमत्त्वादित्यत्र व्याप्तिमत्त्वं तावदनुमितिजनकतया स्वरूपयोग्यतारूपया व्याप्तं व्याप्तिमत्त्वं च व्याप्तिरेव तथा च व्याप्तिर्व्याप्तिमतीति स्यादात्माश्रय इति चेत् । न । भेदात् धूमानलादि-

उत्तर किया है उस उत्तर ग्रन्थ का यह अभिप्राय है कि व्याप्ति व्याप्य है और अनुमिति व्यापिका है ऐसा नही है, क्योंकि यदि ऐसा मानते है तो व्यापक का अभाव होने से व्याप्य का अभाव होता है, ऐसा नियम है। व्यापिका जो अनुमिति उसके अभाव से व्याप्ति का अभाव सिद्ध होना चाहिये, सो नही होता है। प्रत्युत अनुमिति है व्याप्या और व्याप्ति ज्ञान है व्यापक तो यहा व्याप्ति ज्ञान के अभाव से अनुमित्यभाव होता है, व्याप्ति से अनुमिति जन्या होती है।

प्रश्न–यह अनुमिति का जनक है व्याप्तिमान होने से। यहा व्याप्तिमत्व जो हेतु है सो स्वरूप योग्यता रूप अनुमिति जनकता से व्याप्त है, और व्याप्तिमत्व व्याप्ति है, तब तो व्याप्ति ही व्याप्ति हुई। तब आत्माश्रय दोष होगा ही।

उत्तर–यह कहना ठीक नही, क्योंकि परस्पर भेद होने से। धूम वह्नि की जो व्याप्ति है सो अनुमिति जनक होने से अनुमिति का अग है और व्याप्ति अनुमिति की

व्याप्तिविरहलिङ्गं तस्यास्त्वनुमितिजनकता व्याप्तिस्तदङ्गं सा च ततो भिन्ना सम्बन्धिभेदेन तस्या अपि भेदात् । न चैवमननुगमः अन्योन्याभावगर्भाया एव व्याप्तेरनुमितिजनकत्वात् । अस्त्वेवं तथाप्यविनाभावादिषु बहुषु व्याप्तिप्रस्थानेषु कामचारेण प्रतीयमानेषु अनुमितिरुदेतीत्यविवादं तत्र कीदृशं व्याप्तेर्ज्ञानमनुमितेरङ्गं न तावत् सर्वाकारमननुगमात् नापि नियतैकाकारं

जो व्याप्ति है सो उससे भिन्न है, सम्बन्धी के भेद होने से व्याप्ति का भी परस्पर भेद है । नही कहोगे की ऐसा मानने से तो अननुगम हो जायगा, सो भी ठीक नहीं है, क्योकि अन्योन्याभाव घटित अर्थात् साध्यवद यावृत्तित्व रूप जो व्याप्ति है उसी को अनुमिति जनकता है । इसलिये अननुगम नही होता है ।

प्रश्न–ऐसा हो, अर्थात् अन्योन्याभावगर्भित व्याप्ति को जनकता रहै, तथापि व्याप्ति के विचार मे तो अनेक व्याप्ति का कथन किया गया है । अविनाभाव रूप व्याप्ति अनोपाधिक व्याप्ति स्वभाव सम्बन्ध रूप व्याप्ति सामानाधिकरण्य रूप व्याप्ति अत्यन्ताभावघटित, अन्योन्याभाव घटित इत्यादि अनेको व्याप्ति का कथन है और इन सब मे से अन्यतम के ज्ञान से अनुमिति होती है, यह भी अविवाद है । तो इसमे मैं पूछता हू कि किमाकारक व्याप्ति ज्ञान अनुमिति या अंग है ? अर्थात् किस व्याप्ति का ज्ञान अनुमिति का

तदन्वयेप्यन्याकारव्याप्तिज्ञानादनुमितिसम्भवादितिचेन् मैवम्। कारणत्वव्याप्यत्वादीनां लघुगुरुविषयत्वसम्भवेन लघोरेवार्थे प्रमाणस्य कारणवाच्यत्वादिग्राहकत्वमिति तद्ग्राहकप्रमाणानां स्वभाव इति सर्वतन्त्रसिद्धान्तात्। तथा च यत्रात्यन्ताभावादिगर्भं व्याप्तिशरीरं गुरुतरमादौ स्फुरति तत्राप्यनुमितेः प्रागन्योन्याभावगर्भव्याप्तिशरीरस्फुरणं कल्प्यं प्रमाणवन्त्य-

---

जनक है? तो इसमे सभी व्याप्ति के ज्ञान को तो अनुमिति की जनकता नही कह सकते है, क्योंकि ऐसा कहने से अननुगम हो जायगा। न वा नियत अमुक व्याप्ति ज्ञान को ही अनुमिति जनकत्व कह सकते है। तादृश नियत एकाकारक व्याप्ति ज्ञान के न रहने पर अन्याकार व्याप्ति के रहने पर भी अनुमिति हो सकती है।

उत्तर–यह कहना ठीक नही है, क्योंकि कारणता मे व्याप्ति प्रभृति वस्तु मे लघु गुरु विषय की सम्भावना है। और लघु अर्थ मे ही प्रमाण को कारणत्व ग्राहकत्व होता है, गुरुभूत अर्थ मे नही। अर्थात् लघु धर्म मे कारणत्व अवच्छेदकत्व व्याप्तिमत्व की सम्भावना रहती है। गुरु धर्म मे अवच्छेदकत्वादिक नही माना जाता है। शुद्ध प्रमत्व मे यदि अवच्छेदकत्व मानने से निर्वाह हो सकता है तो गुरुभूत प्रमेय प्रमत्व मे अवच्छेदकता नही मानी जाती है। ऐसा कारणत्व व्याप्ति अवच्छेदकत्वादि ग्राहक

दृष्टानि कल्प्यानि सुबहून्यपीति भट्टवचनात् । अतः एव

प्रमाण का स्वभाव है, ऐसा सभी शास्त्रकार मानते हैं। तब ऐसा होने पर जहाँ प्रथमत. गुरुभूत अत्यन्ताभाव घटित व्याप्ति शरीर स्फुरित होता है वहाँ भी अनुमिति से पूर्वकाल मे अन्योन्याभाव घटित व्याप्ति के स्फुरण की कल्पना अवश्य करनी चाहिये। प्रामाणिक अनेक पदार्थो की भी कल्पना करनी चाहिये किन्तु अप्रामाणिक हो तो अल्प की कल्पना नही करना, ऐसा कुमारिल भट्ट ने भी कहा है। अन एव वीची तरगादि की कल्पना भी जहा की है सो भी ठीक ही है। इसी प्रकार प्रकृत मे प्रथम चाहे कोई भी व्याप्ति स्फुरित हो तो हो, परन्तु अनुमिति के पूर्वकाल मे अन्योन्याभाव घटित व्याप्ति स्फुरण की कल्पना अवश्य माननो चाहिये। अन्यान्याभाव घटित व्याप्ति मे लाघव है, तदित व्याप्ति मे गौरव होता है और कारणत्वादि ग्राहक प्रमाण का स्वभाव है जो वह लघु भूत अर्थ मे ही कारणत्वादि का ग्रहण करता है। गुरुभूत मे सम्भवित नही 'लघौ गुरौ तदभावादिति'। इति व्याप्ति निरवचनं समाप्तम्। यहा तक व्याप्ति का विचार समाप्त हो गया।

व्याप्ति खण्डन का उद्धार करके स्वाभिमत व्याप्ति स्वरूप का निर्वचन भी किया गया। इसके बाद पक्षता खण्डन का उद्धार करने के लिये अवतरण करते हैं, काचेय

वीचीतरङ्गादिकल्पनापि युक्ता । का चेयं पक्षधर्मतापि पक्षनिष्ठतेति यदि तदा प्रमेयत्वाद्यसंग्रहः । प्रमेयत्वं प्रमाविषयत्वं तच्च प्रमातो न भिन्नमपसिद्धान्तात् । किन्तु भिन्नं प्रकाशस्य सतस्तदीयतामात्रनिबन्धनः स्वभावविशेषो विषयविषयिभाव इत्याचार्यवचनात् । तच्च न घटादिनिष्ठमात्मवृत्तित्वादिति । मैवम् । घटादौ प्रमा मावर्तिष्ट स्वरूपतो

पक्षधर्मतापि इत्यादि प्रकरण से ।

यह पक्ष धर्मता वस्तु क्या है ? यदि पक्ष निष्ठत्व अर्थात् हेतु की पक्ष मे वृत्तिता को पक्ष धर्मता कहो तो प्रमेयत्व का सग्रह नही होगा । क्योकि प्रमेयत्व का अर्थ है प्रमाविषयता । प्रमा कहते है यथार्थ ज्ञान को । वह ज्ञान विषयता रूप प्रमेयत्व प्रमा से कोई भिन्न नही है, अपसिद्धान्तापात होने से । किन्तु भिन्न जो प्रकाश उसका सम्बन्धिता मूलक स्वभाव विशेष विषयविषयि भाव रूप है ऐसा आचार्य ने कहा है । प्रमा रूप प्रमा विषयता घट मे तो नही है किन्तु आत्मा मे है । क्योकि ज्ञानाधिकरण आत्मा ही है । जड घटादिक तो तदधिकरण नही है ।

उत्तर—यह कहना ठीक नही है, क्योकि जड होने से घटादि मे प्रमा समवाय सम्बन्ध से भले ही न रहे, आत्मा मे रहो है परन्तु वह प्रमा स्वरूपतः घटादि पदार्थ को विशिष्ट करती है इस लिये प्रमा को अभाव के समान घट

घटादिकं विशिंषन्ती तन्निष्ठेत्युच्यते अभाववत् । न चायमपि बाध्यो भूतले घटाभाव इत्यस्य सार्वलौकिकत्वेन बाधासम्भवात् । स्वरूपसम्बन्धेन धर्मधर्मिभावो न दृष्ट इति चेत् । तत्किं सम्बन्धान्तरेण दृष्टः नेति चेत् । नूनमन्धोसि यत्स्वमपि ब्राह्मणमुपवीतिनं च न पश्यसि । धर्मधर्मिभावो न सम्भवति भेदे चाभेदे च विरोधादिति चेत् । तर्हि प्रत्यक्षादिपरिकलितं जगदेवापह्नुषे मोमिति चेत् । तर्ह्यनेनैव प्रणवेन मध्यमागमानधीष्व तेन

निष्ट कहते हैं । नहीं कहो कि तब अभाव भी दृष्टान्ता बाधित वस्तु सिद्ध होती है, सो भी ठीक नहीं, क्योंकि भूतल में घटाभाव है, इस प्रकार सर्व लोक प्रसिद्ध अभाव है, इस प्रकार सर्व लोक प्रसिद्ध अभाव का बाध असम्भवित है । यदि कहो कि स्वरूप सम्बन्ध में तो धर्म धर्मी भाव नहीं देखा जाता है तब क्या सम्बन्धान्तर से भी नहीं देखा जा सकता है ? ऐसा कहो तब तो तुम निश्चित अन्ध हो । क्योंकि ब्राह्मण होकर भी अपने आपको उपवीत वाला नहीं देखते हो । नहीं कहो कि आधाराधेय में यदि भेद हो तब भी धर्म धर्मी भाव नहीं हो सकता है । गवाश्व के समान । यदि अभेद हो तब भी धर्म धर्मी भाव नहीं हो सकता है, घट घटवाला है ऐसी प्रतीति नहीं होती है । इस प्रकार से भेद अभेद दोनों पक्ष में विरोध होने से धर्म धर्मी भाव अनुपपन्न है, ऐसा कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि तब तो तुम ने प्रत्यक्ष परिदृष्ट जगत् का ही अपलापकर

सर्वापह्नोतापि भ्राजसे । अस्ति वस्तुभूतं ब्रह्मास्माकमिति चेत् । तर्हि कुतोऽज्ञासीः । न तावदुपनिषत्तत्र प्रमाणं तत्र मूकत्वात् विश्वमेव निषेधन्ती ब्रह्मणि मूकीभवन्ती सा ब्रह्मानुजानातीति

दिया । यदि ओम् कहो अर्थात् सम्पूर्ण जगत् के अपलाप को स्वीकार करो तो इसी प्रणव मन्त्र के जप से माध्यमिक बौद्ध के आगम का अध्ययन करो । जिससे ज्ञान ज्ञेयात्मक जगत् का अपलाप करने वालो के बीच मेतुम्हारा ऊंचा आसन हो जायगा । अर्थात् बौद्धमत मे आपका प्रवेश हो जायगा । नही कहो कि माध्यमिक तो सर्वापलापी है, मैं तो केवल जड का ही अपलाप करता हूँ । ब्रह्म रूप वस्तु भूत पदार्थ को तो मानता हूँ । तो यह भी कहना ठीक नही है, क्योकि आपको ब्रह्म रूप वस्तु का ज्ञान किस प्रमाण से होता है ? यदि आप कहो कि ब्रह्म मे उपनिषत् प्रमाण है । तो वह भी ठीक नही क्योकि "यतो वाचा निवर्तन्ते" इत्यादि श्रुति से सिद्ध है कि ब्रह्म बोध कराने मे आगम मूक (असमर्थ) है । इसलिये ब्रह्म बोध मे उपनिषत् को प्रमाणत्व सिद्ध नही होता है । यदि कहो कि "अतोऽन्यद-तिमित्यादि" श्रुति के बल से विश्वमात्र को निषेध हुई तथा "यतो वाचो निवर्तन्ते" से ब्रह्म मे मूक होती हुई उपनिषत् सर्ववाध की अवधि रूप ब्रह्म को अनुज्ञा करती है, तो सो भी ठीक नही है क्योकि तब तो उपनिषत् ब्रह्म मे प्रमाण नही है किन्तु मूको भावान्यथानुपपत्ति को

चेत् । न तर्हि तत्रोपनिषत् प्रमाणं किन्तु मूकीभावान्यथानुपपत्तिः तथा च ब्रह्मानुमेयं प्राप्तव्यवहारदशायां श्रुतिरेव तद्गमयति शेषे तु स्वप्रकाशं तत् सिध्यति इति चेत् तर्हि तत् सर्वथा प्रमेयतां नातिवर्तते मेयमातृमितिमानरूपेण तन्निर्वक्तुं न शक्यते सर्वत्र दोषग्रहादिति चेत् धिगज्ञ यच्चक्षुष्पथे मनःपथे च न प्रतिबिम्बते तन्मनुषे यत्तु भयत्र जागर्ति तदपह्नुषे किमत्र

प्रमाण मानना चाहिये । तब तो ब्रह्म अनुमेय होता है तथा व्यवहार दशा में श्रुति ही ब्रह्म को समझाती है और अन्त में स्व प्रकाश रूप से ब्रह्म सिद्ध होता है । ऐसा कहो तब तो ब्रह्म प्रमेयता का अतिक्रमण नही करता है । किन्तु प्रमाण गम्य होने से प्रमेय हो जाता है, सो तो आपके सिद्धान्त के प्रतिकूल है । यदि कहो कि प्रमेय प्रमाता प्रमिति प्रमाण रूप से ब्रह्म का निर्वचन नहीं कर सकते है क्योंकि सभी पक्ष में दोष ज्ञात होता है । अर्थात् ब्रह्म प्रमाता है, यह पक्ष दोष से दुष्ट है, ब्रह्म प्रमाण प्रमेय प्रमिति रूप है तो इसमें भी दोष है । ऐसा कहो तब तो हे अज्ञ मूर्ख ! जो पदार्थ (अर्थात् ब्रह्म रूप पदार्थ) चक्षु अथवा मन का विषय ही नहीं है, उसका स्वीकार तो करते हो और जो घटादि पदार्थ सब प्रमाणों द्वारा समर्थित है उनको नही मानते हो तो इसमें हम लोग क्या कहें ? अर्थात् तुम्हारा यह कथन अप्रामाणिक है ।

नुमः । अस्तु तावदिदं तथापि का पक्षता सिषाधयिषाघटितेति चेत् कासौ सिषाधयिषा प्रतिपादयिषा वा प्रतिपित्सा वा नाद्यः स्वार्थानुमितौ तदभावात् नान्त्यः अनिष्टानुमितौ तद्विरहादिति । मैवम् । सिषाधयिषायोग्यता हि पक्षता सा च प्रपञ्चितानुमाननिर्णये ।

प्रश्न–इन सब बातो को रहने दीजिये । फिर भी पक्षता वस्तु क्या है ? यदि पक्षता को सिषाधयिषा घटित कहें तो मैं पूछता हू कि यह सिषाधयिषा नामक वस्तु क्या है ? क्या प्रतिपादन विषयक इच्छा का नाम सिषाधयिषा है अथवा ज्ञान विषयक इच्छा का नाम सिषाधयिषा है ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है, क्योकि स्वार्थानुमान मे प्रतिपादनेच्छा नही है । न वा अन्तिम पक्ष ही ठीक है क्योकि अतिपयक अनुमिति मे प्रतिपित्साका अभाव होने से ।

उत्तर–ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि सिषाधयिषा पक्षता नही है किन्तु सिषाधयिषा की जो योग्यता है उस का नाम पक्षता है । मैने इस विषय पर अधिक विचार अनुमान निर्णय मे किया है, अर्थात् सिषाधयिषा विरह विशिष्ट सिद्ध्यभाव पक्षता है । यह पक्षता कही विशेष्याभाव द्वारा कही विशेषणाभाव द्वारा कही उभयाभाव द्वारा रह कर के अनुमिति मे अंग पडती है । इस स्थिति मे खण्डनकार का जा विकल्प जाल है सो अरण्य रोदन न्याय विषयता का अतिक्रमण नही करता है । विशेष अनुमान निर्णय मे देखें । अनुमान खण्डनोद्धार पूरा हुआ ।

उपमानखण्डनोद्धारः प्रारभ्यते ॥

उपमानमपि सादृश्यमानं यच्चोक्तं गोसदृशो गवयः प्रायः कानने महति दृश्यते इति श्रुतवाक्यस्य काननपदाविदितसङ्गते गवयपदविदितसङ्गतेश्च काननपदमङ्गतिप्रतिपत्तिः फलमित्यतिव्यापकत्वमिति । तदसत् । इह प्रभिन्नकमलोदरे मधूनि मधुकरः पिबतीत्यत्र पुरोवर्तिप्रभिन्नकमलोदराधिकरणकमधुपानकर्तृकत्वस्येव गोसादृश्यविशिष्टगवयदर्शनविपयाधारत्वे

यहा से उपमान खण्डनोद्धार आरम्भ हुआ ॥

सादृश्य प्रमाण रूप उपमान भी एक प्रमाण है। जिसके विपय मे कहा गया है कि गोसदृश गवय प्राय महान कानन अर्थात् वन मे देखने मे आता है। इस प्रकार से वाक्य जिसने सुन लिया है तादृग पुरुप को कानन पद का शक्ति ज्ञान नही है ओर गवय पद के सगति (शक्ति) ग्रह वाले पुरुष को कानन पद का सगति ज्ञान रूप फल होता है। तो उसमे उपमान लक्षण की अतिव्याप्ति हो जोती है। ऐमा जो कहते हैं सो असत् है अर्थात् ठीक नही है, क्योकि प्रभिन्नकमलोदरे विकासित कमल के बीच मे मधुकर मधु पान करता है, यहा पुरावर्ति विकसित कमलोदराधिकरणक मधुपानकर्तृकत्व की तरह गो सादृश्य विशिष्ट गवय ज्ञान विपयाधार होकर के सादृश्य का अथवा वैधर्म्य को उपमान रूपण कानन पद की सगति वाचकत्व हाता है।

सति सदृत्वस्य वैधर्म्यस्योपमानीमावेनैव काननपदसङ्गतिबोध-कत्वात् । न च पदान्तरसमभिव्याहारोत्थाया अन्यथानुपपत्ते-रेवायं प्रभाव इति युक्तं कीदृग्गवय इति प्रश्ने यथा गौस्तथा गवय इति श्रुतोत्तरवाक्यस्य तादृशे पिण्डे दृष्टे अतिदेशवा-क्यार्थानुपसन्धाने गोसदृशोयं पिण्ड इत्येवं रूपे ज्ञाते गवय-शब्दवाच्योऽयं पिण्ड इति तावदनुभूतिरुदेति सा च न वाक्य-

प्रश्न—नही कही कि पदान्तर के समभिव्याहार से जायमान जो अन्यथानुपपत्ति उसी के बल से एतादृश ज्ञान होता है, सो युक्त नही है, क्योकि गवय कैसा होता है ? ऐसा प्रश्न होने के बाद जैसी गाय है वैसा ही गवय होता है, इस प्रकार से श्रुत है उत्तर वाक्य जिसको. उसको तादृश अर्थात् सादृश विशिष्ट पिण्ड देखने के बाद अति देश वाक्यार्थ का अनुसन्धान होने से गो सदृश पिन्ड है इस प्रकार से ज्ञान होने के बाद यह पिंड गवय शब्द वाच्य है, इत्याकारक ज्ञान उत्पन्न होता है । वह ज्ञान केवल वाक्य से नही हो सकता । यदि ऐसा माने कि केवल वाक्य से वह ज्ञान होता है तब तो जिसने तादृश गवय पिंड का प्रत्यक्ष नही किया है उस पुरुष को भी तादृश ज्ञान हो जायगा । न वा केवल प्रत्यक्ष ज्ञान से तादृश पिण्ड ज्ञान हो सकता है, क्योकि तब तो जिसको वाक्य श्रवण नही हुआ उसको भी यह पिण्ड गवय शब्द वाच्य है । ऐसा

मात्रात् अप्रत्यक्षीकृतपिण्डस्यापि प्रसङ्गात् नापि प्रत्यक्षमात्रात् अश्रुतवाक्यस्यापि प्रसङ्गात् नापि तयोः समाहारात् भिन्नकालयोस्तयोः स्वरूपसमाहारासम्भवात् । अथ वाक्यतदर्थयोः स्मृतिद्वारोपनये गवयपिण्डसम्बद्धेनेन्द्रियेणास्तु समयपरिच्छित्तिरित्यपि न तदापीन्द्रियेण सादृश्याग्रहे समयरिच्छेदासिद्धेः ।

ज्ञान हो जायगा । न वा वाक्य और प्रत्यक्ष के समाहार से गवय शब्द वाच्योयं पिण्ड इत्याकारक ज्ञान हो सकता है । क्योकि भिन्न कालिक जो वाक्य और प्रत्यक्ष, इन दोनो का स्वरूप समाहार नही हो सकता है । समानकालिक पदार्थ द्वय का ही समाहार होता है भिन्न कालिक का नही । यदि कहो कि वाक्य नदर्थ का स्मरण द्वारा उपनीयमान होने से गवय पिण्ड सम्बद्ध जो इन्द्रिय उसी से गवय पद का शक्ति ग्रह बने, अर्थात् गवय सम्बद्ध इन्द्रिय वाक्य तदर्थ स्मरण सहकृत होकर के समय का परिच्छेदक वने तो क्या क्षति है ? तब यह कहना भी ठीक नही है क्योकि इन्द्रिय से सादृश का ज्ञान न होने सादृश्य ज्ञान करणक समय परिच्छेद नही हो सकता है । अथ यदि कहो कि इन्द्रिय तथा गवय पिण्ड सम्बन्ध वृत्ति जो सादृश्य विपयक ज्ञान उसको व्यापार बनाकर के तादृश व्यापार सहकृत इन्द्रिय गवय सम्बन्ध समय का परिच्छेदक बने । सो भी ठीक नही है, यदि ऐसा हो तब तो तृतीय लिंग परामर्श को

अथेन्द्रियगवयपिण्डसम्बन्धं तन्निष्ठं गोसादृश्यविषयं व्यापारीकृत्य समयं परिच्छिनत्त्विति चेत्। हन्तैवं तृतीयलिङ्गपरामर्शं व्यापारीकृत्य वह्निमपि परिच्छिनत्त्विति गतमनुमानमपि। अथ चक्षुषि निमीलितेपि तत्फलं तृतीयलिङ्गपरामर्शो व्याप्रियमाणो भिन्नं प्रमाणमिति यदि हन्त तदा निमीलितेपि चक्षुषि सादृश्यधीर्व्याप्रियमाणा भिन्नं किं न स्यात् एवं धिक्करभकमित्यादौ पश्वन्तरवैसादृश्यधीरपीति तथा च सादृश्यं तद्धीर्वा भिन्नं प्रमाणं गवयत्वेन निमित्तेन गवयपद-

व्यापार बनाकर के इन्द्रिय से पर्वत मे वह्नि विषयक ज्ञान हो जायगा, अनुमान कथा ही उड जायगी। अथ कहो कि चक्षु के निमीलन काल मे भी चक्षु का कार्य (फल) जो परामर्श कार्योन्मुख देखने मे आता है, इसलिये परामर्श एक अतिरिक्त प्रमाण है, न कि प्रत्यक्ष व्यापार तथा उसका प्रत्यक्ष मे समावेश होता है। ऐसा कहो तब तो चक्षुरादि इन्द्रिय निमीलितावस्था मे भी सादृश्य ज्ञान क्या वह प्रियमाण अर्थात् कार्योन्मुख होता हुआ परामर्श की तरह अतिरिक्त प्रमाण नही होगा ? अर्थात् सादृश्य ज्ञान अतिरिक्त प्रमाण है ही। इसी तरह से धिक्करभकमतिलम्बोष्ठग्रीवम् इत्यादि स्थल मे पश्वन्तर वै सादृश्य ज्ञान भी अरिरिक्त प्रमाण होता है। ऐसा होने से सादृश्य अथवा सादृश्य विषय ज्ञान एक भिन्न प्रमाण है और गवयत्व रूप

वाच्योयमित्यनुभूतिर्भिन्नं फलं परिशेषात् प्रश्नस्य प्रवृत्तिनिवृत्तिविषयोत्तरम्यापि तत्पर्यवसायित्वात् । इयं चानुभूतिस्तिसृषु प्रमितिषु चानिविशमाना चतुर्थी सेयमुपमितिरित्युच्यते एवमेतस्याः करणं चतुर्थं प्रमाणमुपमानमिति चोच्यते एवं धिक्करमकमित्यादावपि निन्दापरे वाक्य स्वरूपाख्यानपरं

निमित्त को लेकर के यह गवय पद वाच्य है, एताद्दश ज्ञान परिशेष से एक अतिरिक्त फल कार्य है ।

यथोक्त उपलम्भाभाव तो हो नहीं सकता है, क्योकि आहार्य आरोप लक्षण उपलम्भ तो अवश्य रहेगा, तब तदभाव रूप अनुपलब्धि कैसे हुई ? नहो कहो कि प्रतियोगित्व प्रकारक जो प्रमा ज्ञान तदभाव रूप उपलम्भाभाव कारण है । सो कहना भी ठीक नहीं है, क्योकि प्रमाणान्तर से पूर्व कालिक प्रमा ज्ञान मे भी दोष के बल से अभाव भ्रम हो जाता है । नही कहो कि अभाव प्रमा मे प्रतियोगित्व प्रकारक जो प्रमा तदभाव कारण है, सो भी ठीक नही है। क्योकि प्रतियोगिमत्त्वेन अधिकरण का जहा प्रमात्मक ज्ञान रहने पर भी यह पदार्थ यहा पहिले नहीं था, ऐसी प्रतीति होती है ।

प्रश्न—वहा जिस काल मे अभाव का ज्ञान होता है उसका उत्तर—क प्रतियोगिमत्व वहा कभी प्रमा का अभाव ही है। भगवती महिता स्थल मे तत्कालीन प्रतियोगिमत्ता की इस काली प्र प्रतीति नहीं होती है प्राङ्नास्तिता से विरोध

क्वापि न सिद्धेति कथं तदभावलक्षणानुपलब्धिः सिध्यतु प्रतियोग्यसिद्धेरिति चेन्मैवम् । अभावसमयेऽधिकरणे प्रतियोगिमत्त्वप्रकारकप्रमाविषयत्वाभावस्यानुपलब्धित्वात् प्रमा चेह यथार्थधीमात्रं अतः प्राङ्नास्तिताधीस्थले तादृशस्मरणाभावकत्वमनुपलब्धिरेव तादृशानुभवाभावस्मरणाभावयोर्द्वयोरपि प्रतियोगिसत्त्वविरोधित्वाविशेषात् । ननु यदि स्यादुपल-

---

उत्तर–अभाव कालिक प्रतियोगिमत्ता का प्रतीति कही सिद्ध नही है । अर्थात् जिस समय मे जिसका जहा अभाव ज्ञान है, वहा उस प्रतियोगी का ज्ञान कही सिद्ध नही है । तब प्रतियोगी की असिद्धि होने से तदभाव रूप अनुपलब्धि कैसे सिद्ध होगी ?

समाधान–अभाव समय मे अधिकरण मे प्रतियोगिमत्व प्रकारक जो प्रमा, तादृश प्रमाविषयत्वाभाव को अनुपलब्धि कहते हैं । यहा प्रमा शब्द का अर्थ है यथार्थ ज्ञान मात्र । प्राङ्नास्तिता स्थल मे भी पूर्वोक्त स्मरणाभाव को ही अनुपलब्धि कहते है । जिस प्रकार से तादृश अनुभवाभाव प्रतियोगिसत्व का विरोधी होता है उसी प्रकार से तादृश स्मरणभाव भी प्रतियोगी सत्व का विरोधी है । अनुभवाभाव स्मरणाभाव दोनो मे विरोधिता समान रूप से है ।

प्रश्न–यदि घट यहा होता तो उपलभ्य मान होता,

भ्येत न चोपलभ्यते तस्मान्नास्तीति तावदनुपलब्धेः शरीरमेवं चानुभवाभावरूपैव सेति सिद्ध्यति तत्कथं प्राङ्नास्तितायां स्मरणाभावरूपां तामात्थेति चेत् । सत्यम् । वस्त्वभावव्याप्यो-नुभवाभावः तद्व्याप्यश्च स्मरणाभावोऽत्रेति व्याप्यव्याप्यस्य सुतरां व्याप्यतयानुमानस्य जघन्यतया साक्षादेव स्मरणा-भावेन वस्त्वभावानुमितिरुक्ता । अस्त्वेवं तथापि स्मरणाभावो

परन्तु उपलब्ध नही होता है इससे घट नही है, अर्थात् घटा-भाव है, यही तो अनुपलब्धि का स्वरूप है । ऐसा होने से अनुभव के अभाव रूप से अनुपलब्धि का स्वरूप सिद्ध होता है । तब आप किस प्रकार से कहते है कि प्राङ्-नास्तितता स्थल मे स्मरणाभाव रूपा अनुपलब्धि है । अर्थात् अनुपलब्धि का स्वरूप तो अनुभवाभाव रूप युक्ति से सिद्ध होता है, तब स्मरणाभाव को अनुपलब्धि किस प्रकार मे कहते हो ?

उत्तर--सत्यम्, आप ठीक कहते हो, किन्तु वस्तु के अभाव का व्याप्य अनुभव का अभाव होता है । अर्थात् घटानुभवाभाव है व्याप्य और घटाभाव है व्यापक । जहा घटानुभवाभाव रहेगा वहा घटाभाव अवश्य रहेगा । धूम वह्नि की तरह से । और अनुभवाभाव का व्याप्य होता है स्मरणाभाव । तो वह स्मरणाभाव यहा है व्याप्य । व्याप्य सुतरामव्याप्य होता है, इस स्थिति मे अनुमान के निकृष्ट होने से साक्षात्स्मरणाभाव से वस्त्वभाव की अनु-

नानुपलब्धिः सत्यं तत्स्थानाभिषिक्ततया सोप्यनुपलब्धिरुक्त इति एवं च खण्डनकृता द्विजिह्वेन प्रमाणानि विदश्य षोडशपदार्थी कदर्थिता सेयं मया गुरुचरणसेवापरेण जाङ्गलिकप्रवरेण जगदहङ्कारेण निरामयीकृतेति ।

मिति कही गई है । भल ऐसा ही हो, तथापि स्मरणाभाव तो अनुपलब्धि नही है । ठीक है किन्तु अनुभवाभाव रूप अनुपलब्धि स्थान मे अभिषिक्त होने के कारण स्मरणाभाव भी अनुपलब्धि कहलाता है । इस प्रकार से खण्डनकार श्रीहर्ष रूप सर्प ने प्रमाण का काट करके (खण्डन करके) अर्थात् अवयव मे क्लेश देकर के अवयवी रूप जो षोडशपदार्थीतत्र उसको क्लेश पहुँचाया अर्थात् न्याय सिद्धान्त का खण्डन किया उसको श्रीगुरु सेवा मे निरत मैंने श्री गुरु प्रसाद से प्राप्त सर्पविषहरण मन्त्र से स्वस्थ कर दिया । अर्थात् जैसे कोई मान्त्रिक गुरु सेवा से मन्त्र प्राप्त करके सर्प दष्ट पुरुष को स्वस्थ बना देता है । मरने नही देता, इसमे केवल परोकार मात्र मूल रहता है । इसी प्रकार जगदनुग्रह बुद्धि से गुरुसेवा से प्राप्त विद्या के द्वारा हर्ष का खण्डन करके न्यायतन्त्र को सर्वथा स्वस्थ कर दिया ।

श्रीहर्षेण तु सर्पेण प्रमाणं खडितं पुरा ।
गुरुसम्प्राप्तविद्याभिरिदानीं मण्डितं मया ।।

इति प्रमाण प्रकरणम् ।

अथ प्रमाणाभासखण्डनप्रकरणम्

अथ प्रमाणखण्डनानन्तरं तदाभासखण्डनं प्रस्तौति कश्चायमसिद्धो नाम व्याप्तिपक्षधर्मताभ्यामप्रमितोऽसिद्ध इति चेन्न । हेत्वाभासान्तराणामप्येवमसिद्ध एव प्रवेशापत्तेः व्याप्तिपक्षधर्मतां तत्प्रमितिं चाविरुद्धतां विना हेतुदोषत्वासम्भवात् । अथ व्याप्तिपक्षधर्मतया प्रमाविरहो नासिद्धो येन सर्वत्रासिद्धसङ्करः

अथ प्रमाण खण्डन करने के पीछे प्रमाणाभास अर्थात् हेत्वाभास का खण्डन करने के लिये प्रक्रम करते है। अनुमिति कारणीभूत जो अभाव तत्प्रतियोगी यथार्थ ज्ञान विषयत्व, यह हेत्वाभास सामन्य का लक्षण है। समन्वय ह्रदो वह्निमान इत्याकारक जो अनुमिति उसमे कारणीभूत जो अभाव बाधाभाव उसका प्रतियोगी जो यथार्थ ज्ञान वह्न्यभाववान ह्रद इत्याकारक ज्ञान, तद्विषयता वह्न्यभाव वत् ह्रद में है, इसलिये वह्न्यभाववत् ह्रद हुआ, तादृश दोषवान् जो हेतु सो दुष्ट कहलाता है। यह असिद्ध वस्तु क्या है ? यदि कहो कि व्याप्ति धर्मता से अप्रमित जो हेतु उसका नाम है असिद्ध। अर्थात् जिस हेतु मे व्याप्त न रहैं, पक्ष-धर्मता न रहै, यद्वा तद्विपयक प्रमा न हो, उसको असिद्ध हेत्वा-भास कहते हैं। यह कहना भी ठीक नही है, क्योंकि

स्यात् किञ्च तादृशधीविरहो न हेत्वाभासोऽज्ञायमानत्वात् आत्ममनः संयोगाद्यभाववत् किन्तु व्याप्तिपक्षधर्मतावैशिष्ट्य-विरह एव ज्ञायमानदोषत्वात् ज्ञायमानकरणे उत्सर्गतो ज्ञायमानस्यैव विरोधिनोऽसाधारणदोषत्वात् तथा च यत्र व्यभिचारविरोधावद्वारीकृत्य व्याप्त्यभावः प्रतीयते तत्रैव व्याप्यत्वासिद्धिः यथा नीलधूमशरीराजन्यत्वयोः यत्र तु पक्षासिद्धिस्तत्राश्रयासिद्धिः यत्र च सत्यपि पक्षे हेतोस्तद्धर्मता-

---

असिद्ध का लक्षण ऐसा मानो तब तो अन्य हेत्वाभास का प्रवेश भी असिद्ध में ही हो जायगा। जो व्याप्ति की पक्ष धर्मता अथवा तद्विषयक ज्ञान का प्रतिबन्धन करता है उसमे हेतु दोषत्व है ही नही। व्याप्ति पक्षधर्मता की जो प्रमा तदभाव का नाम असिद्ध नही है जिससे कि विरुद्ध का साकर्य होवे। और भी देखिये व्याप्ति पक्ष धर्मता का ज्ञान भाव हेत्वाभास नही है. अज्ञायमान होने से आत्म मनः सयोग की तरह। किन्तु व्याप्ति पक्ष धर्मता का जो वैशिष्ट्य तदभाव का नाम है असिद्ध। ज्ञायमान करण मे स्वभावतः ज्ञायमान जो विरोधी, वही असाधारण रूप से दोष होता हैं। तब जहा व्यभिचार अवथा विरोध को द्वार नही बना करके व्याप्ति का अभाव प्रतीयमान होता है, अर्थात् जिस स्थल मे व्यभिचार विरोध मूलक व्याप्त्यभाव प्रतीयमान नही होता है उसी स्थल मे व्याप्य-

विरहस्तत्र स्वरूपासिद्धिः एते च दोषा असिद्धमध्यमध्यासते यत्र तु व्यभिचारेण विरुद्धतया वा व्याप्तिभङ्गावगमस्तत्र यथायथं सव्यभिचारविरुद्धौ दोषानुपजीव्यत्वात् ताभ्यामेव प्रथमावगताभ्यामनुमानस्यासाधकीकरणात् न हि साध्यव्यभिचारी साध्याभावाव्यभिचारी वा साध्यसाधक इति सम्भवतीति सत्प्रतिपक्षे तु नासिद्धिगन्धोऽपि किन्तु परस्परप्रतिबन्धेनानु-

---

त्वा सिद्धि दोष होता है जैसे नोल धूम और शरीराजन्यत्व हेतु मे । जिस स्थल मे पक्षासिद्धि है उसी स्थल मे आश्रया सिद्धि दोष होता है । जैसे काचनमय पर्वत है, यहा काँचनमयत्वाभाववत्पर्वत आश्रयासिद्धि है । जिस स्थल मे पक्षतो सत् है परन्तु हेतु मे पक्ष धर्मता का अभाव है अर्थात् हेतु पक्ष मे नही रहता है, उस स्थल मे स्वरूपासिद्धि दोष होता है । जैसे शब्द अनित्य है चाक्षुष होने से । यहाँ चाक्षुषत्व हेतु है सो शब्द रूप पक्ष मे नही रहता है, शब्द चक्षुरिन्द्रिय जन्य ज्ञान का विषय नही है अपितु श्रावण है, यह व्याप्यत्वासिद्धि आश्रयासिद्धि स्वरूपसिद्धि तीनो ही असिद्धि दोष के अन्तगत हैं । जिम स्थल मे व्यभिचार (साध्याभावाधिकरण मे हेतु की वृत्तिता को व्यभिचार कहते हैं) द्वारा अथवा विरुद्ध द्वारा (साध्याभाव व्याप्त हेतु को विरुद्ध कहते है, जैसे इय गौरश्वत्वात् यहा गोत्वाभाव व्याप्त अश्वत्व है) व्याप्यभाव का अवगम होता

मित्यजनकत्वं बाधेपि न सामान्यसम्बन्धस्य प्रथमगृहीतस्य बाधेन भङ्गः समानविषयत्वाभावात् किन्तु पक्षे बाधेन तद्व्यतिरिक्तविषयता प्रथमगृहीतसम्बन्धस्य व्यवस्थाप्यते तद्व्यवस्थापनाय च मध्ये पक्षेतरत्वमुपाधिः कल्प्यते। अत एवाह बाधेन, परोपाधिमुन्नीयतामन्यथा वेति न कश्चिद्विशेष

है उस स्थल मे यथाक्रम स व्यभिचार विरुद्ध दोष होता है। यहा दोषान्तर की सम्भावना नही होने से, प्रथमावगत व्यभिचार विरुद्ध से अनुमान दुष्ट हो जाता है। साध्य का व्यभिचारी वा साध्याभाव का अव्यभिचारी हेतु साध्य का साधक नही होता है। सत्प्रतिपक्ष स्थल में तो असिद्धि दोष की गन्ध भी नही है। अर्थात् सत्प्रतिपक्ष स्थल मे तो असिद्धि की संभावना नहीं होती। किन्तु सत्प्रतिपक्षस्थल में परस्पर प्रतिबन्ध होने से अनुमिति अनुत्पादक होती है, जैसे पर्वत वह्निमान है धूम होने से। पर्वत वह्न्यभाव वान है पाषाण मय होने से। यहाँ प्रथम हेतु जन्यानुमिति को द्वितीय हेतु रोकता है और द्वितीय हेतु जनितानुमिति को प्रथम हेतु ? प्रति बन्ध से अनुमिति अजनकत्व मात्र होता है। ह्रदो वह्निमान् धूमादित्वादि बाध स्थल मे तो प्रथम गृहीत सामान्य सम्बन्ध के बाध से भग नही होता है। क्योंकि समान विषयता का अभाव होने से समान अधिकरण मे जब वह्नि वह्न्यभाव

इति । यद्वा सत्प्रतिपक्षबाधौ साक्षात्प्रतिबन्धकतयैव दोषा-विति । तथा च यत्र व्याप्तिपक्षधर्मताप्रमितेविरहस्य विरोधिधियं विना धीस्तत्रासिद्धो हेत्वाभासः यत्र तु व्याप्तिविरहस्य व्यभि-चारादिधिया धीस्तत्र यथा कथं सव्यभिचार विरुद्धौ । यत्र तु प्रतिपक्षस्य धीस्तत्र बाधप्रतिरोधौ । नन्वेवमपि व्याप्तिपक्ष-धर्मताधीसाध्यानुमितिरिति तद्विरह एको दोषोऽस्तु तथा

रहैगा तभी बाध्य बाधक भाव होगा, असमान विषय मे नही । किन्तु बाधस्थल मे प्रथम गृहीत सम्बन्ध का पक्ष व्यतिरिक्त मे अर्थात् पक्षभिन्न वृत्तिता मात्र का व्यवस्थापन किया जाता है इस पक्ष व्यतिरिक्त विषयता का व्यवस्थापन करने के लिये मध्य मे पक्षेतरत्व की उपाधिरूप से कल्पना करते हैं । अत एव कहा है कि बाध द्वारा एक अतिरिक्त उपाधि का उन्नय कीजिये अथवा प्रकारान्तर से उपाधि का उत्थान किया जाय । इसमे कोई विशेषता नही है अर्थात् बाध से उपाधि के उन्नयन को अथवा प्रकारा-न्तर से उपाधि के उत्थान को अथवा सत्प्रतिपक्ष और बाध साक्षादेव अनुमिति को प्रतिबन्धक होने से दोष कहा जाता है । ऐसा हुआ तब जिस स्थल मे विरोधी ज्ञान के विना व्याप्तिपक्ष धर्मता तत्प्रमिति का अभावज्ञान होता है, उस स्थल मे यथा योग्य सव्यभिचार तथा विरुद्ध हेत्वाभास होता है और जिस स्थल मे साक्षात् अनुमिति विरोधी का ज्ञान रहता है उस स्थल मे वह्निमान् ह्रद इत्यादि स्थल मे

बाधप्रतिरोधावपि साक्षाद्दोषौ प्रतिबन्धकत्वादिति सन्तु त्रयोमी हेत्वाभासाः सव्यभिचारविरोधौ तु कथं तौ हि व्याप्तिविरहं गमयन्तावुपाधिवद्भवितुमर्हत इति नैव्द्याप्तिविरहोन्नायकावपि तौ प्रथमोपस्थितत्वे सति स्वतो दूषणाक्षमत्वात् पृथगिति खण्डने न्यायमतसङ्क्षेपः ।

बाध सत्प्रतिपक्ष दोष होता है ।

प्रश्न–ऐसा होने पर भी अनुमिति व्याप्ति पक्षता ज्ञान साध्य होनी है । इसलिये तदभाव व्याप्ति पक्षधर्मता विरह को एक दोष कहिये तथा बाध सत्प्रतिपक्ष को तो साक्षादेवानुमिति प्रतिबन्धक होने से ।

इसलिये इन तीनो को ही दोष मानिये । स व्यभिचार विरोध को अतिरिक्त दोषत्व कैसे ? यह दोनो तो व्याप्ति विरह को अनुमापित कराते हुए उपाधि की तरह अतिरिक्त दोष नही हैं । यह दोनो व्याप्ति विरह की उन्नायक अनुमापक होते हुए भी प्रथमोपस्थित होने से दूषण मे असमर्थ हैं इससे प्रथक दोष नही है । इस प्रकार से खण्डन ग्रन्थ मे सक्षेप मे न्याय मत का प्रदर्शन किया गया है । ×

×यद्वा यह मत श्रद्धेय श्री गणेशोपाध्याय जी का है । यह अनाहार्य अगृहीता प्रामाण्यक तद्वत्ता बुद्धि के प्रति अनाहार्या गृहीता प्रामाण्यक तदभाववत्ता निश्चय को मानते हैं । ह्रदो वन्हिमान्, इस बुद्धि के प्रति ताहश वन्हभाववत्ता निश्चय को अर्थात् वन्हभाववान ह्रद, इस निश्चय को तथा तदभाव व्याप्यवत्ता निश्चय को प्रतिबन्धक मानते हैं । बाध

अत्र खण्डनं इदमसिद्धलक्षणं सव्यभिचारादावस्ति न वा आद्ये सोप्यसिद्धभेद इति पञ्चसंख्याविरोधः। अथैतल्लक्षणसत्त्वेपि न तेऽसिद्धभेदास्तदा लक्षणमतिव्यापकं अन्त्ये विरुद्धादीनां व्याप्तिपक्षधर्मताभ्यां प्रमितत्वं स्यात् व्याप्तिपक्ष-

---

प्रश्न—हेत्वाभास के विषय मे न्यायमत का सक्षेप रूप मे कथन किया गया उसमे अब खण्डनकार प्रश्न करते हैं। यह जो आपने असिद्ध हेत्वाभास का लक्षण किया है सो सव्यभिचारादिक मे है कि नही ? प्रथम पक्ष मे सव्यभिचार भी असिद्ध मे ही समाविष्ट हो जाता है तब हेत्वाभास मे जो पचत्व सख्या बताते हैं उसका व्याघात हो जाता है, क्योकि स व्यभिचार तो असिद्ध मे ही आ गया। यदि कहो कि सव्यभीचारादिक मे असिद्ध का लक्षण रहने पर भी वह असिद्ध नही है, तब तो असिद्ध लक्षण की स व्यवहारादिक मे अति व्याप्ति हो जायगी। यदि द्वितीयपक्ष कहो अर्थात् असिद्ध का लक्षण सव्यभिचारादिक मे नही

पक्ष को भी प्रतिबन्धक कहते हैं। इसलिये वन्हिमान् ह्रद इस अनुमिति में ग्राह्याभाव विषया बाध सत्प्रतिपक्ष दोनों के प्रतिबन्धक होने से इन दोनों दोषों की साक्षात्प्रतिबन्धकता है एतदतिरिक्त हेत्वाभास व्याप्ति पक्ष धर्मता परामर्श के प्रतिबन्धक होने से दोष कहलाते हैं। तब बाध सत्प्रतिपक्ष साक्षादेवानुमिति बन्धक है और तदितर दोष अनुमितिकरण विरोधी होने से परम्परया प्रतिबन्धक होते हुए हेत्वाभास कहलाते है। इस विषय में अधिक विचार मत्कृत हेत्वाभास विचार नामक ग्रंथ मे देखें।

धर्मताप्रमितत्वतदभावौ विहाय तृतीयकोटेरसम्भवादिति । अत्रोच्यते । असिद्धत्वादिनां हेत्वाभासत्वसाक्षाद्व्याप्यानां उपाधीनां विभजनान्न विभागभङ्गः ते ह्यसङ्कीर्णा एव न वा धर्मिसङ्करो दोषः तेषामविभजनात् । नन्वस्त्वेवं तथाप्यसिद्धिः कथमेको दोषोऽसिद्ध एव च कथमेको हेत्वाभासः तथाहि व्याप्तिविरहे व्याप्तिधीविरहे च व्याप्यत्वासिद्धिः पक्षविरहे तद्धीविरहे तद्विशेषणसिषाधयिषाविरहे चाश्रयासिद्धि. पक्षधर्म-

---

है ऐसा कहो तब तो विरुद्ध प्रभृति जो हेतु है सो व्याति पक्षधर्मता से प्रमित हो जायगा। क्योंकि व्याप्ति पक्ष धर्मता से प्रमितत्व तथा तदभाव इन दो को छोड करके तृतीय कोटि तो है नही।

उत्तर–असिद्ध प्रभृतिक हेत्वाभासत्व साक्षात् भास है तथा तद्व्याप्य उपाधि प्रभृति मे व्याप्य तथा हेत्वाभासत्व का विभाग करने से हेत्वाभास पाच हैं, इस विभाग का भंग नही होता है। ये सब असकीर्ण दोष हैं। धर्मिसकर दोष नही है क्योकि उनका विभाग नही किया गया है।

प्रश्न–भले ऐसा हो, तो भी असिद्धि एक दोप कैसे होता है ? तथा असिद्ध एक हेत्वाभास कैसे कहलाती है ? तथाहि व्याप्ति के अभाव मे तथा व्याप्ति ज्ञान के अभाव में व्याप्यत्वासिद्धि दोप है, एव पक्ष के अभाव मे पक्ष ज्ञान के अभाव मे अथवा पक्ष के विशेषण सिपाधयिषा के अभाव में आश्रयासिद्धि दोप होता है, एवं पक्षधर्मता के

तादिरहे तद्धीविरहे च स्वरूपासिद्धिरिति चह्वोऽसिद्धयः व्याप्यत्वासिद्धोयमाश्रयासिध्दोयं स्वरूपासिध्दोयमित्येवमवगता तद्भाविताश्च स्वपरानुमितिप्रतिबन्धकाश्च त्रयो भवन्ति। अथासिद्धोयमितिज्ञानादनुमितिप्रतिबन्धस्य दर्शनादसिद्धेरेकदोषत्वं तर्हि व्याप्यत्वासिद्धोयमाश्रयासिद्धोयं स्वरूपासिद्धोयमित्यादिबुद्धौ प्रत्येकमनुमितिप्रतिबन्धदर्शनादसिद्धिश्च तद्विशेषाश्च सन्तु चत्वारो दोषाः। अथासिद्धिः सामग्रीविरहरूपो दोषः व्याप्त्या पक्षधर्मतया च प्रमितेरनुमितिसामग्रीत्वादिति

अभाव में पक्ष धर्मता धी के अभाव में स्वरूपासिद्धि दोष होता है, इस प्रकार से असिद्धि अनेक है यह व्याप्यात्वासिद्ध है, यह स्वरूपा सिद्ध है, यह आश्रयासिद्ध है, इस प्रकार से अवगत होता हुआ तथा स्वकीय परकीय अनुमिति का प्रतिवन्ध करता हुआ तीन असिद्ध होता है। अथ कहो कि 'असिद्धोयम्' इत्याकारक ज्ञान होने से तथा अनुमिति प्रतिवन्धकत्व को देखने से असिद्ध को एक दोष कहें तव तो यह व्याप्वत्वासिद्ध है, यह आश्रयासिद्ध है, यह स्वरूपासिद्ध है, इत्यादि वुद्धि होती है तथा प्रत्येक में अनुमिति वन्धकत्व देखने से असिद्धि तथा असिद्धि व्याप्य व्याप्यत्वासिद्धयादिक तीन, ये सव मिला करके चार दोष होने चाहिये।

प्रश्न—अथ कहो कि असिद्धि क्या है ? तो सामग्री

विशिष्टधीविरह एवायं दोषो न तु प्रत्येकधीविरहः तस्य विशिष्टधीविरहत्वाभावात् किन्तु प्रत्येकधीविरहविशिष्टधीविरहमुत्थापयन्त उपाधिवदन्यथासिद्धा इति हन्तैवं सव्यभिचारविरुद्धावपि व्याप्यत्वासिद्धिमुत्थापयन्तौ स्तामन्यथासिद्धाविति पञ्चहेत्वाभासी पुनर्व्याकुप्येत अथ सव्यभिचारविरुद्धयोस्त-

---

का विरह रूप दोष है। क्योंकि व्याप्ति पक्ष धर्मता की जो प्रमिति वही तो अनुमिति की सामग्री है इसी से तो अनुमिति होती है। इसलिये व्याप्ति पक्ष धर्मता विशिष्ट बुद्धि का जो अभाव है वही असिद्धि दोष है। न तु प्रत्येक व्याप्यत्वासिद्धि विषयक ज्ञानाभाव दोष नहीं है, क्योकि प्रत्येक मे विशिष्ट बुद्धि विरहत्व का अभाव है किन्तु प्रत्येक धी विरह विशिष्ट धी विरह का उत्थापन करती हुई उपाधि के समान अन्यथा सिद्ध है, अर्थात् व्याप्ति पक्ष धर्मता विशिष्टबुद्ध्यभाव तो दोष है और व्याप्यत्व सिद्ध्यादि प्रत्येक एतादृश विशिष्ट बुद्ध्य भाव का प्रयोजक है इसलिये कारण का कारण रूप होने से अन्यथा सिद्ध है। यदि ऐसा कहो तब व्यभिचार विरुद्ध भी व्याप्यत्वा सिद्ध का उत्थापन करने से अन्यथा सिद्ध हो जायगा। ऐसा होते हुए पाच हेत्वाभास का जो परिगणन किया गया है सो कुपित हो जायगा। अथ कहो कि सव्य-

दुत्थापकत्वेपि स्वतोऽदूपकत्वात् पृथगेवाभासत्वमस्तु अथैव-मपि व्याप्यत्वासिद्ध्यादयस्तिस्रोऽसिद्धिश्चैकेति चत्वारो दोपाः चतसृणामपि ज्ञानस्य प्रत्येकमनुमितिप्रतिबन्धकत्वदर्शना-दिति चेत् । मैवम् । एवं हि विशेषवत्तत्सामान्यस्यापि दोपत्वे हेत्वाभासविशेषवत्सामान्यस्यापि दोपातायां हेत्वाभासनामा षष्ठोपि हेत्वाभासस्तवापि स्यात् अथ न निर्विशेषं सामान्यं भवेच्छशविषाणवदिति न्यायाद्धेत्वाभासोयमितिधीर्यं कञ्चन हेत्वाभासविशेषमालम्बते स एव तत्र दोपः तद्वसिद्धोय-

---

भिचार विरुद्ध को व्याप्यत्वासिद्धि का उत्थापक होने पर भी यह दोनो की अनुमिति में स्वतः भी दूषक होने से प्रथगेव हेत्वाभास है तब तो व्याप्यत्वा सिद्ध्यादिक तीन तथा एक असिद्धि इन चारो को पृथक पृथक दोष कहना चाहिये । इन चारों का जो ज्ञान है उसमे से प्रत्येक ज्ञान का अनुमिति प्रतिबन्धकत्व देखने मे आता है ।

उत्तर–इस प्रकार से विशेष के समान सामान्य को भी दोप मानें तब तो हेत्वाभास विशेष के समान हेत्वाभास सामान्य भी दोपत्व होगा । तब तो आपके लिये भी यह हेत्वाभास नामक छटा हेत्वाभास हो जायगा । अथ कहो कि निर्विशेप तो सामान्य नही होता है शश विषाण की इस न्याय से यह हेत्वाभास है इस प्रकार का ज्ञान जिस जिस किसी हेत्वाभास को आलम्बन करता है वही यहां दोप होता है । तब भी यह प्रसिद्ध है इत्याकारक सामान्य विषयक ज्ञान

मित्यत्रापि तथात्वे व्याप्यत्वासिद्ध्यादिरूपो विशेष एव दोषो-
स्तु अथ व्याप्यत्वासिद्धोयमित्यादिधीर्यत्र तत्र विशेषो दोषः
यत्र त्वसिध्दोयमितिधीस्तत्र सामान्यं दोषः अत एवासिद्ध
त्वविरुद्धत्वादिधियां पञ्चानां दोषत्वे पञ्चहेत्वाभासीमा-
स्थेति । मैवम् । सव्यभिचारत्वधीविरुध्दत्वधीर्वा न व्याप्य-
त्वासिद्धिमालम्बते तेन तौ भिन्नावेव असिद्धित्वधीस्तु व्या-
प्यत्वासिद्धिमाश्रयासिद्धिं स्वरूपासिद्धि वाऽवश्यमेवावलम्बते
सामान्यधियो विशेषविषयकत्वनियमात् अत इमास्तिस्रः

को भी विशेष विषयक होने से बाध्यत्वासिदध्यादिक रूप
विशेष को ही असिद्ध दोष कहिये । अथ कहो कि यह
व्याप्यत्वासिद्ध है ऐसा जहा ज्ञान है वहाँ तो विशेष रूप
हो दोष है, और जहा यह असिद्ध है इत्याकारक ज्ञान है
वहा असिद्धि सामान्य दोष है । अत एव असिद्धत्व विरुद्ध-
विषयक पाच ज्ञान को दोष मान करके आप पाच हेत्वा-
भास कहते हैं । ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि व्यभिचार
विरुद्धत्वादिक का ज्ञान व्याप्यत्वासिद्ध्यादि का अवल-
म्बन (विषय) नही करता है इसलिये व्यभिचार और
विरुद्ध यह दोनो असिध्द से भिन्न ही हैं । और असिद्ध-
त्व ज्ञान व्याप्यत्वासिद्धि आश्रयासिध्दि स्वरूपासिध्दि
एतदन्यतम को अवश्यमेव विषय बनाता है । क्योकि सामा-
न्य विषयक ज्ञान विशेष विषयक का अवलम्बन करता है ।

तथापि सामान्यप्रकारकं ज्ञानं विशेषप्रकारकज्ञानतो भिन्नमिति पुनश्चतस्रस्ता इति चेत् । किमतः विशेषविषयकमित्येतावतैव विशेषस्य दोषत्वं ब्रूमो न तु विशेषप्रकारकत्वेन । ननु व्याप्यत्वासिद्ध्यादिज्ञानमसिद्धिज्ञानत्वेन वा दोषोऽस्तु असिद्धिज्ञानं वा व्याप्यत्वासिद्ध्यादिज्ञानत्वेनेति किं विनिगमकम् उच्यते । सामान्यज्ञानस्य विशेषविषयतानियमवत् विशेषज्ञा-

---

ऐसा नियम है । इसलिये ये तीन प्रकार की असिध्दि है जिनका अनुमिति मे दोष रूप से व्यवहार होता है ।

प्रश्न–तथापि सामान्य प्रकारक ज्ञान से विशेष प्रकारक ज्ञान भिन्न ही है, इससे एक सामान्यत असिद्धि तथा तीन उसके अवान्तर विशेष, ये चार प्रकार की असिद्धि होना चाहिये ।

उत्तर–इससे क्या हुआ ? विशेष विषयक है एतावतैव विशेष को दोष मानता हू न कि विशेष विषयक ज्ञान को विशेष प्रकारक ज्ञानत्वेन दोषत्व है ।

प्रश्न–व्याप्यत्वासिद्धयादि का ज्ञान असिध्दि ज्ञानत्व रूप से दोष हो अथवा असिद्धिज्ञान व्याप्यत्वासिद्ध्यादि ज्ञानत्वेन दोष हो इसमें क्या विनिगमक है ? अर्थात् विशेष कोई प्रमाण नही है ।

समाधान–सामान्य ज्ञान को विशेष विषयत्व होता है: ऐसा जो नियम है उसकी भाति विशेष ज्ञान को सामा-

नस्य सामान्यविषयतानियमो नास्तीति विशेषज्ञानात्प्रतिबन्ध-दर्शनात्तस्य दोषत्वे क्लृप्ते सामान्यज्ञानस्थलेपि विशेषालम्बन-तयैव तज्ज्ञानस्य दोषत्वमिति तस्मात्त्रितोऽसिद्ध्यस्त्रयोऽसिद्धा इति कथं पञ्चहेत्वाभासी अनेनैवाशयेन खण्डन-कारोपि प्रथमे तावदसिद्धभेदमध्यमध्यासते इत्यसिद्धाना बहुत्वमेव व्याजहारेति विभागभङ्ग इति । अत्राहुः । आश्रया-सिद्धिः स्वरूपासिद्धिर्व्याप्यत्वासिद्धिश्च पृथगेव दोष इति

न्य विषयत्व होता है, ऐसा नियम नही है । अर्थात् सामान्य ज्ञान तो विशेष विषयक होता है परन्तु विशेष ज्ञान सामान्य विषयक नही होता । विशेष विषयक ज्ञान में प्रतिबन्धकत्व देखने मे आता है, अतो विशेष विषयक ज्ञान को सत्व अवश्य क्लृप्त है । सामान्य ज्ञान स्थल में भी विशेष विषयता को लेकर के ही दोषत्व होता है, इसलिये असिध्दि दोष तीन ही है और तीन ही असिद्ध है । तब पांच हेत्वाभास कैसे कहते हैं ? इसी आशय को लेकर के खण्डनकार ने भी कहा है कि प्रथम विभाग में अनेक असिद्ध विशेष का समावेश होता है । इस प्रकार से असिध्द को अनेक कहा है तब पंचधा विभाग अयुक्त जान पड़ता है । इसमें सिद्धान्ती का समाधान हैं अत्राहु रिति । यद्यपि आश्रयासिद्धि स्वरूपासिध्दि और व्याप्यत्वासिध्दि ये तीनों पृथक् पृथक् दोष है, तथापि इन तीनो मे अनुगत

सत्यं किन्तु तिसृणां यथान्यस्तमेकं रूपं पुरस्कृत्य विभाग-करणान्न विभागभङ्गः न च मुनिरेव पर्यनुयोज्यः स्वतन्त्राभि-प्रायत्वात् अत एव हानौ हेत्वादिहानिं प्रतिज्ञाहानित्वेन संगृह्णतः प्रतिज्ञान्तरात्तु हेत्वन्तरं विभज्य निर्दिशतो मुनेः पर्यनुयोगो निरस्तः यच्च न्यायतन्त्रमन्त्रन्यस्यता खण्डनकृता

एक रूप को लेकर के विभाग (पञ्चधा) करने मे विभाग भंग दोष नही होता हैं । अर्थात् पूर्व पक्षी का कथन था कि जब आश्रयासिद्ध्यादिक तीन दोष है तथा व्यभिचारादिक चार दोष है तब तो मिलकर अधिक दोष होने चाहियें, पाच ही क्यो कहा ? सिद्धान्ती ने उत्तर दिया कि यद्यपि आश्रयासिद्धयादिक तीन तथा तीनो में अनुगत एक (आश्रयासिद्धाद्यन्यतमत्व) रूप को पुरस्कृत करके उन सबको एक मान लेने से भी पंचधा विभाग में व्याघात नहीं होता है । नही कहो कि मुनि के ऊपर ही प्रहार करो, सो कहना ठीक नही क्योकि मुनि के स्वतन्त्र अभिप्रायवान् होने से । अत एव हानि में हेत्वादि हानि को प्रतिज्ञा हानित्वेन संग्रह करते हुए प्रतिज्ञान्तर से हेत्वन्तर दोष को विभक्त करके निर्देश करते हुए मुनि के ऊपर जो पर्यनुयोग था वह भी निरस्त हो गया । न्याय तन्त्र अर्थात् न्यायशास्त्र का निराकरण करते हुए खण्डनकार ने कहा कि व्याप्यत्वा-सिद्धि उपाधि है, सो उनका कथन निरर्थक है, क्योंकि

व्याप्यत्वामिद्धिरुपाधिरिति लपितं तत् प्रलपितं उपाधिव्याप्त्योरन्येन विरहत्वासम्भवात् न हि प्रकृतोपाध्यभावो व्याप्तिः प्रतियोग्यप्रसिद्धेः नापि यत्किञ्चिदुपाध्यभावः सा व्याप्यत्वासिद्धेपि सत्त्वात् नाप्युपाधिसामान्याभावः सामान्याभावस्य भावत्वासम्भवात् न हि सर्वव्यक्तिप्रतियोगिक उपाधित्वावच्छिन्नप्रतियोगिताक एकः तदभावश्च सर्व एवोपाधय इति व्याप्तेरेकस्या एव विरहः सर्वे उपाधयः स्युः किन्तु व्याप्ति-

---

उपाधि और व्याप्ति को परस्पर विरह रूपत्व असम्भवित है। प्रकृत जो उपाधि तदभावरूप व्याप्ति नही है, क्योंकि उपाधि रूप प्रतियोगी के अप्रसिद्ध होने से। न वा यत्किंचित उपाधि के अभाव को व्याप्ति कह सकते है, क्योंकि ऐसी व्याप्ति तो व्याप्यत्वासिद्ध हेतु मे भी है। न वा उपाधि सामान्याभाव को व्याप्ति कह सकते हैं क्योंकि सामान्याभाव भावरूप नही होता है, और व्याप्ति भावरूप होती है। सर्व व्यक्ति प्रतियोगिक उपाधित्वावच्छिन्न प्रतियोगिताक एक कोई वस्तु हो परंतु तदभाव रूप सर्व उपाधि नही है। इसलिये एक व्याप्ति का विरह रूप सर्व उपाधि हो, किन्तु व्याप्ति को अनौपाधिक सम्बन्ध रूप कहते हुए भी यावत् स्व व्यभिचारी जो व्यभिचारीसाध्य तादृश साध्य सामानाधिकरण्य रूप ही कहते हैं सो,

मनौपाधिकसम्बन्धरूपामपि वन्दतो यावत्स्वव्यभिचारिव्यभिचारिसाध्यसामानाधिकरण्यरूपामाहुः स च नोपाध्यभावः । वस्तुतस्तु अव्यभिचारितः सम्बन्धो व्याप्तिरनौपाधिकत्वं तु तल्लक्षणमतो यत्किञ्चिदेतत् व्यभिचारविरोधिनः सामानाधिकरण्यस्य तादृशसम्बन्धमात्रस्य वा व्याप्तित्वात् न चैवं लाघवादावश्यकत्वाच्च व्यभिचाराभाव एवास्तु व्याप्तिः तथापि व्यभिचारोप्यसिद्धिरस्त्विति वाच्यं व्यभिचारो हि साध्यवदन्यवृत्तित्वं तदभावश्च नाव्यभिचारोऽवृत्तिसाधारण्यात् वृत्तिमत्त्वे सति सोऽव्यभिचार इति चेत् । न । केवलान्वयिन्यसम्भवात्

तो उपाध्यभाव रूप नही हैं। वस्तुतस्तु अव्यभिचरित सम्बन्ध का नाम है व्याप्ति, और अनौपाधिकत्व है लक्षण। अर्थात् लक्ष्य जो है सो तो अव्यभिचरित सम्बन्ध रूप है। ओर उस व्याप्ति का लक्षण है अनौपाधिकत्व रूप। अतः खण्डनकार का कथन प्रलाप मात्र है। व्यभिचार विरोधी जो साध्य साधन का सामानाधिकरण्य उसका नाम है व्याप्ति। अथवा अव्यभिचरित जो सम्बन्ध तन्मात्र का नाम व्याप्ति है। नही कहो कि लाघव तथा आवश्यक होने से व्यभिचाराभाव ही व्याप्ति रहे तथा व्यभिचार का असिद्धि से समावेश रहे। यह आपका कहना ठीक नही है। क्योंकि साध्यवत् से अन्य मे हेतु की वृत्तिता का नाम

ही व्यभिचार है। जैसे धूमवत् है महानसादिक, तदन्य है अयोगोलक, उसमें वह्नि के संबन्ध से वृत्तिता रहने से वन्हि धूम व्यभिचारी कहाती है। एतादृश व्यभिचार का अभाव रूप जो व्यभिचाराभाव. अर्थात् साध्यवदन्यावृत्तित्व-रूप, जैसे वह्निमत् हुआ पर्वतादिक, उससे अन्य है जलादिक, उसमें धूम की वृत्तिता नही है, तो एतादृश व्यभिचाराभाव को यदि व्याप्ति है तब तो धूम की व्यापक जैसे वह्नि होती है और वह्नि की व्याप्ति धूम में जाने से धूम वह्नि से व्याप्त कहाती है, उसी प्रकार से वह्निमदन्य जलादिक मे अवृत्ति होने से आकाशादि पदार्थ जो अवृत्तिक है उनमें भी वह्निमदन्यावृत्ति वृत्तित्व रूप व्याप्ति रहने से आकाशादिक व्याप्त हो जायेंगे इसलिये व्यभिचाराभाव को व्याप्ति नही कहा जा सकता है। यदि कहो कि वृत्तिमत्वेसति साध्याभाववदनवृत्तित्व व्याप्तिः, अर्थात् वृत्तिमान हो तथा साध्यावदन्य में अवृत्ति हो उसका नाम है व्यभिचाराभाव, तथा एतादृश व्यभिचाराभाव है व्याप्ति। अब आकाशादि अवृत्ति मे अतिव्याप्ति नही होगी क्योकि आकाशादि वृत्ति-मान् नही है। अत एव केवलान्वयी ग्रंथ में शिरोमणि ने भी कहा है कि आकाशादिक में अतिव्याप्ति हटाने के लिये वृत्तिमत्व का निवेश कीजिये. अथवा साध्य समानाधिकरण्य का निवेश कीजिये। तो यह भी कहना ठीक नही है क्योंकि

तत्र हि साध्यवदन्याप्रसिद्धिः किञ्च प्रकृत हेतोः प्रकृतसाध्येन समं व्यभिचारस्याभावो न व्याप्तिः प्रतियोग्यप्रसिद्धेः नापि यत्किञ्चित्प्रतियोगिकव्यभिचाराभावः सा अतिप्रसङ्गात् किन्तु यत्समानाधिकरणान्योन्याभावप्रतियोगितावच्छेदकं यन्न भवति तेन समं तस्य सामानाधिकरण्यं व्याप्तिः द्रव्यत्वसमानाधिकरणा-

---

वृत्तिमत्व निवेश करने से अवृत्तिक मे अतिव्याप्ति का निराकरण हो भी जाता है, परन्तु यथोक्त व्याप्ति लक्षण की अव्याप्ति केवलान्वयी स्थल मे अर्थात् 'वाच्य प्रमेयात्' यहा अव्याप्ति हो जाती है, क्योकि यहा साध्य जो वाच्यत्व है तद्वदन्य अप्रसिद्ध है। जब सभी पदार्थ वाच्य है तब वाच्यत्व वदन्य कोन होगा ? इसलिये व्यभिचाराभाव रूप को व्याप्ति कहना युक्ति सगत नही है। और भी देखिये प्रकृत हेतु मे प्रकृत साध्य के साथ जो व्यभिचार का अभाव, उसको व्याप्ति नही कह सकते है, क्योकि प्रतियोगी अप्रसद्धि हैं, अर्थात् जब प्रकृत हेतु मे धूम मे व्याप्ति है तब उसमे व्यभिचाराभाव का प्रतियोगी जो व्यभिचार सो कैसे रह सकेगा ? अतः प्रतियोगी व्यभिचार अप्रसिद्ध है तब तद्भाव रूप व्यभिचाराभाव कैसे रहता है ? व्याप्ति कैसे रहैगी ? यदि यत्किंचित प्रतियोगिक व्यभिचाराभाव रूप व्याप्ति कहैगे तो अति प्रसग हो जायगा। अर्थात् सभी साध्य को जिस किसी के साथ तो व्यभिचार रहैगा ही, तब व्यभिचाराभाव रूप व्याप्ति कहा

न्योन्याभावप्रतियोगितावच्छेदकं यत्र भवति तेन समं तस्य सामानाधिकरण्यं व्याप्तिः द्रव्यत्वसमानाधिकरणान्योन्याभावप्रतियोगिता संयोगेन नावच्छिद्यते द्रव्यं संयोगि नेत्यप्रतीतेः वह्निसमानाधिकरणान्योन्याभावप्रयियोगिता तु

होगी ? किन्तु यत् समानाधिकरण (यहा तत् पद हेतु परक है हेतु के अधिकरण मे रहने वाला जो) अन्योन्याभाव तादृश अन्योन्याभाव प्रतियोगितावच्छेदक से भिन्न जो साध्य, तादृश साध्य के साथ जो हेतु का सामानाधिकरण्य, उसी को व्याप्ति कहते है (वह्निमान धूमात् मे समन्वय हेतु है धूम, उसका अधिकरण पर्वतादिक, उन पर्वतादिक मे वृत्ति जो अन्योन्वाभाव, सो वह्निमान न, यह अन्योन्याभाव नही होगा। क्योकि जो धूमवान् हैं वह अवश्य ही वह्निमान होता है। तब घट वान् न, यह अन्योन्याभाव लिया जायगा, उसका प्रतियोगी घटवत्, प्रतियोगितावच्छेदक हुआ घट, उस से भिन्न साध्य हुआ वह्नि, उस वह्नि के साथ धूम को सामानाधिकरण्य है, इस प्रकार से लक्षण समन्वय होता है।) स्थलान्तर मे लक्षण समन्वय 'द्रव्यत्व समानाधिकरणेत्यादि से' स्वय ग्रन्थकार बताते हैं। द्रव्यत्व रूप हेतु के अधिकरण द्रव्य मे रहने वाला जो अन्योन्याभाव सो घटवान् न एतादृशाभाव, तदीय प्रतियोगिता घटवन्निष्ठा प्रतियोगिता सो सयोग साध्य मे अवच्छिन्ना नही है। किन्तु

धूमेनावच्छिद्यते वह्निमान्धूमवान्नेति प्रतीतेः। अतो द्रव्यत्वं संयोगव्याप्यं वह्निस्तु न धूमव्याप्य इति स्थितम्। यद्यपि सर्वत्र वह्निमति धूमवदन्योन्याभावो नास्ति महानसादौ धूमवद्भेदस्यापि सम्भवात् तथापि क्वचिदस्ति धूमवति तु क्वापि

घटादि से अवच्छिन्ना है, क्योकि द्रव्य सयोगी न, एतादृश प्रतीति नही होती है। धूमवान् वन्हे इस स्थल मे वह्नि के अधिकरण मे अयोगोलक मे रहने वाला जो अन्योन्याभाव सो धूमवान् न इत्याकारक अन्योन्याभाव तदीय प्रतियोगिता धूमवन्निष्ठा प्रतियोगिता धूम से अवच्छिन्न ही है, अनवच्छिन्न नही होती है। क्योकि वह्निमान् धूमवान् नही है, ऐसी प्रनीति अयोगोलक को अन्तर्भाव करके होती है। इसलिये द्रव्यत्व हेतु सयोग रूप साध्य का व्याप्य होता है और वह्नि रूप हेतु समसाध्य का व्याप्य नही होता है ऐसा स्थिर हुआ।

यद्यपि सभी वह्निवान मे धूमवान् का अन्योन्याभाव नही रहता है, महानस रूप वन्हिमत् मै धूमवत् का अभेद भी सम्भवित है। अर्थात् वह्न्यधिकरण महानस मे धूमवान् न इत्याकारक भेद नही है अपितु अभेद है, अतएव तादात्म्य सम्बन्ध से धूमाधिकरण वह्न्यधिकरण मे व्याप्य व्यापक भाव भी होता है। तथापि क्वचित् स्थल विशेष मे वह्निमत् मे धूमवद् का

न वह्निमद्भेदः किन्तु सर्वत्रैव तदभेद. यद्यपि सर्वेषु हेत्वाभासेषु सिद्धिप्लवस्तेन सैव दोषो भवितुमर्हति तथापि त्रयाणामप्यनैकान्तिकानां संशायकत्वेनासाधकतेति त एव त्रयो दोषा प्राथम्यात् न तु तेषु सत्स्वपि व्याप्यत्वासिद्धिः चरमोपस्थितत्वात् तथाहि सा साधारणेन्वयेनासाधारणे व्यतिरेकेणोभय-

---

अन्यो याभाव भी रहता है, जसे वह्नचधिकरण अयोगोलक मे धूमवत् का अन्योन्याभाव रहता हे, अयोगोलक मे धूमवत् का अन्योन्याभाव रहता है। अयोगोलक मे धूमभाव के रहने से। और धूमाधिकरण मे तो किसी भी स्थल मे वह्निमान् का अन्योन्याभाव नही रहता है किन्तु सभी जगह धूमवान् मे वह्निमान का अभेद ही रहता है। यद्यपि सभी हेत्वाभासो मे व्याप्यत्व सिद्धि की सम्भावना रहती है इसलिये सिद्धि सप्लव को ही दोष माना जाय। अर्थात् व्याप्यत्वासिद्धि को ही दोष माना जाय। तथापि तीनो अनैकान्तिक को सशयोत्स्थापक होने से प्रकृत मे साध्य का असाधकत्व होता है, इसलिये उन्हो तीन के प्रथमोपस्थित होने से दोष है। न तु उन तीनो को रहते हुए व्याप्यत्वासिद्धि चरमोपस्थित होने स दोष नहो है। तथाहि साधारण सव्यभिचार मे अन्वय द्वारा असाधारण मे व्यतिरेक द्वारा और अनुप सहारी मे उभय सहचार से, उसमे अनुप सहारी मे तो पक्ष मे ही उभयान्वय होने से साध्य सन्देह का

सहचारादनुपसंहारिणि तु पक्ष एवोभयान्वयात्साध्यसंशयार्ज-
नादसाधकता अथ तेषु व्याप्तिधीरेव नोदेति त्वन्निर्दिष्टोभय-
सहचारादिति व्याप्यत्वासिद्धिरेवास्तु क्लृप्तत्वादसाधकताबीज-
मिति सैवामीषु त्रिषु दोष इति चेत् । तर्हि मास्तु संशयद्वारतापि
किन्तु साधारणे विपक्षगामितयाऽसाधारणे सपक्षागामितयाऽनुप-

उत्पादकत्व होने से असाधकत्व है। अथ यदि कहो कि साधारणादि तीनो व्यभिचारी मे तो व्याप्ति उत्पन्न ही होती है, भवत् प्रदर्शित उभय सहचार होने से। अतः अवश्य क्लृप्त होने से व्याप्यत्वासिद्धि को ही असाधकमाना जाय। यही व्याप्यत्वासिद्धि इन तीनो व्यभिचारी मे दोष है।

उत्तर-यदि ऐसा कहो तब तो सशय द्वारता को भी साधारणादिक नही कहना चाहिये, किन्तु साधारण व्यभिचारी मे विपक्ष वृत्तित्वेन अर्थात् निश्चित साध्याभावाधिकरण मे हेतु को वृत्तिता होने से। तथा असाधारण व्यभिचारी मे अर्थात् शब्द नित्य है शब्दत्व होने से, यहा सपक्ष मे निश्चित साध्याधिकरण आत्मादिक मे अवृत्ति होने से। तथा अनुपसहारी मे प्रथम प्रतीत पक्षमात्र वृत्तित्व होने से। इन तीनो मे असाधकत्वानुमिति हो सकती है। किन्तु ये तीनो साधारणादि असिद्ध हत्वाभास से पृथक पृथक ही है। नही कहो कि ऐसा हुआ तब

संहारिणि पक्षमात्रगामितयैव प्रथमप्रतीतया तेषामसाधकत्वानुमितिसम्भवात् किंतु ते त्रयोप्यसिद्धात् पृथक् एवञ्च दूषकतायां प्रस्थानभेदात्तेषां त्रित्वंस्यादिति न च वाच्यं इष्टत्वात् विरुद्धे तु विरुद्धत्वज्ञानादेवासाधकता सत्प्रतिपक्षे तु लिङ्गयोर्व्याप्तिपक्षधर्मताविशिष्टधीसत्त्वेपि परस्परप्रतिबन्धादेवासाधकता बाधे तु बलवता साध्याभावज्ञानेन प्रतिबन्धा-

---

तो इन तीनो मे दूषकता प्रकार के भेद से ये सब तीनो पृथक् पृथक् दोष हो जायेगे। ऐसा नही कहना । क्योकि इष्टापत्ति होने से । अर्थात् ये तीन साधारणादिक पृथक रूप से तीन दोष है ही । विरुद्ध हेतु मे तो विरुद्धत्व ज्ञान से ही असाधकत्व होता है । सत्प्रतिपक्ष स्थल मे तो प्रथक् लिंगद्वय मे अर्थात् धूम और पाषाणमयत्व मे व्याप्ति पक्ष धमता विशिष्ट ज्ञान रहने पर भी परस्पर के प्रति प्ररस्पर के प्रतिबन्धक होने से ही असाधकत्व होता है । बाध स्थल मे तो बलवान् जो पक्ष मे साध्याभाव प्रकारक निश्चय, उसी से प्रकृतानुमितिका प्रतिबन्ध होने से बाधित हेतु मे साध्य का असाधकत्व होता है । बाध स्थल मे परामर्श तो बन जाता है, ऐसा मैं बताऊंगा । अर्थात् बाध स्थल मे परामर्श भाव प्रयुक्त हेतु मे असाधकत्व नही है किन्तु बलवान् साध्याभाव प्रयुक्त ही असाधकत्व होता है । तस्मात् साधारण अनुपसंहारी और विरुद्ध व्याप्यत्वासिद्धि के उन्नयन मे समर्थ

दैवासाधकतेति बाधे च तृतीयलिङ्गपरामर्शोदयं वक्ष्याम तस्मात्साधारणानुपसंहारिविरुद्धा व्याप्यत्वासिध्युन्नयनक्रमतया तदुपजीव्याः प्रथमोपजातेन साधारणत्वादिज्ञानेनासाधकतां हेतो साधयन्तो भवन्त्यसिद्धात् पृथक् हेत्वाभासाः सिद्धसाधनस्थले साध्यसिद्धि सोपाधावुपाधिराश्रयासिद्धिव्याप्यत्वासिद्ध्योरुपजीव्यावप्येतौ न पृथक् हेत्वाभासौ स्वतो दूषकत्वाभावात् किन्तु सिद्धि सिषाधयिषां विघटयन्ती धर्मिविशेषणविघटनेनाश्रयासिद्धिं निर्मिमाणा एवमुपाधिरपि

होने से तदुपजीव्य होने पर भी प्रथमोपजात साधारणत्वादि ज्ञान से हेतु में असाधकत्व को सिद्ध करते हुए असिद्धि से प्रथक हेत्वाभास कहलाते हैं। सिद्ध साधन स्थल में साध्य का निश्चय तथा सोपाधिकस्थल में उपाधि, आश्रयासिद्धि तथा व्याप्यत्वासिद्धि के उपजीव्य भी यह दोनो प्रथक हेत्वाभास नही हैं, क्योंकि इन दोनो में स्वत दूषकत्व नहीं है। किन्तु सिद्धि निश्चय सिषाधयिषा का विघटन करते हुए धर्मि के विशेषण के विघटन द्वारा आश्रयासिद्धि का उत्थान करके असाधक होती है। और इसी तरह से उपाधि भी स्वत एव दूषक नही है किन्तु हेतु को स्वव्याप्यत्व से उपाधि का व्याप्य जो साध्य तद्व्याप्यत्व ज्ञान के उत्पादन द्वारा अनर्थ के उत्थान मे बीज मात्र होती है। तथाहि तर्क द्वारा उपाधि का स्वरूप निश्चित हो जाने से, यह हेतु

हेतोः स्वव्याप्यतयास्वव्याप्यसाध्यव्याप्यत्वविषयमुत्पादयन्नन-र्थस्यानर्थबीजमात्रमिति तथाहि तर्केणोपाधौ स्वरूपेण निश्चिते अयं हेतुः साध्याव्याप्यः साध्यव्यापकोपाध्यव्याप्यत्वात् प्रमेयत्वादिवदिति व्याप्यत्वात् प्रमेयत्वादिवदिति व्याप्यत्वा-सिद्धिमुत्थापयति साप्यनुमानं दूषयतीति ।

अथ विरुद्धत्वादीनां प्रकृतहेत्वसाधकतासाधकत्वेन हेत्वा-भासत्वमुक्तं तत्र कोऽसौ विरुद्ध इति । साध्याभावव्याप्तो विरुद्ध इति चेत् । तदा हि इदमसाधकं साध्याभावव्याप्यत्वा-

---

साध्य का व्याप्य नही है, जैसे धूमवान् वह्नेः यहा आर्द्रेन्धन संयोग में उपाधित्व का निश्चय हो जाने पर यह वह्नि हेतुसाध्य धूम का व्याप्य नही है, साध्य का व्यापक जो उपाधि उस उपाधि का व्याप्य नही होने से प्रमेयत्व के समान । इस प्रकार से व्याप्यत्वासिद्धि का उत्थापन होता है, तब व्याप्यत्वासिद्ध दोष है उससे अनुमान दूषित होता है ।

अथ--असिद्ध हेत्वाभास निरूपण करने के बाद विरुद्ध-त्वादिक को प्रकृत मे हेतु में असाधकता साधकत्व होने से हेत्वाभासत्व कहा गया है, उसमे विरुद्ध क्या वस्तु है ऐसा प्रश्न होता है । अर्थात् यह हेतु साध्य का साधक नही है, विरुद्ध होने से यतः विरुद्धत्व है । अत एव हेत्वाभास है । उसमे विरुद्ध किस को कहे ? यदि कहो कि

दित्यस्य साध्याभावनियतसमानाधिकरणत्वादित्यर्थे नियमांशो व्यर्थः साध्याभावसामानाधिकरण्यमात्रस्यैव साधारणानैकान्तिकवदसाधकत्वे तन्त्रत्वात् अपि च निर्यांशे यर्थतया निरस्ते विरुद्धस्य साधारणानुप्रवेशे विरुद्ध एव लुप्यते किञ्च

साध्यभाव से जो हेतु व्याप्त हो उसका नाम है विरुद्ध । अर्थात् साध्यभाव निरूपित व्याप्तिवाला जो हेतु, जिस हेतु में साध्य की व्याप्ति न रहै प्रत्युत साध्याभाव की व्याप्ति रहै, उसको विरुद्ध हेत्वाभास कहते है, जैसे 'अय गौः अश्वत्वात्' यह अश्वत्ववान् होने से गोत्ववान् है । यहा अश्वत्व हेतु में साध्य निरूपितव्याप्ति नही है, जहा जहा अश्वत्व रहता है वहा वहा गोत्व रहता है, एतादृश व्याप्ति नही बनती है । प्रत्युत जहा गोत्व नही है वहा अश्वत्व रहता है जैसे अश्व में, इस प्रकार से अश्वत्व हेतु को साध्याभाव निरूपित व्याप्तिमान होने से हेत्वाभासत्व है और वह विरुद्ध हेत्वाभास कहलाता है । यह कहना ठीक नही है. क्योंकि ऐसा कहने से तो यह साध्याभाव से व्याप्य होने से असाधक है. इसका अर्थ होगा साध्याभाव का नियत समानाधिकरण होने से तो ऐसा अर्थ करने पर नियम अंश व्यर्थ है साध्याभाव सामानाधिकरण्य मात्र को ही असाधकता में प्रयोजक होने से । और भी देखिये—व्यर्थ होने के कारण स नियम अंश को छोड देगे तब तो विरुद्ध हेतु साधारण

साध्याभावनियतसामानाधिकरण्यग्रहे भवति साध्याभावसामानाधिकरण्यग्रह आवश्यक इति स एव क्लृप्तत्वादावश्यकत्वाल्लाघवाच्च दोषः स्यान्न तु विरुद्ध इति खण्डनम्। अत्रोच्यते इय हि विरुद्धस्य स्वरूपनिरुक्तिरिति सत्यं न हि साध्यतदभावोभयगामिनि परीक्षकाणां विरुद्धव्यवहारः किन्तु

सव्यभिचार मे प्रविष्ट हो जाने से विरुद्ध का लोप ही हो जायगा। विरुद्ध स्थल मे साधारण दोष से ही निर्वाह होगा। और भी देखिये जिस स्थल मे साध्याभाव नियत सामानाधिकरण्य ज्ञान होगा वहा साध्याभाव सामानाधिकरण्य ज्ञान होना आवश्यक है, तब तो अवश्य ही क्लृप्त होने से आवश्यक तथा लाघव होने से साध्याभाव सामानाधिकरण्य ज्ञान को ही दोष मानिये नतु विरुद्ध दोष है। यहा तक खण्डन ग्रन्थ हुआ। आगे इसका उत्तर होता है।

समाधान–अत्रोच्यते–साध्याभाव नियत सामानाधिकरण्य यह जो निर्वच है सो विरुद्ध का स्वरूप कथन मात्र है, साध्य के अधिकरण तथा साध्याभाव के अधिकरण मे रहने वाला जो हेतु है, उसमे विरुद्धत्व व्यवहार परीक्षको का नही होता है, किन्तु साध्यभाव मात्र के अधिके अधिकरण मे रहन वाला जो हेतु म विरुद्धत्व व्यवहार होता है। और साधकता म साध्याभाव नियत सामानाधिकरण्य, यह हेतु नही है जिससे कि नियमाश रूप विशेषण मे वैयर्थ्य

साध्याभावमात्रस्पृशि असाधकतायां तु नेदं लिङ्गं येन विशेषणवैयर्थ्यं स्यात् किन्तु साध्यविपरीतप्रमितिजनकत्वं तदेव कुत इत्याकाङ्क्षायां साध्यविपरीतव्याप्यत्वादिति । हन्तैवमसाधकतासाधकत्वं साध्यविपरीतप्रमितिजनकत्वस्य तद्बीजत्वं च साध्याभावतद्व्याप्यत्वस्य तथा च विरुद्धो न हेत्वाभासः स्यादुपाधिवदिति चेन्न । साध्याभावप्रमितिजनकत्वमेव विरुद्ध-

---

की आशंका हो, किन्तु साध्य विपरीत प्रमाजनकत्व असाधकता में नियामक है। (अर्थात् विरुद्ध हेतु असाधक है। इस अनुमिति में साध्याभाव नियत समानाधिकरणत्वात् यह हेतु नहीं है किन्तु साध्यविपरीत प्रमिति जनकत्वात् हेतु है अर्थात् साध्याभाव का व्याप्य है, ऐसा नहीं, किन्तु साध्याभाव प्रमा की जनकता है इसलिये विरुद्ध हेतु साध्य प्रमा का असाधक है।) साध्य विपरीत अर्थात् साध्याभाव प्रमा का जनकत्व ही विरुद्ध हेतु को क्यों है ? ऐसी जिज्ञासा होने पर साध्याभाव व्याप्तत्व उपस्थित होता है। अर्थात् विरुद्ध हेतु साध्यविपरीत प्रमा का उत्पादक इसलिये है कि जिस लिये वह साध्याभाव व्याप्य है।

प्रश्न—ऐसा हुआ तब तो विरुद्ध हेतु में जो असाधकता साधकत्व है सो साध्य विपरीत प्रमा जनकत्व से और साध्यविपरीत प्रमिति जनकता की बीज अर्थात् कारणता साध्याभाव व्याप्यत्व की है। तब तो विरुद्ध हेत्वाभास नहीं

त्वमित्युपगमात् । तदुक्तं तेनैव लिङ्गेन साध्याभावप्रमाविरोध इति । अन्ये तु अदृष्टसाध्यसहचारत्वं अदृष्टसाध्याभावव्यभिचारित्वं वा तल्लिङ्गं सर्वादृष्टिः सन्दिग्धा स्याद-

---

होगा, उपाधि के समान । जैसे उपाधि परम्परित होने से अतिरिक्त हेत्वाभास नही है तद्वत् विरुद्ध भी अतिरिक्त हेत्वाभास नही होगा ।

उत्तर–साध्याभाव प्रमा जनकत्व ही विरुद्धत्व है, ऐसा मेरा सिद्धान्त है, साध्याभाव निरत समानाधिकरणत्व विरोध नही है किन्तु साध्याभाव प्रमाजनकत्व ही विरुद्धत्व है । ऐसा कहा भी है उसी हेतु से साध्याभाव प्रमाविरोध है । अर्थात् जिस हेतु से साध्यसिद्धि अभिलपित है उसी हेतु से साध्याभाव की प्रमा हो जाती है, यही विरोध है । जैसे अयंगौः अश्वत्वात् यहा वादी ने गोत्व की सिद्धि के लिये अश्वत्व हेतु का प्रयोग किया है, किन्तु अश्वत्व को साध्य व्याप्ति नही है । व्याप्तितो दूर रहै सामानाधिकरण्य ही नही है । किन्तु वैयधिकरण्य है तव गोत्वाभाव के साथ व्याप्ति रहने से गोत्व का साधक अश्वत्व न वनकर गोत्वाभाव का साधक वनता हुआ साध्याभाव प्रमा सामग्री होने से विरुद्धत्वेन रूपेण व्यपह्रियमाण होता है । कोई तो कहते हैं कि जिस हेतु मे साध्य का सहचार देखने में नही आता है उसका नाम है विरुद्ध । अथवा जिस हेतु में साध्याभाव

ष्टितु व्यभिचारिणीति यदि तदा साध्यासहचरितत्वं साध्यव्यापकाभावप्रतियोगित्वं वा लिङ्गमस्तु। ननु हेत्वाभासशरीरमेवासाधकतालिङ्गं तथा चोक्तचतुष्टयमपि विरुद्धस्य शरीरं स्यात् असाधकतालिङ्गत्वात् तच्चायुक्तमवृत्तिसाधारण्यात् इदं हि चतुष्टयमाकाशादेरप्यस्तीति किमतः अवृत्तावपि विरुद्ध-

का व्यभिचार देखने मे न आता हो उसको विरुद्ध कहते हैं। अर्थात् एतादृश जो लिंग सो विरुद्ध लिंग है। यदि कहो कि यहा सर्वादृष्टि कहते हो कि स्वादृष्टि कहते हो ? अर्थात् सर्व पुरुषो से सहचारादिक अदृष्ट हो अथवा स्वसहचारादिक अदृष्ट ? उसमे सर्वादृष्टि सो संदिग्ध है और स्वादृष्टि व्यभिचरित है। ऐसा कहो तब साध्य के साथ असहचरितत्व अथवा साध्य का व्यापकीभूत जो अभाव तत्प्रतियोगित्व को विरुद्धत्व मे लिंग मानो।

प्रश्न—हेत्वाभास का जो शरीर है अर्थात् स्वरूप है वही तो असाधकता मे साधक अर्थात् हेतु है। तब पूर्वोक्त (अदृष्ट सहचारत्व, अदृष्ट साध्याभाव व्यभिचारित्व, साध्या सहचरितत्व, साध्यव्यापकाभाव प्रतियोगित्व चारो भी असाधकतामें लिंग होने से विरुद्ध के शरीर होंगे। परन्तु यह कहना अयुक्त है क्योकि ये सब आकाशादिक अवृत्ति साधारण हैं अर्थात् ये चारों आकाशादिक मे भी हैं। तब इनसे क्या हुआ ? अर्थात् आकाशादिक में वृत्ति

व्यवहारः स्यादिति चेत्तत्र साध्याभावप्रमितिजनकत्वमात्रस्य तन्त्रत्वमिति मदुपगमात् एवं चासाधकतानुमाने कर्तव्ये नियमांशो व्यर्थ इति विरुद्धज्ञाने चासाधकतानुमितिबीजे भवति साध्याभावसामानाधिकरण्यज्ञानमेवावश्यकत्वादिनाऽसाधकतानुमापकमस्तु कृतमनावश्यकेन गुरुणा जघन्यप्रतिपत्तिकेन विरोधेनेति खन्डनमपास्तं असाधकतानुमितौ साध्यव्यापकाभावप्रतियोगित्वस्य मया हेतुत्वेनोपगमात् यदा तु विरुद्ध

हो गई तो क्या क्षति है ? यही क्षति है कि आकाशादि अवृत्ति में भी अयं विरुद्धः ऐसा व्यवहार हो जायेगा । और कोई भी आकाशादि में विरुद्ध व्यवहार नहीं करता है ।

उत्तर–विरुद्ध व्यवहार मे साध्याभाव प्रमिति जनकत्व मात्र को प्रयोजकत्व है, ऐसा मेरा सिद्धान्त है । एतदतिरिक्ति में प्रयोजकत्व नही है, ऐसा मानने से जो खण्डनकार ने कहा था सो भी परास्त हुआ । तथाहि असाधकता का अनुमान करने मे नियमांश व्यर्थ है, असाधनानुमान में कारणीभूत विरुद्ध ज्ञान मे साध्याभाव सामान्याधिकरण्य ज्ञान ही आवश्यक होने से असाधकता का अनुमापक बनो, अनावश्यक तथा गुरु जघन्य प्रतिपत्तिक इस विरोध के मानने की क्या आवश्यकता है ? यह भी परास्त हो गये । असाधकतानुमिति में साध्याभाव प्रतियोगित्व मात्र को मैं हेतु रूप से मानता हू । जब कि विरुद्ध हेतु में साध्याभाववद्वृत्तिता

साध्याभाववद्गामितामात्रमेव प्रतीयते तदा सधारणतयैवायं दोषः यदा तु साध्यवदवृत्तिताधीः तदा त्वसिद्धतयोपधेयसङ्करस्य मयोपगमात्। नन्वयं साध्यवदवृत्तितया प्रतीयमानश्चेद्दूपयेत्तदाऽसिद्धे प्रविशेत् यदि तु साध्याभावव्याप्यतया तदा गौरवेण नियमांशे त्यक्ते सति साधारणतया दूषयेत्तदुभयथापि पृथग् हेत्वाभासो न स्यादिति चेत्। सत्यं साध्यव्याप-

---

मान का ज्ञान है तब (उस समय मे) साधारणानैकान्तिक रूप से ही वह दोष होता है। जिस समय मे साध्यवान मे यह हेतु नही रहता है अर्थात् साध्यसामानाधिकरण्य ज्ञान नही है उस समय मे असिद्ध रूप से ही दोष है उपधेय साकर्य को मैं मानता हूँ।

प्रश्न—यह जो असिद्ध हेतु है सो यदि साध्याधिकरण मे अवृत्तितया प्रतीयमान होकर के अनुमिति को दूषित करता है तब तो असिद्ध मे प्रविष्ट हो जायगा। और यदि साध्याभाव व्याप्यत्वेन ज्ञात हो करके दूषक होता है, तब तो गौरव के भय से नियम अ ण को छोडना पडता है। तब तो साधारणानैकान्तिक मे प्रविष्ट होकर के दूषक होगा। तब तो यह उभयथा भी विरुद्ध प्रथक हेत्वाभास नही होगा किन्तु साधारणानैकान्तिक अथवा असिद्ध मे ही इसका समाप्रवेश हो जायगा।

उत्तर—आपका कहना ठीक है, किन्तु साध्यव्याप-

का भावप्रतियोगितया प्रतीयमानोयं दूपयन् पृथगिति ब्रूमः इदं तु रूपमसिद्धेप्यस्ति न त्वसिद्ध एवास्ति येनासिद्धमेवासौ प्रविशेत् । वस्तुतस्तु स्वसमानाधिकरणान्योन्याभावप्रतियोगिसाध्यवत्कत्वं विरुद्धत्वं सद्धेतुस्तु नैवं धूमवान्वह्निमान्नेत्यप्रतीतेः इदं च रूपं नाव्याप्तौ नवा व्यभिचारिणीति नास्य

काभाव प्रतियोगित्व रूप से प्रतीयमान होता हुआ अनुमिति का दूपक होता है, इसलिये हम लोग विरुद्ध हेत्वाभास है ऐसा मानते हैं । यद्यपि यह रूप असिद्ध में भी है न तु असिद्ध मे ही है जिसमें कि यह विरुद्ध हेत्वाभास असिद्ध मे ही प्रविष्ट हो जाय ।

वस्तुतस्तु स्व अर्थात् हेतुतत्समानाधिकरण अर्थात् हेतु के अधिकरण में रहने वाला जो अन्योन्याभाव उस अभाव का प्रनियोगी जो साध्यवत् तत्कत्व, यही विरुद्ध का लक्षण है । अय गौरश्वत्वान्, इस स्थल मे हेतु है अश्वत्व उसका अधिकरण है अश्व, उस हेत्वाधिकरण मे वर्तमान् जो अान्योन्याभाव गोत्ववान्न, इत्याकारक अन्योन्यामाव उसका प्रतियोगी जो साध्यवत् गो तत्कत्व अश्वत्व मे है, इस प्रकार से लक्षण समन्वय होता है । और सद्धेतुक वह्निमान धूमात् मे यह लक्षण नही जाता है, क्योंकि हेतु जो धूम है तदधिकरण महानसादिक मे वह्निमान् न इत्याकारक अन्योन्याभाव नही मिलता है । यदि धूमवान्

धर्मिसङ्करोपीति । यच्चानैकान्तिकः सव्यभिचार इति सूत्रमख-
ण्डि तदप्यबोधात् साध्यस्येव तदभावस्याप्युपस्थापनसमर्थत्वं
ह्यनैकान्तिकत्वं तथाहि साधारणोन्वयेनासाधारणो व्यतिरेकेणा-
नुपसंहारि पक्ष एवोभयसहचारेण साध्यतदभावावुपस्थापयितुं
क्षमः तेन साध्यतदभावोभयोपस्थापनसमर्थत्वं साध्यवन्मात्र-

मे वह्निमान् न इत्याकारक भेद मिलता तब लक्षण समन्वय होता । यह लक्षण अवृत्ति जो गगनादि हेतु है वह्वा गगन का अधिकरण ही अप्रसिद्ध है, व्यभिचारी प्रमेयत्वादि उसमे भी प्रमेयत्वाधिकरण में वह्निमान्न इत्याकारक भेद नही है अतः यह लक्षण केवल विरुद्ध मे ही जाता है । अनैकान्तिकः सव्यभिचारः इस सूत्र का खण्डन किया है सो भी केवल अज्ञान मूलक ही है । क्योंकि जैसे साध्य के उपस्थापन मे समर्थ जो हेतु सो अनैकान्तिक है, यह लक्षण जिस प्रकार से अनैकान्तिक का होता है उसी प्रकार से साध्यभाव के उपस्थापन मे जो समर्थ हो सो अनैकान्तिक है, यह लक्षण भी अनैकान्तिक का हो सकता है । तथाहि साधारण दोप अन्वय द्वारा असाधारण दोप व्यतिरेक द्वारा और अनुप-संहारी पक्ष में ही उभय सहचार द्वारा साध्य तथा साध्या-भाव का उपस्थापन करने मे समर्थ है । इसलिये साध्य तदभाव के उपस्थापन करने मे समर्थ हो उसको अनैकान्तिक कहता हूँ यह लक्षण अनैकान्तिक का होता है । तथा केवल

वृत्त्यन्यत्वे सति साध्याभाववन्मात्रवृत्त्यन्यत्वं वा न चैवं सर्वमभिधेयं प्रमेयत्वादित्याद्यनुपसंहारिणो न संग्रहः तत्र साध्याभावाप्रसिद्धेरिति वाच्यं तस्यानुपसंहारित्वाभावात् किन्तु सद्धेतुरेव केवलान्वयिनि साध्ये तत्समानाधिकरणमात्रस्यैव गमकत्वात्। नन्वस्त्वेवं तथापि नायमेको हेत्वाभासः तथाहि उक्तरीत्यास्य संशायकत्वेन दूषकतायामेकहेत्वाभासता भवेत् सा चायुक्ता

साध्यवत् वृत्ति से भिन्न होकर के साध्याभाव मात्र वृत्ति से भिन्न हो, यह लक्षण भी अनैकातिक का हो सकता है।

प्रश्न—जब पूर्वोक्त लक्षण अनैकान्तिक का हुआ तब तो सभी अभिधेय है, प्रमेय होने से। इस अनुपसहारी मे लक्षण समन्वय नहो होता है, क्योकि प्रकृत प्रमेयत्व हेतुकस्थल मे अभिधेयत्व रूप साध्य का अभाव अप्रसिद्ध है।

उत्तर—सर्वमभिधेय प्रमेयत्वात्, यह अनुपसहारी का स्थल नही है किंतु सद्धेतु है। केवलान्वयी मे केवल साध्य सामानाधिकरण्य ही गमक अर्थात् अनुमापक होता है, व्यतिरेकांश उपयोगी नहीं है।

प्रश्न—भले ऐसा हो। तथापि यह अनैकान्तिकएक हेत्वाभास नही है। तथाहि यदि पूर्वोक्त रीति से संशय जनकत्व रूपेण दूषकता हो तब यह एक हेत्वाभास कहावे, परन्तु एक रूप से सशय जनकत्व अयुक्त है क्योकि साधा-

विपक्षगामितामात्रेणैव लघुनावश्यकेन प्रथमप्रतीतेन साधारणस्य तद्वत्सपक्षास्पर्शितामात्रेणैवासाधारणस्यैकधर्म्युपसंहाराभावेनैवानुपसंहारिणो दूषकत्वसम्भवादिति बाढं त्रयोमी साधरणासाधारणानुपसंहारिभेदात् न चैवं विभागासम्यक्त्वं उक्तरूपपुरस्कारेणैव विभागकरणात् तत्र च विपक्षवृत्तित्वं साधारणत्वं तन्मात्रस्यैव

रण जो हेतु को अवश्य लघु भूत प्रथम प्रतीत जो विपक्ष गामित्व साध्यभाववद्वृत्तित्व रूप से ही दूषकत्व हो सकता है, एव सपक्ष मे अवृत्तित्व रूप से असाधारण मे दूषकत्व हो सकता है, एवम् अनुपसहारी को पक्ष मे (एकधर्मी मे) उपसहाराभाव मात्र से दूषकत्व सभवित होने से। यह अनैकान्तिक तीन है इनको एक कैसे कहते है ?

उत्तर–ठीक कहते हो, साधारण असाधारण अनुपसहारी भेद से ये तीन हैं। तब तो ईदृश विभाग ठीक नही है ऐसा मत कहना। सशयोपस्थापकत्व रूप से परिचित अनैकान्तिक का विपक्ष गामित्वादि धर्म को पुरस्कृत करके ही विभाग किया गया है। उसमे जो हेतु विपक्ष गामी हो [illegible]र्थात् निश्चित साध्याभावाधिकरण मे वृत्ति हो सो [illegible]ारण कहलाता है, जैसे वह्नि साध्य मे द्रव्यत्व हेतु। [illegible]मे विपक्ष वृत्तित्व मात्र को दूषकत्व होता है। विरुद्ध [illegible] को विरुद्धत्व की अज्ञान दशा मे विपक्ष वृत्तित्व ज्ञान

दूषकत्वात् विरुद्धस्यापि तत्त्वाज्ञाने विपक्षवृत्तिताज्ञानदशायां साधारणत्वं अन्यथा तदा तस्य हेत्वाभासान्तरता स्यात् उपाधेरसङ्कर एव सर्वमनित्यं मेयत्वादित्यनुपसंहारी शब्दो नित्यः शब्दत्वाद् भूर्नित्या गन्धवत्त्वादित्यसाधारणश्च वस्तुगत्या साध्याभाववद्वृत्तित्वेन साधारणोपि पक्षतादशायां तथात्वेन न बोद्धुं न वा बोधयितुं शक्य इत्युभयोर्भेदेनोपन्यासः, अनित्यः शब्दः शब्दत्वादित्यसाधारणश्च वस्तुतस्सद्धेतुरपि पक्षतादशायामसाधारण एव पक्षमात्रवृत्तित्वात् । ननु

काल में साधारणत्व ही है । अन्यथा विपक्ष वृत्तिता का अज्ञान तथा विरुद्धत्व ज्ञान काल मे हेत्वाभासान्तरत्व अर्थात् विरुद्ध हेत्वाभासत्व होता है । उपधेय में सांकर्य होने पर भी उपाधि मे सांकर्य नही है । एवं सभी अनित्य है, प्रमेयत्व होने से । यह अनुपसंहारी शब्द नित्य है शब्दत्ववान् होने से । पृथिवी नित्या है गन्धवती होने से । ये जो दोनों असाधारण हैं सो वस्तुतः साध्याभाव वत् मे वृत्ति होने से साधारण है । किन्तु हेतु को पक्ष वृत्तिता ज्ञान समय में तथात्वेन अर्थात् साध्यभाववत् वृत्तित्व रूप से न जान सकते है न वा अन्य व्यक्ति को समझा सकते है, इसलिये दोनों को भेदेन कथन किया गया है । शब्द अनित्य है शब्दत्ववान् होने से । यह असाधारण हेतु वस्तुतः सद्धेतु होता हुआ भी पक्षता दशा में असाधारण ही है, क्योकि

पक्षतादशायामसाधारणतया साध्यनिश्चयदशायामाश्रयासिद्ध-तया सर्वदैवायमाभास इति न कदापि सद्धेतुरिति चेन्न। साध्यसन्देहे प्रमाणान्तरेणानुपपन्ने सिषाधयिषया पक्षतासम्भवेनाश्रयासिद्धेरसम्भवात्। ननु संशयाभावात्सिषाधयिषापि नोदेष्यतीति चेत्। तथापि सिद्ध्यन्तरस्येष्टसाधनताज्ञानेनात्म-

---

सपक्ष विपक्ष से व्यावृत्त होकर के पक्ष जो शब्द तावन्मात्र वृत्ति होने से।

प्रश्न—शब्दोऽनित्यः शब्दत्वात्, यह शब्दत्व हेतु पक्षता समय मे असाधारण रूप होने से तथा साध्यनिश्चय दशा मे आश्रयासिद्ध होने से सर्वदा तो हेत्वाभास ही है, तब इसको सद्धेतु कैसे कहते है ?

उत्तर—साध्य का सन्देह प्रमाणान्तर से अनुपपन्न होने के कारण साधनेच्छा के बल से पक्षता हो सकती है इसलिये आश्रयासिद्धि दोष की सम्भावना नही है।

प्रश्न—जब सन्देह साध्य विषयक नही है तब उस जगह मे सिषाधयिषा साध्य विषयणी इच्छा कैसे उत्पन्न होगी ?

उत्तर—तथापि सिध्यन्तरक विषयक इष्ट साधनता ज्ञान से साध्य विषयक इच्छा हो सकती है। आत्मा मे जैसी इच्छा होती है उसी तरह अर्थात् श्रुत्या आत्म विषयक निश्चय रहने से श्रौत आत्म ज्ञान विषय मे सन्देह न रहने पर भी 'आत्ममननमदिष्टमोक्ष साधनम्' इत्या-

नीव तत्सम्भवात् तत्र हि श्रोतव्यो मन्तव्य इति श्रुत्या श्रुतिनिश्चितस्याप्यात्मनो मननमिष्टसाधनतयाऽवसितमिति तत्र तदधीना सिपाधयिषोदेतु प्रकृते तु तद्वद्द्वितीयसिद्धेरिष्ट-साधनताग्राहकं किमपि न पश्यामो येन तत्र तदधीना निश्चि-तेति सिपाधयिषोत्पद्येतेति चेत् । अत्रापि यद्यप्यस्य प्रातिभेने-ष्टसाधनताज्ञानेन द्वितीयसिद्धाविच्छोदयेत्तदा कस्तां वारयेत्

कारक सिद्ध्यन्तर विषयक इच्छा से आत्मानुमान होता है, तद्वत्प्रकृत मे भी सिद्ध्यन्त विषयक इष्ट साधनता बल से सिपाधयिषा होने मे कोई क्षति नही है।

प्रश्न—आत्मस्थल मे तो 'श्रोतव्योमण्तव्यः' इस श्रुति से श्रुति निश्चित भी आत्मा का जो मनन है सो इष्ट साधनत्वेन निश्चित होने से उस स्थल मे इष्ट साधनता ज्ञान के बल से सिपाधयिषा उत्पन्न हो, परन्तु प्रकृत मे तो द्वितीय सिद्धि सम्बन्धी इष्ट साधनता का ग्राहक तो कोई प्रमाण देखने मे नही आता है कि जिसके बल से निश्चित अर्थ विषयक सिपाधयिषा उत्पन्न हो।

उत्तर—यहा भी प्रातिभ इष्ट साधनता ज्ञान से द्वितीय सिद्धि विषयक इच्छा उत्पन्न होगी तो उसको रोकने वाला कौन है ? अर्थात् प्रातिभ इष्ट साधनता ज्ञान से इच्छा अवश्यमेव होगी। यहा इतनी विशेषता है कि असाधारण दोष अनित्य है, अर्थात् संशयादि द्वारा ज्ञान काल मे भी

अयं तु विशेषो यदसाधारणो दशाविशेषे दोषः विशेषदर्शने सति संशयसत्प्रतिपक्षयोर्द्वारयोरनुदयात् सत्प्रतिपक्षवत् साधारणानुपसंहारिणौ तु नित्यदोषाविति । प्राञ्चस्तु असिद्धानैकान्तिकौ त्वदुक्तरीत्या यद्यपि प्रत्येकं त्रिविधौ तथापि सामग्रीविरहत्वेन संशायकत्वेन च दूषयन्तौ द्वावेवेति मुनेराशयः ।

प्रति बन्धक होता है । जैसे सत्प्रतिपक्ष ज्ञान काल मे ही प्रति बन्धक होता हुआ अनित्य दोष कहलाता है । विशेष दर्शनकाल में सशयादिक के अनुत्पन्न होने से प्रतिबन्धकत्व नही होता है अर्थात् असाधारग तथा सत्प्रतिपक्ष दशा विशेष में प्रतिबन्धक होने से अनित्य दोष है, ज्ञानाकाल में प्रतिबन्धक न होता हुआ दोष नही है । साधारण व अनुपसहारी ये दोनों नित्य दोष है । प्रकृत विषय मे प्राचीन का मत है कि असिद्ध तथा अनैकान्तिक दोनों अवान्तर भेद से तीन तीन भेद वाले हैं तथापि असिद्ध सामग्री ·विरह रूप से और अनैकान्तिक सशायकत्व रूप से प्रति बन्धक होने से दो ही कहे जाते हैं, ऐसा महामुनि का अभिप्राय है। अर्थात् असिद्धि में अवान्तर भेद रहने पर भी सामग्री विरह रूपता सर्वान्युस्यूत है, इस रूप से असिद्ध एव है तथा साधारणादि अवान्तर भेद होने पर भी संशयोत्थापकत्व रूप को एक होने से एकत्व है ।

अथ सत्प्रतिपक्षः

श्रौतमुत्तरन्त्वन्मतेनालग्नकं स्यात् भेपजमेवोत्तरन्त्वद्दिशा घटेत श्रुतयो विश्रृङ्खला एवेति चेत् । त्यज तर्हि श्रुतितात्पर्यमात्रसाक्षिके ब्रह्मणि विश्वासम् अधीष्व मध्यमागमं सेवस्व सत्त्वशून्यतावादमिति । नान्वस्त्वेतद्यथा तथा उत्तरवत्प्रश्नखण्डने य उद्धारस्तं ब्रूहीति चेत् । ब्रूमः । किं प्रमाणमिति प्रष्टा वैजात्येन प्रमाणमित्युत्तरे कृतेपि तावन्न निवृणोति यावत्प्रत्यक्षमनुमान चेति न शृणोति तत्कस्य हेतोः प्रमाणमित्युत्तरमाकर्ण्यापि स्वजिज्ञासितममुं प्रमाणविशेषरूपं न प्रापेति गम्यते प्रश्नस्येन

प्रश्न—श्रुति तो विश्रृंखल है अर्थात् अस्त व्यस्त ही है।

उत्तर—तव तो श्रुति तात्पर्यमात्र साक्षिक ब्रह्म मे विश्वास को आप छोड दीजिये, माध्यमिक आगम को पढिये और सर्वशून्यता को सेवा करिये ।

प्रश्न—यह जैसे तसे होवे । परन्तु उत्तर के समान प्रश्न खण्डन मे जो उद्धार है उसको बोलिये । बोलता हू ।

उत्तर—प्रष्टाने पूछा कि क्या प्रमाण है ? उत्तरदार ने कहा-प्रमाण यह है कि उत्तर करने पर भी प्रष्टा तव तक निवृत नही होता है जव तक कि प्रत्यक्ष वा अनुमान प्रमाण विशेष उपस्थित न हो। जव तक कि प्रत्यक्ष अनुमान प्रमाण है यह वचन नही सुनता है। यह किसलिये ? अर्थात् ऐसा किस कारण से होता है ? प्रमाण है इत्या

प्रमाणपदेन प्रमाणत्वेन रूपेण यथा प्रमाणविशेष उपस्थाप्यते अन्यथा किमालम्बनः प्रश्नः स्यात् तथा उत्तरस्थेन तु तेन पदेन प्रमाणत्वेन रूपेण प्रमाणं उपस्थाप्यते । अत्रैव सङ्ग्रहश्लोकौ यथाविधं यं विषयं निजस्य प्रश्नस्य निर्वक्ति परोपयोक्त्या वाच्यस्तथैवोत्तरवादिनापि तयैव वाचा स तथाविधोर्थः ॥ प्रश्नस्य यः स्याद्विषय. स वाच्यो वाचानया चैप भवेन्निरुक्तः । इदं त्वयाप्यास्थितमेतयैव वाचा स्वपृच्छाविषयस्य वक्त्रा ॥

कारक उत्तर को सुनकर भी स्वजिज्ञासित प्रमाण विशेष को नही प्राप्त किया ऐसा मैं समझता हूँ।

प्रश्न–वाक्यस्य प्रमाण पद से प्रमाणत्व रूप से जैसे प्रमाण विशेष उपस्थित होता है। अन्यथा प्रश्न निरालम्बालक हो जायगा, उसी तरह उत्तर वाक्यस्थ प्रमाण पद से प्रमाणत्व रूप से प्रमाण मात्र उपस्थित होता है अर्थात् उत्तर वाक्य मे प्रमाण विशेष के उपस्थित न होने से जिज्ञासा निवृत्ति नही होती हैं। यादृशविषयक प्रश्न हो तादृश वस्तु विषयक प्रश्नानुरूप ही उत्तर होना चाहिये। इस विषय मे दो सग्रह श्लोक होते हैं। "प्रश्नकर्ता स्वकीय यादृश विषय का यादृश कथन से प्रतिपादन करता है उत्तर वादी को चाहिये उसका उत्तर तादृश वचन से तादृश देना ।।१।। प्रश्नकर्ता का जो विषय हो वह शब्द द्वारा वक्तव्य है, उस वक्तव्य विषय का प्रतिपादन करे।" ।।२।

अत्र ब्रूमः। सामान्येन प्रकारेणविशेषमतिरस्कुर्वन् विवेकी तावद्विवेकिनं पृच्छति। विवेकी तु स्वविवेचितविशेषं प्रष्टुं प्रतिबिम्बयिष्यन्ननपेक्षितविशेषं तिरस्कुर्वन्नपेक्षित पुरस्कुर्वन् शृङ्गिग्राहितया तं विशेषमाह प्रत्यक्षमित्यनुमानमित्यादि। एवञ्च प्रश्नविषये समदृशः सामान्य प्रकारकोऽतिरस्कृतकिञ्चिद्विशेषः किं प्रमाणमित्यादिः प्रश्नो युज्यते उत्तरयितुस्तद्विशेषेषु विषमदृशो विवेकिनोभिमतविशेषमात्रप्रत्यायिपयिषोः शृङ्गग्राहिकानिर्देशमन्तरेण न निस्तारः प्रष्टुर्जिज्ञासापनोदिका हि विशेष-

---

अब इसका समाधान कहते है–अत्र ब्रूमः सामान्य प्रकार से अर्थात् प्रमाणत्व रूप से विशेष धर्म प्रत्यक्षत्वादि का तिरस्कार न करता हुआ विवेकी अन्य विवेकी को पूछता है, विवेकी उत्तर दाता स्वविवेचित विशेषांश को पूछने के लिये अनुवाद करता हुआ शृंग ग्राहिकतया उस विशेष को कहता है, यह प्रत्यक्ष है अथवा यह अनुमान है इत्यादि। ऐसा हुआ तब प्रश्न के विषम में सामान्य प्रकारक और जिसमें विशेषाश का त्याग न हो, ऐसा क्या प्रमाण है? ऐसा प्रश्न उपयुक्त होता। उत्तरकर्त्ता तत्तद्विशेषांश मे उदासीन अभिमत विशेषाश मात्र को समझाने के लिये प्रष्टा की जिज्ञासा को निवृत्ति करने मे समर्थ विशेष प्रकारक ज्ञान ही होता है? इस स्थिति मे यह जो गाथाद्वय है सो विशेषादर्शन मूलक है ऐसा मैं समझता हूं।

प्रकारिका धीः सा नान्यथा सम्भवतीति । एवञ्च गायाद्वयं विशेषादर्शनयोनीति विन्नः । अथ तनुभुवनादेरुपादानाभिज्ञजन्यत्वे किं प्रमाणमिति प्रमाणविशेषप्रश्नस्तज्जिज्ञासाविष्करणरूपः तज्जिज्ञासा च तत्सामान्यज्ञानपूर्विका तच्च ज्ञानं यदि प्रमारूपं मन्यसे तदेश्वरप्रमा तद्विषयभूतश्चेश्वरस्त्वया प्रमित एव किं पृच्छसि अथाप्रमाभूतं ब्रूषे तदा किं पृच्छसि न ह्यप्रमालिङ्गितस्य स्वरूपं पृच्छ्यते तस्य निःस्वरूपत्वात् अथ प्रमाप्रमौदास्येन

प्रश्न– तनु शरीर भुवन ब्रह्माँडादि अवयवी मात्र पदार्थ उपादानविषयक अपरोक्षज्ञानचिकीर्षाकृतिमान् से जन्य है । एतादृश जन्यता मे क्या प्रमाण है ? एतादृश प्रमाण विशेष विषयक परमेश्वर द्योतक रूप प्रश्न है । ईश्वर जिज्ञासा ईश्वर के सामान्य ज्ञानपूर्विका होती हे । वह ज्ञान यदि प्रमा रूप है ऐसा मानो तब तो ईश्वर की प्रमा तथा तादृश प्रमा विषयीभूत जो परमेश्वर सो प्रमित हो ही जाता है तब तद्विषयक प्रश्न क्यो पूछते हो ? अथ यदि जो ईश्वर ज्ञान हुआ सो अप्रमा रूप है ऐसा कहो तो फिर पूछना ही क्या रह गया ? क्योकि जो अप्रमा ज्ञान का विषय है उसके स्वरूप को पूछना निरर्थक है, नि स्वरूप होने से । यदि कहो कि प्रमा अप्रमा मे उदासीन होकर के परमेश्वर को जानकर परमेश्वर स्वरूप विषयक प्रश्न करता हूँ तो यह भी ठीक नही क्योकि चाहे ऐसा हो किन्तु उस मे

तज्ज्ञात्वा तत्स्वरूप पृच्छसि भवत्वेवं तदपि प्रत्येक कोट्योर्दूषित त्वात् किमधिकमस्ति अथ सशयानः पृच्छसि तदा शिष्योसि न तु वादी अथाचिक्षिप्सुः पृच्छसि तदा पूर्वोक्त निश्चयपक्ष नातिवर्तस इति । अत्रोच्यते । तनुभुवनादेः कर्तृजन्यत्वविषयत्वे च प्रमात्व तावन्मन्यस इति न्यायमतमनूद्य स्वय तत्प्रामाण्या प्रामाण्यौदास्यमालम्ब्य तत्र किं कारणमित्याचिक्षिप्सोः प्रश्न स्तत्तद्दोषग्रासात् किमपि करणं न भविष्यतीति प्रष्टुर्भाव एव

भी तो प्रमा अप्रमारूप प्रत्येक कोटिका तो निराकरण कर दिया है । तब इसमे अब क्या अधिक है जो प्रष्टव्य है ? अथ कहो कि सदिग्ध होकर के पूछता हू तब तुम शिष्य तो हो नही वादी हो । अथ यदि आक्षेप की इच्छा से नही पूछते हो तब तो पूर्वोक्त जो निश्चय पक्ष है उसका अति-क्रमण नही करते हो ।

समाधान-अत्रोच्यते, तनुभुवनादिके कर्तृजन्यत्व मे तथा तद्विषयतामे प्रमा ज्ञान मानते हो तब तो न्याय मत का अनुवाद करके और स्वय प्रामाण्य तथा अप्रामाण्य मे उदासीनता का आलम्बन करके ईश्वर प्रमा मे क्या कारण है ? ऐसा आक्षेप्ता का प्रश्न है, परन्तु यह प्रश्नाक्षेपतत्तद दोषग्रस्त होने से उस ज्ञान मे कोई भी कारण नही होगा, ऐसा पूछने वाले का अभिप्राय है । इसी प्रकार से सर्वत्र प्रश्न मे जानना चाहिये ।

सर्वत्र प्रश्ने नेयम् ॥

इति श्रीवाचस्पतिमिश्रकृते खण्डनोद्धारे सर्वनामखण्डनोद्धारो नाम तृतीयः परिच्छेदः ॥

इति पश्चिमाम्नाय श्रीरामान्दपीठ–श्रीशेषमठाधीश–
जगद्गुरु–श्रीरामानन्दाचार्य-योगिराज–
स्वामि–श्रीरामप्रपन्नाचार्यदर्शनकेशरीकृत–
खण्डनोद्धारदीपिकायाँ सर्वनामप्रश्नोद्धार–
नामकः तृतीयः परिच्छेदः समाप्तः

❀ अथ चतुर्थः परिच्छेदः ❀

तदयं संक्षेप. । किमस्तावज्जिज्ञासाविष्करणमर्थः किं स्विदे काकी चरतीत्यादौ क्वचित्स एवाक्षेपगर्भं क्षित्यादे कर्तृजन्यत्वे किं प्रमाणमित्यादौ क्वचिदाक्षेपो यथा मयि रोधिनि सति कस्ते शरणमित्यादौ क्वचिन्निन्दा यथा किं तेनाङ्घ्रियुगेन येन नगरी न प्रापि वाराणसीत्यादौ क्वचित् विकल्प यथा हृतात्मा किमयं दिवाकर इत्यादौ । यदादीनान्तु सतानां

किं प्रभृतिक सर्वनाम शब्द के सम्बन्ध मे सक्षेप मे बताते हैं । जिज्ञासा का स्पष्टीकरण करना ही किं शब्द का अर्थ है । जैसे क्या एकाकी चलता है । कही तो आक्षेप घटित ही किम् शब्द का अर्थ होता है । जैसे क्षित्यादिक की कर्तृ जन्यता मे क्या प्रमाण है ? इत्यादि स्थल मे । कही आक्षेप किम् शब्द का अर्थ होता है । जैसे हमारे विरोधी रहने पर तुम को शरण कौन है ? इस स्थल मे मदतिरिक्त मे रक्षत्व का आक्षेप है अर्थात मदतिरिक्त मे रक्षकत्वाभाव है । कही तो निन्दार्थक किम् शब्द है । उन दोनो पैरो से क्या उसने श्रीअयोध्यानगरी को प्राप्त नही किया ? यथा वा लौकिक उदाहरण "अपारिनयया प्रजा प्रभुतया तया किं कृतम्" 'अहारि नयया मनः प्रमदया तया किं वृतम्" इत्यादि । कही तो विकल्पार्थक किम् शब्द होता है, जैसे क्या यह दिवाकर हृतात्मा है ? यहाँ दिवाकर व्यक्ति विशेष या

धर्मिण्येव शक्तिः प्रस्तुतत्वादिकन्तु पङ्कजसमुदाये पद्मत्वादिवत्-प्रयोगोपाधिः धेनुपदे गोत्वमच्छक्त्युपाधिर्वेति तथाहि प्रस्तुतत्वं तटस्थीकृत्य यच्छब्दो धर्मिणि वर्तते एवं तच्छब्दोपीति। एवमिदमेतदादौ प्रत्यक्षज्ञानविषयत्नम् अदःशब्दे तु परोक्षज्ञान-विषयत्वम् अत एवोभौ लोकौ सञ्चरसि इमञ्चामुञ्च देवल-केति शाब्दिकाः। एवं युष्मच्छब्द सम्बोध्यात्मनि अस्म-च्छब्दः स्वतन्त्रवक्त्रात्मनि स्वातन्त्र्यग्रहणात् वाच्यस्त्वया मद्वचनात्स राजेत्यादौ कविरेव नास्मच्छब्दवाच्योनुवादकत्वेन

सूर्य इनमे विकल्प है। यत् प्रभृतिक जो सात शब्द है उनकी शक्ति धर्मी मे है। प्रस्तुतत्वादिक जो है सो तो पकज समुदाय मे पद्मत्व की तरह प्रयोग मे उपाधिमात्र है। अथवा धेनु पद मे गोत्व के समान शक्ति की उपाधि है। तथाहि प्रस्तुतत्व (प्रकान्तत्व) को नटस्थ करके यत् शब्द धर्मी का बोधक होता है। इसी तरह तत् शब्द मे भी समझना चाहिये। एवम् इद शब्द तथा एतत् शब्द की शक्ति प्रत्यक्ष ज्ञान विषय मे है। और अदसशक्ति परोक्ष ज्ञान विषय मे है। अत एव हे देवलक तुम इस लोक मे तथा परलोक मे दोनो मे सचरण करते हो, ऐसा प्रयोग शाब्दिकोने किया है। युष्मत् शब्द की शक्ति सबोध्य मे होती है, अस्मत् शब्द की शक्ति स्वतत्र वक्ता मे होती है, स्वातन्त्र्यके ग्रहण होने से। वाच्यस्त्वया मेरे वचन

स्वातन्त्र्याभावादिति। ननु विरमतु प्रश्नखण्डनं सिध्यतु चात्र भवान् उपनिषत्तात्पर्यमर्यादानिविष्टो भवान् तथापि तं भावभूतं मन्यसे तत्र किमिदं भावत्व नाम। न तावद्द्रव्यादिषडन्यतमत्वम् अनुगतानतिप्रसक्तैकरूपाभावे आदिपदाप्रवृत्तेः तद्भावे च तस्यैव भावस्य वचनौचित्यात् किञ्च यत्किञ्चिद् भावत्वं ब्रूषे तद्भावत्वेऽस्ति न वा आद्ये स्वात्मनिवृत्तिविरोधः

से तुम राजा को कहना, इस स्थल में अस्मत् शब्दवाच्यत्व कवि मे नही है क्योकि कवि के अनुवादक होने से उसमे स्वातन्त्र्य नही है।

पूर्व पक्ष— किम् शब्द प्रश्नार्थक है इसकी जो खण्डन चर्चा थी उससे विरत होइये। भगवान् परमेश्वर की भी सिद्धि हो। आप उपनिषद् तात्पर्य को जानने वाले हैं, तथापि मै आपसे पूछता हू कि आपतो परमेश्वर को भाव रूप मानते हैं तो यह भावत्व वस्तु क्या है ? उसमे द्रव्या षडन्यतमत्व रूप भावत्व नही कह सकते हैं, क्योकि अनुगत अनति प्रसक्त एक रूप का अभाव होने से द्रव्य का जो आदि पद है उसकी प्रवृत्ति नही हो सकती है। यदि अनुगत अनतिप्रसक्त एक रूप का सद्भाव हो तब तो उसी को भाव कहा जाय, लक्षण निर्माण निरर्थक है। और भी देखिये जो कुछ आप भावत्व बताते है सो भावत्व मे है कि नही ? यदि भावत्व मे भावत्व रहता है इस प्रथम पक्ष मे

श्रन्त्ये भावत्वस्य धर्मभूतस्यान्यनिषेधमुखेनाप्रतीयमानस्यापि भावत्वराहित्ये घटादेर्भावत्वे का प्रत्याशा। भगवतो भावत्वं मा भूदिति चेत्तह्यभावत्वं प्राप्तम्। अस्त्वेवमिति चेत्। किमि-

---

स्व में स्व को वृतिता का विरोध होता है, अर्थात् आत्माश्रय दोष हो जाता है भावत्व मे भावत्व नही रहता हैं, इस अन्तिम पक्ष मे धर्म स्वरूप जो भावत्व है, जो कि अन्य के निषेध मुख से प्रतीयमान नही होता है, उसमे यदि भावत्व न मानें तब तो घटादिक पदार्थ के भाव रूप होने को क्या आशा करते है ? अर्थात् जिसके बल से घट भाव कहलाता वह धर्म जब स्वयमेव भाव नही है तब घट को भाव किस तरह हो सकता है, अर्थात् घटादिक भाव रूप नही कहावेगा। नही कहो कि भगवान् भाव रूप नही है, तब तो भगवान् मे अभावत्व हो जायगा। अर्थात् पदार्थ तो दो ही प्रकार का होता है एक भाव रूप और दूसरा अभाव रूप। तब उसमे यदि भगवान् भाव रूप न हो तो परिशेषात् अभाव रूप हो जायेंगे। यदि इष्टापत्ति कहो तो अभाव निःस्वरूप होता है तो भगवान् भी नि स्वरूप हुए, तब उनकी उपासना कैसे होगी। भगवत् उपासना के अभाव में उपा मूलक मोक्ष के लिये शास्त्र और शास्त्रकार का प्रयत्न निष्फल हो जायेगा। भगवान् के अभावरूप होने मे यह दोष तो होता ही है, तथापि ग्रन्थकार दूसरा दोष भी बताते हैं

दमभावत्वं नाम भावनिषेधत्वं कश्चिद्धि निषेधो भावस्य यथा घटो नेति, आद्योऽभावः भावप्रतिक्षेपणात् द्वितीयस्तु भावः अभावप्रतिक्षेपणात्। तदुक्तं "अभावस्य तु योऽभावो भाव एवावशिष्यत" इति चेत्। निषेध इति कोर्थः अभावो वा विरोधी वा। अत्राद्ये एवं हि भावस्य निषेध इत्यस्य भावस्याभाव इति स्यात् तत्राप्यभावो भावनिषेध इति स्यात् अत्रापि निषेधदस्याभाव इति विवृतौ पुनर्भावप्रवेशो अभाव-

---

अस्त्वेवमित्यादि. कुछ देर के लिये मान लिया जाय कि भगवान् अभाव रूप है तब मैं पूछता हूं कि यह अभावत्व क्या है ? यदि भाव निषेध को अभाव कहा जाय तो निषेध तो भाव का होता है,जैसे घटो न। क्योंकि भाव का प्रतिक्षेप होने से प्रथम अभाव है और अभाव का प्रतिक्षेप होने से द्वितीय भाव रूप है। ऐसा कहा है कि अभाव का जो अभाव है सो भावरूप से ही अवशिष्ट होता है। ऐसा कहो तो मैं पूछता हूं कि निषेध शब्द का क्या अर्थ है ? निषेध का अर्थ अभाव है अथवा विरोधी है ? प्रथम पक्ष मे इसका अर्थ भाव का निषध होगा,भाव का अभाव। इसमें भी निषेध पदार्थ होगा अभाव, तब ऐसा कहने से पुन: भाव का प्रवेश होगा। इस प्रकार से अभाव का निर्वचन करने में भाव की आनत्य घापत्ति होगी,इसमे यह मार्ग ठीक नहीं है अन्तिम जो विरोध पक्ष है उसमें गोत्व भी अश्वत्व का अभाव कहला जायगा,

निरुक्तौ भावानन्त्यमापतेदिति नायं पन्थाः । अन्त्ये गोत्वमप्येवमश्वत्वस्याभाव इति स्यात् तत्राप्येकेनापरस्य विरोधात् । अनयोर्भावयोर्विरोधेपि भावत्वेनोपस्थितस्य भावस्य विरोधिता नास्ति अभाव इत्यस्य तु सास्ति स्वभाव इति भावनिषेधनादिति चेत् । तर्हि भावविरोधी भावत्वेनोपस्थितस्य निषेध इति निर्गलितम्, अत्राद्यकल्पोर्थग्रास इति । अत्राहुः । त्रिविधा हि पदार्थास्तत्र द्रव्यगुणकर्मणां सत्ता च तद्धीश्च सामान्यविशेष-

---

गोत्व अश्वत्व का विरोध होने से । नही कहोकि गोत्व अश्वत्व का विरोध होने पर भी भावत्व रूप से उपस्थित जो भावात्मक उसको विरोधित्व नही है, अर्थात् स्वरूपतः गोत्व अश्वत्व के परस्पर विरोधित्व होने पर भी भावत्व रूप से विरोध नहीं है दोनो भाव रूप हैं। अभाव को तो भाव के साथ विरोधिता है, क्योंकि अभाव, भाव का निषेध होने से । ऐसा कहने पर तो भाव विरोधी अर्थात् भावत्वेन उपस्थित का निषेध ही फलितार्थ हो जाता है, इसमे आदि कल्प अर्थ ग्रस्त है ।

समाधान—पदार्थ तीन प्रकार का होता है द्रव्य, गुण कर्म इन तीनो मे समवाय से सत्ता रहती और सत्ता का ज्ञान भी होता है सामान्य विशेष और समवाय मे सत्ता का ज्ञान ही रहता है। (सत्समान्यम् इत्यादि प्रतीत होने से) और अभाव जो प्रागभाव ध्वंस अत्यन्ताभाव अन्योन्याभाव ये चार हैं, ये अभाव होने से सत्तासम्बन्ध ज्ञान विरोधित्व

समवायानां तद्धीरेव अभावावन्तु चतुर्णामभावत्वेन सत्तासम्बन्धमानविरोधिना प्रकारेणोपस्थितानां तद्धीरपि नास्ति विशेषदर्शनेभ्रमानुदयात् एवञ्च सत्तासम्बन्धभानविरोधिप्रकारवत्ता अभावानाम् ॥

तच्छून्यता तु भावानामिति । यद्वा सत्तावत्त्वप्रतीतिविषयत्वं भावत्वम् एवं भावाश्चाभावाश्चोभयेपि लक्षिताः । यद्वानुपलब्धिकरणकप्रतीतिविषयत्वमभावत्वम् अतीन्द्रियस्याप्यभावस्य ज्ञातानुपलब्धिकरणकप्रतीतिविषयत्वात् । एवमनुपलब्धिकरणक प्रत्यक्षाविषयत्वं भावत्वं घटाभावाभावत्वेनापि घटस्य या

प्रकार से उपस्थित है इन सब मे सत्ता का ज्ञान भी नही है विशेष दर्शन होने से । सत्ता का भ्रम ज्ञान भी नही होता है, ऐसा हुआ तब अभाव मे सत्ता सम्बन्ध का जो ज्ञान तद्विरोधी प्रकारवत्व है । और भाव मे तद्रहितत्व है । यद्वा सत्तावत्व प्रतीति विषयत्व ही भावत्व है । सद्द्रव्यं सन् गुण सत्कम इत्याकारक सत्त्व प्रकारक द्रव्यादि विशेष्यक बुद्धि वेद्यत्व ही भाव का लक्षण है, और एतद्रहितत्व ही अभाव का लक्षण है, इस प्रकार से भावाभाव उभय लक्षित होते है । अर्थात् समवाय समानाधिकरण्य अन्यतर सबन्ध से जो सत्तावान् हो उसको भाव कहते हैं (द्रव्य गुण कर्म मे समवाय सम्बन्ध से सत्ता रहती है और सामान्य विशेष समवाय इन तीन मे सामानधिकरण्य सम्बन्ध से सत्ता

धीः सापि घटत्वेनैव घटाभावाभावत्वेनापि घटत्वस्यैवोक्तेः।
वायुर्नीरूप इत्यत्र 'ज्ञातानुपलब्धिकरणिकायामनुमितौ यद्यपि

रहती है। जैसे द्रव्यं सत् यह प्रतीत होती है उसी तरह सामान्यं सत् विशेषः स सन्मवायः सन् यह भी प्रतीति होती है इससे सत्तावत्व भाव लक्षण होता है। विशेषता यह है कि द्रव्यादि तीन मे समवाय सम्बन्ध से सत्ता रहती है और सामान्यादिक तीन मे समानाधिकरण्य सम्बन्ध से सत्ता रहती है। जैसे घट मे रूप है और रस भी है तो दोनो का अधिकरण एक होने से सामानाधिकरण्य सम्बन्ध से घटीय रूप में तदीय रसादिक भी प्रतीयमान होता है, इसी तरह सामान्य और समवाय द्रव्य रूप के एक अधिकरण मे होने से समानाधिकरण कहाते है और सामानाधिकरण्य सम्बन्ध से सामान्याश्रित समवायादिक होते हैं) यहा अनुपलब्धि करणक जो प्रीतोति ज्ञान, तादृश ज्ञान का जो विषय हो उसी का नाम अभाव है। जो अभाव अतीन्द्रिय है सो भी ज्ञाता जो अनुपलब्धि तत्करण प्रतीति का विषय होता है। इसी प्रकार से अनुपलब्धि करणक प्रत्यक्ष का जो अविषय, सो भाव का लक्षण है। घटाभावाभाव रूप से जो घट का ज्ञान है सो भी घटत्व प्रकारेण घट बुद्धि के समान घटाभावाभाव वाक्य मे भी

वायुरपि चकास्ति तथाप्यनुमितिः सर्वेव पक्षेनुवाद साध्यमात्रे तु विधिरिति न वायोरयनुपलब्धत्वेनाभावत्वापत्तिः भावत्वमुपदेशसहकृतेन्द्रियग्राह्यत्वं रत्नेतरत्ववत् अभावत्वन्तु स्वरूपत एव योग्यं घटाभाव इत्यादिरूपेण चक्षुःपातेन प्रतीतेः ॥

ननु सर्वमिदं लक्षणजातं विशिष्टमिष्टं भवतः तत्र किं विशिष्टं नाम । न तावद्विशेषणविशेष्यतत्सम्बन्धेभ्यो भिन्नं तत्रापसिद्धान्तप्रसङ्गात् नापि तत्त्रितयात्मकं प्रत्येकं विशि-

---

घट ज्ञान ही है, अभावाभाव प्रतियोगी रूप होता है । वायु रूप रहित है इस स्थल मे ज्ञातानुपलब्धिकरणक अनुमिति मे यद्यपि वायु का भी भान होता है तथापि सभी अनुमिति मे पक्ष का अनुवाद मात्र ही होता है । साध्याश मात्र मे विधायकत्व है अर्थात् प्रमाणान्तर प्राप्त है,इसलिये पक्षाश मे अनुमिति अनुवादिका होती है और साध्याशमे विधायिका होती है । इसलिये अनुपलब्धि गम्यत्व होने पर भी वायु मे अभावत्वापत्ति नही होती है । उपदेश सहकृत इन्द्रियवेद्यत्व भाव का लक्षण है, रत्नेतर के समान । अभावस्वरूपत एव योग्य होता है । चक्षुरादि इन्द्रिय का सबन्ध मात्र होने पर यह घटाभाव है, ऐसी प्रतीति होती है

यह सभी लक्षण विशिष्ट है, ऐसा आपका मत है, उसमे मैं पूछता हू कि विशिष्ट वस्तु क्या है ? उसमें विशेषण विशेष्य और इन दोनो का जो सम्बन्ध इनसे भिन्न

ष्टव्यवहारापत्तेः नापि समुदितं तत्त्रयं विशिष्टं तर्हि तेषु त्रिषु चतुर्थः समुदायः पर प्रवेशितो न तु विशिष्टोऽतिरेचितः तथा च प्रत्येकं प्रसङ्गस्तदवस्थ एव त्वया विशिष्टस्यानन्यत्वाभ्युपगमात् । चतुर्णामपि समुदायोपेक्षित इति चेत्तर्ह्यतिप्रसङ्गः पूर्ववदेव अनवस्था चाधिकेति । अत्राहुः । अनेन विशिष्टखण्ड-

---

विशिष्ट है, यह तो नही हो सकता है । यदि ऐसा मानो तो अपसिद्धात दोष हो जायगा । क्योकि विशेषण दण्ड विशेष्य पुरुष सवन्ध संयोग इसके अतिरिक्त चौथा कोई पदार्थ नही है । नही कहो कि विशेषणविशेष्य सम्बन्ध एतत् त्रितयात्मक विशिष्ट है, यह भी ठीक नही है । क्योकि ऐसा होने से तो ही प्रत्येक विशेषणादिक में विशिष्ट व्यवहार हो जायगा । न वा समुदित विशेषणादि त्रय विशिष्ट है । तव तो आपने इस तीन के समुदाय भे एक चौथे को भी प्रवेश दिया । न कि विशिष्ट को अतिरिक्त वनाया । ऐसा होने पर तो प्रत्येक विशेषणादिक मे पूर्ववत् अतिप्रसंग है । और आप तो विशिष्ट को विशेषणादिक से अभिन्न मानत है । यदि चारो के समुदाय को विशिष्ट कहो तो अति प्रसग (प्रत्येक मे अति व्याप्ति रूप) पूर्ववत् है और अनवस्था एक दोष अधिक वढ जायगा ।

समाधान—अत्राहुरित्यादि, इस विशिष्ट के खण्डन से स्वार्ता के ज्ञान का ·· (यह पंक्ति अस्पष्ट है)

नेन स्वकर्तृज्ञानाविशिष्टत्वमुदटङ्कीति स्तनन्धयैरपि निरटङ्कि । ननु विशिष्टं विशेषणविशेष्यसम्बन्ध इति सत्यं तच्च न विशिष्टव्यवहारहेतुकं व्यवहारस्य व्यवहर्तव्याजन्यत्वात् किन्तु तज्ज्ञानं तथा तदपि त्रितयग्राहितया समूहालम्बनाविशिष्टमिति समूहालम्बनादपि विशिष्टव्यवहार आपद्येतेति मद्दशनार्थ इति । चेत् । नूनं भ्रान्तोसि न त्रितयग्राहितामात्रेण समूहालम्बनमपि विशिष्टव्यवहारकमन्वये विशिष्टज्ञानं हि तथा। तत्किं समूहालम्बनं विशिष्टस्य ज्ञानं न

शका—विशिष्ट तो विशेषण विशेषणविशेष्य सम्बन्ध रूप ही है, परन्तु वह विशिष्ट व्यवहार में हेतु नही, क्योकि व्यवहार मे व्यवहर्तव्य पदार्थ को कारणता नही है, किन्तु व्यवहर्तव्य विषयक ज्ञान को कारणता है । तब तो विशिष्ट ज्ञान विशेषणविशेष्य सम्बन्ध एतत् त्रितयग्राही और समूहालम्बन ज्ञान भी यथोक्त त्रितयग्राही होता । तब जब दोनो त्रितयग्राहित्वेन समान है तब तो समूहालम्बन से भी विशिष्ट व्यवहार की आपत्ति होगी, मेरे प्रश्न का अभिप्राय यही है ।

उत्तर—आप इस विषय मे निश्चित रूप से भ्रान्त है । त्रितयग्राहिता मात्र से समूहालम्बन विशिष्ट व्यवहार का जनक नही है, अन्वय परस्पर सबन्ध रहने से विशिष्ट व्यवहार जनकत्व होता है, तब क्या समूहालम्बन विशिष्ट का ज्ञान नही होता है ? होता तो है, किन्तु वह विशिष्ट, ज्ञान नही है । क्यो कि सामग्री भेद होने से । अर्थात् विशिष्ट ज्ञान तथा समूहालम्बन की सामग्री भिन्न भिन्न है, ऐसा

भवति भवति न तु विशिष्टं ज्ञानं तत्कस्य हेतोःसामग्री-भेदादिति ब्रूमः। समूहालम्बने हि दण्डपुरुषतत्सम्बन्धैः सममिन्द्रियसन्निकर्षस्तथा दण्डत्वपुरुषत्वतत्सम्बन्धानां ज्ञान-संसर्गाग्रहश्चेति सामग्री विशिष्टज्ञाने तु दण्डात्मकविशेषण-ज्ञानं पुरुषदण्डसन्निकर्षाभ्यां सहेन्द्रियसन्निकर्षः सामग्री तथा चार्थभेदेन सामग्रीवैलक्षण्यात् विशिष्टज्ञानं विलक्षणमुदेति तदेव विशिष्टव्यवहारकरणं यथा भूतले घटाभावो घटाभाव-

---

मैं कहता हूं तथाहि समूहालम्बन में विशेष्य दण्डी विशेषण दंड और दोनो का सम्बन्ध संयोग इन तीनों के साथ इन्द्रिय का सम्बन्ध रहता है तथा दण्डत्व पुरुषत्व तत्संबन्ध का ज्ञान और असंसर्गाग्रह भी, यह सामाग्री है। और विशिष्ट ज्ञान में तो दण्डात्मक विशेषण का ज्ञान तथा पुरुष और दंड संनिकर्ष के साथ इन्द्रिय सन्निकर्ष रूप सामग्री है। ऐसा हुआ तब अर्थ के भेद होने के कारण अर्थात् विषय भेद से सामग्री भिन्न है, और भिन्न सामग्री से उत्पन्न होने के कारण विलक्षण विशिष्ट ज्ञान उत्पन्न होता है, जो कि विशिष्ट व्यवहार में कारण होता है, न तु समूहालम्बन विशिष्ट व्यवहार में कारण होता है। जैसे कि भूतल में घटाभाव है अथवा भूतल घटाभाववाला है। इस प्रकार से विशिष्ट ज्ञान तथा विशिष्ट व्यवाहार की व्यवस्था जब सिद्ध हो जाती है तब हमने जो विशिष्ट का खण्डन किया है सो केवल

वद्भूतलमिति ईदशञ्च विशिष्टतद्रीव्यवहारव्यवस्थितौ यद्वि-
शिष्टखण्डनं सोयमबोधस्य विवर्तः परिणामो वेति ॥३०

इयता प्रबन्धेन कथाङ्गत्वाभिमतानि निग्रहस्थानानि नैया-
यिकानुमतानि तथा सर्वव्यवहाराङ्गीभूतानि सर्वानुमतानि सर्व-
नामानि तथा सर्वाणि विशिष्टानि च स्वाभिमानेन दूषयित्वा

श्रीहर्ष का जो अज्ञान उस अज्ञान का विशिष्ट खण्डन विवर्त है अथवा परिणाम रूप कार्य है ? अर्थात् उन्होने बिना जाने बूझे खण्डन किया है, वस्तुत. खण्डन नही होता है । वेदान्ती का मत है कि कार्य दो प्रकार का होता है, एक तो विवर्त रूप, जैसे जगत्प्रपच ब्रह्म का विभिन्न सत्ताक कार्य है, अज्ञान का परिणाम अर्थात् समानसत्ताक कार्य है जगत् ।

एतत्पूर्व वर्ती प्रकरण मे नैयायिक से अनुमत कथा का अ ग रूपेण अभिमत जो निग्रहस्थान उसका, एव सर्व व्य-वहार मे अ ग रूपेण अभिमत जो निग्रहस्थान उसका, एव सर्व व्यवहार मे अ गभूत सर्वानुमत सर्वनाम शब्द का तथा सभी विशिष्टो का श्रीहर्ष ने स्वकीय अभिमान मात्र से खण्डन किया और अब वैशेषिक मत का खण्डन करने के लिये वैशेषिक मत का अवतरण करते हैं । गुणवद्द्रव्यमिति, गुणवान् द्रव्य है, इस प्रकार से वैशेषिक तन्त्र मे गुणत्व को द्रव्य का लक्षण बताया है । उसमे खण्डनकार का कथन है-

सम्प्रति वैशेषिकमतं खण्डयितुमवतारयति गुणवद्द्रव्यमिति गुणवत्त्वं द्रव्यलक्षणमुक्तम् । तच्चायुक्तम् । गुणादीनां षण्णामपि संख्यारूपगुणप्रतीत्या बाधकाभावाच्च प्रमाभूतया गुणवत्त्वसिद्धावतिव्यापकत्वादिति । तदसत् । सामान्यादीनां सत्प्रत्ययवद्गुणानां रूपादीनां संख्यादिप्रत्ययस्यौपचारिकत्वात् ।

कि गुणवान् जो हो सो द्रव्य है, यह आपका द्रव्यलक्षण अयुक्त है। क्योंकि गुण कर्म सामान्य विशेष समवाय अभाव इन छ पदार्थों मे द्रव्य की तरह संख्या रूप गुण का अबाधित अतएव प्रमा स्वरूप ज्ञान होता है तो इन छवो मे द्रव्य लक्षण की अतिव्याप्ति हो जाती है। प्राश्निक का कहना ह कि गुणत्व रूप जो लक्षण सो जैसे एको घट इत्याकारक बाध रहित प्रमा रूप ज्ञान होने से घटादि द्रव्य मे सख्यादि गुणवत्ता की प्रतीति होने से गुणवद्द्रव्य इस लक्षण का समन्वय होता है उसी प्रकार "एक रूप पच कर्म सामान्यमेक विशेषोऽनेक" इत्यादि अबाधित प्रमा प्रतीत होने से गुणादिकमे भी द्रव्यलक्षण का समन्वय होने से अतिव्याप्ति होती है।

उत्तर—तदसत्—इस प्रकार से लक्षण खडन अयुक्त है, क्योंकि सामान्य मे जैसे सत्सामान्यम् यह प्रतीति औपचारिक है उसी प्रकार से गुण जो रूप रसादिक है उनमे जो गुणवत्व प्रत्यय है सो भी औपचारिक है वास्तविक नही है।

उभावपि प्रत्ययौ प्रमे एव बाधकाभावादिति चेत्। गुणस्यापि गुणवत्त्वे सामान्यस्यसामान्यवत्त्वे अनवस्थाया एव बाधकत्वात् उत्तरधारायाञ्चाप्रामाणिकत्वेनानवस्थाया दोषत्वात्। रूपादीनां गुणवत्त्वे प्रमाणं नास्तीति चेत्तर्हि संख्यादावप्येवमस्तु। अस्तु का नो हानिरिति चेद्गुणवत्त्वे द्रव्यलक्षणे गुणादावतिव्याप्तिहानिरेव त्वद्धानिस्त्वद्दिशा तदुक्तम्। मम तु द्रव्यगुणादि

प्रश्न—जैसे द्रव्य में गुणवत्व ज्ञान अबाधित होने से प्रमा है उसी प्रकार से गुण मे जो सख्यादिक गुणवत्व ज्ञान है सो भी अबाधित होने से प्रमा रूप क्यों नही है ?

उत्तर—गुण को गुणवान् माने और सामान्म को सामान्यवान् मानें इसमें अनवस्था ही बाधक है। उत्तरधारा में अप्रमाणिक होने से अनवस्था दोष है। रूपादिक को गुणवान् होने मे कोई प्रमाण नही है, ऐसा कहो तो संख्यादिक मे भी ऐसा ही समझो। ऐसा रहै, अर्थात् गुण में गुणवत्ता रहे तो क्या हानि है ? ऐसा कहो तो गुणवत्व जो द्रव्य लक्षण है, उसकी अति व्याप्ति गुण में हो जाती है यही हानि है। हमारे मत मे तो द्रव्य गुणादिक कुछ भी अनुमत नही हैं, ऐसा कहो तब भी उसमे अवस्था आ ही घटादिक में गुणवत्व नही है, ऐसा जानो (वेदान्ती के मत मे उत्पत्ति स्थिति विनाश ये तीन अवस्था जन्य पदार्थ की होती है, सो प्रथमावस्था ग्राही घट में गुणवत्ता नही है)

किञ्चिदपि नानुमतमिति चेत् । तर्हि तन्मतेऽवस्थादिग्राहि घटादौ गुणवत्वं नास्तीति गृहाण । एवञ्च सत्तासंख्योः प्रत्यये धर्मेऽपि सत्ता सिध्यत्यबाधात्संख्या तु नास्ति बाधादिति । वस्तुतस्तु नवापि द्रव्याणि स्वसमवेतं कार्यमारमन्ते न त्वन्यानि तथा चामीषां समवायिकारणताचच्छेदकमेकमनुगतमनतिप्रसक्तमेष्टव्यं तदेव च द्रव्यत्वमतस्तदेव नवानां लक्षणं जातित्वादखण्डत्वेन लाघवात् न तु गुणवत्त्वमुपाधित्वेन सखण्डतया गौरवात् किन्तु गुणवत्त्वं तस्य व्यञ्जकमात्रमेव गोत्वस्यसास्नावत्व-

---

ऐसा हुआ तब सत्ता तथा सख्या का ज्ञान समान होने पर भी बाध न होने के कारण से सत्ता की सिद्धि होती है और वाधित होने से संख्या की सिद्धि नही होती है । वस्तुतस्तु पृथिव्यादिक नव द्रव्य स्वसमवेत कार्य को उत्पन्न करते है, और गुणादिक स्वसमवेत कार्य के उत्पादक नही है, तब इन पृथिव्यादिक द्रव्यो मे जो समवायिकारणता है तदवच्छेदक एक अनुगत अनति प्रसक्त कोई भी धर्म अवश्य मानना पडेगा । ततोदृशधर्म जो होगा वही द्रव्यत्व है और वहा नवो द्रव्यो का लक्षण है। वह जाति रूप होने से अखण्ड है तथा लाघव होता है, न कि गुणवत्व लक्षण है, क्योकि गुणवत्व तो उपाधि होने से सखण्ड है तो गौरव होगा, किन्तु गुणवत्व द्रव्यत्व का केवल व्यंजक है जैसे कि

वत् । ननु गुणवत्त्वं भवतु द्रव्यत्वव्यञ्जकं तथापि गुणत्वासिद्धौ तदप्यसिद्धमिति तदवश्यं वाच्यमिति चेत् । गुणत्वं जातिरेव गुणत्वमसिद्धं गोत्वादिवदप्रतीतेरिति चेदत्राहुः । गुणकर्मणी तावद्द्रव्याश्रिते तत्र कर्मापि गुण एव वैलक्षण्याभावादिति भूषणः । तदयुक्तम् । कर्मणां हि परस्परविरुद्धसंयोगविभाग-लक्षणकार्यद्वयकारित्वं न गुणानान्तथेति पञ्चानामपि कर्मणां-

---

गोत्वका व्यजक सास्नावत्त्व है ।

प्रश्न—गुणवत्व को द्रव्यत्व का प्रयोजक मानो तथापि गुणत्व की सिद्धि न होने से गुणवत्व में द्रव्यत्व व्यंजकत्व सिद्ध नही होता है ।

उत्तर—गुणत्व जाति रूप वस्तु है ।

प्रश्न–जिस प्रकार से गोत्वादि की प्रतीति होती है उस प्रकार से गुणत्व की प्रतीति नही होने से गुणत्व सिद्ध नही होता है ।

उत्तर—अत्राहु गुण और कर्म ये दोनो द्रव्याश्रित हैं । इन मे जो कर्म है सो गुण ही है क्योकि दोनों मे कोई वैल-क्षण्य नही होने से । ऐसा भूषणकार का मत है, सो ठीक नही है क्योकि कर्म को परस्पर विरुद्ध सयोग विभाग लक्षण कर्म जनकत्व है और गुण मे एतादृश कार्यद्वय जन-कता नही है । पाचो कर्मो मे कर्मत्व रहता है और चौबीस गुण मे भी अविरुद्ध कार्य कारित्वेन एक गुणत्व है । यही

मेकं कर्मत्वं तदभिव्यङ्ग्यं गुणानां चतुर्विंशतेरप्यविरुद्धकार्यकारितया चतुर्विंशतेरपि गुणत्वमेकं तदेवाखण्डत्वेन लाघवालक्षणं तव्द्यञ्जकन्तु सामान्यवान् चलनानात्मकः समवायिकारणताहीनो गुण इत्यादीति । द्रव्यकर्मणोस्तु विरुद्धकार्यकारित्वेप्यनपेक्षतत्कारिता कर्मणामिति तद्व्यवस्थापकं कर्मत्वमिति द्रष्टव्यम् ॥

सामान्यवानित्यत्र किं सामान्यम् । जातिरिति यदि केयं जातिः नित्यत्वे सत्यनेकसमवेतेति विद्धि अनेकसमवेतोप्यवयव्यादिर्न नित्यः नित्यश्च परमाणुस्नेहादिर्न त्वनेकसम

गुणत्व अखड तथा लाघव होने से गुणो का लक्षण है । इस गुणत्व का अभिव्यजक सामान्यवान् चलन रूपरहित समवायिकारणता हीन गुण है । द्रव्य तथा कर्म मे यद्यपि विरुद्ध कार्य कारित्व रूप समानता है भी तथापि सयोग विभागानपेक्ष कार्य कारित्व कर्म को हे । इसका व्यवस्थापक कर्मत्व है । सामान्यवान् हो, ऐसा विशेषण गुणलक्षण मे कहा है, तो गुणलक्षणघटकीभूत यह सामान्य क्या है ? यदि कहो कि जाति को, घटत्व पटत्वादिको, सामान्य कहत हैं, तो यह जाति ही क्या वस्तु है ?

उत्तर—जो नित्य हो तथा अनेक व्यक्ति मे समवाय सबध से वृत्ति हो, उसको जाति कहा जाता है, ऐसा समझो । इस लक्षण मे नित्यत्वे सति यह विशेषण न दे तो घटादि रूप जो अवयवी तथा सयोगादिक द्विष्ठ गुण, उसमे अति-

व्याप्ति होगी। क्योंकि अवयवी जो घट तथा संयोग सो भी अनेक अवयव में तथा अनेक द्रव्य में समवाय संबन्ध से वृत्ति है, अतः अवयवी में तथा संयोग में अतिव्याप्ति वारण के लिये नित्य यह विशेषण दिया है। जो ध्वंस का तथा प्रागभाव का प्रतियोगी न हो उसको नित्य कहते हैं। अर्थात् उत्पाद विनाश रहित को नित्य कहते हैं। अवयवी अवयव जन्य है तथा दण्डादि पातसे नष्ट होता है। तथा सयोग मात्र क्रिया जन्य है इसलिये नित्य है किन्तु अनित्य है। "ध्वसादि प्रतियोगीत्वे सति प्रागभावाप्रतियोगित्वं नित्यत्वम्" जो प्रागभाव का प्रतियोगी न हो अर्थात् जिसकी उत्पत्ति न हो तथा जो ध्वस का प्रतियोगी न हो अर्थात् विनष्ट न हो, उसका नाम है नित्य। जैसे आत्मा आकाश परमाणु प्रभृति नित्य हैं, इनका उत्पाद विनाश नही होता है, यद्यपि देवदत्तो जातो मृतश्च इत्यादि प्रतीति में आत्मामे भी उत्पाद विनाश सिद्ध होता है तथापि उपाधि जो शरीर है, उसी मे उत्पाद विनाश है न कि उपधेय आत्मा में है, अन्यथा 'स्वर्गकामो यजेत्' 'श्रोतव्यो मन्तव्य' इत्यदि श्रुति निरर्थक हो जायगी। अब इस नित्यत्व लक्षण में प्रागभावाप्रतियोगित्व विशेषण न दें, तब केवल ध्वंसाप्रतियोगित्व रहेगा तब ध्वस में अति व्याप्ति हो जायगी, ध्वंस का ध्वंस नही होता है वह अनन्त

है। उसका नाश नही होता है, और जब प्रागभावाप्रति-यौगित्व कहा तब ध्वंस में अतिव्याप्ति नही होती है, ध्वंस का उत्पाद होता है। और यदि ध्वंसाप्रतियोगित्व न कहें तब प्रागभाव में अतिव्याप्ति होगी, क्योकि×प्रागभाव का उत्पादन न होने से प्रागाभावाप्रतियोगित्व है। और ध्वंसा प्रतियोगित्व कहते है तब प्रागभाव मे अतिव्याप्ति नही होती है, क्योकि यद्यपि प्रागभाव का उत्पाद तो नही होता है तथापि विनाश होता है, प्रागाभाव का विनाशक प्रतियोगी होता है, इसलिये प्रतियोगी से प्रमाभाव नष्ट होता है अतएव उत्पन्न घट का पुन उत्पाद नही होता है अन्यथा कपालादि सकल कारण के रहने से भी उत्पत्ति के पीछे घट की पुनः उत्पत्ति हो जानी चाहिये थी। अतः प्रतियोगी प्रागभाव का नाशक है ऐसा माना जाता है, तब प्रगाभाव तो घटोत्पत्ति होने से विनष्ट होगया, तो प्रागाभाव रूप कारण के अभाव होने से घट पुनः उत्पन्न नही होता है। इस प्रकार से प्रागाभाव का जो प्रतियोगी न होकर ध्वस का भी प्रतियोगी न हो उसका नाम है नित्य। और प्रागभाव अथवा ध्वस का जो प्रतियोगी हो वह है अनित्य। प्रकृत मे अवयवी घटादिक उत्पाद विनाश शील होने से नित्य नहीं है। इस-लिये इनमे अतिव्याप्ति वारण करने के लिये सामान्य के लक्षण मे नित्यत्वे सति यह विशेषण दिया गया है। जलीय

परमाणु गत जो स्नेह है सो नित्य है किन्तु अनेक समवेत नही है, इसलिये उस स्नेह मे अतिव्याप्ति नही होती है। अर्थात् नित्यत्वे सत्यनेकसमवेतत्वम् यह जो जाति का लक्षण है इनमे यदि अनेक पद न दे तब जलीयपरमाणु स्नेह मे अतिव्याप्ति होगी, क्योकि वह स्नेह नित्य है और समवाय सम्बन्ध से परमाणु मे रहता है, अत. उसमे अतिव्याप्ति वारक अनेक पद दिया जाता है। अब अनेक पद देने से परमाणु का जो स्नेह है सो अनेक मे समवाय सबन्ध से नही रहता है किन्तु एक मे ही रहता है, इसलिये उसमें अतिव्याप्ति नही होती है। एव समवेत शब्द का अर्थ होता है समवाय सम्बन्ध से वृत्ति। अब यहां नित्य हो अनेक मे वृत्ति हो उस को जाती कहते हैं, एतावन्मात्र लक्षण कहें तव अत्यन्ताभाव मे अतिव्याप्ति हो जायगी, क्योकि अभाव भी नित्य हैं, और अनेक अधिकरण मे स्वरूप सम्बन्ध से वृत्ति भी है। अतः अत्यन्ताभाव मे अतिव्याप्ति वारण करने के लिये समवेत कहा। अभाव समवेत नही है, इसलिये अभाव मे अतिव्याप्ति नही होती है। व्यक्ति का अभेद अर्थात् एकत्व तुल्यत्व सांकर्य रूप हानि अनवस्था असम्बन्ध अर्थात् प्रतियोगिता अनुयोगितान्यतर सम्बन्ध से समवायाभाव, ये सब जाति वाधक माने गये हैं। इनके अभावस्थल मे नित्य अनेक समवेत को जाति कहैं।

चेत: । अथ महाप्रलये सर्वेषामनित्यानामभावाचन्निष्ठा जातयो नित्यानेकसमवेतत्वं स्वलक्षणं त्यजन्तीति चेत् । किं नश्छिन्नं यावन्तं कालं लक्षणाधीनो व्यवहारस्तावन्तं कालं लक्ष्यात्यागादेव लक्षणं एवमनुगतधीकारणत्वम् । न च सामग्र्या-

---

प्रश्न—महाप्रलय मे (जन्यभावका अनधिकरण जो काल उसको महाप्रलय कहते है, जिस समय जन्य जो द्रव्य, गुण और कर्म इन सबका विनाश हो जाता है तादृश काल विशेष का ही नाम महाप्रलय है) सभी अनित्य घट पटादि पदार्थों का नाश हो जाता है तब उन सब व्यक्ति मे रहने वाली जो जाति है सो नित्य अनेक समवेतत्व रूप जो स्वकीय लक्षण उसको छोड देती है अर्थात् जब कोई आधार ही नही है तब जाति लक्षण का समन्वय किस तरह होगा ।

उत्तर—इससे मेरा क्या बिगडता है ? यावत्काल पर्यन्त लक्षणाधीन व्यवहार होता है तावत्काल पयन्त सामान्य लक्षण अपने लक्ष्य को तो त्यागनही करता है ? अर्थात् लक्षण का कार्य होता है व्यवहार और इतर व्यावृत्ति उसका निर्वाह जब लक्षण से हो रहा है तब क्षति ही क्या है ? महा प्रलय मे व्यक्ति नही है तो व्यवहार भी नही है । इसलिये उस समय मे लक्षण का अस्तित्वनास्तित्व की चिंता निरर्थक है । नही कहो कि सामग्री मे लक्षण की अतिव्याप्ति होती है । ऐसा

तिर्व्याप्तिः तस्या अकारणत्वात् नापि तदन्तर्गतेषु सा तेषां तत्राप्रधानत्वात् तेनानुगतमतिप्रधानकारणत्वं जातिलक्षणं न च महाप्रलये लक्षणासिद्धिर्दोषाय तदेतरव्यवच्छित्तेरसाधनेन लक्षणसिद्धेर्निर्बीजत्वात् अत एव गन्धशब्दाश्रयत्वाद्यपि लक्षणं घटते। यत्तु खण्डितं नित्यानेकसमवेतत्वं लक्षणं नित्यमनित्यं वा। आद्ये अंशत आत्माश्रयः नित्यत्वेऽपि लक्षणान्तर्गते नित्यत्वस्योपगमात्। अन्त्ये जातिव्यक्तिसमवायादीनामेकतम-

---

कहना ठीक नहीं है क्योंकि सामग्री को कार्य के प्रति कारणता नहीं है, किन्तु सामग्री का एकदेश कारण होता है। न वा तदन्तर्गत अर्थात् सामग्री के अन्तगत मे भी। क्योंकि सामग्री के अन्तर्गत पदार्थ के अप्रधान होने से। इसलिये अनुगत बुद्धि के उत्पादन करने मे जो प्रधान कारण हो सो ही जाति का लक्षण है। महाप्रलय काल मे लक्षण की असिद्धि दोषाधायक नही है क्योंकि उस समय मे इतर व्यवच्छेक का साधन नही होने से लक्षणासिद्धि अकारणक है। अत एव पृथ्वी का लक्षण गन्धाश्रयत्व आकाश का लक्षण शब्दाश्रयत्व यह भी बनता है।

प्रश्न—जिस किसी ने खण्डन किया कि नित्य अनेक समवेतत्व जो जाति लक्षण है सो नित्य है कि अनित्य है? प्रथम पक्ष में अंशतः आत्माश्रय दोष होता है, लक्षण के अन्तर्गत नित्यत्व को मानलेने से। अन्तिम पक्ष में जाति

स्यानित्यत्वमावश्यकं तदन्तरेण विशिष्टाभावासम्भवात् घटादावनित्ये तदनित्यतया घटत्वादौ लक्षणस्यानित्यत्वं यद्यपि सम्भवति तथाप्यात्मत्वादौ तदसम्भवः आत्मनोऽपि व्यक्तेर्नित्यत्वात् एवञ्चैकमेव नित्यानेकसमवेतत्वं घटत्वादावनित्यम्। आत्मत्वादौ तु नित्यमिति प्राप्तम्। एवं प्राप्तेऽभिधीयते।

व्यक्ति समवाय इन सब मे अन्यतम का अनित्यत्व मानना आवश्यक है, उसके विना विशिष्टाभाव कैसे होगा। यद्यपि अनित्य घटादिक मे लक्षण के अनित्य होने से घटत्व मे भी लक्षण को अनित्यत्व होता है। तथापि आत्मत्व मे तो लक्षण का सभव नही होता है क्योंकि आत्म व्यक्ति तो नित्य है। ऐसा हुआ तब एक ही नित्य अनेक समवेतत्व रूप जाति लक्षण घटत्व मे अनित्य होता है और आत्मत्व मे नित्य होता है।

उत्तर—एतादृश प्रश्न होने पर उसका समाधान करते हैं। नित्य अनेक समवेतत्व जो है सो जाति रूप नही है। किन्तु उपाधि रूप होने से सखण्ड है और सखण्ड होने से अन्य पदार्थ घटित है, तब जहा अनित्य घटादि व्यक्ति से घटित है वहाँ व्यक्ति के अनित्य होने से नित्यानेक समवेतत्व रूप लक्षण अनित्य है, और जहा आत्मादि नित्यव्यक्ति से घटित है वहाँ उन सब को नित्य होने से दैवात् लक्षण को नित्यत्व होता है।

नित्यानेकसमवेतत्वमुपाधित्वात्सखण्डं सखण्डत्वाच्चान्यघटितं तथा च यत्र घटादिव्यक्तिभिर्घटितं तत्र तदनित्यत्वेनानित्यं यत्रत्वात्मादिव्यक्तिभिर्घटितं तत्र तासामपि नित्यतयादेवा-न्नित्यमिति । नन्वेकमेव वस्तु नित्यमनित्यञ्च ध्वस्तञ्च सच्चेति महद्वैशसमिति चेत् । न अन्येनानेकेन घटितं घटत्वा-देरनेकवृत्तित्वमन्यदिति नैकस्य विरुद्धधर्माध्यासः । तत्कथ-मिदमेकं लक्षणमनेकवृत्तित्वस्योभयत्राविशेषात् नित्यत्वस्य च नित्यत्वं प्रामाणिकं तदनित्यत्वस्याप्रामाणिकत्वादिति सम्प्रदा-यः । नव्यास्तु अभिधादीनां भङ्गुरत्वेऽप्यभिधेयत्वादिकं

प्रश्न—एक ही पदार्थ नित्य भी है और अनित्य भी, ध्वस्त भी होता है और सत् भी है। यह तो विरुद्ध हो रहा है।

उत्तर—अनेक अन्य से घटित होने के कारण से घटत्व का जो अनेक वृत्तित्व हे सो अलग वस्तु है। इस लिये एक में विरुद्ध धर्माध्यास नही होता है।

प्रश्न—तब यह लक्षण एक कैसे हुआ ? क्योकि अनेक वृत्तित्व तो दोनो जगह समान है।

उत्तर—नित्यत्व में नित्यत्व तो प्रामाणिक है और अनित्यत्व अप्रामाणिक है, ऐसा उत्तर प्राचोनो का है, नवीन तो कहते हैं कि अभिधा के भंगुर अर्थात् अनित्य होने पर भी अभिधेयत्व जैसे नित्य है उसी तरह व्यक्ति के अनित्य

यथा ध्रुवं तथा व्यक्तीनां भङ्गे प्यनेकसमवेतत्वं, स्यादेवे-ो त्याहुः ॥३२

सामान्यलक्षणादीनां विशेषणैर्विशेषादयो यथासम्भवं निवार्या इत्यात्थ। तत्र के ते विशेषाः। नित्येष्वेव द्रव्येष्वेव वर्तन्त एव ये ते विशेषा इति चेन्न आत्मत्वादावतिव्याप्तेः।— आत्मत्वादिकं सर्वस्मिन्नित्यद्रव्ये न वर्तते एते तु वर्तन्त एवेति चेन्न तर्हि एकैकविशेषस्य सकलनित्यवृत्तित्वमिति सर्वाव्याप्ति-

---

होने पर भी अनेक समवेतत्व नित्य ही है।

सामान्य के लक्षण के जो जो विशेषण हैं उन विशेषणों के द्वारा यथा सम्भव विशेषादि पदार्थ का निवारण करना, ऐसा आपने कहा है। उसमें मैं पूछता हूँ कि वह विशेष क्या वस्तु है ? अर्थात् विशेष का क्या लक्षण है ? किसको विशेष कहते हैं ? यदि आप कहो कि नित्यद्रव्य जो परमाणु प्रभृतिक तावन्मात्रमे रहे उसी का नाम है विशेष। तब ऐसा लक्षण करने पर तो आत्मत्व जाति में विशेष लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी। क्योंकि आत्मत्व भी नित्यद्रव्य आत्मा मे रहता है। यदि कहो कि आत्मत्व तो सकल नित्यद्रव्य मे नहीं रहता केवल आत्मा मे ही रहता है। और विशेष तो सकल नित्य द्रव्य मे रहता है ऐसा कहें तब तो एक एक विशेष सकल नित्यद्रव्य में रहता है यह अर्थ हुआ, तब तो सर्वाव्याप्ति हो जायगी, ऐसा खण्ड

रिति खण्डनम् । तन्न । एकैकव्यक्तिरेकैकत्र नित्यद्रव्ये वर्तत इत्यनेन रूपेण ये नित्यद्रव्येष्वेव वर्तन्त एव ते विशेषा इत्यस्य लक्षणार्थत्वात् यद्यप्येकैक एव वर्तत इत्यव्याप्तिरेव । तथाप्येतज्जातीयाः सर्व एवेति सर्वव्याप्तिः एतज्जातीयत्वं तु लक्षणैक्यादिति काणादादय । अत्र गौतमीया । अत्र सर्वत्र वृत्त्याव्याप्तिनिरासेन लक्षणसिद्धिः लक्षणसिद्धया तल्लक्षणवत्त्वपुरस्कारेण सर्वत्र वृत्ति व्यक्तीनां हि गङ्गावालुकायमानानामेकैक·

नग्र थ का तात्पर्य है ।

समाधान—तन्न–यह ठीक नही है क्योकि एक एक विशेप व्यक्ति एक एक नित्यद्रव्य मे रहता हो उसका नाम विशेप है । यह लक्षरण का अर्थ है । यद्यपि एक एक हो रहता है इसलिये अव्याप्ति होती है, तथापि एतज्जातीय सभी विशेष है, इससे सभी मे लक्षण समन्वय होता है सभी में एतज्जातीयत्व लक्षण को एकता होती है ऐसा कणाद यक्षपति का कथन है । गौतम मतानुयायियो का कथन है कि यहा सर्वत्र वृत्ति (सबन्ध) से अव्याप्ति का निराकरण होने से लक्षण की सिद्धि होती है । और लक्षण की सिद्धि होने से उसी लक्षण को पुरस्कृत करके सर्वत्र लक्षण की वृत्तिता होती है । व्यक्ति के गगावालुका के समान चलायमान एकैक व्यक्ति विश्रान्तक स्वरूप से सर्वत्र वृत्ति न होने के कारण अन्योन्याश्रय हो जायगा । विशेष

द्रव्यव्यक्तिमात्रविश्रान्तानां स्वतः सार्वत्रिकत्वासम्भवादित्यन्योन्याश्रयः विलक्षणधीस्तु वैलक्षण्याज्जात्यादिवदिति ॥

विशयक विलक्षण ज्ञान तो विलक्षणता के कारण से ही जात्यादि की तरह होगा । यद्यपि घटादि अवयवी में परस्पर भेद का साधक तत्त दयवव भी होता है तथापि परमाणु प्रभृति नित्य द्रव्य का परस्पर भेद सावक विशेष है, यह नित्य है समवाय सम्वन्ध से स्वाश्रय मे रहता है तथा स्वत एव इतर व्यावृत्त हैं, इस विशेषान्तर की आवश्यकता नही है, जैसे माधुर्य स्वभाव वाला गुड स्व सम्बन्ध से इतर को मधुर बनाता है स्वयं तु तत्स्वभावक होने से स्व मे अर्थान्तर की आवश्यकता नही रखता है तद्वत्प्रकृत मे भी समझो ।

यथा वा वेदान्ती के मत मे सकल जगत का उपादान माना है, परन्तु माया का उपादान मायेतर कोई नहीहै क्योंकि माया के तत्स्वभावक होने से. यथा वा ब्रह्म सर्वाधिष्ठान है परन्तु ब्रह्म को अधिष्ठानान्तर की आवश्यकता नहीं होती है तत्स्वभावक होने से । इसी प्रकार से विशेष स्वेतर सकल का व्यावर्तक होता है, स्वयंतु स्वतो व्यावृत्त है, तत्स्वभावक होने से । इसलिये नित्य हो समवेत हो नित्यद्रव्य वृत्ति होकर स्वतो व्यावृत्त हो यही विशेष का लक्षण है । अतएव "स्वतोऽनुवृत्तिव्यतिवृत्तिभा जो भासान भावान्तरनेय

ननु लक्षणानि लक्ष्येषु कुतो व्यवहारकाणि ? सम्बन्धादिति चेत् । किमिदं सम्बन्धत्वं विशिष्टधीनियामकत्वम् असम्बन्धेभ्यो हि व्यावर्तमाना हि विशिष्टप्रमा विशेषणवत्येव विश्राम्यति न हि केवले पुंसि दण्डीति कश्चित् प्रमिणोति । नीरूपे वायौ

रूपा:" इत्यादि ग्रन्थ से जो जैनाचार्यो ने विशेष का निराकरण किया सो अरण्यरोदन के समान निरर्थक होता है ।

"व्यावृत्तस्य व्यवहारो वा लक्षणस्य प्रयोजन मिति' लक्षण का प्रयोजन है, लक्ष्य की लक्ष्येतर से व्यावृत्ति कराना अथवा लक्ष्य का व्यवहार करना । उसमे मैं पूछता हूँ कि यह जो लक्षण लक्ष्य का व्यवहार जनक होता है सो किस कारण से ? यदि कहो कि लक्षण को लक्ष्य के साथ सम्बन्ध है, इस हेतु से लक्षण लक्ष्य का व्यवहारक होता है । तब मैं पूछता हूँ कि यह सम्बन्ध वस्तु क्या है ?

उत्तर—विशिष्ट बुद्धि नियामकत्व ही सम्बन्धत्व है । अर्थात् रूपवान् घट इत्याकारक रूपादि विशिष्ट ज्ञान का जो नियामक हो उसको सम्बन्ध कहते हैं । यह जो विशिष्ट प्रमा होती है सो असबन्ध अर्थात् सम्बन्ध रहित से व्यावर्तमान होकर के विशेषणवान् मे ही विश्रान्त होती है । क्योंकि केवल पुरुष मे दण्डी पुरुषः इत्याकारक प्रमा नहीं होती है किन्तु दण्ड विशिष्ट पुरुष में दण्डी इत्याकारक प्रमा होती है । विशेषण दण्ड है विशेष्य पुरुष है संबन्ध

संयोग है तो जिस समय में पुरुष में दण्ड प्रतियोगिक संयोग रहता है उसी समय में दण्डी इत्याकारक विशिष्ट प्रमा होती है. इसका नियामक सयोग सम्बन्ध कहलाता है। इसी प्रकार से रूपवान् घट इत्यादि स्थल में विशिष्ट धी का नियामक समवाय संबन्ध होता है।

प्रश्न—नीरूप वायु में अर्थात् रूपाभावाधिकरण वायु में रूप का संवन्ध जो समवाय सो बैठा है, तब रूपवान् वायु यह विशिष्ट प्रतीति दण्डी पुरुष के समान होनी चाहिये।X

प्रश्नकर्ता का अभिप्राय यह है कि नैयायिक का सिद्धान्त है कि समवाय एक ही है अनेक नहीं है, तब रूप का समवाय घट में है और विलक्षण स्पर्श का समवाय वायु में है दोनों समवाय तो एक हैं, तब समवाय सम्बन्ध से जैसे रूप घट मे है उसी प्रकार वायु में भी रहे एवं स्पर्श का समवाय वायु में है वही समवाय घट में भी है तब रूपवान वायुः विलक्षण स्पर्शवान् घटः यह भी अबाधितज्ञान होना चाहिये। उत्तर समवाय तो एक है परन्तु विशेषण जो रूप सो तो वायु में नहीं है इसलिये वायु में रूप वैशिष्ट्य प्रतीति नहीं होती है। नहीं कहो कि सम्बन्धी की सत्ता संबन्ध सत्ता नियत होती है अर्थात् सम्बन्ध रहेगा तब सम्बन्धी को अवश्यमेव रहना होगा तब जब रूप का समवाय वायु मे है तब रूप को भी अवश्य होना चाहिये। यह भी कहना ठीक नहीं, क्योंकि केवल समवाय रूप का सबन्ध नहीं है रूपवान्घटः यहां रूप प्रतियोगिकत्वविशिष्ट समवाय है एतादृश समवाय से रूप घट मे ही रहता है। एवं विलक्षण स्पर्श प्रतियोगिकत्वविशिष्ट समवाय संबन्ध से स्पर्श वायु मे ही है, अन्यत्र नहीं रहता है, रूपवान् वायु विलक्षणस्पर्शवान् घटः यह प्रतीति नहीं होती है। नहीं कहो कि "विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यते" विशिष्ट शुद्ध से अतिरिक्त नहीं होता है, इस न्याय से शुद्ध समवाय रूप प्रतियोगित्वविशिष्ट

वृत्तित्वावच्छिन्नस्य तदविरोधित्वात् सम्बन्धेन समं सम्बन्धिनः सम्बन्धः संयोगेन समं समवायः समवायेन समं कः स्वरूपमेव । अस्तु, तर्हि स्वरूपत एव स्वरूपं सम्बन्ध इति चेत् । मवं देव यदि जातिगुणक्रियाविशिष्टधियां सम्बन्धजन्यत्वानुमितिर्लाघवादेकं नावगाहेत । इन्त्वेवमभावरूपादिविशिष्टधि-

---

अव्याप्य वृत्ति होने से कोई विरोध नही है । यद्यपि अन्यत्र सर्वत्र स्वभावतः प्रतियोगी तदभाव का विरोध देखने मे आता है तथापि अव्याप्यवृत्तिकसयोग तदभावस्थल मे यह नियम नही है, एक ही वृक्ष मे उभय का सामावेश देखने मे आता है । संवन्ध के साथ सबन्धो का संबन्ध होता है तथा सयोग का समवाय सबन्ध होता है और समवाय के साथ क्या सवन्ध है ?

उत्तर–स्वरूप ही सम्बन्ध है दण्ड का संयोग सम्बन्ध होता है पुरुष के साथ और सयोग का सवन्ध दण्ड पुरुष के साथ समवाय सम्बन्ध होता है । समवाय का संबन्ध क्या है ? यह प्रश्न है । प्रश्नकर्ता का अभिप्राय यह है कि यदि समवाय के लिये सम्बन्धान्तर मानें तब अनवस्था होगी । नही मानें तो जैसे समवाय सम्बन्ध सापेक्ष नही है इसी प्रकार संयोग भी निरपेक्ष रहो, समवाय की क्या आवश्यकता है ? उत्तरवादी कहते हैं कि समवाय का स्वरूप ही सम्बन्ध है इसलिये अनवस्था नही होती है ।

प्रश्न-यदि आप समवाय का सम्बन्धी के साथ जो सम्बन्ध उसको स्वरूपसम्बन्ध मानते है तो मैं पूछता हूँ कि सयोग का भी सयोगी के साथ स्वरूप सम्बन्ध ही मानिये । समवाय मानने की क्या आवश्यकता है ? तथा विशेषण जो रूपादिक गुण तथा क्रिया इनका जो द्रव्य के साथ सबन्ध सो भी स्वरूप ही माम लीजिये, समयवाय की क्या आवश्यकता है ? विशेषण विशेष्य का स्थल विशेष मे सयोग मानते हैं और सयोग का सम्बन्ध समवाय को मानने पर भी अन्त मे स्वरूप को तो मानना ही पडता है, तो तदपेक्षया प्रथमतः स्वरूप सबन्ध को ही मान लिया जाय "अन्ते रडा विवाह स्यादादावेव कुतो नहि" इस लौकिक आभाणक को ध्यान में रखते हुए ।

उत्तर-भवेदेवमित्यादि, सभी जगह स्वरूप संबन्ध हो ऐसा तभी हो सकता है जब जाति गुणक्रिया विशिष्ट बुद्धि मे संबन्धजन्यत्वानुमिति लाघवसहकृत होकर के एक अतिरिक्त सबन्ध समवाय का अवगाहन न करे । अर्थात् जातिमान् घटः रूपवान्घटः क्रियावान् घट इत्यादि गुणादि परक घटादि द्रव्य विशेष्यक जो विशिष्ट हैं सो अवश्यमेव विशेषण रूपादिक विशेष्य घटादि द्रव्य इन दोनो का जो सबन्ध इसको विषय करती हो, क्योंकि यह विशिष्ट बुद्धि है । जो विशिष्ट बुद्धि होती है सो विशेष्य विशेषण सबन्ध

विषयक होती है । जैसे दण्डी इस विशिष्ट बुद्धि से यहा जिस प्रकार से दण्ड एव पुरुष का सयोग गृहीत होता है, उसी प्रकार से प्रकृत मे लाघवात् एक समवायसम्बन्ध सिद्ध होता है, अनुमान के बल से । तब स्वरूप सम्बन्ध से निर्वाह कैसे कर सकते है ?×

"गुण क्रियादि विशिष्ट 'बुद्धि. विशेषणविशेष्यसम्बन्ध वषया विशिष्टबुद्धित्वात् दण्डीति विशिष्टबुद्धिवत्, इस अनुमान से समवाय की सिद्धि होती है, नही कहो कि विशेषणगुण विशेष्यघट का स्वरूप सम्बन्ध हो, सो भी ठीक नही है, क्योकि स्वरूप को सम्बन्ध मान तब तो स्वरूप के प्रत्येक व्यक्तिविश्रान्त होने से महा गौरव होगा । नही कहो कि गुण द्रव्य का सयोग सम्बन्ध रहे सो भी ठीक नही है, क्योकि सयोग तो गुण है इस लिये सयोगता द्रव्यद्वय म ही हो सकता है न तु द्रव्य गुण का सयोग हो सकता है । नही कहो कि द्रव्य गुण मे तादात्म्य सम्बन्ध मान लिया जाय तो सा भी ठीक नही है, क्योकि तब गुणवान घट यह प्रतीति नही होगी, तादात्म्य सम्बन्ध अधिकरणता नियामक नही मानी गई है, अपितु गुणी घट ऐसी प्रतीति होगी । नही कहो कि द्रव्य गुण का सबन्ध कालिक सम्बन्ध है, सो भी ठीक नही, क्योकि यद्यपि जन्य द्रव्य गुण म समान कालिक म कथचित् आधाराधेय भाव हो भी सकता है परन्तु नित्य जो परमाणु प्रभृतिक द्रव्य है उनम गुणादिक का आधाराधेय भाव नही होगा, क्योकि नित्यानुयोगिक कालिक सम्बन्ध नही माना गया है "नित्येषु कालिका योगात् । महाकाल व्यतिरिक्त नित्यानुयोगिक कालिक: सम्बन्धो न भवनीत्यर्थ ।" विभिन्न स्वभावक द्रव्य गुण म स्वरूप सम्बन्ध तो हो नही सकता, क्योकि स्वकीय रूप का नाम है स्वरूप । यह स्वरूप द्रव्य गुण का एक कैसे हो सकता है ? और-

यामप्येकः सम्बन्धो विषयो निमित्तं वास्तु लाघवादिति तदेव वैशिष्ट्यं स्यादिति चेत् । इदं हि प्रत्यक्षनिर्णयेऽस्माभिः प्रपञ्चितमिति तत्रैवानुसन्धेयम् । एवञ्च नियामकत्वमेव

प्रश्न—यदि अभाव द्रव्य गुणादि के लिये गुणवान् घट इत्यादि प्रतीति के बल से अतिरिक्त एक समवाय सम्बन्ध को मानते हैं तो घटाभाववद्भूतलं इत्याकारक विशिष्ट प्रतीति के अनुरोध से अभाव का भी एक अतिरिक्त संबन्ध लाघवात् मान लीजिये उसी का नाम वैशिष्ट्य होगा।

उत्तर—इस बात का हम लोगों ने प्रत्यक्ष निर्णय में विस्तृत रूप से निर्वचन किया है अतः इस विषय को वहाँ ही देखलें। अर्थात् यह जो अभाव के लिये वैशिष्ट्य नामक सम्बन्ध मानते हैं सो नित्य है या अनित्य है ? यदि नित्य पक्ष को माने तो भूतल में जहां घटाभाव है परन्तु वहा घट को लाया गया तदन्तर घटवान् भूतल है ऐसी प्रतीति होती है, परन्तु आपके मत से तो घटाभाव वाला भूतल है ऐसा ही ज्ञान होना चाहिये, क्योंकि घटाभाव भी नित्य है और उसका सम्बन्ध वैशिष्ट्य भी नित्य है। यदि कदाचित् अभाव को अनित्य मानलें तब तो घटानयन के पीछे घटाधिकरण

-अनेक मानने पर अति गौरव हो जायगा। अतः परिशेष से लाघव होने के कारण इतर सम्बन्ध का बाध होने से एक समवाय सिद्ध होता है समवाय का विशेष विवेचन समवायवाद में देखें। यहाँ केवल प्रकृतोपयोगी दिग्दर्शन मात्र करा दिया गया है।

सम्बन्धत्वमित्युत्प्रेक्षाभावोपि त्वया नियामकोऽङ्गीक्रियते तथापि सोपि सम्बन्धः स्यादिति यत्खण्डनम् तच्छलम् । विशिष्टधीः नियामकस्य मया सम्बन्धत्वमुपेयते न तु नियामकमात्र

मे घटाभाव प्रतीति नही होती है उसी तरह से कही भी घटाभाव की प्रतीति नही होगी । इष्टापत्ति मानें तो प्रत्यक्ष बाध होगा । यदि वैशिष्टय सम्बन्ध को अनित्य ही मानें अर्थात् उत्पाद विनाश शील माने तो अनेक वैशिष्टय की कल्पना करने से गौरव होगा, अत. अभाव का कोई अलग सम्बन्ध नही है किन्तु तत्तत्कालीन तत्तत्भूतल का तत्तत् अभाव केसाथ- सम्बन्ध होता है । ऐसा होने पर नियामकत्व ही सम्बन्धत्व है । एतादृश उत्प्रेक्षाभाव है इसको भी आप नियामक मानते हो तब तो यह भी एक सबन्ध होगा । खण्डनकार ने ऐसा जो खण्डन किया है सो छलमात्र× है, क्योकि हम

×अमुक विशेष अर्थ को लेकर के युज्यमान वाक्य को अर्थान्तर की कल्पना करके जो दोष दिया जाता है उसको ही छल कहते हैं । जैसे किसी ने कहा कि यह पुरुष नेपाल से आया है, नव कम्बलवान होने से । यहा वक्ता के अभिप्राय से नव शब्द नवीनता अर्थवाला है किन्तु छलवादी नव शब्द के नव संख्या वाचक शब्द की कल्पना करके कहता है कि इसके पास नव (नौ) कम्बल कहां है, एक ही तो कम्बल मैं देख रहा हूँ, इस प्रकार से वक्ता को दूषित करना छल कहलाता हैं । प्रकृत में खण्डनकार विशिष्टधीनियामकत्व रूप सम्बन्ध है, इसमें से धी पद को हटाकर के केवल नियामकत्व को अग्रसर करके दोष दिया गया है सो छल है । प्रकृतानुपयोगी है ।

स्येति ॥ ३४

ननु नियामकत्वं नियमकारणत्वं कारणत्वञ्च नियत-प्राक्सत्त्वमत्र च प्रागिति व्यर्थं सत्त्वमात्रमेवास्तु कारणत्वमिति। धिङ् नियामकत्वं न हि भविष्यदतीतं कर्तुं शक्नोति स्वरूपासिद्धेः प्राच्यन्तु भाविनं कुर्यात् व्यापारादियोगात् अत एव घटार्थी

तो विशिष्ट धी नियामक मात्र को सबन्ध मानते है, न कि नियामक मात्र को ही सबन्ध कहते है ।

प्रश्न–नियमका जो कारण है उसी को कहते है नियामक अर्थात् नियम का उत्पादक और कारण उसका नाम है जो कार्य के अव्यवहित पूर्वकाल मे सत् हो अर्थात् कार्य के पूर्व मे विद्यमान हो । इस कारणता के लक्षण मे नियत् प्राक् सत्वरूप लक्षण मे प्राक् पद निरर्थक जैसा प्रतीत होता है, सत्व मात्र को कारण कहा जाय ।

उत्तर–धिक् ! यह आप क्या कह रहे है ? नियामक भविष्यत् कालिक पदार्थ को अतीत करने में अथवा अतीत को भविष्यत् कालिक करने मे समर्थ हो सकता है क्योकि उस समय मे स्वरूप ही असिद्ध है । किन्तु पूर्वकालिक नियामक भावी कार्य को कर सकता है अर्थान्तर व्यापार की सहायता से । अत एव घटार्थी पुरुष मृत्पिंड का ही उपादान नियमतः करता है, न तु जलाहरणादिक करना है । यथा वा पटार्थी पुरुष नियमतः तन्तु ओमादिक कारण

मृदमुपादत्ते न तु जलाहरणादिकमिति सार्वलौकिको व्यवहारः। ननु स्वभावस्य नियामकत्वे स्वयमेव स्वं नियमयतीति प्राप्तं तथा च स्वस्याप्रसक्तत्वे नियामकतानतिप्रसक्तत्वे च न नियम्यता। अयमेव सम्भाव्यत्वादिति सत्यम्। नियामकमन्तरेण यन्नियतत्वं तदेव स्वभावनियम्यत्वार्थः। यद्वा तेजः प्रभृतेरौष्ण्यादि स्वभावनियम्यं तेजस्त्वादिप्रयुक्तमित्यर्थः। ननु दण्डादिना कारणेन घटादिकार्यं नियम्यत इति ब्रूषे तत्र किं नियम्यते स्वरूपं वा कालविशेषयोगो वा उभयमप्यनियतं

कलाप का ही उपादान करता है दण्डचक्रादिक का नहीं, ऐसा ही सार्वलोकिक व्यवहार है।

प्रश्न—यदि आप स्वभाव को ही नियामक कहते हैं तब तो स्वयमेव स्व को नियमन करता है, यह प्राप्त होता है। तब तो स्व का अप्रसक्तत्व अर्थात् अप्राप्ति तथा नियामकता का अनति प्रसक्तत्व में नियम्यत्व नहीं होगा। इसी को सभाव्यत्व कहा जाता है।

उत्तर-ठीक है किन्तु नियामक के बिना जो नियतत्व उसी का नाम होता है स्वभावनियतत्व। जैसे तेज तथा जल में जो उष्णत्व तथा शैत्य स्वभावनियम्य है अर्थात् तेजस्त्वादि प्रयुक्त है ऐसा अर्थ होता है।

प्रश्न—दंडादि रूप कारण से घटादिक कार्य नियमित होता है, ऐसा आप कहते है। तो घट का स्वरूप नियमित

वा । आद्ये घटमिव पटमपि घटस्योत्तरकालसम्बन्धमिव पटस्याप्युत्तरकालसम्बन्धं नियमयेदविशेषात् अनियतत्वेनोभयो-रपि नियतत्वात् तदाह—

यदि कुर्यादसत्कालानियतं नियतं परः ।
तत्स्यादतिप्रसक्तत्वमन्यथा च नियन्तृता ॥ इति ।

अस्यार्थः । परो दण्डादिः यदि असत्कालानियतं वा घटादिः नियतं घटादिस्वरूपेण नियतं कालविशेषयोगितया वा

होता है, अथवा घट काल विशेष योग का नियमन करता है ? अथवा अनियत इन दोनों का नियमन करता है ? आद्य पक्ष में तो घट के समान घट को भी तथा घट के उत्तर काल सम्बन्ध की तरह पट के उत्तर काल के सम्बध का भी नियमन करे, दोनों के प्रति कारण के समान होने से । क्योंकि अनियतत्व रूप से दोनों के नियत होने से । ऐसा कहा भी है "यदि-कुर्यादित्यादि" यदि दण्डादिकारण असद् अविद्यमान हो करके काल से अनियत नियत अर्थात् कार्य को करें, उत्पादन करें, तब तो घट के समान पटको भी उत्पन्न करने से अति प्रसंग होगा । अन्यथा यदि सत् पूर्व में विद्यमान होकर के कालनियत घटादिक को करें तभी दण्डादिक कारण में नियंतृत्व होता है । इस कारिका का स्वयमेव अर्थ लिखते हैं । अस्यार्थ इत्यादि पर :

नियतं कुर्यात्तदातिप्रसक्तिः स्यात् न ह्युत्पत्तेः प्राक् पटस्यालब्धात्मकस्यात्मलाभे कोपि विशेषोस्ति अभ्युपेत्याह अन्यथा घटस्य तदीयकालविशेषयोगस्य वा नियतत्वे नियामकं न नियन्तृ तदन्तरेणैव घटस्य तत्कालविशेषयोगस्य वा नियतत्वादिति । तन्न । न ह्यसत्त्वकाले घटादेर्नियतत्वादिकं धर्मो भवितुमर्हति । धर्मिण एवासत्त्वात्तथा च प्रष्टा चोत्तर-

---

अर्थात् दण्ड प्रभृति कारणत्वाभिमत, यदि असत् अविद्यमान, अथवा कालानियत घटादिको नियत अर्थात् घटादि स्वरूप से नियत अथवा काल विशेष योगितया वा नियत को करें अर्थात् उत्पादन करे, तब अति प्रसक्ति अर्थात् अति प्रसग होगा । क्योकि उत्पत्ति के पूर्व मे अलब्धात्मक पट के आत्मलाभ मे कोई भी विशेषता नही है । स्वीकार करके कहते हैं अन्यथा अर्थात् घट को अथवा तदीयकाल विशेष योग को नियामकता होने मे नियतत्व अर्थात् नियामक नियन्ता नही है, क्योकि उसके बिना भी घट वा तदीय काल विशेष योग के नियत होने से । तन्नेति । परन्तु यह कहना ठीक नही है, क्योकि असत्व अर्थात् अविद्यमानता काल मे घटादिक जन्य वस्तु में नियतत्वादिक धर्म नही हो सकता है । अर्थात् धर्मी घटादिक जब उत्पत्ति के पूर्व में नही है तब उनका धर्म कहां बैठ गया, जब कि धर्मि ही असत् है । ऐसा हुआ तब असत् धर्मी को उद्देश

यिता च द्वावपि शून्यहृदयौ । ननु सुहृद्भावेन पृच्छामः घट-कारणानि कुतोनियामकाद् घटमेव जनयन्ति । तत्समवायिकारण कपालमिलनात् । कपालमेव कुतो घटमेवारमते न तु पटं स्वभा

करके पूछने वाला तथा उत्तर देने वाला दोनो को ही शून्य हृदय वाले समझे जायेंगे ।

प्रश्न—सुहृद्भाव से मैं पूछता हूँ कि घट के कारण जो दण्डादिक है सो किस नियामक के बल से घटका उत्पादन करते हैं

उत्तर—घट का समवायि करण जो कपाल उसके साथ बद्ध होने से घट का ही उत्पादन करता है, पटादिक का नही ।

प्रश्न—तो मैं पुन पूछता हू कि कपाल घट को उत्पन्न करता है तो पटको क्या नही उत्पन्न करता ?

उत्तर—इसम स्वभाव ही विशेषता है, अर्थात कपाल जो घट को ही उत्पन्न करता है पट को नही करता, इसमे कपालादिका स्वभाव विशेष ही नियामक है ।

प्रश्न—यदि कारण कार्य को प्राप्त किये विना ही उसका उत्पादक हो तब तो अति प्रसग होगा । अर्थात् अप्राप्तत्व के समान होने से कपाल घट का उत्पादक होता है तद्वत् पट का भी उत्पादक हो जायगा । और यदि कार्य प्राप्त करके कारण कार्य का जनक हो तब तो प्राप्तत्व

वादिति ब्रूमः। कार्यमप्राप्तातिकारणानि जनयन् अतिप्रसङ्गात् तत्प्राप्तानि च न तज्जनयन्ति विशेषादितिब्रूम इति चेत्। इमे हि प्राप्त्यप्राप्तिसमे हि जातीति स्वव्याघातमपि न वेत्सीति दूरमपसर। अस्तु व्याघातः किं नश्छिन्नम् न वयं किञ्चिदपीच्छामः किञ्चिदपि साधयामः किञ्चिदपि स्थापयामः

रूप विशेषता के कारण से जनक नही हो प्राप्त होने से ही। ऐसा मैं कहता हू।

उत्तर–यह तो प्राप्त प्राप्ति समाजाति है तो क्या आप व्याघातक जाति को भी नही जानते है ? इसलिये कथा से दूर रहो।

प्रश्न–भले व्याघात हो, हमारा क्याजाता है ? मैं किसी भी वस्तु की इच्छा नही करता, हू न मैं किसी वस्तु को सिद्ध करता हूं, न किसी वस्तु की स्थापना करता हूं, न मैं कुछ बोलता हूँ।

उत्तर–तब तो आप न लौकिक हो न परीक्षक हो तब पागल के समान उपेक्षणी होजाओगे अर्थात् "न निरोधो-न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः" इत्यादि स्वशास्त्र को ध्यान मे रखकर किसी की इच्छा नही रखते हो तथा "किमच्छन् कस्य कामाय" इत्यादि शास्त्र को ध्यान मे रख कार किसी को इच्छा नही रखते हो तथा

किञ्चिदपि ब्रूम इति चेन्न । न हि लौकिको न परीक्षक इत्युन्मत्तवदुपेक्षणीयः स्यात् इति ॥

ननु नियामकं नियम्ये मन्नियम्यं नियमयेत् तत्र च कः सप्तम्यर्थः । आधारत्वमिति चेत् । किमाधारत्वम् देशे इहेति प्रत्ययविषयत्वम् गवादौ अत्रेति प्रत्ययविषयत्वम् अवसरे एतर्हीति प्रत्ययविषयत्वमिति चेत् । इहेत्यादयः शब्दपरा

"यतो वाचोनिवर्तन्ते" इत्यादि को देखकर कुछ बोलते भी नहीं हो तो आप पूरे पागल हो, ऐसा होने से शास्त्र परिशीलन जनित बुद्धि प्रकर्षवान् परीक्षक होता है, तद्बोध रहित लौकिक है सो प्रज्ञावान् पुरुष से तुम यह कह करके उन्मत्त के समान उपेक्षणीय हो जाओगे कि यह न लौकिक है न परीक्षक है अतः कथा मे अधिकारी नही है ।

प्रश्न—नियामक कारण जो है सो नियम्य अर्थात् आधार मे नियम्य कार्य को नियमित करता है । यहा नियम्य मे जो सप्तमी विभक्ति है उसका क्या अर्थ है ? यदि सप्तमी का अर्थ आधार कहो तब मैं पूछता हू वह आधारत्व वस्तु क्या है । यदि कहो कि देश मे इह इत्याकारक प्रत्यय (ज्ञान) विषयत्व ही आधारत्व है तथा गवादिक काल मे अत्र इत्याकरक प्रत्यय विषयत्व ही आधारत्व है और अवसरादिक मे एतर्हि इत्याकारक प्रत्यय विषयत्व आधारत्व है । तो इह इत्यादिक जो शब्द है सो शब्द परक है अथवा अर्थ परक है ? अर्थात् इह अत्र एतर्हि ये सब पद हैं सो शब्द बोधने-

अर्थरपा वा । नाद्यः न हि देशानां नामाधारताबुद्धौ प्रात्यक्षि-कयादयः शब्दा अपि चकासति । नान्त्यः सर्वमाधारणस्य तस्यैव सप्तम्यर्थस्य निरूप्यमाणत्वादिति खण्डनम् । अत्रोच्यते । अयमाधारत्वस्य लक्षणे प्रश्नो वा स्वरूपे प्रश्नो वा आधार-पदप्रवृत्तिनिमित्तप्रश्नो वा । नाद्यः तस्य प्रमेयत्ववत् केवलान्व-यित्वात् सर्वं किं वस्तु स्वीयलक्षणास्याधार एव । ननु

च्छया उच्चरित है अथवा अर्थ बोधनेच्छया उच्चरित है ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है क्योकि देश की जो आधारता बुद्धि होती है उसमे प्रात्यक्षिक शब्दो का प्रकाशन नही होता है । न वा द्वितीय पक्ष ठीक है. क्योकि सर्व साधारण जो सप्तम्यर्थ है उसी का तो निर्वचन हो रहा है अर्थात् स्व मे स्व का प्रवेश होने से आत्माश्रय दोष होता है । इस प्रकार मे खण्डन ग्रन्थ है ।

उत्तर-अत्रोच्यते, यह आधारता का लक्षण विषयक प्रश्न है अथवा आधारता का स्वरूप परक प्रश्न है ? अथवा आधारतर का प्रवृत्ति निमित्त (शक्यतावच्छेदक) परक प्रश्न है ? इसमे प्रथम पक्ष ठीक नही है क्योकि आधारत्व प्रमेयत्व अभिधेयत्वादिकी तरह केवलान्वयी है, क्या सभी वस्तु अपने अपने लक्षण की आधार होती हैं ? अर्थात् कोई नियम नहीं है कि सभी पदार्थ स्वकीय लक्षण का आधार बने ही ।

कारकत्वगर्भमाधारत्वं पृच्छामीति चेत् । अत्रोच्यते । चरमध्वंसेतरत्वमिति गृहाण । चरमध्वंसः परमकारकः शेषास्तु धर्मित्वे सति कारका इति । द्वितीये स धर्मी इत्येवोत्तरम् यावान् धर्मा तावान् धर्मस्याधार एव । अन्त्ये धर्मित्वमित्येवोत्तरम् धर्मित्वमेव प्रतीत्याधारवाचिपदं प्रयुज्यते । कुण्डे

प्रश्न–मैं सर्व साधारण आधारत्व का लक्षण नही पूछता हू । किन्तु कारकत्व घटित आधारता का लक्षण पूछता हूं ।

उत्तर—अत्रोच्यते, इस प्रश्न का उत्तर देते है-चरम ध्वंस से जो भिन्न हो उसको आधार कहते है, ऐसा आप समझो । चरमध्वंस उसको कहा जाता है जिसके पीछे महाप्रलय होता है । जन्य द्रव्य के अनधिकरण काल को खण्ड प्रलय कहते है, और जन्यभाव का जो अनधिकरण काल उसको महाप्रलय कहते है, उसमें चरण ध्वस है सो किसी के प्रति कारक नही होता है और चरमध्वसातिरिक्त पदार्थ धर्मी होकर के कारक होता है । स्वरूप प्रश्न परक है, यह जो द्वितीय पक्ष है उसका उत्तर है धर्मी अर्थात् आधार किसको कहते है ? तो जो धर्मी है उसी को-आधार कहते है, जितना कोई धर्मी है वह सभी धर्म का आधार होता है (जैसे घट का आधार भूतल है तो वह भूतल धर्म स्व मे विशेषण घट के प्रति आधार है । घटत्व तथा घटीय रूप रसादिक धर्म के प्रति धर्मी घट ही आधार है, इसी

बदरमित्यादि कुण्डादेर्द्धर्मिभूतस्य धर्मभूतं बदरादि । कुण्डस्य बदरं प्रति किमाधारत्वमिति चेत् । बदरपतनप्रतिबन्धकत्वम् ।

प्रकार जितना भी कोई पदार्थ है सो स्व धर्म का धर्मी आधार बनता ही है, अत एव आधारत्व प्रमेयत्व के समान केवलान्वयी है । एक जातीयता सम्बन्ध से सर्वत्र विद्यमान को केवलान्वयी कहते हैं । अथवा अत्यन्ताभाव का जो अप्रतियोगी हो उसको आधार केवलान्वयी कहते है । तृतीय पक्ष मे धर्मित्व ही आधार पद का प्रवृत्ति निमित्त है यह ही उत्तर है । धर्मित्व को ही लेकर के आधार वाची पद का प्रयोग किया जाता है । कुण्डे बदरम्, इत्यादिक स्थल मे धर्मी भूत जो कुण्डादिक पदार्थ उसका धर्म (विशेषण) है बदरादिक ।

प्रश्न–कुण्ड की बदर के प्रति क्या आधारता है

उत्तर–बदर का जो पतन तत्प्रतिबन्धकता है कुण्ड की । अर्थात् कुण्ड मे रखा हुआ बदर गिरता नही है, इस-लिये बदर का जो पतन, उस पतन का प्रतिबन्धक जो संयोग तादृश सयोगानुयोगित्व कुण्ड मे है । सयोग का सबन्धी बदर भी है कुण्ड भी है । उसमे प्रतियोगिता सम्बन्ध से वह सयोग बदर मे है और अनुयोगिता सबन्ध से कुण्ड मे है । तो पतन प्रतिबन्धक संयोगवत्व ही कुण्ड मे आधारत्व है । इसलिये इस सयोग को वृत्ति नियामक

नन्वेव ब्रह्माण्डधर्ता प्रयत्नवान् परम पुमान् ब्रह्माण्डस्याधारः स्यात् । तदुक्त भगवतैव ।

> मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इवेति ।
> केचित्वेवमनिच्छन्तो मूर्तपदमत्रविशेषणमाहुः ।

बदरादिकं हि कुण्डाद्यपेक्षते न तु कुण्डेन बदरं स्वास्तितायै तदपेक्ष्यते सहैव कुण्डेन पतति बदरे नाधाराधेयभावः । एवं

कहते है कि जिसलिये यह बदर के पतन का प्रतिबन्धक है । अंगुलीद्वय का सयोग पतन प्रतिबन्धन नही होने से वह वृत्ति नियामक नही है, किन्तु केवल सबन्धिता का प्रयोजक कहलाता है, एतादृश पतनप्रतिबन्धकत्व ही बदर के प्रति कुण्ड को आधारत्व है ।

प्रश्न—जब पूर्वोक्त प्रकार से आधारत्व का निर्वचन करते है तब तो ब्रह्माण्ड को धारण करने वाले प्रयत्नवान् पुरुषोत्तम मर्यादापालक भगवान् श्रीराम ब्रह्माण्ड के आधार हो जायेंगे । ऐसा स्वय श्री भगवान् ने गीता मे कहा है "यह परिदृश्यमान स्थूल सूक्ष्म साधारण जड अजड जगत् अवयव रूप से सर्वनियन्ता सर्वाधार मुझ मे ओतप्रोत है, जिस प्रकार से विलक्षण सयोग से सूत्र मे मणि पुष्पादिक आधारित रहते हैं' कोई कोई आचार्य तो इस बात को न मानते हुए आधार लक्षण मे मूर्तपद का निवेश कहते हैं अर्थात् मूर्त होकर पतन प्रतिबन्धक जो हो उसको आधार

रूपादिना तदुत्पत्तिमता पटादिकं स्वोत्पत्त्यर्थमपेक्ष्यते न तु पटादिना रूपादि तदर्थमपेक्ष्यते एवं गोत्वादिना गवादि ज्ञप्त्येऽपेक्ष्यते न तु गवादिना तदर्थं गोत्वादिकमपेक्ष्यते। तदाहुः।

कहते है, बदर अपनी अस्तितता (स्थिरता) के लिये कुण्ड की अपेक्षा करता है किन्तु कुण्ड अपनी अस्तित्ता के लिये बदर की अपेक्षा नही करता। क्योकि कुण्ड के साथ बदर का पतन होने से आधाराधेयभाव नही होता। इसी तरह पट से उत्पन्न होने वाला पटीय रूपादिक स्वोत्पत्ति के लिये पट की अपेक्षा करता है परन्तु पट स्वोत्पत्त्यर्थ स्वगत रूप की अपेक्षा नही करता है (ऐसा क्यो ? अर्थात् पट तो स्वोत्पत्त्यर्थ रूप की अपेक्षा नही करता है, रूप स्वोत्वर्थ पट की अपेक्षा क्यो करता है ? इसका उत्तर यही है कि स्वगत रूप के प्रति पट समवायिकारण है और कारण कार्य के पूर्वभावी होता है इसलिये पटीय रूप स्वोत्पत्त्यर्थ पटापेक्ष होता है न कि पट स्वोत्पत्त्यर्थ रूपापेक्ष होता है। पटकी चाक्षुपता के लिये तो रूपकी अपेक्षा आवश्यक होती है क्योकि द्रव्य चाक्षुप के प्रति अद्भूत रूप और आलोक सयोग को कारणत्व है) इसी तरह से गोत्व स्वज्ञान के लिये गवादिक व्यक्ति की अपेक्षा रखता है। न कि गो स्वज्ञप्त्यर्थ गोत्व की अपेक्षा रखना है।

उत्तर—तदाहुरित्यादि, उत्पत्ति ज्ञप्ति स्थिति के लिये

उत्पत्तये स्थितये ज्ञप्तये च यद्येनापेक्ष्यते तत्तस्याधिकरणमिति। एवञ्च प्रतिबध्यपतनानाश्रयत्वे सति पतनप्रतिबन्धकसंयोगवन्मूर्तत्वं कुण्डादेर्बदरादिकं प्रत्याधारत्वम्। ननु किमिदं पतनं नाम अधःसंयोगफलककर्मत्वमिति चेत्। कोयमधःपदार्थः पतनभागी देश इति तावद्दुयुक्तमन्योन्याश्रयात्। अन्यश्चाधःपदार्थभूतमनुगतं दुर्वचमिति। सत्यम्। न ह्यधरुचम-

जो जिससे अपेक्षित होता है वह उसका अधिकरण होता है। ऐसा हुआ तब प्रतिबध्य जो पतन उसका अनाश्रय होकर के पतन प्रतिबन्धक जो सयोग अनुयोगिता सम्बन्ध से तादृश संयोगवान् मूर्त जो कुण्डादिक सो बदर के प्रति आधार होता है। यह आधारता का निष्कर्ष तथा निर्दुष्ट लक्षण है।

प्रश्न–यह पतन क्या वस्तु है? यदि अधः सयोग फलक कर्म को पतन कहो तो ठीक नही है क्योंकि अधः पदार्थ क्या है? यदि पतन भागी जो देश उसको अधः पदार्थ कहो तो सो ठीक नही है, इसमे तो अन्योन्याश्रय हो जाता है, पतन की सिद्धि होने से अधः पदार्थ की सिद्धि होगी और अधः पदार्थ की सिद्धि होने से पतन की सिद्धि होगी। और भी देखिये अनुगत एक अधः पदार्थ दुर्वच है।

उत्तर—आपका कहना सत्य है, परन्तु अप्रतियोगिक

प्रतियोगिकं गोत्वादिवदनुगतं मृगयसे किन्तु प्रतिव्यक्तिभिन्नं तथाहि यद्यदपेक्षया गुरुत्वासमवायिकारणकक्रियाजन्यफलाश्रयस्तत्तदपेक्षया अध इति । एवं सूर्यापेक्षया भूः तदपेक्षया पातालं तदपेक्षया नरकस्तदपेक्षया गर्भोदकमित्यादि यथाक्रममधः एतत्प्रतिलोममूर्द्ध्वम् । उभयरूपाश्रयो मध्यममित्यादि । गवि गोत्वसमवाय इत्यादौ स्वरूपसम्बन्धेनैव विशिष्टधीर्ज्ञान-

---

अर्थात् अन्यानपेक्ष गोत्वादि जाति के समान अनुगत कोई अधस्त्व वस्तु नही है । किन्तु प्रति व्यक्ति भिन्न भिन्न सापेक्ष अधस्त्व है तथाहि जो पदार्थ यदपेक्षया गुरुत्व है असमवायि कारण जिसमे क्रियाद्वारा जायमान फल का जो आश्रय हो तदपेक्षया अध कहाता है । जैसे सूर्य की अपेक्षा से भू अर्थात् मृत्युलोक अध है । (जो अर्थात् भू यदपेक्षया सूर्यापेक्षया गुरुत्व है असमवायिकारण जिसमे ऐसा जो क्रियाजन्य फल सयोगात्मकफल तदाश्रय होने से तदपेक्षया यह भूलोक अध कहलाता है) इसी तरह भूलोकापेक्षया पाताल लोक अध है पाताल की अपेक्षा से नरक अध है तदपेक्षया गर्भोदक अधः है । इसी प्रकार से यथा क्रम अधोधो विभाग देखना चाहिये । इससे जो प्रतिकूल है उसको ऊर्ध्व कहते हैं । और उभय रूप का आश्रय हो मध्य है । गो मे गोत्व का समवाय है यहा स्वरूप सबंध से ही विशिष्ट ज्ञान होता है जैसे ज्ञान घट मे विषय विषयिभाव

घटयोरिव विषयविषयिभावः ॥

ननु कोयं विषयविषयिभावः । प्रकाशस्य सतस्तदीयतामात्ररूपः स्वभावविशेषो विषयविषयिभाव इति तावदव्यापकम् । इच्छाया विषयिण्या अप्रकाशत्वात् किञ्च स्वस्य वा भावः स्वश्चासौ भावश्चेति स्वभावः । आद्येपि सकल-

---

सम्बन्ध है ।

अनन्तर पूर्व प्रकरण में कहा है कि जैसे ज्ञान घट का विषय विषयिभाव सम्बन्ध होता है उसी प्रकार से गो में गोत्व है इत्यादि स्थल में स्वरूप सम्बन्ध से विशिष्ट धी होती है । इस बात को सुनकर के वेदान्ती पूर्व पक्ष करते हैं कि यह विषय-विषयिभाव क्या है ? यदि कहो कि प्रकाशात्मक पदार्थ का तदीयता मात्र रूप अर्थात् तत्सम्बन्धिता मात्र स्वरूप जो स्वभाव विशेष उसी को विषय विषयीभाव कहत हैं सो ठीक नहीं है, क्योंकि ये लक्षण अव्यापक है । अर्थात् सभी विषयो में नहो जाता है । जैसे स विषयक होने से इच्छा विषयो है परन्तु प्रकाश रूप नही है, किन्तु अप्रकाश रूप है । और भी देखिये स्वभाव शब्द का क्या अर्थ है ? स्व का जो भाव उस को स्वभाव कहते हैं, अथवा स्व स्वरूप जो भाव है उसको ? यहां आद्य पक्ष में सकल साधारण स्वभाव कहते हैं अथवा घट ज्ञानादिक प्रत्येक व्यक्ति विश्रान्त कहते हैं ? इसमें आद्य

साधारणो वा घटज्ञानादिप्रत्येकविश्रान्तो वा । अत्राद्यो नास्य घटादिग्राहितज्ज्ञानमात्ररूपकासकलज्ञानसाधारण्यात् तद्धर्मतोपगमाच्च । द्वितीये तु ज्ञानकारकस्यैव प्रतिज्ञानव्यक्तिभेदादिति वचनभङ्ग्या साकारवादाद्याकार एव । किञ्चायं धर्मश्चौपाधिकः स्वाभाविको वा । आद्ये कुंकुमारुणा तरुणीवदुपाधेरप्यवभासः स्यात् । विषयीभूतो घटादिरेव च तत्रोपाधिरिति चेत् । नासम्बन्धात् । न हि सोपि ज्ञानेन सम्बध्यते विषयविषयिभावस्यासिद्धत्वात् नापि स्वाभाविकः न हि घटज्ञानेष्वेकः पटज्ञानेषु

पक्ष ठीक नही है क्योंकि घटग्राही जो घट ज्ञान उसमे सकल साधारण स्वभाव कहा है और स्वभाव को धर्म रूप भी मानते हो । द्वितीय पक्ष मे ज्ञान का जो कारक अर्थात् जनक सो ज्ञान व्यक्ति के भेद से भिन्न है, इस वचन भगी से आकार वादो का पक्ष सूचित होने से स्वभाव आकार रूप ही होगा । और भी देखिये यह जो धर्म है सो औपाधिक है कि स्वाभाविक है । प्रथम औपाधिकत्व पक्ष मे तरुणी कुंकुम से लाल है, यहाँ जैसे आरुण्य उपाधि का प्रतिभास होता है तद्वत् प्रकृत मे भी उपाधिका भान होना चाहिये । नही कहो कि विषय रूप जो घटादिक पदार्थ वही ज्ञान मे उपाधि है, सो ठीक नही है क्योंकि सम्बन्ध न होने से घट ज्ञान से सम्बद्ध नही होता है, विषय विषयी भाव की प्रसिद्धि होने से । न वा धर्म को स्वाभाविक कह सकते हैं

पर इत्यभ्युपगमे समूहालम्बने सङ्कीर्येत । एकं ज्ञानं द्वयालम्बनं नैव भवतीति चेत् । तर्हि विशिष्टज्ञानाभावे विशिष्टस्य व्यवहारो न स्यात् । न हि विशिष्टमेकं नापि द्वितीयः न हि ज्ञानमेव विषयविषयिभावः ज्ञानव्यक्तेः प्रतिस्वं भेदे ततोनुगतविषयविषयिभावस्य व्यवहारानापत्तेः । एतेन ज्ञानं स्वाकारालम्बनमित्याद्यपि सावद्यमिति । अत्र ब्रूमः । ज्ञानस्य निर्विषयतां साधयसि वा सविषयतां निरस्यसि वा अभिप्रैषि वा किञ्चि-

---

क्योकि घटज्ञान मे एक उपाधि है पटज्ञान में दूसरी है ऐसा माने तब समूहालम्बन ज्ञान में साकर्य हो जायगा । एक ज्ञान दो विषयवाला नही होता है ऐसा कहो तब तो विशिष्ट ज्ञान का अभाव होने से विशिष्ट व्यवहार नही होगा । विशिष्ट एक नही होता है । द्वितीय पक्ष भी ठीक नही है, ज्ञान ही तो विषय विषयी भाव नही है, क्योकि ज्ञान व्यक्ति के भेद होने से उस ज्ञान से अनुगत विषय विषयी भाव का व्यवहार नही होगा । इसलिये ज्ञान स्वाकार विषयक होता है । यह जो बौद्ध पक्ष है सो भी सदोष होने से ठीक नही है ।

समाधान-अत्र ब्रूमः– इत्यादि, एतावत्प्रकरण से क्या आप ज्ञान का निर्विषयत्व सिद्ध करना चाहते हैं अथवा ज्ञान के सविषयता का निरास करना चाहते हैं ? अथवा आपका अभिप्राय कुछ और ही है ? अथवा कुछ भी नहीं

दपि वा न कुरुषे वा । नाद्यौ विपरीतापत्तेः । यथा यथा निर्विषयतायै यत्नस्तथा तथा सविषयता प्रत्यापद्यते । न हि त्वदुक्तं निर्विषयतां नालम्बते निर्विषयता च सिध्यतीति सम्भवति । वयं शुद्धवैतण्डिका अतो न ज्ञानस्य निर्विषयतां साधयामो न वा तामभिप्रेम इति चेत् । तथापि सविषयतां निरस्यसि तदपि नेति चेत् । तर्हि शून्यहृदयपशुवदुपेक्षणीयोसि । मदर्थं तु मा यस्य तव तु विषयविषयिभावस्य निरुक्तिः

करना चाहते ? तब इसमे प्रथम द्वितीय पक्ष ठीक नही है विपरीत ही होते हैं । आप जैसे जैसे निर्विषयता के लिये प्रयत्न करते है, वैसे वैसे सविषयता आजाती है । त्वदुक्त वचन ज्ञान में निर्विषयता का आलम्बन नही करता है । अत. निर्विषयता का सिद्ध होना असंभव है ।

प्रश्न—मैं तो शुद्ध वैतण्डिक हूँ इसलिये ज्ञान मे निर्विषयता का साधन भी नही करता हूँ नवा मुझ को निर्विषयता ही अभिप्रेत है ।

उत्तर–तो भी सविषयता का ज्ञान में निरास तो करते है ? यदि कहो कि ज्ञान मे सविषयता का निरास भी नही करता हूँ । तब तो आप पशु के समान शून्यहृदय वाले है । अतः उपेक्षा के योग्य है ।

प्रश्न—मेरे लिये विषय विषयी भाव भले न बनें, आपको तो विषय विषयी भाव है तथा आप उसका निर्वचन

कथं वक्तामिति ब्रूहीति चेत् । उक्तं प्रकाशस्येत्यादि । तथाहि प्रकाशप्रकाश्ययोरतिरिक्तः सम्बन्धस्तावन्नानुभूयते तेनासम्बन्धो वा स्यादनतिरिक्तो वा सम्बन्धः तत्राद्यो व्याघातदूषित एवेति परिशेषादन्त्यः सिध्यति । ननु सम्बन्ध्येव कथं सम्बन्धोऽस्तु तथा सति वा समवायमपि त्यजेति चेत् । स ह्यनुभूयमानतया न त्यज्यते प्रवाहस्तु त्यज्यत एव सम्बन्धिनि तु सम्बन्धाति-

---

करते हो सो निर्वचन कैसे होता है ?

प्रकाशस्य सत् इत्यादि प्रकरण में मैंने तो निर्वचन कर दिया है । तथाहि प्रकाश एवं प्रकाश्य घट पटादि विषय इन दोनों में कोई तो अतिरिक्त सम्बन्ध अनुभूयमान होता हो है, इसलिये घट में विषय विषयी ज्ञान असम्बन्ध मानेंगे अथवा अनतिरिक्त कोई सम्बन्ध मानेंगे ? इसमें आद्य असम्बन्ध पक्ष तो व्याघात दोष से दूषित है, इसलिये परिशेषादन्तिम पक्ष सिद्ध होता है ।

प्रश्न—जो सम्बन्धी है सो सम्बन्ध कैसे हो सकता है, ? यदि सम्बन्धी ही सम्बन्ध हो तब तो समवाय को भी छोड़ दो, अर्थात् विषय विषयी भाव वा स्वभाव तो सम्बन्धी के रूप में पर्यवसित होता है तब तो सम्बन्धी ही सम्बन्ध हुआ सो ऐसा कैसे होगा ?

उत्तर—वह समवाय अनुभूयमान है, इसलिये वह नहीं छोड़ा जाता है । किन्तु समवाय का जो अननुभूयमान प्रवाह सो तो छोड़ा ही जाता है, संबन्धी में जो संबन्ध का अतिदेश

देशः स च कार्यातिदेश पर्यवस्यति न तु स्वरूपस्यातिदेशः सम्भवति तथा सत्युपदेश एव स्यात् । तेन सम्बन्ध्येव सम्बन्धकार्यं विशिष्टव्यवहारादिरूपंकरोति ननु विशिष्टव्यवहारो वैशिष्ट्यव्यवहाराधीनः तच्च वैशिष्ट्याधीनं वैशिष्ट्यञ्च सम्बन्धः स च सम्बन्धिनोर्भिन्नः न हि स एव तद्वांस्तेनैव भवतीति चेत् । उपदेशे तथैव अयन्तु कार्यातिदेश इत्युक्तम् । यत्तु यज्ज्ञानजनिता ज्ञातता यस्मिन् धर्मिण्युदेति यज्ज्ञानं तद्विषयकामति । तन्न । ज्ञाततया नैयायिकैरनभ्युपगमात् ।

अर्थात् कथन है सो कार्यातिदेश मे पर्यवसित होता है । न तु स्वरूप का अतिदेश सभव हो सकता है । तब अतिदेश न कहकर उपदेश ही कहाता है । इसलिये सबन्धी ही सबन्ध का कार्य विशिष्टि व्यवहार रूप है उसको करता है ।

प्रश्न–विशिष्ट व्यवहार जो होता है वह वैशिष्टय व्यवहार के अधीन हाता है और वैशिष्ट व्यवहार वैशिष्टय के अधीन होता है, और वैशिष्टय है सवन्ध । और वह सवन्धी से भिन्न है । (सवन्धी से भिन्न नही हो) तब तो वही पदार्थ स्व से तद्वान होता है ।

उत्तर–उपदेश मे तो ऐसा ही है, परन्तु यह तो कार्यातिदेश है एमा कह चुका हूँ ।

प्रश्न–यत्तु इत्यादि, जिस ज्ञान से समुत्पद्यमान ज्ञातता जिस धर्मी में उदित होती है, वही धर्मी उस ज्ञान का विषय होता है ।

भट्टैरुपेयत एव सेति चेत । उपेयताम् । यत्रेत्यत्र कः सप्तम्यर्थः न हि ज्ञातता धर्मिणि समवेता नापि संयुक्ता किन्तु स्वभाव-सम्बद्धा तथा च ज्ञानमेव स्वभावसम्बद्धमस्तु किमन्तर्गडुना ज्ञाततया अतीतानागतयोश्चार्थयोस्तदुपादानमशक्यम् । तत्रापि घटत्वादौ नित्ये धर्मे ज्ञाततोदय इति चेत् । तर्हि घटे धर्मिणि

उत्तर–तन्न. ऐसा जो मीमांसक ने कहा है सो ठीक नही है क्योंकि नैयायिक लोग ज्ञानजन्य ज्ञातता धर्म को नही मानते है । नही कहो कि भट्ट मतानुयायी तो ज्ञातता को मानते हैं । तो भले वो लोग उस ज्ञातता को मानें । और 'यस्मिन ज्ञातता उदेति' यहा यस्मिन् में सप्तमी का अथ क्या है ? ज्ञातता तो धर्मी में समवाय संबन्ध से नहीं रहती है । क्योकि द्रव्यादिक पांच भाव ही समवेत होता है । न वा सयोग संबन्ध से ज्ञातता धर्मी मे रह सकती है । क्योकि संयोग तो द्रव्य में ही रहता है और ज्ञातता तो द्रव्य नही है । किन्तु स्वभाव से ही ज्ञातता धर्मी में संबद्धा होगी । तब तो स्वभाव से सबद्ध ज्ञान को ही मान लीजिये अन्तर्गडु (निरर्थक) । इस ज्ञातता को मानने को क्या आवश्यकता है ? और अतीत अनागत अर्थो में तो ज्ञातता का उपादान भी अशक्य है । अर्थात् अतीत अनागत पदार्थ के अविद्यमान होने से उसमें ज्ञातता रह भी नही सकती है । यदि कहो कि अतीतादि स्थल में नित्यधर्म जो

ज्ञाततांव्यवहारो न स्यान् धर्म धर्मिणोर्भेदात् विरोधेन भेदाभेदपक्षस्य शङ्कितुमशक्यत्वात् । अतीतानागतयोर्ज्ञातता विनैव ज्ञातव्यवहारश्चेत् । वर्तमानेऽप्येवमस्तु अन्यथा वर्तमाने ज्ञाततया तयोस्तु ज्ञातता विनैव ज्ञानव्यवहारो भवन् भ्रान्तः स्यादिति । तत्प्रतिबन्धव्यवहारानुकूलशक्तिशालित्वं तद्विषयत्वमित्यपि न

घटत्वादिक है उस घटत्वादिक में ज्ञातता का उदय होगा ऐसा कहो तब तो घटत्व में ता ज्ञाता व्यवहार होगा किन्तु घटादि रूप धर्मी मे ज्ञातता व्यवहार नही होगा, धर्म और धर्मी में भेद होता है । (यदि धर्म और धर्मी में एकता है तब तो घटत्व में ज्ञातता व्ययवहार होने से तदभिन्न धर्मी में भी ज्ञातः व्यवहार हो जाता किन्तु धर्म धर्मी तो दोनों भिन्न हैं) और परस्पर विरोध होने से भेदाभेद पक्ष की तो शंका भी नही हो सकती है । नही कहो कि अतीतानागत में ज्ञातता के बिना ही ज्ञात व्यवहार होगा, तब तो वर्तमान में भी ज्ञातता के बिना ही ज्ञात व्यवहार होगा, तब तो वर्तमान में भी ज्ञातता के बिना ही ज्ञात व्यवहार मान लीजिये अन्यथा वर्तमान में ज्ञातता से और अतीतानागत में ज्ञातता के बिना ही व्यवहार होने पर यह व्यवहार भ्रान्त हो जायगा । नहीं कहो कि तत्प्रतिबन्ध जो व्यवहार तादृश व्यवहार के अनुकूल (संपादक) जो शक्ति तादृश शक्तिशाली जो हो सो तद्विषय कहाता है, जैसे घट ज्ञान में घट व्यवहार के अनुकूल शक्तिमत्ता है तो घट उसके ज्ञान का विषय है सो ठीक नहीं है क्योंकि तत्प्रतिबन्ध शब्द का अर्थ है

तत्प्रतिबन्धो हि तद्विषय इति विषयविषयिभावखण्डनं नाति-
वर्तते । अथ ज्ञानं स्वाभिन्नमेव स्वाकारं विषयीकरोति बाह्य-
घटादिसिद्धिस्तु ज्ञानस्य घटाकारत्वान्यथानुपपत्त्या न हि
बाह्यघटमन्तरेणैव ज्ञानस्य घटाकारता सर्वज्ञानानां घटाकार-
तापत्तेः तथा च ज्ञानाकारत्वमेव ज्ञानविषयत्वमिति सौगता।
तन्न । प्रकाशत्वानुपपन्नं ज्ञानं तदपि हि आकारमात्रग्राहि न
तु बाह्यग्राहि न हि भेदे विषयविषयिभाव इति ब्रूषे तथा च न

तद्विषयी सो इसलिये विषय विषयी भाव का जो खण्डन है
उसका यह अतिक्रमण नही करता है ।

प्रश्न—बौद्ध का जो कोई ज्ञान होता है सो स्व से
अभिन्न हो स्वाकार को विषय करता है और बाह्य जो
घटादिक पदार्थ उसकी सिद्ध तो ज्ञान को घटाद्याकारत्व
अन्यया अनुपपन्न है, इसलिये तदन्यथानुपपत्ति से सिद्ध
होता है । बाह्य जो घटादिक है उसके विना ज्ञान मे घटा-
कारत्व नही हो सकता है, यदि होगा तो सभी ज्ञान मे
घटाकारत्व हो जायगा । अत ज्ञान का जो आकार है वहा
ज्ञान का विषय है, यह बौद्ध का मत है । सो ठीक नही है
क्योकि प्रकाशत्व के विना ज्ञान अनुपपन्न है, इसलिये वह
ज्ञान आकार मात्र का ग्राही सिद्ध होता है, न तु बाह्य
ग्राह्यता की सिद्धि होती है । और भेद मे विषय विषयी
भाव की सिद्धि नही होती है । ऐसा कहतेहो तब बाह्यता
की प्रसिद्धि कैसे ? और यह भेद क्या है ? जिसकी प्रती-
तिरता को लेकर के प्रत्यक्ष समर्थन करें ? यह कह कर

बाह्यासिद्धिः कोयं भेदः यं प्रातीतिकमप्यशक्यसमर्थनमनिर्वचनीयमाविद्यकमात्थ ॥

ननु कथमस्तु भेदस्तथाहि ब्रह्म तावदेकमेव भेदप्रपञ्चस्तु न प्रमाणसिद्धः स न स्वप्रकाशः जड़त्वात् नापि परप्रकाशः प्रकाशजडयोः सदसतोः सम्बन्धाभावात् तस्माद्युक्त्यापि प्रपञ्चे

अनिर्वचनीय और आविद्यक कहते है ।

इससे अव्यवहित पूर्व प्रकरण के चरम भाग मे भेद को आविद्यक अनिर्वचनीय अशक्य समर्थनत्व का प्रतिपादन किया है उसी भेद को अधिकृत करके इस प्रकरण का अवतरण करते है । ननु इत्यादि—यह भेद किस प्रकार हो सकता है ? तथा ब्रह्म तो एक है और प्रपंच जो आकाश प्रभृतिक है सो शुक्ति रजत के समान प्रमाणसिद्ध नही है, अर्थात् जैसे शुक्तिका मे प्रतिभासमान रजत किसी भी प्रमाण से समर्थित नही होने के कारण अप्रामाणिक है, इसी प्रकार से प्रमाण द्वारा समर्थित न होने के कारण प्रपच भी प्रमाण सिद्ध नही है प्रमाणसिद्धत्व व्यतिरेक का ही समर्थन करते हैं । स न स्वप्रकाश इत्यादि, स अर्थात् वह प्रपंच शुक्तिका रजतवत् प्रतीयमान स्वप्रकाश अर्थात् ज्ञान रूप नही है । क्योकि जड रूप है इससे । न या इस प्रपच को पर प्रकाश कह सकते हैं क्योकि सत् असत् पदार्थ का सम्बन्ध नही हो सकता है इसलिये युक्ति द्वारा

निरस्ते "एकमेवाद्वितीयं नेह नानास्ति किञ्चन, इन्द्रो मायाभिः पुरुरूपः" इत्यादिभिरुपनिषद्भिरेव हि ब्रह्मणैक्यं प्रपञ्चस्य विषयफलभेदो माविकः स्यादिति । उच्यते । अस्ति विस्वरूपोन्यो-

---

भी प्रपंच का निराकरण हो जाने पर "एक ही अद्विता स्वजातीय विजातीय स्वगत भेदशून्य है" इस द्वैत तादात्म्य विशिष्ट ब्रह्म मे नाना वस्तु सामान्य कुछ भी नही है, इन्द्र अर्थात् परमात्मा माया (सदसत् से विलक्षण भावरूप ज्ञाननिवर्त्य त्रिगुणात्मक माया के द्वारा अनेक रूप ज्ञान ज्ञेयादि भेद रूप से प्रतिभासित होता है) इत्यादि उपनिषद से ही ब्रह्म के साथ प्रपच की एकता सिद्ध होती है और प्रपंच मे भी परस्पर विषय फलभेद अर्थात् कमकारण भाव होता है। अर्थात् ब्रह्म के साथ प्रपच का एकत्व होने पर भी प्रपच मे परस्पर कार्यकारण भाव होता है. घट होता है कार्य और मृत्पिण्ड होना है कारण, यह विषय फलभेद अर्थात् कार्यकारण भाव भाविक है अर्थात् स्वभाव सिद्ध है, सभी पदार्थ मे ब्रह्म का अभेद समान रूप से रहने पर भी कपाल कारण होता है और घट कार्य कहलाता है । इस प्रकार से ब्रह्म के साथ अभेद प्रतिपादन करके जो भेद का निराकरण किया, उसका समाधान करते है। उच्यते इत्यादि यह अन्योन्याभाव विश्वरूप अर्थात् अनेक प्रकारक है । अन्योन्याभाव वैधर्म्य भेद

न्याभावो वैधर्म्यभेदालौकिकप्रत्ययो यद्घटोयं न पटो मृन्मयश्चेति कात्रापि कथन्ता स्वरूपभेदस्य लक्षणं ताद्रूप्येणाप्रतीताप्रतीतिरिति अन्योन्याभावस्य तु लक्षणमबाधितः समानाधिकरणो निषेधप्रत्ययो वैधर्म्यस्य तु एकधर्म्यसमावेशलक्षणो विरोध इति । अत्र प्रतीतिरित्येतावत् कृते इदं रजतमिति भ्रमेपि शुक्तिकायां या धीस्तया शुक्तिकायां रजतरूपव्यवहारः स्यादिति तद्वारणाय ताद्रूप्येणाप्रतीतेति । तथाहि यतो रजता-

---

इत्यादि सर्वलोक प्रसिद्ध है । यह घट है पट नहीं है मृण्मय है, एतादृश प्रत्यय सिद्ध जो भेद है, अन्योन्याभावादि उसका पर्यायवाची है । उस विषय में कथंता क्या है ? अर्थात् वह है या नहीं ? इत्यादि विचार निरर्थक है । उसमें स्वरूप भेद का लक्षण है तद्रूपेण अप्रतीत की प्रतीति । और अन्योन्याभाव का लक्षण है अबाधित समानाधिकरण निषेध ज्ञान एवं वैधर्म्य का लक्षण होता है, एक धर्मी में असमावेश लक्षण जो विरोध प्रत्यय । जैसे घटत्व पटत्व ज्ञान में घटत्व और पटत्व का एक अधिकरण में समावेश नही होता है । यहा स्वरूप भेद लक्षण में 'प्रतीतिः' एतावन्मात्र लक्षण कहैं तब तो 'इदं रजतम्' इत्याकारक भ्रम में भी शुक्ति का में जो ज्ञान है उससे शुक्ति का मे भी रजत व्यवहार हो जायगा, उस व्यवहार को वारण करने के लिये ताद्रूप्येण अप्रतीतेः यह विशेषण दिया गया है । यथाहि भेद की

देर्भेदावधिभूतात् शुक्तिकाव्यवहारः स्यात्तद्रूपतयैव शुक्तिकायाः प्रतीतिरभूदिति नेयं धीः शुक्तिकायां स्वरूपभेदतः । एवमपि द्विचन्द्रबुद्धेः स्वरूपचन्द्रस्य मायाचन्द्रताद्रूप्येणाप्रतीतौ प्रतीतिरस्तीति तत्रापि स्वरूपभेदः स्यादतो प्रतीतिरियं दोषात् तत्र तु स्वरूपचन्द्रस्य मायाचन्द्ररूपत्वेनाप्रतीतिर्दोषादेव तत्त्वाप्रतीतावतत्त्वप्रतीतौ चोभयत्रापि मन्मते दोषाणां हेतुत्वोपगमात् । ननु ताद्रूप्येणाप्रतीतौ प्रतीयमानस्य धर्मिणः स्वरूपभेदे प्रतीते कथमभेदारोप इति चेत् । दोषमहात्म्यादिति गृहाण । न

अवधिभूत जिस रजत से शुक्तिका व्यवहार होगा तद्रूपतया रजत रूप से ही शुक्तिका ज्ञान हुआ है इसीलिये एतादृश भेद ज्ञान शुक्तिका मे स्वरूप भेद से नही होता है । ऐसा होने से भी द्विचन्द्र ज्ञान स्थल मे स्वरूपचन्द्र की मायाचन्द्र रूप से अप्रतीति होने पर ही प्रतीति होती इसलिये द्विचद्र स्थल मे भी स्वरूप भेद होगा । अतः द्विचन्द्र प्रतीति दोषाधीन होती है । वहाँ द्विचन्द्र स्थल मे स्वरूप चन्द्रमा (आकाशस्थ सत्य चन्द्रमा) की मायाचन्द्र रूपेण जो प्रतीति नही होती है सो दोष के बल से, क्योंकि तत्व की अप्रतीति मे तथा प्रतीति मे मेरे मत मे दोनो ही स्थल मे दोष को ही कारणत्व माना गया है ।

प्रश्न–तद्रूप से ज्ञान नही होता है तादृशस्थल में ज्ञायमान जो धर्मी शुक्त्यादिक उसका स्वरूप भेद जब प्रतीयमान

चाभेदो नारोप्यते किन्तु तादात्म्यमिति वाच्यम् । तर्हि संसर्गाभावोयं स्यात्तादात्म्यस्य धर्मिणि निषेधादिति । अपरौ तु भेदौस्थापयिष्यामः प्रपञ्चस्य चाबाध्यतां वक्ष्यामः । ननु भेदधीकालेऽवध्यन्वयोपि नौ कीदृशौ भेदवन्तावेवेति गृहाण । अनुयोगिनि स एव भेदोस्तु अवधौ तु अनुयोगिप्रतियोगिक इति शेषः ।

हो गया तब शुक्ति रजतादिक में अभेदारोप कैसे होगा ?

उत्तर–दोष के माहात्म्य के बल से होता है यही समझिये । नही कहो कि शुक्ति रजत स्थल मे शुक्ति का में रजत का अभेदारोप होता है ऐसा मैं नहीं कहता हूँ किन्तु रजत का तादात्म्यारोप शुक्तिका मे होता है यह मैं कहता हूँ । तो यह कहना भो ठाक नही है । क्योंकि यदि शुक्तिका मे रजत तादात्म्य का आरोप मानें तब तो शुक्तिका रूप धर्मी मे तादात्म्य का निषेध होगा । सो निषेध तो भूतल मे घटाभाव के समान ससर्गाभाव कहावेगा अन्योन्याभाव नहीं । वैधर्म्यात्मक भेद और अन्योन्याभावात्मक भेद का स्थापन तो मै करूंगा । एवं प्रपंच में अबाध्यत्व का प्रति पादन करूंगा । अर्थात् प्रत्यक्ष अनुमान श्रुति स्मृति आदिक प्रबल प्रमाण सिद्ध प्रपंच का निराकरण स्वकीय परिभाषा मात्र से नही हो सकता है । प्रत्युत श्रुत्यादि प्रमाण सिद्ध प्रपंच का निराकरण करने से श्रुति के उपासक आपको श्रुति का विरोध होता है ।

इति शेष । ननु किम्भेदविशिष्टे कि भेदवृत्ति न जानीमः ।

'नेहनानास्ति किंचन' प्रभृति श्रुति को जो प्रपच निराकरण परक मानते हैं, सो भी प्रकरण व पूर्वापर के विचारने पर भगवद् उपासना मे उन सब श्रुतियो का तात्पर्य निर्णीत होता है । जब जड अजड पदार्थ मात्र भगवदवयव है तब तादृश भगवदवयव का निराकरण करना यहाँ तक उचित है ? इसका विचार आप स्वय करें ।

प्रश्न–जिस समय म भेद का ज्ञान होता है उस समय मे जो अवधि (प्रतियोगी अनुयोगी) है उसका ज्ञान कैसे होता है ? अर्थात् अवधी का ज्ञान जो होता है सो उस समय मे भेद सहित अवधी का ज्ञान होता है अथवा भेद रहित अवधी का ज्ञान होता है ।

उत्तर–भेदवन्तावेव तौ–अर्थात् भेद सहित ही अवधी अनुयोगी प्रतियोगी का ज्ञान होता है ऐसा समझिये । अनुयोगी मे वही भेद रहता है, अर्थात् विधीयमान भेद ही स्वरूप सबन्ध से अनुयोगी मे अधिकरण मे रहता है। और अवधी अर्थात् प्रतियोगी मे वही भेद अनुयोगिता निरुपित प्रतियोगिता सम्बन्ध से रहता है ऐसा जानिये ।

प्रश्न–किस भेद विशिष्ट मे कौन भेद रहता है ? ऐसा मैं नही समझता हू अर्थात् पक्षतावच्छेदक भेद कौन है और विधेयात्मक भेद कौन है ?

वस्तुतो यावत्सत्त्वमन्योन्याभाववैधर्म्ये सहैव स्तः अन्योन्याभावस्य जातिरूपवैधर्म्यस्य चाद्यक्षण एव तत्रान्वयात् अन्त्यक्षणपर्यन्तञ्च तत्र स्थितेः। स्वरूपभेदस्तु धर्मिणि वर्तत एवाभेदात्। कथं तर्हि पृथिवीत्वादिना वैधर्म्याभावात् स्वरूपभेदः पृथिव्यादेरनुमीयते धर्मिज्ञाने सिद्धसाध-

उत्तर—जब तक पदार्थ का अस्तित्व रहता है तब तक अन्योन्याभाव और वैधर्म्यात्मक भेद साथ ही रहता है। अन्योन्याभावात्मक भेद तथा घटत्वादि जात्यात्मक जो वैधर्म्य भेद, इन दोनो का पदार्थ में उत्पत्ति काल में ही अन्वय हो जाता है। पदार्थ की उत्पत्ति तथा जात्यात्मक वैधर्म्य का अन्वय समकाल में ही होता है और पदार्थ के अन्तिम क्षण पर्यन्त उस पदार्थ में भेद की स्थिति रहती है, और स्वरूप भेद तो धर्मी अर्थात् अधिकरण में रहता ही है। क्योंकि अधिकरण के साथ स्वरूप भेद का अभेद होने से। अर्थात् स्वरूप भेद अधिकरण का स्वरूप ही है. अतः उन दोनों में अभेद सम्भवित है।

प्रश्न–जब स्वरूप भेद को धर्मी से अभिन्न मानते हैं तब पृथिवीत्व वैधर्म्य से जो कि अभाव रूप में पर्यवसित है, उससे पृथिवी का जो स्वरूप भेद है उसका अनुमान कैसे होगा ? क्योंकि धर्मी जो पृथिवी है उसका यदि ज्ञान है तब तो स्वरूप भेदात्मक साध्य का ज्ञान होने से सिद्ध साधन दोष होता है जिस प्रकार से अनुमिति के प्रति बाध

नात् धर्म्यज्ञाने चाश्रयासिद्धेरिति चेत् । न । तोयत्वेन पिपासोपशमनशक्तेस्तदभिन्नाया अनुमितिवदत्राप्यनुमितिसम्भवात् । तत्रापि कथमनुमितिरुपाधिभेदस्यानुमेयत्वात् । तोयत्वेन जात्या पिपाशोपशमनकारणतावच्छेदकरूपत्वेन तदेव तोयमनुमीयते यथा तथा पृथिवित्वेन जात्या पृथिव्याः स्वभावा

निश्चय विरोधी होता है, अर्थात् जिस समय मे वह्नयभाववान् ह्रद इत्याकारक बाध निश्चय रहता है उस समय मे वन्हिमान् ह्रदः इत्याकारक अनुमिति नही होती है,क्योकि तद्वत्ताबुद्धि के प्रति तदभाववत्ता निश्चय विरोधी होती है, अतः अनुमिति के प्रति बाध निश्चय विरोधी है। उसी तरह से वह्निमान् पर्वत इत्याकारक निश्चय रहने से वन्हिमान् पर्वत इत्याकारक अनुमिति नही होती है, क्योकि जिस वस्तु को अनुमिति द्वारा जानना चाहते है सो पदार्थ तो प्रमाणान्तर से उसमे ज्ञात ही है और अज्ञातार्थ का ज्ञापकही तो प्रमाण है, अतः सिद्ध वस्तु का साधन करने से सिद्ध साधन दोष है। यह सिद्ध साधन दोष सर्व प्रमाण साधारण है। और यदि धर्मी का ज्ञान नही है तब तो आश्रयासिद्धि दोष होता है।

उत्तर–जिस प्रकार से पिपाशोपशमन कारणतावच्छेदक जाति रूप तोयत्व (जलत्व) हेतु से उसी जल का अनुमान होता है उसी तरह से जात्यात्मक पृथिवीत्व हेतु से स्वभावा-

द्विलक्षणशरीरमनुमीयते । ननु पृथिवीत्वस्वरूपभेदयोः सामानाधिकरण्याभावात् कथं व्याप्तिः निरूपाधिसम्बन्धादित्येवेहि । तथाहि चतुर्द्धा न हि व्याप्तिः यो धूमवान् सोऽग्निमानिति यत्र धूमस्तत्राग्निरिति यो धूमवान् तत्राग्निरिति यत्र धूमः सोऽग्निमानिति इदञ्च व्याप्तिखण्डनोद्धारे प्रपञ्चितमतस्तत्रानुसन्धेयम् । ननु स्वरूपं निरवधिभेदः समाधिः स्वरूपमन्य-

---

द्विलक्षण पृथिवी शरीर का अनुमान होता है ।

प्रश्न–स्वभावाद्विलक्षण पृथिवी शरीर का अनुमान आपने पृथिवीत्व हेतु से किया है सो असंगत है, क्योंकि पृथित्व तथा स्वरूप भेद का सामानाधिकरण्य अर्थात् एकाधिकरणवृत्तिता न होने से सामानाधिकरण्य रूप व्याप्ति नही है ।

उत्तर–निरुपाधिक सम्बन्ध रूप ही व्याप्ति है ऐसा समझिये व्याप्ति चार प्रकार से होती है, तथाहि जो धूमवाला हो सो वन्हिवाला होता है जैसे महानस । जिस अधिकरण में धूम रहती है उसमें वन्हि रहती है, महानस की तरह जो धूमवाला होता है उस अधिकरण में वन्हि होती है । जिस अधिकरण मे धूम रहती है वह अधिकरण वन्हि वाला होता है। इस विषय पर व्याप्ति खण्डनोद्धार मे विस्तृत रूप से विचार किया गया है अतः वही अनुसन्धानकरे ।

प्रश्न–भेद को स्वरूपात्मक कैसे कहते हैं ? क्योंकि

निरूप्य भेदान्यनिरूप्यं तत्कथं स्वरूपं भेदोऽस्त्विति चेत् । इत्थम् । यथा घटस्य घटत्वेन निरूप्यमाणस्य न सप्रतियोगिता न वान्यनिरूप्यता घटाभावाभावत्वे तु प्रतीयमानस्योभयस्यापि तथा स्वरूपत्वेन प्रतीयमानस्य माभूद्भेदत्वेन प्रतीयमानस्याव-धिमत्ता वान्यनिरूपिता च स्यादेव । न नु घाभावस्य स्वरूपं

घटादिक का जो स्वरूप है सो तो अवधिमान् अर्थात् सप्रति-योगिक नही है, न वा घटादि का स्वरूप अन्य मे निरूपित नही होता है, और भेद तो अवधिमान् है तथा अन्य स अर्थात् भेदान्य से निरूपित होता है । तब दोनो (स्व रूप तथा भेद) के विलक्षण स्वभाव वाले होने से घटादि स्वरूप को भेद रूप किस प्रकार से मानते हैं ?

उत्तर–जिस प्रकार से घटत्व रूप से निरूप्यमाण जो घट है उससे प्रतियोगिकत्व अथवा अन्य निरूप्यत्व नही है किन्तु जब वही घट घटाभावाभावत्वेन निरूप्यमाण होता है तब सप्रतियोगिकत्व तथा अन्य निरूप्यत्व होता है । उसी तरह से स्वरूपत्वेन प्रतीयमान जो स्वरूप उसको सप्रतियो-गिकत्व अथवा अन्य निरूप्यत्व नही होने पर भी उसी स्व रूप को जब भदेत्वेन निरूप्यमाणत्व होता है तब सप्रति योगिकत्व तथा अन्य निरूप्यत्व होने मे कोई भी बाधक नही है ।

प्रश्न–अभाव का स्वरूप तो निषेधात्मक होने से स-

निषेधत्वात् सप्रतियोगिकत्वं भेदत्वात् सावधिकं तथा च प्रतियोग्यनुयोगिभावोऽवध्यवधिमद्भावश्च द्वयमप्यभावस्य स्वरूपं तथा भावस्यैकस्य विरुद्धं द्वयं कथं स्वभावोस्तु एकस्य द्विस्वभावत्वात् सप्रतियोगिकोस्तु एकस्य द्विस्वभावत्वासम्भवादिति चेत् । न भेदस्यावध्यवधिमद्भावे प्रमाणाभावात् । घटोयं न पट इत्यादिधियावध्यवधिमद्भावस्यानुल्लेखात् प्रमाणान्तरस्य च तत्राभावात् । अन्योन्याभावस्तु भेदोऽभावत्वात् सप्रतियोगि-

---

प्रतियोगिक है तथा भेद रूप होने से सावधिक है । तब प्रतियोगी अनुयोगीभाव अवधि अवधिमद्भाव यह दोनो अभाव के स्वरूप बनते हैं । इस प्रकार से एक जो भावात्मक पदार्थ है उसके दो विरुद्ध स्वभाव कैसे होगे ? क्योकि ऐसा होने से एक को ही विरुद्ध द्विस्वभाववत्व प्रसग हो जायगा । न वा भावत्मक पदार्थ सप्रतियोगिक होगा, क्योकि एक मे द्विस्वभावत्व असभवित है ।

उत्तर—भेद के अवधि अवधिमद्भाव होने मे कोई प्रमाण नही है । 'घटोयं न पट:' इत्याकारक बुद्धि मे अवधि अवधिमद्भावका उल्लेख नही होता है । और अवधि अवधिमद्भाव होने मे कोई प्रमाणान्तर तो है नही । अन्योन्याभावात्मक जो भेद है सो अभाव रूप होने से सप्रतियोगिक हो, किन्तु प्रतियोगी अनुयोगी भाव सबन्ध नही होता है. क्योंकि भिन्न भिन्न अनेक व्यक्ति में रहनेवाला जो धर्म तत्समुदाय रूप होने से संबन्ध नही हो सकता है,

कोऽस्तु न प्रतियोग्यनुयोगिभाव एव तयोः सम्बन्ध अन्यप्रत्ये-कविश्रान्तधर्मसमाहाररूपतया सम्बन्धत्वायोगात् तथाहि प्रति योगित्वमभावविरहात्मत्वं सत्प्रतियोगिमात्रधर्मश्चानुयोगित्वं तन्निषेधत्वं तदुपमर्दत्वम् स च निषेधमात्रधर्मः ॥

एतेन कार्यकारणभावक्रियाकर्मभावज्ञाप्यज्ञापकभावव्या-प्यव्यापकभावावध्यवधिमद्भावप्रभृतयोऽप्यधिका निरस्ता

तथाहि प्रतियोगिता अभाव विरह रूप है क्योकि आचार्य ने कहा है कि "अभाव विरहात्मत्व वस्तुत प्रतियोगिनेति" तथा सत जो प्रतियोगी तन्मात्र मे रहने वाला धर्म प्रतियो गिता है,और अनुयोगिता प्रतियोगीका निषेधात्मक(अनुयोगिता प्रतियोगी का उपमर्दन)रूप है,यही निषेध मात्र का धर्म है ।

एतेनेत्यादि—विभिन्नाधिकरण वृत्ति धर्म समुदाय रूप होने के कारण से प्रतियोगी अनुयोगी भाव सम्बन्ध नही हो सक्ता है । इसी तरह काय कारण भाव 'दण्डेन घटः इत्यादि स्थल मे क्रियाकर्म भाव, 'घट पश्यति इत्यादि स्थल मे ज्ञाप्यज्ञापक भाव, धूमेन वह्नि इत्यादि स्थल मे व्याप्यव्यापक भाव 'वह्निमान् धूमादि' इत्यादि स्थल मे, अवधि अवधिमद्भाव, 'भिन्नो घट' इत्यादि स्थल मे पूर्वोक्त कार्यकारणभावादिक मे भी सम्बन्धत्व का निरा-करण होता है, ऐसा जानना चाहिये । अर्थात् कार्यकारण भावादिक विभिन्नाधिकरण वृत्ति अनेक धर्म समुदायात्मक

वेदितव्याः । तदयं सक्षेपः । घटः पटो नेत्यादिप्रतीतेः स्वरूप-वैधर्म्ये तु न सप्रतियोगिके सावधिकास्तु नात्र केपि अभावोपि न सावधिकः अभावबुद्धाववधेरस्फुरणात् । अत एवाभाव-धीकारणीभूतायामपि बुद्धाववधेर्मानमित्यपास्तम् । घटः पटो नेति बुद्धे रव्यवहितप्राक्षण्यवधेरमानात् । तस्यैव स्वभावस्य भेदत्वेन ज्ञानेऽवधिज्ञानापेक्षा घटाभावाभावत्वेन घटज्ञाने घटा-भावज्ञानापेक्षावत् । अमुष्मादमुको भिन्न इत्यादिकं पृथक्त्वादि-

---

होने से सवन्ध नही है । (कार्यकारण भाव का अर्थ होता है कार्यता कारणता, तो कार्यता स्वरूप सवन्ध से कार्यवृत्ति है और कारणता स्वरूप सवन्धसे कारणमात्र वृत्ति धार्म है तो द्विष्ठ न होने से सवन्ध नहीं है । परन्तु कार्यता निरूपित कारणता का सवन्ध रूप मानाजाय तो कोई क्षति नही होगी) इस विपय मे इस प्रकार से सक्षेप है,घटः पटो न इत्यादि प्रतीति होती है, उस प्रतीति मे स्वरूप तथा वैधर्म्य प्रतिभासित होता हैं किन्तु स्वरूप वैधर्म्य स-प्रतियोगिक होकर के प्रतिभासित नही होता है और इस प्रतीति मे सावधिक तो कोई भी प्रतिभासित नही होता है और इस प्रतीति मे प्रतिभासमान जो अभाव वहभी सावधिक रूप से प्रतिभासित नही होता है । क्योकि अभाव बुद्धि मे अवधि का स्फुरण नही होता है । इसलिये अभाव ज्ञान मे कारणी भूत जो बुद्धि उसमे अवधि का भान होता है ऐसा

त्यप्याहुः । घटः पटो नेति प्रयोगे घटो धर्मी पटप्रतियोगिका-न्योन्याभाववाननुभूयतेऽत्र चाभावे नञर्थैकदेशे प्रतियोगितया पटोन्वीयत इति । न च भेदेषु भेदाकारानुगतमतेर्भेदत्वं तत्र च विलक्षणधीसाक्षिकाभेद इति परस्पराश्रयाश्रयिभाव इति

जो कहते थे वह भी परास्त हो गये । क्योंकि घटः पटो न इस बुद्धि के पूर्वकाल में भी अवधि का भान नहीं होता है । परन्तु उसी अभाव के जो स्वरूपात्मक वा वैधर्म्यात्मक अभाव का भेदत्व ज्ञान जब होता है अर्थात् भेदत्व अभावत्वादि धर्म पुरस्कृत स्वरूपभेद वैधर्म्यात्मक भेद का ज्ञान होता है तब तादृश भेद ज्ञान में अवधि (प्रतियोगी अनुयोगी) का तो ज्ञान तदपेक्षा आवश्यक ही होता है । जैसे घटाभावाभाव रूप से जब घट ज्ञान होता है उस घट ज्ञान में घटाभाव ज्ञान की आवश्यकता होती है । कोई कोई व्यक्ति तो अमुक से अमुक भिन्न है इत्यादि स्थल में यथोक्त प्रतीति के बल से प्रथकत्व को भेदात्मक ही कहते है । घट पट नहीं है, इस प्रयोग में घट रूप जो धर्मी अधिकरण वह पट प्रतियोगिक अन्योन्याभाववान् है ऐसा अनुभव होता है । यहां नञ् पदार्थ का एक देश अभाव में प्रतियोगिता संबन्ध से अन्वीयमान होता है ।

प्रश्न–अनेक भेद मे 'अयं भेदोऽयं भेद' इत्याकारक जो अनुगम प्रतीति तादृशप्रतीति के बल से भेदत्व की सिद्धि

वाच्यम् । प्रमाणिकेनास्यादोषत्वात् । न च विजातीयस्य त्रयस्यैकं भेदत्वमयुक्तम् अभेदव्यवहारविरोधित्वस्योपाधेस्त्रिष्वपि सम्भवात् घटत्वादयश्च पदप्रवृत्तितया प्रतीयन्ते ततः स्वाश्रयं भिन्दन्तीति

होती है और उस भेद मे विलक्षण जो ज्ञान तादृश ज्ञान साध्य अभेद है, तब तो भेद और अभेदमे परस्पर आश्रयाश्रयीभाव अर्थात अन्योन्याश्रय दोष होता है। जब अभेद सिद्ध होगा तब भेद की सिद्धि होगी, और जब भेद सिद्ध होगा तब अभेद की सिद्धि होगी।

उत्तर–प्रामाणिक होने से प्रकृत मे यह दोषाधायक नही है। नही कहो कि तीन जो विलक्षण है भेद, स्वरूप, अन्योन्याभाव, इन तीन मे एक भेदत्व की वृत्तिता अयुक्त है। यह कहना ठीक है क्योकि अभेद व्यवहार विरोधित्व रूप जो उपाधि है सो तीनो मे स्वरूप भेद और अन्योन्याभाव मे समान है अर्थात् तीनो मे रहता है ऐसा सभवित है। घटत्वादिक जो धर्म है सो पद प्रवृत्ति निमित्ततया अर्थात् शक्तावच्छेदक रूप स प्रतीयमान होता हुआ अपने आश्रय घटादिक को घटेतर से भिन्न कराता है। इसलिये अन्योन्याश्रयादिक दोष नही होता है।

यहा के प्रकरण का अभिप्राय यह है कि एक ही पदार्थ प्रतियोगी विशेष की अपेक्षा अनेक व्यवहारास्पद होता है, जैसे शाकर वेदान्ती के मत मे एक ही स्त्री पति

नान्योन्याश्रयादिनन्वननुगतैर्भेदैरनुगतो व्यवहारः कथम् अननुगतैरालोकधूमादियाथार्थ्यगता वह्न्यनुमितिः सापि कथं वह्निव्याप्यत्वेन भासते न आलोकादीनामनुगतिमत्त्वादिति यदि तद्य —

रूप प्रतियोगी की अपेक्षा से पत्नी कहलाती है, पिता की अपेक्षा से पुत्री, भ्राता की अपेक्षा से स्वसा, पुत्रापेक्षया माता, देवरापेक्षया भौजाई, इत्यादि। एवमेव स्वरूप भेद जब स्वरूपत्वेन ज्ञात होता है तब वह स्वरूपात्मक है, जब वही भेदत्वेन ज्ञात होता है उस समय मे प्रतियोगी अनुयोगी के निरूपणाधीन निरूपणक होने से स्फुटतर व्यवहार का विषय होता है। किसका अभाव किसमे अभाव है इस प्रकार से अभाव व्यवहारास्पद होता है।

प्रश्न–जब भेद स्वय अननुगत है अर्थात् अनेक है तब उस अननुगत भेद से अनुगत व्यवहार कैसे होता है?

उत्तर–अननुगत आलोक धूमादि से जैसे यथार्थ वह्न्यनुमिति एक रूपा होती है उसी तरह से अननुगत भेद से अनुगत व्यवहार हो सकता है।

प्रश्न–आलोक धूमादि द्वारा जायमान अनुमिति स्थल मे भी एकत्व व्यवहार कैसे होता है?

उत्तर–यदि कहोकि वह्निव्याप्यत्व रूप प्रतिभासमान धूमालोकादिक में एकत्व माना जाता है क्योंकि वह्निव्या-

भेदविरोधित्वेन भासिता भेदा अप्यनुगता एवेति । ननु भेदः कुत्र वर्तते यत्र प्रमीयते तत्र वर्तते कुत्र तर्हि प्रमितिर्यत्र वृत्तिप्रमितिः अस्तु इयं रूढितोक्तिप्रत्युक्तिः सुहृद्भावेन पृच्छाम.

प्यत्व रूप एक है, ननु आलोकादिक व्यक्ति का अनुगतिमत्व देखा जाता है । तब तो प्रकृत मे भो अभेद विरोधित्व रूप से प्रतिमान भेद भी एक ही है । अर्थात् जैसे वह्नि व्याप्यत्व धर्म को पुरस्कृत करने पर धूमालोकादि अनेक व्यक्ति भी एकत्वेन सगृहीत हो जाते हैं. न तु धूमत्व आलोकत्व तथा व्यक्तिगत अनेकत्व मूलक दोप होता है उसी तरह अभेद विरोधित्व धम को पुरस्कृत करके सभी भेदो का संग्रह होता है तथा एकत्व व्यवहार होता है ।

प्रश्न—भेद किस में रहता है ?

उत्तर—जिसमे जिस अधिकरण मे प्रतीयमान होता है उसी अधिकरण मे रहता है ।

प्रश्न–तो भेद विपयक प्रमाज्ञान किस अधिकरण में रहता है ?

उत्तर–भेद सवन्ध का प्रमा ज्ञान जहां रहता है उसी जगह में भेद रहता है ।

प्रश्न—इस रूढी उक्ति प्रत्युक्ति को रहने दीजिये । मैं आपको मित्र भाव से पूछता हूं कि भेद भेदविशिष्ट अधिकरण में रहता है अथवा अभेद विशिष्ट अधिकरण

भेदो भिन्ने वर्ततेऽभिन्ने वा। नान्त्योविरोधात्, आद्येऽपि तेनैव भेदेन भिन्ने भेदान्तरेण वा। अत्राद्ये आत्माश्रयः एकस्य क्रमिकवृत्तिद्वयासम्भवाच्च, न ह्येक एव, एकस्मिनन्नेव धर्मिण्यादौ प्रविश्य पुनः प्रविशतीति सम्भवति। बहिः स्थितस्यैव प्रवेशसम्भवात्। अन्त्येऽनवस्था एव भिन्नादभेदभिन्ना-

---

मे रहता है ? अर्थात् विधीयमान भेदान्वय से पूर्वकाल में वह अधिकरण किसी भेद से युक्त है अथवा अभेद विशिष्ट रहता है ? जिसमें इस भेद का विधान करते हैं। प्रथम पक्ष में तो जो भेद विधीयमान होता है उसी भेद से उद्देश्य भिन्न है अथवा विधीयमान भेद व्यतिरिक्त भेद से उद्देश्य भिन्न होता है ? अर्थात् भेदान्तर से युक्त उद्देश्य में, विधेयी भूत भेद का विधान होता है ? इसमे प्रथम पक्ष में आत्माश्रय दोष होता है क्योंकि विधेयात्मक भेद विशिष्ट मे विधेयी भूत भेद की वृत्तिता होने से स्व मे स्व की वृत्तिता हो जायगी। और एक पदार्थ को क्रमिक वृत्तिद्वय असम्भवित है। एक पदार्थ एक धर्मी मे प्रथमतः प्रविष्ट होकर के पुनः उसमे प्रविष्ट हो ऐसा नहीं होता है। किन्तु जो बाहर में हो उसका प्रवेश होता है, जो प्रविष्ट है उसका प्रवेश कैसे होगा ? और अन्तिम पक्ष मे तो अनवस्था होती है। (इसके आगे पंक्ति त्रुटित हैं परन्तु विचार करने से ऐसा प्रतीत होता है कि अनवस्था का स्पष्टीकरण परक विकल्प

द्वा अत्राद्यकल्पस्य एतद्भिन्नीभूतादयं भिन्नो भविष्यतीति, भिदा एतस्मिन् भिन्नीभूतत्वेन ज्ञातादयं तद्भिन्नत्वेन ज्ञात-व्यमिति वा अर्थः । अत्र नाद्य उभययोरपीति भेदयोरन्योन्या-भावत्वेन तुल्यस्थित्या क्रमिकत्वायोगात् ।नापरोन्योन्याश्रयात् नान्त्यो बाधात् । न ह्यभिन्नात् भेदो भवतीति । किञ्च भेदः

घटित पक्ति है) तथा हि उद्देश्यतावच्छेदकीभूत भेद, जिस भेदविशिष्ट उद्देश्य मे रहता है वह द्वितीय भेद स्वात्मक भेद विशिष्ट मे रहता है तब आत्माश्रय होगा,भेदा-न्तर सापेक्ष माने तो अन्योन्याश्रय होगा यदि अभेद निशि-ष्ट मे रहैंगा तो बाध दोष होता है । इसी अभिप्राय को लेकर के कहते हैं भिन्नात् अथवा भेदान्तर से अथवा अभिन से, इसमे आद्यकल्प का यह अर्थ है कि इस भेद से जो भिन्न है उससे यह भिन्न होगा । यह एक अर्थ है । भेद अमुक अधिकरण मे भिन्नत्वेन ज्ञात जो है उससे तद्भिन्नत्वेन ज्ञातव्य है । यह दूसरे कल्प का अर्थ है । इसमे आद्य कल्प ठीक नही है क्योकि दोनो ही भेद अन्यो-न्याभाव होने से समानस्थितिक हैं तो उसमे क्रमिकत्व नही होता है । द्वितीय पक्ष भी अन्योन्याश्रय होने से ठीक नही है, तृतीय पक्ष बाध होने से ठीक नही है । क्योकि अभिन्न मे भेद का समावेश नही हो सकता है । और भी देखिये, यह जो भेद है सो स्वकीय प्रतियोगी से स्वाश्रयतः स्वधर्मत

स्वप्रतियोगिनः स्वाश्रयतः स्वधर्मतश्च भिद्यते न वा आद्ये बहुमुखीऽनवस्था अन्त्ये स तेष्वेव लीयेतेति क्व भेदवार्तापीति। यद्यपि भेदं प्रतिभासमानं नापन्होतुं शक्यमतस्तथाप्युक्तदूषणगणग्रस्ततया पत्रनिर्भरमस्युपेयः। अत्रोच्यते। भेदो भिन्ने वर्तेताभिन्ने वा इति पृच्छतः सकलधर्मधर्मिभावखण्डनमभिप्रयतः किं गवि गोत्वमुतागवि गोत्वमिति धर्मकीर्तिपुरस्कृतेन कापथेन संचरमाणस्य तव शून्योभिसन्धिः तथाहि न हि रूपवति रूपं

भिन्न है कि अभिन्न है ? प्रथम पक्ष मे बहुमुखी अनवस्था भेदमाला हो जाने से तथा अन्तिम पक्ष माने तो वह भेद उन्ही सब मे लीयमान हो जाता है तब भेद की चर्चा ही नही रहती है। यद्यपि प्रतिभासमान जो भेद उसका निराकरण अशक्य है तथापि पूर्वोक्त दूषणगणग्रस्त होने से अशक्य निर्वचनक होता है।

समाधान–अत्रोच्यते, भेद भिन्न मे रहता है अथवा अभिन्न में रहता है इस प्रकार से पूछने वाले आपको, सकल धर्म धर्मीभाव के खण्डन करने का अभिप्राय रखने वाले आपको, क्या गो मे गोत्व रहता है अथवा गोभिन्न मे गोत्व रहता है इस प्रकार की धर्म कीर्ति से पुरस्कृत कुमार्ग से अपने को छुपाने वाले आपको माध्यमिकाभिमत शून्यता पक्ष ही अभिप्रेत है ऐसा जान पडता है। अथवा धर्म धर्मी भाव के खण्डन करने का जो आपका अभिप्राय है सो शून्य अर्थात्

वर्तते नापि रूपे रूपं वर्तत आत्माश्रयात् नापि नीरूपे रूपं वर्तते विरोधात् किन्तु रूपवानित्यत्र यो विशेषस्तत्र विशेषं वर्तत इति कात्रापि कथन्ता कोयं विशेष्यः पृथिव्यप्तेजोन्यतमः । स विशेष्यो रूपवृत्तेः प्राक्कीदृगिति चेत् । जन्यरूपस्थले रूपप्रागभाववानित्युत्तरम् अजन्यरूपस्थले तु रूपवृत्तिप्राक्कालो नास्त्येव

निरर्थक है युक्ति रहित है । तथाहि जैसे रूपवान् घट, इस स्थल मे रूपवान् अर्थात रूप के अधिकरण मे रूप नही रहता है न वा रूप मे रूप रहता है । यदि रूप मे रूप की वृत्तिता मानेंगे तो आत्माश्रय होगा । न वा नीरूप (रूप-रहित मे) रूप रहता है, विरोध होने से । क्या कभी रूप रहित वायु आकाशादि मे रूप की वृत्तिता होती है ? क्यों तो विरोध होने से । किन्तु रूपवान् इस स्थल मे जो विशेष्य है घटादिक पदार्थ उसमे रूपात्मक विशेष रहता है । इस स्थिति मे आपकी युक्ति निरथक है । रूपवान् इस स्थल मे यह विशेष्य कौन ? पृथिवी जल तेज मे से अ य तम मे ?

प्रश्न—वह विशेष्य रूप की वृत्तिता से पूर्व कैसा था ? अर्थात् नीरूप था अथवा सरूप था ?

उत्तर—जन्य रूपस्थल मे रूप प्रागभाववान् था, यह उत्तर है । अर्थात् जब पटादिक उत्पन्न होता है उस समय मे निर्गुण होते हुए भी जन्य रूपादिक का प्रागभाव वाला रहता है । और अजन्य (नित्य) रूप स्थल मे रूप वृत्ति

क्व प्रश्नः । एवञ्च भेदो धर्मिणि निविशते नापि भिन्ने नापि भेदे न च भेदवृत्तेः प्राक्स धर्मी कीदृशः नास्त्येवेति ब्रूमः । यदैव हि धर्मी लब्धात्मकस्तदैव तत्र जातिरूपवैधर्म्यनामा भेदः समवेतो जातः सम्बन्धश्चेति मदुपगमात् । अन्योन्या-

---

प्राक् काल ही नहीं है । इसलिये नित्य रूप स्थल में तो प्रश्न ही नहीं होता है । इसी तरह से भेद भी धर्मी में रहता है । न तु भेद विशिष्टमें रहता है न वा भेद में भेद रहता है ।

प्रश्न—भेद की वृत्तिता से प्राक् काल में वह धर्मी कैसा था ? अर्थात् धर्मी में जब भेद बैठता है उससे पूर्व में धर्मी भेदवान् था अथवा अभेदवान् था ?

उत्तर— भेदवृत्तिता के पूर्व में धर्मी था ही नहीं । जिस समय में धर्मी लब्धात्मक होता है अर्थात् कारण-कलाप द्वारा उत्पन्न होता है उसी समय उस धर्मी में जात्यात्मक वैधर्म्य नामक जो भेद है सो धर्मी में समवेत होता है । क्योंकि पदार्थ उत्पन्न होता है और जाति से सबद्ध होता है ऐसा मेरा सिद्धान्त है । +

+ "जातः सम्बन्धश्च" यह जो नियम है उनका अभिप्राय यह है कि घटादिक पदार्थ उत्पन्न होता है तब निर्गुण निष्क्रिय होकर के उत्पन्न होता है और क्षण पर्यन्त निर्गुण तथा निष्क्रिय रहता है, क्योंकि घटीय रूपादिक के प्रति घट समवायिकारण होता है परन्तु कारण वही होता है जो अव्य-

भावस्वरूपभेदावपि तदैव न हि स तदानीमारभ्य तदात्मासी-त्पश्चात्तदन्य इति सम्भवतीति । भिन्नभावप्रतियोगिकोऽन्यो-न्याभावलक्षण भेद इति सत्यम् । न तु भेदप्रतियोगिनि पिशा-चादौ स्मृते स्तम्भेऽनुभूयमाने योग्यानुपलब्ध्या स्तम्भः पिशा-चो न भवति इत्यन्योन्याभावप्रतियोगिनः स्वा-

अन्योन्याभाव तथा स्वरूप 'भेद भी वैधर्म्यात्मक भेद के सदृश ही है । अर्थात् जिस समय में पदार्थ उत्पन्न होता है उसी समय में अन्योन्याभावात्मक भेद तथा स्वरूप भेद से भी युक्त होता है । वह पदार्थ उस समय के आरम्भ से तदात्मक था तदनन्तर वही तदन्य हो जाता है, ऐसा हो नहीं सकता है । भेद से इतर भाव प्रतियोगिक जो अन्योन्याभाव तत्स्वरूप ही भेद है । यद्यपि यह है न तु भेद का प्रतियोगी जो पिशाचादिक अतीन्द्रिय पदार्थ उसका स्मरण होने से तथा चक्षुरादिक द्वारा स्तम्भादिक का अनुभव होने के पीछे योग्यानुपलब्धि द्वारा स्तम्भ पिशाच नहीं है एतादृश अन्यो-न्याभाव होता है इसलिए अन्योन्याभाव अन्योन्याभाव-

रहित पूर्णदशावृत्ति हो । समकालिक पदार्थ द्वयमें जन्य जनक भाव नहीं होता है, सव्येतर विषाण की तरह । अतो निर्गुण भावी रूपादिक के प्रति पूर्ववर्ती होकर के कारण कहलाता है । अब उत्पत्तिनाश तथा गुणोत्पत्ति काल में वह घट कैसे कहलावेगा ? अतः उत्पत्ति तथा घटत्व से परिचित होने के लिए घटत्व जाति से सम्बद्ध उसी समय में होता है अतः उत्पत्तिकाल तथा गुणोत्पत्ति पूर्वकाल में घट शब्द से घट-घट में रूप उत्पन्न हुआ ऐसा व्य-वहार होता है । इस विषय में अधिक अन्यत्र देखिये ।

अथवा धर्मतः भिद्यत इत्यत्रानुज्ञया वर्तितव्यम् । न चानवस्था तत्र मया स्वरूपभेदस्यैवोपगमात् । ननु स्वरूपं भेदो न सम्भवति अभेदे धर्मधर्मिभावाभावात् । न हि स एव तद्वान् तेनैव भवतीति चेत् । सत्यम् । ताद्रूप्येणाप्रतीयमानत्वे सति प्रतीयमानत्वं यत् धर्मिणः तदेव तस्मिन् तस्माद्विलक्षणं व्यवहारमनं-

---

प्रतियोगी से स्वाधिकरण (अनुयोगी) तथा स्वधर्मतः भिन्न होता है । इस विषय में जब यथोक्त अनुभव होता है तब किसी की आज्ञा का अनुवर्तन करना ऐसा कोई नियम नही है × अन्योन्याभाव में जब भेद रहे तो अनवस्था दोष होता है ऐसा प्रश्न नही करना । क्योंकि अन्योन्याभाव जो भेद है सो स्वरूप भेद है। ऐसा मेरा सिद्धान्त है ।

प्रश्न— अन्योन्याभाव का स्वरूप भेद नही हो सकता है । क्योंकि अभेद में तो धर्म-धर्मी भाव नही होता है । क्या कभी भी घट घट से घटवान् होता है । भेद स्व से भेदवान् कैसे होगा ?

उत्तर— ताद्रूप्येण अन्यदीयरूप से अप्रतीयमान होकर के धर्मी की जो प्रतीयमानता होती है, यही एतादृशप्रतीयमानत्व है । वही उसमे भेदादि से विलक्षण व्यवहार का

× यह पंक्ति कुछ त्रुटित है अतः इसके अर्थ के लिए टीकाकार ने यथा शक्य श्रम किया है फिर भी विद्वान इस पर स्वयं विचार करने का श्रम करें ।

